ओर पते प्रकाशित हुए , जो साधना में काफी सफल थे , उनमें से एक मेरे नगर में निवासरत थे, एक सायं काल को में उनके सामने थे , काफी देर तक उनकी बात सुनाता रहा फिर उन्होंने मुझसे पूछा की विबाहित हो? मेरे माना करने पर उन्होंने कहा की अच्छा होगा की इस यक्षिणी साधना को मत करो ,

क्यों ?

ये वर्ग यदि किसी भी अविबाहित के संपर्क में आता हैं तो उसे फिर नहीं छोड़ता . में तो भय कम्पित सा हो गया , घर पर आ के सदगुरुदेव भगवान को पत्र लिखा की अगर ये बात हैं तो आप ऐसी खतरनाक साधना को देते क्यों हैं, उन्होंने मुझे पत्र में कई बार समझाया , की ऐसा कुछ नहीं हैं , तुम पुनः साधना करो , पर मेरे मन में उन गुरु भाई की कही गयी बात कहीं कूट कूट कर बैठ गयी थी . तीन वर्ष बीत गए में अपने मन से ये बात निकल ही नहीं पा रही था . तभी एक दिन सदगुरुदेव जी का पत्र मिला ..

“कैसे शिष्य हैं तू में कह रहा हूँ की ऐसा कुछ नहीं हैं ओर तू हैं की बस किसी की बात पकड़ कर बैठा हैं , तुझे गुरु बचनो पर विस्वास नहीं "

इन शब्दों को सुन कर सारा मन में छाया में धुंध सब साफ हो गया .

"सुनत बचन सदगुरु के , संशय सब जाये "

(यहाँ एक बात विशेष हैं की उस समय लगातार ५ वर्ष से उन्हें पत्र लिख रहा था पर वे मुझे प्रारंभिक दीक्षा देने के लिए भी तैयार नहीं होते थे उनका कहाँ था मेरा शिष्य मेरा ही प्रति रूप होने की योग्यता रखता हो हाँ गुरु मन्त्र जप की आज्ञा उन्होंने दे दी थी ,) .

एक अप्सरा साधना में बार बार प्रयास कर रहा था , ज्यो ही सबंधित दिवस आता मेरा मन उस साधना करने का विचार छोड़ देता , रात्रि में समय निकलने के बाद मन में बहुत खेद होता क्योंकि उस समय साधना के लिए आवश्यक पुष्प या माला लाना संभव नहीं हो पाता ,एक दिन ओर उस साधना से सम्बंधित गया. जब ये समस्या बढ़ गयी तो मैंने गुरुदेव त्रिमूर्ति जी से मैंने निवेदन किया तो उन्होंने हस्ते हुए कहा की कहा कोई बात नहीं मन में कोई अन्यथा विचार न लाओ . मनो योग से तुम बिना पुष्पों के ही साधना करो.

हाँ में यहाँ आपको एक बात से अवगत कारन चाहता हूँ की जब आप किसी भी व्यक्ति के घर का कचड़ा अपने घर में डालने नहीं देते , तब किसी भी व्यक्ति के जिसने साधन की ही नहीं हो उसके अव्यवहारिक विचारों का कचड़ा अपने मन मस्तिष्क में क्यों आने देते हैं , लोग सलाह देते समय , सत्य के साथ अपने मन का असत्य भी दे देते हैं . इस हेतु आप भली भांति सोच कर ही इस संदर्भ में सलाह ले .कोई व्यक्ति मात्र उम्र में बड़ा होने से ओर आपका गुरु भाई होने से मात्र सलाह देने का पात्र नहीं बन जाता हैं जब सदगुरुदेव भगवान् के एक मात्र अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में गुरुदेव त्रिमूर्ति जी जब हमारे सामने सुलभ हैं तो फिर किसी अन्य से क्या निर्देशन लेना .

मैंने एक गलती की बिना सोचे समझे अपने मन में किसी की बात को भी आने दिया ,मेरे साधनात्मक जीवन के तीन वर्षों का नुकसान मुझे हुआ.

साथ ही साथ मैं आप सभी को ये बता देना चाहता हूँ की सामान्यतः साधक ये चिंता ग्रस्त रहते हैं की कहीं साधना खास कर के यक्षिणी की गलत हो गयी तो क्या होगा , हाँ ये बात जरुर हैं की कुछ साधनाओ में सावधानी बहुत जरुरी हैं सदगुरुदेव जी ओर गुरुदेव त्रिमूर्ति जी समय समय पर पत्रिका में इस बारेमें निर्देशित करते हैं , ओर यह तो सर्व विदित तथ्य हैं की साधना कोई मजाक की नहीं बल्कि एक अत्यंत ही गंभीर विषय हैं ओर वह अपनी गरिमा के अनुकूल

साधक की मनः स्थिति ओर एक निष्ठता चाहता हैं .

इस संदर्भ में आपके सामने कुछ तथ्य रख रहा हूँ , उनको ध्यान में रख कर आप इस मार्ग पर चले तो सदगुरुदेव भगवान् ओर गुरुदेव त्रिमूर्ति जी के आशीर्वाद निश्चय ही आप सफल होने ही .

बिना गुरु दीक्षा ओर साधना सम्बंधित दीक्षा के बिना तो यह तो होना ही था, पर मुझसे कहाँ गलती हुए इसका पता लगाने में जुट गया .वही सभी तथ्य आप के सामने रख रहा हूँ जो की आप की सफलता प्राप्ति की अवसर कई गुना बढ़ा देंगें ही.

१. जीवन में काम भाव का भी एक अर्थ हैं हमारे मनीषियों ने इसको भी चार पुरुषार्थ मेंसे एक माना हैं. पर इसके बारे में भी स्वस्थ चिंतन बहुत ही आवश्यक हैं पर वर्त्तमान की स्थति भी सभी के सामने हैं ही, हम जब भी इस प्रकार के वर्ग की साधना करने बैठते हैं तब साधना के विपरीत भाव हमारे मन में इतने आ जाते हैं , ओर हम शारीरिक इच्छा पूर्ति के भाव से इतने अधिक भर जाते हैं की हम भूल जाते हैं की ये भी एक देव वर्ग हीं जो भले ही शापित हो पर हैं तो देव वर्ग ही, इस प्रकार की भावना ही साधना में व्यर्थ का तनाव ओर असफलता देती हैं.जो कोई भी इन्हें मात्र इच्छा पूर्ति का मध्यम मान कर करेगा उसे तो संभव ही नहीं की सफलता मिले.

हम कभी मान भी नहीं पाते की इसे भी अपने जीवन पर्यंत ,मित्र के रूप में सिद्ध करने की पवित्र के साथ भावना लेकर बैठे तो सफलता कहीं ओर ज्यादा पास होगी.

साथ ही साथ यदि मानव जीवन में भी किसी भी लड़की का मन जीतना चाहे तो भी आपको कितना प्रयत्न करना पड़ेगा , फिर तो ये देव वर्ग हैं आपके मन के विचार को आपसे पहले परख लेती हैं , जब इस लोक की कन्या को अपना बिस्वास दिला पाना कठिन हैं उसका बिस्वास अर्जित कर पाना तो ओर भी कठिन , तब आप खुद सोचे की किस प्रकार की मनो व्रती आप की/हमारी होना चाहिए..

२. यह सही हैं की हम हर साधना में सफलता पा सकते हैं पर किसी में थोडा जल्दी तो किसी में थोडा सा देर से, यदि हम गुरु द्वारा बताई गयी साधना करते हैं तो और भी सफलता के निकट होंगे.

३.साधना कक्ष जितना अधिक पुष्प सुगंध ओर इत्र से सुवासित कर सके उतना अच्छा हैं आखिर आप अपने मित्र को निमंत्रित कर रहे हैं . इतना तो होना ही चाहिए.

४. साधना को रात्रि के १० बजे के बाद करें,

५.एक दिवसीय साधनाओ में अत्यधिक उर्जा लगती हैं ,आपकी एकाग्रता ,मनः स्थिति , भाव सभी का एक लक्ष्य होना बहुत ही आवश्यक हैं , इसके ज्यादा अछछा होगा की आप इस सन्दर्भ में बड़ी साधनों के प्रति भी मन बनाये.

६, प्रतिदिन साधना आप एक निश्चित समय पर ही करें . ५/१० मिनिट का विलम्ब स्वाभिविक सी बात हैं पर इससे ज्यादा न करें.

७. यक्षिणी साधना से सम्बंधित मुद्राये का ज्ञान प्राप्त करें , पर इतना ही काफी नहीं हैं आप किस समय साधना के दौरान करें , इनमें से कौन सी साधना के मध्य में ,कौन सी पहले, कौन सी बाद में करें इसका विधिवत ज्ञान प्राप्त करें.

८.सदगुरुदेव जी के द्वारा लगभग १०/१५ ऑडियो सी ड़ी का निर्माण हुआ हैं उन्हें ध्यान से बार बार सुने वे किन तथ्यों को ध्यान में रखना बता रहे हैं उनका तो ध्यान दे ही, ये आप ओर हमारे लिए तो उन्होंने इतने श्रम करके बनवाई थी .अनेको गुरु बहियों ने इस तथ्य की ओर ध्यान देना उचित नहीं समझते हैं .

९. साधना से संबंधित उन व्यक्तियों से मिले जिन्होंने इन साधना में सफलता पाई हो , उस साहित्य को भी ध्यान से पढ़े जो इस हेतु आपको निर्देशित करे.

९.इन साधना से संबंधित कोन कोन से देवी देवता हैं ? उनका कैसा पूजनध्यान कैसा करना हैं ,? इस तथ्य को भी ध्यान रखे .

१०. साधना को कवचित करने के लिए निखिल कवच का उपयोंग तो आपको ज्ञात हैं ही .

११.हर साधना को संपन्न करने का एक महूर्त होता हैं ओर सप्ताह में एक दिन भी निश्चित हैं , उस अवसर को उपयोग में करे साथ ही साथ होली दीपावली .जन्माष्टमी , के साथ साथ सूर्य व चन्द्र ग्रहण तो मानो प्रकृति का सर्वोत्तम उपहार हैं ,इनसब का प्रयोग करे.

12.साधनाए तो वास्तव में सन्यासी साधकों के लिए ही थी पर हम जो गृहस्थ इन्हें सदगुरुदेव जी ओर गुरुदेव त्रिमूर्ति जी की कृपा तले कर रहे हैं तो हमें कम से कम साधना काल में अपनी मनः स्थिति वैसी ही रखना ही पड़ेगी तभी तो सफलता मिल पायेगी.

१३.ब्रह्मचर्य पालन यूं तो आवश्यक हैं पर जहाँ कहीं पर अनिवार्यता हो उसका द्रढ़ता से पालन करे , यदि कुछ देश काल परिश्थिति की समस्या हो तो गुरुदेव त्रिमूर्ति जी से मार्ग निर्देशन प्राप्त करे, वे तो पिता सामान हैं उनसे क्या छुपा हैं वह इस अम्दर्भ में भी आपको निर्देशित करेंगे ही.

१4. सदगुरुदेव जी ओर गुरुदेव त्रिमूर्ति जी ने कई बार यह तथ्य उद्घाटित किया हैं की अनेक प्रयासों के बाद भी सफलता नहीं मिल पा रही हो तो साधक को पर्यंत कर पूर्व जन्म कृत दोष निवारण दिक्ष ओर साधना सिद्धि दीक्षा प्राप्त कर न ही चाहिए.

15. जब कुछ प्रयासों के बादभी सफलता नहीं मिल पा रही होतो गुरुदेव त्रिमूर्ति जी के पास बिना हिचक जाये बताये आपको गुरुदेव आपको निर्देशित कंरेंगे ही .

****

यक्षिणी साधना जो मैंने सबसे पहली बार की ...

in 1987 i found the issue of mantra tantra vigyan mag issue in that one yakshini sadhana had been published by sadgurudevji “DIvyaangana swaran prabha yakshini sadhana” with very very simple procedure and sadgurudevji clearly mentioned that this sadhana is more useful than any lakshami sadhana all the benefit from any other yakshini sadhan like like she will be with you as a true friend and fulfill your mental and physical desire is also be there . to make a new mwnber

SECRETS OF YAKSHINI SADHANA

यक्षिणी साधना के अत्यंत दुर्लभ रहस्य

यक्षिणी साधना के लिए साधक का चिंतन क्या होना चाहिए ?

यक्षिणी साधना के लिए साधक का चिंतन क्या होना चाहिए ?

वस्तुतः सिर्फ यक्षिणी के लिए ही नहीं बल्कि प्रत्येक साधना के लिए साधक का चिंतन पूर्ण सात्विक होना ही चाहिए, जब एक सामान्य स्त्री भी आपको देखकर आपके मनोभाव का पता आपकी दृष्टि से लगा लेती है तो फिर अपार शक्ति संपन्न यक्षिणी भला क्यूँ कर आपके मनो भाव को नहीं समझ पाएंगी. शायद तुम्हे पता नहीं है की जैसा चिंतन हमारे मन में होता है तदनुरूप ही साधक के चारो और रहने वाला ओरा भी होते जाता है .भले ही सामान्य मानव अपनी सामान्य दृष्टि से उस ओरा को नहीं देख पाता हो पर जिनकी आकाश दृष्टि और दिव्य दृष्टिजाग्रत होती है ,उनसे ये सूक्ष्म परिवर्तन नहीं छुपाया जा सकता है. तामसिक भाव से युक्त होने पर साधक का ओरा गहरे धूसर वर्ण का ह जाता है और ये एक ऐसा रंग है जिससे निकलने वाली किरने दृश्य या अदृश्य रूप में मन को उच्चाटित ही करती हैं और ये किरणे अन्य रंगों की प्रभावी किरणों के मुकाबले कही ज्यादा तीव्र गति से संवेदन शील प्राणियों में असुरक्षा को पनपाती हैं ,जिसके कारण उस प्राणी, मानव या वर्ग को तुमसे असुरक्षा का अहसास होता है.ऐसे में वे कदापि उत्सुक नहीं होंगे तुम्हारे समक्ष आने के लिए.और यक्षिणी तो साक्षात् शक्ति का ही पूर्नंश होती हैं अतः उनसे आपके मन के सुक्ष्मतिसुक्ष्म परिवर्तन भी नहीं छुप

पाते. अतः साधक को मन के विकारों को दूर करके ही साधना पथ पर बढ़ना चाहिए,साधना का मूल उद्देश्य ही अपने मन को व्यर्थ के भ्रम जाल से मुक्त कर विकार रहित हो अपनी समस्त न्यूनता पर विजय पाकर मानसिक और आत्मिक रूप से स्वतंत्र होना है.

और बात सिर्फ यही नहीं है बल्कि आपका चिंतन एक प्रकार से मौन वार्ता ही है अर्थात शब्द जो की मुख से निकलते हैं और ईथर में परिवर्तित होकर सम्पूर्ण ब्रम्हांड के चक्कर लगाते हैं ठीक वैसे ही हमारे शरीर का प्रत्येक रोम छिद्र मुख ही है और हमारे मष्तिष्क या ह्रदय का सम्पूर्ण मन: चिंतन अन्तः ब्रम्हांड के साथ बाह्य ब्रम्हांड को प्रभावित करता ही है. और ये शक्ति ब्रम्हांडीय ही होती हैं, साधना के द्वारा हम अपनी कल्पना योग को साकार योग में परिवर्तित करता है, वो जिस रूप में अपने साधना इष्ट का ध्यान करता है उसी ध्यान का संगठित रूप भविष्य में हमारी साधना शक्ति से प्रत्यक्ष होता है.

मंत्र मात्र किसी शब्द विशेष का समूह नहीं होता है. बल्कि जब सद्गुरु अपने स्वयं के प्राणों से घर्षित कर शिष्य या साधक को मंत्र प्रदान करते हैं तो वो अभीष्ट सिद्धि प्रदान करने वाला दिव्यास्त्र ही हो जाता है .हाँ ये सही है की साधक के प्रारब्ध के कारण उस पर एक प्रकार का आवरण आ जाता है जिससे साधक को मंत्र का प्रभाव कुछ समय तक दृष्टिगोचर नहीं हो पाता परन्तु जैसे जैसे साधक मंत्र जप में अपनी एकाग्रता और समय बढाता जाता है या उसका जप प्रगाढ़ होते जाता है वैसे वैसे वो आवरण शिथिल होते जाता है और अंत में पूरी तरह से नष्ट हो जाता और बाकी रह जाता है तो पूर्ण दैदीप्यमान मन्त्र जो साधक के मनोवांछित को प्रदान करने समर्थ होता है. इसीलिए कहा जाता है की जितना ज्यादा जप होगा उतना ज्यादा आप सफलता के नजदीक होते जाओगे ,है ना.....

जी बिलकुल.

पर जैसा मैंने कहा की चिंतन से तो ब्रम्हांड भी प्रभावित होता है तो भला तुम्हारा मन्त्र क्यों नहीं होगा. इसीलिए जिस साधक को सफलता चाहिए होती है उसे अपना चिंतन आत्मविश्वास से लबालब और पूर्ण सात्विक रखना चाहिए, यद् रखो जरा सा भी नकारात्मक विचार आपके पूरे किये कराये पर पानी फेर देता है ठीक वैसे ही जैसे दूध से भरे हुए पात्र को फाड़ने के लिए मात्र एक बूँद नीबू ही बहुत होता है.

आपके मन्त्र जो की ईथर के रूप में ब्रम्हांड के चक्कर लगाते हैं उन्ही के आकर्षण बल से ये शक्ति आबद्ध होकर खिची चली आती है, चिंतन की नकारात्मकता उस आकर्षण बल को भी कमजोर कर देती है.जिससे वो शक्ति प्रकट नहीं हो पाती.अतः चिंतन के प्रभाव से सफलता अछूती नहीं रह सकती.इसलिए सकारात्मक चिंतन और सफलता का दृण संकल्प लेकर जब साधक साधना के लिए तत्पर होता है और मन पर संयम रखते हुए साधना पथ पर आगे बढ़ता है तो उसको सफलता मिलती ही है.

साधना में स्थिरता का क्या महत्व है ?

साधना के प्रारंभ में नए साधक उत्तेजित अवस्था में रहते हैं. जिससे उनकी श्वास-प्रश्वास की गति तीव्र होती है .और एक बात भली भांति समझ लेना आवश्यक है की श्वांस की ये तीव्रता मन को भी स्थिर नहीं होने देती है अतः मन की एकाग्रता के बगैर साधना सही तरीके से न तो संभव हो सकती है और न ही उससे उचित परिणाम मिल सकते हैं.क्यूंकि विचलित मन साधना में व्यवधान उत्पन्न करता है और साधक साधना के लिए जिन ध्यान मन्त्रों की परिकल्पना कर अपने इष्ट की छवि की अपने मन में स्थापित करता है ,और यदि मन विचलित होगा तो वहाँ पर जिस छवि का निर्माण

हम करते हैं वो टूटती और जुड़ती रहती है.जब ये ध्यान बिम्ब ही स्थिर नहीं होगा तो सफलता कैसे मिल सकती है.इसलिए साधना के प्रारंभ में प्राणायाम का विधान होता है और अतः साधना के लिए हम जिस भी आसन जैसे की सिद्धासन ,सुखासन या पद्मासन में बैठते हैं तो मन्त्र जप के पूर्व अपनी सुविधा अनुसार आसन पर सीधा बैठ कर अपने हाथ के अंगूठे को तर्जनी से मिला कर ध्यान मुद्रा बना ली जाये और ऐसा दोनों हाथों से करके अपने घुटने पर रख लो, ऐसा करने से साधना के द्वारा निर्मित उर्जा बाह्य गमन नहीं कर पाती और इस दौरान मूलबंध का अभ्यास करना चाहिए. इस क्रिया को करने से धीरे धीरे शरीर स्थिर होने लगता है तथा आसन में साधक अधिक लंबे समय तक बैठ पाता है.और जब साधक स्थिर मन और आसन से मन्त्र जप की क्रिया करेगा तो उसकी प्रतिक्रिया में ये ब्रम्हांडीय शक्तिया सफलता का वरदान तो देंगी ही ना.

मन्त्र कैसे कार्य करता है ?

मन्त्र का चयन कभी भी ग्रन्थ देखकर नहीं किया जाना चाहिए बल्कि मंत्र की अपने गुरु से विधिवत प्राप्ति की जनि चाहिए अर्थात गुरु के चरणों में जाकर अपने अनुकूल मन्त्र प्राप्ति की याचना करनी चाहिए.तब गुरु रिपु,सार्थक और और स्व प्राणों से घर्षित मंत्र साधक की सफलता के लिए अपने आशीर्वाद के साथ प्रदान करते हैं.अधिकांश साधक इस भय से की न जाने हम जो साधना कर रहे हैं उसे जानकर गुरुदेव हमारे बारे में क्या सोचेंगे अपने गुरु से साधना और मन्त्र के बारे में कोई बात नहीं करते हैं ,पर आप खुद ही सोचो की उस परब्रम्ह गुरु सत्ता से भला क्या छुपाया जा सकता है ,और आपको सफलता प्रदान कौन करेगा ??? वही गुरु ना. तब सफलतादायक मन्त्र भी तो आप उन्ही से प्राप्त कर पाओगे ,उनके श्रीमुख से मन्त्र की मूल ध्वनि और उसका आरोह अवरोह भी आप को भली भांति समझ में आ जायेगा. यदि किसी मजबूरी वश उनके श्रीचरणों में जा पाए तब उनके द्वारा निर्देशित या लिखित मन्त्र की साधना उनसे पूर्ण विनम्रभाव से मानसिक आज्ञा लेकर ही करना चाहिए.और यदि इसी मध्य आपको गुरुधाम जाने का अवसर प्राप्त हो जाये तो उनसे मिलकर अपना जप मन्त्र बता दे ताकि यदि उच्चारण में या मन्त्र में कोई मात्र या वर्ण दोष हो या गलती से वो आपके शत्रुकुल का हो तो गुरु उसका परिहार कर सके.

ये शत्रुकुल क्या है ?

अष्टादश सिद्ध विद्याओं को छोड़कर अन्य देवी देवताओं के मन्त्र ग्रहण में काफी विचार करना पड़ता है,शास्त्रों में इसके लिए कई प्रावधान और नियम बताये गए हैं जैसे की क्या मन्त्र देव अपने कुल का है,उसकी राशि और अपनी राशि में क्या सम्बन्ध है,उसका नक्षत्र क्या है.तथा जो मंत्र हम जप करने जा रहे हैं वो किस तत्व को प्रतिनिधित्व करता है ,वो तत्व हमारे नामांक तत्व का मित्र है, शत्रु है या तठस्थ है.और ये सारी क्रिया अत्यंत जटिल है.क्यूंकि यदि गलती से भी साधक शत्रु मंत्र का चयन कर लेता है तो मंत्र देव अपनी प्रतिकूलता से साधक को परेशां कर देते हैं. इसलिए इतने लफड़ों में न पड़कर सबसे अच्छा यही है की साधक गुरु मुख से ही मन्त्र की प्राप्ति करे या उनके द्वारा निर्देशित मन्त्र की साधना करे. क्यूंकि उसमे ऐसा कोई भय नहीं होता है.

मैंने सुना है की मन्त्र का पुरश्चरण करना पड़ता है, तभी सफलता मिलती है.ये पुरश्चरण क्या है ?

गुरु के द्वारा निर्दिष्ट जप संख्या को क्रम विशेष से निर्धारित अवधि में पूर्ण करना ही पुरश्चरण कहलाता है.तथा इस अवधि में साधक को संयमित जीवन यापन करना पड़ता है .इन दिवसों में वो सामाजिक कार्यों से दूरी बनाये रखता है.

पुरश्चरण के पांच अंग होते हैं-

जप-इसमें मंत्र के देवी या देवता का विधिवत पंचोपचार या षोडशोपचार से पूजन किया जाता है,इन उपचारों के अतिरिक्त देवता पूजन का विशेष क्रम तांत्रिक साधना में किया जाता है.

भूमि शोधन-साधना कक्ष के स्थान का पूजन भूमि शोधन कहलाता है.द्वार देवताओं का पूजन कर धरती को अर्घ्य प्रदान करे,फिर आसान शोधन मंत्र से भूमि पर पुष्प,अक्षत आदि अर्पित कर आसान बिछाए और उस पर बैठे.

देह शोधन-साधक प्राणायाम संपन्न करता है,फिर भूत शुद्धि,मातृकाओं से न्यास, अपने इष्ट मन्त्र आर ऋष्यादिन्यास,करन्यास आदि संपन्न करने से साधक का शरीर शुद्ध हो जाता है .

द्रव्यदिशोधन-साधक की साधना का अनिवार्य अस्त्र होती है उसकी साधना सामग्री,इसमें साधना में प्रायोजित सभी सामग्री जैसे, यन्त्र, माला,पुष्प,दीप,धुप,वस्त्र आदि सभी सामग्री आ जाती है.इनका पूर्ण रूपेण मन्त्रों केर द्वारा शोधन किया जाता है तत्पश्चात आगे की क्रिया की जनि चाहिए.(द्रव्यशोधन एक अनिवार्य और लंबी साधनात्मक क्रिया है जिसका पूर्ण साधनात्मक विवरण इसी पत्रिका में अन्यत्र दिया जा रहा है)

माला पूर्ण रूपेण संस्कारित होना चाहिए ,असंस्कृत माला से जप करने पर सफलता तो मिलती नहीं उलटे मानसिक तनाव की अप देवताओं के द्वारा प्राप्ति होती है वो भी मुफ्त में.यदि जप काल में साधक अखंड दीपक प्रज्वलित कर ले तो कही ज्यादा अनुकूल रहता है.और यदि ऐसा न हो सके तो कम से कम जप काल में दीपक न बुझने पाए ऐसी व्यवस्था कर लेनी चाहिए.

होम-नित्य प्रति के जप का दशांश हवन नित्य यदि कर दिया जाये तो उचित होता है ,कई व्यक्ति हवन के बदले दशांश जप कर लेते हैं , पर मेरे मतानुसार हवन करना कही ज्यादा अनुकूल और लाभदायक होता है.क्योंकि हवन करने से मंत्र दीप्त होता है और उसमे विशेष चैतन्यता आती है.

तर्पण-हवन करने के बाद बड़े से ताम्बे के बर्तन में या किसी सरोवर में हवन की मात्र का दशांश तर्पण करे. बर्तन को अष्टगंध,कपूर ,दूर्वा आदि मिश्रित जल से पूरित कर दे और जो भी देवता या देवी हो उसका नाम लेकर 'तर्पयामि नमः' कह कर जल अर्पित करें.

मार्जन-तर्पण के बाद उसकी दशांश संख्या से सरोवर में खड़े होकर अपने सिर पर दूर्वा द्वारा कुम्भ मुद्रा से देवता का नाम लेकर "अभिषिन्चामि नमः' कहकर जल का अभिषेक करें.

उसी दिवस या अंतिम दिवस ब्राम्हण भोज और कुमारी भोज का आयोजन करे.

तत् पश्चात अपनी साधना की पूर्णता प्राप्ति के लिए गुरु के श्री चरणों में प्रार्थना ज्ञापित करे. यदि कोई इस प्रकार का क्रम साधना में अपनाता है तो उसे निश्चय ही अनुकूलता मिलती ही है.

किन स्थानों पर साधना करने से यक्षिणी साधना में शीघ्र सफलता मिलती है?

सिद्धपीठों,गुरु गृह,नदी तट,पर्वत शिखर,एकांत वन ,विल्व या पीपल वृक्ष के नीचे, साधना करने से सफलता शीघ्र ही मिलती है. इस साधना को यदि कामाख्या पीठ के सौभाग्य कुंड या प्रांगण में संपन्न किया जाये या फिर अलकापुरी में या पचमढ़ी ,माउन्ट आबू ,हिडिम्बा मंदिर आदि स्थानों पर साधना करने से कही ज्यादा अनुकूलता मिलती है. यदि ऐसा संभव ना हो पाए तो घर में भी ये साधना की जा सकती है .पर साधना काल के मध्य कोई और उस कमरे में ना जाने

पाए.

इस साधना में सौभाग्य कुण्ड की क्या महत्ता है ?

यदि साधक यक्षिणी साधना के प्रारंभ में " **ॐमम सर्व मनोरथान पूर्णार्थे अस्य सौभाग्य वारिः पूर्णयक्षिणी सिद्धये नमः**" बोलकर २१ बार जल का तर्पण का माँ कामाख्या से करता है तो उसे सफलता की प्राप्ति होती ही है.ये क्रिया सिर्फ सौभाग्य कुण्ड में ही हो सकती है.इस प्रकार की साधनाओं में उस स्थल की अपनी अलग महत्ता और प्रभाव है.

साधक का आहार क्या होना चाहिए ?

साधक को यथा संभव अत्यधिक तिक्त या अत्यधिक मधुर भोजन ना करके शुद्ध सात्विक आहार का प्रयोग साधना काल में करना चाहिए यदि हविष्यान्न का प्रयोग किया जाये तो और बेहतर है. इसके अतिरिक्त भूमि शयन,पूर्ण मानसिक और शारीरिक ब्रह्मचर्य का पालन भी किया जाना चाहिए.

यक्षिणी साधना में मंत्रजाप के पूर्व क्या कोई विशेष क्रिया कर लेनी चाहिए?

यदि साधक यक्षिणी मंत्र के पहले **'स्त्रीं'** का जप अपने विशुद्ध चक्र पर ध्यान लगाकर और उसका स्पर्श करके १० बार कर ले तो उचित है.तथा मंत्र जप के पूर्व **'ओम'** का १० बार उच्चारण भी कर लेना चाहिए.प्रत्येक यक्षिणी साधना के पूर्व पूर्णिमा को पूर्ण पवित्र होकर शुद्ध चित्त से ११ दिनों तक महामृत्युंजय मंत्र का ५००० जप अवश्य संपन्न कर लेना चाहिए.और इसके साथ नित्य प्रति कुबेर मंत्र की भी तीन माला संपन्न करनी चाहिए.ये एक अनिवार्य कर्म है ,अधिकांश साधक साधना को सिर्फ खानापूर्ति मानते हैं,जितना जप बताया है ,उतना कर लिया और गिनती गिनते गए और कह दिया की भाई मैंने तो मंत्र जप किया था, न तो शुचिता –अशुचिता का ध्यान रखा और न ही अपने मनोभावो को और अपने दृष्टिकोण को परखा.बस मुह उठाकर कह दिया की भाई साधना-वाधना सब बकवास है.यक्षिणियों के अधिपति कुबेर होते हैं.और यदि आप अधिपति को ही प्रसन्न नहीं कर पाएंगे तो बगैर उनकी अनुमति के क्यूँकर कोई यक्षिणी आपका अभीष्ट साधने आएगी.इसी प्रकार भगवान मृत्युंजय की उपासना और मन्त्र से ही कुबेर सिद्धि का द्वार खुलता है और वे प्रसन्न होकर आपका मनोरथ पूर्ण करते हैं. यदि वर्ष में मात्र एक बार गुरु पूर्णिमा से अगली पूर्णिमा तक किसी भी विल्व-वृक्ष के नीचे बैठ कर भगवान शिव का पूर्ण षोडश उपचारों से पूजन और अभिषेक करने के बाद उत्तराभिमुख होकर मृत्युंजय मंत्र का जप रुद्राक्ष माला से करे.तत्पश्चात निम्न कुबेर-मन्त्र की ३ माला जप करे –

ॐयक्षराज नमस्तु शंकरप्रिय बांधव,एकां मे वशगां नित्यं यक्षिणीम् कुरु ते नमः

ठीक इसी प्रकार से पूर्ण रूप से कुबेर साधना में सफलता प्राप्त करने के लिए कुबेर की शक्ति कुबेर यक्षिणी मंत्र की भी एक माला नित्य करनी चाहिए ,वैसे कुबेर यक्षिणी को प्रत्यक्ष करने और उनका अनुग्रह प्राप्त करने का अपना एक विशेष विधान होता है परन्तु अन्य यक्षिणियों की साधना और कुबेर साधना में सफलता प्राप्ति के निमित्त भी इस साधना के मंत्र की १ माला कुबेर मन्त्र के साथ होनी ही चाहिए.इसके प्रभाव स्वरुप जहाँ आर्थिक अनुकूलता प्राप्त होती है वही यक्षिणी के पूर्ण साहचर्य की प्राप्ति हेतु कुबेर देव की कृपा भी मिलती है-

ॐकुबेर यक्षिण्यै धन धान्य स्वामिन्यै धन धान्य समृद्धि में देहि दापय स्वाहा

इसके बाद मूल यक्षिणी साधना प्रारंभ करना चाहिए ,और हो सके तो नित्य कुमारी पूजन करना चाहिए.

यक्षिणी कितने प्रकार की होती हैं,और इनके कितने प्रकार होते हैं ?

यक्षिणी के कई वर्ग होते हैं,ये अलग अलग पांच तत्वों से सम्बंधित होती हैं और इनमे उसी तत्व विशेष के अनुसार शक्ति होती हैं.जैसे कोई रसायन क्षेत्र का ज्ञान देती है तो कोई निधि दर्शन और प्राप्ति का सामर्थ्य प्रदान करती है,कोई अतीन्द्रिय लोक का ज्ञान देती है तो कोई पत्नी सुख देती है, किसी के सहयोग से रस्सिद्धि की प्राप्ति होती है तो कोई प्रेम के साथ अतुलनिय संपदा प्रदान करती है. इसी प्रकार विभिन्न वनस्पतियों में भी इनका वास होता है,जैसे-

बिल्व यक्षिणी

निर्गुण्डी यक्षिणी

कुश यक्षिणी

आम्र यक्षिणी

सहदेवी यक्षिणी

पिप्पल यक्षिणी

तुलसी यक्षिणी

आदि पर जब भी इन यक्षिणियों की साधना की जाये तो सम्बंधित वनस्पति के आस पास ही की जानी चाहिए , वैसे बसंत ऋतू और श्रावण मास इनकी साधनाओं के लिए अधिक उपयुक्त होता है ,क्योंकि इस काल में सम्पूर्ण प्रकृति में मानो आपकी सहयोगी हो जाती है. परन्तु ये भी ध्यान रखने योग्य है की जो वनस्पति जिस काल में विकसित होती हैं उसी ऋतू विशेष में उस वनस्पति से सम्बंधित यक्षिणी की साधना करनी चाहिए. उपरोक्त वानस्पतिक यक्षिणियों की शक्ति भी भिन्न भिन्न होती है, जैसे कोई ऐश्वर्य की अधिष्ठात्री होती है तो कोई अशुभ का निवारण करती है, कोई विद्या प्रदान करती है तो कोई वाक् सिद्धि और राज्य सुख प्रदान करती है.पूर्ण सफलता के लिए प्रायः सभी यक्षिणियों की कम से कम एक माह तक तो साधना करनी ही चाहिए.

क्या मृत्युंजय अभिषेक की भी कोई गोपनीय पद्धति है?

हाँ अवश्य है,यक्षिणी साधना में सफलता के लिए **'लाकिनीश मृत्युंजय'** की उपासना व अभिषेक किया जाता है.क्यूंकि इनका निवास मणिपूर चक्र में होता है और ये स्थान अग्नि और अमृत दोनों का ही होता है अतः इनका अभिषेक करने से अग्नि की आकर्षण शक्ति आपमें तेज की वृद्धि कर देती है और निसृत अमृत आपको जरा रोगों से मुक्त कर कायाकल्प करता है,और यही तेज व पौरुष बल यक्षिणी को आपकी और खीचता है.इसके लिए पारद शिवलिंग के ऊपर निम्न मन्त्रों का उच्चारण करते हुए पूर्ण विनम्र भाव से अक्षत अर्पित करे.

ॐपरम कल्याणाय नमः

ॐविश्वभावनाय नमः,पार्वतीनाथाय,उमाकान्ताय ,विश्वात्मनाय,अविचिन्ताय,गुणाय,निर्गुणाय,धर्माय,

ज्ञानमक्षाय,सर्वयोगिनाय,कालरुपाय,त्रैलोक्य रक्षणाय,गोलोकघातकाय,चन्डेशाय,सद्योजाताय,देवाय,शूल धारिणे, कालान्ताय,कान्ताय,चैतन्याय,कुलात्मकाय,कौलाय,चन्द्रशेखराय,उमानाथाय,योगीन्द्राय,शर्वाय,सर्वपूज्याय,ध्यानस्थाय, गुणात्मनाय,पार्वतीप्राणनाथाय,परमात्मनाय.

उपरोक्त नामो के पहले ॐतथा बाद में नमः लगाकर अक्षत अर्पित करे. इसके बाद मृत्युंजय मंत्र का जप करते हुए कच्चे दूध और जल के मिश्रण से अभिषेक करे.मृत्युंजय मंत्र सदगुरुदेव की पत्रिका में कई बार प्रकाशित हुआ है.

सर्व सामग्री को उत्कीलन करने का क्या विधान है ?

पूजा या साधना में प्रयुक्त सामग्री जैसे,यंत्र,माला,पुष्प,फूल,फल आदि लगभग सभी सभी सामग्रियों का नितांत शुद्ध होना आवश्यक है.यदि इनमे से कोई भी सामग्री में जरा सी भी वैचारिक या स्पर्श की वजह से अशुद्धता आ गयी तो फिर इनके प्रयोग से साधना में कोई लाभ नहीं होता.हम साधना के निमित्त बाजार से पुष्प,फल इत्यादि लेते हैं,अब जिनसे आपने लिया है वो किस शारीरिक या मानसिक स्थिति में थे किसे पता,उन्होंने शंका निवारण के पश्चात हाथों को धोया था या नहीं और कैसी मनः स्थिति में उन्होंने आपको सामग्री दी है,इसी प्रकार पूजा स्थल में यन्त्र माला इत्यादि रखे हैं और उसे घर के बच्चो या अन्य सदस्य ने उठा लिया या स्पर्श कर लिया तब भी उनकी प्राणशक्ति और शारीरिक मानसिक शुचिता से वे साधना सामग्री प्रभावित होंगी ही. रसोई से नैवेद्य बनकर साधना कक्ष में आते आते न जाने किसकी दृष्टि पद जाये या जब भोजन तैयार हो रहा था उस समय बनाने वाले का चिंतन कैसा था.यन्त्र के ऊपर कीट,पतंगे,चूहे,छिपकली आदि के चलने से भी यन्त्र माला इत्यादि दोषपूर्ण हो जाते हैं.अतः ऐसी स्थिति में उन्कपरिहार करने के लिए या उत्कीलन करने के लिए एक विशेष मंत्र का प्रयोग किया जाता है ,जिसे पहले सिद्ध करना अनिवार्य है.

निम्न मंत्र को पहले ५१ माला मंत्रजप करके सिद्ध कर लेना चाहिए,बाद में जब भी आप साधना हेतु सामग्रियों का प्रयोग करे तो इस मन्त्र को १०८ बार जप कर उससे जल को अभिमंत्रित कर सभी सामग्रियों पर छिड़क दे.

मन्त्र- **ॐह्लीं त्रिपुटि त्रिपुटि कठ कठ आभिचारिक-दोषं कीटपतंगादिस्पृष्टदोषं क्रियादिदूषितं हन हन नाशय नाशय शोषय शोषय हुं फट् स्वाहा.**

यक्षिणी साधना के अन्य गोपनीय तथ्य क्या है,जिनका प्रयोग करने से निश्चित सफलता मिल ही जाये ?

यक्षिणी साधना के मूल यंत्र के साथ दो सामग्रियों की और अनिवार्यता होती ही है-

अप्सरा यक्षिणी तंत्र प्रतीक

निश्चित यक्षिणी सायुज्य पारद गुटिका

इसके अतिरिक्त स्वयं के हाथो से या गुरु के द्वारा निर्मित यक्षिणी का चित्र या विग्रह भी पास में होना चाहिए ,इससे ध्यान में अनुकूलता मिलती है.यक्षिणी साधना में यक्षिणी कीलन की गोपनीय क्रिया भी की जाती है ,इस क्रिया में भोजपत्र या सफ़ेद कागज पर त्रिगंध से यक्षिणी का लघु चित्र या यन्त्र बनाया जाता है और उस चित्र के मध्य में मूल मंत्र लिखा जाता है. यदि आपने यन्ता का अंकन किया है यतो उसके मध्य में मंत्र नहीं लिखना है.अब उस चित्र के चारो और गोलाकार में मंत्र लिखना रहता है .उसका तरीका ये है की पहले मंत्र लिखा फिर मूल मंत्र का पहला अक्षर फिर मंत्र लिखा फिर दूसरा अक्षर इसी प्रकार मंत्र फिर अक्षर फिर मन्त्र फिर अक्षर और अंत में फिर मंत्र लिखा जाता है ,circle

वृत्त या गोलाकार रूप में और ये क्रिया साधना के प्रारंभ में की जाती है तथा मंत्र लिखते समय जब आप मंत्र के अक्षरों को लिखते हो तो उस अक्षर पर २१ बार मूल मंत्र को जप कर अनामिका अंगुली का स्पर्श करना चाहिए ,ये क्रम अंतिम अक्षर तक रहता है .ये क्रिया कीलन कहलाती है और इस क्रिया के द्वारा यक्षिणी को साधक अपने मन्त्रों से कीलित या बांध लेता है.और यक्षिणी को प्रत्यक्ष होने और सिद्धि देने के लिए बाध्य होना पड़ता है. ये क्रिया और आगे का पूर्ण जप वीर भाव से ही होना चाहिए वो भी क्रोध मुद्रा में. इसके अतिरिक्त निश्चित यक्षिणी सायुज्य पारद गुटिका को प्राप्त कर उस पर भी मूल मंत्र की ५ माला कर लेना चाहिए जिससे वो गुटिका उस यक्षिणी विशेष से सम्बंधित हो जायेगी.इस गुटिका पर आप अलग अलग कई यक्षिणियों की साधना कर सकते हैं. इसी प्रकार ध्यान के बाद साधना के पूर्व यक्षिणी का आवाहन करने, उन्हें आसन देने ,उन्हें आसान पर बैठने और उनके सान्निध्य के लिए,उन्हें ह्रदय में स्थापित करने के लिए , उनका पूजन करने के लिए तथा जप के उपरांत उनका विसर्जन करने के लिए भी कुछ विशेष क्रिया की जाती है जिनका वर्णन नीचे किया जा रहा है.

इसी प्रकार कुछ मूल मंत्र के अतिरिक्त कुछ विशेष मन्त्रों और मुद्राओं की भी अनिवार्यता होती है.**(मुद्राओं के चित्र तो आपको ग्रुप के फाइल सेक्सन में मिल जायेंगे,क्योंकि अभी वेब साईट का कार्य चल रहा है इसलिए उसे कामाख्या कार्य शाला के बाद अपलोड कर दिया जायेगा)**

यक्षिणी मुद्रा- क्रोधान्कुशी मुद्रा-जिसके द्वारा सम्पूर्ण विश्व को ही आकर्षित किया जा सकता है.

इस मुद्रा का प्रयोग करके निम्न मंत्र से यक्षिणी का आवाहन करे.

ॐह्रीं आगच्छागच्छ अमुक यक्षिणी स्वाहा.

आवाहन के बाद सम्मुखिकरण मुद्रा का प्रदर्शन करते हुए निम्न मंत्र को उच्चारित करे-

ॐमहा यक्षिणी मैथुन प्रिये स्वाहा.

फिर सान्निध्य करण मुद्रा का प्रदर्शन करते हुए –

ॐकामभोगेश्वरी स्वाहा

मंत्र का उच्चारण कर आसन प्रदान करे.इसके बाद दोनों हाथ की मुट्ठी एक साथ बांध कर अपने वक्षस्थल पर रखे और

ॐह्रीं हृदयाय नमः

का उच्चारण करे .फिर प्रमुखी मुद्रा अर्थात दोनों हाथ की मुट्ठी बांध कर तर्जनी और मध्यमा अंगुली को फैलाये तथा निम्न मंत्र से यक्षिणी का गंध,पुष्प,धुप,दीप,नैवेद्य आदि से पूजन करे –

ॐसर्व मनोहारिणी स्वाहा.

सम्पूर्ण जप के पश्चात पुनः आवाहन मुद्रा का ही प्रयोग करते हुए बाये को बाहर की और हिलाते हुए निम्न मंत्र का प्रयोग कर विसर्जन करे, याद रखे आवाहन में दाये अंगूठे को बाहर से अंदर हिलाते हैं और विसर्जन में बाये अंगूठे को अंदर से बाहर .

ॐह्रीं गच्छ गच्छ अमुक यक्षिणी पुनरागमनाय स्वाहा

यदि इन क्रियाओं का प्रयोग करने पर भी इन यक्षिणियों का साहचर्य न प्राप्त हो तब क्या करना चाहिए?

वैसे ऐसा संभव नहीं होता है की इन क्रियाओं का प्रयोग किया जाये और आपका मनोरथ सिद्ध न हो ,यदि आपको उपरोक्त मुद्राओं का ज्ञान न हो पा रहा हो तो भी तंत्र रहस्यम केसेट्स में बताई गयी पांच मुद्राओं का १०-१० सेकेंड प्रदर्शन करने से भी अनुकूलता मिलती है .यथा दंड,मत्स्य,शंख,अभय और ह्रदय मुद्रा.

उपरोक्त मन्त्र के प्रभाव से जप और पुरश्चरण अवधि पूर्ण होने पर भी यदि हाथ धर्मिता के करण ये शक्तियां सामने नहीं आ रही हो तो –

ॐबंध बंध हन हन अमुकी हुं मंत्र का ८००० बार जप करे तथा २१ माला ॐसर्वसिद्धियोगेश्वरी हुं फट मन्त्र की जप करें ,इससे निश्चय ही सफलता की प्राप्ति होगी ही. उपरोक्त सभी क्रियाएँ गोपनीय व दुर्लभ हैं. इनका प्रयोग निश्चित ही कालानुसार करना चाहिए.

****

FOR YAKSHINI SADHNA HOW A SADHAK’S MENTALITY SHOULD BE?

Without any second thought for every sadhnaa his heart and mind should be pure because if a common lady can read your thoughts by looking at into your eyes than it is thousand times easy for powerful YAKSHINI to read your thoughts at once. May be you do not know that according to your thoughts your surrounding release the same vibrations. Though a common man cannot see or catch these vibrations but one who has his AKASH DRISHTI and DIVYA DRISHTI activated can see all these micro changes. If Sadhak poccess TAMSIK BHAV than this aura get visible in smoky black color and this color directly or indirectly tempt the mind and as compare to other color rays these rays work faster and give birth the feeling of insecurity in the mind of a person, community from you. And in this situation they will not come closer to you and YAKSHINI is lively source of energy so you cannot hide these micro emotions of your mind from her. So for this reason before starting any sadhnaa Sadhak should make him free from all these temptations and sins so that he can feel himself mentally and spiritually free.

Not enough yet because your meditation is just like speechless conversation(MOUN VAARTA) just like the sounds which are changed into ether(upper air) after spoken move into the whole universe just like every pore(ROME SHIDRA) of our body is just like a mouth and our every concentrated thought cast effect on universe. By sadhnaa we change our imagination

APSARA AND YAKSHINI

अप्सरा और यक्षिणी - सफलता प्राप्ति के रहस्य

ध्यान की आवश्यकता क्यों हैं .क्या इससे भी अंतर पड़ता हैं ..

अधिंकाश गुरुभाइयों ने मुझे इ मेल करके अप्सरा ओर यक्षिणी साधना में सफलता कैसे प्राप्त की जाये ओर साथ ही साथ इन दोनों साधना में मुख्यतः क्या अंतर हैं ओर इस साधना को किस प्रकार से लिया जाना चाहिए इस पर भी जानने की उत्सुकता दिखलाई हैं

कोई भी साधना चाहे वह सामान्य या उग्र हो वह इन बात पर निर्भर करती हैं की किस पद्धति से ओर किस प्रकार से उसे संपन्न किया जा रहा हैं.

संयतः तीन प्रकार से कोई भी साधना की जा सकती हैं ओर उस साधना से संबंधित देवी /देवता किये गए प्रकार के अनुसार ही प्रत्यक्ष होते हैं .

सात्विक ध्यान

राजसिक ध्यान

तामसिक ध्यान ..

इनमें से तामसिक ध्यान का प्रयोग तो मात्र शमशान साधनाओ में होता हैं इस के कारण शक्ति , साधक की सभी उग्र इच्छाओं की पूर्ति तत्काल कर देती हैं, पर यह पद्धति हर साधक के लिए नहीं हैं , क्योंकि यह कठिन ओर दुष्कर तो हैं ही.

साथ हि साथ सदगुरुदेव जी ने पत्रिका ओर साधना शिविरों में केबल वही साधनाए दी हैं जो की आसानी से घर पर भी रहते हुए एक सामान्य साधक भी सम्पन्न कर सके .

जीवन के कुछ विरल क्षण होते हैं जब इन साधनाओ की जरुरत भी आन पड़े

एक तथ्य यहाँ पर बहुत ही स्पष्ठं हैं की जिस भी यक्षिणी या अप्सरा की साधना सदगुरुदेव जी द्वारा दी गयी हैं वह किसी भी प्रकार से साधक के लिए नुक्सान दायक नहीं हो सकती हैं. जो भी आवश्यक तथ्य होते हैं वह निश्चय ही बता दिए जाते हैं . अप्सरा देव वर्ग की गौर वर्ण की शक्ति हैं वही शक्ति का यक्षिणी स्वरुप ,यक्ष लोक से सम्पर्कित कुछ सावला पन सा लिए होती हैं .यदि एक सामान्य तरीके से कहा जाये तो यदि साधना काल में कुछ विशेष मुद्रा का प्रदर्शन न किया जाये ,अप्सरा का प्रत्यिक्षिकरण , कठिन सी क्रिया हैं .यदि कुबेर साधना ओर महा मृतुन्जय साधना संपन्न कर लेने के उपरान जब साधक इन ओर कदम बढ़ता हैं तब उसे अनुकूलता तो प्राप्त होतीहैं ही चाहे वह अप्सरा साधना हो या यक्षिणी साधना हो, साधना काल में काम भाव को बढ़ावा देना या ऐसी मानसिकता रहना सफलता प्राप्ति के अवसर कम करता हैं अप्सरा. ओर यक्षिणी साधना में यदि मुद्राओं का प्रयोग किया जाये तो साधक को उच्च स्तरीय सफ़लत अप्राप्त हो सकती हैं, आप इन मुद्राओं के बारे में मंत्र रहस्य या सीधे सदगुरुदेव जी से निवेदन करके प्राप्त किजा सकती हैं ओर किताबों में प्राप्त ज्ञान अपनी जगह हैं पर सदगुरुदेव जी के श्री मुख से उच्चरित ज्ञान के सामने वह तो नगण्य हैं ही.

इन मुद्राओं की जानकारी तो साधक को होना ही चाह्हिये , सदगुरुदेव जी ने एक एक मुद्रा के बारे में बताया था. यदि साधक अप्सरा या यक्षिणी निश्चित सिद्धि दीक्षा प्राप्त करके साधना करता हैंतो फिर इन मुद्राओं की प्रदर्शित करने की साधनाओ की कोई आवश्यकता नहीं हैं.

यदि हम इन दोनों के साथ कमला वत योग का निर्माण होया हैं जब आवाहन मुद्रा का प्रयोग का सीख ले ले तब अप्सरा का भी वशी कारण हो सकता अब आप सदगुरुदेव जी से से सीधे दीक्षा प्राप्त करोंगे, तभी आप सभी सदगुरुदेव जी को मन में धारण करते हुए पाए जाएँ सदगुरुदेव भगवान् तो आज भी हाँथ फैलाये हुए हमारिप्रतिक्षा रख ते हैं अगर अब भी हम न समझे तो दोष किसका हैं

YAKSHINI SADHANAYE

कुछ सरल परन्तु अचूक यक्षिणी साधनाएं

क्या अब भी आप इन्हें सिद्ध नहीं करना चाहेंगे

कुछ सरल परन्तु अचूक यक्षिणी साधनाएं

जीवन में धन के महत्त्व को कोई नहीं नकार सकता,फिर वो चाहे राजा हो,योगी हो,दरिद्र हो या फिर हम जैसे सामान्य मनुष्य. पर इसकी प्राप्ति तो सभी के लिए दुष्कर है और दुष्कर नहीं है तो सहज तो कदापि नहीं हो सकती सूर्य तंत्र के गोपनीय रहस्यों को समझने के लिए जब मैं सदगुरुदेव की आज्ञा से भटवाडी के भासकरेश्वर महादेव मंदिर के निकट के एकांत स्थल पर साधना कर रहा था, ये वही स्थान है जहाँ पर मार्तंड सूर्य ने भगवान शिव की हजार वर्षों तक तपस्या की थी की महाकाल शिव सदैव सदैव के लिए उनके दोनों नेत्रों में स्थापित हो जाये, और इसी स्थान पर भगवान शिव ने सूर्य को प्रत्यक्ष दर्शन देकर उनकी तपस्या के फलस्वरूप उनकी मनोकामना पूर्ण की थी.सूर्य तंत्र के अद्धयेताओं के लिए ये स्थान अत्यधिक महत्वपूर्ण है और यहाँ पर सूर्य तंत्र में सफलता प्राप्ति का प्रतिशत बढ़ जाता है. खैर वो एक पृथक विषय है जिसकी

कभी और चर्चा की जायेगी, उसी काल खंड में एक तेजस्वी सन्यासी श्री विनयानंद जी वहाँ पर नित्यभास्कर प्रयाग में स्नान के लिए आया करते थे,उनके चेहरे पर अद्भुत आकर्षण था.मैं भी नित्य सूर्या को अर्घ्य देने के लिए वह जाया करता था.धीरे धीरे वो मुझे देखने भी लगे और मेरे अभिवादन का प्रत्युत्तर भी देने लगे.

क्या तुम यहाँ कोई साधना कर रहे हो- उन्होंने पूछा.

जी-मैंने कहा और किस प्रयोजन से मैं ऐसा कर रहा था,वो भी उन्हें संक्षेप में बता दिया.

धीरे धीरे वार्तालाप का क्रम प्रारंभ हो गया,ऐसे ही एक दिन मैंने उनसे कहा की- क्या मैं आपसे एक प्रश्न पूछ सकता हूँ ?

पूछो....

आप जब भी मेरे समीप से गुजरते हैं तो गुलाब,चमेली और मोगरे की मिश्रित मंद खुशबु सी फ़ैल जाती है , जो की किसी इत्र की तो कदापि नहीं हो सकती.

तो तुम्हे क्या लगता है की किस चीज की गंध है !

जी,मैं जहाँ तक समझता हूँ की यदि कोई साधक यक्षिणी का पूर्ण साहचर्य प्राप्त कर लेता है तो प्रतीक रूप में वो अपनी गंध साधक को प्रदान कर देती है . पर ये किसी एक यक्षिणी की गंध नहीं है अपितु मुझे कई प्रतीकों का मिश्रण अनुभव हो रहा है-मैंने सकुचाते हुए कहा.

हाँ ये सत्य है,और ये भी सत्य है की ये किसी एक के साहचर्य का प्रतीक नहीं है.बल्कि अपने सद्गुरु श्रद्धेय किंकर स्वामी की आज्ञा से हिमालय की श्रृंखला के कई दुर्गम और गोपनीय स्थानों पिछले ३० वर्षों से यक्षिणियों की विभिन्न साधनाओं को परखने में ही मैंने अपने आपको लगा दिया है.जिनमे जो सफलता प्राप्त हुयी है बस ये उन्ही का स्मृति चिन्ह हैं.

क्या गृहस्थ जीवन के लिए अनुकूल और सरल कोई साधना नहीं है जिससे इन यक्षिणियों को घर में किया जा सके??

है क्यूँ नहीं, परन्तु बहुत सी साधनाओं के लिए जो वातावरण चाहिए होता है ,वो सामान्यतः घर पर तो उपलब्ध नहीं हो पाता है.घर का वातावरण यदि पूर्ण आध्यात्मिकता से युक्त हो,तो इन साधनाओं को घर पर भी एक अलग कक्ष में किया जा सकता है.और जब तक साधना चलती है तब तक उस कक्ष में किसी का भी प्रवेश नहीं होना चाहिए.

जी और साधना काल में साधक का दिनचर्या क्या होना चाहिए ?

सबसे पहले तो ये बात भली भांति समझने की आवश्यकता है की ये साधना उत्साह,पौरुष शक्ति और प्राणशक्ति से ही सिद्ध की जा सकती है. यदि साधक में अपने गुरु पर श्रृद्धा,साधना में विश्वास,प्रामाणिक पद्धति का ज्ञान,संयमित उत्साह,सिद्ध करने का दृण भाव,सकारात्मक चिंतन और विशुद्ध प्रेम का भाव है तो उसे ये साधना सिद्ध होती ही है.क्योंकि यक्षिणी वर्ग को विशुद्ध प्रेम अपनी और आकर्षित करता ही है.रही बात काया कल्प की तो जब ये किसी साधक को सिद्ध हो जाती हैं तो जीवन में शारीरिक,मानसिक और आर्थिक सुखों का भंडार खोल देती हैं. यदि साधक में इनके प्रति निष्ठा हो तो ये जीवन संगिनी या प्रेमिका बन कर सम्पूर्ण जीवन उसके साथ ही रह सकती हैं,और यदि साधक इनके साथ जीवन यापन न करके इनके गुणों को ही अपने जीवन साथी में चाहे तब भी,ये अपने साधक के प्रेम और साधना बल के वशीभूत साधक के जीवन साथी में अपने उन गुणों का ही प्रवेश करा देती हैं.और तब साधक का गृहस्थ जीवन पूरी तरह प्रेम माय और परस्पर एक दुसरे के लिए आजीवन प्रेमभाव से युक्त हो जाता है ,क्योंकि तब ये आकर्षण शारीरिक न होकर मानसिक हो जाता है. उनके

द्वारा बताई गयी साधना विधियों में से दो साधना विधियों को मैं यहाँ पर दे रहा हूँ,जिनमे से पहली जीवन में आकस्मिक धन प्राप्ति के लिए है,इसके द्वारा शेयर बाजार,व्यापार और अन्य कई श्रेष्ट उपायों से आकस्मिक धन प्राप्ति का मार्ग और विधान स्वतः ही ज्ञात होने लगता है,जिससे धन प्राप्ति का मार्ग सरल हो जाता है.और दूसरी साधना पूरी तरह से विशुद्ध प्रेम को अपने जीवन में उतारने की. और ये सबसे अनिवार्य तत्व है क्योंकि आज ९२% वैवाहिक जीवन में प्रेम और आकर्षण जैसी कोई चिड़िया ही नहीं होती तो सुख क्या खाक होगा. पति और पत्नी ,प्रेमी-प्रेमिका ये सभी थोड़े ही समय में एक दुसरे के प्रति आकर्षण और प्रेम भाव खो देते हैं तब इन संबंधों को स्थायित्व कैसे मिलेगा.मगर इस साधना से साधक के जीवन में परस्पर दैहिक, मानसिक और आत्मिक आकर्षण की तीव्रता परस्पर पूरे जीवन ही रहती है.(इसी अंक में वे सभी गोपनीय विधान बताये गए हैं ,जिनके द्वारा पूर्ण सफलता की प्राप्ति होती ही है.अतः उन सूत्रों को यथा संभव प्रयोग करे जिससे सफलता की प्राप्ति होगी ही)

आकस्मिक धन प्रदाता स्वर्ण यक्षिणी साधना

इस साधना के लिए किसी भी शुक्रवार की रात्री को स्नान करके पीले वस्त्र धारण कर साधना कक्ष में पीलर आसन पर उत्तराभिमुख होकर बैठ जाये सामने बाजोट पर पीला वस्त्र बिछाकर उस पर गुरुधाम से प्राप्त 'एक मुखी मधु रूपेन रुद्राक्ष' की स्थापना करे.सामने घृत का दीपक प्रज्वलित कर लें. तत्पश्चात सदगुरुदेव,गणपति और दीपक का पूजन कर उनसे इस साधना में सफलता का आशीर्वाद देने की प्रार्थना करे.तत्पश्चात कुमकुम,धुप,सुगन्धित पुष्प और सुस्वादु नैवेद्य से रुद्राक्ष का पूजन कर यक्षिणी माला से २१ माला मंत्र जप करे ,ये क्रिया ११ दिनों तक संपन्न करना है. इसके पश्चात उस रुद्राक्ष को पीले कपडे में बांध कर पूजन स्थल पर ही रख दे और जब भी आपको आकस्मिक धन प्राप्ति की आवश्यकता हो तब, रात्रि में ५ माला मन्त्र जप कर सो जाये,रात में आपको स्वप्न में ही वो विधान आपको यक्षिणी बता देगी ,जिससे आपको निश्चित धन की प्राप्ति होगी. यदि आप नित्य एक माला मंत्र जप सुबह पूजन में करते हैं तब भी धनागमन के नए स्रोत खुलते चले जाते हैं.

मन्त्र-**ऐं स्वर्णयक्षिणी मम कार्य सिद्धिं करीं प्रत्यक्षं सिद्धिं स्वर्ण वर्षा ऐं ऐं नमः**

पूर्ण प्रेम सुख प्राप्ति हेतु प्रमदा साधना

इस साधना को भी शुक्रवार से ही प्रारंभ किया जाता है ,साधक किसी एकांत वन में या कक्ष में अर्ध रात्रि मो स्नान कर लाल वस्त्र धारण कर लाल आसन पर उत्तराभिमुख होकरबैठ जाये और मंत्र जप में सफलता का संकल्प ले ,पूर्ण गुरु पूजन और गणपति पूजन करे और उनसे साधना हेतु आज्ञा व सफलता प्राप्ति की प्रार्थना करेऔर ध्यान करे-

ध्यान- **केयूर मुख्याभरणाभिरमाम्,वराभये संदधतीम् कराभ्यां.**

संक्रन्दनादयामर सेव्यपादाम,सत्कांचनाभाम् प्रमदाम् भजामि.

सामने बाजोट पर लाल वस्त्र बिछा हुआ हो और उस पर पूर्ण यक्षिणी सायुज्य पारद गुटिका की स्थापना कर उसे स्नान करवाकर ,अक्षत,पुष्प,धुप,दीप तथा नैवेद्य से पूजन करे .

फिर न्यास करे-

१.शक्ति ऋषये नमः शिरसि ,गायत्री छंदसे नमः मुखे,प्रमदा देवतायै नमः हृदये,विनियोगाय नमः सर्वांगे.

२.ह्रां अंगुष्ठाभ्याम् नमः,ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः,ह्रूम् मध्यमाभ्याम् नमः,ह्रै: अनामिकाभ्याम् नमः,ह्रौम् कनिष्ठिकाभ्यां नमः,ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः.

३.ह्रां हृदयाय नमः,ह्रीं शिरसे स्वाहा,ह्रूम् शिखायै वषट्,ह्रै: कवचाय हूं,ह्रौम् नेत्रत्रयाय वौषट,ह्रः अस्त्राय फट.

मन्त्र- **ह्रीं प्रमदे स्वाहा**

यदि मात्र देवी के गुणों को आप अपने जीवन साथी में उतरना चाहते हैं तो उपरोक्त मन्त्र की २१ माला नित्य करनी है १४ दिनों तक.इससे आपको मनोवांछित प्रेम की भी प्राप्ति होगी ,पर आपको भी उतनी ही ईमानदारी बरतनी होगी.और यदि आप इस शक्ति का ही साहचर्य और प्रत्याल्शिकरण चाहे हैं तो इसी मन्त्र का पूर्ण पुरश्चरण नियमों का पालन कर ६ लाख मन्त्र जप करना होगा.इसके लिए निर्जन वन में जाकर दिन में तथा रात्रि में नित्य १० हजार मंत्र करना होगा,जप का दशांश हवन घी और खीर से करे.तब निश्चय ही प्रमदा देवी प्रत्यक्ष होकर साधक का अभीष्ट पूरा करती है.आवशकता पड़ने पर ११ माला जप करने से वो आपका कार्य कर देंगी.

उपरोक्त दोनों साधनाओं का मुझे भी व्यक्तिगत अनुभव है,अतः आप निश्चिन्त होकर इसे प्रयोग करके देखे.यदि पूर्ण नियमों का पालन किया गया तो अवश्य ही सफलता मिलेगी.

****

Some easy but very accurate Yakshini sadhnas are not denied the importance of money in life,then its abt any king, or Yogi, or any poor, or common persons like us.But its quiet difficult to achieve it and if not difficult then nor easy also. Isn't it?

To understand the secrets of Surya Tantra, with permission of revered sadgurudev I was pursuing my sadhna at a lonely place nearby Bhaatwadi's Bhaskareshwar mahadev mandir.U know this is that temple were martand surya perform his persistence for thousand years for that Mahakal shiv must be established in his both eyes.And on the same place Lord shiva appeared infront of Surya and fulfilled his wish.This place is very sacred and significant for Surya tantra seekers as the success rate increases if surya tantra are erformed at this holy place.

Well that's altogether a different matter on which we ll disscuss later on.On the same timeperiod one saint was always used to come for bath in that bhaskar prayag.His face was astonishingly attractive and glowy.I also used to visit that place for offering Arghya to surya devta in early

ASTROLOGY

क्या साधना जगत में इनका भी महत्व हैं ...

जन्मकुंडली और साधना में सफलता के योग

संपूर्ण ब्रह्माण्ड १२ राशियों और २७ नक्षत्रों में विभाजित है , और हमारी जन्म कुंडली को भी उसी काल पुरुष का ही रूप मान कर १२ भागो में विभक्त किया गया है और इन्ही भागो में जिन्हें स्थान या भाव भी कहा जाता है, में ये नौ ग्रह स्थित हो कर अपना प्रभाव दिखाते हैं. प्रत्येक भाव में जो भी राशि होती है उस राशि का स्वामी भावेश कहलाता है . इन भावों में ग्रहों की स्थिति ही तो जीवन के ऐसे ऐसे खेल दिखाती है की बस पूछो मत ....

और इन खेलों का पता हमें चलता कहाँ से हैं ..... हाँ भाई उसी लग्न स्थान से जो की जातक या पृथ्वी का प्रतीक है जन्म कुंडली में , और जहाँ से खड़ा होकर जातक देख सकता है भिन्न भिन्न स्थानों पर अवस्थित ग्रहों का प्रभाव . याद रखिये जन्मकुंडली की सत्यता और शुद्धता का निर्धारण गर्भ कुंडली या बीज कुंडली के द्वारा होता हैं अन्यथा सामान्य कुंडलियाँ तो मात्र दिल को बहलाने के ही काम आती हैं जिनके द्वारा ज्योतिष के अधिकांश सिद्धांत अनुमान मात्र ही रह जाते हैं ..... कारण साफ़ है क्योंकि जन्म समय की सत्यता कैसे की जाये , कैसे सही जन्म समय का निर्धारण किया जाये .... ये अत्यंत ही दुष्कर कार्य है. अब जब जन्म समय ही शुद्ध नहीं होगा तो उस समय पर आधारित जन्मकुंडली से भला सही फल कथन कैसे किया जा सकता है . तब तो आपके द्वारा किया गया फलित मात्र

अनुमान ही तो रह जायेगा ना.

यदि सही जन्म कुंडली हो तो फल कथन भी सत्य होगा और सत्य होगा जीवन के प्रत्येक पक्षों का दिग्दर्शन भी . (चित्र में जनम कुंडली में जो भाव क्रमाक दिए गए हैं ,ये बदलते नहीं हैं ये स्थाई हैं , हाँ ये जरूर हैं की ,ज्योतिष की गणित के हिसाब से इन भाव में आने वाले अंक बदल जाते हैं. (जनम के समय के अनुसार).अब आप पचम और नवम भाव देख सकते हैं,आप अपनी कुडली में lagna भाव स्थान पर क्या अंक लिखा हैं उन्हें देख ले, आप अपनी लग्न जान गए हैं.प्रिय मित्र यदि १ लिखा हैं तो मेष हैं, २ लिखा हैं तो वृषभ ,कृपया लिस्ट के अनुसार देख ले.)

इस लेख का आशय मात्र जातक की कुंडली के साधना पक्षों का अध्यन करना ही है , जिससे ये जाना जा सकता है की किस ग्रह स्थिति से कैसी साधना और किस पद्धति में सफलता मिलती है , इसकी जानकारी मात्र हो जाये. ये सूत्र सद्गुरुदेव द्वारा प्रदान किये गए हैं . जो की साधक को अपनी कुंडली देख कर सही पद्धति का निर्धारण करना सिखाते हैं(याद रखिये ये निर्धारण स्वयं के द्वारा का है क्यूंकि यदि हम गुरु के चरणों में उपस्थित होकर प्रार्थना करते हैं तो वो बिना किसी कुंडली के भी आपको उस पद्धति से परिचित करा देते हैं).

पिछले किसी लेख में मैंने आपको पंचम और नवम भाव से इष्ट का निर्धारण बताया था , आज हम कई अनछुए और नवीन सूत्रों के द्वारा अपने आध्यात्मिक जीवन का अध्यन करेंगे. तो शुरुआत करते हैं जन्म लग्न द्वारा इष्ट के निर्धारण

से ......

1. मेष लग्न – सूर्य,दत्तात्रेय , गणेश
2. वृषभ- कुलदेव ,शनि
3. मिथुन-कुलदेव , कुबेर
4. कर्क- शिव, गणेश
5. सिंह- सूर्य
6. कन्या- कुलदेव
7. तुला- कुलदेवी
8. वृश्चिक- गणेश
9. धनु- सूर्य ,गणेश
10. मकर - कुबेर,हनुमंत,कुलदेव,शनि
11. कुम्भ- शनि, कुलदेवी,हनुमान
12. मीन- दत्तात्रेय,शिव,गणेश

यदि जन्मकुंडली में बलि ग्रह हो........
सूर्य तो व्यक्ति शक्ति उपासना कर अभीष्ट पाता है,
चंद्र हो तो तामसी साधनों में रूचि रखता है,
मंगल हो शिव उपासना
बुध हो तो तंत्र साधना में
गुरु हो तो साकार ब्रह्मोपासना में
शुक्र हो तो मंत्र साधना में
शनि हो तो मन्त्र तंत्र में निष्णात व विख्यात
इसी प्रकार.............
प्रथम भाव या चंद्रमा पर शनि की दृष्टि हो तो जातक सफल साधक होता है.
चंद्रमा नवम भाव में किसी भी ग्रह की दृष्टि से रहित हो तो व्यक्ति श्रेष्ट सन्यासी होता है.
दशम भाव का स्वामी सातवे घर में हो तो तांत्रिक साधना में सफलता मिलती है
नवमेश यदि बलवान होकर गुरु या शुक्र के साथ हो तो सफलता मिलती ही है.
दशमेश दो शुभ ग्रहों के मध्य हो तब भी सफलता प्राप्त होती है .
यदि सभी ग्रह चंद्रमा और ब्रहस्पति के मध्य हो तो तंत्र के बजाय मंत्र साधना ज्यादा अनुकूल रहती है .
केन्द्र या त्रिकोण में सभी ग्रह हो तो प्रयत्न करने पर सफलता मिलती ही है.
गुरु, मंगल और बुध का सम्बन्ध बनता हो तो सफलता मिलती है .

शुक्र व बुध नवम भाव में हो तो ब्रह्म साक्षात्कार होता है.
सूर्य उच्च का होकर लग्न के स्वामी के साथ हो तो व्यक्ति श्रेष्ठ साधक होता है .
लग्न के स्वामी पर गुरु की दृष्टि हो तो मन्त्र मर्मज्ञ होता है.
दशम भाव का स्वामी दशम में ही हो तो साकार साधनों में सफलता मिलती है.
दशमेश शनि के साथ हो तो तामसी साधनों में सफलता मिलती है.
राहु अष्टम का हो तो व्यक्ति अद्भुत व गोपनीय तंत्र में प्रयत्नपूर्वक सफलता पा सकता है.
पंचम भाव से सूर्य का सम्बन्ध बन रहा हो तो शक्ति साधना में सफलता मिलती है.
नवम भाव में मंगल का सम्बन्ध तो शिवाराधक होकर सफलता पाता है.
नवम में शनि स्वराशि स्थित हो तो वृद्धावस्था में व्यक्ति प्रसिद्द सन्यासी बनता है.

पर में यहाँ एक बात आपके सामने रखना चाहूँगा ,एक कहानी के माध्यम से, सत्य घटना हैं,दतिया के आदरणीय पूज्य स्वामीजी महाराज का एक शिष्य उनके पास आया और कहा की वह कई साल से छिन्नमस्ता साधना कर रहा हैं पर सफलता उसे नहीं मिल रही हैं, उसे जबाब मिला माँ बगलामुखी की साधना करो, साधक को एक ही रात में जो अनुभव हुए उससे वह तो हिल गया ,अगले दिन स्वामी जी से कारण पूछने पर की क्यों सालो साल छिन्नमस्ता माँ की साधना से फल नहीं मिला, यहाँ एक दिन में ही माँ बल्गामुखी से मिल गया, स्वामी जी ने कहा, बेटा तेरा अकाउंट tranfer कर दिया हैं और कुछ नहीं, साधक के फिर से पूछने पर उन्होंने कहा की माँ तो एक ही हैं, वास्तव में बेटा तू अपने कुल (घर) में चल रही छिन्नमस्ता साधना को करता आया हैं, परन्तु पिछेले कई जन्मो के उसके संस्कार माँ बगलामुखी के थे. इसी कारन उन्होंने उसके द्वारा किये गए जप को बल्गामुखी माँ के जप में बदल दिया. अब आप लोग समझे ,की सदगुरुदेव की क्या आवश्यकता होती हैं और क्यों .

यहाँ तक की इस ब्लॉग के एक लेखक को पूज्य सदगुरुदेव जी ने माँ छिन्नमस्ता की साधन बताए थी, परन्तु उनसे वोह पत्र में लिखी बात भूल गए ,और वह माँ तारा की साधना करते रहे, कई वर्ष के बाद उन्हें वह पत्र मिला, अपनी गलती समझ कर उन्होंने सदगुरुदेव से बात की, परन्तु जबाब आया की माँ तारा की साधन ही करते रहो,बदलने की जरूरत नहीं हैं. वोह ये बात समझ नहीं पाए की पहले तो सदगुरुदेव ने कुछ और बोला था, अब क्यों नहीं बदल सकते हैं, कई वर्षो के बाद उन्हें ये ज्ञात हुए की दस महाविद्या वास्तव में मूल रूप से तीन महाविद्या हैं और माँ छिन्नमस्ता ,का माँ तारा में ही समहिती करण माना जाता हैं.

तो अवलोकन कीजिये अपनी कुंडली का और देखिये क्या कहती है आपकी कुंडली .

SECRETS OF CHOUSATH YOGINI

चौसठ योगिनी रहस्य -मेरे जीवन का सुनहरा पन्ना

क्या यह भी संभव हैं ....

Chousath yogini rahasya-mere jeevan ka sunhara panna

अर्ध रात्रि का समय था और आकाश में चतुर्दशी का चंद्रमा अपनी चांदनी को बिखेर रहा था,सामने नर्मदा का जल कल-कल की ध्वनि के साथ बह रहा था,और ठंडी हवा बहते पानी को छू कर शीतलता का अनुभव दे रहा था,हम भेडाघाट के तट पर बैठकर आपस में वार्ता कर रहे थे.कई दिन हो गए थे मुझे यहाँ आये हुए.नित्य तंत्र के नवीन रहस्यों का उद्घाटन होना आम बात थी. नित्य रात्रि को हम भिन्न भिन्न घाटो पर बैठकर तंत्र की चर्चा करते और मध्य रात्रि और ब्रम्ह मुहूर्त में साधना का अभ्यास करता.मेरे मन की विविध उलझनों को सुलझाने का दायित्व उन्ही दोनों अग्रजों ने जो ले रखा था.पारितोष भाई और अवधूती माँ का साहचर्य जो मुझे प्राप्त था.

भाई, ये चौसठ योगिनी मंदिर का क्या रहस्य है ?

अरे भाई, जब माँ यहाँ पर उपस्थित है तो भला मैं कैसे कुछ कह सकता हूँ.आप माँ से ही इस विषय की जानकारी लीजिए ,उन्होंने सदगुरुदेव के निर्देशन में यहाँ के कई गुप्त रहस्यों को आत्मसात किया है.

हाँ हाँ क्यूँ नहीं,निश्चय ही इस रहस्य को तो प्रत्येक साधक को समझना ही चाहिए,साधना की पूर्णता योगिनियों की कृपा के बगैर.अगम तंत्र ६४ भागो में विभाजित है अर्थात ६४ तंत्रों की प्रधानता हैं और माँ आदिशक्ति की सहचरी उनके ये ६४ शक्तियां ही उन तंत्रों को की स्वामिनी होती है.ये योगिनी ही उन तंत्रों की मूल शक्ति होती है और जब साधक

अपने साधना बल से इनका साहचर्य प्राप्त कर लेता है तो उसे वो तंत्र और उसकी शक्ति भी प्राप्त हो जाती तब साधक इनके सहयोग जगत से वैश्वानर और अगोचर सत्ता के ऐसी ऐसे रहस्यों को ज्ञात कर लेता है,जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती.

माँ क्या ये साधना सहज रूप से की जा सकती है? मैंने पूछा.

नहीं मेरे बच्चे इन साधनों को कभी भी हलके में नहीं लिया जा सकता,जिनमे प्राणशक्ति की कमी हो वो तो इस साधना की शुरुआत भी नहीं कर पाते हैं ,जैसे ही साधक इन्हें आवाहन का मानस बनाता है वैसे ही,इनकी सहचरी उपशक्तियां व्यवधान उत्पन्न करने लगती है.घृणा और जुगुप्सा के भाव को ये अति संवेदनशील बनाकर तीव्र कर देते हैं और अंतर्मन में दबा हुआ भय तीव्र होकर बाह्यजगत में दृष्टिगोचर होने लगता है.और साधक का शरीर इस तीव्रता को बर्दाश्त नहीं कर पाता है फलस्वरूप साधक का शरीर फट ही जाता है.इसलिए बिना गुरु के उचित निर्देशन के ऐसी साधनाओं में हाथ नहीं डालना चाहिए.

प्राणशक्ति की तीव्रता के कारण इनके मानसिक शक्ति के विद्युतीय परिपथ के संपर्क में आने वाला साधक मानसिक विक्षिप्तता को ही पाता है,सफलता के लिए तो अद्भुत प्राणबल होना पहली और अनिवार्य शर्त है.और ये भी तय है की इनकी सहायता जिसे प्राप्त हो जाती है परा और अपरा जगत के विविध रहस्यों की परते उसके लिए उघड़ने लगती हैं.

क्या इस स्थान से ,इस योगिनी मंदिर से इनका कोई लेना देना भी होता है ?

हाँ बिलकुल होता है,वास्तव में जहाँ जहाँ इस प्रकार के या नाथ पीठ होते हैं (अर्थात जहाँ उन्होंने साधना की हो) वहां आकाश में निर्गत द्वार होगा ही.लोकिक रूप से तो ये तारों का घना झुण्ड होता है परन्तु वो उनके लोक विशेष में जाने का और उस तंत्र के उद्गम स्थल तक पहुचने का मार्ग होता है.जिसके द्वारा ये साधक उस लोक तक की यात्रा उन शक्तियों के सहयोग से आसानी से कर लेते हैं जो की उन्हें उन योगिनियों से प्राप्त होती है.उस शक्ति के कारण उनका सूक्ष्म शरीर सहजता से वासना शरीर या कारण शरीर से शिथिल होकर सरलता से विभक्त हो जाता है तब,काल,स्थान और दूरी का कोई महत्त्व नहीं रह जाता है. पंचतत्वों की सघनता भी इन क्षेत्रों में होती है.

इनका स्थापन यहाँ कैसे किया गया होगा और उसका उद्देश्य क्या था ?

देखो इस मंदिर की स्थापना कलचुरी नरेश के शासन काल में हुयी है. अक्सर अघोर पंथ, शाक्त या पाशुपत संप्रदाय के असीम शक्ति संपन्न साधक ही इनका पूर्ण रूप से आवाहन कर इनकी स्थापना कर सकते हैं.पाशुपत संप्रदाय के संस्थापक नकुलीश के समय अघोर साधनाओं का प्रभुत्व चल रहा था और कलचुरी नरेश कृष्णराव,शंकरगण और बुद्धराज,ये तीनों अघोर पद्धति से भगवान अघोरेश्वर महाकाल की उपासना करते थे. अपने सम्प्रदाय को आगे विस्तार देने के लिए ही ये सभी आदि शक्ति और शिवलिंग तथा शिव प्रतिमा को अलग अलग जगह फैलाते थे.ये सभी योगिनी मंदिर जो मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़ तथा अन्य प्रान्तों में स्थापित होते न सिर्फ वास्तु कला की दृष्टि से बल्कि भयंकर साधना की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहे हैं.इन मंदिरों में जिन योगिनियों का स्थापन किया जाता है वो पूर्ण तामसिक भाव से की जाती है तथा बलि आदि कृत्य भी संपन्न किये जाते हैं ,उसके फलस्वरूप उस अगोचर तामसिक लोक की प्रधान शक्ति का सीधा संपर्क यहाँ से स्थापित हो जाता है.उसी के प्रभाव से ये समय समय पर किन्ही खास क्षणों में ये प्रतिमाये जीवंत हो जाती है और जब मन्त्र बल से इन्हें कोई साधक जीवंत कर दे तो ये सामूहिक रूप से अपनी उस प्रधान शक्ति को भी आवाहित कर साधक को प्रचंड शक्तियों का स्वामी बना देती हैं. और ऐसा जब भी होता है प्रकृति में कोई न कोई विकृति आ ही जाती है.

तो क्या इन्हें सामान्य रूप से सिद्ध नहीं किया जा सकता है ?

किया जा सकता है ,परन्तु सिर्फ सद्गुरु ही इनके आवाहन मन्त्रों की भयंकरता को सौम्यता में परिवर्तित कर सकते हैं, और उनके द्वारा प्रदत्त ध्यान तामसिक न होकर राजसिक और ज्यादातर सात्विक भाव युक्त ही होते हैं.और सद्गुरु अपने तपबल से इनकी ज्यामितीय आकृति को उकेर कर यन्त्र का रूप देकर इन सभी योगिनियों का स्थापन उसमे कर देते हैं.

और एक महत्वपूर्ण तथ्य भी मैं बता देती हूँ की मूल योगिनी पीठ हमेशा इस मंदिर के ऊपर या नीचे स्थापित होते हैं ,जहाँ विग्रह की स्थापना न होकर मूल यन्त्र ही वेदिमय होता है.और यदि साधक इसके द्वार को खोलने का तरीका जान कर सिद्ध कर ले तो वहां पहुचने पर उसने जिस प्रकार का ध्यान किया है तदनुरूप ही उसे वह का वातावरण और शक्ति का प्रभाव अनुभव होता है.इस द्वार भेदन की क्रिया चतुवष्टि कल्प कहलाती है.

क्या मैं इसमें प्रवेश कर सकता हूँ ?

आज नहीं कल,क्योंकि कल पूर्णिमा है और पूर्णिमा को इनकी तीव्रता उतनी नहीं रहती है,इनकी तीव्रता अमावस्या और अँधेरी रातों में भयानक रूप से रहती है ,खास तौर पर दीपावली और सूर्य ग्रहण की रात्रि में. अतः नए साधक को इस अदृश्य लोक में प्रवेश प्रारंभ करने का उपक्रम पूर्णिमा से ही प्रारंभ करना चाहिए. उसके कुलदेवी के वर्ग की योगिनी साधक का सहयोग कर इसके अन्तः गर्भगृह में जाने का मार्ग प्रशस्त करती है.

उसके बाद दुसरे दिन हम तीनों ही एक विशेष मन्त्र के द्वारा उस अन्तः गर्भगृह में प्रविष्ट हुए,लंबा गलियारा पार कर हम गर्भ गृह तक पहुचे, वो एक लंबा चौड़ा कक्ष था,जहा एक अद्भुत ही उर्जा प्रवाहित हो रही थी तथा दीवारों से मंद मंद प्रकाश फूट रहा था जिससे वह रौशनी बिखरी हुयी थी. कक्ष के मध्य में ही एक काले पत्थर पर उत्कीर्ण यन्त्र वेदी पर स्थापित था जो ४ गुना ४ फुट के पत्थर पर अंकित था.वहां माँ और भाई ने विधिवत पूजन किया तथा मैंने भी उनका अनुसरण किया,वे जिन प्रणाम मन्त्रों को बोल रहे थे वे ऊपर स्थापित विग्रहों के नाम से मुझे भिन्न प्रतीत हुए,उस समय तो मैं शांत रहा पर बाद में जब मैंने भाई से उसकी वजह पूछी तो उन्होंने बताया की एक ही देवी के अलग अलग नाम सम्प्रदाय विशेष में होता है ,अतः जैसी परंपरा होगी साधक उन्ही स्वरूपों का ध्यान करता है ,परन्तु इससे कोई अंतर नहीं पड़ता,पानी को जल कह देने से तत्व तो नहीं बदल जाता. खैर अर्चना के मध्य ही उस यन्त्र के विभिन्न भागों से प्रथक प्रथक धूम्र रुपी किरणे लगी जो अंततः आखिर में रक्त वस्त्रों से सुसज्जित एक २५-२८ वर्षीय कन्या में परिवर्तित हो गयी.जो लाल पत्थरों की चूडियाँ और हार पहने हुए थी.जिनसे प्रकाश उत्सर्जित हो रहा था .उनके मुख से आशीष वचन निकल रहे थे,थोड़े समय बाद वो पुनः किरणों के रूप में विखंडित होकर यन्त्र में ही विलीन हो गयी.अद्भुत था वो दृश्य और यदि साधक उस कल्प का प्रयोग सिद्ध कर ले तो बहुतेरे अध्यात्मिक और भौतिक लाभ की प्राप्ति उसे होती ही है.परन्तु गुरु आज्ञा के बगैर ऐसा कल्प नहीं दिया जा सकता,क्यूंकि उसको सिद्ध करने का विधान जटिल है और उसमे बहुत सावधानी की जरुरत भी है परन्तु यदि साधक उन योगिनियों का प्रतिक चिन्ह चतुवाष्टि यन्त्र की प्राप्ति गुरु धाम से करके उस पर रविवार रात्रि से ११ दिन तक नित्य निम्न नाम के आगे 'ओम' और पीछे नमः लगाकर , जैसे-**ओम काली नित्या सिद्धमाता नमः**. लाल कुमकुम से रंगे हुए अखंडित अक्षत अर्पित करे और इसके बाद "**ओम चतुवष्टिः योगिनी मम मनोवांछित पूरय पूरय नमः**" मंत्र की २१ माला संपन्न करे उसके बाद पुनः निम्न नामो के साथ अक्षत अर्पित करें. थोड़े ही समय में उसे अद्भुत चमत्कार अपने नित्य जीवन में दिखाई देने लगेंगे.

Kali Nitya Siddhamata, Kapalini Nagalakshmi,Kula Devi Svarnadeha,Kurukulla Rasanatha,Virodhini Vilasini,Vipracitta Rakta Priya,Ugra Rakta Bhoga Rupa,Ugraprabha Sukranatha,Dipa Muktih Rakta Deha,Nila Bhukti Rakta Sparsha,Ghana MahaJagadamba,Balaka Kama Sevita,Matra Devi Atma Vidya,Mudra Poorna Rajatkripa,Mita Tantra Kaula Diksha,Maha Kali Siddhesvari,Kameshvari Sarvashakti,Bhagamalini Tarini,Nityaklinna Tantraprita,Bherunda Tatva Uttama,Vahnivasini Sasini,Mahavajreshvari Rakta Devi,Shivaduti Adi Shakti,Tvarita Urdvaretada,Kulasundari Kamini,Nitya Jnana Svarupini,Nilapataka Siddhida,Vijaya Devi Vasuda,Sarvamangala Tantrada,Jvalamalini NaginiChitra Devi Rakta Puja,Lalita Kanya Sukrada,Dakini Madasalini,Rakini Papa Rasini,Lakini Sarvatantresi,Kakini Naganartaki,Sakini Mitrarupini,Hakini Manoharini,Tara Yoga Rakta Poorna,Shodashi Latika Devi,Bhuvaneshwari Mantrini,Chinnamasta Yoni Vega,Bhairavi Satya Sukrini,Dhumavati Kundalini,Bagla Muki Guru Moorthi,Matangi Kanta Yuvati,Kamala Sukla Samsthita,Prakriti Brahmandri Devi,Gayatri Nitya

MRITYUNJAYA ABHISHEK

अद्भुत रहस्य पहली बार

क्या मृत्युंजय अभिषेक की भी कोई गोपनीय पद्धति है?

हाँ अवश्य है,यक्षिणी साधना में सफलता के लिए **'लाकिनीश मृत्युंजय'** की उपासना व अभिषेक किया जाता है.क्यूंकि इनका निवास मणिपूर चक्र में होता है और ये स्थान अग्नि और अमृत दोनों का ही होता है अतः इनका अभिषेक करने से अग्नि की आकर्षण शक्ति आपमें तेज की वृद्धि कर देती है और निसृत अमृत आपको जरा रोगों से मुक्त कर कायाकल्प करता है,और यही तेज व पौरुष बल यक्षिणी को आपकी और खीचता है.इसके लिए पारद शिवलिंग के ऊपर निम्न मन्त्रों का उच्चारण करते हुए पूर्ण विनम्र भाव से अक्षत अर्पित करे.

ॐपरम कल्याणाय नमः

ॐविश्वभावनाय नमः,पार्वतीनाथाय,उमाकान्ताय ,विश्वात्मनाय,अविचिन्ताय,गुणाय,निर्गुणाय,धर्माय, ज्ञानमक्षाय,सर्वयोगिनाय,कालरुपाय,त्रैलोक्य रक्षणाय,गोलोकघातकाय,चन्डेशाय,सद्योजाताय,देवाय,शूल धारिणे, कालान्ताय,कान्ताय,चैतन्याय,कुलात्मकाय,कौलाय,चन्द्रशेखराय,उमानाथाय,योगीन्द्राय,शर्वाय,सर्वपूज्याय,ध्यान स्थाय, गुणात्मनाय,पार्वतीप्राणनाथाय,परमात्मनाय.

उपरोक्त नामो के पहले ॐतथा बाद में नमः लगाकर अक्षत अर्पित करे. इसके बाद मृत्युंजय मंत्र का जप करते हुए कच्चे दूध और जल के मिश्रण से अभिषेक करे.मृत्युंजय मंत्र सदगुरुदेव की पत्रिका में कई बार प्रकाशित हुआ है.

सर्व सामग्री को उत्कीलन करने का क्या विधान है ?

पूजा या साधना में प्रयुक्त सामग्री जैसे,यंत्र,माला,पुष्प,फूल,फल आदि लगभग सभी सभी सामग्रियों का नितांत शुद्ध होना आवश्यक है.यदि इनमे से कोई भी सामग्री में जरा सी भी वैचारिक या स्पर्श की वजह से अशुद्धता आ गयी तो फिर इनके प्रयोग से साधना में कोई लाभ नहीं होता.हम साधना के निमित्त बाजार से पुष्प,फल इत्यादि लेते हैं,अब जिनसे आपने लिया है वो किस शारीरिक या मानसिक स्थिति में थे किसे पता,उन्होंने शंका निवारण के पश्चात हाथों को धोया था या नहीं और कैसी मनः स्थिति में उन्होंने आपको सामग्री दी है,इसी प्रकार पूजा स्थल में यन्त्र माला इत्यादि रखे हैं और उसे घर के बच्चो या अन्य सदस्य ने उठा लिया या स्पर्श कर लिया तब भी उनकी प्राणशक्ति और शारीरिक मानसिक शुचिता से वे साधना सामग्री प्रभावित होंगी ही. रसोई से नैवेद्य बनकर साधना कक्ष में आते आते न जाने किसकी दृष्टि पद जाये या जब भोजन तैयार हो रहा था उस समय बनाने वाले का चिंतन कैसा था.यन्त्र के ऊपर कीट,पतंगे,चूहे,छिपकली आदि के चलने से भी यन्त्र माला इत्यादि दोषपूर्ण हो जाते हैं.अतः ऐसी स्थिति में उन्कपरिहार करने के लिए या उत्कीलन करने के लिए एक विशेष मंत्र का प्रयोग किया जाता है ,जिसे पहले सिद्ध करना अनिवार्य है.

निम्न मंत्र को पहले ५१ माला मंत्रजप करके सिद्ध कर लेना चाहिए,बाद में जब भी आप साधना हेतु सामग्रियों का प्रयोग करे तो इस मन्त्र को १०८ बार जप कर उससे जल को अभिमंत्रित कर सभी सामग्रियों पर छिड़क दे.

मन्त्र- **ॐह्रीं त्रिपुटि त्रिपुटि कठ कठ आभिचारिक-दोषं कीटपतंगादिस्पृष्टदोषं क्रियादिदूषितं हन हन नाशय नाशय शोषय शोषय हुं फट् स्वाहा.**

****

Is their any secret process for doing 'Mrityunjay Abhishek'?

Yes of course, to get success in Yakshini sadhnas the ‘Lakineeshi Mrityunjay’ the worship and abhishek is done.because they resides at Manipur chakra.and this place consist both fire and amrut. So there abhishek gives u glow by fire’s attractive power and Pure amrut cleans ur body and keeps diseases away from u an rejunevate u totally.And the same charm and manliness attracts the yakshini towards u. For this purpose u must have parad shivling and then devote akshat(rice) on it withfull dedication.

OM PARAM KALYANAAY NAMAH

OM VISHVABHAVNAAYA NAMAH, PARVATEENAATHAAYA, UMAKAANTAAYA, VISHVAATMANAAYA, AVICHINTAAYA, GUNAAYA, NIRGUNAAYA, DHARMAAYA, GYAANAMKSHAAYA, SARVAYOGINAAYA, KAALRUPAAY, TRAILOKYAAY RAKSHANAAYA, GOLOKGHAATKAAYA, CHANDESHAAYA, SADYOJAATAAYA, DEVAAYA, SHULDHARINE, KALAANTAAYA, KAANTAAYA, CHAITANYAAYA, KULAATMAKAAYA, KAULAAYA, CHANDRASHEKHARAAYA, UMAANAATHAAYA,

SOOTA RAHASYAM PART- 4

सूत रहस्यम - 4

(पारद विज्ञानं तंत्र के अप्रकाशित , अप्राप्य गोपनीय ग्रन्थ की श्रृंखला का अगला भाग)

सूत रहस्यम- ब्रम्हाण्डीय ऊर्जा प्रादुर्भाव का रहस्य

ब्रम्हांडीय ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत सूर्य है,जिसमे जीवन कणों का संघटित रूप विद्यमान है . सामान्य नेत्रों से इन कणों को देख पाना संभव ही नहीं है.इन्ही कणों की उपस्थिति से ही तो हमारे शरीर में प्राणों का उचित रूप से प्रवाह हो पाता है. पर ये प्राणों का संचरण सिर्फ मानव शरीर में ही होता है ऐसा नहीं है ,जबकि पहले ही ये बता दिया गया है की सूर्य सम्पूर्ण ब्रम्हांडीय ऊर्जा का स्त्रोत है तो इसमें सब आ जाते हैं, फिर चाहे वो किसी भी वर्ग या योनी विशेष का ही क्यूँ न हो. वैज्ञानिक अध्यन से भी ये सिद्धांत प्रमाणित हो गया है.

ब्रम्हाण्डीय ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत ध्वनि ही है और ऊर्जा का परिवर्तन किस रूप में,कितने वेग से होगा और उसकी तीव्रता कितनी होगी,ये शब्द विशेष पर निर्भर करता है .सूर्य के भीतर भी निरंतर ध्वनि गुंजरित होती रहती है और ध्वनि के कम्पन्न से ही ऊर्जा का प्रस्फुटन होता रहता है , वैज्ञानिकों का भी ये कहना है की सूर्य में कई जगह पर काले धब्बे दिखाई देते हैं पर ये धब्बे और इनकी आकृति कोई निश्चित नहीं है. इसका प्रमुख कारण है ध्वनि का सभी क्षेत्रों में एक सामान कंपन का न होना, जैसे जैसे ध्वनि की तीव्रता मंद या तीव्र होती है वैसे वैसे ऊर्जा का उत्पादन भी मंद या तीव्र होते जाता है. और जहाँ जहाँ ऊर्जा का प्रस्फुटन मंद होता है वहाँ की दृश्यता अपेक्षाकृत हलकी दिखाई देती है जो की दूर से देखनेपर धब्बों का ही आभास देती है.

पर ये ध्वनि तरंगे हैं किस प्रकार की ????

वास्तव में ॐका नाद ही सम्पूर्ण ब्रम्हांड में व्याप्त है और उसी में सभी वर्ण मातृकाएँ समाहित हैं,वेदों में कहा भी गया है की

जब कुछ नहीं था तब ॐही था और जब कुछ नहीं होगा तब भी ॐही होगा.

तो क्या सूर्य में जो ॐका गुंजरन है उसे सुना जा सकता है और उस गुंजरन के फलस्वरूप जो प्राण दायिनी ऊर्जा मुक्त होती है उसे महसूस किया जा सकता की और देखा भी जा सकता है??

बिलकुल और इसके लिए हमें बहिर्गत सूर्य की यात्रा करने की कोई आवशयकता कदापि नहीं है, विज्ञानं को बाहर की यात्रा करने दो, यदि हमें प्रकृति के रहस्य को समझना है तो हमारी यात्रा अंतर की होनी चाहिए, बाहर की नहीं. वैसे भी शास्त्रों में कहा गया है की ...'यत् पिंडे तत् ब्रम्हांडे'

अर्थात जो भीतर है वही हमें बाहर दृष्टि गोचर होता है. अनहद नाद की यात्रा वैसे तो मूलाधार चक्र से ही प्रारंभ हो जाती है और उसकी मूल ध्वनि को अनाहत पर पूरी तरह सुना जा सकता है पर यहाँ पर बात उस ऊर्जा को देखने और महसूस करने की हो रही है तो, इसके लिए हमें अग्नि तत्व या अग्नि चक्र मणिपुर की सहायता लेनी पड़ेगी .

हमारे शरीर में यही ऐसा चक्र है जो सम्पूर्ण आंतरिक ऊष्मा और अग्नि का केंद्र है.एक सामान्य व्यक्ति भी यदि इस ऊर्जा की मात्रा को घटाना बढ़ाना चाहे तो वो भी यदि वीरासन में बैठकर मात्र १० मिनट तक **'रं'** बीजमंत्र का उच्चारण करे तो उसके शरीर का तापमान स्वयं ही बढ़ जाता है. पर यदि उस ऊर्जा को उत्पन्न होते देखना हो तो इसी चक्र का एक गोपनीय साधना क्रम है जिसे साधक को सम्पादित करना पड़ता है. और यदि साधक इस क्रम को अपने नित्य की क्रिया में करता रहता है तो वो कई गोपनीय रहस्यों को भली भांति हृदयंगम कर लेता है. इस क्रिया के फलस्वरूप वो उस ऊष्मा को शीतल रूप में भी रख सकता है और आवश्यकता पड़ने पर तीव्र भी कर लेता है ,जिससे साधक निर्जरा देह को प्राप्त कर लेता है. वस्तुतः ये पञ्च तत्वों में से एक अग्नि तत्व की ही साधना पद्धति है. और यदि इस तत्व पर साधक नियंत्रण कर ले तो इस ऊर्जा और अग्नि ऊष्मा के सहयोग से वो अमृत रुपी जीवन द्रव्य को संचयित कर सकता है .

ये कोई कपोल कल्पना नहीं है ,बल्कि लगभग हम सभी लोगो ने ये पढ़ा या सुना होगा की लंका नरेश रावण की नाभि में अमृत कुण्ड विद्यमान था जिसके कारण उनकी मृत्यु सहज नहीं थी.

सुना है न......

पर क्या वो अमृत कुण्ड जन्म से ही उनकी नाभि में था????

नहीं,वो जन्म से उनकी नाभि में नहीं था .....बल्कि उन्होंने साधना बल से उस कुण्ड को अपनी नाभि में स्थापित किया था. और ये रहस्य उन्हें 'रससिद्धिदा यक्षिणी' की साधना से प्राप्त हुआ था.इसी यक्षिणी ने उन्हें ऊर्जा विखंडन और अमृत संलयन के इस गोपनीय ब्रम्हाण्डीय विधान को बताया था.और ये मैं इस लिए नहीं कह रहा की ऐसा मैंने सुना है . ऐसा बिलकुल नहीं है ,बल्कि मैंने इस घटना क्रम को अपनी आँखों से देखा है .....मेरे प्रश्न के उत्तर स्वरुप मुझे अपने साधना बल से बंगाली माँ ने ये दृश्य पचमढ़ी के **'तत्वदिप्त आश्रम'** में दिखाया था, जो की शैव-शाक्त साधको का भव्य प्रशिक्षण स्थल है .खैर..... यहाँ पर हम बात उस गोपनीय क्रिया की कर रहे थे ...तो मैं बता दूँ की यक्षिणी वर्ग अपने आपमें शक्ति विशेष का प्रतिनिधित्व करती हैं. जैसे वट यक्षिणी जहाँ पर रस विज्ञानं के गुप्त सूत्रों से परिचित कराती है, मधु मेखला आकर्षण शक्ति से युक्त करती है, अच्युता मन्त्रों में सफलता देती है वैसे ही रस सिद्धिदा पारद और सूर्य तंत्र के अनबुझे रहस्यों को आपके सामने खोल देती है. सामान्य बुद्धि और बाह्य मन से इन रहस्यों की परतें तो कदापि नहीं खोली जा सकती हैं, परन्तु जब आपका मन से अतिमानवीयता युक्त शक्तियों का प्राण बल मिल जाता है तो उसके सहयोग से ये सब संभव हो ही जाता है. विगत पृष्ठों में कुछ अतिमहत्वपूर्ण साधना के उन पक्षों को हमने देने का प्रयास किया है जो सदगुरुदेव की असीम कृपा से

ही हम सभी के समक्ष उजागर हुआ है, और इन सूत्रों को शास्त्रों में भी नहीं दिया गया है , कंठ से कंठ तक की यात्रा से ही ये सूत्र गुरु से शिष्यों तक पहुचे हैं. अतः उन सूत्रों का यदि हम यक्षिणी साधना में प्रयोग करते हैं तो सफलता का प्रतिशत कही ज्यादा हो जाता है. उन्ही सूत्रों का प्रयोग साधक को प्रत्येक यक्षिणी साधना में करना चाहिए

SOOT RAHASYAM-BRAHMAANDIYAE OORJA PRADURBHAV KA RAHASYA

Sun is the main source of universal energy in which atoms, related to life, are presented in united form. With common eye it is not possible to see them. It is only due to these atoms our body gets life force energy in perfect manner. But this life force energy is not only for humans as said before that sun is a store house of energy for whole universe so in this wholeness everyone includes though from a particular sect (Werg) or biological order (Yoni). This principle is also proved by scientific researches as well.

Sound (Dhvani) is the main source of energy of universe but in which form this energy will change, velocity (Teevrta) and density (Veag) of this change is depend upon that special sound. Even in the center of sun all the time sound get produced and echoed (Kmpann) which give birth to this energy. According to the scientists in the sun at some places there are black spots which are visible but there counting and shape is not fixed. Its main reason is that echo (kmpann) produced by sounds is not equal at every place. As sound (Dhvani) speeds gets slower and faster production of energy also gets slower and faster. So where production of energy gets slow at that places visibility (dekh skne ki shmtaa) becomes lighter so from distance it looks like black spots.

But what types of these sound vibrations (Dhvani trangein) are????

Actually in this whole universe only one sound is presented i.e. “OM” which contain all alphabets (Vern) and vocabulary (Maatraayein). Even in Vedas it is said that when nothing was presented and when nothing will be presented only OM was existing and will be existed.

Now the question is whether the sound of OM which is echoed in sun can be heard or listened and due to this boom (Kmpann) the life force energy get produced can be seen and felt??

Ofcource and for this there is no need to visit the sun, let the science do this because if we want

SWARNA RAHASYAM PART- 4

स्वर्ण रहस्यम-4

निश्चित यक्षिणी सायुज्य गुटिका निर्माण

पारद प्राणशक्ति को तीव्रता के साथ आकर्षित कर लेता है ,और इसकी चंचल प्रकृति को जब मंत्रो,वनस्पतियों और रत्नों तथा धातुओं के योग से बद्ध किया जाता है तब ये बद्ध स्वरुप में आपके किसी भी अभीष्ट को पूर्ण करने की क्षमता रखता है. यक्षिणी साधना के लिए निश्चित यक्षिणी सायुज्य गुटिका एक अनिवार्य सामग्री है .ये गुटिका जिस किसी के भी पास होती है,यक्ष लोक से उसका संपर्क सरल हो जाता है.यदि साधक इसको सामने रख कर साधना करता है तो निश्चय ही उसे सफलता प्राप्त होती ही है.अभी तक इस गुटिका की निर्माण विधि को अत्यंत ही गुप्त रखा गया था परन्तु सदगुरुदेव ने अपने शिष्यों को हमेशा ही ज्ञान रुपी मशाल हाथ में थमाई है,अज्ञान के,भ्रम के अन्धकार को दूर करने के लिए. आज इन पन्नों पर मैं आपको वही कलेजे का टुकड़ा निकाल कर दे रहा हूँ ताकि मेरे गुरु भाई बहन उस सफलता को प्राप्त कर सके जो की उनका साधना के क्षेत्र में स्वप्न रही है.

१५ ग्राम अष्ट संस्कारित पारद लेकर उसमे १ रत्ती हीरक भस्म,२ ग्राम स्वर्ण का चूर्ण,३ ग्राम रजत चूर्ण दाल कर शिवलिंगी और पान के रस से खरल करे ,ये खरल की क्रिया अपने आसन पर बैठ कर की जानी चाहिए,खरल करने के साथ साथ रसायन सिद्धि मंत्र का भी जप किया जाना है.

ॐनमो नमो हरिहराय रसायन सिद्धिं कुरु कुरु स्वाहा

ऐसा ८ घंटे तक करने के बाद उस खरल पात्र में सेंधा नमक और गरम पानी डालकर खरल करे जिससे पानी काला होता जायेगा.तब उस पानी को बहार फेक दे ,ध्यान रखना कही पारद बाहर न गिर जाये और ये नमक मिश्रित पानी डालकर तब

तक खरल करे जब तक पानी काला आता रहे जब,पानी साफ़ आने लग जाये तब उस पारद को, जो की पिष्टी रूप में हो गया होगा को निकाल कर सूती कपडे से छान ले,कपडे में ठोस पारद बचा होगा जिसे निकाल कर गोली बना ले और ३ दिन के लिए शिवलिंगी के रस में रख दे ,जिससे वो कठोर हो जाये. तत्पश्चात इस गुटिका को शुक्रवार के दिन प्रातःकाल में श्वेत वस्त्र पर स्थापित कर ले और स्वयं भी श्वेत वस्त्र धारण कर पहले गुरु पूजन ,गणपति पूजन और दीपक पूजन करे, तथा गुरु मंत्र की २१ माला जप करे ,उस गुटिका के सामने घृत का दीपक स्थापित होना चाहिए.

सबसे पहले गुटिका का पंचोपचार से पूजन करे तत्पश्चात यक्षिणी का आवाहन निम्न मंत्र और मुद्रा से उस गुटिका में करे,याद रखिये की जिस यक्षिणी का आप आवाहन कर रहे हो अमुक की जगह उसी का नाम लेना है –

ॐआं क्रौं ह्रीं नमः अस्तु भगवति अमुकं यक्षिणी एहि एहि संवोषट

इसके बाद यक्षिणी को उस गुटिका में आसन प्रदान करे,ये क्रिया अनामिका के द्वारा गुटिका को स्पर्श करते हुए करे ,इस मंत्र का ११ बार उच्चारण करना है.

ॐआं क्रौं ह्रीं नमः अस्तु भगवति अमुकं यक्षिणी तिष्ट ठः ठः

इसके बाद निम्न मंत्र का २१ बार उच्चारण करते हुए अक्षत को उस गुटिका पर डाले.

ॐआं क्रौं ह्रीं नमः अस्तु भगवति अमुकं यक्षिणी मम सन्निहिता भव भव वषट्

फिर निम्न मंत्र का उचाचरण करते हुए पंचोपचार से उस गुटिका का पूजन करे.

ॐआं क्रौं ह्रीं नमः अस्तु भगवति अमुकं यक्षिणी जल अक्षत पुष्पादिकान् गृण्ह गृण्ह नमः

इसके बाद निम्न मन्त्र की २१ माला मंत्र जप यक्षिणी माला से करें, ये सम्पूर्ण क्रिया ३ दिनों तक करनी है.

ॐह्रीं श्रीं क्लीं ब्लूम् ऐं श्रीं पद्मावती देव्यै अत्र अवतर अवतर तिष्ठ तिष्ठ सर्व जीवानां रक्ष रक्ष हूं फट् स्वाहा

इसके बाद विसर्जनी मुद्रा से निम्न मंत्र का उच्चारण करते हुए यक्षिणी का विसर्जन करे.

ॐआं क्रौं ह्रीं नमः अस्तु भगवति अमुकं यक्षिणी स्वस्थानं गच्छ गच्छ जःजः

इस क्रम को पूर्ण करने पर एक तेजस्विता सी उस गुटिका में दृष्टिगोचर होती है और वो थोड़ी गर्म भी लगती है.इसका अर्थ ये है की अब उसमे यक्षिणी की प्राणश्चेतना का सयुज्यी करण हो गया है. इस गुटिका पर इसी पद्धति से किसी भी यक्षिणी की साधना की जा सकती है और यदि मात्र ये घर में भी रहे और नित्य इसके सामने पूजन हो तब भी ये आर्थिक अनुकूलता देती है और भविष्य की दुर्घटनाओं से बचाती है.

रजत कल्प –दो टोला श्वेत सोमल लेकर उस पर त्रिवर्नात्मक मंत्र(ॐ हुं ह्रीं) का जप १००८ बार करे और ठीक इसी प्रकार काली गाय के दूध पर भी इतनी बार ही मंत्र का जप करे,बाद में दौला यन्त्र से इस सोमल को उस दूध में पचित करे.जब दूध समाप्त हो जाये तो,सोमल को निक्कल कर गंगा जल से धकर उसके सामने ११००० बार मंत्र जप करें. फिर १० ग्राम ताम्बे को अग्नि में गला कर उसमे इस सोमल की २ रत्ती मात्र को मोम में लपेट कर दाल दे और चर्ख दे.सारा तम्बा चांदी में

Ayurved

आयुर्वेद और सौंदर्य समस्याओं का समाधान

Treatment of baldness- boil 250 gm of mustard oil in a tinned basin and continue putting in, by and by, a little quantity of henna leaves. When 90 gm of the afore- said leaves are thus burnt in the oil the same should be filtered through a cloth and stored well in bottle. Regular massage of the head with this oil for few months produces abundant hair on the bald head.

Herbs that prevents conjunctivitis- take any number of Gorakhmundi flowers and swallow them without the help of water and without chewing them. Thus taking one flower the user from troublesome conjunctivitis for one year, two for two yearand so on; that is my personal experience.

Herb for curing piles in a day – put 8 kg of fruit of Indrayan in the cauldron and ask the patient to stand on it and tread till be feels bitterness in his mouth . then ask the patient to lie down. After half an hour the patient will have a bad smelling motion and will get rid of this nasty disease for all time of come.

Herb of tighten the Breasts of women- The following recipe is quite simple and can be tried practically. Warm the leaves of the Dhatura plant moderately and tie them tightly on the breast. If this practice is continued for a few days the flagged breast become hard and protuberant and the woman looks as young without much trouble and expense.

Totaka Vigyan

अचूक टोटके-जिनका प्रभाव होता ही है

Take a lemon, and apply sindoor on it. After that chanting the following mantra one should poke small metal pins into the lemon. Total 108 pins should be poked. Do not remove any pin after pocking. The process should be done on Tuesday evening.

Mantra: Hum hanumante rudratmkaay hum phat

After the process is completed place it in your worship place, whenever there is any suspicion of tantra badha, the mantra should be chanted 7 times while the lemon should be roamed around the head of the suspicious person and then one should drop it in the river. This way tantra badha is removed.

****

At the Friday night one should fill a small clay vessel with curd and prepare a lamp of the wheat flour. With these material one should go to smashana and there one should place that vessel after that light a lamp of oil which is prepared and turn back and say : lakshmi aave, daridrata ruke " and one should directly go to home. One should not turn back and see while returning home. This way prosperity is gained.

Before travelling if one fears of anything unknown then one should take some salt and mix it with water. After that the solution should be dropped on some stone with request to save from the unknown danger. This helps in vanishing all the unknown troubles

****

If one is not getting a desired level in the work place, do take a root of dhatoora and place it in worship place, then chant the following mantra 108 time after 10 pm on sunday night.

Klim ichhapuray namah

Do this for a week, appropriate result could be gain through divine grace of mahakali. After ritual the root should be dropped into river.

****

If some one has feelings of being trape and of unknown enemies, one should wear black cloths on the Ashtami of any month and prepare aasan of smashan bhasm, pray goddess kal ratri for protection and chant the following mantra 11 rounds with black hakeek rosary. direction should be north and the ritual is done on friday night.

Mantra : Aum namo kal ratri

The rosary, till the time remains around the neck, will protect you from all the dangers.

साबर तंत्र महाविशेषांक

Fifth Issue

July - 2011

Tantra kaumudi

Name of the Articles

You can Contact Us at nikhilalchemy2@yahoo.com.

SADGURUDEV - PRASANG

हाँ मैं तांत्रिक हूँ !

महर्षि व्यास के परम विद्वान पुत्र शुकदेव एक अवसर पर अपने पिता से कुछ आगे चलते हुए कहीं गोष्ठी में जा रहे थे और महर्षि व्यास अपनी आयु अधिक होने के कारण मन्द गति से गतिशील थे। आगे कुछ रूपवती अप्सराओं का एक दल सरोवर में जल क्रीड़ा करता हुआ किलोलें कर रहा था। शुकदेव उनके समीप से होकर निकल गए, किन्तु अप्सराओं के ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। थोड़ी ही देर बाद जब महर्षि व्यास उस झुंड के समीप आए तो समस्त अप्सराओं में खलबली मच गयी और वे एक दूसरे को धक्का देती हुई वस्त्र पहिनने की हड़बड़ी में पड़ गयीं। यह देखकर महर्षि व्यास का क्रोध युक्त होना स्वाभाविक ही था, उन्होंने अप्सराओं को धिक्कारते हुए कहा कि जब मेरा युवा पुत्र तुम्हारे समीप से निकला तब तो तुम्हें कोई लज्जा नहीं आई और जब मैं वयोवृद्ध पुरूष तुम्हारे समीप से निकल रहा हूं तो तुम्हें इस प्रकार लज्जा व भय अनुभव हो रहा है। अन्य अप्सराएं तो चुप रहीं, किन्तु उनमें से एक अनुभवी व किंचित प्रौढ़ अप्सरा ने सहज उत्तर दिया - "महर्षि यही तो खेद है कि आप 'पुरूष' हैं। आपके पुत्र जब हमारे समीप से निकले तो वे आत्मवत् स्थिति में रहते हुए स्वयं में लीन थे, उन्हें भान ही नहीं कि हम कौन हैं और

क्या कर रही हैं इसी से हमें कोई लज्जा भी अनुभव नहीं हुई, किन्तु आपने कुछ दूर से देखा कि शायद स्त्रियां हैं, पास आकर पुनः आंखें मींचीं, किक्या ये निर्वस्त्र होकर स्नान कर रही हैं ! और आपकी आंखों के भाव से ही हमें लज्जा का अनुभव हुआ।''

यही कथा आज तंत्र के विषय में भी कही जा सकती है। जो आत्म-चक्षु से इसे देख रहा है उसके लिए कोई हड़बड़ाहट या विकृति नहीं, किन्तु शेष सभी की आंखों में एक चमक उतर आती है कि - क्या? क्या तंत्र? अर्थात् पंचमकार! अर्थात् मांस-मदिरा और मैथुन? यह तो घोर पाप है ! सीमित दृष्टि केवल पाप-पुण्य का विवेचन कर, अपने अन्दर की विकृतियों को थोड़ा गुदगुदा कर, एक खास नजरों से चटखारे लेकर तृप्त हो जाती है। पुनः पुनःवही लिखना पड़ता है कि नहीं, 'तंत्र का यह स्वरूप नहीं।' तंत्र का वास्तविक स्वचरूप तो कुछ और है, मांस का अर्थ कुछ और है, मदिरा का अर्थ कुछ और है तथा मैथुन का अर्थ शिव-शक्ति का मिलन है। अब समय आ गया है कि इस तथ्य का खुलासा कर ही दिया जाए और स्पष्ट कर दिया जाए कि वास्तव में तंत्र क्या है, तांत्रिक कौन है, 'पंचमकार क्या है, और उनका वास्तविक प्रयोग क्या है। जिस प्रकार से स्पष्ट शब्दों में मैंनें कहा कि हां! मैं तांत्रिक हूँ, उसी प्रकार दो टूक स्पष्ट शब्दों में कहता हूँ कि वास्तव में जो पंचमकार हैं वे वास्तविक हैं, उनका कोई दूसरा अर्थ है ही नहीं, वे उसी अर्थ में प्रयुक्त होते हैं जिस रूप में उनकी संज्ञा है। अश्लील या श्लील होना व्यक्ति-विशेष की दृष्टि होगी। तांत्रिक और तंत्र के वेत्ता की दृष्टि में वे केवल स्थितियां मात्र हैं, न श्लील न अश्लील, ठीक महर्षि शुकदेव की भांति।

मैंने प्रारम्भ में ही कहा कि मेरा यही परिचय है कि मैं तांत्रिक हूँ, जो पूर्ण भी है और अपूर्ण भी, क्योंकि यथार्थ रूप से एक विद्वान की दृष्टि में इससे अधिक परिचय की आवश्यकता ही नहीं, अतः यही पूर्ण परिचय है, किन्तु समाज की दृष्टि में यह अपूर्ण है, क्योंकि उसकी परिभाषाएं सीमित हैं, दृष्टि एकांगी है और सही कहा जाए तो लोलुप है। मैं इसी से समाज से कहना चाहूंगा कि मैं सौन्दर्यवान हूं, मैं रूपवान हूं, मैं करूणामय हूं, मैं आस्थावान हूं, मैं सृजन की क्षमता से युक्त हूं, मैं शिवमय हूं, मैं शक्तिमय हूं और यह सूची यहीं पर समाप्त नहीं होती, जिससे एक ही शब्द में पुनः कहना पड़ता है कि, मैं तांत्रिक हूं !
तंत्र जीवन का सौन्दर्य है, तंत्र एक दर्प है, तंत्र कोई भोग की लिजलिजाहट या भोग, मैथुन में डूबा विषय नहीं। यह तो सक्षम पुरूषों के जीवन की विषयवस्तु है और सक्षम पुरूष शब्द उच्चारित करते ही जो बिम्ब बनता है, जबकि सक्षम पुरूष तो वह है जो हृदय से नारी हो, सृजन की क्षमता से युक्त हो, पालन करने के आग्रह को अपने में समेटे हो, ममतामय हो, करूणामय हो, आस्थावान और तेज युक्त हो। अर्द्धनारीश्वर हो, भगवान शिव की करूणा और जगदम्बा की पालन-क्षमता समेटे हो, जिसकी एक आंख में क्रोध झलक रहा हो तो वहीं दूसरी आंख में प्रेम तैर रहा हो। विनष्ट कर देने की क्षमता रखता हो तो पुनः निर्मित कर देने का साहस भी समेटे हो। ऐसे ही व्यक्ति से जीवन की पूर्णता निर्मित होती है। ऐसे ही व्यक्ति के अंदर गुरुत्व समाहित हो सकता है। ऐसा ही व्यक्ति सकारात्मक रूप से कुछ प्राप्त कर सकता है।

सही अर्थों में देखें तो हम और आप प्रत्येक तांत्रिक ही तो हैं, अन्तर केवल तंत्र का है, प्रयुक्त किए जाने यंत्र का है। एक मिस्त्री अपने हाथ में छन्नी लेता है और मकान गढ़ देता है। एक लुहार अपने हाथ में हथौड़ी लेकर कोई ढांचा खड़ा कर देता है। कलाकार अपने हाथ मंे कूची लेकर चित्र बना देता है और लेखक कलम लेकर काव्य रच देता है। आसपास चारों ओर प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रचना में तल्लीन है ही। प्रत्येक ने एक "मद्य" का पान कर रखा है और अपने कार्य को पूर्णता देने में खुमारी में डूबा हुआ है। प्रत्येक ने एक 'मुद्रा' धारण कर रखी है। प्रत्येकने अपने मांस अर्थात् 'मत्स्य' की भांति गहरे जाकर तल्लीन है और एक सुखद रचना के आनन्द में मग्न है, जो कि सांसारिक भाषा में मैथुन के अतिरिक्त और क्या कहा जा सकता है? प्रत्येक पुरूष में एक स्त्री छिपी है और प्रत्येक स्त्री में एक पुरूष और वह आत्म रूप से उससे मिलने के प्रयास में संलग्न है ही। यही तंत्र भी कहता है, इतना ही तो तंत्र समझाने का आग्रेह करता है, किन्तु उसे पूर्वाग्रहों से भी अधिक दुराग्रह में बद्ध कर दिया गया है। यह केवल दमित वासनाएं और कुछ का कुछ खोजने की दबी-छिपी प्रवृत्ति का अंग नहीं तो और क्या कहा जा सकता है?

तंत्र ऊर्जा का एक विस्फोट है, सृजन विशेष का क्षण है और इस विस्फोट की चरम परिणति को स्त्री-पुरूष मिलन के क्षणों में परिभाषित करने के अतिरिक्त भला किन अर्थों में किया जा सकता है? यथार्थ तांत्रिक को तो एक स्त्री देह की आवश्यकता होती ही नहीं, क्योंकि वह स्वयं ही रजमय बनता हुआ उस स्थिति को प्राप्त कर लेता है और स्त्री भी स्वयं वीर्यमय बनती हुई तंत्र की ज्ञाता बन सकती है, किन्तु सामान्यक जन के लिए इसे इस रूप में परिभाषित करने का परिणाम यह हुआ कि मैथुन ही तंत्र का सर्वाधिक चर्चित व ख्याति प्राप्त तत्व हो गया। मैथुन को आधार बना कर प्राचीन काल में ही विकृतियां नहीं पनपीं वरन् आज एक तन्त्र के नाम पर जो कुछ भीकहा या रचा जा रहा है, वह भी अधकचरा व अपूर्ण है। मनुष्य की जो मूल प्रवृत्ति होती है, और इसी से छद्म बुद्धिजीवियों, छद्म कलाकारों ने अपनी रचनाओं में तन्त्र का अर्थ मैथुन ही प्रगट किया।

तंत्र मनुष्य की इसी प्रवृत्ति को जो उसकी मूल प्रवृत्ति है, उसको स्पष्ट रूप से कहता है, उसका निदान बताता है। तंत्र इतना हल्का विषय नहीं है, तंत्र इतना सीमित विषय भी नहीं है, तंत्र इतना सहज और आम चर्चा का विष तो है ही नहीं, किन्तु आज की परिस्थितियों के सन्दर्भ में यह आवश्यक हो गया कि तंत्र का पुर्नआंकलन तो कर ही लिया जाय, साथ ही तंत्र की भावभूमि को भी स्पष्ट किया जाए जिससे तंत्र के प्रति एक स्वस्थ दृष्टिकोण का निर्माण हो, नूतन चेतना का आविर्भाव हो, नए वातावरण का सृजन किया जा सके।

आन्दोलनों, प्रचारों और राजनीति के सहारे तो बहुत प्रयास किए जा चुके हैं अब क्यों न तंत्र के माध्यम से एक सम्पूर्ण समाज के गठन की बात सोची जाए? क्यों न इस माध्यम से एक-एक जीवन को सम्पूर्ण व परिपूर्ण बनाने

का प्रयास किया जाए? क्योंकि तंत्र ही एक ऐसा मार्ग है जो जीवन में कुछ भी त्याज्य या अश्लील घोषित नहीं करता, जो भोग के प्रति त्याग की धारणा को बल नहीं देता, जो एक शिष्ट खुलेपन का समर्थक है और रूग्ण मानसिकता के स्थान पर स्वस्थ व परितृप्त मानसिकता के सृजन का हामी है, क्योंकि त्याग की प्रवृत्ति कष्ट से अर्जित की गई प्रवृत्ति होती है, और मानव की मूल प्रवृत्ति भोग के विरूद्ध होती है । तंत्र भोग का पर्याय नहीं है, किन्तु मनुष्य को स्वस्थ रूप से भोग मार्ग में प्रवृत्त कर शनैः शनैः उस ओर प्रवृत्त कर देता है जहां उसे स्वतः ही भोगों से अरूचि हो जाती है ।

अपने गुरु के निर्देशन में पंचमकारों का सेवन करने से व्यक्ति शीघ्र ही समझ जाता है कि यह सुख उस परम सुख की तुलना में अत्यन्त तुच्छ और अस्थायी है । तंत्र की इस उदारता का अर्थ यदि मनमाना लगा लिया गया, तो इसमें तंत्र का दोष कहां से उत्पन्न होता है? इतना तो एक साधारण बुद्धि रखने वाला व्यक्ति भी समझता है ।

इसी से मैं स्पष्ट कहता हूं कि हां ! तंत्र में पंचमकार उसी रूप में है, किन्तु भोगियों के लिए ही नहीं, वरन् योगियों के लिए ही, क्योंकि उनकी भाव-भूमि सर्वथा भिन्न होती है और जो व्यक्ति उस स्थिति पर अवरूढ़ नहीं हो सकते, उनके लिए भी ऐसा नहीं कि तंत्र का मार्ग बंद हो, उन्हें कुछ अलग ढंग से उसमें प्रवृत्त होना पड़ता है, दक्षिणमार्गीय तंत्र का आश्रय लेना पड़ता है ।

यदि अंतिम लक्ष्य हमारी आंखों के सामने स्पष्ट हो, तभी स्पष्ट हो सकेगा कि तंत्र के समक्ष तो कोई भी ज्ञान या चेतना टिकती ही नहीं, क्योंकि तंत्र सृजन कर देने का विज्ञान है । कोरे उपदेशों व भटकावदार सुनहरे मार्गों की अपेक्षा दो टूक स्पष्ट सीधा रास्ता है, यह बात और है कि यह रास्ता थोड़ा पथरीला है, इसमंे ठोकरें लगने का कदम-कदम पर डर है, लेकिन यह मार्ग किसी मृग-मरीचिका पर जाकर नहीं समाप्त होता, इस मार्ग के उस ओर तृप्ति का मीठा सागर है, शक्तिमयता का अनोखा अमृत है और प्रकृति से पूर्णतः तादात्म्य स्थापित कर लेने की अनोखी क्रिया है ।

जिसने प्रकृति से ही तादात्म्य कर लिया वह तो मां भगवती जगदम्बा का ही एक अंश हो गया, फिर वह ओछा और घटिया कहां से रह सकता है? और इसी से यथार्थ तांत्रिक के करुणा का अपार सागर लहराता रहता है । जिस प्रकार एक स्त्री सृजन की शक्ति से युक्त होते हुए भी अपने पुत्र के प्रति वात्सल्यमय रहती है, ठीक वहीं दृष्टि, वही चेतना एक तांत्रिक की होती है, जो स्थितियों का सृजन कर सकता है, वह स्वतः परम कारुणिक हो ही जाता है । यही तंत्र का आन्नद है, यही तंत्र की उच्चता है और इसी भाव-भूमि पर खड़ा होकर मैं अत्यन्त गर्व से कह रहा हूं कि- हां ! मैं तांत्रिक हूं ।

****

SHREE GANESH PRAYOG

कार्य बाधा निवारण श्री गणपति प्रयोग

बाधा निवारण के लिए

जीवन में किसी भी शुभ कार्य करना हैं तो हम सभी कहते हैं ही कि श्री गणेश किया जाये, पर इतने कहने मात्र से तो बढ़ाये दूर नहीं हो जाएँगी , व्यक्ति को दिन प्रति दिन के जीवन में छोटी छोटी कई समस्याओ का सामना करना ही पड़ता हैं तो इनसे बचने के लिए एक अत्यंत ही लघु प्रयोग आपके सामने हैं.

मंत्र : ॐ गं ॐ

इसमें आपके पास कोई भी गणपति प्रतिमा या गणपति यन्त्र होना चाहिए किसी भी काम हेतु फिर चाहे वह छोटा या बड़ा हो , यदि आप उपरोक्त मंत्र का २१ बार मात्र उच्चारण कर ले , फिर घर से निकले , या वह कार्य करने के लिए , आप अपने कार्य क्षेत्र से निकले , आपके जिन कार्यों में इतनी बढ़ाएं आती थी वह कम होने लगेगी ओर आप सफलता के ओर ज्यादा नजदीक होंगे . यह एक तथ्य जरुर ध्यान में रखे जब भी घर से बाहर जा रहे हो तब आप अपना दांयाँ पैर सबसे पहले घर से बाहर निकले. यह

लघु प्रयोग आपके जीवन में सफलता के नए द्वार खोल देगा ..

****

If we want to start any subh means positive work in our life we used to say that " shree ganesh kiya jaye" but to havemore chances of success one must follow the small prayog.

Mantra : om gam om .

Only ritual for this sadhana that when ever you have to go for any business meeting just 21 times narrates the above mentioned mantra, and you will amazed to see that what you have done. But one things is very important that take 1s step from right leg when you come cout of your home. And for this pryog you have to have a Bhagvaan ganpati statue or siddh ganpati yantra ,

Sutra's for Sabar Sadhana

साबर साधना में सफलता प्राप्ति के दुर्लभ सूत्र

साबर साधनाओ में सफलता पाने के अचूक उपाय

पंचमी माई ,जैसा नाम वैसे ही जीवन के पञ्च गुणों यथा ,प्रेम,ममता,करुणा,ज्ञान और समर्पण के भावो से भरी हुयी. उत्तराखंड से उनका बहुत लगाव रहा है.यहाँ की पर्वत श्रृंखलाओं पर ही उन्होंने सदगुरुदेव के सानिध्य में अपने सन्यस्त जीवन में विविध सिद्धियों को हस्तगत किया है. एक बार १९९४ में वे जब सदगुरुदेव से मुलाकात करने भिलाई नवरात्री शिविर में आई थी तभी मेरा भी सदगुरुदेव की कृपा से संपर्क हुआ था ,तभी सदगुरुदेव ने मुझे ये कहा था की ये साबर साधनों में अग्रणी हैं और इन्होने मुझसे साबर साधनाओं के समस्त अज्ञात रहस्य को प्राप्त किया है और सफलता पूर्वक उसका प्रयोगात्मक परिक्षण भी किया है.

सदगुरुदेव के आशीर्वाद तले विविध साधनाओं का अभ्यास सभी साधक साधना शिविरों में किया करते थे.१९८१ से १९९८ का स्वर्णिम काल साधक समाज के मध्य हमेशा स्मरण रहेगा. १९८६ और उसके बाद भी सदगुरुदेव ने दो बार साबर साधना शिविर आयोजित किये थे.जिसमे उन्होंने इस साधना के विविध सूत्रों को साधकों के मध्य रखा और जिसका प्रयोग कर साधकों ने आशातीत सफलता भी प्राप्त की. हालाँकि मेरी दीक्षा १९८८ में हुयी थी तो मैं उन रहस्यों को १९८६ में तो प्राप्त कर ही नहीं पाया(ये स्वाभाविक भी था) परन्तु इसकी कचोट मेरे ह्रदय में हमेशा रही है. परन्तु जब मैं साधना के लिए सदगुरुदेव के पास गुरुधाम में बाद में अलग अलग २ वर्षों तक रहा तो यथा अवसर वे मेरी इस तंत्र की जिज्ञासा का

शमन अवश्य किया करते थे और उन्होंने बहुत सरे रहस्यों को अनावृत भी किया जो की साबर साधनाओं में सफलता प्राप्ति के लिए अनिवार्य ही थे और मात्र उच्च साधकों के पास ही सुरक्षित थे. उसी समय उन्होंने मुझे कहा था की "मेरी एक शिष्या है 'पंचमी माई' उसे मैंने इस साधना के दुर्लभ सूत्र प्रदान किये हैं,जब कभी तुम्हे इस विषय को समझना की अभिलाषा हो तो तुम उसके पास चले जाना". बाद में १९९४ में मेरी उनसे मुलाकात हो ही गयी,सदगुरुदेव के आदेश देने पर उन्होंने विषय को समझाना स्वीकार कर लिया.

समय समय पर मैं उनसे संपर्क करता और इस विषय को समझता भी रहा तथा बाद में इस विद्या का गोरखपुर और अन्य पीठो में अभ्यास भी किया तथा उन स्थानों के योगियों से भी बहुत से साबर मन्त्रों को प्राप्त किया ,मुख्य बात हमेशा ये रही की वे सभी सदगुरुदेव को बहुत ही आदर दिया करते थे और उनके व्यक्तित्व को अलंघनीय और अकल्पनीय मानते थे.सदगुरुदेव के महाप्रयाण के बाद १९९९ के दिसंबर में एक बार मैं १९८५ के आस पास की पत्रिका का अध्यन कर रहा था,तभी उसमे दी गयी एक साधना के ऊपर मेरा ध्यान गया,जिसका शीर्षक था'वह साबर मंत्र जो मैंने भगवन शंकर से प्राप्त किया' उसमे एक बहुत ही अद्भुत मन्त्र दिया हुआ था परन्तु साथ ही साथ ये भी लिखा हुआ था की इस मंत्र में कुछ गुप्त मुद्राओं और किसी खास पद्धति का प्रयोग होता है तभी सफलता प्राप्त होती है. अब मेरी उत्सुकता इस मंत्र को लेकर इतनी ज्यादा हो गयी थी की मैं इसकी सम्पूर्ण प्रक्रिया को येन-केन प्राप्त करना ही चाहता था. मैंने कई वरिष्ट गुरु भाइयों से भी संपर्क किया पर कोई भी संतोषजनक उत्तर कही से नहीं मिला या फिर वे अनभिज्ञ थे इस क्रिया से.

तब मेरे मन में माई से मिलने का विचार आया और थोड़े दिनों बाद जब वे पचमढ़ी आई तो उन्होंने मुझे वह बुलवा लिया. वही पर उन्होंने मेरी सभी शंकाओं का समाधान किया और उस क्रिया को सप्रमाण दिखा कर समझाया भी.

साबर साधनाओं में सफलता के विभिन्न सूत्र जो मुझे परम पूज्य सदगुरुदेव और माई से प्राप्त हुए हैं वो मैं आप सभी के लाभार्थ यहाँ पर दे रहा हूँ,और आशा करता हूँ की आप सभी को निश्चय ही इससे पूर्ण लाभ होगा और विषय को आत्मसात करने में सहयोग भी मिलेगा.

१. साबर मन्त्रों को सिद्ध करने के लिए गुरु द्वारा निर्देशित पद्धति और दिवस का आश्रय लेना चाहिए ,जहाँ पर पद्धति और दिवस का वर्णन न हो वहाँ पर कोई भी ग्रहण,होली, नवरात्री,दीवाली की रात्रि या रविवार,मंगलवार या शुक्रवार का प्रयोग किया जा सकता है .स्थान के रूप में सिद्ध पीठ , नदी या सरोवर का किनारा,पर्वत शिखर ,कोई सिद्ध मंदिर या फिर एकांत कक्ष का भी प्रयोग कही ज्यादा उचित होता है.

२.लोहबान धूप का प्रयोग साधनाकाल में किया जाना अधिक उचित है .

३.साधना स्थल पूर्ण रूपेण स्वच्छ होना चाहिए यदि गाय के गोबर से लीप कर चौका बनाया जाये तो ज्यादा उचित रहता है.

४.गुरु,मन्त्र और देवता के प्रति पूर्ण समर्पण और श्रृद्धा होना आवश्यक गुण है.

५.साबर साधनाओं में भी पवित्रता का महत्वपूर्ण योगदान होता है और ये पवित्रता शारीरिक के साथ साथ मानसिक,स्थानिक और भोजन से सम्बंधित होती है,इसमें ढील की कोई गुन्जायिश नहीं रहती है.साबर साधनाओं में वातावरण की उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता.अनुकूल वातावरण में ये मंत्र शीघ्र ही सफलता प्रदान करते हैं.

६.मानसिक,दृष्टिक,शारीरिक,स्पर्शिक ब्रह्मचर्य का प्रयोग यथा संभव साधक को साधना काल में करना ही चाहिए.क्या लाभ

यदि साधक शरीर से तो ब्रह्मचर्य का पालन करे परन्तु,विचारों और दृष्टि से वो कामुक चिंतन करता रहे .

७.एकाग्रता अनिवार्य तत्व है.एकाग्र मन से किये गए मन्त्र शीघ्र ही सफलता प्रदान करते हैं.

८.प्रत्येक वर्ष उस विशेष तिथि पर जिसपर आपने उस मन्त्र को सिद्ध किया था,पुनः मंत्र को जप कर ले ताकि मन्त्र की शक्ति सुप्त ना हो पाए.जप के बाद मन्त्र की कम से कम १०८ आहुति भी डाल दे.

९.यदि आसन निर्दिष्ट ना हो तो,कम्बल का आसन प्रयोग करे.माला मूंगे की या रुद्राक्ष की प्रयोग की जाती है. साबर सिद्धि माला या गोरख माला का प्रयोग अधिक उचित है.मंत्र जैसा दिया गया है वैसे ही जप करे ,अपने आप उसमे कोई सुधार न करें. निर्दिष्ट जप संख्या में ही जप करे उससे कम नहीं.तेल के दीपक का प्रयोग अधिक उचित होता है.

१०.साधना के मध्य में आसन का त्याग न करे.

११.यदि निर्दिष्ट ना हो तो हवन के लिए घी,गुग्गुल और सामान्य हवन सामग्री का प्रयोग करे,मुस्लिम साबर मंत्रो के लिए लोहबान की आहुतियाँ प्रयोग होती हैं.साबर मंत्र साधना में वसोधारा की जगह नीबू को मंत्र पढकर काटकर हवन अग्नि में निचोड़ा जाता है. और नीबू की बलि भी दी जाती है.

१२.गणपति पूजन ,भैरव पूजन अनिवार्य कर्म है.इसे प्रत्येक साधना के पूर्व अवश्य करे.'रं' बीज का पञ्च पात्र में रखे हुए जल पर १०८ बार उच्चारण करे और उस जल को –

वज्र क्रोधाय महादंताय दश दिशो बंध बंध हूँ फट् स्वाहा .

साबर साधनाओं में यूँ तो सफलता प्राप्त करने के कई गोपनीय उपाय साधकों के मध्य प्रचलित है परन्तु यहाँ पर हम गृहस्थ साधक किन प्रक्रियाओं का प्रयोग कर निश्चित सिद्धि पा सकते हैं उन ५ गूढ़ सिद्ध क्रम विधानों को मैं स्पष्ट कर रहा हूँ.

1. भैरव उत्थापन क्रिया

साधना के एक दिन पहले रात्रि काल में भैरव उत्थापन क्रिया का प्रयोग अवश्य कर लेना चाहिए. वैसे तो ये कई पद्धतियों से की जाती है और कई विभिन्न क्रमों से भी परन्तु निरापद क्रम के लिए एक भोजपत्र पर कुमकुम से मंत्र को लिख कर उसे मिष्ठान (खीर,हलवा) पीपल के सात पत्ते,तीन लौंग,एक इलायची के साथ एक मिटटी के कोरे पात्र में स्थापित कर दे और उस पात्र को अपने सामने एक उर्ध्वमुखी कुमकुम से बने हुए त्रिकोण में स्थापित कर ले.मुख पूर्व या उत्तर की ओर होगा. गुरु का पूर्ण पूजन करने के पश्चात (ज्यादा उचित होगा की साधना काल में तंत्रोक्त गुरु पूजन पुस्तक में दिए गए साबर गुरु पूजन का प्रयोग करे.तत्पश्चात दंड मुद्रा और क्रोध मुद्रा का प्रदर्शन कर स्वयं की **नाभि** पर ध्यान केंद्रित कर अपनी जप माला से ५ माला निम्न मंत्र की करे.

ॐ सर्वार्थ साधिनी स्वाहा

इसके बाद १ माला निम्न मन्त्र की करे-

ॐ भ्रं भ्रं भ्रं भ्रं भ्रं भ्रं भ्रं भ्रं भ्रं फट

उसी रात को समस्त सामग्री को लेजाकर पीपल के पेड़ के नीचे रख दे और भगवान भैरव से साधना में सफलता की प्रार्थना करे .दुसरे दिन किसी छोटी कन्या को माँ असावरी का रूप मानकर मिष्ठान और दक्षिणा देकर तृप्त करें और आशीर्वाद ले.इस प्रकार भैरव उत्थापन क्रिया संपन्न होती है.

****

2.साबर सुमेरु मंत्र

जिस प्रकार तांत्रोक्त मन्त्र की सिद्धि के लिए तंत्र साफल्य मंत्र का प्रयोग साधना के प्रारंभ में होता है,वैसे ही साबर सुमेरु मंत्र को सिद्ध कर प्रत्येक साबर साधना में जप के पहले इस मंत्र का जप किया जाता है इसके बाद ही साध्य मंत्र का जप उचित है.

गुरु सठ गुरु सठ गुरु हैं वीर,गुरु हैं वीर,गुरु साहब सुमरौं बड़ी भांत.सिंगी टोरो बन कहाँ,मन नाऊँ करतार.सकल गुरु की हर भजे,घटता पाकर उठ जाग,चेत सम्हार श्री परमहंस.

इस मंत्र का पहले ११ माला जप कर स्वयं के लिए सिद्ध कर लेना चाहिए,हाँ पवित्रता के साथ ही इस मन्त्र को सिद्ध करना चाहिए.साबर मन्त्रों में ये सुमेरु मन्त्र कहलाता है.और ये जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों में सफलता प्रदान करने वाला मंत्र है.

****

3. दो विशिष्ट साधना सामग्री

वैसे तो साबर साधनाओं में सफलता के लिए प्राकृतिक सामग्रियों का ही प्रयोग किया जाता है या ये कहे की प्राकृतिक सामग्रियों को ही आधार मानकर उन पर सम्बंधित मंत्र का जप कर सिद्ध कर लिया जाता है ,परन्तु वर्तमान में वो वनस्पतियां और सामग्रियां सहजता से उपलब्ध नहीं होती हैं.जैसे मीन मुक्त में स्वभाविक रूप से गुरु मत्स्येन्द्र नाथ जी का वास होता है , बांस मुक्तक या बंश लोचन में गुरु कनिफा नाथ का वास होता है,इसी प्रकार कई ऐसी वनस्पतियां और सामग्रियां होती है जिनमे इन नवनाथों और ८४ सिद्धों का वास होता है और जिन्हें प्रतीक रूप में यदि प्रयोग किया जाये तो इन अधिष्ठाता इन नाथों से सम्बंधित तंत्र की सिद्धि अधिक सहजता से हो जाती है जिसके द्वारा कुंडलिनी जागरण ,कृत्या साधन,परकाया प्रवेश, अष्टादश सिद्धियाँ,गुरु प्रत्यक्षीकरण ,अप्सरा सिद्धि आदि असंभव कार्य भी संभव किये जा सकते हैं.ये सभी भी साबर मन्त्रों से संभव है.किन्तु यहाँ मैं उन सामग्रियों का विवरण देना उचित नहीं समझता हूँ उसका सबसे बड़ा कारण है उन जीवों या वनस्पतियों का अल्पमात्रा में होना,यदि लोगो को जानकारी हो जाये की इस वनस्पति या जीव के द्वारा ये साबर तंत्र सिद्ध किया जा सकता है तो,लोग उन्हें समाप्त प्रायः ही कर देंगे.परन्तु ये सभी लाभ २ विशिष्ट साधना सामग्री के द्वारा १००% लिए जा सकते हैं.

साबर सिद्धि महा यन्त्र

साबर सिद्धि प्रदायक महा सिद्ध नव नाथ पारद गुटिका

जिन लोगो ने भी साबर सिद्धि महायंत्र के बारे में पढ़ा होगा ,उन्हें पता होगा की उसमे ये लिखा गया था की सदगुरुदेव ने अपनी असीम करुणा के वशीभूत होकर इतना महत्वपूर्ण यन्त्र हमारे सामने रखा है,जिसके द्वारा किसी भी साबर साधना में निश्चित सफलता पायी जा सकती है.और भविष्य में ना जाने वो इस यन्त्र पर कैसे कैसे प्रयोग दे दे.

इसी प्रकार साबर गुटिका नवनाथ मन्त्रों से अनुप्राणित और चैतन्य होती है तथा उसका विशेष क्रम से अभिशिन्चितिकरण भी हुआ होता है जिसके प्रभाव से वो ऐसे बहुत से लाभ आपको प्रदान करती है जो कल्पना तीत है.उस गुटिका की निर्माण विधि और उसपर किये जाने वाले ३ प्रयोग इसी अंक में दिए गए है

- साबर गुरु प्रत्यक्षीकरण साधना
- साबर कुंडलिनी जागरण साधना
- साबर यक्ष गन्धर्व सिद्धि साधना

ये सभी साधनाएं पहली बार ही किसी भी किताब या पत्रिका में आ रही हैं,मैं आभारी हूँ **पंचमी माई** का और मैं मात्र यही कह सकता हूँ की सदगुरुदेव प्रदत्त ज्ञान की श्रृंखलाए इतनी विस्तृत है की जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है.खैर इस गुटिका और यन्त्र को सामने रख कर १ माला निम्न मंत्र की अवश्य ही कर लेना चाहिए.सदगुरुदेव ने बताया था की वैसे तो ६२ क्रियाएँ करनी पड़ती है साबर साधना में सफलता के लिए.परन्तु उनका प्रयोग और ज्ञान सभी के लिए सहज नहीं है.**(इसी कारण उन क्रियाओं को यहाँ नहीं दिया जा रहा है)**इसलिए यदि साधक वो सब ना करके इन पांच क्रियाओं का ही प्रयोग यथानुसार कर ले तो उसकी सफलता निश्चित हो जाती है. वो मन्त्र है-

ॐ आदि नाथ ज्योति रूप बसों तुम जानि,सकल पदार्थ तुम् बसे ,बसी जगदम्बा साथ तोहारे,नीली ज्योति रूप तुम्हारा,कारज पूरा आतम शक्ति का ,आशीष सकल गुरु शक्ति का.

इसके बाद वो गुटिका आपके लिए साधना में प्रयुक्त की जा सकती है.इसके साथ उस अद्भुत महायंत्र की स्थापना तो साधक का महा सौभाग्य ही होता है.जिसके बाद साबर साधनाओं में सफलता के द्वार उसके लिए खुल जाते हैं.

****

4. अभिकीलन क्रिया

इस क्रिया को अभिकीलन क्रिया कहते हैं ये हाथ पूर्वक साबर शक्ति के बंधन की क्रिया है.इसमें भगवान शिव की अमृतेश्वरी शक्ति का प्रयोग किया जाता है ताकि सम्बंधित साबर साधना आपको ना सिर्फ पूर्ण सिद्ध होती है अपितु उसका फलदायक अमृत प्रभाव आपको आजन्म प्राप्त हो तथा परिवार को भी अमृत तत्व की प्राप्ति होकर पूर्ण आरोग्य और सौभाग्य की प्राप्ति होती रहे.इस क्रिया से वो सामग्री और मंत्र पूरी तरह चैतन्य और प्रभावकारी,शुभ दायक हो जाती है.

साधना वाले दिन प्रातः काल स्नान कर सभी सामग्रियों को श्वेत वस्त्र में बाँध(वैसे जिस वस्त्र के बारे में सम्बंधित साधना में

विवरण हो ,उसी रंग के वस्त्र में वो सामग्रियां बांधनी चाहिए,और बाद में उसी वस्त्र को बाजोट पर बिछाया जाता है) कर बाजोट के ऊपर उर्ध्वमुखी त्रिकोण जो की श्वेत चन्दन और कुमकुम मिलकर बनाया गया हो.के ऊपर स्थापित कर दे,सामग्रियों को बाँधने के पहले उसे भली भांति स्नान कराकर पोछ कर बंधे साथ में.उसी समय अपना संकल्प किसी कोरे कागज पर पर कुमकुम की स्याही से लिख कर बाजोट के आगे वाले दाहिने पाए के नीचे दबा दे,**(ये पर्ची तब तक दबी रहेगी जब तक की साधना पूरी न हो जाये.बाद में उस कागज को सामग्री के साथ विसर्जित कर दे.)** जब सभी सामग्री को आप बाजोट पर बाँध कर रख दे और पर्ची को भी आप बताये अनुसार स्थापित कर दे तब स्व नाभि पर ध्यान केंद्रित करते हुए १ घंटे तक निम्न मंत्र का जप करे,ये मन्त्र अद्भुत चमत्कारी मंत्र है जो आपकी साधना को आपके लिए पूर्ण प्रभावकारी बना देता है-

ॐ श्रीं ह्रीं मृत्युन्जये भगवति चैतन्यचन्द्रे हंससंजीवनि स्वाहा.

इस मंत्र को यदि विशेष तरीके से प्रयोग किया जाये और इसके साथ महामृत्युंजय मंत्र का योग किया जाये तो साधक के परिवार को भी अकालमृत्यु के भय से मुक्ति मिल जाती है.

****

5, असावरी देवी मंत्र विधान

यदि आपने पहली ४ क्रिया के बगैर कोई साबर साधना की हो परन्तु आप उस साधना को कई बार कर चुके हो तब इस साधना को करने के बाद ही दुबारा अपनी साधना को करे निश्चय ही आपको सफलता की प्राप्ति होगी,ये क्रिया तो किसी ग्रन्थ में हो सकती है पर इससे सम्बंधित मंत्र सर्वप्रथम बार सदगुरुदेव की कृपा से आप सभी के सामने आया है.

रविवार को रात में असावरी देवी की पूर्ण पूजा करके कांसे की थाली को रख से मांज ले

और प्रत्येक प्रहर के प्रारंभ में इस मंत्र को उस थाली में कुमकुम से लिख कर उसे सामने रख कर -

ॐ असावरी असावरी पूरण करो हमारी कामना,सिद्धि दीजो,रखियो लाज,असावरी मैया की दुहाई.

इस मन्त्र का २१ बार जप करे और जो मंत्र आप सिद्ध करना चाहते हैं उसे १०८ बार करे चौथे प्रहर में जप के बाद '**हे मन्त्र देवी जाग्रत हो,सिद्धि दे**'कहकर खैर की लकड़ी से उस थाली को बजाये.निश्चय ही इससे मन्त्र जाग्रत होकर सफलता देता ही है.

उपरोक्त क्रियाएँ आपको आपकी वांछित सफलता अवश्य ही प्रदान करेगी,ऐसी ही मैं सदगुरुदेव से प्रार्थना करता हूँ.ये क्रियाएँ अभी तक अज्ञात थी,मुझे आज अपने सभी गुरु भाई बहनों के साथ इस ज्ञान को बांटने में बहुत आनन्द आ रहा है.आप सभी इसका लाभ उठाये और जीवन को गौरवान्वित करे.

Sarv Vadha Vinashak Sabar Sadhana

अब सफलता तो आपको मिलके ही रहेगी

कई बार व्यक्ति की समृद्धि अचानक रुष्ट हो जाती है,सारे बने बनाये कार्य बिगड जाते है,जीवन की सारी खुशिया नाराज सी लगती हैं,जिस भी काम में हाथ डालो असफलता ही हाथ लगती है.घर का कोई सदस्य जब चाहे तब घर से भाग जाता है,या हमेशा गुमसुम सा पागलों सा व्यवहार करता हो,तब ये प्रयोग जीवन की विभिन्न समस्याओं का न सिर्फ समाधान करता है अपितु पूरी तरह उन्हें नष्ट ही कर देता और आने वाले पूरे जीवन में भी आपको सपरिवार तंत्र बाधा और स्थान दोष ,दिशा दोष से मुक्त कर अभय ही दे देता हैं.

इस मंत्र को यदि पूर्ण विधि पूर्वक गुरु पूजन संपन्न कर ११०० की संख्या में जप कर सिद्ध कर लिया जाये तो साधक को ये मंत्र उसकी तीक्ष्ण साधनाओं में भी सुरक्षा प्रदान करता है और यात्रा में चोरी आदि घटनाओं से भी बचाता है.मंत्र को सिद्ध करने के बाद जिस भी मकान या दुकान में उपरोक्त बाधाएं आ रही हो,किसी प्रेत का वास हो गया हो या अज्ञात कारणों से बाधाएँ आ रही हो,उस मकान में बाहर के दरवाजे से लेकर अंदर तक कुल जितने दरवाजे हो उतनी ही छोटी नागफनी कीलें और एक मुट्ठी काली उडद ले ले.इसके बाद मकान के बाहर आकर प्रत्येक कील पर ५ बार मंत्र पढ़ कर फूँक मारे और उडद को भी फूँक मार कर अभिमंत्रित कर ले,जितनी कीलो को आप अभिमंत्रित करेंगे उतनी बार उडद पर भी फूँक मारनी होगी.अब इस सामग्री को लेकर उस मकान में प्रवेश करे और मन ही मन मन्त्र जप करते रहे.आखिरी कमरे में प्रवेश कर ४-५ दाने उडद के बिखेर दे और और उस कमरे से बाहर आकर उस कमरे की दरवाजे की चौखट पर कील ठोक दे.यही क्रिया प्रत्येक कमरों में करे. और आखिर में बाहर निकल कर मुख्य दरवाजे को भी कीलित कर दे.इस प्रयोग से खोयी खुशियाँ वापिस आती ही है. ये मेरा स्वयं का कई बार परखा हुआ प्रयोग है.

मन्त्र-

ॐ नमो आदेश गुरुन को ईश्वर वाचा,अजरी-बजरी बाड़ा बज्जरी मैं बज्जरी बाँधा दशौ दुवार छवा,और के घालों तो पलट हनुमंत वीर उसी को मारे,पहली चौकी गणपती,दूजी चौकी हनुमंत,तीजी चौकी में भैरों,चौथी चौकी देत रक्षा करन को आवें श्री नरसिंह देव जी, शब्द साँचा,पिण्ड काँचा,चले मन्त्र ईश्वरो वाचा.

==

SARV BAADHA VINASHAK SABAR SADHNA

Some time we see that each and every happiness gets over from life, every attempt of success meets with failure, family life gets upsets, any person of family doing what he or she wants to do, leaving family without any reason then this mantra not only brings back not only happiness and prosperity but also remove the problems of Sthaan Dosh, Disha Dosh and make them permanent prosperous.

If one get sidh this mantra by moving rosary 1100 times then it protects the person from his deadly problems, secure him and his belongings during journey but to get all this done firstly one should do Guru Poojan. After getting mantra sidh in which house or shop mishappenings are occurring, some ill powers are residing there then from the main gate of that place to the every internal or external gate count them and take equal quantity of SMALL NAAGFANI NAILS(keel) and a handful of Black Odaad cereal(daal) . After that come out from the house and enchant 5 times mantra on every nail (keel) and blow mouth air (phoonk maarna) on it and cereal (daal). Each time when you will enchant mantra on nail equally you should do the same with the cereal now having these things in the hand entered into the house but internally keep on enchanting mantra japp. Finally while entering in the last room of the house spread some cereal(daal) and then come out from the room and mark the nail on the slit of door(ek keel drwaze ki chokhath per thook do). Follow the same procedure at each and every door then finally on main gate. This is my personal recognized practical.

MANTRA-

OM NAMO AADESH GURU KO ISHWAR VACHA,AJRI-BAJRI BADHAA BAJJRI BAANDHAA DASHAU DUWAR CHHAWA,AUR KE GHALON TO PALAT HANUMANT VEER USI KO

Sabar Guru Pratyksh Sadhana

अब तो आपकी इच्छा अपने प्रिय सदगुरुदेव जी को देखने की पूर्ण होगी ही ..

साधक जीवन का सर्वोपरि सुख और आनंद जो है,वो एक मात्र गुरु की सायुज्यता ही है,गुरु के चरणों में बैठना,उनसे सतत ज्ञान की प्राप्ति करना,उनके मधुर साहचर्य में जीवन के अभावो की तपती दोपहरी से बच कर बैठने की क्रिया समझना.पर क्या ये इतना सहज है,नहीं ना........................

और जब गुरु ने स्वधाम गमन कर लिया हो तब तो चित्त की अशांति इतनी भयावह हो जाती है की उस अंधियारे में कोई राह नहीं दिखती है,तब साबर साधनाओ का ये अत्यधिक गोपनीय मंत्र उस पूर्णमासी के चाँद के रूप में आपको प्रकाश तक पहुचता है.यदि पूर्ण विधान से इसे **शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी और पूर्णिमा** को संपन्न किया जाये तो साधक को उसके बिम्बात्मक गुरु के दर्शन और दिशा निर्देशन सतत मिलता ही रहता है.ये प्रयोग सिर्फ पढ़ने के लिए नहीं अपितु करकर देखने के लिए है.इससे आभास नहीं होता बल्कि उसे पूर्ण तेजस्वी बिम्ब के दर्शन होते ही हैं और यही नहीं बल्कि उसे गुरु के द्वारा भविष्य में जीवन के लिए उपयोगी निर्देश भी प्राप्त होते रहते हैं.

निर्देशित दिवस की रात्री के दूसरे प्रहर में पूर्ण स्नान कर श्वेत वस्त्र धारण कर छत पर सफ़ेद उनी आसन पर उत्तराभिमुख होकर बैठ जाये.सामने बाजोट पर गुरु का चित्र स्थापित हो उनका पूर्ण विधि विधान से पूजन करे,सुगन्धित धुप का और पुष्पों का प्रयोग किया जाये,उसी प्रकार **महासिद्ध गुटिका** को भी चित्र के समक्ष अक्षत की ढेरी पर स्थापित कर पूजन करे,घृत दीपक का प्रयोग करे.खीर का भोग चढ़ाये,और स्थिर चित्त होकर **त्रिकूट** पर ध्यान लगाकर निम्न मन्त्र का ४ घंटे तक

जप करे. जैसे जैसे आपकी तल्लीनता बढते जायेगी,आपके **आज्ञा चक्र** पर एक सुनहरी-नीली ज्योति प्रकट होने लग जायेगी और अंत में आपके गुरु का पूर्ण तेजस्वी बिम्ब वहाँ प्रत्यक्ष हो जायेगा और आपके कानो में उनकी पूर्ण आवाज भी सुनाई देने लगेगी,आप जो भी प्रश्न पूर्ण कृतज्ञता के साथ अपने ह्रदय में लायेंगे,उनका उत्तर आपको कानो में सुनाई देने लगेगा,परन्तु ये प्रश्न आपके जीवन ध्येय और साधनाओं से सम्बंधित ही होने चाहिए.और यदि आपने यही क्रम पूर्णिमा को भी एकाग्रता पूर्वक संपन्न कर लिया तो जब भी आप अपनी साधना में बैठोगे उनका पूर्ण वरदहस्त आपके शीश पर ही होगा. उच्च कोटि के साधक इसी मंत्र से **त्रिकूट** के बजाय अपने सामने गुरु को आवाहित करने में सफल होते ही हैं.

मन्त्र- **आदि ज्योति,रूप ओंकार,आनंद का है गुरु वैपार,नीली ज्योति,सुनहरा रूप,तेरो भेष न जाने कोय,अनगद भेष बदलतो रूप,तू अविनाशी जानत न कोय,शून्य में तू विराजत,तेरो चाकर ब्रह्म बिष्णु महेश.किरपा दे,कर तू उपकार,जीवन नैया कर बेडा पार.जय जय जय सतगुरु की दुहाई.**

==============================

SABAR GURU PARTYAKSH SADHNA

The most blissful moment for saadhak's life are that in which he spend time with his guru while sitting at his feet and getting the lessons that how he can protect himself from the drastic ups and down of life but this is not as easy as it sounds……..

But it becomes most dreadful fact of life and cause pain if guru has proceeded to his final destination. But if this mantra of Sabar sadhnas can be enchant on the Shukl Pksh ki Chtudrshi aur on Poornima by following all the rules and regulations then sadhak can have not only the glimpse of his guru but also get direction and guideline from him. This practical is not merely to listen but authentic and by doing this one can have direct orders and guidelines from his guru not only for present but for future as well. Sadhak that are on high level in sadhnas field successfully call their guru himself at place of Trikutt.

Aadi jyoti,roop omkaar,aanand ka hai guru vaipaar,neelee jyoti,sunhara roop,tero bhesh na jaane koy,angad bhesh badalto roop,tu avinaashi jaanat naa koy,shunya me tu viraajat,tero chaakar bramha bishnu mahesh.kirpa de,kar tu upkaar,jeevan naiya kar bedaa paar,jai jai jai satguru ki duhaai.

Kundlini chakra Jagran Sabar Sadhana

जो विधान आज तक गोपनीय ही रहा अब आपके सामने ....

यदि उपरोक्त क्रम से पूर्णिमा की प्रातः पूजन कर निम्न मंत्र का त्रिकूट पर ध्यान लगाकर ३ घंटे नित्य ब्रह्ममुहूर्त में जप किया जाये तो कुण्डलिनी में तीव्र स्पंदन होने लगता है और जन्म जन्म से सुप्त कुंडलिनी जाग्रत होने लगती है. इस क्रिया को १४ दिन तक करना पड़ता है इसमें अलग अलग चक्रों की साधना नहीं करनी पड़ती अपितु ये सम्पूर्ण क्रम स्वतः ही पूरा कर लेती है.इस क्रिया के साथ आपको मूल बंध,और त्रिबंध का अभ्यास करना चाहिए.आसन सिद्धासन होगा या पद्मासन तो तीव्र प्रभाव होता है.

मन्त्र- सात लोक को सात जगत,सात बरन को सात शरीर,सात फूल में खेले ज्योति,काहे होवत नीर अधीर. फुंकार मारत जे डोलत है ,सात फन को जे करीर.उलटत फेरा बंधे हैं जो,खेलत मुस्कावत खोले गुरु बीर.जय जय जय सतगुरु की दुहाई.

KUNDALINI CHAKRA JAAGRAN SABAR SAADHNA

If by following the above given rules on the morning hour (bhram mhurat) of Poornima one does the following mantra japp for 3 hours daily by concentrating on Trikutt then one can feel the hard and fast

Teevra Yaksh Gandhrv Vashikaran Sadhana

अब इन उच्च वर्गों से संपर्क की एक अद्भुत साधना विधान

इस ब्रम्हांड में अन्य वर्ग की शक्तियों का भी वास है,जिनसे हमारी सभ्यता प्रभावित होती रहती है,इन उच्चस्थ या निम्नस्थ वर्ग की शक्तियों को अपने अनुकूल बना कर मनोवांछित लाभ पाया जा सकता है.साबर मन्त्रों में बहुत से ऐसे मंत्र हैं जो बहुत से अलग अलग कार्यों के लिए प्रयुक्त होने हैं.निम्न मंत्र जहाँ उपरोक्त शक्तियों को पूर्ण रूप से वश में करने के काम आता है वही ये सामान्य मनुष्य के लिए भी तीव्र प्रभावकारी है. सावन मास के किसी भी ११ दिनों में या ग्रहण काल में इसे जप कर सिद्ध कर ले,सावन में १००००० की संख्या में जप करना होगा और ग्रहण में १०० माला जप करना होगा,सामने महासिद्ध गुटिका हो तो अति उत्तम नहीं तो साबर सिद्धि यन्त्र तथा सुपारी रख कर इसे जप करना चाहिए.नित्य गुरु,गणपति.दुर्गा और शिव पूजन होना चाहिए.नित्य जप के बाद २१ आहुति गूगल की देना है.साधना पूरी होने के बाद कोई भी वस्तु,कपडा या सामग्री ३२४ बार मन्त्र पढकर अभिमंत्रित करके किसी को भी देने से वो पूर्ण अनुकूल हो जाता है,और यदि कुछ न हो सके तो मंत्र पढ़ कर फूँक मर कर भी यही स्थिति प्राप्त की जा सकती है.पूर्णिमा की रात्रि को इसी मंत्र की १०८ माला जप पर्वत शिखर पर उत्तर मुख करके करने से और सुगन्धित पुष्प,लवंग,खीर इत्यादि का भोग चढाने से यक्ष व गन्धर्व जाति से आपका संपर्क होता है.और अमावस्या को शमशान में या पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर,दही बड़े,पापड और उबला उडद का भोग रख काली हकीक माला से १०८ माला जप दक्षिण या पश्चिम मुख होकर करने पर भूत सिद्धि होती है.

मन्त्र-**क्लं क्लीं ह्रीं नमः.**

==============================

Teevra Yaksh Gandharv Siddh Saabar Sadhna:-

The universe is the abode of the powers of other classes, which have influenced our civilization. By making all these powers favorable for us whether they are low or high influential its benefits can be found. Saabar Mantra consists many more other chants (Mantras) which are useful in other wanted works. Below mentioned Chants is used to accomplish all the desires and on the other hand these all are very useful and beneficial for the normal human beings also….During Saawan month in any of the 11 days or during the eclipse period (Grahan Kaal) get it enchanted and accomplished….One needs to enchant it for about 100000 in no.s and in the eclipse period one needs to enchant 100 rounds …and if during this devotion if you have “Mahasiddh Gutika”in front then it is great, else enchant the process by keeping “Saabar Siddhi Yantra” and the beetle nut in front….Along with this you have to worship daily Guru,Ganpati,Durga and Shiv Poojan also…On daily basis after the enchanting process, one needs to give 21 holocaust (Aahuti) of Google….After the whole devotional practice, take any thing, cloth or any other asset and repeat it324 times to invoke the mantra in order to make it fully accomplished…and if still it is not workable, then blow this mantra by enchanting and can get the favorable conditions…

In Full Moon Light (Poornima Night), if practicing of the Mantra 108 times is done by facing in the North Direction at Parvat Shikhar and by offering Flowers, Jamaica and the Kheer one can contact with the Yaksh and the Gandharv and performing the same mantra in the Moonless Nite (Amavas Night) in Cemeteries (Shamshaan) or below the Peepal Tree and by offering Curd,Bade,Papad and boiled Urad facing either in South or West direction by performing the mantra 108 times with the Hakeek Mala ,one can accomplish “Bhoot Siddhi”…

Mantra: - Klam Kleem Hreem Namah

Vol . 0 1 - No 05

Dev Pratykshikaran Sabar Sadhana

एक दुर्लभ साधना विधान

कई बार हम सालों तक किसी महाशक्ति की आराधना करते हैं परन्तु ना तो कोई प्राकट्य होता है और न ही कोई अनुभव तब साधक साधनों को ढोंग समझने लगता है और उसे लगता है की उसकी म्हणत बेकार गयी,यदि ऐसा हो तो निम्न साबर मंत्र का प्रयोग अवश्य ही करके देखना चाहिए.साबर मंत्र कीलित नहीं है,ये बहुत तीव्रता से अपना प्रभाव दिखाते हैं.ये प्रक्रिया महासिद्ध गुटिका पर ही संपन्न होती है.गुटिका को सामने स्थापित कर किसी भी वटवृक्ष के नीचे बैठकर पूर्ण शुद्ध चित्त होकर जो भी आपकी साधना की वेश भूषा हो,उसे धारण करके सिद्धासन में बैठकर गोरख माला से २४ माला नित्य १४ दिवस तक करे,जप के बाद दशांश हवन करे और गुड का भो दें,आपका मनोरथ पूर्ण होगा और आपको सम्बंधित देव शक्ति का प्रत्यक्षीकरण और सानिध्य प्राप्त होगा.

मन्त्र-

ॐ डंक मुखे विधु जीभे हं हं चुटके जय जय स्वाहा

=====================================

Dev Pratayakshikaran Saabar Sadhna

Vivah Vadha Nivarak Sabar Sadhana

एक बहु प्रतिक्षित साधना विधान

जन्मकुंडली में कई ऐसे योग होते हैं जिनकी वजह से किसी भी व्यक्ति फिर वो चाहे पुरुष हो या स्त्री अपने जीवन की सबसे बड़ी खुशी विवाह से वंचित रह जाते हैं.... साथ ही कई बार ये रूकावट बाहरी बाधाओं या प्रारब्ध की वजह से भी आती हैं. फिर चाहे लाख प्रयास करते जाओ उम्र मानों पंख लगाकर उड़ते जाती है पर एक तो रिश्ते आते नहीं हैं,और यदि आते भी हैं तो अस्वीकृति के अलावा और कुछ प्राप्त नहीं होता है. लोग लाख उपाय करते रहते हैं पर समस्या का समुचित निदान नहीं हो पाता है.परन्तु निम्न प्रयोग नाथ सिद्धों की अद्भुत देन है समाज,को जिसके प्रयोग से कैसी भी विपरीत स्थिति की प्रतिकूलता अनुकूलता में परिवर्तित होती ही है और विवाह के लिए श्रेष्ट संबंधों की प्राप्ति होती ही है.

किसी भी शुभ दिवस पर मिटटी का एक नया कुल्हड़ लाए. उसमे एक लाल वस्त्र,सात काली मिर्च एवं सात ही नमक की साबुत कंकड़ी रख दें.हांडी का मुख कपडे से बंद कर दें.कुल्हड़ के बाहर कुमकुम की सात बिंदियाँ लगा दे.फिर उसे सामने रख कर निम्न मंत्र की ५ माला करे.मन्त्र जप के पश्चात हांडी को चौराहे पर रखवा दे. इस प्रयोग का असर देख कर आप आश्चर्यचकित रह जायेंगे.

मन्त्र-

गौरी आवे ,शिव जो ब्यावे.अमुक को विवाह तुरंत सिद्ध करे.देर ना करे,जो देर होए ,तो शिव को त्रिशूल पड़े,गुरु गोरखनाथ की दुहाई फिरै.

Muslim Sabar Sadhana

चोरी का पता लगाने का मुस्लिम साबर प्रयोग

एक गोपनीय साधना प्रयोग

निम्न मंत्र को पूर्ण पवित्रता के साथ मुस्लिम पद्धति से सवा लाख बार हकीक माला से जप कर सिद्ध कर लेवे,शुक्रवार के दिन से इस साधना को प्रारंभ करे और १४ दिन में इस साधना को पूरा करे. जब कोई वास्तु खो जाये या चोरी हो जाये,तब इसका प्रयोग करने के पहले और बाद में दरूद शरीफ का १४-१४ बार पाठ करे और ताली बजावे और बीच में १४ बार उस मूल मंत्र को करे,निश्चय ही या तो वो वास्तु मिल जायेगी या फिर उससे समबन्धित जानकारी मिल जायेगी,अचूक प्रयोग है.

मन्त्र-

हयहात हयहात लेमातु अदुन

==

Muslim Saabar Prayog for the Identification of Theft

Perform the below mentioned Mantra with whole determined and pure heart and soul as per the Muslim ritual 1 Lac 25 Thousand Times with the Hakeek Mala and get it accomplished. Start this ritual on Friday and complete the whole process in 14 days…Whenever any of the things gets stolen, perform the whole process and later on perform the “Darud Sharif” Paath 14 times twice and clap and in the middle perform the base mantra…By performing the practice, either you will

सूत रहस्यम- भाग - 5

सूर्य तत्व रहस्य

सर्व सर्वात्मकं के नियम अनुसार सृष्टि में पाए जाने वाले सभी पदार्थों में सब कुछ व्याप्त है,इसका अर्थ ये हुआ की लोहा लोहा मात्र नहीं है बल्कि उसमे कांच के भी गुण है और गुलाब के भी,परन्तु लोह तत्व की अधिक प्रधानता होने के कारण वो हमें लोह धातु के रूप में दृष्टिगोचर होता है.यदि किसी भी क्रिया का सहयोग लेकर उसके अन्य किसी तात्विक गुण का विस्तार किया जाये तो ऐसे में वो उस धातु,पुष्प या पदार्थ का ही रूप दिखाने लगेगा जिसके गुणों का विस्तार किया गया है. परन्तु ये इतना सहज नहीं है,क्यूंकि मात्र किसी विषय का ज्ञान होने से आप उसमे निपुणता नहीं पा सकते,बल्कि ज्ञान को विज्ञानं में परिवर्तित कर प्रयोग करने पर ही सफलता संभव है.

और तंत्र के इसी भाग का(जिसमे ज्ञान युक्त सिद्धांत को विज्ञानं रुपी प्रयोगात्मक क्रिया में परिवर्तित किया जाता है)प्रयोग करने से हम ऐसे ऐसे रहस्यों का विस्फोट कर सकते हैं जो सामान्य मानवीय कल्पनाओं से परे हैं.

वैमानिकी शास्त्र के रूप में सैकड़ों ग्रन्थ हैं जिनमे इस ज्ञान को विज्ञानं के रूप में परिवर्तित करने का विधान बताया गया है,अर्थात सूर्य के मूल तत्व को लेकर कैसे सरलता से अपने मनोरथ को साकार किया जा सकता है.पदार्थ परिवर्तन तो ठीक है उसके साथ ही वायुगमन किया जा सकता है,जल गमन किया जा सकता है, विराट अकार धारण किया जा सकता है अपने आपको बहुत भारी किया जा सकता है आदि आदि.... इसका सामान्य सिद्धांता ये है की सृजित पदार्थों में हमेशा पञ्च तत्व तो व्याप्त होंगे ही,मतलब पृथ्वी,जल,अग्नि,वायु और आकाश. अब यदि किसी भी पदार्थ के भीतर अणुओं का परिवर्तन कर पृथ्वी और जल तत्व को विरल(कम) कर दिया जाये और आकाश तथा वायु तत्व को ज्यादा कर दिया जाये तो उस पदार्थ विशेष के सहयोग से सहजता से वायु गमन या शून्यता की प्राप्ति की जा सकती है.और यदि मात्र आकाश तत्व का विस्तार किया जाये तथा अन्य तत्वो को अत्यधिक न्यून कर दिया जाये तो अदृश्य होना संभव है.यदि अग्नि तत्व,वायु तत्व और आकाश तत्व को ज्यादा विस्तार दिया जाये और अन्य तत्वो का लुप्त प्रायः कर दिया जाये तो ऐसे में हम उन पदार्थों को भी प्राप्त कर सकते हैं जो भविष्य के गर्भ में छुपे हुए हैं और वर्तमान में जिसका प्राकट्य हमारे सामने नहीं है. आप खुद ही सोचिये की यदि सूर्य

विज्ञानं का प्रामाणिक और प्रायोगिक ज्ञान हमें हो सके तो कोई भी क्रिया असम्भव नहीं रह जायेगी.परन्तु इस ज्ञान को सीधे सूर्य से ही प्राप्त किया जा सकता है वो भी साधना के द्वारा,हमारे लिए सूर्य को अर्घ्य देना या सूर्य नमस्कार करना सामान्य सी बात होगी परन्तु हमें ये तथ्य ज्ञात नहीं है की इन क्रियाओं के साथ साथ जिन बीज मन्त्रों और मन्त्रों का प्रयोग होता है वे उस विशेष शारीरिक मुद्रा और अवस्था के साथ एक विशेष क्रिया करते हैं जिसे शरीरस्थ चक्रों में विशेष उर्जा और शक्ति का विखंडन और संलयन होता ही है.और यदि साधक इसके साथ सूर्य साधना के गुप्त मंत्र का भी जप करे तो उसे सूर्य विज्ञानं के गूढ तत्वो का ना सिर्फ ज्ञान होता है अपितु वो इसमें प्रायोगिक कुशलता भी प्राप्त कर लेता है.उत्पत्ति से लेकर ले तक के सभी गूढ रहस्यों से उसका साक्षात् हो जाता है. ये हम सभी जानते हैं की सूर्य नमस्कार करने से शरीर स्वस्थ रहता है या सूर्य को अर्घ्य देने से निरोगी देह और तीव्र नेत्र ज्योति की प्राप्ति होती है,परन्तु फिर भी आलस्य और प्रमाद के कारण इसे करने में कोई ध्यान नहीं देता,अरे थोडा सोचो की इन क्रियाओं को करने से आखिर हमारे शरीर पर सूर्य का क्या प्रभाव पड़ता है जो हमें आरोग्य और प्रकाश की प्राप्ति होती है.और वो भी तब जब हम अज्ञानवश इन क्रियाओं को कर ये लाभ पा रहे हैं,यदि पूरी जानकारी और एकाग्रता के साथ इन क्रियाओं को पूरे विधान के साथ किया जाये,तब भला क्या असंभव रह जायेगा......... जरा सोचिये......

==

Sooth Rahasyam – Part 5

(Surya Tatva (Sun Element))

As per Sarv Swartmkan rules all the substances found in nature contains everything, it means if an iron is there it is not just the iron, it contains iron and glass but also the rose properties, but more of iron due to the preponderance of the iron element, we see it as an Iron…and if with the help of right practice, the expansion of the main element is being studied, the same element will start showing the other properties also whether it is a flower or some other mass whose properties have been expanded…But, this is not so much easy, because only having knowledge of the subject is not essential and perfection cannot be accomplished just by the knowledge but it can be accomplished only when the knowledge is being converted into the Science…

And the Tantra part only where (the intuitive science theory into action is observed experimentally), we can use the secrets that can explode like that are beyond normal human imagination.

In Vamaniki Shastra, there are many more holy books in which the conversion of the Knowledge

Swarn Rahsyam Part - 5

रस तंत्र और महासिद्ध गुटिका निर्माण रहस्य

रस तंत्र के उत्थान के लिए जितना परिश्रम नाथ योगियों ने किया है,उतना किसी और ने नहीं किया,बल्कि ये कहा जाये की नाथ योगियों से ही इस विद्या के प्रादुर्भाव को सार्थकता मिली है.इन नाथ योगियों ने ही अपनी अथक तपस्या से सृष्टि के उन गोपनीय रहस्यों को आत्मसात किया और उन सूत्रों के सहयोग से विभिन्न क्रियाओं,प्रक्रियाओं ,तत्वों,पदार्थों,वनस्पति का योग पारद के साथ किया और उनके प्रभावों को लिपिबद्ध किया.उसी के परिणाम स्वरुप हमें इस विज्ञानं से सम्बंधित प्रचुर साहित्य प्राप्त हुआ है.रस रत्नाकर, रसार्णव आदि बहुत से ग्रन्थ आज भी प्राप्य हैं और बहुत से ऐसे ग्रन्थ हैं जो की या तो अप्राप्य है या फिर जिनके पास है वो कदापि इन्हें किसी को दिखाना या देना पसंद नहीं करते हैं.मुझे ज्ञात है की १९९४ में सदगुरुदेव ने 'पारद कंकण' नामक ग्रन्थ की रचना की थी और उन्होंने उसे छपवाने के लिए जब प्रेस में कार्यरत गुरुभाई को बुलाया और कहा की वे इस किताब की ५० प्रतियां छपवाना चाहते हैं और वो भी कल सुबह तक.ये घटना रात्रि के ११ बजे की है. परन्तु उन गुरु भाई ने विनम्रता पूर्वक सदगुरुदेव को बताया की सदगुरुदेव इस साइज के पेपर उपलब्ध नहीं हैं और यदि दुसरे साइज के कागजो को उस नाप में काटा भी गया तो भी रात्रि भर में ये नहीं छप पायेगी. सदगुरुदेव ने उस किताब को हाथ में लेकर वही फाड दी. अब ना जाने कौन सा दुर्लभ ज्ञान हमारे समक्ष प्रकाशित होने वाला था,परन्तु हमारा दुर्भाग्य आड़े आ ही गया.

खैर प्रज्ञानंद जी ने मुझे कभी बताया था की सदगुरुदेव के वरिष्ठ सन्यासी शिष्यों ने उनके निर्देशन में ऐसे बहुत से ग्रंथों की रचना की थी जिसमे तंत्र के विविध गोपनीय रहस्यों का संकलन होता था. पर उन्होंने उन्हें कई बार प्रकाशित भी नहीं करवाया.परन्तु ऐसी कई डायरियाँ उनके विविध शिष्यों के पास सुरक्षित रखी हुयी हैं धरोहर के रूप में. उन्ही में से एक ५०० पेज की डायरी मुझे दिखाई जिस पर हस्तलिखित अक्षरों में "रसेद्र मणि प्रदीप" लिखा हुआ था,जिसमे पारद के सहयोग से विविध अचरजकारी गुटिकाओं का निर्माण करना बताया गया था.उसी में एक प्रकरण विविध मन्त्रों और वनस्पतियों के सहयोग से साबर मन्त्रों के द्वारा खेचरी गुटिका,स्पर्श मणि,महासिद्ध साबर गुटिका आदि ५४ गुटिकाओं के

निर्माण पर था.जिसे उच्च नाथ योगियों के आवाहन कर प्राप्त किया गया था.और आश्चर्य ये था की ये सब निर्माण कार्य साबर मन्त्रों के सहयोग से होता है, अद्भुत पद्धतियों का समावेश लिए हुए ये क्रियाएँ थी.सर्वप्रथम जिस गुटिका की निर्माण विधि इस प्रकरण में अंकित थी वो इसी महासिद्ध साबर गुटिका की विधि थी...... जिसके प्रयोग से उन महासिद्धों का न सिर्फ आवाहन होता था अपितु विविध मनोकामनाओं की पूर्ती हेतु जिन भी साबर मन्त्रों को सिद्ध करना होता था,वे सभी सहजता से सिद्ध हो जाते हैं.

इस गुटिका के निर्माण के लिए जिस अष्ट संस्कारित पारद का प्रयोग किया जाता है उसके सभी संस्कार रसांकुश भैरव और भैरवी के मन्त्रों से होता है परन्तु ये मंत्र जप दीपनी क्रम युक्त होना चाहिए,तभी इस पारद में वो प्रभाव आएगा जो इस मणि के निर्माण के लिए अपेक्षित है.तत्पश्चात इसे स्वर्न्ग्रास दिया जाये और इसे मुक्ता पिष्टी के साथ खरल किया जाये,जब पारद के साथ उस पिष्टी का पूर्ण योग हो जाये तब उसे,काले विष, विशुद्ध ताम्र भस्म,बैंगनी धतूरे,सिंहिका,मतस्याक्षी,श्वेतार्क और ताम्बूल के स्वरस के साथ १२० घंटों तक खरल किया जाये,और खरल करते समय-

ॐ सारा पारा,भेद उजारा, देत ज्ञान उजारा ,दूर अँधियारा,शिव की शक्ति उरती आये,भीतर समाये,करे दूर अँधियारा जो ना करे तो शंकर को त्रिशूल ताडे,शक्ति को खडग गिरे,छू .

उपरोक्त मंत्र का जप करते जाये,जब भी रस सूखने लगे तो नया रस डालते जाये ,जब समयावधि पूर्ण हो जाये तो उस पिष्टी को सुखाकर शराव सम्पुट कर २ पुट दे दे,और स्वांग शीतल होने के बाद उस पिष्टी के साथ पुनः मंमालिनी मंत्र का जप करते हुए उस पिष्टी का १० वा भाग पारद डालकर खरल करे और मूष में रख कर गरम करे और धीरे धीरे विल्वरस का चोया देते जाये,लगभग १० गुना रस धीरे धीरे चोया देते हुए शुष्क कर ले.अब आप इसे पिघलाकर गुटिका का आकार दे दे,इस क्रिया में पारद अग्निस्थायी हो जाता है और गुटिका हलके रक्तिम वर्ण की बनती है जो पूर्ण दैदीप्य मान होती है.यदि पारद अग्निसह्य नहीं हुआ तो क्रिया असफल समझो.इस गुटिका को सामने रख पुनः ३ घंटों तक रसांकुश मन्त्रों का दीपनी क्रिया के साथ जप करो और गोरख मन मुद्रा का प्रदर्शन करो.तथा इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा मन्त्रों से इसे प्रतिष्ठित कर इसमें ६४ रस सिद्धों का स्थापन कर दो,फिर षोडशोपचार पूजन कर उस पर आप मनोवांछित प्रयोग कर सकते हैं.इसे कनकधारा मंत्र से यदि २१ माला मंत्र कर सिद्ध कर लिया जाये और पूजन स्थल पर स्थापित कर दिया जाये तो ये गुटिका लक्ष्मी को बाँध देती है जिससे व्यक्ति को प्रचुर ऐश्वर्य की प्राप्ति होती ही है.

==

अष्ट संस्कारित पारद को यदि स्वर्णग्रास देकर कांच की बोतल में गधे के ताजे मूत्र के साथ डालकर जमीन में गडा दिया जाये तो ६ मास के बाद पारद की स्वतः भस्म बन जाती है और ये भस्म ताम्बे को स्वर्ण में परिवर्तित करती है.

==

SWARN RAHASYAM-Part 5

RAS TANTRA AUR MAHASIDDH GUTIKA NIRMAN RAHASYA

For the development of Rass Tantra the hard work and devotion performed by yogis nobody else could do the same that's why we can say that this science is presented in its present full fledge form just because of them. It was the same yogis who with their strong reverence explored the hidden aspect of nature and

Lakshmi Sadhana

प्रयोग

सम्पतिवान बनना कोई हेय कार्य नहीं है, हम अर्थ सम्प्पन बने और प्रभु के दिए इस जीवन को वैभव के साथ जिए. मनुष्य जीवन के चार मुख्य पक्ष मे त्याग सब से अंत मे रखा गया है, इसके पीछे का चिंतन यही रहा होगा की हमें जीवन के सर्व पक्षों को जान कर ज्ञान को अर्जित करना चाहिए. बिना किसी भी चीज़ के अनुभव किए सिर्फ उसे हे द्रष्टि से देख कर उसका त्याग करना कितना उच्चित है कहा नहीं जा सकता. हमारे ऋषियो ने भी अपने जीवन को पूर्ण वैभवता के साथ जिया है. वे श्री सम्प्पन थे और साथ ही साथ साधनाओ की ऊंचाईयो पर भी, जीवन को भौतिक व् आध्यात्मिक रूप से उन्होंने संयत किया था और जीवन के हर एक पक्ष को साधनाओ से निखार कर पूर्णता को प्राप्त की. इसी से जीवन मे अर्थ के महत्वपूर्ण स्थान के बारे मे कल्पना की जा सकती है. साधनाओ के माध्यम से हम अपनी न्यूनताओ को दूर करे और अपने जीवन को उल्लास के साथ जिए, ऐसा ही हमारे पूर्वजो का ऋषिमुनियों का चिंतन रहा होगा और इसी क्रम मे विविध साधनाओ का प्रादुर्भाव हुआ. हमारी न्यूनताओ को हटाना हमारा हक है और इसके लिए हमारे पास है हमारे पूर्वजो का आशीष व् मार्गदर्शन उनके द्वारा प्रणित साधनाओ के रूप मे. ऐसे ही कुछ चुनी हुयी साबर साधनाए निचे दी जा रही है.

वैभव साधना:

साधना को शुक्र वार से शुरू करे.

समय रात्रि मे १० बजे के बाद का रहे

स्नान के बाद अपने सामने लक्ष्मी के चित्र या यन्त्र को स्थापित करे और उसे कुमकुम से तिलक करे

इसके बाद कमलगट्टे के माला से निम्न मंत्र की २१ माला करे

ॐ वैभव लक्ष्मी वैभव प्रदाय संकटनाशिनी नमः

उसके बाद लक्ष्मीजी को सफलता प्राप्ति के लिए प्रार्थना करे

यह क्रम अगले शुक्रवार तक करे. अंतिम रात्रि मे मंत्र जाप के बाद इसी मंत्र से शुद्ध घी की १०१ आहुति अग्नि मे समर्पित करे.

साधना पूरी होने के दूसरे दिन यथा संभव कन्याओ को भोजन कराये और दक्षिणा देकर संतुष्ट करे...

यह साधना से जीवन मे पूर्ण वैभव को प्राप्त किया जा सकता है और साधना पूरी होते ही जीवन की प्रगति चमत्कारिक रूप से बढ़ जाती है.

****

अष्टलक्ष्मी प्रयोग:

यह प्रयोग उनके लिए अत्यधिक उपयोगी है जिनको लंबे अनुष्ठान के लिए समय नहीं मिलता

इस प्रयोग मे साधक के पास अष्टलक्ष्मी यन्त्र होना चाहिए, सुबह स्नान करने के बाद यन्त्र के सामने लक्ष्मी देवी को भोग लगाये और यन्त्र के सामने खड़े खड़े ही एक माला निम्न मंत्र का स्फटिक माला से जाप करे.

ॐ अष्टलक्ष्मी भोग मोक्ष प्रदायिनी द्रव्यसिद्धिम कुरु नमः

उसके बाद लगाया हुआ भोग प्रसाद के रूप मे ग्रहण करे.

भोग लगाने से पहले कुछ भी ग्रहण नहीं करना चाहिए. इस मे और कोई विशेष नियम नहीं है. साधक इसे नियमित रूप से करता रहे. जीवन मे उत्तरोत्तर प्रगति मिलती रहेगी और आय के नए स्त्रोत सामने आते जाएँगे.

****

To become rich is not at all cheap from any point; we should be rich and should live life with

Why Sabar Sadhana ?

इन साधनाओं के सामान्य नियम /उपनियम आपके सामने ...

साधना जगत की विशालता के बारे मैं इतना ही कहा जा सकता हैं की कभी भगवान् बुद्ध के शिष्य आनंद ने उनसे पूछा था की उसका स्वयं का ज्ञान कितना हैं फिर भगवान् का ज्ञान कितना हैं और आखिर सम्पूर्ण ज्ञान कितना हैं , भगवान् बुद्ध ने हस्ते हुए कहा की जितने वृक्ष इस सम्पूर्ण जंगल में हैं उनसभी के कुल पत्ते बराबर सम्पूर्ण ज्ञान राशि हैं, मैं जिस पेड़ के नीचे खड़ा हूँ उतनी मेरी ज्ञान राशि हैं ओर इस पेड़ के जितने पत्ते नीचे गिर पड़े हैं उतनी तुम्हारा ज्ञान हैं . ठींक यही बात साधना क्षेत्र पर भी पूर्णत: से लागु होती हैं ,

एक और जहाँ शमशान साधना हैं दूसरी ओर अघोर साधना हैं फिर चाहे वह सात्विक हो या तामसिक हर जगह इन साबर मन्त्रों का प्रचलन पाया जा सकता हैं . ऐसी क्या विशेषता हैं इन मन्त्रों की ..

जब वैदिक कर्म काण्ड युक्त मंत्रो का काफी प्रचलन हो गया पर उसके ज्ञाता अनेकों बातों पर इतना अधिक जोर देते थे की विद्या सुपात्र के अभाव में समाप्त से होती जा रही थी वही दूसरी ओर युग धर्म के अनुसार लोग भी जितनी सुचिता रखा चाहते थे नहीं रख प् रहे थे तब इस विडम्बना को देखते हुए भगवान् शिव ने इन मन्त्रों की रचना की जो की अपने आप में अद्भुत हैं कीलित भी नहीं हैं सरल हैं श्रेष्ठ हैं तीव्रता युक्त हैं साथ ही साथ इन की

सिद्धिता करने के लिए कोई साधारण तयः कोई विशेष नियमों की आवश्यकता भी नहीं हैं.

ये इतने सरल हैं पर कई बार उच्च कोटिके तंत्रज्ञों को भी इनकी प्रभाव क्षमता को दख कर दाँतों तले अंगुलिया दबाना पड़ जाती हैं. क्या इनकी क्षमता मात्र कुछ छोटी क्रियाओ तक ही हैं , नहीं ऐसा नहीं हैं यक्षिणी साधना से लेकर उच्च कोटि की महा विद्या साधना भी इनके माध्यम से संपन्न की जा सकती हैं .

जन मानस का विश्वास हैं की गुरु गोरखनाथ द्वरा यह मंत्र प्रचलित हुए कई लोगो का विस्वास ये भी हैं की इसी परंपरा में चर्पटीनाथ ने यह प्रचलित किये हैं पर जो भी हो इन मंत्रो की प्राचीनता ओर प्रभावशालिता पर किसी भी प्रकार का संदेह तो किया जा ही नहीं सकता हैं .

इन मनीषियों ने अनथक श्रम करके ऐसी विधिया सामने प्रस्तुत की जिनकी तो कोई सानी ही नहीं नहीं. आप में से जिन्होंने पत्रिका के पुराने अंको में शाहों के शाह : साबर शाह " लेख पढ़ होगा वह ये तो बखुब जानते होंगे की , लड़की से लड़का बना देना, पुरे नगर को एक जगह से दुसरे जगह पंहुचा देना , भुत प्रेतों से अपने घर के कार्य करवाना ओर भी कई चमत्कार उन्होंने दिये थे ओर उनकी विधिया भी पूर्णता के साथ बताई थी.

पर कुछ विशेष नियम या ऐसे कहे की महत्वपूर्ण नियम भी जान लेने चाहिए ,

क्योंकि साधना को कभी भी आसानी से लेना नहीं चाहिए वह से सर्व काल से गंभीरता का ही विषय हैं , फिर जितना हम उसे अच्छे से लेंगे उतना ही परिणाम हमारे मनोकुल प्राप्त होंगे.

यु तो सफलता के लिए बहुत से कारण हो सकते हैं ओर इसी तरह असफलता के लिए भी कहा जा सकता हैं , आएये हम एक एक कर कुछ नियम पर बात करे ...

1. इन साधनाओ को कभी भी रात या दिन में किया जा सकता हें .हाँ जहाँ पर विशेष रूप से समय का निर्देश दिया गया हो वहां अवश्य ही पालन करें.
2. इन साधनाओ को पीले रंग के वस्त्र धारण कर करे , पर किसी साधना विशेष में उसके वस्त्र के निर्देश का पालन करे .
3. धूप ओर लोहबान का अपना ही महत्त्व हैं
4. गुरु पूजन ओर गुरु ,मंत्र के महत्त्व को आप नकार नहीं सकते हैं इसका तो अपना ही महत्त्व हैं
5. हर साधना के पहले ओर बाद में सदगुरुदेव पूजन हरहाल में करें ही
6. साधना के लिए न केबल अपने गुरु देव पर ,साधना सामग्री पर, विधिपर बल्कि अपने पर भी उतना ही विश्वास होना ही चाहिए ही.
7. साबर साधनों को ऐसे तोकभी भी किया जा सकता हैं पर यदि विशिष्ट दिवस पर या विशिष्ट महूर्त पर किया जाये तो विशेष सफलता प्राप्त ही हैं.
8. साबर साधनों से सम्बंधित दीक्षा भी यदि प्रस्कारले तो सोने में सुहागा की स्थिति भी निर्माणित हो जाती हैं .
9. साबर यन्त्र की स्थापन भी जरुर करे.
10. यु तो व्यापार या नौकरी कार्य भी किया जा सकता हैं उसके लिए कोई प्रति बन्ध नहीं हैं ,
11. यदि दो साबर मंत्रो सिद्ध करने जा रहे होतो उनके साधना प्रयोग एक के बाद एक न करे बल्कि कुछ घंटे का अंतराल जरुर रखे .
12. साबर साधनाओ में भय की स्थिती नहीं आती हैं पर यदि आये तो आसन ना छोडे नहीं , न ही भयभीत हो.
13. कुछ साधनाओ में गायत्री मन्त्र जप उस दौरान न करे .

14. यदपि साधनाओ में सफलता पर यदि प्रथम प्रयास में कुछ कारणों से नहि मिल पाए तो पुनः पुनः प्रयास करे .
15. नवग्रह या दशा अन्तर्दशा अनुकूल न चल रही हो तो तबभी साधना में असफलता नहिमिल पाती हैं तो नवग्रह को अनुकूल करने की साधनाओ परभी ध्यान रखे ही .
16. साबर साधनाओ के माध्यम से किसी को भी कष्ट पहुचने का प्रयास न करें ,न ही वशीकरण विद्या का प्रयोग अपनी स्वार्थता के लिए न करे. इस हाल में वह मंत्र निष्फल हो जाता हैं वह देव भी रुष्ट होकर आपके विरूद्ध होजाते हैं ,
17. ग्रहण काल तो भाग्य से ही मिल पता हैं ओर उसे साबर साधना में यदि उपयोग करे यदि किसी का मानस हैं तो वह अत्यंत श्रेष्ठ समय होता हैं .
18. यदि मुस्लिम मंत्रो का प्रयोग हो तो ध्यान रखे की उनमें माला उलटे ढंग से फेरी जाती हैं ओर वज्रासन में बैठना होता हैं .ओर धोती की जगह ,लुंगी का प्रयोग होता हैं.
19. सुचिता ओर शुद्धिता की विशेष अनिवार्यता तो नहीं रहती पर किसी भी साधना में यह करना ठीक ही रहता हैं .

ये तो साधारण नियम हैं पर कुछ ऐसे साधनात्मक प्रक्रिया ऐसी हैं जो आप को सफलता के एकदम सामने ला खड़ा करदेती हैं .. क्या हैं वह ..बस अगले किसी लिख में ..

****

Why Sabar sadhana has so much importance......

One upon a time Anand the disciple of Bhagvaan buddh asked to him that how much the total knowledge exists in this universe and what is his total knowledge and what about him. On listening this question , Bhagvaan buddh smile and said the total number of leaves exist in this forest , such is the number of knowledge and the total number of leaves on this tree ,inside that we are sitting is mu knowledge and the leaves falls on this tree is your knowledge. Same thing is applicable to sadhana kshetra. -

On one place where there is shamshan sadhana other place direction Aghor sadhana , either through saatvik way or tamsik ways , everywhere theses sabar mantra is found applicable . what is the specialty is of theses.

When vadaik mantra was in highly practices but the problem was their expert presses too much on various ritual , on because of that the knowledge , the exponent of the vidya are very few. And due to changing condition in person out look the purity of body and mind are not as it should be as per the vaidik mantra experts asked. On seeing this situation Bhagvaan shiv created theses mantra known as sabar mantra, they are a very

Importance Of Sabar Yantra

साबर यन्त्र की महत्त्व पूर्णता

अब सफलता कहाँ दूर हैं ......

हर किसी का सपना यह होता हैंकि कितनी जल्दी उसे साधना में सफलता मिल जाये , पर हम कभी जानने की कोशिश ही नहीं करते की यह साधना जगत अपने आप में कितनी गूढता रखे हुए हैं जहाँ मात्र कोई तात्कालिक लाभ प्राप्तकरने की कोशिश हैं वहां पर तो कोई भी प्रयोग चल सकता हैं, पर जब हम इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं . तब हमें धीरे धीरे इस जगत की सारी चीजे सीखनी ही पड़ेगी यह निश्चित की यह सब एक रात या दिन में नहीं होने वाला बल्कि धीरे धीरे हमें एक एक सूत्र सिखने होंगे एक एक गूढता और दुरुहता तो सीखनी ही होगी और इसकी भाव भूमि को भी ह्रदयंगम भिकारन पड़ेगा भी , तभी तो हम अपने आप को सदगुरुदेव भगवान का एक सच्चा शिष्य होने की दिशा में आगे बढ़ पाएंगे.सदगुरुदेव सच में चाहते हैं की हम इस क्षेत्रमें विशिष्ट ता प्राप्त कर पाए.

पूज्य सदगुरुदेव जी का यह सपना रहा हैं की उनका हर शिष्य अपने आप में विशिष्ट हो किसी भी क्षेत्रमें पर हो अपने आप में अद्वितीय .सम्पूर्णता के साथ पूरी विशेज्ञता उसे प्राप्त हो पर उसे यह कठिन श्रम ओर सच्ची श्रद्धा से प्राप्त करना ही होगा. परन्तु साथ ही साथ उसे एकांगी भी नहीं होना हैं , उसे तो हर हाल मेंसब सीखना ही हैं

आप जानते ही हैं की शिष्य /शिष्या शब्द का अर्थ ही हैं वहजो हमेशा सीखने को तैयार रहे .

तोहम साधना के इस भाग में कैसे सफलता प्राप्त कर सकते हैं, जिसे साबर साधना कहते हैं यहाँ इसमें सबसे महत्वपूर्ण

तथ्य यह हैं की श्रद्धा ओर बिस्वास आपका आपके गुरु के प्रति हर हाल में अडिग ही रहे , कोई भी परिस्थिति उसे डिगा नहीं पाए . क्योंकि अधिकांश साबर साधना में आप पायेगे की कुछ शब्द बार बार आयेंगे जैसे" मेरी भक्ति ओर गुरु किशक्ति " तोफिर इस शब्द श्रन्खला का कोई अर्थ होगा .इस पत्रिका के आगे आने वाले लेख में आपन इन मंत्रो में सफलता पाने के अभी तक गोपनीय रहस्य पायेगे. इस लेख मैं केबल उन बिन्दुओ की चर्चा कर रहा हूँ जो की आपके लिए जरुरी होगा .

सदगुरुदेव भगवानने कई बार इस थे की ओर हमारा ध्यान आकर्षित कराया हैं की अगर हमें साधना में सफलता पानी हैं तो प्रामाणिक सही साधना सामग्री चाहिए ही हैं जो की पूर्ण प्राण प्रतिष्ठित हो ही. बिना उसके कैसे एक साधक सफलता प्राप्तकर सकता हैं.अब आप सोचेंगे की हम ये साधना सामग्री कहाँ से प्राप्तकर पाएंगे तोक्यों नहीं सदगुरुदेव जी ने हमेशा से कहा हैं की जोधपुर ओर दिल्ली गुरुधाम से प्राप्त साधना सामग्री तो हमारे लिए ही तो तैयार करायी जा ती हैं, तो इस हेतु साधक बिना किसी भी हिचक के साधना सामग्री प्राप्तकर साधना करसकते हैं. तो जैसे ही हमें सही साधना सामग्री प्राप्त होती हैं हम अपनी साधना प्रारंभ कर सकते हैं .

नहीं

अभी भी कुछ ऐसे बिंदु हैं जिन्हें जानना जरुरी हैं मान लीजिये किसी कारण वश कोई साधना सामग्री आप प्राप्त नहीं कर पाए , या साधना काल में कोई आपने गलती कर दी तब ?इस तरह की सभी संभावनाओ के मद्दे नज़र हमें हमारी गुरु परंपरा से एक यन्त्र मिला हैंजो हम कभी समझ नहीं पाए , जिसके बारेमें सदगुरुदेव जी ने कई बार अपनी पत्रिका में हमें समझाया हैं और वह वरदान स्वरुप यंत्र हैं " साबर यन्त्र ".

यहाँ पर हमें न केबल मन्त्रों के बारेमें ही सीखना हैं वरन हमें इससे जुड़े अनेक चीजे जैसे यंत्रों के बारे में भी सीखना हैं क्या कोई यन्त्र हमें सफलता ज्यादा जल्दी दिला सकता हैं क्यों नहीं. यन्त्र वास्तवमें एक किले नुमा आकृति हैं जिसमें सम्बंधित देवी देवता के साथ उनकी सहयोगी शक्तिया भी निवास रत रहतीहैं, अभी भी ज्ञान की इस शाखा का पूरी तरह उपयोग नहीं हुआ हैं , इस क्षेत्र में अभी भी खोज के लिए अत्यधिक जगह हैं पता नहीं कितने रहस्य अपने खुलने की बाट जोह रहे

हाँ यह सत्य हैं

यह यन्त्र उन सभी के लिए बेहद उपयोगी हैं जो की इन साधना के क्षेत्र में आगे जाने के लिए अत्यधिक उत्सुक हैं ही यह यन्त्र साधना काल की अनेको कमियों को दूरकर साधक को सफलता की ओर अग्रसर कर सकता हैं यह यन्त्र तो हर साधक के पास होना ही चाहिए इसलिए नहीं की सदगुरुदेव भगवान् ने ने कहा हैं बल्कि इसलिए भी उनके अनुसार अनेको साधना इस यंत्र पर की जा सकती हैं , पता नहीं कब गुरुदेव कोई साधना इस पर भी दे दे , फिर पता चले यन्त्र मगाने के लिए समय /धन न हो, तो इस प्रकार का यन्त्र अपने पास रखना ही चाहिए. .

****

Sabar Yantra

(Now how for the siddhi in sabar mantra sadhana……)

Divine Mudra's Of Nath Sect

नाथ जगत की अद्भुत दिव्य मुद्राएँ

क्या अब भी आप इन्हें नहीं करना चाहेंगे

मुद्रा विज्ञानं के अंतर्गत कई एसी मुद्राओ का अभ्यास होता हे जिससे साधक साधनाओ की उत्च्तम स्थिति को प्राप्त कर लेता हे. तंत्र में मुद्रा को एक अत्यधिक आवश्यक अंग माना गया हे, और मुद्राओ का अभ्यास करने वाला साधक तंत्र में तीव्र गति से सफलता प्राप्त कर सकता है. सभी प्रकार की साधनाओ में मुद्रा का एक महत्वपूर्ण स्थान हे और इसी के अंतर्गत मुद्राओ के कई प्रकार हे. शक्तिओ को आकर्षित कर के केन्द्रीभूत करना मुद्राओ मुख्य कार्य है तथा मुद्राओ का आधार पंचतत्वों का नियमन हे. उंगलियां पंचतत्वो की प्रतिनिधि हे व् इनको निर्देशित दिशा में गतिविध करने पर शारीरिक तत्वों में परिवर्तन होने लगता हे जिसका सीधा सम्बन्ध परा जगत से होता है.

मुद्राओ का महत्व सिर्फ मात्र एक तथ्य पर भी जाना जा सकता हे की इन्हें वामाचार के मुख्य पंचमकार में भी यह एक अंग है. यु मुद्राए न सिर्फ आध्यात्मिक वरन भौतिक सफलताओ के लिए भी बराबर महत्व पूर्ण है. नाथ योगियो के मध्य गुप्त रूप से ही सही लेकिन कुछ एसी महत्वपूर्ण मुद्राओ का अभ्यास गुरु मुखी परंपरा से कराया जाता हे की साधक अत्यंत ही सहज प्रयास में वह सब कुछ हासिल कर लेता हे जो उसका अभीष्ट होता है, एसी मुद्राओ का उलेख्ख किसी ग्रन्थ में नहीं किया गया था ताकि इसका दुरुपयोग न हो सके और योग्यता वां व्यक्तियो को ही मात्र इसका ज्ञान हो सके. नाथ तंत्र दीक्षा के बाद इस प्रकार की मुद्राओ का अभ्यास अत्यंत गुप्त रूप से चुने हुए शिष्यों को कराया जाता है. कई नाथ संप्रदाय के महायोगी सिर्फ मुद्राओ के माध्यम से ही अष्टसिद्धियो को प्राप्त कर चुके हे. पूज्य श्री निखिलेश्वरानंद जी ने अत्यधिक कृपा कर के मुझे

कई एसी दुर्लभ मुद्राओ का ज्ञान दिया था. उन मुद्राओ का प्रभाव देख कर चमत्कृत व् दंग रह गया था में. आज उन्ही मुद्राओ में से कुछ मुद्राओ का उल्लेख में आगे कर रहा हू.

दिव्यात्मा आकर्षण मुद्रा:

अंगुष्ठ को मध्यमा अंगुली के निचे स्थापित करे. फिर मध्यम को अंगुष्ठ के ऊपर हथेली तक मोड दे. बाकि तीनों अंगुलिया सीधी रहे. दोनों हाथो में यही क्रिया हो, उसके बाद परस्पर दोनों हाथो को जोड़ दे. यह दिव्यात्मा आकर्षण मुद्रा बनती हे जिससे सिद्ध जगत की दिव्यात्माओ का आकर्षण होता हे. इस मुद्रा को यथा संभव ३० मिनिट तक ब्रम्ह मुहूर्त में और ३० मिनिट सोने से पहले अभ्यास करना चाहिए. इस मुद्रा के अभ्यास से साधक को दिव्यात्मा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप में सहायता प्रदान करती है और साधना का मार्ग प्रसस्त करती है, अगर नियमित रूप से साधनात्मक नियमों के साथ इस मुद्राका साधक ११ दिन तक अभ्यास कर लेता हे तो उसे स्वप्न में दिव्यात्मा का दर्शन सुलभ होता है और साधक उनसे स्वप्नावस्था में साधना सबंधी प्रश्न पूछ सकता हे एवं उनका मार्गदर्शन ले सकता हे.

सिद्धनाथ दंड मुद्रा:

बाये हाथ की सभी अंगुलियों को मोड के हथेली तक लाया जाए. अंगुष्ठ सीधा तना हुआ रहे. अब दायें हाथ की अंगुलिओ से बाये हाथ के अंगुष्ठ को ऊपर से पकड़ा जाए, तथा दाये हाथ का अंगुष्ठ सीधा रहे. इस मुद्रा में दायाँ हाथ ऊपर और बाया हाथ निचे रहेगा. इसे सिद्धनाथ दंड मुद्रा कहते हे. इसका अभ्यास करते वक्त आंखे बांध रहे व् ध्यान नाभि पर रहे. इस मुद्रा का अभ्यास करने वाले साधक की ज्ञानशक्ति अत्यधिक बढ़ जाती हे और उसे सृष्टि के कई गोपनीय रहस्य अपने आप ही समज आने लगते हे, ज्ञान शक्ति बढ़ जाने पर उसे कई विविध प्रकार के चमत्कारिक अनुभव स्वयं ही होने लगते हे और साधना के गोपनीय रहश्य उसके सामने थिरकने लगते हे. स्थायी रूप से इस मुद्रा का अभ्यास करने पर कई सिद्धिया साधक को स्वतः ही प्राप्त हो जाती हे.

मंजरी मुद्रा:

दोनों हाथो तर्जनी अनामिका व् मध्यमा अंगुलीओको हथेली की तरफ मोड दे व् प्रथम अंगुली को एक दम सीधा रखे अंगुष्ठ को सीधा कर दे. अब दोनों हाथो के अंगुष्ठ को एक दूसरे से स्पर्श करने पर मंजरी मुद्रा बनती हे.

इस मुद्रा की जीतनी प्रशंशा की जाए कम है, इस मुद्रा के नियमित अभ्यास से व्यक्ति का मोह कम हो जाता है, उसमे साधना के प्रति एक आदर भाव उत्प्पन होता हे, साधना के लिए अनुकूल स्थिति उसे प्राप्त होती रहती है, यह मुद्रा आनंद कोष को जागृत करती हे फल स्वरुप साधक चाहे संसार के बाहरी क्रियाकलापों में हो या किसी भी कार्य में हो, अंदर से वो हर पल एक आनंद में डूबा रहता हे और अपने आप में ही खोया हुआ वह प्रकृति से एक कार हो जाता हे. वास्तव में यह मुद्रा अत्यधिक गुप्त हे क्यूंकि योगतंत्र की उच्चतम साधनाओ के लिए जिस प्रकार की भावभूमि साधक में होनी चाहिए यह मुद्रा उसी का ही स्थापन करती है.

****

Nath Yogiyon ki Adbhut divya mudraye

(Amazing divine hand gesture of Nath Yogies)

ASTROLOGY

चंडाल योग का प्रभाव

क्या हैं यह योग ओर कैसे इसके प्रभाव से बचे

मानव जीवन को प्रभावित करने वाले ९ ग्रहों में राहू अकस्मात् घटने वाली घटनाओं का चाहे वो अच्छी हों या फिर बुरी का सबसे बड़ा कारक है और काल सर्प जैसे तथा कथित योग की तुलना में इसका चंडाल योग कही ज्यादा भयानक है। राहू अत्याधिक आश्चर्य जनक प्रभावों से भरा हुआ ग्रह है जो की कई गुणों के साथ साथ विभिन्न दोषों से युक्त है.पाप ग्रहों में तो इसका स्थान ऊपर है ही. चंडाल योग का निर्माण कैसे होता है?......

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बृहस्पति पर इसकी पूर्ण दृष्टी या युति होने पर इस योग का पूर्ण सृजन होता है .क्या आपने कभी सोचा है की राहू का स्वरुप कैसा है......

इस छाया ग्रह का पौराणिक मान्यता के अनुसार शीश ही है धड है ही नही, अब आप ही सोचे की दुष्ट बुध्दी यदि ज्ञान से भरी होगी तो वह ज्ञान बुरे कार्यों के लिए ही प्रयुक्त होगा. इस प्रकार यह राक्षस बुद्धि, बृहस्पति जैसे ज्ञान दाता के प्रभाव से प्राप्त जातक की बुद्धि को भी उलट कर रख देता है.और ऐसे में वह विकृत ज्ञान क्या अनिष्ठ नही कर सकता? चंडाल योग के फल स्वरुप भाग्य हीनता ,मंद बुद्धिता,असंतोष व घावों की वृद्धि होती है. जातक इस योग के कारण जब भी किसी महत्वपूर्ण कार्य को संपन्न करने के लिएतैयारी करता है अचानक उसके कार्यों में विघ्न आने लगते

हैं.जिससे कार्य को वो सही तरीके से कर ही नही पाता जबकि उसकी तैयारी सटीक होती है. बुद्धि को अपराध की और अग्रसर करने में इस योग का स्थान महत्त्वपूर्ण है.क्यूंकि ये योग असंतोष का करक योग है .और तो और एक साधक यदि इस योग का शमन किये बगैर कभी भी अध्यात्मिक उच्चता को प्राप्त नहीं कर पाता , आसन की अस्थिरता , मंत्र जप में मन का न लग्न, साधना काल में ग़लत व गंदे विचारों का उपजना , साधना से मन का उचाट हो जाना भी इस योग का महत्वपूर्ण लक्षण है. व्यक्ति अथक प्रयास कर उन्नति की और जाना चाहता है पर एकदम मंजिल के करीब पहुच कर असफलता की प्राप्ति इसी योग के प्रभाव से होती है .

मित्र व जीवन साथी के द्वारा विश्वाश घात की स्थिति का ये जनक योग है . जीवन में आए प्रगति के अवसरों को नष्ट करने का कार्य यही योग करता है।

इस योग से मुक्ति के लिए सदगुरुदेव से" ग्रह बाधा निवारण दीक्षा" और राहू की अनुकूलता के लिए गुरु निर्देशित अनुष्ठान या चंद्र मौलिश्वर प्रयोग को पारद शिवलिंग पर करने से पूर्ण अनुकूलता प्राप्त होती है और जीवन में नकारात्मक अकस्मात का परिवर्तन सकारात्मक अकस्मात में हो जाता है

****

The effect of chandal yog

The planet Rahu is biggest karak of any event positive or negative happen in human life. So called Questionable yoga like "kaal sarp" (we do not believe this yog , reason already we have discussed) has stand nowhere compare to the "chandal yog" formed by Rahu . the planet Rahu is having very amazing quality , it has very positive quality and side by side having same degree of powerful negative quality . in malefic planet list , it stand on the top position.

But how this "chandal yoga" is formed.? According to jyotish shastra when Rahu directly aspect to the planet Jupiter or associated with Jupiter in any bhav of an horoscope/ janm kundli, than this yoga is formed.

Have you ever thought what is the form of Rahu?

According to puranik belief , it has only head no lower portion. Than it can easily be concluded if evil mind has gyan than that gyan will be used for malefic work only. So this planet , has a very adverse effect on the person gyan that he has got because of

Secret Of Nirgad Dwar

परम गोपनीय निर्गद द्वार रहस्य

पहली बार यह रहस्य अनावृत सिर्फ आपके लिए

दूर से ही विशाल वटवृक्ष नज़र आ रहा था, जो अपने आप में एक अलग आभा लिए हुए था. रात्री का प्रथम प्रहार ही था और किसी एक कार्य के लिए मुझे परमहंस निखिलेश्वरानंदजी के

तत्वाश्रम में पहोचने का और उनके दर्शन करने का मौका मिला था. उसी वट वृक्ष के निचे एक अत्यंत ही विशाल आसन पर सदगुरुदेव निखिलेश्वरानदजी अपने पूर्ण रूप में विराजमान थे. सामने कुछ शिष्य गण भी थे जो की अत्यंत विनम्रता से बेठे हुए थे. उनसे दसेक कदम दूर में खड़ा हुआ और नमस्कार किया, लम्बी जटाए, सुगठित शरीर और उनका तेजश्वी मुखमंडल, दिव्य गंध से ओत प्रोत सम्मोहित करता हुआ वातावरण,

वे कुछ सन्यासी गुरु भाइयो को निर्गद द्वार के बारे में बता रहे थे...तभी न जाने कहा से धूम्र का एक गुब्बारा सा प्रकट हुआ. सदगुरुदेव ने उसे हाथ में लिया और अत्याषिक आश्चर्य के साथ मेने देखा की वह उस धूम्र को अपने हाथो से आकार दे रहे हे, जेसे कोई कुम्हार अपने हाथ में मिटटी लेके उसे मनचाहा आकार दे देता हे ,उतनी ही या यु कहू की उससे भी कही अधिक सहजता से वह धूम्र उनके हाथो में गोलक के

रूप में परावर्तित हो गया. कुछ देर बाद उन्होंने उस गोलक को खींचना शुरू किया और कोई रब्बर की तरह वह लम्बा से लम्बा होता गया और कुछ अंडे के आकर का दिखाई देने लगा. लेकिन उस के बिच में कुछ अजीब

सा खिंचाव आ गया था और धूम्र के उस गोलक में सिर्फ किनारा ही जेसे धूम्र का रहा हो और बाकी अन्दर का भाग कुछ अलग ही रहा था. कुछ ही क्षणों में वह ३-४ फीट का हो गया तो हमने देखा की धूम्र की एक इंच किनारी के अलावा अन्दर जेसे पूरा एक भूभाग बन गया हे जब की वह हर तरफ से मात्र १ इंच से ज्यादा मोटा नहीं था पर दूर से ही उसमे सेकड़ो फीट का रास्ता दिख रहा था, उससे भी आश्चर्य यह था की वह कभी लाल, कभी सुनहरा तो कभी नीला तो कभी कोई अलग ही रंग का दीखता या फिर एक साथ कई रंग. बड़ा ही विचित्र द्रश्य था. तभी सदगुरुदेव परमहंस निखिलेश्वरानंदजी ने सबको संबोधित करते हुए कहा की यही वह निर्गद द्वार हे जिसकी में चर्चा कर रहा था, यु इसका निर्माण कई तरीको से हो सकता हे लेकिन तुम सब को मेने धूम्र विज्ञानं के माध्यम से इसका निर्माण कर के दिखाया हे, अगर कोई व्यक्ति अपने मन से किसी भी स्थान पर जाने की इच्छा रखते हुए इसमे प्रवेश करे तो तत्क्षण वह इसमे प्रवेश के साथ दूसरी तरफ ठीक वही स्थान पर निकलेगा जहाँ उसे जाना हे...इसका उपयोग सिद्धयोगी सूक्ष्मजगत से लेके अन्य किसी भी लोक में प्रवेश करने के लिए करता हे, साथ ही साथ अपना कार्य समाप्त करने पर वह उसी तरह निर्गद द्वार में प्रवेश कर के अपने स्थान पर वापस आ जाता हे और इस अवधि तक उस निर्गद द्वार का अस्तित्व बराबर बना रहेगा. एसे कई निर्गद द्वार पृथ्वी के अलावा अन्य लोक में स्थायी रूप से हे जिसका उपयोग सिर्फ सिद्धो के द्वारा ही संभव हे, इतना कहके उन्होंने अपने एक सन्यासी शिष्य को अपनी उंगली से इशारा किया. वह सन्यासी आगे बढे और ३ - ४ फीट लम्बे और महज १ इंच चौड़े उस निर्गद द्वार में धीरे से प्रवेश कर गए जबकि आश्चर्य यह था की वह दूसरी तरफ दिखाई नहीं दे रहे थे ,...गुरुदेव ने कहा की वह दिव्यलोक में घूमने गया हे, वह आ जाए उसके बाद एक एक कर के अन्दर जा के देख लेना. इतना कहके उन्होंने सीधे मेरी तरफ ताका में तो अभी जो भी देखा वह नशे में ही था..जब वह हलके से मुस्कुराये तो मुझे होश आया और मेने वही से खड़े खड़े उनकी अभ्यर्थना में दंडवत किया, जल्द ही उन्होंने मुझे सन्देश दे दिया जो मुझे पहोचाना था.समय बहोत कम था , में उन्हें नमस्कार करके वापस लौटने के लिए पीछे मुडा, न चाहते हुए भी एक द्रष्टि उस द्वार पर पड़ ही गयी वह अपनी जगह पे शून्य में स्थिर था और वह सन्यासी जो उसमे प्रवेश कर गए थे वे बहार आ रहे थे और दुसरे सन्यासी उसमे प्रवेश करने वाले थे...में सोचता हुआ चल पड़ा की हम कितने तुच्छ और बेपरवाह जीवन को जी रहे हे क्यूँ की जो हम जानते हे वह मात्र हमारे जानने का भ्रम हे,ज्ञान अनंत हे जो की सिर्फ सदगुरु के चरणों में बैठ के ही मिल सकता हे

खैर, कुछ दिनों बाद एक और घटना इसी सबंध में देखि.

आओ, कुछ दिखता हु इतना कह के राघवदास बाबाजी आगे बढ़ गए,में ठीक उनके पीछे चल रहा था, उनके साथ चलना मेरे लिए गर्व की बात रही हे, सदगुरुदेव के वे वरिष्ठ सन्यासी शिष्य हे और सदगुरुदेव के आदेश से ही उनसे मिलने का मौका मिला था. कुछ मिल घनेजंगले में चलने पर एक

जगह वह रुके और कुछ जाड़ियाँ हटाते हुए वे कुछ कदम आगे बढे,वहा पे एक बहोत बड़ी पहाड़ी चट्टान से सट के चारो तरफ से विशाल वृक्षों से घिरी हुई एक कुछ १० फीट करीब लम्बी और उतनी ही चौड़ी सपाट जमीन थी, मुझे उसमे कोई खास विशेषता नज़र नहीं आई मगर वहा पे कुछ ज्यादा ही उर्जा का अनुभव दूर से ही हो रहा था. बाबाजी ने कहा की यह एक निर्गद द्वार हे जिसका निर्माण मेने सदगुरुदेव के आदेश से किया हे,

यहाँ के आसपास के सिद्ध इस निर्गद द्वार का उपयोग किया करते हे जिससे उनकी गति पृथ्वी के अलावा ने लोक में भी बनी रहती हे और कई गुप्त आश्रम, अद्रश्य आश्रम व् सूक्ष्म आश्रम में तत्क्षण पहोचने के लिए इसका उपयोग होता आया हे....में आश्चर्य से उनकी और देख रहा था, उन्होंने कहा की तेरी इच्छा एसे कोई निर्गद द्वार को देखने के लिए थी जो स्थायी हो इस लिए तुजे दिखा दिया वर्ना यह अत्यंत

गुप्त हे और इसका ज्ञान ज्यादा किसीको नहीं दिया जाता. वहा पे कुछेक दूर एक सन्यासी थे उन्होंने बाबाजी की और देखा और नमस्कार किया, मुझे एसा लगा जेसे कुछ देर उनमे मौन वार्तालाप चला और उसके बाद बाबाजी ने मेरी तरफ देख के कहा चलो अब चलते हे...मेने जब पीछे मूड के देखा तो वह सन्यासी निर्गद द्वार की तरफ जा रहे थे और जेसे ही वे वहां खड़े रहे, एक क्षण में ही वे अद्रश्य हो गए. में कुछ बोला

नहीं तभी बाबाजी ने कहा की वह सिद्धाश्रम गया हे....मेने और कुछ पूछना उच्चित नहीं समजा बस मुस्कुराता रह गया

एसे कई निर्गद द्वार का निर्माण नक्षत्र तंत्रसे भी हुआ हे और कुछ एक सितारों के बिच में वह

निर्मित होता हे... ब्रम्हांड में एसे कई निर्गद द्वार हे. कहने के जरुरत नहीं की सिद्ध मंडली के सद्श्य वायु गमन करते हुए एसे निर्गद द्वारो का उपयोग विचरण करते हुए आज भी करते हे. निर्गद द्वार अत्यंत ही गुप्त रहते हे और इसके बारे में विवरण देना गुप्तता की मर्यादा को भंग करना हे इस लिए इसका ज्यादा विवरण योग्य नहीं. वेसे रात्रि काल में चमकते सितारों को देख के कौन बता सकता हे की

इसके बिच में वह रास्ता भी हे जो सूक्ष्म जगत में प्रवेश दिलाता हे जहा से विभिन्न लोको की यात्रा प्रारंभ होती हे...

----

the big banyan tree was visible from far away, which was having its own glow. the first face of the night was just begun and with an task I did received chance to visit Paramahansa Nikhileshwaranand and his divine Tantvashram. under the same tree, Sadgurudev Nikhileshwaranand were seated in his immortal form. there were few sanyashi disciples in front of him seated in very disciplined way. about 10 feet far, I made my self stand and bowed to him. Sadgurudev were giving knowledge about

My First Experience with Sabar Mantra

मेरा प्रथम अनुभव साबर मंत्र के साथ

एक सरल प्रयोग

साबर मन्त्रों की प्रसंशा तो हर जगह आई हैं इन दिव्य मंत्रो का तो क्या कहना, गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी राम चरित मानस में इन मन्त्रों के अनमेल योग ओर प्रभाव की महिमा गायी हैं, यहाँ तक की जब वह अपनी हाथ के दर्द से बुरी तरह पीड़ित हो गए ओर किसी भी प्रकार के इलाज से उन्हें राहत नहीं दिखाई दे रही थी तब उन्होंने एक पूरे ग्रन्थ का ही निर्माण साबर मन्त्रों की भाषा के तरीके से भगवान् हनुमान जी की स्तुति के रूप में किया और वह अपनी इस तकलीफ से मुक्त हुए .

यह तो निश्चित हैं की इन मंत्रो का कोई तोड़ नहीं , इनकी तीव्रता का कोई सानी नहीं,प्रभाव की कोई सीमा नहीं , की अनहि संभव हो सकत हैं ओर जीवन के किस विषय को ये नहीं स्पर्श नहीं करते हैं सदगुरुदेव जी एक स्थान पर कहते हैं यदि दो या तीन प्रकार से कोई एक साधना संपन्न हो सकती हैं तो हमेशा साबर साधना के तरीके को ही चुनना चाहिए क्योंकि ये ही तरीका सबसे श्रेष्ठ होता हैं .

मैंने कई बार इन मन्त्रों के बारेमें पढ़ था ,सदगुरुदेव जी ने अनेकों बार इनके विषय में समझाया था पर में तो महाविद्या साध ना या अन्य साधना में ही रूचि रखता था, साबर साधना पर कोई विशेष ध्यान नहीं था.

उसी दौरान एक बार मैं दांत के दर्द से बुरी तरह पीड़ित हो गया , कितने इलाज करवाए पर कोई विशेष लाभ नहीं होता दिख रहा था , आप मेंसे जो दांत के दर्द के भुक्त भोगी कभी रहे हैं वह स्वयं जान सकते हैं , रूट कैनाल सर्जरी के बाद भी कुछ विशेष लाभ नहीं मिल पाया .

तभी मुझे अचानक सदगुरुदेव जी की एक बात याद आई किजब कभी तात्कालिक परिस्थिति मैं लाभ प्राप्त करना हो तो एक दम से बड़ी साधन प्रारंभ करना वैसा ही हैं जैसे की सिरदर्द को दूर करने के लिए पूरा मेडिकल शास्त्र पढना चालू करना जहाँ मात्र एक गोली से काम हो सकता हैं तो बड़ी प्रक्रिया क्यों.

यह याद आते ही मैंने एक जगह दांत के दर्द से सम्बंधित मंत्र देखा जिसमें असर तो अच्छूक लिखा था पर सिध्ह करने की कोई विधि ही नहीं थी, अत्यंत ही सरल प्रक्रिया थी. उस विधि को मैं ने प्रारंभ कर दिया . मंत्र दो दिन के अन्दर ही दर्द सामाप्त हो गया तब से आज तक कभी दर्द फिर से लौटा नहीं, पर कभी सम्भावनाये दिखी तब इस मन्त्र अक थोडा सा जप ने पुनः दर्द आने की सम्भावनाये क्षीण कर दी .

विधि इस प्रकार्र हैं

भोजन करने के उपरान्त हाथ मैं जल लेकर इस मंत्र को सात बार पढ़े फिर इसी अभिमंत्रित जल से कुल्ला कर ले, सात बार करें ओर आप इसी प्रकिर्या को प्रतिदिन करें , आप इस मंत्र के चमत्कारिक परिणाम देख कर आश्चर्य चकित हो जायेंगे.

काहे रिसियाए हम तो हैं अकेला , तुम हो बत्तीस बार हमजोला,
हम लाये तुमबैठे खाओ , अन्तकाल में संग ही जाओ ..

****

My First experience with Sabar mantra

On many places the importance of theses sabar mantra expressed in many ways and its quite natural that what can be said about theses great mantra. Goswami tulsidas (the writer of shri ram charit manas) also expressed the greatness, important of thses mantra in which combination of various various word often does not create any straight meaning, but truth still lies, even once goswami ji had a very high pain in his arm he tried all the way but pain was still there, at that time a wrote a complete book named “Hanumaan bahuk” , and after that his pain totally vanished, what is the special point on this book , actually if one goes that book find that all book has been written like a sabar mantra style and on various place Bhagvaan hanuman has been remembered and asked to remove the pain,

This is sure that there is no equal of theses type of mantra in term of effect and simplicity. There is no limitation of theses mantra they touch every aspect of life.

Maha Siddh Yogtryanand JI

अद्भुत महा सिद्ध शिवयोगत्र्यानंद जी

उन्ही की कृपा से प्राप्त कुछ दुर्लभ प्रयोग

उस गुफा में बैठे बैठे में देख रहा था अपने सामने जल रही लकडियों को. कैसे और क्यों आना हुआ यहाँ आखिर किससे मुलाकात होनी है कुछ भी अंदाजा नहीं बस सदगुरुदेव के कहने पर ही उनके आशीर्वाद से पहोच गया में...कुछ ही देर में होने वाली थी यहाँ पे सिद्ध साधको की एक मुलाकात या यु कहा जाए की तांत्रिक सम्मलेन, लेकिन अभी तो यहाँ पे कोई नहीं है, में अकेला अपने आप में खोया हुआ बैठा था कभी कभी नज़र भर के देख लेता था उस लंबी चौड़ी गुफा में चारो और. पता नहीं कितना समय हो गया था और तभी एक तरफ से कोई दुबला पतला संयाशी आया मेने उसे रोक के कुछ पूछना चाह लेकिन उसने खामोश रहने का इशारा करते हुए एक तरफ को निकल गया या यु कहू की अद्रश्य ही हो गया...क्या करू यही सोच में बैठा रहा थोड़ी देर और फिर से देखने लगा उस आग को...और कुछ था भी तो नहीं उस पूरी गुफा में...तभी अचानक मुझे लगा की जेसे कोई मेरे पीछे खड़ा है, मेने पीछे मुड के देखा तो आँखे फटी की फटी रह गयी...लगभग सादे छे फूट का भरी भरकम कद...जटा एसी की मजबूत रस्सियों को परस्पर गूँथ दिया हो..गले में कुछ माला पहनी हुयी सी जो किस पदार्थ की थी में जान नहीं पाया...पूरा शरीर निर्वस्त्र आँखों के डोरे लाल..चेहरे पर लालिमा लिए हुए गोरापन उन्नत ललाट...एक गजब का आकर्षण था उस सन्याशी में की में देखता ही रह गया..कुछ सोच विचार करने की किंचित भी शक्ति नहीं रह गयी थी...भले ही उनका रूप अत्यादिक डरावना था लेकिन उनके चेहरे पर गजब की सौम्यता छाई हुयी थी...मेरे कंधे पर हाथ रख के वे किंचित मुस्कुरा दिए...में समज गया की यही है मुझे यहाँ भेजने का उद्देश्य...वह व्यक्ति थे साधको में विख्यात कापालिक शिवयोगत्रयानंदजी...इस व्यक्तित्व के बारे में तो यहाँ तक मसहुर हे की इन्होने कापालिक मार्ग से वे सिद्धिया प्राप्त की है जिनके बारे में साधक कल्पना भी नहीं कर सकता. यहाँ तक

की उन्होंने वाम मार्ग से धूमावती साधना सिद्ध की हे जो की अत्यधिक दुष्कर है जिसे सिद्ध करने पर साधक को रुपनुरुप्य सिद्धि प्राप्त होती है, पल भर में वह अपना रूप जू चाहे वैसे बदल लेता है...उन्होंने मुझे अपने पास बैठाया. उस दिन उनसे साधनाओ के बारे में काफी विस्तार से बात हुई. थोड़ी देर बाद उन्होंने रूप परिवर्तन का एक प्रयोग कर के भी दिखाया, एक क्षण मात्र में वह एक विदेशी युवक के रूप में मेरे सामने परावर्तित हो गए, उन्होंने न सिर्फ अपने श्रुशुत भी हटा लिए, कद छोटा कर लिया, उम्र तो अत्यधिक कम हो ही गयी थी, वर्ण भी थोडा गोरा हो गया था, तथा कपडे भी कुछ पश्चिमी सभ्यता के आ गए थे उनके शरीर पर और ये सब हुआ मात्र एक क्षण में...भौचक्का सा देखता रह गया में...निश्चय ही यह महान व्यक्तित्व है इसमे कोई दो राय नहीं...उन्होंने बताया की केसे सदगुरुदेव निखिलेश्वरानंदजी ने उनको साधनात्मक सहयोग प्रदान किया था और वे जो भी हे उनमे निखिलेश्वरानंदजी का बहोत बड़ा योगदान है... बाते होती रही और कब मेरा समय समाप्त हो गया पता ही नहीं चला...कुछ ही देर में यहाँ सिद्धो का जमावड़ा होने वाला था...तभी एक युवक सन्याशी ने अंदर आके कहा की माँ आने वाली है साथ में स्वामीजी भी पधारने वाले है...में समज गया की अब मेरा जाने का समय है..गुफाद्वार तक वे मेरे साथ चले तब तक उन्होंने अपना रूप वापस सन्याशी का कर लिया था...ऐसे महान व्यक्ति के पास अक्षय भंडार था साधनाओ का...साबर साधनाओ में भी वे सिद्धहस्त रहे हे...उन्ही के द्वारा प्रदान कुछ साबर साधनाओ को में यहाँ प्रस्तुत कर रहा हू...

मतभेद नाशन साधना:

गृहस्थ साधको के लिए मेने जब कोई साधना के लिए प्रार्थना की तब उन्होंने यह प्रयोग बताया था. इस साधना के अन्तरगत अगर आपका किसी के साथ भी मतभेद हो गया हो चाहे पति पत्नी मित्र प्रेमी प्रेमिका या फिर आपके कार्य क्षेत्र में, तब साधक को इस साधना को करना चाहिए.

इस साधना के लिए एक शियारशिंगी की जरुरत रहती है, अगर शियारशिंगी उपलब्ध न हो सके तो साधक वटवृक्ष का पत्ता ले, लेकिन कोशिश यही रहे की प्रयोग शियारशिंगी पर ही किया जाए. अपने सामने एक थाली रखे उसमे इच्छित व्यक्ति का नाम काजल से लिखे. उसके ऊपर शियारशिंगी स्थापित कर ले अब उस पर गुलाब का पुष्प चढ़ाये और कलि हकीक माला से निम्न मंत्र की रात्रि में १० बजे के बाद २१ माला मंत्र जाप करे. इसमे दिशा उत्तर रहे, वस्त्र आसान लाल रहे. इस साधना को किसी भी वार से शुरू किया जा सकता है.

मंत्र : कालिके माता मोरी कर भलाई का काम जीवे राखो जीवे चाखो करो दूर ठूं

यह क्रम ७ रात्रि तक नित्य करना है.

७ दिन बाद जब आप उस व्यक्ति के सामने जाए तो मन ही मन इस मंत्र का उस व्यक्ति के सामने ७ बार उच्चारण करना है. परिस्थितिया अनुकूल हो जाएंगी.

साबर मंत्रो में शब्दों के मतलब पर ध्यान नहीं दिया जाता वरन उसका प्रभाव देखा जाता है. इस प्रयोग को गुप्त रूप से किया जाता हे तथा प्रयोग कर लेने के बाद भी इसका उल्लेख कभी किसी के सामने नहीं किया जाना चाहिए.

शत्रु बाधा निवारण प्रयोग:

अगर जीवन में कोई शत्रु परेशान कर रहा हो तो यह प्रयोग को अजमा लेना चाहिए. यह प्रयोग अत्यधिक प्रभावशाली है और शत्रु को दूर कर देता है

इस साधना को साधक अमावश्या की रात्रि को सम्प्पन करे. यह उग्र प्रयोग हे, साधक को भयंकर आवाजे भी सुनाई दे सकती है, अतः साधक अपने क्षमता के अनुसार ही इस प्रयोग का चयन करे. साधक को रात्रि में ११:३० बजे का बाद यह प्रयोग आरंभ करना है, इस प्रयोग में दिशा दक्षिण रहे. वस्त्र काले रहे तथा आसान स्मशान भस्म का रहे.

अपने सामने एक तेल का दीपक लगाये जो की साधना पूर्ण होने तक जलता रहे. इसके बाद निम्न मंत्र की ५१ माला जाप उसी रात्रि में सम्प्पन हो जनि चाहिए

ॐ **भैरव अमुक शत्रु उच्चाटय मम रक्षा कुरु में नमः**

इसमे अमुक की जगह शत्रु का नाम लेना है. इस साधना में कलि हकीक माला का उपयोग होता है, साधना के दूसरे दिन माला को नदी में विसर्जित कर दे, यह मात्र एक रात्रि का ही प्रयोग है.

****

Adbhut maha siddh Shivyogtryanand ji

(two very important from his blessing)

While sitting in that cave I was watching the wood sticks burning in front of me. How and why I came here, whom I was suppose to meet, there was no idea just with words of sadgurudev seeking his blessings I went…in a very short time it was about to occur a meeting of accomplished Sadhaks here or in other word Tantrik Sammelan, but at present no one is here, I was all alone sitting there lost in myself. Sometime was used to look at the long wide cave. Was not aware how long the time passed and at the same time a thin sanyashi came from one direction, I tried to stop him and ask something but he gestured me to stay quiet and went to other direction or let say he went invisible…

With wonder what to do I set there for some more time and kept looking at the fire…elsewhere nothing was filled in that cave…the same moment I felt that someone is standing behind my back. When I looked back, my eyes went wide in shock…a heavy body of almost 6 and half foots…Jata was like strong ropes are bounded together…a rosary around a neck made of something which I was unable to identify…full naked body, red eyes…a very fair complexion of

Nath Siddh Pratykshikaran Sadhana

नाथ सिद्ध प्रत्यक्षीकरण साधना

जिनके दर्शन पाना ही दिव्यता हैं ...

आज, जगत के आध्यात्म में भारतीय सिद्ध प्रणाली की एक महत्वपूर्ण भूमिका है. साधना जगत में इसे आश्चर्य ही कहा जाएगा अगर कोई साधक ९ नाथ व् ८४ सिद्धो के बारे में नहीं जनता हो. ९ नाथ वह प्रारंभिक व्यक्तित्व है जिन्होंने साधना की उच्चतम स्थिति को प्राप्त किया था और अघोर वाम कॉल साबर और योग के विशेष साधनात्मक ज्ञान का प्रचार किया था.भगवान दत्तात्रेय के आशीर्वाद से वे साधना क्षेत्र में नए मंत्रो की रचना करने में समर्थ थे और इसी तरह उन्होंने करोडो साबर मंत्रो की रचना की जो की संस्कृत भाषा में न होते हुए सामान्यजन भाषा में थे. जिससे सामान्य व्यक्ति भी सफलता को प्राप्त करने लगा जो की उन्हें पहले उच्चारण दोष की वजह से नहीं मिल पाई थी. इस तरह ९ नाथ ने अपना कार्य पूर्ण किया, चूँकि वे मनुष्य योनिज नहीं थे, वे आज भी उनके मूल शरीर में विद्यमान है और आज भी कई साधको को सशरीर आशीर्वाद देते है. ८४ सिद्धो के लिए भी यही मान्य है. ८४ सिद्ध जिसमे कई सिद्ध नाथ का भी समावेश होता हे वह वो मंडली हे जो की सबसे उच्चतम साधनात्मक स्थिति को प्राप्त साधको की मंडली मानी जाती है जो की तांत्रिक व् योग्तान्त्रिक साधनाओ में निष्णांत है, उनमेसे कुछ रसायन में भी सिद्धहस्त है. इन महान सिद्धयोगियो का आशीर्वाद लेना व् उनसे साधना के क्षेत्र में मार्गदर्शन लेना किसीभी साधक का सर्वोच्च भाग्योदय व् एक मधुर स्वप्न सामान है.

इस विषय में एसी कई साधना हे जो साधक की इस इच्छा को पूर्ण करे. लेकिन यह करिये बहोत ही कठोर और समय लेने

वाली होती हे फिरभी साधको की मन की छह होती हे एसी साधनाए करना. फिर भी इन कठोर साधनाओ के मध्य भी एक ऐसी साधना हे जो सहज हे अगर इसे दूसरी साधनाओ के साथ देखा जाए तो और यह साधना साधक उन महान व्यक्तित्व के आशीर्वाद प्राप्त करने की अपनी महेच्छा को पूर्ण करा सकती है. यह साधना को मेने सदगुरुदेव से प्राप्त किया था.

साधना के लिए साधक के पास एक अलग कमरा हो जिसमे दूसरा कोई भी व्यक्ति प्रवेश न करे. इस साधना में कठोर नियमोंका पालन करना पड़ता है.

ब्रम्हचर्य पालन अनिवार्य है

भोजन में एक समाज फलाहार लिया जा सकता है, दूध कभीभी ले सकते है. साधक को और कुछ भी ग्रहण नहीं करना चाहिए

साधना काल में साधक कोई भाई व्यसन जैसे की मदिरा या तम्बाकू का युअग कर दे

साधना काल में क्षोरकर्म न करवाए

साधना कक्ष का फर्श गोबर से लिपा हुआ हो

आसान और वस्त्र पीले रंग के हो. दिशा उत्तर हो.

अपने सामने पूजास्थान पर एक सुपारी रखे, यह सिद्ध का प्रतिक है. इसका नियमित पूजन करे. भोग में मिठाई का उपयोग कर सकते है. ताजे फूल ही उपयोग में लाए.

अखंड दीप प्रज्वलित करना है जो की पुरे साधना काल दरमियाँ जलता रहे.

रात्रि में ९ बजे के बाद स्फटिक माला से निम्न मंत्र का जाप करे

ॐ प्रकट सिद्ध अमुकं प्रत्यक्ष आण महादेव की

अमुकं की जगह इच्छित सिद्ध के नाम का उच्चारण करे

कुल १,२५,००० मंत्र जाप होने चाहिए जिसे २१ या कम दिनों में पूरा करना है. मंत्रजाप की संख्या रोज एक ही रहे.

साधना के अंतिम दिन सिद्ध सशरीर प्रत्यक्ष होते है और इच्छापूर्ति का आशीर्वाद देते है.

****

Nath Siddh Praytkshikaran Sadhana

The siddha tradition of india is one of the major role play in the spiritualism today. In sadhana world, it would be surprise if someone is not aware about Nav Nath and Chaurasi Siddha. The 9 nath are the very basic people who were able to attain highest spiritual levels and spread knowledge of very special sadhana of Aghora Vaam Kaul Shabar and Yoga too. With the

Adbhut Sadhana's received from Sadgurudev

मनोमय जगत की साधनाए जो सदगुरुदेव से प्राप्त हुयी

जो विधान आज तक गोपनीय ही रहा अब आपके सामने ....

सृष्टि अपने आपमें अनंत रहस्यों को अपने आपमें समाये हुए हे. जो भाग हम अपनी आँखों से देख रहे हे वह तो मात्र एक बूँद ही हे जो इस महासागर का एक अत्यधिक न्यून हिस्सा हे. जिस प्रकार दूध में धृत होता तो हे लेकिन वह सामान्य अवस्था में दिखाई नहीं देता ठीक उसी तरह इसी स्थूल जगत में समाहित हे कई जगत और यु कहा जाए की अनंत जगत और अनगिनत रहस्य. यु तो सूक्ष्म जगत साधको के मध्य प्रचलित रहा हे लेकिन जब साधक सूक्ष्म जगत में निर्गद द्वार से प्रवेश करता हे और जेसे जेसे अभ्यास बढाता जाता हे, आगे की जटिल क्रियाओ के माध्यम से वह जगत भेदन में सफलता प्राप्त कर लेता हे. यु मेने भी परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी से सूक्ष्म जगत से आगे के कई रहस्य समजे. जिसमेसे एक था मनोमय जगत

मनोमय जगत का आधार सूक्ष्म जगत की अंतिम अवस्था दिव्यतम जगत और माया जगत के मध्य स्थित हे. इस प्रकार यह जगत अपने आपमें कई कारणवश अत्यधिक महत्वपूर्ण हे. इस जगत में प्रवेश के बाद साधक को अत्यधिक महत्वपूर्ण साधनाओ का ज्ञान दिया जाता हे जो की अत्यधिक सहज ही होती हे लेकिन उसका प्रभाव अचूक होता हे. दूसरी ओर ये साधनाए इस प्रकार से निर्मित होती हे की वह सहज प्रयास में ही साधक को सफलता प्रदान करने में समर्थ होती हे.

यह जगत की सबसे बड़ी विशेषता यह हे की मनोमय जगत अनंत मन से जुड़ा हुआ होता हे तथा मन ही केन्द्रीभूत होने से इस जगत की गति मनोमय ही होती हे. यु इस जगत में साधना करने पर साधक अपने मन की गति से साधना समाप्त कर

सकता हे यु एक क्षण में वह चाहे तो सेकडो साधनाए भी सम्प्पन कर सकते हे. इस लिए अत्यधिक कम लौकिक समय में ही व्यक्ति साधना सम्प्पन हो सकता हे. यह क्रियाए इतनी सहजभी नहीं हे. इस क्रियाओ को मात्र सदगुरुदेव के चरणों में बैठ कर ही समजा जा सकता हे.

मनोमय जगत की अलौकिक और विचित्र साधनाओ में सभी प्रकार की साधनाए समाहित होती हे. चारो तरफ बिखरा हुआ शुभ्र स्वच्छ प्रकाश, मन में जिस भाव या जिस विचार को उत्प्पन किया जाता हे वह तुरंत स्थूल रूप धारण कर लेता हे. इस प्रकार के दिव्य जगत की साधनाए कितनी महत्वपूर्ण होती हे वह तो सिर्फ अनुमान ही लगाया जा सकता हे. सदगुरुदेव निखिलेश्वरानंदजी की कृपा से उस दिव्य जगत में साबर साधनाओ का भी अभ्यास उनके शिष्यों द्वारा होता आया हे. कुछ एसी ही अलौकिक व् दिव्य साबर साधनाए आगे में प्रस्तुत कर रहा हू जो मुझे सदगुरुदेव निखिलेश्वरानंदजी की कृपा से वह दिव्य मनोमय जगत में प्राप्त हुयी थी

ध्यान प्राप्ति साधना:

यु तो ध्यान मात्र अभ्यास का विषय हे और जेसे की सदगुरुदेव ने कहा हे की तुरंत ही ध्यान लग जाए एसी कोई साधना नहीं हे, यह एक अभ्यास हे जो निरंतर करते रहने से ही सिद्धि प्रदान करता हे, लेकिन मुझे सदगुरुदेव से यह साधना प्राप्त हुयी थी जिसके विषय में उन्होंने कहा था की यह साधना करने पर साधक की ध्यान में आगे बढ़ाने की गति अत्यधिक तीव्र हो जाती हे और साधक कुछ दिनों तक इसका अभ्यास करता रहे तो उसे पूर्ण ध्यान की प्राप्ति इस साधना के सहयोग से अत्यधिक कम समय में हो जाती हे

यह साधना ब्रम्ह मुहूर्त में ही की जाती हे. दिशा उत्तर रहे. वस्त्र और आसान सफ़ेद हो. साधक को इसमे किसी भी प्रकार की माला का उपयोग नहीं करना हे. पद्मासन लगाने के बाद साधक आँखे बांध कर निम्न मंत्र का उच्चारण मन ही मन तब करना हे जब वायु कुम्भक अवस्था में हो. कहने का मतलब ये हे की साँस अंदर लेने के बाद इस मंत्र का मन ही मन उच्चारण कर के बहार निकले

ॐ कृष्णाय ध्यान प्रदाय कर जगत पतये नमः

मंत्र का उच्चारण करते वक्त आँखे बंद रहे और आतंरिक त्राटक भृकुटी के मध्य रहे. रोज नियमित रूप से इस मंत्र का ब्रम्ह मुहूर्त में मात्र १ घंटे जाप करना हे. यह प्रयोग २१ दिन का हे. जिसे किसी भी वार से शुरू किया जा सकता हे.

विचारशून्य मस्तिस्क के लिए:

कई बार अत्यधिक विचारों से मन बोजिल हो जाता हे और मानसिक संतुलन बिगडने लग जाता हे. यु कई बार साधक साधना के दौरान कई प्रकार के विचारों से त्रस्त रहता हे व् मानसिक उर्जा का क्षय यथा योग्य न हो कर के विभिन्न दिशाओ में मन भटक जाता हे जिससे हताशा और निराशा जेसी गंभीर मानसिक बीमारी स्वाभाविक हे. साबर साधना की उच्च कोटि की साधनाओ में से एक गुप्त साधना हे जो विचारशून्य मानस के लिए अचूक हे और जो सिर्फ मनोमय जगत के साधको के मध्य प्रचलित रही हे

यह साधना को गुरुवार से शुरू करे. यु यह साधना या तो मध्य रात्रि में १२ बजे के बाद की जाती हे लेकीन अगर यह संभव

न हो तो साधक इसे ब्रम्ह मुहूर्त में करे.

अपने सामने लोबान धुप को जला ले, साधना के दौरान साधना कक्ष में साधक के अलावा और कोई न हो. वस्त्र इसमे श्वेत रहे दिशा दक्षिण. फिर साधक श्वेत आसान पर बैठ कर एक हरा कपड़ा या हरा धागा अपनी दाहिनी बांह पर बांध ले और उसके बाद निम्न मंत्र का जाप २ घंटे तक करे. इस साधना में जप काल के दौरान पसीना आना स्वाभाविक हे

उलेउल्लाही उलेउल्लाही उलेउल्लाही

यह साधना ७ दिन तक करनी हे. ७ दिन तक दरगाह या मजार पर जा कर साधना सफलता के लिए दुआ करनी चाहिए. ८ वे दिन वह धागा या कपडा अपने हाथ से अलग कर के माजर या दरगाह पर चडा दे.

तंत्र शक्ति जागरण साधना:

हर एक तत्र साधक चाहता हे की वह अपनी तांत्रिक साधनाओ में आगे बढे और बढाता ही जाए लेकिन यु होता नहीं हे, इसका कारण यह होता हे की शरीर में निहित स्व तंत्र शक्ति सुषुप्त अवस्था में होती हे, यु मनुष्य खुद ही तंत्र स्वरुप हे क्यूँ की वह जिस ब्रम्ह की खोज कर रहा होता हे, मनुष्य उसका ही तो अंश हे. यु यह शक्ति की प्राथमिक साधना हे जिसे करने पर साधक के अंदर शौर्य व् निडरता का आभास होने लगता हे तथा उसका मन पहले की अपेक्षा ज्यादा लक्ष्य केंद्रित होता हे

यह साधना मंगलवार से शुरू होती हे. जिसमे दिशा उत्तर रहे. वस्त्र काले हो. भूमि पर ही आसान रहे, अगर साधक चाहे तो स्मशान भस्म का आसान भी बना सकता हे लेकिन और कोई आसान न रहे. यह साधना रात्रि में १.३० बजे के बाद शुरू करे. अपने सामने शिव का कोई चित्र स्थापित करे और अगरबत्ती जलाए. उसके बाद निम्न मंत्र की रुद्राक्ष माला से ११ माला जाप करना हे

ॐ शंकर जटा खोले शक्ति जरे स्वाहा

यह क्रम ७ दिन तक बना रहे. साधक इन ७ दिनों में अपने आप में वह बदलाव अनुभव करने लगेगा जो की हर एक तांत्रिक साधना की भावभूमि हे.

****

Manomay jagat ki sadhanaye jo ki Sadgurudev ji se prapt hue

The world lays infinite secrets in itself. The part of the world we are watching is just as small as drop of an ocean. The way milk owns butter in itself but it is invisible in its normal state, exactly the same way the sthool jagat or world contains so many worlds or we can say infinite worlds and innumerable secrets. Well, the Sukshm Jagat had remained famous among sadhak but when Sadhak enters into Sukshm Jagat from Nirgad dwar and when step by step the exercise increases, he may get success through some difficult processes of Jagat bhedan. This way, I

Ayurved

आयुर्वेद और सौंदर्य समस्याओं का समाधान

कौन नहीं चाहता की वह एक स्वास्थ्य शारीर का स्वामी हो , पूर्ण निरोगी शारीर तो स्वपन ही हैं पर सामान्य भाषा के अनुसार भी तो श रीर खरा उतरे , हर छोटी से बीमारी में एलॉपथी दवाइयां लेना ज्यादातर उचित तो नहीं कहा जा सकता पर यदि आप आवश्यक समझे तो इन बातों को ध्यान में रखें जिससे की आपका शरीर स्वास्थ्य रह सके ओर ज्यादा साधना मय हो सकें .

1. अस्वगंधा चूर्ण को एक चम्मच ले कर मीठा दूध पि ले यह बहुत ही गुणकारी औषधि हैं , इसे सभी लोग लेसकते हैं.
2. पानी में थोडा सा अजवाये न और एक चम्मच भर नमक दाल कर उबाले और इसकी भाप को किसी गिले कपडे में सोखकर यदि जोड़ पर इस कपडे को लगाये तो यह दर्द दूर करता हैं .
3. भोजन के अंत में थोडा सा गुड खाना भी लाभदायक हैं.
4. एक बादाम को अच्छे से घिस कर उसे दूध में मिलकर प्रतिदिन पिए यह तो बेहद लाभदायक हैं पर ध्यान रहे बादाम अच्छी तरह से बिलकुल महीन से महीन पीस ले क्यों यह इस तरह से ही असर दिखाती हैं.
5. शहद के साथ मांस मच्छली और मुली का सेवन कभी न करे यह बेहद नुक्सान देहक हैं.
6. यदि किसी को दस्त न रुक रहे हो तो आधा कप चाय ओर आधा कप मिलकर पिने से भी आ राम मिलाता हैं
7. जहाँ मधुमख्खी ने काटा हो वहां पर प्याज का रस लगाये दर्द ओर सुजन दोनों की कम होगी.
8. बेशरम के पौधे/झाड़ी का दूध जहाँ दाद हो रही हो वहां लगाये , २/३ दिन में दाद समाप्त हो

जाएगी

9. आधा चम्मच काली मिर्च थोड़े से घी में मिलाकर लेने से (दिन में दो बार) नेत्र ज्योति ठीक होती हैं .
10. गुलाब के फूल की पंखुडियां को दूध में मिलाकर इस दूध को लेप की तरह चेहरे में लगाये फिर आधे घंटे बाद धो ले , यह चेहरे की कांति वर्धक होगा

****

Who do not want to be have a healthy body , a body completely free from all type of dieses is a dream, but taking allopathic medicine in every small problem can not be consider good. If have time than follow some of the tips so that you can have healthy body and able to devote more time in sadhana.

1. If Ashwagandha powder taken about one spoon with milk(with sugar) proved to be very good from health point of view.
2. If little bit ajvayan and salt added to water and vapors of that water when heated absorbs in clean cloth, and if applied on joint, this reduces pain.
3. Eating gud at the end of meals is good for digestion.
4. Almonds if finely make powder type and taken with milk, than prove d to be very effective for health purpose.
5. Never take fish, meat, muli with honey, thi sbeacmes very harmful.
6. To stop loose motion ,drink mix. of half cup water plus half cup tea only once .
7. Aaply onion juice on the place where honey bee bite you .it heal the pain .
8. To remove daad (eczema a skin dieses) apply milk of beshram plants, in 2/3 days you will get relief.
9. With ghee if half spoon black pepar taken than it will be good for eye sight.
10. Mix some rose petals with milk and apply on your face and wash after half an hour, good for face.

Totaka Vigyan

अचूक टोटके-जिनका प्रभाव होता ही है

दिन प्रति दिन का जीवन तो अनेको समस्याओ से घिरा ही हुआ हैं और व्यक्ति उनसे मुक्ति पाने के लिए प्रयासरत रहता ही हैं पर यह भी सत्य हैं की
यह हमेशा संभव नहीं हो ता की हमारे पास बड़ी साधनाओ में बैठने के लिए समय हो ही . इन परिस्थिति मैं यह सरल प्रयोग / टोटके हमारी सहायता के लिए एक रास्ता दिखाते हैं . इसलिए इस श्रंखला में कुछ ऐसे ही टोटके आपके जीवन के रस्ते को सरल बनाने के लिए ...

1. अमावस्या को खीर बनाये ओर उसे गाय को खिला दे यह पितृ दोष को समाप्त करता हैं .
2. घर की ऋण आत्मक उर्जा को समाप्त करने के लिए जब भी पौछा लगाया जा रहा हो तो उपयोग किये जा रहे पानी में थोडा सा नमक मिला ले .
3. किसी भी अपनी रोटी का एक चोथाई भाग गाय को ओर इतना ही बाग़ कुत्ते को खिला दे यह किसी भी बीमारी से ठीक होने में अत्यधिक लाभदायक होता हैं.
4. किसी भी फिटकरी के टुकड़े से इशान दिशा में स्वस्तिक बना दे यह मानसिक शांति प्राप्त करने में अत्यधिक लाभदायक होता हैं

5. जब सुबह अपनी दुकान खोल रहे हो ठीक उसी तरह जब दुकान बंद कर रहे हो तो यदि आप अपने प्रतिष्ठान का मुख्य दरवाजे को स्पर्श करते हैं तो यह उसकी सुरक्षा के लिए बहुत अच्छा होता हैं .
6. शत्रुओं से रक्षा के लिए प्रतिदिन प्रातः हनुमान चालीसा का पाठ करें.
7. मानसिक तनाब , अवसाद से मुक्ति के लिए भगवान् शंकर ओर शनि की पूजा करें
8. अपने घर में ९ बत्तियो वाला घी से भरा दिया जलाये यह धनागम के लिए अच्छा रहता हैं
9. अपनी क्षमतानुसार कुछ न कुछ दान करते रहे यह आपकी मानसिक शांति के लिए भी अच्छा रहता हैं.
10. जब भी शमशान से गुजरे कुछ सिक्के वहां पर डाल दे यह आपको कथोंय के समय सहायता दिलवाएंगे.

****

Totke for you .

Everyday life is full of complexity and one always try to get solution of the problem he /she is facing , and this also true that its not always possible that we have time for big sadhana, that's why some small prayog or totke comes to helps us. In this series we presents theses small totke that can help to ease your life.

1. make a kheer on amavasya and after that offer that to cow help to reduses the pitra dosh.
2. While washing home with clothe (pouchha) add small amount of salt in water, the reduces the negative energy in home.
3. Offer fourth part to cow and fourth part to dog or your chapatti , gives you benefit in any dieses.
4. Take fitkari and make a swastika on that place in north east side help to gain mantel health.
5. Every day on opening of and on the closing time one should touch the main door of his establishment from his head , this will give protection to his establishment.
6. Chant every day “ hanuman chahlisa “ is also a way from protection from enemy.
7. One who are depressed and tense he should have to pooja of shiv and shani too. He will get much relief.
8. Light a earthen lamp of ghee with nine batis, is good for financial purpose.
9. According to your ability offer some money as a daan to needed people.

तंत्र कौमुदी
सौन्दर्य तंत्र और कायाकल्प तंत्र महाविशेषांक
Sixth iSSue – August 2011
Part - i
Tantra kaumudi

Name of the Articles

Part -1

Part - 2

You can Contact Us at nikhilalchemy2@yahoo.com.

SADGURUDEV - PRASANG

एक दिन सदगुरुदेव और उनके साधना कक्ष में

क्या होती हैं सदगुरुदेव की महिमा,क्या हो ती हैं उनके साथ न रहने कि कसक आखों में भी नहीं दिल तकमे उतर गया था एक सुना पन.

स्वामी विस्व्बोधानंद जीद्वारा एक संस्मरण ...

किकैसे उनका एक पूरा दिन सदगुरुदेव जी के सानिद्ध्य में व्यतीत हुआ अनोखी रोमांचक अनुभूतियो के साथ..

कैसे भूल सकता हूँ वह २० फरबरी १९८७ का दिन ,जिस दिन मुझे उनके सानिध्य में पुरे २४ घंटे समय व्यतीत करने

का मौका मिला, और आज पूरे ३९ वर्षो के बाद उनके सदेह स्वरुप के दर्शन का सौभाग्य मुझे मिलने जा रहा था, आज से लगभग ४० वर्ष पूर्व उन्होंने परम गुरुदेव स्वामी सच्चिदानंद जी के आदेश पर जब इस धरा पर आध्यात्म को पुनर्स्थापित करने की आज्ञा मिली थी , तब से उसने टेले पैथी के द्वारा निर्देशन और मार्गदर्शन मिलता रहा हिं पर उनके सदेह दर्शन कि कामना मन में बढती रहिहैं . और इसी बाल इच्छा को उनके सामने व्यक्त करदिया शायद माँ नित्य लीला विहारणी की कोई इच्छा होगी किजिसके माध्यम से वह सिद्धाश्रम स्थित योगी को भी बताना चाहती थी की इस तरह कि विपरीत परिस्थिया ओर अपमान जनक स्थितिया किस तरह सहन कर नी पड़ती हैं.

जिस दिन मुझे आज्ञा मिली उसके दुसरे दिन ही मैं शून्य मार्ग से जोधपुर में था,प्रातः काल का समय था पूज्यनीय माता जी तुलसी पर जल अर्पित कर रहीथी , तभी कुछ क्षणों के बाद्सद्गुरुदेव अपने कक्ष से बाहार निकल करसामने आये, परम हंस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी को इस तरह सामान्य गृहस्थ रूप में एकबार तो मुझ जैसा योगी जो योग तंत्र की उच्च अवस्था मे हैं एक क्षण के लिए भ्रमित सा हो गया .प् र सदगुरुदेव तो सदगुरुदेव होते हैं मेरे मानों भाव को पढ़ते हुए अगले क्षण वही दर्प उनके मुखमंडल में दिखाई दिया और मैं नतमस्तक था, और उनके चरण स्पर्श किया.

सुबह के सात बज रहे थे सदगुरुदेव जी ने मुझे अपने साथ पीछे आने को कहा , जहाँ सैकड़ों मिलने वाले उनका इंतज़ार कररहे थे , सभी सदगुरुदेव को देख कर प्रफुल्लित हो गए अब सदगुरुदेव सभी से व्यक्तिगत मिल रहे थे उनकी दिन प्रति दिन की समस्याए सुलझा रहे थे . साथ हिसाथ फोन कॉल पर भी फिर चाहे वह उच्च वर्ग के व्यक्ति हो या सामान्य की समस्याओ का निराकरण भी करते जा रहे थे, ,फिर चाहे मन्त्र तंत्र यन्त्र विज्ञानं मासिक पत्रिका से सम्बंधित निर्देशन हो या किसीभी साधक या शिष्य के आये हुए पत्र का किस तरह से उत्तर देना व्यक्तिगत रूप से निर्देशन कर रहे थे, यह सब बिना किसी तनाव के वह करते जा रहे थे, उन्हें इस तरह कार्य करते देखन भी एक अद्भुत अनुभव था, जिनके सामने हिमालय का उच्च से उच्च स्तर का योगी भी सामने आने से और एक सेक ण्ड का समय लेने से पहले भी कई बार सोचता हैं , उन्हें इस तरह कार्य करते देख कर मुझे दुःख भी होरहा था किउनके कार्यों का समाज द्वारा अभी भी मूल्याङ्कन नहीं हो पा रहा हैं.

तीन बज रहे थे तभी माताजी के स्वयं आने के बाद भोजन के लिए सदगुरुदेव बड़ी ही अनिच्छा से उठे, फिर भोजन के उपरान्त सदगुरुदेव अपने गोपनीय दुर्लभ सधान्त्मक ग्रंथो के लेखन में लग गए कब शाम हो गयी पता हि नही चला चला तभी पूजा कक्ष से गुंजरित होती शंख की ध्वनि इस बात का संकेत था की सायं काल आरती का समय हो गया हैं अब समय आ गया था की जब सदगुरुदेव साधना रत होते हैं , जब मुझे अपने पास आने की आज्ञा हुए तोमुझे पता ही नहीं था की मुझे उनके साथ उनके साधना कक्ष में जाने का मौका भी मिलेगा, उच्च से उच्च योगी भी उनके साधना कक्ष को देखने की लालसा मनमे लिए रहता हैं और मेरा आज का दिन तो सोने की कलम से लिखा था जो मुझे यह सौभाग्य मिल रहा था .

जिनके पास एक क्षण भी खड़े रहने से व्यक्ति रोमांचित हो जाता हैं उनके साधना साधन कक्ष में ...

मंद प्रकाश से आलोकित वह छोटा सा कक्ष स्वयं के प्रकाश से प्रकाशित , आश्चर्य की बात यह थी की प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं होने पर भी लगभग ६० वाट के प्रकाशमय था वह कक्ष ..शीतलता इतनी की मानों चारों और कपूर मिश्रण करके भरा हो ,

उस कक्ष कि ऊर्जा में मेरा आस्तित्व खोता जा रहा था , उस कक्ष के अलोकिक प्रकाश में में अपना होश खोता ही जा रहा था, किसी तरह दिवार को पकड़ने कीकोशिश की पर नीचे धम से गिर पड़ा. तब तक सदगुरुदेव अपने वक्ष स्थलको अनावृत करके अपने आसन पर बैठ करके मंत्रोच्चार प्रारम्भ कर चुके थे. चारों ओर एक रहस्यम वातावरण बनता जा रहा था, एक धुंएँ सी आकृति का निर्माण होता जा रहा था,

तभी मानो एक बिजली सी कडकी हो और अत्यंत प्रचंड तेजस्वी ,बलिष्टव्यक्ति रक्त नेत्रों की दहकता लिए प्रकट हुआ और सदगुरुदेव जीको साष्टांग प्रणाम किया और अर्पित नैवेद्य के लेकर पुनः प्रणामकर अद्रश्य हो गए , मंत्रोच्चार से जो सदगुरुदेव जीके श्री मुख से निसृत हो रहे थे समझ पाया की यह भगवान भैरव का सर्वाधिक उग्र स्वरुप महाकाल भैरव थे.

इसी क्रम में गणपति और माँ गायत्री का दर्शन सदेह मिला जो की कभी में सिद्धाश्रम में भी नहीं कर पाया , तभी मेरे मनमे वर्षों से छुपी इच्छा आई की काश में माँ काली के दर्शन कर पाता, ठीक उसी क्षण उन्होंने अपने प्रिय कलिका स्त्रोत प्रारंभ कर दिया "स्वरूपं त्वदीयं न विन्दति देवा " ताभिकमरे में प्रकाश की मात्र क्रमशः बढ़ने लगी औरसाथ ही साथ उस मुर्तिका आकार भी पर मुझे लगा की दीपक की लो के हिलने से ऐसा लग रहा हैं पर उस मूर्ति से निकली आक्रति छत तक पहुँचती जा रही और तभी.. सदगुरुदेव ने किन्ही विशिष्ट मंत्रो का उच्चरण किया और जल जमीन पर अर्पित किया ..

तीव्र कपूर गंध के साथ महाकाली अपने रुद्रतम स्वरूपमे मेरे सामने प्रकट ही गयी,वही रौद्रता ,वही वात्सल्य भाव, ,उनका स्वरूप का तो वर्णन कौनकर सकता हैं ,,उस स्वरुप की भयावहता देख कर मेरे होश खोते जा रहे रहे थे दोनों हाँथ जोड़े में प्रार्थना कर रहा था माँ अपने शांत स्वरुप में आओ .

तभी सदगुरुदेव जी के श्री मुख से शांति पाठ उच्चारित हो उठा .धीरे धीरे वहस्वरूप छोटा छोटा होता हुआ को उस मुर्तिमे समाहित होता गया तब मैंने जाना की विग्रह स्वरुप भी सत्य हैं यदि साधक के पास हो सदगुरुदेव की विशिष्ट गुरु उर्जा, उर्जा की अधिकता से तेज की आधिकता से मैं होश खोता ही जा रहा था, उस पूरी रात माँ के दिव्य स्वरुप बार बार मेरे सामने आते जा रहे थे.

अब सुबह हो गयी मुझे ध्यान ही नहीं रहा , जब माता जी ने कक्ष में प्रवेश किया , तब देखा तोसद्गुरुदेव निष्कंप अपने आसन पर विराजित थे. अब मेरे जाने का समय आ गया था, जब में सुबह जा रहा था, मूक दृष्टी से सदगुरुदेव जीकी और देखा तो उनके नेत्रों से यही उत्तर आया की उत्तरदायित्व तो उत्तरदायित्व हैंफिर चाहे परिस्थिया कोई भी न हो , वह अपने कक्ष की ओर कल की तरह बढ़ते जा रहे थे,

मैं सोचमे था किस समय वे साधना रत होते ? वे कब सोते हैं? , कब साधना करते हैं? कब अपने लाखो शिष्यों से सीधे सम्पर्कित रहते हैं? ....

कैसे वे एक देह से ही अनेको कार्य चाहे इस जगत के हूँ या फिर सूक्षम जगत के हो सम्पादित करते का जाते हैं? ,आज छः वर्षोंके बाद भी नहीं समझ पाता हूँ.

अंत में उनके सभी विविध स्वरुपोको प्रणाम करता हुए यही कमाना करता हूँकि जल्दीही हमारे जीवनमे वह सौभाग्य के दिन आये और पुनः वह उसी निश्चिंत सुख और आनंद से अपनी उच्च स्तर की समाधी में लीन हो सके ,हमें उच्च कोटि की साधनाओ में अंगुली पकड़ कर ले सके .....

मंत्र तंत्र यन्त्र विज्ञानं अक्टूबर ९३ से

****

One day with Sadgurudev and in his sadhana room :

What is the greatness of Sadgurudev and what is the pain and feeling when he is not with us physically that feeling reaches to our eyes from heart.

In word of swami yogiraaj viswabodhanand ji….

The feeling and experience of him of the day which he spent with Sadgurudev ji ….

How can I forget the day of 20 feb1987 , this is the day when after 39 years again I was again standing in front of him physically and able to see our beloved Sadgurudev ,

सदगुरुदेव ध्यान से सौन्दर्य और कायाकल्प

SADGURUDEV DHYAN SE SOUNDARY & KAYA KALP

कैसे संभव हो यह दुर्लभ प्रकिर्या ......

सदगुरुदेव कितना प्यारा सा मन को मोह ले वह शब्द हैं लाखो लाखो के ह्रदय आराध्य ,और अनत योगियों के जीवन का लक्ष्य , जिनके लिए सारी प्रकृति भी न्रत्य मय हो उठती हैं , जो सिद्धाश्रम ही नहीं सम्पूर्ण विश्व चेतना के आधार हैं, जो ही इस सम्पूर्ण विश्व के सौन्दर्य हैं , जिन्होंने ही सिद्धाश्रम का कायाकल्प कर दिया , और सिद्धाश्रम का ही नहीं बल्कि सभी योगियों महायोगियो को जीवन जीने की अद्भुत कला में ने रास्ता दिखलाया बताया की कैसे नृत्य मयता भी जीवन का सौन्दर्य हैं , केसे माँ के पास उसका शिशु नृत्य मय होजाता हैं वेसे ही सदगुरुदेव के सामने सभी चाहे वह हजार वर्ष आयु प्राप्त महायोगी हो सभी नृत्य मय हो जाते हैं , इनकी कौन कहे स्वयं परम गुरुदेव जी भी मुस्कानित हो उठते हैं , फिर हम जैसे शिष्य और शिष्या के बारे मे कहाँ , उनके भावो को व्यक्त करना कहाँ संभव हैं .

जो अखिल ही नहीं निखिल विश्व के सौन्दर्य हैं उन्हें किसी साधना से सम्मोहित किया जा सकता हैं ?, भला कौन सा तंत्र उनपर किर्या शील होगा पर एक तंत्र हैं एक रस्सी हैं जिसमे वह वह स्वयं ही बांध जाते हैं वह हैं स्नेह की प्रेम की हमरे स्नेहित आसुओ की, भाल वे स्वयं ही हमारी बाल सुलभ चेष्टाओ पर मुग्ध होकर हमें अपने ह्रदय से न लगा लेंगे, क्योंकि उनके अलावा भला हैं भी हमारा कौन ....

जिन्होंने हमें सिखाया कि कैसे सधानात्मकता की उच्चता को स्पर्श करने के बाद भी एक परमोच्च महायोगी ही नहीं विश्व के नियता भी , हमारे सामने एक साधारण रूप मेंसामान्य पर अति सम्मोहक जीवन जिया जा सकता हैं, पल पल सुवासित उनका जीवन पर तो करोडो कामदेव का सौन्दर्य भी न्योछवर हैं , हम भला सौन्दर्य को समझे भी क्या जिस तरह शारीर की वासना ही हमारा प्रेम हैं स्नेह हैं , वह तो सदगुरुदेव आपने दिन रात श्रम करके हमें समझाया की प्रेम क्या हैं स्नेह क्या हैं वह केबल मात्र शरीर के सम्बन्ध तो हो ही नहीं सकता. हे सदगुरुदेव आपने ही तो समझया की सच्चा सौन्दर्य तो अपने सदगुरुदेव के चरणों में विलीन हों हैं सम्पूर्णताके साथ ..हर पल हर क्षण उनका ही नाम हो ह्रदय कमल उनकी याद में खोया रहे पर इसके बाद भी अपने सदगुरुदेव के कार्यों के सम्पूर्णता के साथ करना ही हैं , चाहे जो भी हो कोई सम्मान करे या कोई पत्थर मारे , सब प्रभु आपके निमित्त ही हैं ,

और क्या सदगुरुदेव ने सम्पूर्ण जीवन मात्र अपनेस्वयं के सदगुरुदेव ,परम गुरुदेव परमहस स्वामी सच्चिदानंद जी के एक मुस्कान पर सम्पूर्णत से न्योछ्वर नहीकर दिया , और सब पा लिया ,क्या सौन्दर्य क्या काया कल्प ,क्या सिद्धयाँ क्या ,ब्रम्हांड ता ,क्या नहीं उन्होंने पाया ,पर परम गुरुदेवजी की चेहरे पर की एक मुस्कान की उनके लिए सब थी परम गुरु जी के शब्द की यह मेरा ह्रदय हैं यह हैं मेरा सर्व प्रिय....उससे बड़ा और इस ब्रहाड में क्या सौभाग्य हो सकता हैं

सदगुरुदेव दिन रात जलते रहे पर उफ़ नहीं किया परम गुरुदेव जी के मन में, ह्रदय की एक भावना ,एक आकांक्षा पूरी हो , कैसे मेरे सदगुरुदेव का स्वपन साकार हो , उन्होंने अपना पूरा जीवन हमें दे दिया .हर पल कर क्षण , हर ख़ुशी ,आरामका हर पल ,अपनी पूरी जवानी ,क्यों की उनका सौन्दर्य उनके बच्चो में उतर आये , उनकी गरिमा से उनके मानस पुत्री पुत्रिया अपने आप में उनका ही प्रतिरूप बन जाये .यहं मेरा तात्पर्य स्वयं गुरु ही नहीं बन जाना हैं बल्कि उनकी चाल ,उनका ज्ञान , उनकी गरिमा,उन जैसी करुणा , उन्जैसे पाखंड पर प्रहार करने की क्षमता आये .की यहाँ तक हमरे आलोचक .हमारे विरोधी /शत्रु भी कहे की कुछ भी हो यह व्यक्तिव कुछ तो हैं .कुछ तो विशेष हैं ही इसमें ...

पर इतना धयान तो रखे ,इस पाखंड पर प्रहार करने की आड़ में हम अपने ही गुरु भाइयों पर अकारण तो ,बिन जाने बुझे , कुछ भी कार्य तो नहीकर रहे हैं, सदगुरुदेव जी के कार्य करने की आड़ में किसी अन्य के कार्य में बाधा तो नहीं कर रहे हैं , कभी अपने आप को प्रतिस्थपित करने का मोह तो नहीं हैं , जय गुरुदेव कहने की आड़ में . लोग हमें समझे की हम भी कुछ हैं की भावना तो नहीं हैं , क्या सदगुरुदेव जीकी साधनात्मक गरिमा उतर रही हैं हमारे मन ह्रदय में .

सदगुरुदेव सदैव कहते रहे हैं कि साधना सिद्धि ठीक हैं जब में कहूं तुम्हे साधना करना हैं तोकरना ही हैं पर साथ ही साथ ये हमेशा याद रखना हैं यदि में ही तुम्हारे अन्दर नहीं उतर पाया तो इन सबका का क्या अर्थ .. ये मेरे सामने एक क्षणांश कि चीज हैं में तुम्हे दे सकता हूँ पर तब जब मुझे विश्वास हो जाये कि ये शब्द ह्रदय से निकल रहे हैं , में चापलूसी को समझता हूँ , गुरु शिष्य के बीच यह तो सब नहीं होता हैं

और जरा ध्यान से सोचे तो सत्य ही हैं जब सदगुरुदेव जी ही हमारे मन में उतर आये हो हमारा ह्रदयमें स्थापित होकर हमें हल पल हर कष्ण निर्देशित करे पूर्ण चैतन्यता से पूर्ण क्षमता से तब क्या शेष रह जाता हैं .वे तो अनंत सिद्धियों के स्वामी हैं , समस्त साधनाओ ही नहीं सम्पूर्ण ब्रम्हांड को जिनने अपने हांथो में धारण कर रखा हैं , वे तो स्वयं सौन्दर्य को भी बनाए वाले हैं , अनत वर्षों से एक

ही ब्रम्हांड देह में सदगुरुदेव जी का स्वरुप परमहंस निखिलेश्वरानंद जी का चला आरहा हैं, की उन से से ज्यादा कोई काया कल्प को समझता होगा , जब बे ही हमारे अन्दर होंगे तब स्वयं सदगुरुदेव उर्जा और स्नेह ज्ञान से हम स्वयं सौन्दर्य शाली न हो जायेंगे ,

अपने ह्रदय में हाथ रख कर पूछे की हम में से कितने हैं जिन्होंने १९९१ से लेकर १९९८ तक की मन्त्र तंत्र यंत्र विज्ञानं पत्रिका पढ़ी हैं या बार पढ़ी हैं समझने की कोशिश की हैं की सद्गुरुदेव्का भी तात्पर्य हैं जो में समझ रहा हूँ या अपने कार्यों को उनके शब्दों की ओट में तो सही नहीं ठहरा रहा हूँ.

और यह पर ध्यान इसलिए भी जरुरी हैं की" बिन जाने होय न प्रीति" आपको सदगुरुदेव जी से स्नेह हैं उनमे न्योछ्छावर हों चाहते हैं और उनके बारे में जानते भी नहीं यह तो ठीक नहीं हैं.

मध्य कालीन संत कबीर दास जी ने ठीक ही कहा है की

लाली मेरे लाल की जित देखूं तित लाल ,

लाली देखन मैं गयी मैं भी हो गयी लाल .

सच ही तो हैं जीवन मैं हम जिसे विचार रखते हैं वेसे ही तो हम हो जाते हैं , यदि व्यवसाय में सफलता पाना हो या व्यवसाय करना हो तो व्यवसाय करने वालों के साथ रहे ठीक इसी तरह अन्य क्षेत्र में भी नियम लगता हैं ,

कितनी साधना हैं ?कितने प्रयोग हैं? कितने उपाय हैं?,कितनी प्रक्रिया हैं?,कितने नियम हैं ?,

इन सबके बीच एक साधारण व्यक्ति क्या मन मसोस कर रह जाये ... के उसके भाग्य में मात्र ये साधना पढना ही हैं , कितना भी समझाया जाये पर व्यक्ति के मन में जो गठाने पड़ी हैं वर्षोंकी , क्या वह एक क्षण में दूर हो पायेगी वह कोशिश करता हैं पर सफलता के लिए उतना दृढ विश्वास नहीं हो पाता हैं तब क्या करें .

ध्यान रहे इसे एक आलस्य या अकर्मण्यता का हथियार नहीं बनाना हैं , क्योंकि उनसे कुछ छुपा नहीं जो ये सोचे कि जोर से जय गुरुदेव या जय जय कार कर ली कुछ फूल माला सदगुरुदेव भगवान्के श्री चरणों में अर्पितकर दी वह बहुत प्रिय हो गया ऐसा नहीं हैं वह तो आपके मन में आने वाले विचारों को पहले से जानते हैं वे भी हस्ते रहते हैं कि करने दो छल , जो ये कररहा हैंउसीका तो हज़ार गुना पायेगा, वे तो यदि सरल ह्रदय से पुरे मनोभाव से , बिना छल कपट के उनका ध्यान करे और न केबल पूजा के समय बल्कि हर समय जबभी समय मिले तो सदगुरुदेव उर्जा से जीवन सुवासित हो ही जायेगा , कोई साधना नहीं करना पड़ेगी , कोई प्रयास नहीं ,.

पर ज़रा सोचे कि यह तो कितना सरल हैं, पर मित्रो सरल ही तो कठिन होता हैं , हम इतने क्लिष्ट हैं कि सरल चीज न हम समझ सकतेहैं न हमारेगले उतर सकती हैं , हमे तो बड़ा मंत्र चाहिए , चाहिए कि सदगुरुदेव हमारे माथे पर कम से कम १० मिनिट तो शक्तिपात करते रहे ,क्योंकि एक सेकेंड में क्या हो जायेगा .

सर्वोच्च साधना हैं स्नेह कि प्रेम की, आलस्यता से बचने का रास्ता नहीं . जो उनके प्रेम में भींग गया वह कैसे शांत रह पायेगा की उसे अपने सर्व प्रिय के सपने साकार करने की दिशा में मनो एक कण के समान भीकाम करना हैं तो वह्करेगा , यह स्नेह प्रेम ,तीव्र बीर भाव देता हैं , साहस देता हैं, पाखंड पर प्रहार का तरीका देता हैं , छल को उजागर करने का तरीका , जीवन में छल का सामना करनेकी क्षम ता देता हैं और देता हैं अपमान सहन करने की क्षमता , क्योंकि वह जानता हैं अब उसे उच्चता का एक नया अध्याय लिखना हैं नाकि वह अपने कमरे में चुपचाप आंसूं बहाते रहता हैं.

साथ ही साथ जब पाखंड का सामना करने की बात हैं तो उसे खुद भी तो समर्थ बनना पड़ेगा, यह केबल जय गुरुदेव कहने से तो हो नहीं जायेगा ,सोच समझकर कदम उठाना पड़ेगा नाकि भेड़ चाल का हिस्सा बन कर .

उन्हें हर पल याद रखे , स्नेह से ,फिर देखें कैसे नहीं आपका व्यक्तित्व और ही नहीं बल्कि आपका रंग रूप भी सदगुरुदेव के स्नेह में डूब जायेगा और उनकी दिव्यता धीरे धीरे आपमें उतर जाएगी .

तब आप भी कह सकोगे की ..लाली मेरे लाल की .....

तो साक्षात् नारायण हैं जो जिस भाव से अर्पित करो उसी का हज़ार गुना स्वतः आपके पास आएगा .

आप मन में उन्हें धारण करे , फिर जो भी कार्य करेंगे वह गुरु कार्य होगा, आपके परिवार की भी जिम्मेदारी भी मानो गुरु कार्य का ही एक भाग होगी, जो भी साधना करेंगे वह भी तो गुरु की ही होगी, अरेजब सब कुछ सौप दिया तो सब कुछ ....

पर इतना तो ध्यान रखना ही हैं की सदगुरुदेव कहते रहे भक्ति नहीं हमें तो साधना चाहिए ये मन से भूले नहीं ..उन्होंने अपना उदहारण क्योंहमारे सामने रखा की हम समझ सके की किस तरह अपने सदगुरुदेव का कार्य करना ही सच्चा सौन्दर्य हैं , और उसी से ही तो शिष्य का काया कल्प होने लगता हैं ,

अब तो यही प्रार्थना आप हमारी असमर्थ तो जानते हो ही , हमारा मन , ह्रदय ,खून , विचार ,भावनाओ को शुद्ध कर दे , इतना कर दे प्रभु की ये जीवन आपके श्री चरणों में समर्पित होने के लायक हो जीवन आपके कार्यों में ही लगे

..**

Soundary Kayakalp Is possible through Sadgurudev dhyan

"Sadgurudev " what a sweetness in this small word, that will hypnotize our heart ,and object of pure love among million of millions shishy, and aim of uncountable yogies, forinfront of whom whole nature start dancing , who is not only the foundation of siddhashram but of whole universe, and is the real beauty of this universe, who kaya kalp the siddhashram and shows the way to siddhashram yogis that this is the way of life that narity is also a part of life, he told them see how a small child become naritymay when he is in his mother lap /arm, so like that almost every one has that naritymayta when Sadgurudev reaches in midst of them and even param Gurudev start smiling when he self see him, than it s almost impossible for us simple shishy and shishyaa to express our feeling.

Who is the real beauty of not only in this visible universe but even invisible universe, can he be hypnotize through any sadhana?, which tantra will work on them?, but there is a rope ? through that he can easily be tied that is rope of our pure sneh/love is rope of tears of sneh/love, than on seeing our child like activity he himself come to near to us and touch our heart , since who apart from him is really ours…

He exemplified himself in front of us how a person who is paramochch yogi and having unimaginable sadhanatmak height can be with us , so simple but with so smmohan , on his each moment of him millions life of kaamdev can be sacrifice.

How we can understand the real soundary real pure sneh/love since for us physical relation is the beauty and love our lust is our love.

शत्रु बाधा निवारक श्री गणपति प्रयोग

SHRI GANESH PRAYOG

बाधा निवारण के लिए

जीवन में शत्रु का होना भी जरुरी हैं , सदगुरुदेव जी कहते थे की की आपके शत्रु तो तभी होंगे जब की आप कुछ तो होंगे जीवन में नाकारा लोगों का कोई शत्रु नहीं होताहैं , पर जीवन आपधापी मेंजब इनके कारण आपकी स्वाभविक उन्नति में बाधायें आने लगे , मन दिन रात प्रतिदिन परेशान रहने लगे, तब सबसे पहले इस प्रयोग को करना
आपके लाभदायक होगा, जो उसकी आपके प्रति शत्रु भाव को विचार को ही समाप्त कर देगा .

जैसा की आप जानते हैं की बुधवार तो भगवान् गणेश जी का ही दिन माना जाता हैं , अतः आप इस इस प्रयोग रूपी साधना को कर के अपने जीवन को फिर से प्रसन्नता युक्त बनाये .

इसे रात्रि काल में करे यदि रात को ९ बजे के बाद करें तो ज्यादा उचित होगा , साथ ही सारा मन्त्र जप के लिए चूँकि यह शत्रु भाव को समाप्त करने की साधन हैं तो उसके लिए वीरासन ही ठीक रहता हैं, (जिस आसनमें भगवान् हनुमान जी बैठते हैं) किसी तांबे के पत्र में भगवान् गणेश जीकी मूर्ति स्थपित करे, हाँ लाल वस्त्र पर ही स्थपित करे और आप भी लाल वस्त्र धारण करें . सामान्य पूजन करे .

मंत्र : ॐ घ्रौं घ्रौं घ्रौंशत्रुनाशय गं ॐ फट ||
समय : मात्र आधा घन्टा
अवधि : कमसे कम तीन बुधवार तो करें ही .
क्रोध मुद्रा में ही मन्त्र जप करना हैं .

****

Shri Ganesh Prayog

(for the Distruction/ removal of evil thought of your enemy)

In life there , is also a need of some of the enemy, seems ridiculous , but its true , Sadgurudev ji often said that when there is some enemy of you , clearly means that you are something , not nothing, since people of total idle has no enemy. When in between daily life struggle, when theses enemy creating problem for your life and your progress . than to have peaceful life , this prayog has a very value, this remove the evil though of them.

As you all are aware that , the day of Wednesday is good for sri ganesh Bhagvaan related poojan/ sadhana. Than start this prayog on that day and make your life happy and enjoyful.

Start this sadhana after 9 pm than it would be better and wear red color clothes and on a red color cloth on a copper plate , place statue of shri ganesh , and this sadhana is related to destroy the evil thought of enemy than its quite natural that veerasan is the asan for this sadhana(inthis asan Bhagvaan hanuman is is used to sit.) do simple poojan of him.

SOUNDARY & KAYAKALP

सौन्दर्य और कायाकल्प को समझने की एक नयी दिशा

जीवन का आधार तो सौन्दर्य हैं , भारतीय जीवन तो सत्यम शिवम् सुन्दरम को ही आधार मानती हैं , पर आखिर किसे हम सौन्दर्य कहे , हर व्यक्ति की अपनी अपनी अवधारणा हैं , किसी के लिए शारीरिक सौन्दर्य का ज्यादा अर्थ हैं तो किसी के लिए आत्मा का सौन्दर्य तो किसी के लिए, किसी के लिए शब्दों की खूबसूरती अर्थ रखती हैं तो किसी के लिए अन्य. कोई एक नियम सब सबके लिए नहीं हो सकता हैं ,

पर प्राचीन आचार्य कहते हैं की वह जो पल प्रति पल बदल रहा हो नित नूतन हो वही सौन्दर्य की परिभाषा पर पहली परिभाषा पार करता हैं .

सदगुरुदेव भगवान् एक जगह कहते हैं की १६ वर्ष की गधी भी सुन्दर दिखती हैं , पर जो ८०वर्ष मैं भी सुन्दर दिखे वह हैं असली सौन्दर्य .

यह शारीरिक सौन्दर्य मैं भी अनेको माप दंड हैं , कहीं काला रंग खूबसूरती का प्रतिक हैं तो कहीं गोरा पन.
अब इस युग मैं शास्त्रोचित निर्दोष सौन्दर्य प्राप्त होना कठिन सा होगया पर साधनाए एक ऐसा मार्ग रखती हैं जिससे अपना स्तर बढाया जा सकता हैं . जहाँ नारी के लिए सौन्दर्य का अलग अर्थ हैं वही पर पुरुषों के लिए पुरुषोचित सौन्दर्य के अलग ही माप दंड हैं, उनके लिए मात्र खूबसूरती ही नहीं पुरुषोचित गरिमा भी होना चाहिए .

जहाँ सदगुरुदेव कहते हैं , नारी सौन्दर्य ऐसा हो की व्यक्ति बरबस ही कह सके की इस मखमली देह को ताज महल कहते हैं वही सिंह वत पुरुषों को देख कर मानवी ही नहीं बल्कि अप्सराये भी कह सके ही आह.

सौन्दर्य की कितनी भी परिभाषा कही जा सकती हैं पर सबसे महत्वपूर्ण तो यह हैं की क्या उसे देखने की ,समझ सकने की आँखें , महसूस करने के लिए हमारे पास दिल हैं क्या .

सारा संसार ही सौन्दर्य से भरा पड़ा हैं, उस परम सौन्दर्यवान की रचना भला असुंदर कैसे हो सकती हैं , हम ही सच्चे सौन्दर्य ओर छलावे मैं अंतर नहीं जानते हैं जिसे सौन्दर्य मानते रहे हैं वह तो कुछ पलों का धोका हुआ, गलती उसमें नहीं हमारी आखों में हैं , हमें सौन्दर्य से परिचय कहाँ ..

जिसके आने से मन हर्षित हो, जिसकी एक मुस्कराहट पर पर अपना जीवन न्योछवर हो, जिसकी एक अदावत से सारा गम खुशियों में बदल जाये , जो नित नूतन हो , सुगंधमय हो , जिसमें शारीरिक ही नहीं बल्कि आत्मिक सौन्दर्य हो .. जिसके लिए हर परिभाषा कम हो उसे ही सौन्दर्य का मापदंड कहते हैं . फिर भला हम कहाँ जाये, हमारे लिए तो हमारे सदगुरुदेव भगवान् में ही मानो सारा सौन्दर्य सिमट आया हैं, सौन्दर्य भी उनसे परिभाषा पाकर उनका सानिध्य , उनकी गरिमा से आपलावित होकर सौन्दर्य वान होता हैं , प्रफुल्लित होता हैं .किसी विद्वान ने सच ही कहा हैं अगर हमरी आखें सौन्दर्य से भर जाये तो हर तरफ सौन्दर्य भरा पड़ा हैं , इश्वर ने इतनी सौन्दर्य की नेमत दी हैं पर हम धन के पीछे ही तो भाग रहे हैं .

सौन्दर्य से रीते हम साधना भी क्या करेंगे

यह तो सच हैं की इश्वर ने सौन्दर्य के प्रतिमान के रूप में नारी की रचना की पर , लहरों का भी तो एक सौन्दर्य हैं , उसी तरह आकाश मैं स्थित तारों का अपना ही सौन्दर्य हैं , फिर हरितमा युक्त जंगल का एक अपना ही सौन्दर्य हैं , तब क्या हम साधना के सौन्दर्य ओर सदगुरुदेव के साहचर्य की सौन्दर्य का तो क्या कहने ..
इसे तो बाद ह्रदय ही समझ सकता हैं ...

वही काया कल्प के बारे में तो कितनो ने पढ़ा हैं पर हम सभी जो सौन्दर्य से रीते हैं तभी तो इस शब्द की जरुरत हैं जिसने सौन्दर्य को समझा हो प्रेम /स्नेह को महसूस किया हो उसे इसकी क्या जरुरत , पर इश्वर प्रदत्त इस देह का भी अपना महत्त्व हैं इसे मात्र भोग विलास की चीज समझ कर उपयोग करके एक दिन नष्ट होते देखना तो बस मुर्खता ही कही जाएगी.आज जीवन में सदगुरुदेव भगवान् कहते हैं की इस काया कल्प विधा मात्र नाग या सर्प प्रजाति के पास ही रह गयी हैं वह अपनी पुराणी त्वचा को उतर देता हैं नविन देह धारण कर चल देता ओर हम केबल मरण धर्मा बने हुए हैं

यह सब कपोल कल्पित नहीं हैं आज भी हमारे अनेको आचार्य आज भी भौतिक देह से हैं हजारों वर्षों से आज भी उसी देह को गतिशील किये हैं , शारीर से नहीं वह जो मन से ही जीवन बदल दे वह हैं काया कल्प .
ऐसा तो बस सदगुरुदेव ही कर सकते हैं ... पर जो अभी तक उस भाव भूमि में न आपये हो उनके लिए तो भौतिक देह का ही रुन्तरण ही काया कल्प हैं ,
ध्यान से सोचे तो पारद विज्ञानं से स्वर्ण विज्ञानं भी तो एक कायाकल्प ही हैं पर वह धात्विक हैं पर हैं तो काया कल्प का विषय ही , साधनाओ के द्वारा एक साधारण मानव जो परिस्थितियों का दास हैं से सर्व समर्थ वान बनाना ओर पौरुष वान बनाना ओर नहीं तो क्या हैं . जिसे एक काया कल्प की विधि समझ आगई वह किसी का भी कायाकल्प कर सकता हैं क्योंकि मुख्यतः तो आधार एक ही हैं .

यह सुनने या पढने में कठिन लग सकता हैं पर सत्य यही हैं ,

काया कल्प के अनेको प्रभेद हो सकते हैं कुछ आंशिक प्रक्रिया हैं तो कुछ पूर्ण कहीं अत्यंत कठिन हैं तोकाही सरल ..ओर अनेको प्रक्रियाये हैं , कहीं तंत्र प्रधान हैं तो कहीं आयुर्वेद प्रधान हैं युगानुकुल देखे तो तंत्र प्रधान ही विधिया श्रेष्ठ हैं पर . लोगों के पास समय नहीं न ही ऐसे विद्वान सुलभ हैं . तब यही आंशिक प्रक्रिया भी मिल जाये तब भी वह बहुमूल्य हैं .

प्रस्तुत विशेषांक में ऐसी ही अनेको प्रविधिया आपके सामने आ रही हैं ...

आप सभी सदगुरुदेव के द्वारा बताई गयी प्राविधि जो अनेक cd में सुरक्षित हैं प्राप्त करे ओर जीवन आप सभी के लिए हर दृष्टी से मंगल दायक हो यही सदगुरुदेव से प्रार्थना हैं , आपका पुनः काया कल्प हो , जीवन में सौन्दर्य रूपी सदगुरुदेव का महत्त्व आप समझ सके...

****

What is soundary and kaya kalp

Basic foundation of life Is the beauty. Indian way of life considered satyam shivam sundaram Is the basic foundation of our culture. But whom we consider beauty, each one has his own definition , for some physical beauty is the beauty , for others the beauty of soul is the beauty so for someone beauty of words spoken is the beauty, so for other, others meaning applicable, so there must not be a single definition suited to all for all circumstances. But our old ancient master says that that which is continuously changing in each moments , ever new, that will be consider the first step to the real definition of beauty.

Here Sadgurudev Bhagvaan used to says that on reaching at the age of 16 years even she donkey considered beautiful but not that but, who reaches at the age of 80yers of age and still considered beautiful is the beauty.

PRAKRITI SE SOUNDARY SADHANA

आश्चर्य जनक किन्तु सत्य साधना आपके लिए ही तो ..

प्रकृति हर क्षण मे परिवर्तनशील है और वही है सृष्टि के सर्जन-विसर्जन की मुख्य आधार शक्ति. अत्याधिक मनमोहक, हमारे अंदर समाती हुयी सी, या फिर आपखुद को विसर्जित करने पर मजबूर कर दे, यु ही तो नहीं होता है कोई सुखद परिवर्तन जो दिल को छू ले. कभी नज़र ही नही हटती खिले हुए फूलो से, अपने आप मे खोया हुआ, खुद पर ही मुग्ध, दूसरों को अपनी और खींचते हुए कुछ कहता हुआ, समजता हुआ. सायद यही कहना चाहता है वो की खो जाओ अपने आपमे, और इतनी हद तक उतर जाओ अपने अंदर की खुद को ही भुला बैठो, तुम्हारा स्व भले ही बिखर जाए, लेकिन प्रकृति तुम्हारा अस्तित्व कायम कर देगी. लिन हो जाओगे उस सत्ता मे जिसने हमको बनाया है...

यही तो वह प्रक्रिया है जिसे हमारे पूर्वजो ने ध्यान कहा था!

कभी स्थिर होके यु ही अपनी साखो से जुमते हुए, मचलते हुए पेडो को भी देखा है; पता नही क्यों? क्या है उसके अंदर जो उसे मजबूर कर देता है उसे इतना तरोताजा रहने के लिए, इतना स्थिर रहते हुए भी, अपने अंदर ही खुश रहते हुए, मचलते हुए, जिस पर कोई फर्क ही नही पड़ता की कोई आखिर कर क्या रहा है? क्या कोई उसे देख रहा है, सुन रहा है या फिर प्रसंशा या आलोचना? कुछ भी तो नही..क्या वेग है उसके अंदर जो उसकी प्रज्ञा को इतना स्थिर कर देता है, की उसके बाद उसकी कोई आकांशा न होते हुए भी उसे सुख ही सुख मिलता है...?

शायद इसी को आनंद कहा गया होगा, जो मजबूर कर दे अंदर ही अंदर स्थिर रहने के लिए, क्यूंकि आनंद की प्राप्ति ही तो स्व का बोध प्रकृति मे कराती है, तब ही तो समजा जा सकता हे की हम प्रकृति का भाग नहीं अपने आप मे एक सम्पूर्ण प्रकृति ही है.

उफनती हुई नदी भी कभी एक बूंद मात्र ही तो थि. लेकिन अपने अस्तित्व को अपने आप मे समेटे हुए, वह बूंद आगे बढती है, धीरे धीरे अपने सफर पर. किसीभी प्रकार का कोई भी भाव मन मे न लाते हुए अपने लक्ष्य को ही सर्वोपरी मानते हुए, एक के बाद एक पड़ाव जैसे वो पार करती जाती है, यु यु उसे आभास होने लगता है अपनी विशालता का, अपनी शक्ति का, उसके अंदर समाये हुए वो बीज का जिसने उसे प्रेरणा दी थि की “आगे बढ़ो” और स्थिर भाव से बढ़ते ही रहो और अंत मे क्या होता है, सारे बंधनों को तोडते हुए समां जाती है वह उसी महा कोष मे जिसका वह बिज थि, अपना अलग अस्तित्व होते हुए भी वो विसर्जित ही रहती है...

स्थिर रहते हुए एक के बाद एक पड़ाव को पार करते हुए, अपनी शक्तियों को पहचानते हुए अपने लक्ष्य मात्र को ध्यान मे रखते हुए अपने आप को उस ब्रम्ह महा कोष मे विसर्जित करना, उसका ही एक भाग बन जाना क्या कुण्डलिनी जागरण नहीं है? प्रकृति ने ही उसका सर्जन किया था, प्रकृति के अंदर ही विसर्जित होने के लिए.

क्या हमारे साथ भी यही ध्येय है प्रकृति का? लेकिन मूल मे वह कौनसी बात है, वह कौन स तत्व है, जो हमें जोड़ देता है प्रकृति से? उसके हर एक कण से? सौंदर्य!!! वही तो है, जो हमें आकर्षित करता है, खींचता है, बोध देता है स्व का...और आनद से मजबूर करता है वह देखने के लिए जो हमसे बेहतर है, जो हमसे ज्यादा आनंदित है, जो दिला सकता है हमें एक ऐसा शुकून, जो रूह मे बस जाए, फिर कोई भी तो राज़ नहीं रहेगा प्रकृति का. क्यूंकि सौंदर्य ही तो मिलाता है आपको अपने मूल तत्व से प्रकृति से, फिर प्रकृति की हर एक साधना या फिर साधना मे निहित प्रकृति, सौंदर्य अपने आप ही सामने ला देगा.

प्रकृति के सौंदर्य को एक साधक ही समज सकता है, यु इसी लिए साधको ने अपना डेरा हमेशा प्रकृति के बिच मे रखा जिससे वह उसके सौंदर्य से साधना के हर एक पक्ष को समजे और आत्मसार कर सके. क्या अब भी कुछ शेष बचाता है इस साधना की महत्ता को समजने के लिए जिसका प्रचलन सिर्फ उच्च कोटि के सन्याशी साधको के मध्य मात्र ही रहा है ?

इस साधना को करने के लिए साधक एसी जगह का चुनाव करे जो की प्रकृति के मध्य हो, शांत हो. साधना के दौरान सम्पूर्ण मौन का पालन अनिवार्य है

साधना के दौरान साधक को सर्वथा अकेले रहना है

साधना के दौरान सिर्फ दूध और ताज़े फल आहार मे ले सकते है

यह साधना किसी भी वार से शुरू की जा सकती है लेकिन जिस दिन रवि पुष्य नक्षत्र हो उस दिन प्रारम्भ करना ज्यादा उच्चित रहता है

स्फटिक माला से निम्न मंत्र की २५ माला सूर्योदय के समय और २५ माला सूर्यास्त के समय जाप करे

ॐ स्फम प्रकृतिर्र सौंदर्य सयुज्यात्मस्वरुपाय नमः

साधक मंत्र जाप पूर्ण करने के बाद तुरंत ही बहार घुमाने निकल जाये और जितना हो सके उतना शांत वातावरण मे रहे.

यह साधना ७ दिन की है और ७ दिन तक नियमित रूप से इस साधना को करने के बाद साधक का प्रकृति के वो रहस्य समजने लगता है जो की गुह्य होने के साथ साथ, अध्यात्म की उच्चतम अवस्था है

कई सन्याशी साधको को इष्ट सिद्धि होने के बाद देशटन के लिए १२ साल २१ साल ५४ साल या अपने संकल्प के मुताबिक भ्रमण पर जाना होता है, सद्गुरु अपने चुने हुए शिष्यों को भ्रमण पर भेजने से पहले गुप्त रूप से यह साधना सम्प्पन करा देते थे और जब वह भ्रमण से वापिस आते है तब तक प्रकृति से वह वो गुह्य ज्ञान प्राप्त कर के आते है जो की उनके ज्ञान के स्तरको सेंकडो गुना बढ़ा देती है और प्रदान करती है अपने आपको.

****

PRAKRITI SE SOUNDARY SADHANA

Nature is variable at every moments and that is the only main base power for the creation and immersion. Very France, immersing itself inside us; or else compelling us on the stage where there is no option except immersing our self in it, it is not often a creation taking place to a pleasant change which touches the heart. Sometimes, it tough to look apart from a glowing flower, lost in itself, self infatuated, drowning someone to tell something, to make something understand. Perhaps, it is the message from him to be lost within, and that too on extend where we forget our self, whatever if you lost your existence, but nature will make your permanent existence. One will merge to a power that made our existence.

That is the process which had been noticed by our ancestors and termed as meditation!

VAAK SHAKTI SE SOUNDARY SADHANA

क्या अपने शब्द सौन्दर्य से सबका का मन जीता जा सकता हैं हाँ पर कैसे ....

हमसभी तो शारीरिक सौन्दर्य को ही सौन्दर्य की पूर्ण परिभाषा मानते आये हैं हमने इस के अलावा कुछ और जाना ही नहीं हैं . पर एकपल के सोचिये की कोई अद्भुत रूप से ही सुन्दर व्यक्तित्व बस मानो दिल को छू कर जा रहा हो सभी दृष्टी से पूर्ण शारीरिक रूप से सुन्दर भी हो , वस्त्रों के विन्यास से भी वह सुन्दर हूँ पर जैसे ही उसने एक शब्द बोला की , हमने शब्द सुन कर कर अपना मुंह सा बना लिया , अब आप ही सोचिये की यह तो सौन्दर्य की पूर्ण परिभाषा नहीं न हुयी न , कुछ ओर चाहिए ..

साधना के माध्यम से आपने अद्भुत तर्क शक्ति प्राप्त कर ली या अपने कठोर श्रम से विभिन्न ग्रंथो के विषद पढाई से यह अवस्था प्राप्त कर भी ली ,

पर वाणी की वह सौन्दर्य कहाँ से लायेंगे आपने निश्चय ही अपने जीवन में लोग तो देखें होंगे ही जिन्होंने भले ही वह साधारण रंग रूप के हो या या उनकी शिक्षा साधारण भी हुए हो तब भी उन्होंने बोलना शुरू किया तो मानो सारे लोग मन्त्र मुग्ध से हो गए. ठीक इसी तरह , किसी के सामने ,आपने कुछ शब्द ऐसी मधुरता से कहे ही वह कई दिन तक उन शब्दोंकी गहरे मधुरता में डूबा सा रहा हाँ आपके शब्द चापलूसी से भरा हुए न रहे हो , तब आप क्या समझते नहीं हैं की यह भी एक सौन्दर्य का मापदंड हो सकता हैं .

आखिर हम सभी माँ महा सरस्वती की उपयोगिता कैसे भूल सकते हैं आखिर वाक् शक्ति उन्ही की कृपा ही तो हैं .

हम सभी ने इन सौन्दर्य की पूर्ण परिभाषा को एक सिंह वत पुरषोचित गरिमा को धारण किये हुए, धीर वीर , मधुर मुस्कान हमेशा धारण किये हुए उन परम पुरुष को अपने सदगुरुदेव जी के रूप में सदैव ही देखा हैं . वही उनके क्रोधमय स्वरुप के सामने तो मानो स्वयं माँ महाकाली ही नृत्य माय होजाती हैं सारा ब्रह्माण्ड ही काप जाता हैं .

अब प्रवचन की ही बात ले लीजिये , जब सदगुरुदेव बोल रहे होतो समय भी तो कुछ पल ठहर कर विश्राम ले कर उस उर्जा मय , प्रेरक भाव मय, साधना मय , उच्चता से परिपूर्ण गरिमा से सुनता जाता हैं और अपने आप को पुनः उर्जा मय बनाता हैं , साधक शिष्य तो मानो उस मधुर प्रवाह में वहे जाते हैं, वातावरण में गंभीरता होते होते ही सदगुरुदेव जी अपनी मुस्कान के साथ एक हास्य का प्रवाह किया मनो सारा शिविर हस्ते हस्ते ओतप्रोत हो गया हैं , जिन्होंने ने भी सदगुरुदेव का दिव्य प्रवचन में से वह हिस्सा सुना हो जिसमें उन्होंने " कैसे उधार लिया जाता हैं एक ही व्यक्ति से बार बार ही नहीं , बल्कि हर बार और वह भी सफलता पूर्वक " वह इन शब्दों को आसानी से समझ सकता हैं .वह आज भी उन क्षणों में जा कर उस हास्य का लाभ उठा सकता हैं मानो सदगुरुदेव उसी के साथ बात कर रहे हो .

क्योंकि वह तोपरम पुरुष हैं .

हमसभी सदगुरुदेव जीके प्रवचन तो अनेक बार सुने हैं ओर सुनते रहते हैं पर कभी आपने गौर किया हैं सदगुरुदेव किन व्यक्तियों पर या उनके साधना पर ज्यादा बोलते रहे हैं , उनमेंसे प्रथम तो हैं ब्रम्ह ऋषि विश्वामित्र, दुसरे हैं आदि शंकराचार्य , तीसरे लंकाधिपति रावण(सदगुरुदेव बेहद प्रयास किया की उस जैसे महा ज्ञानी अद्भुत तंत्र साधक जिन्होंने सारा ज्ञान सीधे भगवान् शिव /शंकर से हिप्राप्त किया हो उसे मात्र एक घटना के कारण उसके व्यक्तिव्य ओर उसके ज्ञान को ओछा मानना उचित नहीं हैं).

यह तो बात व्यक्तित्व की हैं पर यदि आपसे पूंछा जाये की उन्होंने आधुनिक युग की किस किताब के बारे में कहा हैं तो आप मेंसे से बहुत से आश्चर्य चकित हो जायेंगे की कौन सी ऐसी किताब आधुनिक लेखक की भी हो सकती हैं . यह तथ्य उतना ही आश्चर्य होगा जितना की आपसे कहा जाये उन्होंने एक उपन्यास कीभी रचना की थी जिस पर एक एक सफल मूवी का निर्माण किया गया था , उस उपन्यास "एक डाली रजनी गंध की "ओर फ़िल्मका नाम "रजनीगंधा " हैं .

पर वह प्रश्न तो छुट ही गया हैंकि वह किताब कौन सी हैं, ध्यान रहे इस किताब पर एक पूरा प्रवचन सदगुरुदेव भगवान् ने दिया हैं , इसी बात से उस किताब की महत्ता समझ आती हैं , वह हैं डेल कार्नेगी कृत " how to win friends and influence people " जो की हिन्दीमें "लोक व्यहार " के नाम से आसानी से उपलब्ध हैं , सदगुरुदेव जीने कहा था की व्यावसायिक जगत ओर पारिवारिक जीवन के लिए एक गीता सामान ग्रन्थ हैं

जब सदगुरुदेव ने उस पर कहा हैं तो हमें भी उस किताब को पढना चाहिए जिसके माध्यम से हम कैसे बोलना चाहिए , कैसे बात सामने रखना चाहिए, मधुर वार्ता लाप के गुण सीख सकते हैं (आपकी जानकारी के लिए बता दूं की सदगुरुदेव भले ही हमेशा साधनाओ पर बोलते रहे हैं पर वह हमेशा आधुनिक विज्ञानं विषय सम्बंधित किताबे जनरल ही पढ़ते थे.)

यूंतो एक तंत्र साधक को उग्र होना चाहिए तभी तो वह ऊपर उठ सकता हैं , तंत्र तो उग्रता का पुष्टि कारक हैं ही .पर उसमें मधुर ता भी तो होनी चाहिए यह सभी बाते सदगुरुदेव जी ने अपने व्यहार से हमसबके सामने स्थापित किया था .

सदगुरुदेव जीने उस दिन जोमुख्य बाते की थी साथ ही किताब में दी गयी कुछ बाते आपके लिए. जो आपके व्यक्तित्व के लिएमहत्त्व पूर्ण होंगे ही ,,

1. कुछ विशेष परिस्थिया को छोड़ दे तो आपको विवादों से बचना चाहिए व्यर्थ के तर्क वितर्क बहुधा किस की जीत नहीं बल्कि दोनो पक्षों के हार का कारण बनते हैं .
2. सामने वाले कीबात पहले सुने, उसके अनुभव को अपने से ज्यादा महत्त्व दे उसके अनुभव को सही ठहराते हुए अपनी बात नम्रता पूर्वक कहे .
3. हमेशा एक निस्छ्हल मुस्कान धारण करे.
4. बात चीत में पूर्ण नम्रता युक्तशब्द बोले.
5. क्रोध या तनाव में हमेशा तत्काल जबाब से बचे .
6. हर व्यक्तिके लिए उसका नाम ज्यादा महत्त्व पूर्ण होता हैं .उसका नाम लेकर ही बात करे उचित संबोधन लगा कर .
7. चापलूसी नहीं बल्कि मुक्त ह्रदय से की गयी प्रसंशा ज्यादा महत्त्व पूर्ण होती हैं .
8. जब भिकिसी योग व्यक्ति से सलाह मांगने जाये तब उस समस्या को सुलझाने सम्बंधित कुछ उपाय अपने पास रखे.
9. किसी भी रूप में सामने वाले व्यक्तिको निचा दिखा कर अपनी उच्चता सिद्ध न करे ..
10. अत्यंत कठोर सत्य को भी स्नेह से परिपूर्ण करके कहे किसी के व्यक्तिव को नीचा न दिखाए.

यह तो कुछ उपाय हैं , जो उस किताब में बताये गए हैं ऐसे अनेको उपाय उसमें आप देख सकते हैं . निश्चय हिउनका इस्तेमाल आपके न केबल वाक् शक्ति को प्रभावित करेगा बल्कि आपके व्यक्तित्व में आश्चर्य जनक परिवर्तन लायेगा

आप ज्यादा अच्छा होगा की अपने आप को किसी शीशे के सामने बैठ कर बोले तब आप अपने को देख कर अपनी बात कहने का ढंग में बदला वट लाकर देंखे, साथ ही साथ अपनी बात मैनेक उच्च स्तरीय हास्य का भी स्थान रखे .सामने वाले की आँखों में देखकर बोले पर घूरते हुए नहीं ..सीधे उसके चहरे पर ही हमेशा नहीं बल्कि उसके आखों के आलवा चहरे के अन्य भागोंको देखते हुए बोले.जब भी बोल रहे होतो अपने चहरे में हलकी सी मुस्कान तो रखे ही . यदि कुछ दिन त्राटक का अभ्यास किया हो तो यह तो सोने में सुहागा होगा,

साथ ही साथ कुछ स्तरीय शेर शायरी भी. किविताये कुछ मधुर चुटकुले भी याद रखे जो जब समय पड़े आपके वाता वरण को गंभीरता /बोरियत से बचा कर पुनः सभी का ध्यान एकाग्र करवा सकतेहैं .

अंत में एक बात यह कहाँ चाहूँगा आपने देख होगा की जब आप प्रसन्न होते हैं तब आपका चेहरा भी दमकने लगता हैं , वहीँ जब आप उदास होते हैं तब आपका चेहरा सच्चाई बता ही देता हैं , इसका यह मतलब तो यह हुआ की चेहरे का हमारे मन ह्रदय से गहरा सम्बन्ध हैं, तो यदि जब हम परेशान हो तो थोड़ी सी मुस्कान धारण करिए तो यह ह्रदय का तनाव कुछ तोकम करेगी.

इस किताब को गंभीरता पूर्वक पढ़े और अपने जीवन में उतारे और इस सौन्दर्य कायाकल्प की अद्भुत विधा आपके जीवन मैन्कितना परिवर्तन ला देती हैं आप स्वयं जान जायेंगे .

****

Adding beauty in your speaking power

In general , we all, are consider physical beauty is the real beauty and we never consider other aspect of beauty that can be possible. Just think for a minute that someone who is extremely beautiful , it seems like his/her beauty touch our heart , with physical beauty and also having very good clothes wearing style, than consider a beauty but when she speak a word from her mouth, on listening that word and style of that , we felt very bad, than that will be not a person who consider a beautiful according the definition.

Some thing more is needed.

DURLABH GOPNIY VAANI SOUNDARY SADHANA

अब उस सौभाग्य की क्या कहे जब माँ पराम्बा अपने स्वरूप से ही वाणी सौन्दर्य दे रही हो ...

सौंदर्य का अर्थ अत्यधिक संकीर्ण रूप मे प्रदर्शित हुआ है और वास्तव मे हम एक एसी अंधी दौड मे लगे है की सौंदर्य को सिर्फ गोरी चमड़ी मात्र का नाम देके अपने काम मे व्यस्त हो जाते है, लेकिन हकीकत तो सब के सामने ही होती है, उसे अनुभव करने की सायद हमें फुर्सत नही है, सौंदर्य तो एक भाव है, एक मिजाज़ है, एक भावभूमि है जहा से शुरू होते है जीवन के वो आयाम जिसमे हर एक क्षण मधुरता युक्त हो जाता है, फिर वह आनद का स्त्रोत खुद को ही मुघ्ध कर देता है ब्रम्हांड की उस महान रचना पर, जो धीरे धीरे अपने आप मे नज़र आने लगती है और बिखर जाती है चारो तरफ, ओर फिर क्या..धीरे धीरे आसपास के पूरे वातावरण मे समाहित हो जाता है और आसपास के वातावरण ओर सभ्यो को भी आनदित किये रहता है

वाणी का महत्व कितना और क्या है, ये बताने के लिए तो शायद शब्द ही कम पड़ जाए. वाणी की सत्ता सर्व व्यापी है, और क्यों न हो ये भी तो एक भाग ही है सौंदर्य का...! इंसान चाहे कितना भी स्वरुपवान हो लेकिन उसकी वाणी का प्रभाव नहीं तो फिर क्या रह जाएगी उसके रूप की महत्ता? वरन एक पल को यह भी सोचा जा शकता है की चाहे शारीरिक रूप से व्यक्ति सुंदर सम्प्पन न भी हो लेकिन अगर उसकी वाणी मधुर है, प्रभावशाली है तो लोग उसके पास खींचे चले आते है. तो क्या सौंदर्य का यह पक्ष भी महत्वपूर्ण नहीं है ? बिलकुल है और आज के युग मे तो इसकी महत्ता अत्यधिक बढ़ गयी है. लेकिन आखिर वाणी मे वो माधुर्य, वो लचक और लावण्य लाए भी तो कैसे? इसके जवाब मे साधना जगत मे इसी पक्ष से सम्बंधित कई प्रकार की साधनाए निहित है. महाविद्याओ की श्रेणी मे एक एसी ही साधना है जो की वाणी को निखर कर उसे सौंदर्य मे परावर्तित कर देती है. यह महत्वपूर्ण साधना मे महाकाली एवं त्रिपुरसुंदरी के बीज का संगम है, महाविद्या महाकाली वाक्सिद्धि वं वाक् चतुर्थ्य प्रदान करने की कृपा करती है जब की भगवती त्रिपुर सुंदरी वाणी मे लावण्य और मिठास का सौंदर्य प्रदान करती है.

इस साधना को सम्प्पन करने के इच्छुक साधक के पास मूंगा माला होनी चाहिए. यह मात्र ११ दिन की साधना है जिसे रात्रि काल मे ९ बजे के बाद सम्प्पन किया जाता है. इस साधना मे वस्त्र सफ़ेद रहे. दिशा उत्तर या पूर्व होनी चाहिए. साधना शुरू करने से पहले हाथ मे जल लेके संकल्प ले. उसके बाद निम्न मन्त्र की ११ माला जाप करे.

क्रीम हसकल क्रीम वाकचातुर्थ्य वाणीसौंदर्य प्रदायिनी नमः

साधना समाप्ति के अगले ही दिन से साधक को उच्चित परिणाम प्राप्त होने शुरू हो जाते है.

****

VAANI SOUNDARY SADHANA

The meaning of the word beauty has been described in very short way and in real we all are bounded in a blind run that just applying name of beauty to the fair skin we goes busy in our respective works but reality is always in front of everyone, but we do not have enough time to understand it. Beauty is a feeling, nature and a platform from where the sweetness of the life starts in which every moment become joyful, and then after that source of the joy let you float ourselves on the one of the bests creation of the universe, which starts being visualize in one's self and it gets on spreading in the surrounding…and then after….it immerse in the surroundings and keeps joyful environment for the surrounding members too.

What and how weighted the significance of the speech is; to describe this, words are too short.

सौन्दर्य को बहु मूल्य बनाने वाले अद्भुत सरल प्रयोग ..

SIMPLE PRAYOG FOR BEAUTY

इन सरल प्रयोगों को अपना कर के देखिये न ....

हर कोई सुन्दर दिखना चाहता हैं यह बात पहलेके युग मेंभी सत्य थी और आज के सन्दर्भ में औरभीसत्य आज पुरुष और महिला दोनों व्यावसायिक क्षेत्र में एक दुसरे को बराबरी से प्रतियोगिता दे रही हैं , इस

आप धापी मेंकिसकेके पास टाइम हैं की वह अपनी देखभाल कर सके ,वह तो अपने आपको या तो परिस्थितिपर छोड़ देता हैंया फिर बेयुटी पार्लर की शरण लेता हैं .

यह पर कुछ ऐसे सरल प्रयोग हैं जो आपके लिए बेहद ही मूल्य वान होंगे. –

प्रयोग क्रमांक 1

सबसे पहले किसी भी व्यक्ति की निगाहे आपके चहरे पर ही पड़ती हैं यही चेहरा से तेज झलक रहा हो कांति मय हो तो क्या कहने आज कल बाज़ार मैं एक से बढ़ कर एक अपना गुण गान करने वाले साबुन उपलब्ध हैं , पर इनके उपयोग की जगह यही अपने घर मैं आसानी से उपलब्ध होने वाले थोडा सा दही और इसमें बेसन मिला कर एक पेस्ट से बना ले , फिर इसे अच्छे से अपने चहरे बाँहोंमें गले में लगा ले , थोडा हलके हाथ से मसाज करें , फिर साफ पानी से इसे धोले , यदि इसे प्रतिदिन स्योग करें तो कुछ दिनों के अन्दर ही आप अपने चेहरे से कान्ति मयता से अचरज होजाएगी .

प्रयोग क्रमांक 2.

चेहरे की सुन्दरता तो लम्बे काले घने केश राशी से हैं इसके लिए भी सदियों से उपयोग होता हुआ ही प्रयोग ही ज्यादा कारगर हैं वह यह हैं की किसी भी खेत से प्राप्त काली मिटटी प्राप्त कर ले, उसे अच्छे से कूट पीट कर अत्यंत महीन कर ले ,साथ ही साथ किसी भी साफ कपडे से साफ कर ले (ऐसा करना संभव न हो पा रह हो तो उस मिटटी का पूरा धेला ही उपयोग कर कर सकते हैं केश धोने से पहले उसे पानी में अच्छे से भिगो दे , फिर हांथो से अच्छे से मिला दे एक पेस्ट जैसा बन जाये तो अपने केश को भी पानी से धोले फिर अहिस्ता अहिस्ता से इसे अपने केशों में लगा ले , फिर १०/१५ मिनिट बाद पानी से केशों को धो ले, आपके केश बिलकुल अच्छी तरह से मुलायम होजाएंगे

प्रयोग क्रमांक 3.

शरीर व चेहरे की सुन्दरता में जल की उपयोगिता से इंकार नहीं किया जा सकता हैं आज के अस्त व्यस्त जीवन में संतुलित जीवन शाली मानो दुर्लभ ही हैं साथ ही साथ आवश्यक जल पीना भीकम होता जा रहा हैं . इसके लिए आयुर्वेद कहत हैं की सूर्योदय के पहले कमसे कम ३/४ गिलास पानी पीना चाहिए , (निश्चय ही जिनकी आदत नहीं वह धीरे धीरे इस आदत को पनाये ओर जल की मात्र धीरे धीरे बढ़ाते जाये) , दिन में यथसंभव जब भी प्यास लगे तो इसे रोके नहीं , चेहरे की कांति स्वयं ही आती जाएगी .

इसके बाद नाश्ते में , अंकुरित चने के साथ एक गिलास हल्का कुनकुना दूध भी पि ले, कुछ दिन में ही आपको अन्तर महसूस होने लगेगा.

प्रयोग क्रमांक 4

संभव हो तो प्रतिदिन अपने शरीर की मालिश करे यह एक प्रकार का व्यायाम भी हैं साथ ही साथ सरीर से थोडा सा पसीना भी निकलेगा जो की रोम छिद्र को खोल देगी , जो की त्वचा के सौन्दर्य के लिए बहुत अच्छा हैं .

प्रयोग क्रमाक 5

मुल्तानी मिट्टियो को पानी में भिगो दे इसका पेस्ट सा बना ले इसमें थोडा सा चन्दन ओर गुलाब जल मिला कर अचची तरह से पुनः पेस्ट सा बना ले, जब सब एक रस हो जाये तब इसे अपने चेहरे पर लगा ले , फिर १५/२० मिनिट के बाद इस पेस्ट को पानी से धो ले , यह भी कांति वर्धकउपाय हैं .

प्रयोग क्रमांक 6

गुलाब की पंखुड़ियों को दूध में मिलाकर या तो चेहरे या फिर पुरे शरीर पर लेप लगाये यह भी बेहद गुणकारी उपाय हैं .

प्रयोग क्रमांक 7

तुलसी तो सभी के घरों में आसानी से मिलने वाला अद्भुत पौधा हैं जिसका आयुर्वेदिक रूप से भी अत्याधिक महत्त्व हैं तुलसी की पत्ती पानी में पीस कर लेप जैसा बना कर लगाये ,फिर पानी से धो ले , निश्चय कुछ दिनके प्रयोग से आपका मुख मंडल की कांति बढ़ जाएगी .

प्रयोग क्रमांक 8

इसी तरह से हर घर में आसानी हल्दी ओर काली तिल को पिस कर चेहरे में लेप जैसा लगाये यह भी कांतिवर्धक हैं .

प्रयोग क्रमांक 9

पपीता का फल एक ओर जहाँ पेट सम्बंधित रोगों में अत्यधिक लाभदायक हैं वही दुसरे ओर खूब पके पपीते के गुदे को चेहरे पर मलिए फिर गरम पानी से धो ले, कुछ दिन में मुहांसे भी दूर हो जायेंगे

प्रयोग क्रमांक 10

केशों में रूशी की समस्या से अधिकतर लोग पीड़ित रहते हैं यदि आधा नीबू लेकर एक कप पानी में निचोड़ ले उससे सर धोने से रूशी दूर हो जाती हैं,

प्रयोग क्रमांक 11

हलकी मालिश यदि चेहरे की जाये तो क्या कहने हैं फिर यदि यह मालिश जैतून के तेल में नीबू का रस मिलकर रात्रि में सोने से पहले चेहरे पर करे तो फिर देखिये कुछ दिनों में आपके चेहरे में क्या अद्भुत निखार लाता हैं .

प्रयोग क्रमांक 12

ठीक इस तरह दही के गुण कारक गुणों से कौन परिचित न होगा तो यदि दही को चहरे पर रोज़ मले कुछ दिन में ही चेहरे का रंग साफ हो जायेगा.

****

VAAM SOUNDARY YANTRA SADHANA

सौंदर्य प्राप्त करने का अद्भुत यन्त्र प्रयोग

यंत्रो की महत्ता के बारे मे जितना भी कहा जाए कम ही है, यन्त्र अपने आप मे एक पूर्णविषय है. यन्त्र विशेष आकृतियों से उर्जा का निर्माण कर के ब्रम्हांड की शक्तियों को अपनी तरफ आकर्षित करने का एक अद्भुत विज्ञानं है. वह एक महज आकृति मात्र नही होती, वह एक प्रतीक होता है जो निश्चित उर्जा को जन्म देती है. लेकिन यंत्रो के बारे मे एक महत्वपूर्ण बात जानना ज़रूरी है की यंत्र मे चैतन्यता होनी अत्यधिक आवश्यक है क्यूँ की जो खुद ही अचेत है वह किसी भी प्रकार की उर्जा का निर्माण कर भी कैसे सकता है. उसी के लिए कई विशिष्ट विधान है. यु हमारे ऋषिमुनियों ने अत्यधिक श्रम के बाद इस दिशा मे खोज कर के जीवन के सभी आयामों एवं महत्वकांक्षाओ की पूर्ति हेतु महत्वपूर्ण यंत्रो का निर्माण किया है

प्रस्तुत यन्त्र भी इसी क्रम मे एक अनूठा यन्त्र प्रयोग है, अत्यधिक गुप्त रूप से इसका प्रचलन रहा है सौंदर्य प्राप्ति हेतु. इस यन्त्र का प्रयोग करने पर एक आकर्षण युक्त सौंदर्य प्राप्त किया जा सकता है. इस यन्त्र को वाम सौंदर्या यन्त्र कहा जाता है.

यह एक सामान्य यन्त्र मात्र लगता है लेकिन इसमे कई विशेषताए छिपी हुई है जिसका संक्षिप्त विवरण कुछ इस प्रकार है.

मध्य मे अधः मुखी त्रिकोण है जो की शक्ति का प्रतीक है, यहाँ पे यह सौंदर्या के वाम पक्ष का प्रतीक चिन्ह है. उसके अंदर का तिरछा त्रिकोण का अर्थ अत्यधिक गुप्त है, यहाँ पे त्रिकोण भेदन न करते हुए उसके छोर तक ही है, मतलब यह सर्जन क्रिया न होते हुए आकर्षण क्रिया को जन्म देती है जो की ब्रम्हांड का मुख्य नियम है की पूर्ण सर्जन से पूर्व आकर्षण ज़रूरी है. ओर सौंदर्य आकर्षण का मुख्य भाव है. उसी के ऊपर लिखा गया मंत्र सौंदर्या का मूल मंत्र है. साथ ही साथ रतिप्रतीक चारो मुख्य स्थान पर रह कर कामप्रतीक को अपनी और आकर्षित किये हुए है. इसका अर्थ यह है की व्यक्ति का रति भाव जागृत हो जाता है जिससे सभी लोग उसके सौंदर्य से आकर्षित होते हुए खींचे चले आते है. यह तो इसका सामान्य विवरण हुआ लेकिन अगर गूढता मे जाए तो इस के हजारो और पक्ष सामने आ जाए.

इस यन्त्र को भोजपत्र पर बनाना योग्य रहता है, अगर यह संभव न हो तो सफ़ेद कागज़ पर भी इसका निर्माण हो सकता है

कुमकुम से पहले अधः त्रिकोण का निर्माण कर, अंदर के त्रिकोण का निर्माण करे. उसके बाद बाहरी रेखाओ का निर्माण कर बिज को लिखे. अंत मे मूल मंत्र को हल्दी से नियुक्त स्थान पर लिखे.

इसके लिए आप चांदी की सलाका या अनार की डाली का उपयोग कर सकते है.

यह कार्य रात्रि मे शुभ मुहूर्त मे बुधवार के दिन किया जाना चाहिए. इसके बाद यंत्र को अपने सामने रख कर धुप दीप देके सौंदर्या के मूल मंत्र का ११ माला स्फटिक माला से जाप करे

ॐ सौंदर्या सिद्धिम नमः

उसके बाद अगले ११ दिनों तक रोज रात को १० बजे के बाद निम्न मंत्र का ११ माला जाप करे

ॐ वामसौंदर्या सौंदर्य प्रदाय सिद्धिं देहि क्लूम

साधना के मध्य ही योग्य परिणाम प्राप्त होने शुरू हो जाते है. साधना पूर्ति पर यन्त्र को किसी तावीज़ मे भरकर धारण कर लेना चाहिए और १ महीने तक धारण करे रहना चाहिए.

****

परम दुर्लभ आत्म लिंग साधना

सम्पूर्ण जीवन का सौन्दर्य हैं यह साधना ...

योग तन्त्र का पूरा आधार एक गुढ़ रहश्य है जिसे जितना भी समजा जाये कम ही पड़ता है, सदियों से साधक ने इस आधार को समजने की कोशिश की है और अत्यधिक से अत्यधिक ज्ञान प्राप्त करने परभी उसके सभी पक्ष का अनावरण नही हो पाया है, वह आधार है कुण्डलिनी शक्ति. कुण्डलिनी के जितने भी पक्ष अब तक विविध सिद्धोने सामने रखे है वह मनुष्यों को उसकी शक्ति के परिचय के लिए पर्याप्त है. सामान्य रूप मे साधको के मध्य कुण्डलिनी का षट्चक्र जागरण ही प्रचलित है, लेकिन उच्चकोटि के योगियों का कथन है की सहस्त्रारजागरण तो कुण्डलिनी जागरण की शुरुआत मात्र है, उसके बाद ह्रदयचक्र, चित चक्र, मस्तिस्क चक्र, सूर्यचक्र जागरण जैसे कई चक्रों की अत्यधिक दुस्कर सिद्धिया है जिनके बारे मे हम सामान्य मनुष्यों को भले ही ज्ञान न हो लेकिन इन एक एक चक्रों के जागरण के लिए उच्चकोटि के योगीजन सेकडों साल तक साधना रत रहते है. इस प्रकार यह कभी न खत्म होने वाला एक अत्यधिक गुढ़ विषय है. इसी क्रम मे अलग अलग लाखो-करोडो विधान प्रचलित है.

योग तन्त्र के मध्य कायाकल्प के लिए एक अत्यधिक महत्वपूर्ण विधान है. कायाकल्प और सौंदर्य का सही अर्थ क्या है, इसके बारे मे पहले ही चर्चा की जा चुकी है की यह मात्र काया को सुन्दर बनाने की कोई विधि मात्र नही है. यह आत्मा की निर्मलता से लेके पाष से मुक्त होके आनंद प्राप्ति की क्रिया है. अगर साधक आतंरिक चक्रों के दर्शन की प्रक्रिया कुण्डलिनी के वेगमार्ग से करता है तब उसे मूलाधार से आगे बढ़ते ही एक त्रिकोण द्रष्टिगोचर होता है, जो की आतंरिक योनी है, मनुष्यका ह्रदय पक्ष और स्त्री भाव इस त्रिकोण पर निर्भर करता है, और उसके ऊपर मणिपुर चक्र के पास एक लिंग ठीक उस त्रिकोण अर्थात योनी के ऊपर स्थिर रहता है, जो की व्यक्ति के मस्तिष्क पक्ष और पुरुष भाव से सबंधित है. यह त्रिकोण और लिंग से एक पूरा शिवलिंग का निर्माण होता है जिसे योग-तन्त्र मे आत्मलिंग कहा जाता है. इस लिंग के दर्शन करना अत्यधिक सौभाग्य सूचक और सिद्धि प्रदाता है. शिवलिंग के अभिषेक के महत्व के बारे मे हर व्यक्ति जनता ही है. यु इसी क्रम मे साधक इस लिंग का अभिषेक करे तो आत्मलिंग से जो उर्जा व्याप्त होती है वह पुरे शरीर मे फ़ैल कर आतंरिक शरीर का कायाकल्प कर देती है, उसके बाद साधक निर्मल रहता है, उसके चेहरे पर और वाणी मे एक विशेष प्रभाव आ जाता है. साधक एक हर्षोल्लास और आनंद मे मग्न रहता है और कई सिद्धिया उसे स्वतः प्राप्त होती है.

योगतन्त्र मे इस दुर्लभ विधान की प्रक्रिया इस प्रकार से है. यथासंभव इस अभ्यास को साधक ब्रम्ह मुहूर्त मे ही करे, लेकिन अगर यह संभव न हो तो कोई ऐसे समय का चयन करे जब शोरगुल न हो और अभ्यास के मध्य कोई विघ्न ना आये. साधक पहले अपनी योग्यता से सोऽहं बीज के साथ अनुलोम विलोम की प्रक्रिया करे. उसके बाद भस्त्रिका करे. अनुभव मे आया है की जब साधक २ मिनट मे १२० बार पूर्ण भस्त्रिका करे तब उसे कुछ समय आँखे बांध करने पर कुण्डलिनी का आतंरिक मार्ग कुछ क्षणों तक दिखता है. इस समय मे साधक को ॐ **आत्मलिंगाय हूं** का सतत जाप करते रहना चाहिए. नियमित रूप से अभ्यास करने पर वह लिंग धीरे धीरे साफ़ दिखाई देने लगता है. जब वह पूर्ण रूप से दिखाई देने लग जाए तब आत्मलिंग के ऊपर आप अपनी कल्पना के योग्य ॐ **आत्मलिंगाय सिद्धिं फट** मंत्र द्वारा अभिषेक करे. जिसे आँखों के मध्य हम बहार देखते है, चित के माध्यम से शरीर उसे अंदर देख सकता है, चित ,द्रष्टि के द्वारा पदार्थो का आतंरिक सर्जन करता है और उसे ही मस्तिक के माध्यम से हम बिम्ब समज कर हम उसे बहार देखकर महसूस करते है, तो इस प्रक्रिया मे चित का सूक्ष्म सर्जन ही मूल सर्जन की भाव भूमि का निर्माण करता है, इस लिए अभिषेक करते वक्त चित मे से निकली हुयी अभिषेक की कल्पना सूक्ष्मजगत मे मूल पदार्थ की रचना करती ही है, जिससे आप जो भी अभिषेक विधान की प्रक्रिया करते है वो आपके लिए भले ही कल्पना हो, सूक्ष्म जगत मे उसका बराबर अस्तित्व होता ही है. अभिषेक का अभ्यास शुरू होते ही साधक का कायाकल्प भी शुरू हो जाता है.

****

AATM LING SADHNA

The base of the Yoga-tantra is one big mystery, which is too wide to understand, from centuries Sadhakas of all ages have tried to understand this base and by generating more and more knowledge of the same, all aspect of the same have not been disclosed, that base is Kundalini Power.

SAMMOHAN SE SOUNDARY PRAPTI

एक अत्याधिक सरल विधि ....

हमारी साधना विधियों में सभी विधि अपने आप में श्रेष्ठ हैं सभी अपने आप में विशिस्ट हैं हर का अपना ही एक महत्त्व हैं , इस इसी श्रंखला में आप सम्मोहन विज्ञानं को रख सकतेहैं भले ही यह आज मान लिया जाता हो की यह पाश्चात्य देशो में पला बड़ा हुआ हैं पर वास्तव में इस विज्ञानं की नीव भी हमारी सनातन संस्कृति में हैं ही .पर इस के माध्यम से आप व्यक्ति की अन्तः मन की व्याधि या कमिया दूर करसकते हैं पर सौन्दर्य यह कैसे यह दे सकता हैं ...

सौन्दर्य के मूलभूत दोप्रकार हैं पहला तोजो बाह्यगत हैं दूसरा जो अंतर गत हैं और दोनों का जिसमे सही समन्वय हुआ हो वही सौन्दर्य किपरिभाषा में खड़े होने के लायक हैं , बौद्धिक के साथ मानसिक सौन्दर्य की अपना एक अलग महत्त्व हैं ..

हमसभी अधिकतर बाह्यगत सौन्दर्य की ही अधिक मान्यता रखते हैं , पर वह जो बाह्यगत प्रतिफलित हो रहा हो वह अंतर मन की खूबसूरती पर ही तो निर्भर होगा अन्यथा उसका आधार तो अंतर ही होगा न , पर अंतर मन अपने आप में इतनी विसंगतिया लिए हुआ हैं कि मानव को कहा जाये की वह पागलपन की आखिरी सीमा पर खड़े हुए दुसरे को पागल कह कर हस रहा हैं पर यह स्वयं भूल जाता हैं की यदि वह स्वयं जीवन का अर्थ का सही आकलन करे तो शयद कुछ लोग ही उसे मानसिक स्वास्थ्यकहेंगे या निकलेगे, पर इन विसंगतियों को कैसे दूर किया जाये . बस ठीक यही सम्मोहन काम में आता हैं , यहाँ सम्मोहन भी अनेक प्रकार का हो सकता हैं प्रथम तो जिसे हम चाहते हैं उसे सम्मोहित करेऔर अपने अनुकूल बनाये ,

वही दूसरी ओर यह विचार हैं की एक एक करके किस किस को सम्मोहित करते रहेंगे , क्या कोई ऐसी विधा हैं की जिसके माध्यम से जो कोई हमें देखे वह स्वयं ही सम्मोहित हो जाये .

अरे इसका उत्तर हैं हां "आत्म सम्मोहन" एक ऐसी विधा हैं जिसके माध्यम से यह संभव हैं.

पर यदिकोई आत्म सम्मोहन मे दक्ष नहीं हो पा रहा हो तो मंत्रात्मक विधान उपयोग करे,क्योंकि जब हमारा व्यक्तित्व स्वयं ही सम्मोहन के लिए लिए तैयार होगा तो हममें स्वयं ही वह गुण उत्त्पन्न होगा .

यहाँ मेरा तात्पर्य अपने व्यक्तित्व मे चुम्बकीयता उत्पन्न करना भी हैं , साथही साथ समग्र रूप से अपने में आकर्षण भी उत्पन्न करना हैं , यहाँ ....यह तो एक मिनिट में नहीं होसकता हैं की आपकी उचाई एक दम से बढजाये नहीं ...एकदमसे आपके चेहरे का रंग रूप बदल जाये पर पर इतना हैं की आप जहाँ होंगे वहा पर आपके चारो तरफ एक ऐसा वातावरण साथ होगा जो अपने आप में एक लावण्यता और आकर्षण स्वत ही उत्पन्न करता जायेगा ,

यहाँ एक बात अच्छी तरह से समझ जाये की चेहरे में सबसे पहले किसी भी व्यक्ति के नेत्र ही पहला बिंदु होता हैं जो आपको दृष्टी गत होते हैं तोक्योंना इसे ही चुम्बकीयता से जोड़ दिया जाये , आप यदि साधरण त्राटक करपाने से किसी भी तरह से असमर्थ पाते हो , इस विधि को भी अपनाये, किसी भी दर्पण के सामने बैठ कर स्वयं को भावना दे की आपमें आकर्षण हैं आप में सम्मोहन क्षमता हैं , आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली हैं , यह स्व सम्मोहन की विधि धीरे धीरे आपमें यह गुण उत्पन्न करती जाएगी .

थोडा सा अपनी चाल में संतुलित ता लाये , ध्यान दे किकिस तरह आपको जिन भी व्यक्ति की बाते या व्यक्तित्व आकर्षित करता हैं वह किस तरह से बोलते हैं आपको उनकी नक़ल नहीं करना हैं बल्कि आपको जो भी अच्छा हैं जहाँ भी अच्छा मिले उसे पूरे मन से स्वीकार करते जाना हैं धीरे धीरे आप पाएंगे आप में वह गुण स्वतः ही आते जा रहे हैं वस्तुतः कोई भी गुण बाहर से नहीं आता बल्कि सारे गुण तो हमारे अन्दर सुसुप्त अवस्था में रहते हैं बस जरुरत हैं की उन्हें पहचान कर उनका इस्तेमाल करना सीखे .

सदगुरुदेव जी द्वारा लिखित 'आधुनिक हिप्नोटिस्म के १०० स्वर्णिम सूत्र " में आपको ऐसे अनेको सूत्र मिलेंगे जिन्हें आप अपने जीवन में इस्तेमाल कर , यदि आपके पास समय नही हैं कि आप मेहनत करके एक अच्छे सम्मोहंविद बन पाए पर आप में सदगुरुदेव द्वारा लिखित सूत्र निश्चय ही आकर्षणता का अमृत घोल देंगे .

फिर भी आप चाहे तो "नेत्र चुम्कत्व दीक्षा " आत्म सम्मोहन दीक्षा " जैसी उच्च कोटि की दीक्षाओ के लिए सदगुरुदेव जी से प्रार्थना कर प्राप्त करे . फिर जब आपके बाह्य मन और अंतर मन में समन्वय होगा तो पूरा शरीर एक सांचे में ढलता जायेगा . फिर क्यों कोई न आकर्षित होगा , और क्या यहभी एक सौन्दर्य नहीं होगा

Attaining sundary through hypnotism

Each sadhana marg in our sadhan jagat is very special and unique and show a direction where everything what we want can be achieved , so no path is lesser in sadhan jagat and also having equal important one. In this series you can also include hypnotism science, through common believe that this science gain its modern importance/shape because of western world, but actually this science has also a root in our sanatan sanskriti. And through that all the inner hidden complexity/problem of any person can be removed. But how this can be helpful in gaining beauty..

मेरा अनुभव एक बेहद ऋणात्मक योग के साथ : केमद्रुम योग

MY EXPERIENCE WITH MOST HARMFUL YOG – KEMDRUM YOG

कैसे करे इसका सामना क्या कोई उपाय हैं

मानव जीवन में ग्रहोंका प्रभाव तोकेबल इस तरह न ही नकारा जा सकता की वह कोई व्यक्ति विशेष इसे नहीं मानता, केबल कोई यह मान ले की बिजली के तार से बिजली का प्रवाह नहीं हो रहा हैं और उसे वह छू ले जिस समय उसमे से विजली प्रवाहित हो रही होगी तो उसे भी बिजली का झटका लगेगा , और उसे भी जो इसे मानता हैं , मानव के विस्वास और अनुभव पर यह विश्व टिका नहीं हैं अन्यथा अभी तक सम्पूर्ण विश्व में हाहाकार मच गया होता , अभी अनेको पृष्ट के रहस्य सामने आना बाकि हैं हर विज्ञानं की अपनी सीमाए हैं उसका एक्महत्व हैं उसे नकारने से पहले उसके बारेमें खुद भी अध्ययन भी तो करे , तब स्वयं ही देख ले, एक सच्चे विज्ञानी कीतरह किसी भी विज्ञानं को सच्चाई परखने केलिए

एक वैज्ञानिक दृष्टी कोण अपनाये , फिर उसके धनात्मक ओर ऋ णा त्मक गुणों को देखें .

नाकि पहले से ही पूर्वाग्रह से ग्रसित हो कर एक ऐसी शोध में लगे जिसे की मानो आपको सिद्ध करना हैं की यह विज्ञानं अ प्रमाणिक हैं तो आप ऐसे अनेको उदहारण ढूढ लायेगे जो बता देगा की यह सही नहीं हैं वहीँ मानलो आपको सिद्ध करना हैं तो आप ऐसे अनेको उदाहरण ढूढ लायेगा जिससे यह सिद्ध होता हैं की यह बिलकुल सत्य हैं , तो इस तरह की तर्क /वितर्क में फसने से अच्छा हैं की कुछ बाते तथ्यात्मक देख ले .

१९९३/९४ मेंजब ज्योतिष शास्त्र का अध्ययन कररहा था, तो मन मे सदगुरुदेव जी यही दिया सूत्र था की "केबल बाबा वाक्य प्रमाणं " न मानना, स्वयं भी हर योग को अपनी कसोटी पर कसना और जब संतुष्ट हो जाओ तो फिर आगे बढ़ते चलो ये सूत्र तुम्हे रास्ता दिखाए पर इन्हें पकड़ कर ही नहीं बैठ जाना और अपने आपको विख्यात ज्योतिष न मान लेना और अपनी दुकान न खोलने लग जाना बल्कि इसका अध्ययन यह मान कर कर करना प्राचीन ऋषियों द्वारा प्रतिपादित यह भारतीय ज्योतिष विज्ञानं भी धीरे धीरे व्यक्ति केमन से उसका अहंकार मिटाता जाता हैं और उसे एक विश्व से जोड़ता जाता हैं. यह भी तो एक साधना हैं जो मानव समाज के काम की हैं न किकेबल उदर पूर्ति का एक साधना , जो जीवन से हार चुके हैं वे आजीविका के लिए नहीं बल्कि जो श्रेष्ठ हैं योग्य हैं वह भी तो इसे आजमाए , आगे आये ,इसे परखे , और समाज उपयोगी बने ..

कुंडली शास्त्र का अध्ययन करते समय एक योग ने मेरा ध्यान आकर्षित किया वह था "केमद्रुम योग ". जिसके बारे में सदगुरुदेव जी ने लिखा हैं " भारतीय योग चन्द्रिका" में ,की चाहे हजारों राज योग हो पर यह योग उनसभी योग को नष्ट कर देता हैं और व्यक्ति को बहुत की कठिन परेशानी और अपमानित जीवन के पक्ष से उसका बार बार सामना करता रहता हैं . व्यक्ति चाहे जितनी कोशिश करता हैंपर सफलता उसे बहुत मुश्किल हैं . निश्चय ही इसे भयकर योग को हर कोई व्यक्ति अपनी कुंडली में नहीं देखना कहेगा ,

पहले हम समझ ले की कुंडली में जब जिस भाव में चन्द्रमा हो उसके आगे पीछे भावो मेंकोई गृह न हो ,तब इस योग का निर्माण होता हैं .

मैंने तत्काल अपनी कुंडली में देखा यह योग नहीं पाया तो राहत की साँस ली ,मैंने अब मैंने जितने परिचित हैंसभी कुडली में यह योग ढूंढ ना प्रारंभ किया किया मेरे एकमित्र की कुंडली में यह यह योग मिल गया , वे अत्याधिक मेधावी थे और इंजीनियरिंग की शिक्षा की प्राप्त करने के बादभी एक अच्छा जॉब नहीं पा रहे थे .(उस काल में जॉब पाना इतना आसन भी नहीं था चारो और बेरोजगारी की बेहद बड़ी समस्या से देश जूझ रहा था) उन्होंने बहुत कोशिश की पर हर जगह यह योग अपना असर दिखा भी देता था .

की इसका निराकरण किया जाये हम नहीं जानते थे तो कुछ निराश होना स्वाभाविक भी था . की की क्या जाये

तभी एक दिन पत्रिका में सदगुरुदेव ने "राज्याभिषेक दीक्षा " के बारे में दिया , उस दीक्षा के बारे में क्या कहा जाये जितना लिखो मानो सूर्य को दीपक दिखाने के समान ही हैं , सदगुरुदेव भगवान् ने भी लिखा था , इसको मत चूकना अन्यथा यह दीक्षा यह तो करोंडो जीवन के पुण्य फलो का उदय हैं , पिछले पांच हज़ार साल मे कुछ लोग ही यह दीक्षा ले पाए हैं ,क्योंकि कोई दे सके ऐसा व्यक्ति मिलना संभव कहा हैं,

मेरे मित्र को समझा दिल्ली जा कर कर हम दोनों ने यह दीक्षा प्राप्त की , (तीन या पांच भागोंमे यह शिविर देखना भी विडियो cd में भी सौभाग्य हैं)सदगुरुदेव कह रहे थे की आज से तुम्हारा भाग्य में लिखूंगा , अब कहे कोई ज्योतिषकी तुम्हारी कुंडली यह या वह बुरा योग हैं उससे कह देना की उसे अपने पास ही रखो ,अब सदगुरुदेव मेरे भाग्य विधाता हैं मेरी कुंडली में वह बैठे हैं .)

उस दीक्षा लेने के बाद कुछ समय के अंतराल के अन्दर मेरे मित्र एक जॉब पा गए हाँ उनकी मेहनत को कम कर के नहीं देख रहा हूँ , आज वे छतीस गढ़ राज्य में भारतीय रेलवे में एक उच्च पदाधिकारी हैं हाँ यह समय का फेर कहे अपना भाग्य की अब पद और धन , परिवार सम्पत्ति पाकर अब बे सदगुरुदेव और साधना से कोसों दूर हैं .

तो किसी भी ज्योतिष योग से घबराए नहीं ,सदगुरुदेव पर आस्था रखे और किसी स्थिति में अपनी साधना से विमुख न हो , जरा सोचिये जिसके भाग्य में उस काल में सामान्य से जॉब में समस्या आ रही थी अब वह कहाँ हैं, तो आप क्यों नहीं उन्नति कर सकते हैं

क्या मुझे कुछ ओर लिखना होगा ...

सदगुरुदेव की कृपा स्नेह के बारे में मेरी लेखनी भी असमर्थ हैं लिखने में

उसे आप स्वयं समझ सकते हैं ...

** ***[My experience with kemdrum yog – a highly negative Yog](#)***

One cannot denied the effect of planet s on human merely on the ground that he or some one special not believe on this . suppose someone does not believe that electricity is flowing in the wire and touch the open wire bare hand on the time when electrify is flowing what will happened ?, and same will be the result felt by who believe in that . the whole universe is not depend upon this limited human being knowledge and faith /belief , if so than whole universe will collapse in a sec. since many mystery still waiting for us.

KAYA KALP & SOUNDARY RAHSY

सौंदर्य के आधार हैं यह परम गोपनीय सूत्र केबल आपके लिए पहली बार

सदगुरुदेव की आज्ञानुसार जब मैं उनके संन्यासी शिष्य प्रज्ञानंद जी से मिला था और उनसे कायाकल्प का प्रत्यक्ष प्रमाण देखा था(श्वेत बिंदु और रक्त बिंदु लेख माला में आपने इस विज्ञान से सम्बंधित रहस्यों को ब्लॉग पर अवश्य पढ़ा ही होगा) उन्ही के सान्निध्य में मैंने इस विषय से सम्बंधित जिज्ञासाओं का शमन प्राप्त किया था. वहाँ से वापिस २ महीने में हम पचमढ़ी पहुचे थे .

जहाँ उन्होंने मेरी मुलाकात सौंदर्या माँ से करवाई थी.यहाँ एक बात मैं आप सभी के बताना आवश्यक समझता हूँ की सदगुरुदेव के सान्निध्य में विभिन्न गृहस्थ और संन्यासी शिष्यों ने विभिन्न साधनाओं के क्षेत्रों में सफलता पायी हैं या ये कह लें की पात्रता या शोध कार्यों के अनुसार किसी खास साधनाओं के रहस्यों को सदगुरुदेव ने शिष्यों को प्रदान किया है,

और उन शिष्यों को उसी क्षेत्र विशेष में आगे बढ़ाया है.जिसके परिणाम स्वरुप आज वे शिष्य उन साधनाओं में विविध आयामों की प्राप्ति कर एक कीर्तिमान बना सके.

खैर माँ का निवास बड़ा महादेव की गुफा से पीछे की तरफ घने जंगलों में है जहाँ पर वे अपने आश्रम में आज भी साधनाओं के विभिन्न रहस्यों को जानने और उचित साधकों को ज्ञान प्रदान करने के कार्य में लगी हुयी हैं.सौंदर्य साधनाओं और अप्सरा यक्षिणी साधनाओं का ऐसा रहस्य शायद ही आज किसी और साधक के पास हो जैसा सदगुरुदेव ने उन्हें प्रदान किया है. और मेरा भाग्य तो उस समय हीरक कलम से लिखा गया था,तभी तो कायाकल्प तंत्र के ज्ञाता स्वामी प्रज्ञानंद जी और सौंदर्य साधनाओं में अग्रणी सौंदर्या माँ का सान्निध्य मुझे प्राप्त हुआ था,और यही उचित अवसर था मेरी जिज्ञासा की भूख को शांत करने का तो बस फिर मानो मैंने तो प्रश्नों की झड़ी ही लगा दी थी और उतनी ही तीव्रता से मुझे उनके उत्तर भी प्राप्त होते चले गए.उस दिन मुझे यकीन हो गया की विज्ञान सही कहता है की 'क्रिया के सामानांतर उतने ही वेग से उसकी प्रतिक्रिया भी होती है.' है ना.

प्र० **कायाकल्प क्या है ?**

उ० इसके लिए सबसे पहले कायाकल्प शब्द का अर्थ समझना आवश्यक है. काय शब्द का अर्थ शरीर तो होता ही है ,परन्तु ये एक महत्वपूर्ण तत्व अग्नि को भी दर्शाता है.अर्थात ये अग्नि का भी पर्यायवाची है-

"जाठरः प्राणिनां अग्निः काय इत्यभिधीयते"

समस्त प्राणियों की की जठराग्नि को काय शब्द से उच्चारित किया जाता है,इसीलिए कहा गया है की अग्नि के ठीक रहने से मनुष्य भी स्वस्थ और निरोग रह सकता है.

इसी प्रकार इस उक्ति को भी यहाँ ध्यान में रखना अनिवार्य है कि-

"अग्नि मूलं बलं पुंसां रेतोमूलम च जीवनं‚तत्समात् सर्व प्रयत्नेन वह्निं शुक्रं च रक्ष्येत्"

यहाँ पर तंत्र,योग और आयुर्वेद एक ही बात कहते हैं कि मनुष्य के बल का मूल स्त्रोत अग्नि ही है और जीवन का मूल वीर्य ही है,अतः सभी प्रकार से अग्नि और वीर्य की रक्षा मानव को करना ही चाहिए. अग्नि से तात्पर्य ताप से भी है और हम सभी जानते हैं की मानव शरीर का ताप नष्ट हो जाने पर मनुष्य मृत समझा जाता है,मानव शरीर में कई प्रकार की अग्नि होती हैं ,जिनके विकृत होने पर मनुष्य रोगी समझा जाता है.तभी तो भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है की-

"अहम् वैश्वानरो भूत्वा प्राणिनां देहमाश्रीतः

प्राणः अपान समायुक्तो पचाम्यनम् चतुर्विधं"

अर्थात मैं वैश्वानर (अग्निरूप) होकर प्राणियों के शरीर में वास करता हूँ और प्राण,अपान,समान वायु के द्वारा खाद्य,पेय,लेह्य और चव्य इन चारों प्रकार के अन्नों को पचाता हूँ.

और प्रत्येक प्राणी की चार अवस्था होती है, इसमें से किसी भी अवस्था में जठराग्नि और वीर्य के कमजोर और दूषित होने पर तीव्रता के साथ वृद्धावस्था की और अग्रसर होने लग जाता है. परन्तु जिस विद्या के द्वारा काय को प्रदीप्त कर शरीर को पुनर्योवन प्रदान किया जाता है ,उसे कायाकल्प कहा जाता है.

प्र० **आपने सिर्फ अग्नि और वीर्य को ही जीवन का मूल माना है,जबकि ये सृष्टि तो पंचभूतात्मक अर्थात पञ्च तत्वों यथा पृथ्वी,जल,अग्नि,आकाश और वायु से निर्मित है?**

उ० बेटे तुम्हारा कथन अपनी जगह सही है,परन्तु एक गूढ़ रहस्य भी है इसमें जिसकी जानकारी हमें होना ही चाहिए .और वो ये है की भले ही ये सृष्टि पंचभूतात्मक है परन्तु इसमें आकाश आच्छादन में,पृथ्वी धारण में और वायु सहयोगी मात्र रह जाता है. निर्माण मात्र जल और अग्नि के द्वारा ही होता है और विकृति भी इन्ही दोनों के कमजोर पड़ने और दूषित होने से होती है. वस्तुतः कायाकल्प अग्निकल्प ही है क्यूंकि जलीय विकृति आदि का व्यवधान को शस्त्र-कर्म से दूर किया जा सकता है,किन्तु किसी भी चिकित्सा पद्धति में अग्नि से उत्पन्न विकृति को शस्त्र कर्म से दूर नहीं किया जा सकता,इसीलिए कायाकल्प को अग्नि की चिकित्सा भी कहा जाता है.

प्र० **कायाकल्प और सौंदर्य में क्या भेद है ?**

उ० कायाकल्प का अर्थ होता है किसी भी पदार्थ में कालानुसार क्षरण की क्रियाओं के फलस्वरूप जो विकृति हुयी हो उसका रूपांतरण कर पुनः मूल रूप देना ठीक वैसा ही जैसा वो या तो क्षरण के पहले था या फिर जैसा हम चाहते हैं.वस्तुत इस क्रिया को संपन्न करने के विभिन्न चरण होते हैं और साथ ही विशिष्ट माध्यमों का प्रयोग कर ये क्रिया की जाती है. और मात्र कायाकल्प से ही तो कार्य संभव नहीं हो पाता है बल्कि उस पदार्थ ,तत्व,धातु या फिर प्राणी के भीतर उपस्थित वह ऊर्जाजिससे बाह्य जगत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता हो,उस ऊर्जाका स्तर तथा मात्रा को सकारात्मक रूप से परिवर्तित कर उसका प्रवाह अन्तः शरीर के साथ बाह्य शरीर पर भी करना और उसे स्थायित्व प्रदान करना.**यही क्रिया सौंदर्य गुण की प्राप्ति कहलाती है. वस्तुतः कायाकल्प और सौंदर्य एक दुसरे के बगैर अधूरे ही हैंऔर इन दोनों का योग तंत्र के द्वारा ही हो सकता है.**

प्र० **आप ने कहा की इन क्रियाओं के संपादन हेतु किसी विशिष्ट माध्यम की आवश्यकता होती है,तो वे विशिष्ट माध्यम कौन कौन से हैं?**

उ० इसके लिए उन वनस्पतियों,मन्त्रों,धातु,तत्व या प्राणियों का प्रयोग किया जाता है जिनमें धनात्मक ऊर्जा की प्रचुर मात्रा में प्रधानता होती है. इन के प्रयोग से ही कायाकल्प और सौंदर्य की क्रियाओं को पूर्णता दी जाती है.क्यूंकि दोनों ही क्रियाओं में उपादान में ऋणात्मक गुणों का परिवर्तन धनात्मक गुणों में किया जाता है या उपादान में धनात्मक ऊर्जा का विस्तार किया जाता है.

प्र० कायाकल्प करने के लिए आयुर्वेद का प्रचलन तो है ना,फिर इसमें तंत्र का क्या योगदान है ?

उ० आयुर्वेद मानव जीवन की स्वस्थ रहने की कामना पूर्ण करने में सहायक है, सदैव से मानव के मन में स्वयं अजर,अमर होने की तीव्र उत्कंठा रही है. और आयुर्वेद का समन्वय जब तंत्र से हो जाता है तो इस उक्ति को भी सिद्ध किया जा सकता है जो की यजुर्वेद मानव से कहता है कि –

"जीवेत शरदः शतम् .....भूयश्च शरदः शतात्'

अर्थात हम १०० वर्षों तक स्वस्थ रहने के पश्चात पुनः १०० वर्ष जियें. इसी आयुष्कामना के लिए आयुर्वेद को तीव्रता प्रदान करने के लिए तंत्र और आयुर्वेद का समन्वय किया जाता है. **तंत्र का अर्थ ही होता है एक निश्चित पद्धति के साथ किसी कार्य को गति देकर मनोवांछित परिणाम की प्राप्ति करना**. और तंत्र समस्त आंतरिक और बाह्य विकारों को नष्ट कर गुणों को परिष्कृत करता है ,सौंदर्य की प्राप्ति करवाता है और इसी कारण जब कायाकल्प के साथ सौंदर्य का समावेश हो जाता है तो यही सही अर्थों में कायाकल्प कहलाता है.और **जिस तंत्र के द्वारा ये अद्भुत क्रिया संपन्न की जाती है उसे कायाकल्प तंत्र कहा जाता है,सौंदर्य तंत्र कहा जाता है** क्यूंकि इसमें बाह्य उपादानों के साथ साथ तांत्रिक विधियों और दिव्य मन्त्रों का भी प्रयोग किया जाता है. तांत्रिक क्रम और मन्त्रों के योग से ये क्रिया तीव्र भी होती है और इससे प्राप्त परिणाम में स्थायित्व भी होता है

प्र० यूँ तो आयुर्वेद में विभिन्न वनस्पतियों या सामग्रियों का योग कर कल्प का निर्माण करने का विवरण प्राप्त होता है परन्तु वे कौन कौन सी दिव्य वनस्पतियां हैं जो मनुष्य को वीर्यवान कर मात्र उनके अपने प्रयोग से सौंदर्य प्रदान कर कायाकल्प कर देती हैं और पारद का इसमें क्या महत्वपूर्ण भाग है ?

उ० वैसे तो विभिन्न प्रकार की विकृतियों के लिए भिन्न भिन्न वनस्पतियों का कल्प रूप में सेवन करवाया जाता है परन्तु पूर्ण कायाकल्प के लिए जिन वनस्पतियों का प्रयोग किया जाता है वो हिमालय में अधिक मात्र में उत्पन्न होती हैं.हिमालय में उत्पन्न होने वाली सभी वनस्पतियां वीर्य और शक्ति से संपन्न होती हैं.परन्तु कायाकल्प और सौंदर्य के लिए – **ऐन्द्री,ब्राह्मी,क्षीरकाकोली,शंखपुष्पी,मुंडी,महामुंडी,शतावरी,विदारीकंद,जीवंती,पुनर्नवा,नागबला,शालपर्णी, वचा, छत्रा,अतिछत्रा,मेदा,महामेदा, जीवक,ऋषभक,मुद्गपर्णी,माष पर्णी और मधुयष्टी** इनके ६ माह के प्रयोग से पूर्ण कायाकल्प होकर दीर्घयोश्य की प्राप्ति होती ही है. इसी प्रकार हमें ये भी नहीं भूलना चाहिए की पारद के प्रयोग से अतिशीघ्रता से जरा और दरिद्रता दोनों का ही नाश किया जा सकता है,क्यूंकि इसकी वेध क्षमता अनंत है. यदि इसे बद्ध कर उससे कल्प,कल्प पात्र,विग्रह या गुटिका का निर्माण कर प्रयोग किया जाये तो जो परिणाम प्राप्त होते हैं वे अद्भुत होते हैं.संसार में आज तक ऐसी कोई भी औषधि नहीं बन पायी है ,जो की मानव की मानसिक दुर्बलताओं व बौद्धिक क्षीणता को नष्ट कर दे तथा भविष्य में ना होने दे परन्तु,पारद में यह क्षमता है की यदि उसके अष्टविध संस्कार संपन्न कर दिए जाये तो उसके प्रयोग से ये संभव है-

"हतो हन्ति जराव्याधि मूर्छितो व्याधि घातकः

बद्ध खेचरताम् धत्ते कोन्य सूतात् कृपाकरः"

तभी तो रससिद्ध नागार्जुन ने यही उक्ति और ध्यान मन्त्र हमें पारद की शक्ति को जानने के लिए दिया है की **"रसे सिद्धे करिष्यामि निर्जरामिदं जगत"**

और सबसे महत्वपूर्ण पक्ष ये है की जब पारद के द्वारा तांत्रिक योग से कल्प माध्यम का निर्माण किया जाता है तो कुछ विशेष मंत्रो का एक विशेष क्रम से प्रयोग किया जाता है .और इस प्रकार निर्मित माध्यम तीव्र और अद्भुत प्रभावकारी होता है. यदि मात्र कल्प पात्र का ही निर्माण कर लिया जाये तो उसमे रखे जल का प्रयोग करने से धीरे धीरे कृशता और पलित दूर होकर पूर्ण यौवन की प्राप्ति होती है और देह का कालापन दूर होकर गौर वर्ण की प्राप्ति होती है

प्र० **आपने कहा है की अग्नि की सतत प्रदीप्ता ही कायाकल्प का मूल उद्देश्य है,तो इसके लिए आयुर्वेद में विभिन्न क्रियाएँ हैं परन्तु कायाकल्प तंत्र से इसका क्या सम्बन्ध हैं?**

उ० शरीर में उपस्थित सभी अग्नियों को नियंत्रित करने वाला स्थान नाभि है जहाँ पर मणिपुर चक्र होता है.हम सभी को ये पता है की रावण की नाभि में अमृत था,जिसके कारण उसकी मृत्यु नही हो सकती थी. परन्तु वो अमृत की प्राप्ति कैसे करता था,ये भी एक विचारणीय तथ्य है. रावण रचित **'लंकेश तंत्र पुष्पमाला'** में उसने इस क्रिया का पूर्ण विवरण दिया है.उसमे उसने बताया है की षोडश मातृकाओं और ५२ वर्णों का उद्गमस्थल मणिपूर ही है.इसी चक्र को उच्च कोटि के योगी **रत्न कूट चक्र** के नाम से भी जानते हैं.ये अग्नि तत्व से सम्बंधित चक्र है जिसका प्रतिक त्रिकोण होता है .इसी त्रिकोण में कल्पना शक्ति,विचार शक्ति और संकल्प शक्ति का वास होता है.

सम्पूर्ण तंत्र यही निवास करते हैं. उसने व्याख्या करते हुए बताया था की प्रत्येक मातृका की चार शक्तियां होती हैं जिन्हें की योगिनी कहा जाता है .इस प्रकार प्रत्येक मातृका चार योगिनियों की स्वामिनी होती है.और प्रत्येक योगिनी एक तंत्र की मूल शक्ति होती है,इस प्रकार १६ x ४=६४ योगिनियां ६४ तंत्रों को साकारता देती हुयी मणिपुर चक्र में स्थित होती हैं. और अग्नि की तीव्रता और मंदता से इनकी शक्ति पर भी अंतर पड़ता ही है.तांत्रिक कायाकल्प का अर्थ सामान्य कायाकल्प से कुछ अर्थों में भिन्न ही होता है. चिकित्सा शास्त्र के अनुसार जो कायाकल्प किया जाता है वो मंद गति से इन शक्तियों को प्राप्ति करवाता है.

उसमे शरीर का ही कायाकल्प किया जाता है परन्तु तांत्रिक क्रम से किया गया कायाकल्प दिव्य शक्तियों की प्राप्ति भी करवाता है,क्यूंकि वो शरीरस्थ अग्नि को मात्र प्रदीप्त या नियंत्रित ही नहीं करता है अपितु उस अग्नि में दिव्यता का योग कर उस अग्नि में विराजमान तांत्रिक दिव्य शक्तियों को भी साकार कर देता है. प्रत्येक मनुष्य में ब्रह्ममुहूर्त में(लगभग ३ बजे से सूर्योदय के पहले तक) सहस्त्रार दल से जीवन द्रव्य गिरता है (इसकी मात्रा व्यक्ति की दिनचर्या,चक्र का स्पंदन और भाव पर निर्भर करती है) और ये द्रव्य अन्तः शरीर में स्थित तीन महालिंगों को भेदता हुआ वीर्यपात के द्वारा शरीर से निकल जाता है.प्रकृति भी इस द्रव्य को शरीर में नहीं रहने देती है .वो स्वप्नदोष या तीव्र कामुक विचारों के माध्यम से कामोत्तेजना को तीव्र कर मनुष्य को इस द्रव्य मिश्रित वीर्य के साथ शरीर से बहार करने के लिए प्रेरित करती है.

उच्च कोटि के योगी तो अपनी जिव्हा को खेचरी मुद्रा में करके इस जीवन द्रव्य का पान कर लेते हैं और परिष्कृत वीर्य से इसका योग कर मणिपुर चक्र के माध्यम से इसे अग्नि रूप में परिवर्तित कर हमारे शरीर की अस्थियों में समाहित कर देते हैं.

जिसके कारण वो अग्नि तेजपुंज के रूप में हमारे शरीर के चतुर्दिक दृष्टिगोचर होती है जिसे की हम आभामंडल के नाम से जानते हैं.परन्तु ये सब सामान्य मनुष्य के लिए इतना सहज नहीं है.इसके लिए निरंतर सजग रहने की आवशयकता होती है जिससे की उस जीवन द्रव्य को हम व्यर्थ न जाने दे और उसे समेत कर सुरक्षित रख सके(क्यूंकि इस द्रव्य की प्राप्ति मात्र ब्रह्ममुहूर्त में ही होती है,

इसी कारण योगी और साधकों के लिए इस काल की उपयोगिता है) जिससे की हमें कोई बीमारी ना हो और ना ही कभी हमारा यौवन हमसे दूर हो पाए. और रावण इसी जीवन द्रव्य को निरंतर मणिपुर चक्र में संचयित करता रहा और इसमें स्ववीर्य को परिष्कृत कर योग करता रहा जिससे की वो निर्जरा और दिव्य जीवन जी सका.वैसे पृथक पृथक इन ६४ योगिनियों को सिद्ध करने की विधि **त्रोत्लोत्तर तंत्र** में वर्णित है जिसमे सहस्त्र यक्षिणियों को भी सिद्ध करने का सांगोपांग वर्णन है. इसी प्रकार **मतोत्तर तंत्र** में अन्तः और बाह्य रेतस् (जैसे मानव वीर्य और शिववीर्य) को परिष्कृत कर पूर्ण दिव्यता कैसे पायी जाये,इसका विषद वर्णन है.

प्र० **ये वीर्य को परिष्कृत करने की क्या आवशयकता है ,और इसका क्या अर्थ है ?**

उ० जैसा की मैंने ऊपर बताया है की मानव शरीर की सृष्टि बाले ही पञ्च तत्वों से होती है परन्तु मूल तत्व अग्नि और जल ही होते हैं.और मनुष्य शरीर में वीर्य अर्थात रेतस में यही दो तत्व प्रधान होते हैं.यही कारण है की वीर्य में मृदु ताप होता है.शुक्र बिंदु को गतिमान रहने के लिए इस ताप की आवशयकता होती है. यही वीर्य शरीर में शक्ति प्रदान करता है. तंत्र में कहा जाता है की "इस बिंदु का पतन होना मृत्यु है और इसको धारण कर लेना ही जीवन है." परन्तु जल तत्व की अधिकता के कारण अग्नि शक्ति प्रभावकारी नहीं हो पाती और ये वीर्य मात्र शुक्र रुपी काम ऊर्जा में ही रह पाता है. वंश वृद्धि तक तो इसका ऐसा होना उचित है.

परन्तु तंत्र ये भली बहती समझाता है की यदि आपको अपना यौवन स्थिर रखना है तो इस काम ऊर्जा का संचय होना अति आवश्यक है.इसका अर्थ ये कदापि नहीं होता है की मानव सहवास या सम्भोग ना करे. वो करे परन्तु तांत्रिक भाव से ऐसा करे. तंत्र शुक्र की काम ऊर्जा का रूपांतरण करने को कहता है,अब चूँकि वीर्य में जल तत्व भी है और अग्नि तत्व भी.इसलिए उसकी दो गति संभव होती है. अधो गति और उर्ध्व गति.अब ये हमारे ऊपर निर्भर है की हम इस ऊर्जा को कौन सी गति देते हैं.अधो गति प्रदान करने पर जीवन और यौवन का क्षय होना अवश्यम्भावी है.परन्तु यदि इसे उर्ध्वगति दी जाये तो ये ऊर्जा त्रिकूट शक्ति से योग कर लेती है जिससे पूर्ण कायाकल्प होकर, यौवन,शक्ति और सौंदर्य की प्राप्ति होगी ही.

हमें इसके लिए वीर्य में मात्र जल तत्व का रूपांतरण कर अग्नि तत्व की प्रधानता करनी होगी. क्यूंकि अग्नि का गुण उर्ध्वगति करना होता है. गति तो होगी ही परन्तु वो बाह्य न होकर अन्तः होगी.और इस गति में वीर्य का मूल सत्व ओजस गति करता है.जिससे उपरोक्त जीवन द्रव्य का योग होते ही वो अमृत में परिवर्तित हो जाता है. जो आपको सदैव सदैव के लिए यौवन और सौंदर्य प्रदान कर देता है. इसी जल तत्व का रूपांतरण अग्नि तत्व में करना वीर्य को परिष्कृत करना कहलाता है.तांत्रिक कायाकल्प में यही तथ्य प्रधान होता है.

प्र० और कौन कौन सी विधियां है कायाकल्प तंत्र के अंतर्गत जो कायाकल्प और सौंदर्य प्रदान करती हो ?

उ० वैसे तो हजारों विधियाँ है जिनके द्वारा ऐसा किया जा सकता है.परन्तु कुछ ऐसे विधान है जिनके द्वारा सामान्य व्यक्ति भी अपने व्यक्तित्व,गुण,धन आदि का कायाकल्प कर प्रकृति से शक्ति का अर्जन कर सकता है.

लवण स्नान विधि- शरीरस्थ समस्त नकारात्मक ऊर्जा को बाहर करने के लिए

पञ्च तत्व साधन- इस विधि में पञ्च भूतों के मूल गुणों को प्राप्त किया जा सकता है.

श्री कल्प साधना- धन का श्री में परिवर्तन करने वाला प्रयोग

आयुर्तंत्र विधान- तंत्र और आयुर्वेद के समन्वय से सौंदर्य की प्राप्ति

दिव्य गुरुकल्प साधना-गुरु साधना द्वारा कायाकल्प करने की गोपनीय विधि

KAYA KALP & SOUNDARY RAHSY

With the blessed order of Sadgurudev when I met his ascetic disciple Pragyananda ji and I had seen the existing power of the kayakalpa from him (you hopefully have read about this science and mysteries of the same in the series articles of Swet Bindu and Rakta Bindu on the blog) accompanying him, I was fortunate enough to have answers of my queries about this science. From there after 2 months we reached to panchmarhi where he let me introduced with Saundarya Maa. Here,

I would especially like to mention a point that under the guidance of sadgurudev various material and ascetic disciples have received success in sadhanas related to various factors or in other words based on eligibility and research work sadgurudev had blessed those with specific sadhana secrets and he made ahead those disciples in the same factor & direction. This turned in Result of various benchmarks created by those disciples in the particular sadhana field.

LAVAN SNAN SE SOUNDARY PRAPTI

विश्वास भी नहीं होता हैं , हैं न , एक बार करके तो देखें....

अक्सर ऐसा होता है हम कब नकारात्मकता से घिर जाते हैं,हमें पता ही नहीं चलता,तब चाहे हमारे आस पास कितने भी सुख के संसाधन हो,वे हमें खुशी नहीं दे पाते.एक अंजना सा भय और संकोच हमरे मन में ही भर जाता है.अजीब सी चिडचिडाहट मान लो हमारे व्यक्तित्व का हिस्सा ही बन जाती है. हमारे व्यक्तित्व का प्रभाव लोगो पर पड़ना ही बंद हो जाता है. स्वयं के निर्णयों पर स्वयं को ही शंका होने लगती है.अनजान सी उदासी मान लो हमारा व्यक्तित्व ही बन जाती है,मन में लगातार नकारात्मक विचार आते रहते हैं. कायाकल्प तंत्र के एक छोटे से प्रयोग को आप सप्ताह के मात्र एक दिन अपनी दिनचर्या में अपनाकर उपरोक्त सभी परेशानियों और बाधाओं से मुक्ति पा सकते हैं.और इस प्रयोग की वजह से आप स्वयं अपने व्यवहार में आया सकारात्मक परिवर्तन और मित्रों की बढती संख्या को देखकर ताज्जुब में पड जायेंगे.

आप कोई भी एक दिन इसके लिए चयनित कर सकते हैं.अपने स्नान के जल में (मान लो १६ लीटर जल है)में डेढ़ चम्मच (टी स्पून) नमक मिला ले. पहले उस जल को २१ बार "वं" बीज मन्त्र से अभिमंत्रित कर लें. और पहले सामान्य जल से अपने चेहरे आँखों,और सर को धो ले.इसके बाद उस नमक मिश्रित जल से कंधे से लेकर पैरों को स्नान करवा ले. फिर पुनः स्वच्छ जल से स्नान कर लें.इसके बाद स्वच्छ वस्त्र धारण कर पूजन कक्ष में सदगुरुदेव के चित्र के समक्ष बैठ कर निम्न मंत्र की १ माला कर ले. इस विधान को आप प्रति सप्ताह दोहरा सकते हैं या जब भी आप में नकारात्मकता का वास होने लगे तब कर लीजिए. निश्चय ही एक अद्भुत ऊर्जा का समावेश आपमें होने लगेगा.इसी मंत्र का दीर्घ और विस्तृत विधान तांत्रिक कायाकल्प प्रक्रिया में किया जाता है.पर वो यहाँ हमारा अभीष्ट नहीं है.

मंत्र-**ॐऐं रोगः न शेषः कायाकल्पाय ऐंग ॐ**

मंत्र-**OM AING ROGAH NA SHESHAH KAAYAAKALPAAY AING OM.**

LAVAN SNAN SE SOUNDARY PRAPTI

Usually it happens when and where we filled up with negativity, we also don't get realize it. Though at that time we have enormous materialistic resources which give us happiness but they doesn't work. They are enabling to give us happiness. A strange fear and hesitant is always there in back of our mind. A strange irritating behavior becomes a permanent part of our nature. Isn't it?

So that in actual sense influence of our personality get down. We only suspect out our own decision. A strange dullness becomes our personality. In short we are always bogged up with negative waves. Well Well Well lemme tell you one thing-that you can easily get rid out from such negativity by following procedure of Kayakalp Tantra and after doing it you can notice a great difference. By this experiment you only can see yourself filled with positive vibes and increasing count of friends in your life. And I must tell you that will be sheer astonishing and enthusiastic for you.

PANCH-TATV SADHANA PRAYOG

एक दुर्लभ गोपनीय साधना केबल आपके लिए ही

सृष्टि का आधार है पञ्च तत्व जिनसे इसका निर्माण हुआ,और इन्ही तत्वों से मनुष्य भी निर्मित हुआ है.परन्तु जो भी विकृति हमारे देह में होती है या जीवन में होती है,उसका कारण क्या हमने जानने की कोशिश की है नहीं न.... हमें तो मात्र यही लगता है की लो बीमार हो गए तो अब चलो डाक्टर के पास,लेकिन ये कोई समाधान नहीं है.क्यूंकि वो उस तत्व की पूर्ती नहीं कर सकता है. यदि चेहरे पर धूमिलता छाई हो, आकर्षण क्षमता की कमी हो गयी हो, मोटापा या दुबलापन आ गया हो,ऑफिस में परिस्थितियां अनुकूल नहीं रह रही हो,पति या प्रेमी,प्रेमिका या पत्नी से सम्बन्ध ठीक नहीं रह पा रहे हो तो इसका सीधा अर्थ होता है की अग्नि तत्व न्यून हो गया है.

क्यूंकि समस्त आकर्षण का आधार है अग्नि तत्व.यदि घर में धन नहीं रुक रहा हो,काम बिगड रहे हो,खून पतला हो गया हो.स्वप्न दोष हो रहा हो,गर्भ नहीं ठहर रहा हो.वीर्य पतला हो गया हो,या शुक्राणुओं की संख्या कम हो गयी हो तो ,ये सभी विकृतियाँ जल तत्व से सम्बंधित होती हैं.इस प्रकार जीवन की सभी स्थिति के लिए इन तत्वों की विकृति ही उत्तरदायी है.यहाँ पर मैं इन दो तत्वों की ही जानकारी दे रहा हूँ,क्यूंकि ये एक वृहद विज्ञानं है जिसकी परते यहाँ उधेडना उचित नहीं है.

आपको क्या लगता है की इन तत्वों में विकृति क्यूँ होती है? क्या ये कोई शारीरिक दोष है? नहीं ऐसा बिलकुल नहीं है बल्कि हमारे सामान्य जीवन के कर्म और हमारा संचित कर्म इसके लिए उत्तरदायी है. जैसे यदि व्यक्ति व्यर्थ में जल का नाश करता हो या अपव्यय करता हो तो उसे जल से सम्बंधित विकृतियों का सामना करना ही पड़ेगा.इसी प्रकार जो व्यक्ति प्राणी मात्र को भोजन नहीं करवा सकता,ऊर्जा का अपव्यय करता रहता है ,हमेशा क्रोध मुद्रा में रहता हो ,उसे अग्नि तत्व की विकृति के दुष्परिणाम भुगतने ही पड़ते हैं. क्यूंकि हमारे शरीर में सर्वाधिक ऊर्जा आँख,कान और हमरे जननांगों से ही निसृत होती है.

इसलिए ध्यान का अभ्यास किया जाता है. और ध्यान की अवस्था में आँखे अर्धोन्मीलित रहती है,श्रवण शक्ति को शुन्य कर दिया जाता है ताकि ऊर्जा का अपव्यय ना हो,यहाँ मैं कोई कपोल कल्पना पर बात नहीं कर रहा हूँ.आप स्वतः ही निम्न साधना को करके देखिये.परिणाम आपके समक्ष ही होगा. हमें प्रकृति ने सभी तत्वों की निर्धारित मात्रा प्रदान की है,और वो भी संतुलन बनाये रखने के लिए ,अब जब हम उसका अपव्यय करेंगे तो वो बह्यागत ही अपव्यय नहीं होते हैं अपितु आंतरिक रूप से भी उनमे विकृति आना स्वाभाविक है.क्यूंकि हमारे जिन कर्मों से बाह्य जगत प्रभावित होता है उसका उतना ही प्रभाव हमारे आंतरिक जगत पर भी पड़ता है. जब भी आप उपरोक्त स्थितियों का सामना कर रहे हों तो एक बार जरुर चिंतन कीजियेगा की कब हमने अग्नि या जल का अपव्यय किया है बर्बादी की है. आपको खुद समझ में आ जायेगा की गलती कहाँ हुयी हैं.

और जो भी इन स्थितियों को अनुकूल करना चाहे वो.निम्न प्रयोगों को करके देख ले.पर इसका ये अर्थ भी नहीं है की परिस्थिति अनुकूल होते ही फिर हमने तत्वों का अपव्यय प्रारंभ कर दिया.क्यूंकि एक बात हमेशा याद रखिये, भूल की माफ़ी संभव है.अपराध की नहीं.नीचे मैं मात्र अग्नि और जल तत्व को संतुलित करने का विधान बता रहा हूँ. कायाकल्प तंत्र का ये बहुत महत्वपूर्ण भाग हैं.इन्हें नकारना बुद्धिमत्ता तो कदापि नहीं कहा जा सकता.

अग्नि तत्व के संतुलन को बनाये रखने के लिए प्रातःकाल स्वच्छ वस्त्र धारण कर तिल के तेल का दीपक प्रज्वलित कर ,उस दीपक को इतनी ऊँचाई पर स्थापित कर ले की आपकी नजर उसकी लौ पर सीधी पड़े. अब उस लौ को स्थिर आसन और चित्त से देखते हुए निम्न मंत्र का जप करे ,ये क्रम नित्य २४ मिनट तक होना चाहिए और ११ दिनों का यह क्रम है.एक बात ध्यान रखियेगा की जब भी नेत्रों में जलन होने लग जाये तब आँखे बंद कर ले और जप के पश्चात अंको को गुलाब जल मिश्रित शीतल जल से अवश्य ही धो ले. ये प्रयोग दिखने और पढ़ने में आसान है परन्तु इसका प्रभाव अचूक है,ये हम सभी पर सदगुरुदेव की असीम कृपा है जो ऐसा ज्ञान हम सभी के सामने आया है.

मंत्र -**ॐरं पूर्ण तुष्ट्ये त्वं प्रतिकात्मकम पूर्ण आरोग्य सौभाग्य देहि दापय में नमः**

यदि जल तत्व से सम्बंधित विकृतियों के कारण समस्याओं का सामना करना पद रहा है.तो ऐसे शंख में जिसमे २५० मिली लीटर जल आ जाता हो को लेकर प्रातः काल उपरोक्त अनुसार ही स्नानादि कर के स्वच्छ वस्त्र धारण कर.सामने बाजोट पर सफ़ेद वस्त्र बिछाकर उस पर शंख स्थापित कर दे.कैसा भी शंख हो सकता है.और उस शंख को जल से भर दे और प्रतिदिन ३० मिनट तक नित्य १४ दिनों तक निम्न मंत्र को करे.जप के बाद उस जल को या तो उसी दिन बहते हुए साफ़ जल में प्रवाहित करदे या साधना समाप्त होने के ७ दिनों के भीतर.जप काल में उस शंख पर ही ध्यान केंद्रित करना ही. जप काल में दीपक प्रज्वलित नहीं करना है. जीवन की शारीरिक और भौतिक समस्याओं का समाधान आपके सामने होगा.

मंत्र- ॐवारिः वारिः परिमार्जय वज्र रूपेण पूर्ण स्थायित्व प्रदातुव्यम वरुणाय नमः

Panch TaTva Sadhan Prayog-

Five elements are the base of any creativity. And from this only human is created. But whatever defects happened in our body or in life, have we ever went to find out the reason behind it? I guess answer is 'NO'… We always felt that if we are ill then we must see the doctor. But this is not the solution. Because he can't fill up the gap of lack of that element. If our face goes dull, lack of attractiveness, fatness or over slim, office environment is against us, unsatisfactory relationship with companion then all this directly relates to lack of fire element. Because base of every type of attraction- fire element.

If unstable wealth, work failure, thinness in blood, nightfall, misconception, thin sperms, sperm count less, all these are related to water element. So for such type of defects in life only water element is responsible. Here I am giving only information related to these two elements only. As this is very broad science whose layers should be not open here. What do think as whats the reason behind such defectiveness in such elements? Are they any physical faults? No this is not at all like that… Rather our day today carry outs and work savings are responsible for it. Like individual waste water or misuses it then he will get defects related to water element.

Likewise anyone who even can't feed any one, wastes energy, always stays in angry mudra, so they suffers with fire element diseases. As form our body eyes, nose, ears and all genital organs releases energy. Therefore meditation is being practiced out. In such state eyes are half closed half opened. Hearing capacity becomes zero so that energy is not wasted. Here I am not talking just fake. You only experience the below sadhna and result will be infront of you. Nature has delegated required amount of all elements and that to be for balancing, now.

SHRI KALP SADHANA

इस अद्भुत साधना का नाम ही आपको बता रहा हैं

जीवन के चारों पुरुषार्थ में धन की अपनी महत्ता है. प्रज्ञानंद जी बताया था की लक्ष्मी के विविध रूप हैं और प्रत्येक रूप की अपनी महत्ता है ,परन्तु ये सभी रूप जीवन में आनंद का संचार तब तक नहीं कर सकते जब तक की आपकी लक्ष्मी का रूपांतरण श्री में ना कर दिया जाये.क्या आपने कभी सोचा है की,हम एक संपत्ति खरीदते हैं और उसका उपभोग करने के पहले ही हम या तो बीमार हो जाते हैं या हमारे स्वजनों पर आपदा आन पड़ती है.घर में प्रचुर धन आता है परन्तु उसके साथ ही विभिन्न रोगों और तकलीफों का भी आगमन हो जाता है. धन के साथ साथ परिवार की खुशियों पर आफतें क्यूँ टूट पड़ती है और कुछ नहीं तो खुद उपर्जनकर्ता ही व्यसन का शिकार हो जाता है. इसी कारण तंत्र में लक्ष्मी का भी कायाकल्प कर श्री में परिवतन करने का विधान है.फिर तो जो भी सही रास्ते से कमाया हुआ हमारा धन होता है वो आनंद और सुखों की निष्कंटक प्राप्ति करवाता है.इसलिए इस विधान को प्रत्येक ३ माह में एक बार अवश्य ही करना चाहिए.

इसके लिए शुक्ल पक्ष की पंचमी को प्रातः स्नान करके श्वेत वस्त्र धारण करके पूजन स्थल पर पूर्वाभिमुख होकर श्वेत आसन पर बैठ जाये.सामने पारद श्री यन्त्र स्थापित हो और पूर्ण भव्यता के साथ सदगुरुदेव का चित्र भी. इन दोनों का पूर्ण विधान से पंचोपचार पूजन करे.खीर का भोग चढ़ाये.तत्पश्चात त्रिगंध से श्रीयंत्र पर तिलक लगाये.१ मंत्र बोले १ बार तिलक लगाये फिर दूसरा मंत्र उच्चारित करते हुए दूसरा तिलक लगाये. इस प्रकार ८ बिंदी लगाये.

ॐद्विभुजा लक्ष्म्ये नमः

ॐगजलक्ष्म्ये नमः

ॐमहालक्ष्म्ये नमः

ॐश्री देव्यै नमः

ॐवीरलक्ष्म्ये नमः

ॐद्विभुजा वीरलक्ष्म्ये नमः

ॐअष्टभुजा वीरलक्ष्म्ये नमः

ॐप्रसन्नलक्ष्म्ये नमः

तत्पश्चात १ अक्षत अर्पित करते हुए एक बार मंत्र का उच्चारण करे और इसी क्रम से १००८ बार अक्षत समर्पित करे.

मंत्र- **ॐयं वं रं ऐश्वर्य सिद्धिम् ॐनमः**

मंत्र जप के पश्चात उस अक्षत को २४ घंटो के बाद एकत्र कर पक्षियों को खिला दे और खीर का प्रसाद अपने स्व संबंधियों के साथ ग्रहण करें.आप स्वयं ही इस साधना को करे और नित्य नवीन आर्थिक ऊचाइयों को स्पर्श करे वो भी पूर्ण निश्चिन्तता के साथ.

SHRI KALP SADHANA

In life's 4 Purusharth money keeps different importance.. Pragyanand jee told us that there are various forms of goddess Lakshmi and each form keeps a different importance in it. But all these cannot give you happiness till the time you don't convert your Lakshmi form into Shree form. Have you ever thought, we buy any property and before start using it either we get ill or our relatives faces obstacle. Abundant money inflow comes in house but along with that it brings illness and problems abundantly. Or along with wealth either family faces great problem else the wealth earner get victim of bad habits. For that reason only in Kayakalp Tantra there is procedure called conversion of Lakshmi into Shree. Then whatever white money we earn remain ours only and it gives unlimited happiness in life. Therefore this experiment must be done in every 3 months

For this sadhna in Shukla Paksh, on any Panchmi take shower, wear white clean cloths and sit one white asana facing towards east direction. Establish Parad Shree Yantra and Sadgurudev's image also. Now worship both of them with panchopchar pujan completely. Then offer kheer (made up of sugar, milk and wheat flake) as sweets. Thereafter tilak the shree Yantra with trigandh. With every tilak chant a mantra then with second tilak second time mantra, consecutively do eight bindis.

DIVYA GURU KALP SADHANA

एक अत्यंत दुर्लभ साधना विधान केबल आपके लिए ही

सदगुरुदेव ने इस साधना के रहस्यों की विवेचना करते हुए कहा था की “यदि साधक अपने जीवन में पूर्णत्व प्राप्त करना चाहता है तो उसे इस साधना को अपने जीवन में संपन्न करना ही होगा.ये साधना सिद्धाश्रम के महायोगियों के मध्य प्रचलित है.

जब भी किसी साधक को सद्गुरु अपने निर्देशन में उस परमपावन भूमि पर स्थायित्व देना चाहते हैं तो ,उसके पहले वो साधक के शरीर को जरा और व्याधि से मुक्त करने की क्रिया करते हैं,साधक के शरीर को दिव्य बना देते हैं जिसके फलस्वरूप वो सभी आपदाओं से ना सिर्फ बचा रहता है बल्कि पूर्ण निर्मलता के साथ यौवन को अपने में समेटे हुए निरंतर साधनात्मक ऊचाइयों की और अग्रसर रहता है." जहा अन्य साधनाओं में बाह्य उपादान की भी आवशयकता होती है,वही इस साधना में जो निर्धारित क्रम है यदि साधक मात्र उसी को मर्यादित रूप से संपन्न कर ले तो.वो खुद अभूतपूर्व आश्चर्य में डूब जाता है. सभी प्रकार के रोगों से तो वो मुक्त होता ही है,साथ ही साथ पूर्ण कुण्डलिनी चक्रों के जागरण के साथ उसका कायाकल्प होता हुआ सिद्धाश्रम जाने का भी उसका मार्ग प्रशस्त हो जाता है.ये साधना पढ़ने मात्र के लिए नहीं अपितु प्रयोग करके देखने हेतु यहाँ दी गयी है.

इस साधना को किसी भी रविवार से प्रारंभ किया जा सकता है. ब्रह्म मुहूर्त में उठ कर स्नान आदि संपन्न कर श्वेत वस्त्र धारण कर ले और साधना कक्ष में श्वेत आसन पर बैठ जाये.सामने बाजोट पर सफ़ेद वस्त्र बिछा दे और उस पर सदगुरुदेव का चित्र स्थापित कर दे. चित्र के सामने निम्न यंत्र बनाकर उस पर अक्षत की एक बड़ी ढेरी बना ले और उस पर घृत का दीपक स्थापित कर दे. शुद्धिकरण के पश्चात गुरु ध्यान करे –

५	५	५
५	५	५
५	५	५

अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानांजन शलाकया

चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरूवै नमः

फिर निम्न मंत्र का उच्चारण करते हुए गुरु चित्र को गंगा जल से स्नान करवाएं –

ॐनिं निखिलेश्वराय स्नानं समर्पयामी

फिर उन्हें साफ़ वस्त्र से पोछ कर उन्हें आसन रूप में पुष्प समर्पित करे.

ॐनिं निखिलेश्वराय पुष्पं समर्पयामी

फिर सुगन्धित धूप जलाये.

ॐनिं निखिलेश्वराय धूपं आघ्रापयामि

तत्पश्चात गुरुचित्र के सामने ढेरी पर स्थापित गौघृत का दीप प्रज्वातिल करें .

ॐनिं निखिलेश्वराय दीपम् दर्शयामी

आखिर में खीर का नैवेद्य श्री सदगुरुदेव के चरणों में अर्पित करे.

ॐनिं निखिलेश्वराय नैवेद्यं निवेद्यामी

प्रयोग के लिए पूर्ण सिद्धासन या पद्मासन में बैठकर १२० माला १ दिन में अथवा २१-२१ माला ७ दिनों तक संपन्न करे. ये मंत्र जप स्फटिक माला से होना चाहिए और ये माला पहले कही प्रयोग न की हुयी हो. परन्तु यदि इसे अनुष्ठान रूप में संपन्न करना हो तो सवा लाख मंत्र जप होना चाहिए और मूल दीपक के बायीं और तिल के तेल का दीपक अखंड होना चाहिए. **दृष्टि** दीपक की लौ पर होनी चाहिए,बीच बीच में आप पलके झपका सकते हैं.मन्त्र के मध्य में ऐसा लगता है जैसे की आपकी रीढ़ की हड्डी में तीव्र जलन हो रही है.और ये दहकता लंबे समय तक होती है.आपकी नाभि और मूलाधार में स्पंदन प्रारंभ हो जाता है. और ये सब साधना काल में ही होता है.स्वप्न में आपको विचित्र से दृश्य दिखाई पड़ने लगते हैं,किसी गुफा,किसी वन,हिमालय आदि के दृश्य आपको दिखाई देते हैं.अष्टगंध की भीनी खुशबु आपके चंहु और आपको सुवासित करने लगती है. स्वतः ही ध्यान लगने लगता है और चेहरे के चारों और आभामंडल तीव्र होते जाता है.और पूर्ण अनुष्ठान के बाद तो जो प्राप्ति होती है उसे यहाँ नहीं लिखा जा सकता,वो तो स्वयं अनुभूत करने वाली उपलब्धि है.

मंत्र- **ॐऐं ह्रीं श्रीं कुल कुण्डलिनी जाग्रय स्फोटय श्रीं ह्रीं ऐं फट्.**

OM AING HREENG SHREENG KUL KUNDALINI JAAGRAY SFOTAY SHREENG HREENG AING PHAT

Divya Guru Kalp Sadhna

Sadgurudev told us while discernment of sadhna secrets "If sadhak wants to have completeness in life then he must do this sadhna…This sadhna is very much famous among Sidhhashram Mahayogis. Whenever Sadguru is intended to keep any sadhak under instruction at this ultimate holy place, so they first make his/her body free from the old age and diseases.

आयुर्वेद पर आधारित दुर्लभ साधना विधान

यूँ तो आयुर्वेद में सौंदर्य प्रदाता विविध प्रयोग पाए जाते हैं.जिनके प्रयोग से निश्चित ही पूर्ण सुंदरता की प्राप्ति होगी.परन्तु वे प्रयोग यदि निम्न मन्त्र के साथ प्रयोग किये जाये जो अद्भुत और तीव्र प्रभाव प्रदान करते हैं. आयुर्वेद में भी बिना अभिमंत्रित किये वनस्पति का सेवन नहीं किया जाता है,परन्तु कतिपय आलस के कारण लोगो ने इस प्रभाग का प्रयोग करना ही बंद कर दिया जिसके फलस्वरूप जो प्रभाव होना चाहिए ,वो नहीं मिल पता है.आप खुद ही एक काम करियेगा ,नीचे जो प्रयोग दिए गए हैं उन्हें किसी को बगैर मंत्र के प्रयोग करवाकर देखिये और दुसरे को मन्त्र के साथ.प्रभाव आपको खुद ही आश्चर्यचकित कर देगा. जब भी आपको सौंदर्य से सम्बंधित कोई प्रयोग करना हो,उस सामग्री या वनस्पति को आप निम्न मंत्र से ३२४ बार अभिमंत्रित कर दे फिर प्रयोग करे.ये वज्रयान साधना का मंत्र है जो स्वतः ही सिद्ध है,इसे पृथक रूप से सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है.

ॐ क्लीं अनंग रत्यै पूर्ण सम्मोहन सौंदर्य सिद्धिम क्लीं नमः

1. जिनके मुख से दुर्गंध आती हो या दांत हिल रहे हो यदि वो नित्य पिसते को खूब चबाकर खाए तो मुख की दुगंध हमेशा हमेशा के लिए दूर हो जाती है और हिलते दांत भी स्थिर हो जाते है.

2. जिसे अपनी देह की कृशता यानि दुबलापन मिटाना हो तो पिश्ते के साथ शक्कर का सेवन २ मॉस तक करे,दुबलापन दूर हो जाता है.

3. लोग अक्सर गरम पानी के साथ शहद लेते हैं मोटापा दूर करने के लिए,यदि उपरोक्त मंत्र के साथ मात्र १ माह ही प्रयोग करके देखे, लाभ देखकर आप खुद आश्चर्यचकित हो जायेंगे.

4. ठीक इसी प्रकार तुलसी की ११ पत्तियों को यदि छाछ के साथ १ माह सेवन किया जाये तो भी व्यर्थ की चर्बी सरलता से गलकर बाहर हो जाती है.

5. यदि व्यक्ति अपना वजन कम करना चाहता हो तो नीम के फूलों को पीसकर और कपडे से छानकर शहद और पानी के साथ सेवन करे,निश्चय ही वजन कम हो जायेगा.

6. हरसिंगार या पारिजात के पुष्पों का लेप चेहरे पर करने से चेहरे पर निखार आता है और निश्चय ही गोरापन बढ़ता है.

7. यदि तुलसी की पत्तियों को शहद के साथ लिया जाये तो पथरी होने की कोई सम्भावना नहीं रहती.

8. नीम्बू का रस या गुडहल की पत्ती पीसकर सर पर उस स्थान पर लेप करे जहाँ बाल झड गए हो,ये क्रिया २ मॉस तक करने पर पुनः बाल आने लगते हैं और काले हो जाते हैं.

9. जिन लोगों को भी भोजन के तुरंत बाद मल त्याग करने की आदत होती है,यदि वो कचनार की कली का सेवन करे तो ये बीमारी दूर हो जाती है.

10. यदि मधुमेह की बीमारी हो तो मेथी के पत्तों का रस पीने से ये बीमारी दूर हो जाती है.

11. पुनर्नवा चूर्ण का नित्य २ ग्राम सेवन करने से कायाकल्प होता ही है और सौंदर्य की वृद्धि होती ही है.

12. यदि १ बूँद घृत को लगाकर धतूरे की पत्ती को तवे पर गरम कर स्त्री या लड़की अपने स्तन पर रख कर कस कर बाँध ले और रात भर रहने दे,दोनों तरफ १-१ पत्ती का ही प्रयोग करना है.निश्चय ही ७ दिन में पूर्ण उभार की प्राप्ति होती ही है,बड़ी बड़ी दवाइयां जो कार्य नही कर पाती,वो कार्य ये सामान्य सा दिखने वाला प्रयोग पूरा कर देता है और नारी के सौंदर्य को उभार देता है.

13. खीरे के रस में शहद मिलाकर पूरे शरीर और चेहरे पर लेप कर १५ मिनट रखे और बाद में कुनकुने पानी से स्नान कर ले,सारी झुर्रियाँ धीरे धीरे दूर हो जाती हैं.

SHRI MARITYUNJAY TANTROKT KALP VIDHAN

क्या कभी नाम सुना हैं आपने , इस परम गोपनीय विधान का ...

त्रिफला,त्रिकूट,ब्राह्मी,गिलोय,लाल चित्रक,नाग केसर,सोंठ,भांगरा,संभालू की जड़ , हल्दी, दारुहल्दी, भांग,चित्रक,दाल चीनी,छोटी इलायची,गंभीरी चाल,वायविडंग,वच- प्रत्येक ८०-८० ग्राम,आसाम का गुड़ २ किलो,इन सबको घोट कर ३६० वटी बनाये ,जब आप खरल कर रहे हो तो "**ॐ जूं सः**" मंत्र का जप करते रहे.शुभ मुहूर्त में भगवान सदगुरुदेव और धनवंतरी का पूजन संपन्न करे,पूजन करते समय ये सभी वटी आपके सामने होनी चाहिए.फिर प्रतिदिन खाने के बाद रात्री में १ वटी का सेवन करें.इसके सेवन के बाद शीतल जल का सेवन करें. नमक और कड़वे पदार्थों का कम से कम सेवन करें.

ये जठर अग्नि को प्रदीप्त करता है.शरीर में ओज की वृद्धि करता है.सफ़ेद बाल पुनः काले हो जाते हैं.दृष्टि तीव्र होती ही है.बुढ़ापा दूर होकर पुनः यौवन की प्राप्ति होती है.रोग और जरा दूर हो जाते हैं.व्यक्ति सूर्या के सामान तेजस्वी हो जाता है,अनंग और रति के सामने रूपवान,लंबी आयु वाला और मधुभाषी हो जाता है.शरीर से कमल पुष्प के सामान गंध निसृत होती हैं.नाख़ून,बाल आदि पुनः आने लगते हैं.काम ऊर्जा की वृद्धि होती है.

Shree Mrityunjoy TanTrokT Kalp

Take **Trifala,Trikut,Brahmi,Giloy,Lal Chitrak,Naag Kesar,Saunth,Bhangra,Sambhalu Root, Turmeric(Haldi),Daruhaldi,Bhaang,Chitrak,Daal Chini(Cinnamon),Small Cardamom(Chhoti Ilayachi),Gambhiri Chaal,Vyavindg,Vach each of these ingredients 80 gms.with 2 Kgs.of Assam Jaggery (**Gud) and make 360 vati of all the things…Do, remember one thing that when you are mixing and grinding all these things – enchant the mantra **"Om Joom Sah"** and in the Shubh Mahurat (Auspicious time),conduct the poojan of Sadgurudev and the Lord Dhanvantri and during the Poojan,these all vati should be in front of you….

Now, take one vati in night after the meal on daily basis and after this, take some cold WATER….Avoid the salty and bitter feeding stuff….

This helps in curing the Gastric and appetite problems and helps in enhancing energy in the body, the grey hairs becomes black again, the eyesight becomes strong, the feeling of youth ness comes again and the diseases gets cured…

The individual becomes energetic like the Sun and becomes beautiful and smart just as the famous love couple (Anang and Rati) with long life…Also, becomes soft spoken and the fragrance like lotus flower comes within the body and helps in gaining more energy…

SOUBHGY PRAD STROT

गुरु बहिनों के लिए एक अद्भुत स्त्रोत ...सौभाग्य की वर्षा के लिए ..

यदि निम्न प्रार्थना मन्त्र को स्त्रीवर्ग नित्य प्रति की साधना में मात्र ५ बार सम्मिलित कर ले तो अद्भुत सम्मोहन क्षमता उनके व्यक्तित्व में व्याप्त हो जाती है.और सौभाग्य की प्राप्ति होती है. सभी कार्यों में सफलता मिलने लगती है.

हरिस्त्वामाराध्यम प्रणतजनसौभाग्यजननीं
पुरा नारी भूत्वा पुररिपुमपि क्षोभमनयत् ।
स्मर:अपी त्वां नत्वा रति नयन लेहयोन वपुषा
मुनीनामप्यन्तः प्रभवति हि मोहाय महतां ॥

SOUBHAGYA PRAD STOTRA

If the woman involves the below Mantra in her daily devotion only for the 5 times, her personality will become totally fascinating and hypnotic and will be blessed and becomes successful in each work….

HARISTVAMARADHYAM PRANATJANSOUBHAGYJANANIM

PURA NARI BHUTVA PURARIPUMPI KSHOBHMANYAT |

SAMARAHAPI TVAAM NATVA RATI NAYAN LEHYON VAPUSHA

MUNINAMPYANTAH PRABHTI HI MOHAY MAHTAM ||

Soot Rahsyam PaRt-6 Sadgurudev aur Surya vigyan

सदगुरुदेव और सूर्य विज्ञानं -प्रकृति के अज्ञात रहस्य

क्या कभी आपने सोचा है की क्यों एक गृहस्थ को देव पूजा मे सर्वप्रथम सूर्यपूजा करना क्यों अनिवार्य कहा जाता है? सृष्टि का आधार सूर्य है. सूर्य ही जीवन को ऊर्जा,तेजस्विता, और जीव-शक्ति का प्रवाह देता है...सोचिये की जब बरसात या शीतऋतु मे २-४ दिन सूर्य की रश्मिया बादलों की वजह से हम तक नहीं पहोच पाती तो कैसे हमारे चारों और दुर्गन्ध व् अवसाद का वातावरण सृजित हो जाता है, जो हमें भगवान भास्कर की उपयोगिता का भास् करा ही देता है. ये आयाम तो ठीक वैसे ही है जो की हमें दिखाई देते हैं, वस्तुतः बहुत कुछ ऐसा है जो हमारी बुद्धि से तब तक परे है जब तक ही हम सद्गुरु चरणों मे बैठ कर उन रहस्यों को जान नहीं लेते या आत्मसात नहीं कर लेते, सूर्य ही जीवन को उत्पन्न करता है और जीवन को परिवर्धित भी.यह बात लोगो के समर्थन के पक्ष मे ना हो लेकिन यही नितांत सत्य है. सिद्धाश्रम के योगियो ने इस प्रक्रिया का प्रत्यक्षीकरण भी किया और समाज को इस सत्य से अवगत भी करवाया है.

सदगुरुदेव ने इस रहस्य को समझाते हुए कहा था की "सभी वस्तुओ मे प्रकृति और पुरुष अंश विद्यमान होता है, जिस वस्तु मे प्रकृति (स्त्री) अंश अधिक और पुरुष भाग अल्प है, उसमे प्रकृति भाव ही प्रधान रूप मे दिखता है, तथा पुरुष भाव गुप्त दबा रहता है ठीक इसी प्रकार पुरुष अंश प्रधान रहने पर पुरुष भाव ही द्रष्टिगोचर रहता है. सम्पूर्ण सृष्टि पदार्थ मात्र इन्ही दो प्रतिकूल शक्तियों के संग्रह से ही उत्पन्न हुए है और ये नियम सर्वत्र विद्यमान है"

सूर्यविज्ञानं की परिभाषा बताते हुए उन्होंने कहा था की " सूर्य प्रकाश ७ किरणों मे होता है, इन्ही के विभिन्न संयोग और वियोग के फलस्वरूप विभिन्न पदार्थो का निर्माण होता है. किरण वस्तुतः इसकी अभिव्यक्ति करती है इस लिए सूर्य किरणों और उनके वर्णों को विभिन्न वर्णों की किरणों का परस्पर संयोग तथा वियोग इनका ज्ञान ही सूर्य विज्ञानं का रहस्य है .इसके माध्यम से सृजन , संहार, अविर्भाव और तिरोभाव सब कुछ संभव है , तथा इसी के द्वारा रूपांतरण भी होता है." अथर्ववेद के ४३ ऋचाओं मे विस्तार से इन किरणों का प्रयोग बताया गया है.

भले ही विज्ञानं अभी तक ११३ अणु को खोज चूका है पर सूर्य की ७ किरणों मे से प्रत्येक के पास २१-२१ किरण है. यदि एक विशेष लेंस के द्वारा विशेष कोण से सूर्य की किरण का वेधन किया जाये तो रूपांतरण या सृजन होता है. इसी विज्ञानं को स्वर्ण विज्ञानं भी कहा जाता है. सदगुरुदेव ने कई शिविरों मे और कई अवसरों पर इसका प्रत्यक्ष दिग्दर्शन कराया है और साथ ही साथ उन्होंने सूर्य-सिद्धांत पर एक शिविर भी लगाकर शिष्यों को यह ज्ञान प्रदान किया था और सबसे बड़ी बात है की उन्होंने सूर्य को आत्म एकाकार करने की मंत्रात्मक प्रक्रिया भी बताई है, जिसके द्वारा साधक उन रश्मियों को समझ कर उसका प्रयोग कर सकते है. साथ ही साथ सदगुरुदेव ने इसके लिए अलग अलग अवसरों पर कई मंत्र व प्रयोग बताये है. वस्तुतः यह हमारे जीवन का सौभाग्य ही है की ऐसे दुर्लभ ज्ञान को सदगुरुदेव से प्राप्त कर इस ज्ञान परंपरा के द्वारा अपने जीवन को समृद्ध बनाये.

Soot Rahsyam PaRt-6 Sadgurudev aur Surya Vigyan

Have you ever thought that why a Married person is asked to worship of the Lord Sun (Surya Poojan) in the beginning of any of the Dev Poojan????Because the base of the nature is – SUN…The Sun gives the Energy, Glow & the Life Power flow to the each organism on the planet…Just think, when there is a rainy season or in winters when the Sun Rays are not able to reach at the earth for 2 – 4 days, we feel very dizzy and depressed and the surroundings of us fills with the foul smell and the whole environment becomes very lifeless….which gives a feeling of to know the importance of the Lord Sun in each respect…

SWARN RAHSYAM -6 BEAUTY THROUGH KALP-PATRA

कल्प पात्र द्वारा सौन्दर्य प्राप्ति

संपूर्ण श्रृष्टि में सभी रोगों का नाश मात्र पारद के द्वारा ही संभव है ,और ये भी जगद्विख्यात है की यदि मनुष्य अपने शरीर का कायाकल्प कर सकता है तो मात्र पारद के प्रयोग द्वारा ही ये संभव है .

पारद के द्वारा कई विभिन्न तरीकों से कायाकल्प किया जाता है ,जैसे पारद के द्वारा कल्प का निर्माण किया जा सकता है जिससे शरीर को आरोग्यता तो दी ही जाती है साथ ही साथ सौंदर्य के मापदंड पर खरा उतरने के लिए जब कई अनिवार्य शर्तें होती हैं

उनमे भी इन कल्पो के द्वारा पूर्ण लाभ पाया जाता है जिस प्रकार दबे हुए या काली रंगत को गौरान्गना के द्वारा मात्र कुछ ही दिनों में गोरा रंग स्थाई रूप से दिया जा सकता है. उचा कद और सुगठित शरीर की प्राप्ति संदीपन कल्प के द्वारा की जा सकती है.

इन सभी कल्पों में पारद का और पारद जल का प्रयोग किया जाता है .जिसका विधान इतना सहज भी नहीं है, हाँ ये एक अलग बात है की सदगुरुदेव ने कई अवसरों पर अपने शिष्यों को इन कल्पों का विधान भी समझाया और इन कल्पों को बनाकर दिया भी .

ऐसे ही पारद के द्वारा कुछ विशेष वनस्पतियों के सहयोग से सीसे ,रंगे ,जस्ते से रहित कर और यौवन कर्त्री संस्कार सिद्ध कर एक विशेष पात्र का निर्माण किया जाता है जिसे ऐंग-पत्र या कायाकल्प पत्र कहा जाता है . इस पात्र का निर्माण पूर्ण रूपेण महा सरस्वती बीज मन्त्र ऐंग का विखंडन कर और कायाकल्प मंत्र से संपुटित कर किया जाता है .संपूर्ण श्रृष्टि में सरस्वती हैं जो व्यक्ति को रस युक्त कर सकती हैं या पूर्ण सौंदर्य दे सकती हैं. इस पात्र के द्वारा सौंदर्य के विभिन्न पक्षों को प्राप्त किया जा सकता है .

पारद को पूर्ण संस्कृत और वनस्पति की उर्जा का सहयोग कर रस को रसराज बनाया जाता है तभी इस पत्र का निर्माण सहज हो पता है . ये कटोरे के आकार का होता है . चाहे बालों से सम्बंधित विकार हो या कामशक्ति का प्रस्फोटन मतलब पूर्ण यौवन की प्राप्ति ,चाहे गर्भ से सम्बंधित विकार हो या फिर नए शरीर की प्राप्ति (वैसे ही जैसे सर्प जाती अपनी केंचुली को छोड़कर नयी देह को प्राप्त कर लेती है) .हमारे प्राचीनतम ज्ञान पाकर हमें गर्व होना चाहिए जहाँ असंभव कुछ भी नहीं है क्यूंकि असीम प्रज्ञा शक्ति का प्रयोग करने के बाद इन सूत्रों का उदय हुआ है. मैं इनमे से कुछ प्रयोग यहाँ पर दे रहा हूँ आशा करता हूँ की आपको इससे पूर्ण लाभ होगा.

सफ़ेद बालो को स्थाई रूप से काला करने का कल्प प्रयोग -

ताजे आंवले 2 किलो लेकर एक मिटटी की हांड़ी में दाल दे .और उसमे 3 किलो पानी दाल दे / हांड़ी इतनी बड़ी होनी चाहिए जिसमे लगभग 5 किलो सामग्री आ जाये , इसके बाद प्रत्येक सामग्री 250-250 ग्राम दाल दे , छुआरे ,वंश लोचन ,जरापीपर , कपूर काचरी , अध् लाई और अध्लंगा की गिरी .

प्रत्येक वस्तु सुद्ध और साफ़ हो इन सबको आंवले के साथ मिला कर रख दे और धाक दे 24 घंटो तक इस पर सूर्या की रौशनी नहीं पड़नी चाहिए .

दुसरे दिन हांड़ी में और पानी दाल दे यानि मुह तक भर दे और उसे धीमी -2 आंच पर पकाए ,3 घंटे तक पकाने के बाद उसे नीचे उतार कर ठंडा कर लें और ठंडा कर उन साड़ी सामग्री को एक रस कर लें . नित्य इसमें से पांच तोला सामग्री को कल्प पत्र में 12 घंटो के लिए रख दें और नित्य ऐसे ही 5-5 तोले का सेवन करें इस पात्र के प्रभाव से इस कल्प में एक विशेष शक्ति आजाती है जिसके सेवन से बालों का रंग स्थयी रूप से काला हो जाता है और बाल घने व लम्बे भी हो जाते हैं .

पूर्ण यौवन प्राप्ति के लिए तथा काम शक्ति की वृद्धि के लिए नित्य रात्रि में गुनगुना दूध 50 ग्राम इस पात्र में रख दे और निम्न मन्त्र का 5 मिनिट तक जप करे बाद में उस दूध को पी लें कुछ ही दिनों में आप स्वयं ही इसके प्रभाव को देख कर आश्चर्य चकित रह जायेंगे .जिस पारद से इस पात्र का निर्माण होता है वो यौवन कर्त्री संस्कार स्संपन्न और ये पात्र अनंग मन्त्रों से सिद्ध होता है . ये विधि देखने में तो तो बहुत ही आसन दिखाई देती है पर है बहुत ही प्रभावकारी .

मंत्र :

ॐ नमो भगवते महाबल पराक्रमाये मनोभिलाषित स्तभंनम कुरु कुरु स्वाहा

इस मंत्र का प्रयोग मूंगा और शुकर दन्त पर भी किया जाता है पर वो विधि बहुत ही दीर्घ है .

संतान प्राप्ति तथा गर्भ से सम्बंधित विकार के शमन के लिए -इस पत्र में गाय के दूध को 50 ग्राम भर दे और उसमे एंग बीज के प्रतिक कुषा (दाब), पलाश और अकरकरा वनस्पतियों का अर्क मिला दे (इन तीनो वनस्पति के द्वारा ही सृष्टि की प्रक्रिया होती है).फिर इस मिश्रण को चलाते हुए एंग मंत्र का 3 घंटे तक जप करे और 3 घंटे के बाद उस दूध को दुसरे दूध में मिला कर पिला दें या यदि स्वयं के लिए कर रहे हैं तो स्वयं पी ले .ये 100% प्रमाणिक प्रयोग है .

संपूर्ण कायाकल्प प्रयोग आदि का वर्णन फिर कभी करने का प्रयास करूँगा . इस पात्र के द्वारा बहुत से कार्यों को संपन्न किया जा सकता है .जरुरत आलोचना की नहीं बल्कि कसौटी पर परखने की है .

एक प्रयोग :

त्रिधारा हरजोड़ी को जो पक़ कर पीले रंग की हो जाती हैं .इसे यदि , पिघले हुए हिरण खुरी रांगे में डाल दिया जाये तो वह तत्क्षण विशुद्ध रजत में बदल जाता हैं

KAYAKALP PATRA

In the whole universe, any incurable disease can be cured by the only divine metal PARAD / Mercury and it is very much famous saying in the world that a human complete makeover is also possible only through this metal

अद्भुत सरल धन दायक लक्ष्मी प्रयोग

EFFECTIVE SARAL LAKSHMI PRAYOG

अब इसे एक बार तो करके देखिये

साधना जगत मे लक्ष्मी प्राप्ति के कई ऐसे अनूठे प्रयोग है जो दिखने मे अत्यधिक सामान्य प्रतीत होते है लेकिन उनका प्रभाव अत्यधिक लाभप्रद होता है. कई व्यक्ति अत्यधिक व्यस्तता होने के कारण साधनाओ को परिपूर्ण नही कर सकते है और उनका लाभ नही उठा सकते है, लेकिन विधानों के साथ साथ कई एसी प्रक्रियाए भी है जो की निरंतर करने पर साधक लाभ उठा सकते है. लक्ष्मी से सबंधित ऐसा ही एक प्रयोग दिया जा रहा है. रविवार की शाम साधक धतूरे की जड़ को निकाले. जड़ को निकालते वक़्त "ॐ वं सर्व वनस्पति साफल्यम वनदुर्गे नमः " का ९ बार जाप करे. जड़ को पूजा स्थान मे स्थापित कर दे.

इसके बाद उस जड़ के सामने एक सिक्का रखे जिसे देवी का स्वरुप मानते हुए उसके सामने १०८ बार क्रीम श्रीं क्रीम का जाप करे अरे वो सिक्का अपनी जेब मे संभल के रखदे. अगले दिन उस सिक्के को वही जड़ के सामने रख कर १०८ बार क्रीम श्रिम क्रीम मंत्र का जाप करे. और सिक्के को संभल कर अपनी जेब मे रखले. रोज जाप करने से पहले जड़ को लोहबान धुप जरुर दे. इस प्रकार १ महीना जाप करते रहना है. इसमे सिक्का बदलना नही है, एक ही सिक्के पर यह पूरी प्रक्रिया होनी चाहिए. जेसे जेसे दिन दिन बढ़ते जाएँगे आर्थिक लाभ होता जाएगा. एक महीने भर यह प्रक्रिया करने पर साधक को अर्थ की प्राप्ति के नए नए स्त्रोत मिलते जाते है और धन सबंधी समश्यो का समाधान होता है.

MOST EFFECTIVE AND EASY LAKSHMI PRAYOG

In the sadhana world, there are lots of such prayog exists which seems very short and normal but the effect o the same is very lucrative. So many people holing short of time could not accomplish sadhanas and becomes unable to have benefit of the same. But with sadhana, there are some special processes which if sadhak does on the regular basis can have a big benefit. One of such prayog related to lakshmi is this way.

On Sunday evening, take the root of Dhatoora plant. While taking the root out one should chant " Aum Vam Vanaspati Saafalyam Vanadurge Namah" 9 times. Place that root in your worship place. After that place a coin near the root and worshiping the root as goddess in mind, chant 108 time " Kreem shreem Kreem" in front of it; then take the coin and place it carefully in your pocket. Next day the same coin should be again placed in front of the root and chant the mantra 108 times "Kreem Shreem Kreem" after that place the coin in your pocket. One should offer lohbaan Dhoop before mantra chanting to the root. Repeat the process for 1 whole month. The coin should not be changed, on the single same coin the whole process should be done.

अचूक टोटके-जिनका प्रभाव होता ही है

TOTKA - VIGYAN

यह छोटे छोटे सरल प्रयोग आपके जीवन में एक नयी आशा का संचार कर सकते हैं यदि इन्हें पूर्ण विस्वास के साथ किया जाये जो की आपके लिए सफलता के रास्ते खोल सकते हैं .

1. यदि नीबू को सात बार सिर पर से घुमाकर जो नज़र दोष से पीड़ित व्यक्ति हैं उतारा किया जाये फिर इन नीबू कोदो भागो में काट करके , किसी भी चौराहे पर फ़ेंक दे. नज़र दोष दूर होगा.
2. यदि कुआरी कन्याओ को खाना खिलाया जाये तो मंगल दोष से मुक्ति मिलती हैं
3. घर में जितने सदस्य हो उतने नारियल किसी भी नदी में प्रवाहित करने से पति पत्नी को रोगों यदि कोई हैं तो उसमें आराम मिलता हैं .
4. कभी भी शाम के समय झाड़ू न लगाये ठीक इसी तरह कभी भी रात के खाने के बाद घर में झूठे बर्तन रखे, ऐसा करना आपके घर के धन धान्य के लिए बहुत अच्छा होगा,
5. किसी भी परीक्षा में जाते समय घर के बड़े व्यक्तियों के चरण स्पर्श करें ओर साथ ही अपने पूजा घर में एक घी का दीपक लगाये.

6. घर से बाहर जाते समय ११ बार " ॐ नमः शिवाय " मंत्र का जप आपको दिन भर दुर्घटनाओ से बचाता हैं .
7. यदि आप पर यदि आपके पितरों की कृपा दृष्टी हो जाये साथ ही साथ कुल देवी / देवता की भी कृपा वरस उठे तो आप के जीवनमें आने वाली शारीरिक ,मानसिक आर्थिक समस्याओं से आपको छुटकारा मिलता हैं ही .
8. यदिप्रतिदिन पूजा काल में आप १२ नाम लक्ष्मी का उच्चारण करते हैं तब कुछ दिनके अन्दर ही आप लक्ष्मी की कृपा से अभिभूत होंगे ही,
9. जब भी आप घर से बाहर जाये तीन इलायची के दाने हाँथ में ले कर " "का उच्चारण करे, आपके धन संबंधित समस्या का आपको समाधान मिलेगा ही,
10. यदि तुलसी के पोधे घर के में दरवाजे के दोनों ओर लगाये तो धन सम्बंधित समस्याओं में सफलता मिलती हैं .

Totka vigyan

Theses small prayog may induce a little change in your life if apply with faith , and slowly a big road of success waits for you.

1. just circles 7 times the neebu on a person (nazar dosh effected) and than cut the neebu in two pieces and through on any square.
2. Offer food to unmarried girls helps you to reduce mars dosh problem.
3. Offer the coconut as the total number of family person in any river, help to reduces dieses of husband and wife.
4. Never do jhadu at home after evening and never leave un clean pots (utensiuls) in the night, this will bring happiness and wealth in your home.
5. While going for exam touch the feet of elders in your home and light a earthen lamp with ghee at pooja room.
6. Chant 11 times " om nah shivay " you will get protection from any accident.
7. When blessing of pitra happens upon you and same things blessing of kuldevi or devta upon you, all the problem of personal life /professional life and physical if related get solved or reduces to much extent.
8. If one use 12 names of lakshmi while in pooja kaal and doing any good work , and became daily routine than automatically after some times he will get blessing of lakshmi.

आयुर्वेद : कुछ घरेलू उपाय

AYURVEDA : SOME TIPS

इसकी उपयोगिता से कोई भी वंचित नहीं रहना चाहेगा हमें जीवन की शैली में कुछ सुधार तो करना ही चाहिए साथ ही साथ कुछ आयुर्वेदिक उपचार को भी समझना चाहिए और इनमे से कुछ आपके काम यदि आते हैं तो इससे हमा री नहीं बल्कि आयुर्वेद की सार्थकता ही सिद्ध होती हैं

- नारियल पानी लू लगने के उपचार में लाभदायक होता हैं ,
- नारियल पानी पीने से व्यक्ति का पेट भी साफ़ रहता हैं
- नारियल पानी से मालिश यदि चेहरे की की जाये तो भी यह कान्ति वर्धक हैं
- वारिश के इस समय दही का प्रयोग न करे
- सर्दी या खांसी के समय गर्म पानी की भाप लेना भी लाभदायक होती हैं .

- नियमित दिनमे दो बार ठन्डे पानी से स्नान करना भी एनीमिया रोग से प्रभावित व्यक्ति के लिए लाभदायक होता हैं .
- प्रातः काल टहलना भी याददाश्त बढ़ने के लिए और स्वास्थ्य रहने के लिए भी लाभदायक रहता हैं
- नाखुनो को यदि १०/१५ मिनिट नमक मिले पानी में डुबोये रख जाये तो यह उनकी खूबसूरती के लिए लाभदायक होगा.
- थकने पर यदि नमक और नीबू मिले पानी में अपने पैर डुबोकर कुछ देर बैठे तो थकान दूर होगी.
- दांत के दर्द होने पर यदि हल्दी सर्सोंका तेल और नमक का मिश्रण लगाया जाये तो लाभदायक होगा .

Ayurveda

Every one want to be take the benefit of this ayurved, but we have to change our life style so that we can fit more and more and healthy. and if anyone of theses advices helps you so its not us but the importance of ayurved proved.

- Coconut water is useful in case person get heat stroke.
- Coconut water is also useful in stomach related problem.
- If face massage is done with coconut water that also be very helpful getting more radiance .
- In theses rainy season one should not use/eat dahi.
- Take bath two times in day with normal cold water is also helpful in anemia case patient .morning walk always be very helpful in improving memory and maintaining better health
- When khansi or cold affect you at that time taking vapors of water is also helpful.
- If nails are dip in salt mix water for 10/15 minute that proved to be very benefited for their beauty.
- If you get tired than dip your feet in salt and nibu mix water for some time that help you to regain energy.

In toothache time apply haldi and little bit sarso oil and very little salt that it help to reducePain..

तंत्र कौमुदी
NFRU
तीक्ष्ण शक्ति साधना और इतर योनी साधना महाविशेषांक
SEVENTH Issue – SEPTEMBER 2011
Tantra kaumudi

Name of the Articles

- *Totaka vigyan*
- *Ayurveda*

- *In The End*

You can Contact Us at nikhilalchemy2@yahoo.com.

SADGURUDEV - PRASANG

अगली नस्ले याद करेंगी की तुमने निखिलेश्वरानंद को देखा था -किंकर स्वामी

परमहस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी को अत्यंत निकट से जानता हूँ सदियोंमे एक आध व्यक्तित्व ही ऐसा होता हैं जिसके बारे में कुछ कहा जा सकता हैं जिसके बारे में लिखने में आनंद की अनुभूति हो सक ती हैं . जिसके पास बैठने से ऐसा कुछ अहसास होता हैं की हम इस व्यक्तित्व से कुछ प्राप्त कर रहे हैं और ऐसे ही व्यक्तित्व के धनी हैं परमहस स्वामी निखिलेश्वरानंद

परन्तु इनकी न्यूनता यह हैंकि इन्होने अपने को प्रचार प्रसार से बहुत दूर रखा हैं अपने आपको विज्ञापित करना या प्रचार पाने की कोशिश करना इनके स्वाभाव में ही नहीं हैं . उच्च कोटि के सन्यासी सम्मेलनों में जब भी इन्हें अध्यक्ष पद के लिए आमंत्रित किया जा ता हैं तो ये विनम्रता पूर्वक मना कर एक और हट जाते हैं अगर इनकी जगह कोई दूसरा व्यक्तित्व होता और जो ज्ञान इनके पास हैं जितनी शक्ति सामर्थ्य इनके पास हैं उसका सौवा हिस्सा भी , किसी के पास होता तो वह चीख चीख कर अपने बारे में बताता रहता, पूरी दुनिया उसके चारो और डेरा डाले रहती पर इस व्यक्तित्व में ऐसा कुछ नहीं हैं यदि मैं यह कहूँ की यह व्यक्तित्व प्रचार भीरु हैं तो ज्यादा सही होगा

जो दर्प जो प्रखरता जो विशालता जो प्रचंडता इनके सन्यासी जीवन में मैंने देखी हैं . जो त्याग वृति जो निश्प्रहता इनके सन्यास जीवन मैंने इनके प्रति अनुभव की हैं वह अपने आप में इक मिसाल हैं . सैकड़ो सैकड़ो सन्यासी शिष्य आतुर रहे हैं इनका शिष्यत्व प्राप्त करने के लिए , हजारो योगी और सन्यासी व्यग्र रहे हैं इनके पास कुछ क्षणों को बैठने के लिए , इनसे कुछ सिखने के लिए और इनसे बहुत कुछ प्राप्त करने के लिए, और इन्होने सभी को बहुत कुछ देने का प्रयास किया हैं ,इनके द्वार हमेशा सब के लिए खुले रहे हैं ,न किसी प्रकार की व्यस्त ता का भाव रखा न व्यर्थ का अहंकार , इसलिए आज हिमालय के हजारो हजारों सन्यासी स्वामी निखिलेश्वरानंद जी का नाम सुनते ही श्रद्धा से झुक जाते हैं,फिर भले ही उन्होंने इस विराट व्यक्तित्व को देखा हो या नहीं ,पर हिमालय के कण कण में इनका व्यक्तित्व गुंजरित हैं और इन्होने हिमालय को पूरे भारत वर्ष से परिचित कराने में जो योग दान दिया हैं साधना की पूर्णता के लिए जो प्रयत्न किया हैं उसकी अपने आप में कोई मिसाल नहीं हैं

इन पंक्तियों के माध्यमसे मैं उनकी आत्मश्लाघा नहीं कर रहा हूँ, मैं उनकी कोई प्रशंशा या विज्ञापन भी नहीं कर रहा हूँ ,उस व्यक्तित्व को इसकी जरुरत भी नहीं हैं . यदि आकाश में सूर्य अपने प्रखर तेज पुंज से चमक रहा हो और उल्लू अपनी आखें बंद कर ले या सूर्य कोदेखें नहीं और वह कहे की सूर्य हैं ही नहीं तो इसमे सूर्य का क्या दोष ? यदि वर्षा ऋतू में अत्यंत मधुर वर्षा की बुँदे सम्पूर्ण पृथ्वी को आप्लावित कर रही हो अगर कोई चातक अपनों चोंच खोल कर उस मधुर जल को प्राप्त नहीं कर पाए तो इसमें वर्षा का क्या दोष ?? और कहीं पर विराट व्यक्तित्व और ज्ञान का पुंज साकार हो औरकोई उसे प्राप्त ही न करना चाहे और अपनी आखें बंद किये अपने ही अन्धकार में चूर अपनी ही अज्ञानता से व्यक्तित्व की आलोचना करता रहे तो उसमे उस व्यक्तित्व का क्या दोष

सिद्धाश्रम का आधार पुंज

आप अपने घर में बैठे इस बात को अनु भव नहीकर सकेंगे की एक व्यक्तित्व के होने से और न होने से कितना बड़ा अंतर आ जाता हैं , फिलहाल आप इस बात को अनुभव नहीं कर सकेंगे की किसी विराट व्यक्तित्व के होने या न होने से उस संस्था में कितना अधिक अंतर आ जाता हैं ,

यह हमने अनुभव किया हैं , इसमें दो राय नहीं हैं की सिद्धाश्रम समस्त ब्रम्हांड का आध्यत्मिक चेतना का पुंज हैं और वहां निरंतर उच्च कोटि की साधनाए संपन्न की जा रही हैं ,, परन्तु निखिलेश्वरानंद जी के सदेह होने और न होने से एक बहुत बड़ा अंतर हम अनुभव कररहे हैं ,उनके वहां रहने से एक चेतना का एक ऐसा वातावरण बना रहता हैं जिसमे एक एक कण गुंजरित रहता हैं स्वामी जी ने पहली बार हमें अहसास दिलाया की साधना रुखी सुखी और निर्जीव बे रस नहीं हैं अपितु इसमें भी आनंद और मधुरता का सामंजस्य हैं उन्होंने ही पहली बार सिद्धाश्रम को भारतीय और कलात्मक नृत्य से संयोजित किया पहली बार देवताओ को भी सिद्धाश्रम में साक्षात् उपस्थित करने का प्रयास किया,पहली बार आखें बंद किये योगियों को भी मुस्कराहट और हंसी प्रदान की पहली बार शांत और निर्जन वातावरण में खिलखिलाहट और हास्य और आनंद का उद्वेग किया और आज जो सिद्धाश्रम में जो चहल पहल हैं जो आनंद का सागर लहराता हैं वह्सब उनकी देन हैं

आज भी वह सूक्ष्म प्राणी से नित्य या लगभग नित्य का कर सबको संभाल लेते हैं ,सभीके हाल चाल पूंछ लेते हैं , सभीकी बात सुन लेते हैं , और सभी को बहुत कुछ बता देते हैं, यह एक आश्चर्य इस रूप में , अ त्याधिक व्यस्त रहता हुआ यह आदमी इतना समय कैसे निकल लेता हैं पर हमने अपनी इन आखों से देखा हैं पिछली शिवरात्रि को उन्हें स स्वर गृहस्थ शिष्यों के मध्य रुद्राभिषेक कराते हुए और शिव पूजन कराते हुए देखा हैं . तो ठीक उसी क्षण उन्हें सन्यासी शिष्यों भी भगवान् पारदेश्वर का पूजन संपन्न कराते हुए अपनी इन आखों से उन्हें देखा हैं ,मैंने उसमे भाग लिया हैं औरआनंद की असीमता उसमे अनुभव की हैं , एक हिसमय में दो विभिन्न स्थानों में दो रूपी में दो साधना संपन्न कराना एक विराट व्यक्तित्व का ही रूप हो सकता हैं और इस बात के लिए हमसब को गौरव और गर्व हैं .

जिन्होंने कदमो से नापा हैं ब्रम्हांड को

और यह कह कर में कोई अनहोनी बात नहीं कह रहा हूँ , मैं इन पंक्तियों के माध्यम से वही सब कह रहा हूँ , जोमैने उसके साथ रह कर अनुभव किया है , और जो में उनके साथ रह कर सिखा हैं समझा हैं अहसास किया है ,मै उनका शिष्य भी नहीं हूँ , पर आज में यह अहसास करता हूँ की यदि मैं उनका शिष्य होता तो अपने आप को ज्यादा गौरवान्वित अनुभव करता उनकी साधनात्मक गतिके सामने यह भू मंडल तोबहुत छोटा सा हैं ,जिस किसी दिन उन्होंने ब्रम्हाड के रहस्यों को उजागर किया उस दिन तो पूरी पृथ्वी पर तहलका सा मच जायेगा क्योंकि उन्होंने उन ग्रह नक्षत्र पर भी विचरण किया हैं जहाँ आज भी मानव विदमान हैं जहाँ पर विज्ञानं की उचाई या हैं जहाँ पर साधना की प्रतिभूति हैं और मुझे विस्वास हैं की वह दिन जल्द ही आने वाला हैं जब वे विस्तार से इस विषय पर प्रकाश डालेंगे ,

पर जब मैं उन्हें गृहस्थ जीवन में देखता हूँ तो में आपने आप में दंग रह जाता हुं मेरा मन मेरा मष्तिस्क और मेरी साधना विस्वास ही नहीं कर पाती की हिमालय का उच्च कोटि का योगी निखिलेश्वरानंद और जोध पुर में कार्य करने वाला व्यक्तित्व एक ही हैं. एक सामान्य मनुष्य के रूप में जीवन संचालित करने वाला हर क्षण सक्रिय रह कर कार्य करने वाला व्यक्तित्व एक ही हैं, यह समयोजन करना बहुत ही कठिन हो रहा हैं, पर जोकुछ भी में देख रहा हुं वह भी सत्य ही हैं जो कुछ देखा हैं वहभी पूर्ण सत्य हैं, उच्च कोटि का व्यक्तित्व ही इस प्रकार से नम्र और विनीत हो सकता हैं हरी भरी डाली ही बार बार लचक सकती हैं झुक सकती हैं. झूम सकती है सुखा ठुठ न तो झुक सकता हैं और न किसी को छ्या और आनंद देसकता हैं,

यहाँ पर मुझे वेद व्यास का वह श्लोक का स्मरण हो आता हैं, की भगवान् श्री कृष्ण पूर्ण सोलह कला युक्त होते हुए भी जीवन भर अत्यंत नम्र बने रहे उन्होंने सामान्य मनुष्य के रूप में जन्म लिया, अवतरित नहीं हुए, सामान्य बालको की तरह आचरण किया, ठीक उसी प्रकार खेले कूदे और,कार्य किया और ठीक उसी प्रकार से हसना रोना, प्रेम करना, मुस्कुराना और शिक्षा प्राप्त करना उन्होंने किया, इसलिए की वह यदि मानव को कुछ देना चाहते थे तो आवश्यक था की वे भी सामान्य मनुष्य कीतरह बने रहे ,ठीक उसी प्रकार से दुःख सुख अनुभव करे, सामान्य मनुष्य की तरह ही उदास हो परेशान हो चिंतित हो मुस्कुराये हँसे खिल खिलाये और कहीं से भी किसी को ऐसा न अहसा स न होने दे की अर्जुन के रथ पर बैठा यह सामान्य सारथि अपने आप में विराट तेज पुंज लिए हुए हैं. सब लोगों ने उसे सामान्य और साधारण मनुष्य समझा, द्रोपदी ने उलाहना दिया, अर्जुन ने भला बुरा कहा ,दुर्योधन ने उसे अपना प्रबल शत्रु समझा पर इतना होने पर भी वे सामान्य मानव बने रहे पर इसी सामने मानव ने गीता जैसा विराट ग्रन्थ अगली पीढ़ियों को सौपा, सामान्य से दिखने वाले व्यक्ति ने महाभारत जैसा युद्ध जीत कर दिखा दिया की विराट ता प्रदर्शन करने की वस्तु नहीं हैं

और इस श्लोक के अंत में वेद व्यास ने बहुत ही सुन्दर बात कही हैं की यह द्वापर युग का सौभाग्य था की इस युग में श्री कृष्ण जैसे व्यक्ति ने जन्म लिया विचरण किया कार्य किया, पर यह द्वापर युग के लोगोंका दुर्भाग्य भी था की उस समय के लोगोंने उनका महत्त्व न समझा न ही लाभ उठाया. उनके जाने के बाद आने वाली पीढ़ी ने उनकी विराट ता का अहसास किया उनके ज्ञान और चिंतन को समझने का प्रयास किया. वह एक ऐसा व्यक्तित्व था जो लौकिक रूप से प्रेम करता हुआ दिखाई देता था राधा के पीछे मंडराता हुआ और बांसुरी बजाता हुआ दिखाई देता था. और उसी सामान्य मनुष्य ने गीता जैसा अद्वितीय ग्रन्थ भी लिखा.

जो सारथि बना हुआ सामान्य व्यक्तित्व लग रहा था , उसने महाभारत जैसे युद्ध में पांडवो को विजयी दिला कर बता दिया विराट ता अपने आप में आत्म तत्व हैं काश द्वापर युग के लोग उस विराट व्यक्तित्व को पहचान पाते,उससे जुड़ पाते तो निश्चय ही वह लोग पूर्णता प्राप्त कर पाते, परन्तु यह सब तो बाद में ही होना था उनकी महानता और विराट ता की आने वाली पीढ़ियों ने ही अनुभव किया , उसी युग में किसी की विराट ता और महानता को अनुभव नहीं किया जा ता वे तो केबल आलोचना कर सकते हैं और यह तो समाज का नियम हैं मैं समझता हुं की उसीसमय चक्र की पुनरावृति हो रही हैं .

अगली नस्ले याद रखेंगी

जिस रूप में यह उच्च कोटि का व्यक्तित्व सामान्य मनुष्य की तरह हर्ष शोक , सुख दुःख में जी रहा हैं आलोचनाओ के झंझावात में आगे बढ़ रहा हैं, उस रूप में आज का एक सामान्य मनुष्य उन्हें पहिचान नहीं सके तो कोई आश्चर्य की बात नहीं,जिस प्रकार से यह व्यक्तित्व अपने सामान्य गृहस्थ शिष्योंको समझा रहा हैं उनके संदेह और आलोचनाओ के मध्य में अपने आपको एक निष्ठ कर रहा हैं . वह वास्तव में बहुत ही कठिन हैं इस प्रकार का जहर पीते रहना एक सामान्य मनुष्य के वश की बात नहीं हैं , जिस प्रकार से ये गृहस्थ शिष्य अपने आप को शिष्य कहने का दंभ रखते हैं उ स हिसाब से तो शिष्य शब्द किपरिभाषा ही बदल जाएगी फिर तो हम सन्यासी शिष्योंको यह शब्द न लगा कर कुछ ओर ही शब्द ही लगाना चाहिए ,

होना तो यह चाहिए था की इस सामान्य मनुष्य के आवरण के भीतर जो महानता और विराट ता छिपी हैं उसे हम पहिचान ने का प्रयत्न करे ,उनसे आत्म सम्बन्ध स्थपित करे उनके कार्योंमे योग दान दे और कुछ ऐसा करे की जिससे की हम सही अर्थो में उनके शिष्य कहलाने का गौरव प्राप्त कर सके एक बार फिर उनके होठो पर मधुरता के साथ "शिष्य "शब्द उच्चारित हो काश ऐसा हो पाता.

आज इस जन्म दिनके अवसर मैं समस्त योगियों और सन्यासियों और हिमालय के कण कण की तरफ से सिद्धाश्रम के प्रत्येक व्यक्तित्व की तरफ से उनका हार्दिक अभिनन्दन करता हुं और हम सब यही कामना करते हैं की हमारा जीवन और हमारी आयु उन्हें प्राप्त हो और वे ज्यादा वर्षो तक जीवित रह कर अद्वितीय कार्य संपन्न कर ते रहे . .

और यह बात भी दो टूक सत्य हैं किआप सब गृहस्थ शिष्योंका सौभाग्य हैं की हमारी अपेक्षा आप लोगों को इस व्यक्तित्व ने ज्यादा समय दिया , ज्यादा अवसर और ज्यादा सुविधा दी हैं . आज भले ही आप इनपर या अपने आप पर गर्व का अहसास न कर सके पर यह निश्चित हैं की आने वाली पीढ़िय आप पर गर्व करेंगी की कभी आप इस विराट व्यक्तित्व के संपर्क में रहे हैं

आने वाली पीढ़िया सहसा आप पर या आपके कथन पर यह विस्वास नहीं कर पाएंगी की आपने इस विराट व्यक्तित्व के साथ कुछ क्षण बिताये हैं इनके साहचर्य में रहे हैं और इनके मुख से अपने लिए शिष्य शब्द का उच्चारण सुना हैं परन्तु हम सब लोगों को आप सब गृहस्थ शिष्यों पर इर्षा हैंकि आप हम लोगों की अपेक्षा ज्यादा समय प्राप्त करसके हैं .और आपके सौभग्य पर गर्व हैं की आप इनके साथ हैं आने वाली पीढ़िया आप पर गर्व करेंगी

मंत्र तंत्र यंत्र विज्ञानं पत्रिका १०० वे अंक से

****

Coming generation will remember that you had seen nikhileshwaranand –kinkar swami

I knew very closely paramhans swami nikhileshwaranand ji, in many century there may one person would have possible and on writing about gives a feeling of anand and joy, and sitting nearer to him gives us feeling that we are really getting something , such is the personality of paramhans swami Nikhileshwaranand ji .

Only weakness in his personality that he is very far away from himself to advertisement a, and he has no desire for that advertisement and neither he ever tried. when he has offered the post of presiding over vary high level sanyasi sammelan, he even turndown the proposal, if any other person have the same opportunity than and have the 100 th part of the gyan and shakti what he has, he will definitely shouted to whole world about himself and whole world sitting just nearer to him. But swami has no such a things in it. if I say he is afraid of such an advertisement that may be true.

सर्व बाधा निवारक श्री गणपति प्रयोग

SHRI GANESH PRAYOG

समस्त बाधा निर्मूलन कर सकने में समर्थ तीव्र प्रयोग

इस तीक्ष्ण शक्ति साधना महा विशेषांक में भगवान् गणपति से सम्बंधित एक तीव्र प्रयोग यहाँ पर दिया जा रहा हैं, ऐसे तो अनेको प्रयोग हैं जो भगवान् गणपति के वरदायक प्रभाव दायक से सम्बन्ध रखते हैं पर उनके सम्बन्ध रखने वाली तीक्ष्ण स्वरूप की साधना का भी तो अपना एक सौन्दर्य हैं हैं क्योंकि मानव जीवन तो अनेको दोषों और अनेको कमी , न्यूनताओ से ग्रसित हैं कभी यह वाधा तो कभी वह वाधा ,, तो इनसब का निर्मूलन भगवान् गणेश के जिस स्वरुप की साधना से संभव हैं वह आपके लिए ..

तीन दिवसीय यह रात्रि कालीन प्रयोग हैं , जब भगवान् गणेश की बात होगी तो उनके लिए दिन बुध वार निर्धारित हैं ही साथ ही साथ यदि शुक्ल पक्ष से प्रारंभ करे तो अति उत्तम, तीव्र प्रयोग हैं उन्हें लाल वस्त्र भी अधिक प्रिय हैं तो

पहिनने वाले वस्त्र और आसन और जिस वस्त्र पर गणेश जी का विग्रह या यन्त्र या प्रतीक या कुछ भी संभव न हो तो मौली से बंधी सुपारी को ही गणेश मान कर रखना हैं वह लाल रंग का ही होना चाहिए .

आप संकल्प ले और अपनी किन किन समस्या के निर्मूलन के लिए कर रहे हैं उसे उल्लेख करे. फिर प्रार्थना का उच्चारण करे

प्रार्थना : विघ्न नाशिने शिव सुताय वरद मूर्तये नमः

फिर फिर भगवान् गणेश का पूजन सामान्य पंचोपचार से करें

निम्न मंत्र की ११ माला प्रति रात्रि जप तीन दिन तक करना हैं

मंत्र : ॐ गं ग्लौम गं गणपतये विघ्नविनाशिने स्वाहा ||

जप आपको लाल रंग की मूंगा माला से करना हैं, अनेको साधनाओ में साधना समप्तिके बाद कुछ हवन सामग्री से आहुति देनी होती हैं चूँकि यहाँ पर बाधा ओं से छुटकारा पाने का प्रयोग हैं तो हवन सामग्री के स्थान पर काली मिर्च का उपयोग करना होगा .और मात्र १०८ बार ही आपको आहुति देनी हैं . फिर सद्गुरु देव जी का पूर्ण पूजन या सामान्य जैसी ही परिस्थिति हो जैसा आपको ज्ञात हैं की हर साधना के शुरुआत में करना ही चाहिये वैसे ही आप इस साधना के प्रारंभ और अंत में करे .

यह प्रयोग तीव्र हैं अतः थोड़ी घबराहट और शरीर में ताप का अहसास हो तो परेशान न हो यह तो विकारो के बाहर जाने की क्रिया हैं

****

Teekhsn ganpaTi sadhana

Here in this Mahavisheshank related to teekshn shakti sadhana , one very very effective sri ganesh prayog Is for you. There are many prayog that are very much related to blessing of

itar- yoni who are they ?

क्या हैं ये ,और क्यों हैं इनकी साधना जरुरी

यह पूरा विश्व अनेको आयाम लिए हुए हैं यदि बस इतना ही माना जाये की जो केबल और केबल हमें ही दिख रहा हैं वही ही सत्य हैं यह तो बिना वजह वाद विवाद की स्थिति हैं ,अनेको सूक्ष्म जीव और अनेको ऐसे जीवाणु का भी अस्तित्व हैं जिन्हें सामान्य रूप से हमारी आखों से भी देखना संभव नहीं हैं , तब क्या उनका अस्तित्व नकार दिया जाये ,

केबल पानी को गर्मकरने से क्या सारे जीवाणु समाप्त हो जाते हैं , आप कहेंगे की हाँ यही तो पढ़ा हैं

पर अभी हाल की वैज्ञानिक शोध में यह तथ्य आया हैं की खौलते हुए लावे में भी ऐसे जीवाणु या सूक्ष्म जीव का अस्तित्व पाया गया हैं जो समझसे परे हैं , तो..

ठीक इसी तरह हमरे शास्त्रों में अनेको ऐसी बाते बताई गयी हैं जो सामान्य विद्या बुद्धि से परे हैं . अनेको ऐसे दिव्य आश्रमों का वर्णन हैं जो शायद आप माने नहीं वह आज भी हैं बस समय के चतुर्थ आयाम में हैं ,यदि आप जा कर देखे तो आप स्वयं ही समझ जायेगे की सत्य क्या हैं ,पर बिना जाने या जानने कीकोशिश किये बिना देखे ही कह देना तो उचित नहीं हैं , अनेक लोगो ने उन दिव्य स्थानो की यात्रा की भी हैं, आधुनिक काल के अनेक व्यक्तियों ने इस बात की पुष्टी कीभी हैं

ठीक इसी तरह मानव जीवन के अलावा भी अनेक योनिया इस विश्व में विदमान हैं जिन्हें आप पितृ , भुत ,प्रेत पिशाच , यक्षिणी .डाकिनी,गन्धर्व और अनेको नाम दे सकते हैं पिशाच , और अन्य के नाम से बिलकुल भी घबराने की जरुरत नहीं हैं क्योंकि यह भी एक वर्ग हैं बस नाम अलग हैं .पर इससे क्या फर्क पड़ता हैं .

सदगुरुदेव जीने अनेको बार कहा की इन मानव के इतर योनी यो को भी एक स्वस्थ दृष्टी से देखने की आवश्यकता हैं , और इनको भय की दृष्टी से नहीं देखना चाहिए ,उन्होंने अनेक साधको के माध्यम से भी हमारे सामने बात राखी की यह योनिया तो अपनी मुक्ति के लिए स्वयं छट पटा ती रहती हैं कभी उनके वर्ग की पीड़ा भी तो हम समझे , यह बात तो भुत प्रेत पिशाच, वर्ग की हो गयी, पर जो हमारे पितृ हैं उनका के वे तो हमारे पूर्वज हैं मेरा मतलब हमारे कि परिवार के सदस्य रहे हैं उनके बारे में उचित सोचा जाय, पर इतने से तो काम नहीं चलता क्या हम जानते हैं की वास्तव में पितृ का मतलब क्या होता हैं .. इस वर्ग में केबल हमारे परिवार के ही नही बल्कि अनेक ऋषि मुनि भी आते हैं, और आते हैं भीष्म पितामह जैसे महान तपस्वी ,, तो इनको एक बहुत बड़े दृष्टी कोण से देखना चाहिए .

क्योंजरुरी हैं ये सबके बारे में जानना , तो यह जान लीजिये कितने परिवार ऐसेहै जिनके यहाँ एक भी संतान नहीं हैं कितना इलाज कराया हैं पर कुछ नहीं हुआ पर जब किसी उच्च कोटि के साधक या तपस्वी के कहने पर जब जाकर विधि विधान से श्राद्ध कर्म कराया गया तो परिवार में सुख शांति और प्रसन्नता का माहौल बना और जो कमी थी जीवन की वह दूर हुए ,

वहीँ जीवन में किसे एक विश्वस्त मित्र की तलाश नहीं रहती हैं आज के जीवन की विडम्बना तो आप जानते हैं की सब कुछ तो हैं पर कोई अपना नहीं जिससे आप अपना कुछ बात सको , कोई तो ऐसा हो .. भले ही आप पति पत्नी हो , कितने भी अंतरंगता का दंभ भरते हो पर वास्तविकता तो आप जानते हैं , आधुनिकता ने हमारे चेहरे पर इतना मुखौटा लगा दिया हैं की हम अपना असली रूप भूल गए हैं , जब चारो ओर सभी ढोंग कर रहे हो तो हमें भी तो वही करना पड़ेगा ..न

जीवन की इन्ही विसंगतियों को भाप कर सदगुरुदेव जी ने अनेको ऐसी साधनाए दी हैं और इन इतर योनियों के बारे में कहा भी हैं की एक बार आपका सांसारिक मित्र धोखा दे दे पर जब यह एक बार आपकी मित्र हो जाये तो कभी भी विस्वात घात नहीं करते हैं, मैं अन्य विद्वानों के कथन का खंडन नहीं कर रहा हूँ , पर में यहाँ पर सिर्फ और सिर्फ अपने सदगुरुदेव जी के द्वारा दी गयी साधनाओ के बारे में ही बात कर रहा हूँ.

आपके यह सहयोगी बने , आपका दृष्टी कोण इनके प्रति निर्मल बने आप भी माने की इनमे और हममे कोई विशेष अंतरनहीं हैं बल्कि आयाम का अंतर हैं , तब आप एक साधक बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हैं .

अप्सरा यक्षिणी भी किन्ही अर्थो में इतर योनी के कहे जा सकते हैं ,

पूज्य सद्गुरु देव जी का एक स्वपन यहभी हैं की हम सभी इन वर्गों के प्रति स्वस्थ चिंतन रखे और इनके सहयोग से अपना जीवन ओर खास कर सधानात्मक जीवन को संभारे .

यहाँ एक प्रश्न उठता हैं की क्या इन योनियों की सधना शास्त्र सम्मत हैं ,क्योंकि गीता में भगवान् श्री कृष्ण कहते हैं की जो इन योनियों की साधना करता हैं भुत प्रेत और अन्य भी वह मृत्यु उपरान्त इन्हों कोप्राप्त होता हैं , इस हिसाब से तो यही कहना चाहिए की इनकी साधना नहीं करना चाहिए ,

पर हम ये भूल जातेहैं जो भी क्रिया गुरु नहीं बल्कि सदगुरुदेव के निर्देशन में होंगी जो उनके आशीर्वाद से होगी और जो उनके द्वारा प्रदत्त साधनाओ से से होगी उसमे ऐसा कुछ नहीं हैं आप निश्चिंत रह कर साधना करे .हजारो साधक इस बात के स्वयं गवाह हैं .

****

ROSARY- ENERGIZE PROCESS

कुछ सरल विधिया जो आपने चाही थी

यंत्रो की सामान्य प्राण प्रतिष्ठा विधि तो हमने तन्त्र कौमुदी के विगत के अंक में दे हो चुके ही हैं , पर आपके सन्दर्भ में अनेको पत्र और इ मेल हमें मिले जिसमे हमसे पूछ गया था की क्या सामान्य से सामान्य से प्रयोग में संस्कारित माला की जरुरत होती हैं ??तो उत्तर यह हैं की हाँ बिना संस्कार की माला का प्रयोग करने से सम्बंधित देवता क्रुद्ध हो जाते हैं तो हर प्रयोग के लिए यह माला कहां से लाये तो आप सभी के लाभार्थ यह माला को संस्कारित करने की विधिया इस लेख में आप सभी के लिए

आप जानते हैं की विभिन्न प्रयोग के लिए विभिन्न मनको की माला का उपयोग होता हैं , कभी 51 तो कभी 31 पर अधिकांश प्रयोग और साधना में 108मनको से युक्त माला का प्रयोग होता हैं.

पर १०८ ही क्यों यूं तो सभी का एक विशेष अर्थ हैं हैं पर सदगुरुदेव भगवान् ने कहा हैं की मानव शरीर में 7चक्र नहीं बल्कि 108 चक्र होते हैं , और उन्होंने इस संदर्भ में विभिन्न उदाहरण भी दिए हैं साथ ही साथ इस हेतु एक बार एक विशिष्ट दीक्षा १०८ चक्र जागरण दीक्षा भी उन्होंने प्रदान की थी, तो जब भी हम 108 मनको की माला से मंत्र जप करते हैं तब हर मनके के माध्यम से एक विशेष चक्र पर स्पंदन होता ही हैं फिर उसे हम महसूस चाहे या न चाहे करे .यही एक गोपनीय तथ्य हैं इन मनको का 108 होने का तभी तो 108 मनको वाली माला सर्वार्थ सिद्धि प्रदायक कही जाती हैं

और यह माला ही तो इस साधना की एक विशेष उपकरण हैं , सदगुरुदेव भगवान् कहते हैं की की क्यों एक छोटी छोटी से बात पर अपने सदगुरुदेव पर भी निर्भर रहना , उन्होंने ही तो अनेक बार माला और यंत्रो को प्राण प्रतिष्ठित करने की विधिया बताई , उ ससमय के अनेक साधक इस बात के प्रमाण हैं ,

और जब हम आगे बढ़ कर सिद्धाश्रम तक जाने की बात करते हैं और हम खुद एक सामान्य सी माला प्राण प्रतिष्ठित न कर पाए तो आप ही सोच सकते हैं हम हैं कहाँ , अतः इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रक्रिया को आपके सामने रहा जा रहा हैं .

यह लेख आरिफ खान जी के द्वारा अनेको वर्ष पहले भी एक पत्रिका में प्रकाशित हो चूका हैं उसी का संक्षिप्त रूप आपके सामने हैं .

ध्यान रहे यहाँ हम माला निर्माण की प्रक्रिया नहीं बता रहे हैं वह एक और ही अलग विषय हैं .

प्रथम तरीका :सर्वाधिक सरल तरीका तो यह हैं की आप किसी भी माला /मालाओं को किसी भी ज्योतिर्लिंग या शक्ति पीठ में मुख्य विग्रह से स्पर्श करा ले, उनकी प्राण उर्जा से माला स्वतः हो प्राण प्रतिष्ठित हो जाती हैं .

द्वितीय तरीका : यह हैं की यदि आप से रुद्राभिषेक करते बनता हैं या आप के घर में किसी से या कोई पंडित द्वारा आपके घर में रुद्राभिषेक किया जा रहा हो उस समय काल में किसी भी पात्र में यह माला जिसे प्राण प्रतिष्ठित किया जाना हैं उसे रख दे , यह स्वत ही परं प्रतिष्ठित हो जाती हैं , रुद्राभिषेक की विधि आप गीता प्रेस की किताबों मेंपा सकते हैं .

तृतीय तरीका :आप के जो भी गुरु हो उनके हाथो के स्पर्श मात्र से भी यह प्रक्रिया सुगमता पूर्वक संपन्न हो जाती हैं .

चतुर्थ तरीका :माला को गंगा जल से स्नान कराये और निम्न मन्त्र उसी माला से १०८ बार जप कर ले , यह भी एक सुगम तरीका हैं .

माले माले महामाले सर्व तत्त्व स्वरूपिणी |

चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्त स्तस्मंमे सिद्धिदा भव ||

पंचम तरीका :

शास्त्रीय प्रक्रिया :

पीपल के नौ पत्ते को इस तरह से रखे की एक पत्ता बीच में और और अन्य पत्ते उसे केंद्र मानते हुए इस प्रकार रखे मानो एक अष्ट दल कमल सा बन जाये , बीच के पत्ते पर आप अपनी माला रख दे और हिंदी वर्ण माला से वर्ण ॐ अं से लेकर क्षं तक सभी का उच्चारण करते हुए उस माला को पंचगव्य से स्नान कराये. फिर सद्योजात मंत्र का उच्चारण करते हुए

ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमो नमः |

भवे भवे नाति भवे भवस्य माँ भवो द्वावाय नमः ||

निम्न वामदेव मन्त्र से चन्दन माला पर लगा यें

बलाय नमो बल प्रमथ नाय नमः सर्व भूतदहनाय नमो मनो न्मथाय नमः ||

धुप बत्ती अघोरमंत्र से दिखाए

ॐ अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोर घोर तरेभ्य: सर्वेभ्य : सर्व सर्वेभ्यो नमस्ते अस्तु रुद्ररूपेभ्य :

फिर तत्पुरुष मंत्र से लेपन करे

ॐ तत्पुरुषाय विद्म्ह्ये महादेवी धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात |

फिर इसके एक एक दाने पर एक बार या सौ सौ बार इशान मंत्र का जप करे

ॐ ईशान: सर्व विद्यानामिश्वर : सर्व भूतानां ब्रह्मा धिपति र ब्रह्मणो ऽ धिपतिर्ब्रह्मा शिवो में अस्तु सदाशिवो ऽ म |

अब बात आती हैं कि कैसे देवता की स्थापना की जाए तो यदि आप इस माला को शक्ति कार्यों में उपयोग करना चाहते हैं तो **"ह्रीं "** इस मंत्र के पहले लगा कर और लाल रंग के पुष्पों से इसका पूजन करें.

और वैष्णवों को निम्न मन्त्र का उपयोग करें

ॐ ऐं श्रीं अक्षमाला यै नमः ||

फिर हर वर्ण मतलब अं से लेकर क्षं तक लेकर इनसे संपुटित करके १०८ /१०८ बार अपने इष्ट मन्त्र का उच्चारण करे .

फिर यह प्रार्थना करे

ॐ त्वं माले सर्वदेवानां सर्व सिद्धिप्रदा मता |

तें सत्येन में सिद्धिं देहि मातर्नामो ऽ स्तू ते ||

अब इस माला को हर के सामने दिखाए नहीं , आपको जो भी विधि उचित लगे उसका उपयोग करके एक प्राण प्रतिष्ठित माला का निर्माण आप कर सकते हैं उसे साधना में प्रयोग करसकते हैं .

पर यह तो प्रकिया मणि माला को संस्कारित करने की हैं पर विशेष शक्ति युक्त तांत्रिक माला का निर्माण कैसे किया जाए , यह विधान पहली बार ही सामने आ रहा हैं , तो इसमें आपको

ॐ सर्व माला मणि माला सिद्धि प्रदात्रयि शक्ति रुपिंयै नमः

ॐ sarv mala mani mala siddhi pradatrayi shakti rupinyai namah

१०८ बार उच्चारण करना हैं इस दौरान माला हाथ में घुमती यां उसे घुमाते रहे गी /रहे

ज्योतिष : क्यों परिणाम सही नहीं होते

ASTROLOGY - DISCUSSION

कुछ विचारणीय बाते

ज्योतिष तो सारे जीवन का दर्पण हैं और हमारे भारतीय ज्योतिष की जड़े तो बहुत ही गहरी हैं इसका एक नाम तो ज्योतिर विज्ञानं हैं जिसका मतलब वह विज्ञानं जो हमें और हमारे जीवन को ज्योति याने प्रकाश दिखाए ,हमसभी के मन में ज्योतिष के प्रति सम्मान तो रह ता हैं बीच के युग का कुछसमय ऐसा था जब इसका बेहद माखौल उड़ाया जाने लगा था , इस विपरीत परिस्थिति में कुछ विद्वान खड़े हुए जिन्होंने अपना पूरा जीवन इस विधा के पुनर स्थापित करने में लगा दिया , इनमे सर्व श्री सद्गुरुदेव डॉ नारायण दत्त श्रीमाली जी, दक्षिण के डॉ बी ,व् . रमण और कृष्णमूर्ति पद्धति के विकासक प्रोफ कृष्णामूर्ति सर्वोपरि कहे जा सकतेहैं .

जैसे ही कंप्यूटर युग का प्रारम्भ हुए आशंका जताई गयी की अब ज्योतिष विद्या का भविष्य खतरे में हैं क्यों यदि यह विज्ञानसम्मत नहीं होगी इसके गणतीय पक्ष कोकैसे कंप्यूटर कर पायेगा ,

पर पर आज तो हर ज्योतिष इस का उपयोग कर रह हैं, और आज बाज़ार में सैकड़ो पत्रिका इस विधा के बारे में जानकारी और नए नए तथ्य रख रही हैं

पर कभी कभी इसके परिणाम सही से नहीं कहे जा सकतेहैं , यह बात भी सत्य हैं की कीहर बार हमारी भविष्य वाणी सही हो तो मानव जीवन की रहस्यमयता का क्या होगा और क्या मानव इश्वर हो जायेगा यह तो विवाद का प्रशन हैं ,

.

सदगुरुदेव भगवान ने भी हमें आत्याधुनिक टेबल्स का उपयोग करने कि सलाह दी हैं जिससे ग्रहों की गणना में गलती कमसे कम हो , अब अयंनाश की समस्या हैं कुछ लाहिड़ी तो कृष्णमूर्ति के पक्ष धर हैं यह भी अपने अपने अनुभव पर हैं कि कौन कौन किस का उपयोग करना चाहता हैं .

हमारे ज्योतिष में अभी भी हम 360 का दिन का एक वर्ष अपनी गणतीय गणना के लिए लेते रहे हैं , और विस्शोतरी दशा पद्धति को सभी इस क्षेत्र के लोग उपयोग करते हैं और बेहद सम्मान से भी देखते हैं पर हम तो एकसाल तो 365 1/4 दिनका मानते हैं इस हिसाब से हरसाल में लगभग 5दिनका अंतर तोदशा महादशा में आ ही जाता हैं तो यह तो समस्या हो गयी , क्यों जिसका जन्म अभी हुआ ही तो उसके लिए तो कोई समस्या नहीं हैं पर जिनका मानलो जन्म आज से 40 वर्ष पहले हुआ हैं तो 40*5=200 दिन मतलब लगभग 6/7 महीने का अंतर आगया तो शयद हम जिस दशा की मानकर चल रहे हैं वह होगी नहीं उस समय तो कैसे करे इस समस्या का सामना , अब उस आधार के साथ खिलवाड़ तो नहीं करसकते हैं.

पर अबक्या करे ,जब आजका व्यक्ति एक ज्योतिष के परामर्श को इतना सस्ता समझता हैं ओर उसे भी उतना याने एक मजदुर के दैनिक परिस्मिरिक नहीं देना चाहता तो कैसे उम्मीद करे की वह आपके लिए इतनी मेहनत करेगा अब आज से ७०/८० साल पहले के दिन तो हैं नहीं ,,आजके इस अर्थ प्रधान युग में सबकी कुछ मुलभुत आवश्यताए हैं ही

सदगुरुदेव भगवानने ज्योतिष कीन्ही कुछ विसंगतियों के ध्यानमे रखते हुए एक पूर्ण software बनबाया था , उनके विचार में यह बिलकुल स्पस्ट था की जब एक मानव जीवन एक प्रमाण के रूप में आपके सामने हैं तब आप विभिन्न दशाये चाहे वह विन्शोत्त्री या अष्टो तरी या योगिनी या मंडूक या अन्य से जो भी फलादेश निकला जाता हैं वह अलग अलग क्यों आता हैं

जब कि सभी को एक ही बात बताना चाहिए इस कारण उन्होंने विभिन्न इन दशाओ के परिणाम में कैसे सामजस्य किया जाये और एक ही परिणाम प्राप्त हो एक सॉफ्टवेर का निर्माणकराया था ,और उस समय की मंत्र तंत्र यंत्र विज्ञानं पत्रिका जो बाज़ार में उपलब्ध नहीं थी इसका पूरा एक विज्ञापन उन्होंने दिया था और अनेक लोगोंने उससे फायदा उठाया भी था, पर बाद में काम में व्यस्तता के चलते हुए इस योजना को बंद कर दिया गया ,

आज यह कहा पर हैं हमें नहीं पता .

.पर इस समस्या को हम कैसे सुलझाये , पहले जो भी ज्योतिष विज्ञानं सीख रहे है उनको भी चाहिए की वह अपने साधना पक्ष को भी प्रबल करे उसके साथ यह अपनी साधना का बल से आप काम करे तो कोई समस्या नहीं होगी .

या अपनी मास्टरी प्रश्न ज्योतिष में करे तो आप अपनी बात को cross check कर सकते हैं .

या आप विंशोत्तरी दशा के साथ योगिनी दशा और मंडूक दशा से भी जन्म पत्रिका को देखें औरजब इन तीनो से भी एक ही परिणाम प्राप्त हो तो आप निश्चय ही कहीं ज्यादा बेहतर तरीके से अपना भविष्य कथन कर सकते हैं.

****

Dasha anD mahDasha : why jyotish preDiction sometimes fails

Astrology is the mirror of our human life , and the root of our Indian vaidik astrology has a very deep, one of its name is jyotir vigyan, that means the science which not only us but can guide our life and show the light on that. We all have a very high faith in this science., but times had such a come (some 60/70 years) in that this science had been consider as very disrespect way , in that very difficult period some great scholar stand up and devote their whole life to up bring the respect of this science in that firstly our Sadgurudev Dr, Narayan Dutt Shrimali ji, Dr B,v Raman from south and prof krishnamurt of krisnmurti paddhati .

When computer era has been started this indication gave us that may be astrology has a very bad day ahead since if astrology maths base is not fully justifiable than how can computer can accommodate that ,

आत्मा आवाहन साधना

MritatMa - aavahan process

कैसे आवाहन किया जाये एक सरल साधना विधि

आत्मा तथा उनके अस्तित्व पर वर्षों से शोधकार्य होता आया है और आज के इस विज्ञानयुग मे भी कई लोग इस दिशा मे बराबर गतिशील है की क्या मृतात्मा का अस्तित्व होता है और अगर होता है तो इनसे संपर्क कैसे स्थापित किया जा सकता है. यहाँ तक की भारत से भी ज्यादा पश्चिमी देशो मे इस पर कार्य हो रहा है और इसके कई परिणाम भी प्राप्त हुए है जो की अभौतिक अस्तित्वो की पुष्टि करता है. लेकिन इस दिशा मे तो यह मात्र पहला कदम है उनका. हमारे देश के ऋषि मुनियों ने इस विषय पर कई महत्वपूर्ण शोध कार्यों को किया था और आत्माओ के आवाहन की कई विशिष्ट प्रक्रियाओ का निर्माण किया था. अफ़सोस की बात है की आज के युग मे हमारे महान पूर्वजो के शोध कार्यों को ढोंग का नाम दे कर हे द्रष्टि से देखा जाता है लेकिन फिर भी इस विषय पर सामान्य जन मनुष्य का आकर्षण बराबर रहा है.

मृत्यु को अंत मानना एक बहोत बड़ी भूल है, यह तो मात्र पड़ाव होता है अगली यात्रा का. भगवान खुद गीता मे कहते है की शरीर नाशवंत है लेकिन आत्मा अमर ही है. इसी क्रम मे मृत्यु के बाद शरीर से बहार निकलकर आत्मा सूक्ष्मजगत मे चली जाती है और जब तक की आत्मा वापस जन्म ना ले तब तक सूक्ष्म जगत ही उनका पड़ाव होता है, यह काल कितने समय के लिए होता है यह कहना मुश्किल है. कई मृतात्माए जन्म लेने के लालायित रहती है और कई इससे ठीक विपरीत जन्म ना लेने के लिए. कई योग्य गर्भ के लिए राह देखती है तो कई ऐसे कोई बंधन मे खुद को नहीं रखता. हो सकता है मृत्यु के बाद कुछ ही समय मे वह आत्मा दूसरे गर्भ का चयन कर अत्यंत ही सूक्ष्म काल मे वापस जन्म ले ले या कई बार यु होता है की कोई आत्मा कई सदियों तक भी जन्म ना ले. इस विषय के कई पक्ष है जो की अपने आप मे बहोत ही वृहद है.

ये जानते हुए भी की जिसने जन्म लिया हे उसकी मृत्यु अवश्यम्भी है कई बार स्नेहीजन के मृत्यु मन पर एक बड़ा आघात छोड़ते है, सच है की माया से प्रेरित हो कर मन इन सबंधो को सास्वत स्वीकार कर लेता है लेकिन व्यक्ति के शुक्ष्मजगत गमन के बाद उन्हें देखने की या मिलाने की इच्छा बराबर बल्वर्ती बनी ही रहती है. और इन्ही उलजनो मे मन बोजिल होने लगता है. उनकी क्या गति होगी या क्या उनकी कोई इच्छापूर्ति हम कर सकते है या नहीं ऐसे कई सवाल मन मे उठाते रहते है. लेकिन क्या कोई एसी प्रक्रिया है?

हाँ, तन्त्र इसका समाधान करता है. तन्त्र के आवाहन पक्ष मे इससे सबंधित कई प्रक्रियाए है. लेकिन ज्यादातर प्रक्रियाए उग्र व् स्मशानिक प्रक्रियाए है जो की एक सामान्य मनुष्य के लिए संभव नहीं है. सायद हमारे पूर्वजो का भी यही चिंतन रहा होगा इस लिए उन्होंने कई ऐसे लघु प्रयोग भी खोज निकले है जिन्हें करने पर आपकी इस इच्छा की पूर्ति स्वप्न के माध्यम से संभव हो सकती है. अगर मृतात्माने पुनर्जन्म नहीं लिया है तो सबंधित प्रक्रिया करने पर स्वप्न के माध्यम से स्नेहीजन से मुलाकात संभव है. इसके द्वारा स्नेहीजन की मृतात्मा की इच्छा होगी तो वार्तालाप भी संभव है अगर उनकी कोई एसी इच्छा है जिसका समाधान वो आपसे चाहते है तो वो भी आपको स्वप्न के माध्यम से पता चल जाएगा. इस द्रस्टी से यह प्रक्रिया एक अत्यधिक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है

बुधवार रात्रि मे ११ बजे के बाद यह प्रयोग करे, यह ११ दिन का प्रयोग है

वस्त्र और आसान लाल या कला रहे, दिशा दक्षिण.

अपने सामने महाकाली का विग्रह या तस्वीर स्थापित करे जिस पर सामान्य पूजन करे. तेल का दीपक और लोहबान धुप देवी को अर्पित करे.

इसके बाद व्यक्ति उस आत्मा को याद करे जिसका आवाहन किया जाना है और उसे स्वप्न के माध्यम से प्रकट होने को प्रार्थना करे.

फिर साधक निम्न मंत्र की ११ माला काली हकीक माला से जाप करे

ॐ हिलि हिलि खिचि खिचि फट

मंत्र जाप से पहले और बाद मे गुरु मंत्र की एक माला ज़रूर करे. मंत्र जाप के बाद साधक सद्गुरु, महाकाली से साधना मे सफलता के लिए प्रार्थना कर के सो जाए.

निश्चित ही साधना काल या फिर साधना के आखिरी दिन स्वप्न के मध्य मृतात्मा के दर्शन हो जाते है. तब उनकी तरफ से ही वार्तालाप शुरू होगा. यह मंत्र करते समय कई प्रकार की आवाजे सुनाई दे सकती है लेकिन इसमे भयभीत होने वाली कोई बात नहीं है, इस साधना मे किसीभी प्रकार का कोई नुकशान नही है, साधना खंडित होने पर भी साधक की कोई हानि नही होती.

****

Atama aavahan sadhana

Research is going on since long on spirits and Existence of spirits and in this scientific era so many people have remained progressive in this field of spirits and their existence and how to establish contact with those. Western countries are more concerned in this research field and there are so many results came up proving existence of immaterial existences. But this is just a first step of them in this field. Sages of our country made so many inventive researches on this subject and prepared many special methods to develop contact with spirits. Sadly, today, in our country research work of our great sages are termed as pretenses and counted as cheap stuff of non belief but then too common people's attraction to this subject has continued.

It is big mistake to understand death as end; it is just a halt for the next journey. Yet god himself tells in holy Gita that body is subject to deceasing but soul is infinite. This way, after death soul be out of the body and move to sukshma jagat and till the time it does not take re birth it stays in sukshma jagata, it is difficult to make exact summery of this time period. Many spirits stay curious to have their re birth and many of them think exact opposite of the same; not to take re birth. Few wait for desirable womb, few do not found them self in such conditions. It is also possible that after death in very short time spirit selects their womb and take second birth instantly or it is even possible that some spirit may don't have rebirth for centuries. This subject has many aspects which are really very deep in nature.

tarini- sadhana

अब आपको एक उच्च स्तरीय कवि बनने से कोई नहीं रोक सकता

जीवन के चार महत्वपूर्ण पुरुषार्थोमे काम का स्थान भी है लेकिन काम का अर्थ हमने अत्यधिक संकीर्ण कर दिया है. काम ही जन्म देता है सौंदर्य और आकर्षण को. काम का अर्थ सिर्फ शारीरिक धरातल पर ना रखते हुए उसे जब आत्मिक धरातल पर उतर कर अर्थघटन किया जाये तो ये समजा जा सकता है की सृष्टि की गतिशीलता इस पर ही निर्भर है. उस काम उर्जा से ही जन्म होता है कला का. वह कला जो की सौंदर्य और आकर्षण से युक्त होती है. काम के इसी पक्ष को समजने के लिए ही और विविधता युक्त उन कलाओ को आत्मसार करने के लिए भी तन्त्र मे विभिन्न साधनाओ का उल्लेख मिलता है.

चाहे वह नृत्य हो, संगीत हो, चित्रकला हो या कोई और हो. उदहारण के लिए नृत्य कला के लिए हमारी संकृति मे नटराज का उल्लेख बराबर होता आया है, उसी प्रकार सगीत के लिए वीणावादिनी और चित्रकला के लिए कार्तिकेय की उपासना भी प्रचलित है.विविध कलाओ के लिए विशिष्ट देवी देवताओ के सबंध मे कई प्रकार की साधनाओ का तांत्रिक ग्रंथो मे उल्लेख मिलता है.

इसी क्रम मे काव्यरचना भी एक महत्वपूर्ण कला है. अंदर के भावो को जागृत कर उनका विशेष वर्णात्मक शैली मे प्रस्फुटन करना हर व्यक्ति के लिए सहज बात नहीं है. काम भव के इस पक्ष को समजने के लिए भी तन्त्र मे कई प्रकार के वर्णन मिलते है. इसदिशा मे पूर्णनीलातन्त्र एक महत्वपूर्ण ग्रन्थ है जिसमे एक पटल सिर्फ काव्यरचनाओ से सबंधित साधनाओ पर दिया गया है, मुख्यतः इसमे तारा देवी के २ स्वरुप का वर्णन मिलता है, नीलसरस्वती और तारिणी.

देवी का तारिणी स्वरुप अत्यधिक मोहक है जो की ज्यादा प्रकाश मे नहीं आया है, यह देवी काव्यरचना कला की मुख्य शक्ति है, प्राचीन काल मे देवी के इस स्वरुपकी साधना कविओ के मध्य प्रचलित रहती थि. लेकिन धीरे धीरे इसका प्रचलन कम होता गया क्यूँ की कामको और सौंदर्य को देखने का लोगो का नज़रिया ही बदल गया. तारिणी एक प्रचंड शक्ति है जो की सीधे मूलाधार पर घात कर के उसे स्पंदित करती है. जिससे साधक का नज़रिया ही बदल जाता है सभी चीजे देखने का. और देवी के आशीर्वाद से वह अपने इन भावो को काव्य के माध्यम से सहज ही मनोहर रूप मे सब के मध्य रख सकता है. इस प्रकार काम भाव के एक विशिष्ट अंग को समजने के लिए यह एक महत्वपूर्ण साधना है.

इस साधना को साधक किसी भी वार से शुरू कर सकते है. मंत्र जाप स्फटिक माला से हो. समय रात्रिकाल मे १० बजे के बाद का रहे. इसमे आसान व् वस्त्र सफ़ेद रहे. साधक को सर्व प्रथम गुरु मंत्र की एक माला कर के सद्गुरु से साधना मे सफलता के लिए प्रार्थना करनी चाहिए

उसके बाद तारिणी देवी की मन ही मन सहस्त्रदल पर विराजमान अग्नि रूप कुण्डलिनी रूप मे ध्यान करना चाहिए

उसके बाद २१ माला तारिणी मंत्र की करे

ॐ ह्रीं स्त्रीं तारिणी फट्

जप के बाद देवी को ही मंत्रजाप समर्पित कर दे. यह क्रम आगे के २० दिन तक जारी रखने से यह साधना सिद्ध हो जाती है और साधक को काम का एक नया ही रूप देखने को मिलता है.

****

Bhagvati Tarini sadhana

Equal place stays for kama in four main aspects of the life but the meaning of kama what we take today has became very narrow from its original meaning. Kama is responsible for the birth of beauty and attraction.

Pitr aavahan sadhana

अपने किसी भी पितृ का आव्हान ऐसे करे

हमारे ग्रंथो मे और विशेष कर वेद और पुराण मे पितृ सबंधित विवेचना अत्यधिक मात्रा मे पाई जाती है. पितृ के देहावसान के बाद उनके मोक्ष के लिए कई प्रकार के विधान पाए जाते है. मोक्ष का अर्थ यहाँ है की वह अपनी इच्छा और वासना जो की माया को जन्म देती है उससे परे हट कर सृष्टि की संरचना को समजे और मुक्तभाव से अपनी गति परमात्मा की तरफ आगे बढ़ाये. लेकिन यह मनुष्य का अपने पितृओ की तरफ यह कर्तव्य आखिर क्यों होता है? सृष्टि मे मनुष्य की गतिशीलता वीर्य है और मैथुन उसको गतिशीलता देता है. हमारा स्थूल शरीर भी उसी बीज से बनता है. उसी बीज से मानव के विभिन्न सबंधो का निर्माण होता है. पूर्वजो के मुख्य बिज से गतिशीलता आगे बढ़के वही बीज दूसरे शरीर का निर्माण करते हुए हमारा निर्माण करती है. वह मुख्यबिज और उनसहयोगी बीजो के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना इसी लिए हमारा कर्तव्य है.

इतरयोनी को प्राप्त होने के बाद भी उनका बीज गतिशील रहता ही है, इस प्रकार हमारे सभी पूर्वजो के प्रति हमारा समर्पण सामान रूप से हो. और सृष्टि की इसी संरचना के लिए व्यक्ति के लिए यह ज़रुरी होता है की वह अपने पितृ के प्रति आदर भव स्थापित करते हुए उनके मोक्ष के लिए प्रार्थना करे. इस के लिए बहोत ही विधान वेदों मे तथा तन्त्र मे बताए गए है. लेकिन जटिल विधि विधानों मे ना पड़ते हुए, सरल विधान को यहाँ दिया जा रहा है जिससे की सर्व इतरयोनी गत पितृ है उनको मोक्ष की प्राप्ति हो और उनकी कृपा सदैव बनी रहे. यह विधान को खुद ही किया जाता है इस द्रष्टि मे इसका महत्व और बढ़ जाता है और पितृ प्रसन्न रहते है. यह विधान पितृ पक्ष के दिनों मे करना उत्तम रहता है, पितृ पक्ष मे जितने दिन हो सके उतने दिन यह विधान करना चाहिए. यु साधक इसे किसी रविवार को भी कर सकता है.

साधक सभी आवश्यक सामग्री को पहले ही अपने पास रखले बिच मे उठाना नहीं चाहिए. साधक को सुबह स्नान कर के अपने सामने बाजोट पर एक चावल की ढेरी बनानी चाहिए जिस पर शुद्ध घी का दीपक रखे और प्रज्वल्लित करे. इसके बाद अपने सामने गणेश की किसी भी प्रकार की मूर्ति रखे, संभव हो तो साथ ही साथ शालिग्राम को भी रखे. उन दोनों का सामान्य पूजन करे और आशीर्वाद ले.

इसके बाद साधक अपने इतरयोनी गत सर्व पितृ का आवाहन निम्न मंत्र से करे इस बिच घंटी या थाली को बजाते रहना चाहिए.

ॐ पीठपितृ गौत्रपितृ सर्वपितृ आवाहयामि नमः

इस मंत्र को ११ बार जपे

इसके बाद सर्व पितृ को नमस्कार कर गणेश की प्रतिमा पर एक बार फिरसे पितृओ का पूजन करे. खीर का भोग लगाये साथ ही साथ जल भी रखे.

इसके बाद एक बड़े से पात्र मे जल ले, निम्न मंत्र को बोलते हुए उसमे अबिल और गुलाल को मिलाये

ॐ सर्वपितृ मोक्ष प्रदाता विध्न विनाशक नमो नमः

अब अपने हाथ मे दुर्वा को ले. पानी की अंजुली भरते हुए उसे गणपति पर निम्न मंत्र बोलते हुए चड़ाये

ॐ सर्वपितृ प्रेत मोक्षं प्रदोमभवः

इस प्रकार १०८ बार मंत्र बोलते हुए जल का अभिषेक करे.

इसके बाद सर्व पितृ से आशीर्वाद के लिए प्रार्थना करे और क्षमा याचना करते हुए गणेश की आरती कर विसर्जन करे. भोग की खीर को किसी गाय को खिला दे. पानी को भी तुलसी मे विसर्जित कर दे. इस विधान से पितृ प्रसन्न होते है और जीवन मे पितृ ऋण से मुक्ति मिलती है.

Krodh - bhairav

जिस एक साधना से सभी इतर योनी स्वयं ही सहयोग देती हैं

जिव की अवस्था २ प्रकार से गतिशील रहती है, एक योनिज और दूसरा अयोनिज. उसका सामान्य अर्थ यह लगाया जाता है की जिसका जन्म योनी से हुआ हो वह योनिज है और जो अजर है वह अयोनिज लेकिन इनके गुढ़ अर्थ है. अयोनिज का अर्थ है स्थायी, जो की परिवर्तन के नियमों से बंधा नही है, काल खंड का उसपर कोई असर नहीं है. योनिज का अर्थ है रूपांतरणशील जो की सृष्टि के नियमों से आबद्ध है. इसी लिए आत्मा अयोनिज है और अमर है, लेकिन शरीर नाशवंत है, इसी क्रम मे मनुष्य योनी के अलावा कई प्रकार की इतरयोनी होती है.

तांत्रिक साधनाओ मे इतरयोनी का विशेष स्थान है और इतरयोनीओ से साधनाओ के माध्यम से सहयोग प्राप्त किया जा सकता है, मनुष्य शरीर और उनके शरीर मे पंचतत्व के प्रमाण मे बदलाव के कारण उनमे और मनुष्य मे भेद होते है, और यह भेद शारीरिक अवस्था के साथ ही साथ शक्ति संचार के नियंत्रण पर भी असर करता है. यूँ, इतरयोनी के क्रम मे भूत, प्रेत, पिशाच, राक्षस इत्यादि मनुष्य से ज्यादा समर्थ एवं जागृत शक्ति के धनि होते है.

तन्त्र मे इन इतरयोनी की साधनाओ के द्वारा उन्हें सिद्ध कर सहयोगी रूप मे कार्य करवाने के लिए कई प्रकार के विधान है, इसमें स्मशानिक क्रियाओ से लेके उग्र विधान भी शामिल है. हिम्मत एवं साहस के धनि व्यक्ति इस प्रकार की साधनाए करते है लेकिन सभी साधको के लिए इस प्रकार के विधान संभव नही है. सामान्य गृहस्थ साधको के लिए भी यह असंभव ना सही लेकिन कठिन तो है. सदगुरुदेव ने इन साधनाओ के सरल विधान कई बार साधको के मध्य रखे है सिद्ध किए गए इतरयोनीसे कई प्रकार के कार्य करवाया जा सकता है. साथ ही साथ वह अद्रश्य रूप मे भी सहयोग देता रहता है.

भैरव के बारे मे क्या कहा जाए, इनका नाम सुनते ही सब इतरयोनी काँप जाती है. भैरव के कई भेद है जिनमे से एक है क्रोध भैरव. क्रोध भैरव भूत, प्रेत पिशाच सब के आराध्य है, और सब भैरव के साधको से दूर ही रहते है. भैरव साधना के भी प्रकार है जिसमे मुख्य रूप से उग्र साधनाओ का ही प्रचालन रहा है. लेकिन इनकी कुछ साधनाए एसी है जिसे साधक अपने नित्य विधि विधान मे कर सकता है, इसके लिए कोई विशेष क्रम अपनाने की ज़रूरत नहीं है और वे साधनाए घर मे भी सम्प्पन की जा सकती है कोई ज़रूरत नहीं की उसे स्मशान मे जा कर ही सम्प्पन किया जाए

क्रोध भैरव की यह साधना मे साधक को यह लाभ प्राप्त होता है की इतरयोनी का प्रभाव साधक पर नहीं पड़ता, वरन होता तो यूँ है की आसपास की सभी इतरयोनी साधक को अद्रश्य रूप मे ही, जितना हो सके सहयोग प्रदान करती रहती है और साधक को स्वतः ही अपनी समस्याओ से मुक्ति के लिए रस्ते मिलते जाते है. जो साधक विशेष इतरयोनी से सबंधित साधनाए ना कर सके उनके लिए यह साधना अत्यधिक महत्वपूर्ण है.

इस साधना को मंगलवार रात्रि के ११ बजे बाद शुरू करे

वस्त्र और आसान लाल रहे दिशा दक्षिण.

अपने सामने गुग्गल का धुप जलाये और तेल का दीपक लगा कर भैरव को प्रसाद के रूप मे कुछ मीठी चीज़ चड़ाये

इसके बाद साधक इस मंत्र की २१ माला मूंगा माला से जाप सम्पान करे

ॐ क्रोध भैरवे भ्रं सर्व इतरयोनिर् वश्यमे नमः

इसके बाद साधक प्रसाद को खुद ग्रहण करे और सो जाए. यह क्रम अगले २० दिनों तक चलता रहे. २१ दिन की साधना काल मे अगर कोई आवाज़ सुनाई दे या कोई द्रश्य दिखाई दे तो विचलित न हो के मंत्र जाप चालू रखना चाहिए, यह साधना मे सफलता के ही लक्षण है.

Shakti - rahsyam

अद्भुत रहस्य जो कभी प्रकाश में नहीं आये , सिर्फ आपके लिए अब

साधना जगत की अद्भुत शक्तियों की खोज में ना जाने किन किन साधकों से मेरी मुलाकात हुयी....पर ये भी एक सबसे बड़ा सत्य रहा है की,जिस दिन से सदगुरुदेव ने मेरा हाथ अपने हाथों में पकड़ा था.... बस प्रति क्षण अभय और निश्चिन्तता ही अनुभव होती थी..... हर पर अनोखा सुकून मानों आत्मा को महसूस होता रहता था. जिस भी जिज्ञासा की मन के जल में उत्पत्ति होती...उसी क्षण जैसे वो हौले से उसे शांत कर के ये अहसास दे देते कि "अरे तू तो मेरा ही है,इतना व्यथित क्यूँ होता है.... याद रख जब भी तेरे मन को कोई प्रश्न अपनी चुभन से व्यथित करेगी....तब तब मैं उसका समाधान उसी मन से निचोड़ कर निकाल कर तुझे दे दूँगा....

उसी मन से जहाँ मैं चिरकाल से सदा सदा के लिए अपने प्रत्येक शिष्य के ह्रदय में विराजमान हूँ.और ऐसा आजन्म होगा और प्रत्येक शिष्य के लिए होगा...यह निखिल वाणी है"

बस तबसे कोई चिंता ही नहीं रही मन में .

जब भी मेरे मन के सरोवर में कही से जिज्ञासा का पत्थर गिरता और उसमे लहरे उत्पन्न होती या मन कि शांति भंग होती...तब तब सदगुरुदेव अपनी अमृतवाणी से या तो स्वयं या फिर उनका कोई ज्ञानांश सन्यासी या गृहस्थ शिष्य आगे बढ़ कर उन तरंगित लहरों को अपने उत्तरों से शांत कर देता .और एक बात मैं आपको जरुर बता देना चाहता हूँ कि जब भी किसी ज्ञान कि चाह में मैं कही गया तो उस साधक का व्यव्हार मेरे लिए पूर्ण अनुकूल रहा है और उसने ये अवश्य कर स्वीकार कि उसे पहले ही बता दिया गया था कि यहाँ तुम्हारा आना सदगुरुदेव ने पूर्वनियोजित किया हुआ था .और ऐसा प्रत्येक शिष्य के लिए उन्होंने निर्धारित किया हुआ है...किसे कब देना है ,क्या देना है....ये पहले से उन्होंने तय कर दिया है .

यात्रा के उसी काल में मेरी मुलाकात सदगुरुदेव के **पूर्ण शाक्त शिष्य कौल मणि शिवयोगत्रयांनद** से मुलाकात हुयी . सदगुरुदेव कि आज्ञा से उन्होंने विंध्यवासिनी के परम पावन पीठ को अपनी साधनाओं के लिए चुना था . वो उसी पर्वत कि एक अत्यधिक गुप्त गुफा में आज भी साधनारत हैं . और उसी गुफा में मेरी उनसे मुलाकात हुयी और दर्शनों का सौभाग्य प्राप्त हुआ .

थोड़े ही समय बाद मैंने मानो प्रश्नों कि बौछार कर दी थी उन पर ,और वो उतने ही शांत भाव से मंद स्मित होकर मुझे उत्तर देते रहे और रहस्यों कि नवीन परतों को उधेड़ते रहे .(उन्होंने सैकडो प्रश्नों के उत्तर दिए थे,परन्तु इस विशेषांक में विषय वस्तु पर आधारित जो प्रश्न हैं ,मैं मात्र उनमे से कुछ को ही यहाँ दे रहा हूँ...जिससे विषय को समझना अपेक्षाकृत आसान रहेगा)

शक्ति क्या है,इसके कितने रूप होते हैं ???

सरल शब्दों में यही कहा जा सकता है कि सम्पूर्ण ब्रम्हांड मात्र जिसकी कल्पना से साकार हो गया हो और जिसके प्रभाव से प्रकृति सृजन, पालन और संहार कर्म में जुटी हुयी हो ,उसी चिन्मयी परात्पर ज्योति को शक्ति कहा जाता है . ये किसी भी रूप में हो सकती है. इसका प्रभाव सभी पर होता है फिर चाहे वो चेतन हो या अचेतन.प्रकट रूप में हम जिन्हें शक्ति देने का उर्जा देने का या फिर बल देने का स्रोत मानते हो,वे सभी भी इसी परा शक्ति से ही शक्ति प्राप्त करते हैं .ये परा शक्ति स्थूल, सूक्ष्म या किसी भी रूप में हो सकती है .

ये सभी प्राणियों में विद्यमान है , इसी के कारण हम सृजन तथा अन्य कर्म सम्पादित कर पाते हैं. और विचारों की उत्पत्ति का मूल भी यही शक्ति है .

इसके कितने प्रकार होते हैं ?

भावगत्ता के आधार पर गुणों की तीन ही स्थितियां होती हैं-

सत्

रज

तम

ठीक इन्ही गुणों के आधार पर तीन क्रियाएँ सृजन ,पोषण और विध्वंश होती है . और इन क्रियाओं को शक्ति के तीन आधारभूत शक्तिमान(जिनके द्वारा शक्ति अपने कार्यों को सम्पादित करती हैं) संपन्न करते हैं . याद रखने योग्य तथ्य ये है की जिस प्रकार गुणों के तीन प्रकार होते हैं, ठीक उसी प्रकार इन गुणों की अधिष्ठात्री तीन मूल अधिष्ठात्री शक्तियां होती हैं.

महाकाली – तम

महालक्ष्मी – रज

महासरस्वती – सत्

ऊपर जब बात मैंने शक्तिमानों की कही तो उसका अर्थ यही होता है की शक्ति तथा शक्तिमानों में कोई भेद नहीं होता है , ये एक दुसरे से प्रथक नहीं किये जा सकते है, शक्तिमान इन्ही शक्तियों की प्रेरणा से अपने अपने कार्यों का सञ्चालन करते हैं. जैसे महाकाल शिव संहार का, विष्णु पालन का और ब्रम्हा सृष्टि के सृजन का. एक प्रकार से ये समझ लो की सृष्टि का कोई भी कार्य या कण निरर्थक नहीं है. प्रत्येक क्रिया या व्याप्त प्रत्येक कण पूर्ण शक्ति युक्त होता है.

शक्ति की व्याख्या के क्रम में ये भी समझना अत्यधिक उपयोगी होगा की मानव अपना विकास कर देव स्तर तक पहुच सकता है और अपने अभीष्ट को प्राप्त करता हुआ अपने अस्तित्व को सार्थक कर सकता है. और ये स्थितियां तभी साध्य हो पाती है जब आप परिष्कृत रूप से निम्न सात शक्तियों को सदा सर्वदा के लिए पूर्ण संकल्पित होकर अपना व्यक्तित्व बना लेते हो. और यदि पूर्णता के साथ निम्न सात शक्तियां आपको परिष्कृत अवस्था में प्राप्त हो गयी तो कुछ भी असाध्य नहीं रह जाता है .

प्रज्ञा शक्ति

चेतना शक्ति

वाक् शक्ति

क्रिया शक्ति

विचार शक्ति

इच्छा शक्ति

संकल्प शक्ति

ये उपरोक्त तीनों मूल शक्तियों के ही परिवर्तित रूप है.

क्या इनके अतिरिक्त कोई और शक्ति नहीं है जिसकी अनिवार्यता मानव जीवन में प्रकृति द्वारा नियोजित की गयी हो ????

है क्यों नहीं.... काम शक्ति की अनिवार्यता सर्वोपरि है . जीवन में परिपूर्णता काम भाव से ही आती है. सृजन के मूल में यही भाव विद्यमान है तभी तो वेद भी काम को देवता कहते हैं . काम का मूल गुण आकर्षण है ... जो विद्वान होते हैं वे काम को इच्छा शक्ति का ही पर्याय मानते हैं . तंत्र तो यहाँ तक कहता है की सृष्टि में जितने भी प्रकार की ऐषणायें हैं,उनके मूल में यही काम शक्ति ही है. इस लिए ये सम्पूर्ण विश्व उसी परमशक्ति की इच्छा या काम भाव का ही विस्तार कहलाती है.

जीवन के सारे चैत ,सामाजिक और वैषयिक नियमों के मूल में काम भाव ही होता है.

परमात्मा से लेकर आत्मा तक के जितने भी सम्बन्ध होते हैं वे सब आकर्षण,काम और मैथुन(योग) से ही युक्त होते हैं. किसी भी प्रकार की परिस्थिति में किसी भी प्रकार के सम्भोग में फिर वो चाहे आत्मिक हो या बाह्यगत, वो आदिशक्ति ही काम शक्ति के रूप में परिणत होती है कार्य करती है.

भला ये कैसे माना जाये की सभी कार्यों के पीछे यही कामशक्ति कार्य करती है... सृजन तो समझ में आता है की इसी काम भाव से उत्प्रेरित है,परन्तु भला संहार से इस काम भाव का क्या लेना देना???

इसे ऐसा समझा जा सकता है की यदि आप किसी के आकर्षण में बांध जाते हैं और आगे जाकर प्रेम करने लगते हैं तब भी तो आप एक समय बाद उसकी अपने से प्रथकता सहन नहीं कर पाते हैं तब आप क्या करते हैं... उसे आत्म एकाकार करने की कोशिश करते हैं . ऐसे में या तो आप उसमे विलीन होने की चेष्टा करते हैं या उसे अपने में मिलाने की. भूख समाप्त करने की आपकी लालसा या इच्छा भोजन के प्रति आपको आकर्षित करती है... अब ऐसे में उस भोजन का जो थोड़ी देर पहले तक अपना अलग अस्तित्व था...

आपके भोजन के प्रति आकर्षण के कारण,उस भोजन की सत्ता का ही अंत कर देता है. ये नियम प्रत्येक प्राणी पर समानान्तर रूप से कार्य करता है. परमात्मा से ही अंश प्राप्त कर आत्मा मनुष्य शरीर धारण करती है इस क्रम में मनुष्य जन्म लेता है, जीवन के सुखों का उपभोग करता है और आखिर में एक समय बाद मृत्यु उसका वरण कर उस आत्मा को पुनः परमात्मा की तरफ गतिशील कर देती है तो क्या इसके मूल में परमात्मा की काम शक्ति कार्य नहीं करती है जो की वो अपने अंश का विलीनीकरण अपने में कर के संपन्न करता है. क्या यहाँ पर सृजन हुआ ..... नहीं ना..... लेकिन लौकिक दृष्टि से ये संहार भी सृजन की तरफ एक कदम ही तो है.

आप किसी से जब प्रेम करने लगते हैं तो तीव्र आकर्षण के कारण उससे सम्भोग करने की तीव्र लालसा को आप क्या कहेंगे ..... क्या वो मात्र इन्द्रिय लोलुपता है ,नहीं... उसके मूल में भी आपकी अपने प्रेम या अभीष्ट से प्रथक ना रह पाने की चरम लालसा ही तो है जो की उसके अस्तित्व का योग अपने अस्तित्व से करवाने के लिए उत्पन्न होती है. तब वह दो हो ही नहीं सकते ..... रह जाते हैं तो मात्र एक ही. ये अलग बात है की एक साधक ,एक शिष्य ,एक योगी इस भेद को आत्म एकाकार क्रम अपना कर दूर करता है और सामान्य अवस्था में सामान्य मनुष्य शरीर का योग कराकर. परन्तु तंत्र शरीर से ऊपर उठ कर आत्म योग की बात करता है इसी काम शक्ति का सहयोग लेकर. इस प्रकार ये काम शक्ति उसी आदिशक्ति का ही तो रूप होती है जिसके वशीभूत होकर वो तम,रज और सत् गुणों का पालन भिन्न भिन्न रूप में करती है.

तांत्रिक दृष्टि से तम,रज और सत् गुणों की अधिष्ठात्री शक्ति महाकाली,महालक्ष्मी और महा सरस्वती को ही क्यूँ माना जाता है,क्या ऐसा नहीं हो सकता है की महालक्ष्मी रज के बजाय तम गुणों का प्रतिनिधित्व करे ???

नहीं ऐसा नहीं हो सकता है... सृष्टि के आरंभ में जब सृजन भी नहीं होता है,पालन भी नहीं होता है.तब ऐसे में मात्र पूर्ण अन्धकार ही होता है ...जब मात्र महानिद्रा की उपस्थिति ही अपने पूर्ण साकार या निराकार रूप में होती है.और ये तम तत्व ही महाकाल है...जिसके अधीनस्थ काल भी सदा भयभीत रहता है . एक बात उल्लेखनीय है की शरीर का विसर्जन काल के द्वारा सम्पादित होता है और आत्मा पर काल का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, आत्मा सदैव काल से परे रहकर मात्र महाकाल द्वारा ही तिरोहित होती है.

उसी महाकाल की शक्ति है महाकाली, जो संहार भाव की प्रणेता है . ये शक्ति प्रलयनिशा के मध्य काल से सम्बन्ध रखती है ,इसी की उपस्थिति से ये संसार शिववत बनकर साकार है , जैसे ही इनका लोप होता है ,शिव को शव बनने में एक क्षण नहीं लगता है,चूँकि ये प्रलयनिशा अर्थात रात्रि से सम्बंधित हैं और है इनका सम्बन्ध मध्य काल से तब ऐसे में ये जहा तम को दर्शाती हैं वही ये संक्रांत रूप में अपने अंदर रज अर्थात पालन-पोषण और सत् अर्थात सृजन के गुणों को भी रखती हैं. परन्तु महालक्ष्मी तम भाव से प्रेरित नहीं है और न ही महा सरस्वती ही रज से सम्बंधित हैं. इसलिए संहार का गुण तो कदापि इनमे नहीं हो सकता है. हाँ ये अलग बात है की महाविद्या रूप में ये जब अपना योग तम से कर लेती हैं तो ये संहार भी कर सकती हैं.

आपने महाविद्याओं की बात कही है ,तो क्या सारी महाविद्याएं इन्ही तीन मूल शक्तियों का रूप होती हैं,क्या पंचमहाभूत तत्वों से इनका कोई लेना देना नहीं होता है ????

नहीं ऐसा नहीं है ,जब हम आदि शक्ति की बात करते हैं तो उसका अर्थ बहुत विराट होता है,आदि शक्ति से मेरा मतलब **राजराजेश्वरी षोडशी त्रिपुर सुंदरी** से है, उन्ही के तीन गुणों की अधिष्ठात्री वे तीनों महा शक्ति हैं. वैसे श्रीकुल की मूल महा विद्या षोडशी त्रिपुर सुन्दरी को माना जाता है. परन्तु उनका मंत्र और यन्त्र महाविद्या रूप में भिन्न ही होता है ,और जब वे आदि पराशक्ति राज राजेश्वरी होती हैं तो उनका मूल **यन्त्र श्री चक्र या श्री यंत्र** ही होता है जो की इस ब्रम्हांडीय रूप का ज्यामितीय रूप प्रदर्शित करता है,ऐसा रूप जो अकल्पनीय शक्तियों को प्रदर्शित करता हो.

रही बात पंचमहाभूतों की तो प्रत्येक तत्व २ महाविद्याओं का प्रतिनिधि है ,और इस प्रकार ५x २=१० होते हैं, इसमें भी ध्यान रखने वाली बात ये है की प्रत्येक तत्व के दो गुण होते हैं .

उष्ण

शीत

इसी प्रकार प्रत्येक तत्व की दो महाविद्याओं में से एक महाविद्या उग्र भाव से युक्त होती हैं और दूसरी शांत प्रकृति से युक्त होंगी. जिस प्रकार उस पराशक्ति की शक्ति से ही सूर्य और चन्द्र दोनों प्रकाशित होते हैं, और सूर्य जहा उष्णता देता है वहीं चंद्रमा शीतलता देता है.लेकिन कितने आश्चर्य की बात है की **सूर्य की उष्णता जहाँ मानव में ताप,तेज और तीव्रता लाती है, आत्मकेंद्रित होने के लिए हमें प्रेरित करती है,वही, चंद्रमा की शीतलता और प्रकाश हमारे मन को आह्लादित और काम भाव की तीव्रता से युक्त** कर देती है.

जीवन के प्रत्येक कर्म की अधिष्ठात्री कोई ना कोई विशेष शक्ति होती है.तंत्र में जितनी भी क्रियाएँ होती हैं वे सभी किसी खास शक्ति के अंतर्गत ही आती हैं,यही कारण है की बहुधा लोगो को जब इन कर्मों की अधिष्ठात्री शक्ति का ही ज्ञान नहीं होता है तो भला उनके द्वारा किये गए तांत्रिक कर्म कैसे सफल हो सकते हैं . अज्ञानतावश किया गया कैसा भी सरल से सरल प्रयोग इसी कारण सफल नहीं हो पाता है . इसलिए यदि क्रिया से सम्बंधित शक्ति का ज्ञान हो जाये तो ज्यादा उचित होता है.... जैसे –

वशीकरण – वाणी

स्तम्भन – रमा

विद्वेषण – ज्येष्ठा

उच्चाटन – दुर्गा

मारण – चंडी या काली

के अंतर्गत आते हैं . इसी प्रकार तंत्र और उससे जुडी प्रत्येक क्रिया का यदि विधिवत प्रयोग किया जाये तो क्रिया से सम्बन्धी शक्ति पूर्ण सिद्धि देती ही है.

भला वो कैसे संभव है ?? क्यूंकि महाविद्या इत्यादि क्रम तो अत्यंत जटिल कहे गए हैं कोई बिरला ही इसमें सफलता पा सकता है, ठीक इसी प्रकार मैंने ये भी सुना है की दुर्गा सप्तशती एक तांत्रिक ग्रन्थ है, और मैंने ये भी सुना है की यदि सही तरीके से इसका पथ या प्रयोग किया जाये तो शक्ति के प्रत्यक्ष दर्शन संभव होते ही हैं, और वह कौन सी मूल क्रिया है जो सरल और सहज भाव से जीवन के चतुर्विध पुरुषार्थों की प्राप्ति करवाती ही है??

देखो ये तो सही है की महाविद्या को पूर्णता के साथ सिद्ध कर लेना एक अलग बात है परन्तु , बहुत बार साधक अपने जीवन की सामान्य से परेशानियों या कार्यों के लिए सीधे ही इन महाविद्याओं का प्रयोग करने लगता है , जो की उचित नहीं कहा जा सकता है ,क्यूंकि ऐसी स्थिति के लिए तो आप जिस महाविद्या का मन्त्र जप करते हैं हैं या जिसे वर्षों से कर रहे हैं , यदि मात्र उनके मन्त्र का विखंडन रहस्य समझ कर मन्त्र के उस भाग का ही प्रयोग किया जाये तब भी आप को समबन्धित समस्या का निश्चित समाधान मिलेगा ही. जैसे मान लीजिए कोई साधक भगवती तारा की उपासना कर रहा है और उसके परिवार के किसी सदस्य को स्वास्थ्य सम्बन्धी जटिल बीमारी हो गयी हो .... तब इसके लिए मूल मंत्र की दीर्घ साधना के बजाय उस मन्त्र या स्तुति के एक विशेष भाग का प्रयोग भी अनुकूलता दिला देता है .... **'तारां तार-परां देवीं तारकेश्वर-पूजितां, तारिणीं भव पाथोधेरुग्रतारां भजाम्यहम् . स्त्रीं ह्रीं हूं फट्'** - मन्त्र से जल को अभिमंत्रित कर उससे नित्य रोगी का अभिषेक करे, तो उसके रोगों की समाप्ति होती है.

' **'** मन्त्र से १००८ बार अभिमंत्रित कर अक्षत फेकने से रूठी हुयी प्रेमिका या पत्नी वापिस आती है .

'हंसः ॐ ह्रीं स्त्रीं हूं हंसः' मन्त्र से अभिमंत्रित काजल का तिलक लगाने से कार्यालय,व्यवसाय और अन्य लोगो को साधक मोहित करता ही है.

वस्तुतः मूल साधना से सिद्धि पाने में बहुत सी बातों का ध्यान रखना पड़ता है . जिनके सहयोग से ही उस महाविद्या साधना में सिद्धि मिलती है. यथा **शरीर स्थापन** इत्यादि. और एक निश्चित जीवन चर्या को भी अपनाना पड़ता है .तभी सफलता प्राप्ति होती है ,अन्यथा ये साधनाए तो साधक का तेल निचोड़ देती हैं ,इतनी विपरीतता बन जाती है साधक के जीवन में की वो इन साधनाओं को सिद्ध करने का संकल्प ही मध्य में छोड़ देता है .

रही बात दुर्गा सप्तशती की तो हाँ ,निश्चय ही ये सांगोपांग तंत्र का बेजोड ग्रन्थ है और इसके माध्यम से देवी के समन्वित और भिन्न भिन्न तीनों रूप के दर्शन किये जा सकते हैं,बस उनके लिए निश्चित विधि का प्रयोग करना पड़ता है . यदि इसके लिए **भगवती राज राजेश्वरी** की साधना कर ली जाये तो **सोने पर सुहागे** वाली बात हो जाती है . एक बात कभी नहीं भूलनी चाहिए की मन्त्र ,उस मन्त्र की इष्ट शक्ति और साधक ये तीनों साधना काल में एकात्म ही होते हैं ,यदि साधक इसमें अंतर लाता है तो उसे सफलता नहीं मिल सकती है . प्रत्येक साधना में **सद्गुरु की प्रसन्नता आपको सफलता दिलाती है , इसलिए हमें सदा सर्वदा ऐसे कृत्य ही करना चाहिए , जिससे उन्हें प्रसन्नता का अनुभव हो. जब एक सामान्य व्यक्ति भी प्रसन्न होकर हमरे कार्यों को सरल कर देता है तब ऐसे में ब्रम्हांडीय विराटता लिए हुए सदगुरुदेव के प्रसन्नता हमें क्या कुछ प्रदान नहीं कर सकती है.**

शक्ति प्राप्ति की मूल साधनाएं कौन कौन सी हैं ,जिन्हें संपन्न कर साधक सक्षमता को प्राप्त कर अभीष्ट को पा लेता है ???

शक्ति की किसी भी रूप में साधना की जा सकती है, फिर वो चाहे पुरुष रूप में हो या स्त्री रूप में ,उससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्यूंकि लिंग बदल जाने से शक्ति का मूल स्रोत नहीं बदल जाता है.इसलिए मन में ये भाव कभी नहीं रखना चाहिए की ये पुरुष देव की साधना है तो इससे शक्ति की प्राप्ति नहीं होगी या ये स्त्री देवता की साधना है तो इससे ज्यादा शक्ति की प्राप्ति होगी. चाहे वो पुरुष देवता हो या स्त्री देवता, ऐसा नहीं है बहुत कम लोग होंगे जिन्हें ये पता होगा की **शुक्र अर्थात काम शक्ति की बिंदु साधना की मूल शक्ति काल भैरव होते हैंजिनके तांत्रिक क्रम को अपनाकर कोई भी अद्भुत यौवन को प्राप्त कर सकता है और पा सकता है पूर्ण स्त्रीत्व या पूर्ण पौरूषत्व**. और काल भैरव की शक्ति की प्राप्ति का उनका मूल स्रोत वो आदि शक्ति ही तो होगी,जिसे निखिल शक्ति या राज राजेश्वरी कहा जाता है. सैकडो साधनाओं में से कुछ सरल मगर तीक्ष्ण प्रभाव से युक्त साधनाएं निम्न अनुसार हैं ,जो की साधक के जीवन को अपनी जगमगाहट से भर देती हैं और उसकी अपूर्णता को पूर्णता में परिवर्तित कर देती हैं.

धूमावती कल्प साधना- ज्ञात,अज्ञात शत्रुओं पर विजय प्राप्ति की अद्भुत व सरल साधना

सप्त ऋषि पूंजीभूत तत्व शक्ति साधना- सूर्य विज्ञानं और काल दर्शन की अद्भुत साधना

माया शक्ति साधना – अद्भुत आकर्षण क्षमता प्राप्त कर मनोरथ पूर्ण करने का रहस्य

तीव्र कामेश्वरी चन्द्र शक्ति साधना – सौंदर्य पाने का अनूठा प्रयोग

बगलामुखी शरीर स्थापन तीव्र प्रयोग- इस प्रयोग के बाद संभव हो जाते है माँ के प्रत्यक्ष दर्शन

प्रत्यक्ष प्रेत शक्ति साधना- प्रेत शक्ति द्वारा मनोकामना पूर्ती का सरल प्रयोग

त्रयी नवार्ण साधना- तीन अलग अलग शक्तियों के नवार्ण मंत्र ,उन्हें प्रत्यक्ष करने हेतु

Shakti rahaShyam (Secret of power) –

In the search of amaizing powers of sadhana world, I met with so many sadhaka…but this is the biggest fact that the day when sadgurudev hold my hand in his hand… at the very same moment I started feeling no worries and state of Insouciance at every moment… every moment it was a peace which my soul was feeling. Any doubt arise in the mind…at the very next moment he used to vanish it by this way “ you are mine, why are you so much of Distressed…remember, whenever any of the question will trouble you, at that time I will give you by extracting your same mind, from the mind which is the source of my place in the heart of the disciples for and from infinite time duration, this will continue for whole life and will happen for every disciple this are my words.”

बगलामुखी शरीर स्थापन साधना

Bagulamukhi sharer sthapan sadhana

दुर्लभ विधान जो आपके सामने पहली बार आ रहा हैं

मनुष्य के शरीर से एक प्राणसूत्र निकलता है,जिसे हम **अथर्व** के नाम से जानते हैं ,चूँकि ये प्राणसूत्र प्राण रूप में होता है,इसलिए लौकिक रूप से इसे देख पाने में हमारी स्थूल दृष्टि असमर्थ रहती है जिस परोक्ष शक्ति की वजह से हमारा मन हमारे किसी आत्मीय के दुःख से दूर रहकर भी परिचित हो जाता है, उसी शक्ति को हम अथर्वा सूत्र के नाम से जानते हैं. इस शक्ति सूत्र में आकर्षण का प्रबलतम गुण होता है,ये हजारों मील दूर से भी किसी को तत्क्षण आकर्षित कर लेता है.

प्रत्येक प्राणी के शरीर का अथर्वा सूत्र भिन्न ही होता है. जिसमे उसकी अपनी प्राण शक्ति होती है, यथा किसी भी व्यक्ति विशेष के नाखून,बाल,वस्त्र आदि में उसकी प्राण शक्ति सदैव प्रतिष्ठित रहती है. और योग्य साधक इसके माध्यम से

अपना अभीष्ट साध लेते हैं. इसी कारण कहा जाता है की अपने कपडे, नाख़ून और केश इधर उधर नहीं फेकना चाहिए. इनका कोई भी दुरूपयोग कर सकता है.

यही अथर्व शक्ति 'बगलामुखी' के नाम से साधक समाज में प्रचलित है. और इनकी साधना दुसाध्य भी होती है. और सत्य भी है, जिस प्राण शक्ति के कारण सम्पूर्ण विश्व ब्रम्हांड में टिका हुआ है ,वो इतनी आसानी से तो कभी सिद्ध नहीं हो सकती है. बहुतेरे साधक जन्म जन्मांतर तक इनकी साधना करते रहते हैं ,परन्तु इनके रहस्यों का उचित ज्ञान न होने के कारण वो इनकी शक्तियों की उचित प्राप्ति नहीं कर पाते हैं. इनकी साधना में **"ॐ एकवक्त्र महारुद्राय नमः"** मंत्र का महत्वपूर्ण योगदान होता है. एकवक्त्र महारुद्र शिव इनके भैरव हैं ,और ये तो सभी महाविद्याओं का सिद्ध करने का आधारभूत नियम है की, महाविद्या की सिद्धि उनके भैरव को सिद्ध करे बगैर हो ही नहीं सकती.

तत्पश्चात बगलामुखी का शरीर में स्थापन अनिवार्य होता है, बिना देह स्थापन के इनकी सिद्धि हो ही नहीं सकती.

इस साधना के लिए कोई भी दो विकल्प आप चयनित कर सकते हैं .पहला आप चने की दाल से बगलामुखी यन्त्र का निर्माण कर के उस पर स्वर्णमयी बगलामुखी की प्रतिमा का स्थापन कर ले या फिर बाजोट पर **"पीताम्बरा शक्ति चालन पारद गुटिका"** का स्थापन कर ले , ये विशुद्ध पारद से बनी हुयी अग्नि स्थायी हलके लाल रंग की होती है और इसकी चमक साधना के साथ साथ बढते ही चली जाती है जो की इस बात का प्रमाण होती है की आपका अथर्वा सूत्र तीव्रता से जाग्रत और चैतन्य हो रहा है. आप अपनी सुविधानुसार कोई भी विकल्प का चयन कर सकते हैं.

शनिवार की मध्यरात्रि को अपने सामने कोई भी विकल्प का बाजोट पर पीला वस्त्र बिछाकर स्थापन करके, पीले वस्त्र धारण करके,तथा दीपक में भी केसर डाल दे तथा बत्ती को भी हल्दी से रंग कर सुखा ले.आसन पीला होना चाहिए. सदगुरुदेव तथा गणपति का पूजन संपन्न कर ले.

तत्पश्चात **"ह्लीं"** बीज मंत्र से निम्न स्थानों पर माँ का स्थापन करे.

यथा –

ह्लीं मूल आत्म-तत्व व्यापिनी श्री बगलामुखी श्री पदुकाम पूजयामि – मूलाधारे

ह्लीं विद्या -तत्व व्यापिनी श्री बगलामुखी श्री पदुकाम पूजयामि – हृदये

ह्लीं शिव -तत्व व्यापिनी श्री बगलामुखी श्री पदुकाम पूजयामि – शिरसि

ह्लीं सर्व-तत्व व्यापिनी श्री बगलामुखी श्री पदुकाम पूजयामि – सर्वांगे

तत्पश्चात निम्न मंत्र से उनका विशेष ध्यान करें,ये ध्यान मंत्र ३६ बार बोलना है –

विराटस्वरूपिणीम् देवी विविधानंददायिनिम्।

भजेऽहं बगलाम् देवीं भक्त चिंतामणिम् शुभां ll

तत्पश्चात हल्दी, बेसन के लड्डू,पीले रंगे हुए अक्षत तथा पीत पुष्पों से देवी का या गुटिका का पूजन करे.

इसके बाद हल्दी की प्राण प्रतिष्ठित माला से निम्न मंत्र की ३६ माला जप करे.और ये क्रम ३ दिनों तक करना है.

ओम ह्लीं बगलामुख्यै शरीर सिद्ध्यै नमः

इसके बाद फिर से ३६ बार ध्यान करना है और विशेष न्यास करना है, यही क्रम नित्य प्रति रहेगा.

ये बगलामुखी साधना का अनूठा गोपनीय विधान है,जिसके द्वारा उनकी साधना में पूर्ण सफलता प्राप्त होती है और आगे की साधना का मार्ग प्रशस्त होता ही है.

****

Bagulamukhi sharer sthapan sadhana -

In the human body there is a pransutre, which is known as atharva, as this pransutra is in the form of prana, ability of our eyes is not at the extent to watch it. With the one indirect power our mind automatically gets to know about the pain or sorrow of cognate though staying at far distance, the same power is termed as atharvaa sutra. This shakti sutra have potent property of attraction, this can certainly attract any one from thousands of miles far.

Every human have a different atharvaa sutra. Which has its own prana shakti, as there remains presence of pran shakti in individual's nails, hairs, clothes etc. and capable sadhaka will fulfill his desire from this. This is the reason that cloths, nails or hair of the self should not be thrown anywhere. Anyone can do misuse of the same.

This atharva shakti is known as 'bagulamukhi' in the sadhak's world. And her sadhana is extreme difficult too. And it is a fact too that the pran shakti because of which the world stays in bramhand, she cannot be accomplished so easily. So many sadhaka keep on doing her sadhana for many lives, but being unaware of the secret knowledge related to subject, they does not become able to have powers from her,

Maya shakti sadhana

परम दुर्लभ , इस साधना के बारेमे सर्वथा अप्रकाशित साधना रहस्य

वर्तमान युग में पग पग पर प्रतिस्पर्धा है ,और हर कोई जीतने का इच्छुक है, हर कोई अपना प्रभाव डाल कर अपने कार्य को साधना चाहता है ,पर क्या इतना सहज है...... नहीं ना..... हम कितना भी परिश्रम कर ले जब तक इष्ट बल साथ न हो , या भाग्य आपके परिश्रम को अनुकूलता न दे तब तक सफलता तो कोसो दूर ही रहती है.नीचे जो प्रयोग आप सभी के सामने रख रहा हूँ उसका अपने व्यवसाय और नौकरी में मैंने कई बार लाभ उठाया है , आखिर इतना महत्वपूर्ण ज्ञान होता ही इसलिए है की हम उसका उचित लाभ उठा सके.

हालाँकि इसका मूल विधान इतना प्रभावकारी है की यदि मात्र व्यक्ति परिश्रम से उसे सिद्ध कर ले तब उसकी फूक मात्र व्यक्ति और समूह को निद्रा में डाल सकती है सम्मोहित कर सकती है. परन्तु उस का दुरूपयोग भी हो सकता है, इसलिए जितना सामान्य व्यक्ति को लाभ दे सके उतना ही विधान मैं यहाँ रख रहा हूँ. ये प्रयोग भगवती काम कला काली से सम्बंधित है,और इसके प्रभाव से साधक का व्यक्तित्व माया शक्ति से परिपूर्ण हो जाता है,कोई भी ऐसा नहीं रहता है जो उसके प्रभाव से बच जाये.

नौकरी में प्रमोशन का विषय हो

घर का विवाद सुलझाना हो

पत्नी या पति को अनुकूल बनाना हो

घर का कोई सदस्य गलत मार्ग पर जा रहा हो, और उसे सही मार्ग पर लाना हो

व्यवसाय का कोई महत्वपूर्ण सहमती पत्र चाहिए

नौकरी के लिए साक्षात्कार में सफलता पाना हो

पड़ोसियों को अपने अनुकूल बनाना हो

समाज और खेल में प्रतिष्ठा अर्जित करनी हो

उपरोक्त सभी स्थिति में ये प्रयोग अचूक वरदान साबित होता है. कृष्ण पक्ष के किसी भी शुक्रवार से इस साधना को प्रारंभ करके अगले शुक्रवार तक करना है. समय रात्रि का मध्यकाल होगा. लाल वस्त्र, और लाल आसन प्रयोग करना है .पश्चिम दिशा की और मुख करके मंत्र जप होगा.सिद्धासन या वज्रासन का प्रयोग किया जाता है. जमीन को पानी से धोकर साफ़ कर लीजिए और उस पर एक त्रिकोण जो अधोमुखी होगा कुमकुम से उसका निर्माण कर लीजिए. यन्त्र नीचे दी गयी आकृति के समान ही बनेगा. मध्य में एक मिटटी का ऐसा पात्र स्थापित होगा, जिसमे अग्नि प्रज्वलित हो रही होगी. यन्त्र निर्माण के बाद सद्गुरुदेव तथा भगवान गणपति का पूजन होगा. पूजन के पश्चात हाथ में जल लेकर माया शक्ति की प्राप्ति का संकल्प तथा विनियोग करना है और निम्न ध्यान मंत्र का ७ बार उच्चारण करना है .

विनियोग-

अस्य माया मन्त्रस्य परब्रम्ह ऋषिः त्रिष्टुप छन्दः पराशक्ति देवता पुष्कर बीजं माया कीलकं पूर्ण माया प्रयोग सिद्धयर्थे जपे विनियोगः ll

ध्यान मंत्र-

तापिच्छ-नीलां शर-चाप-हस्तां सर्वाधिकाम् श्याम-रथाधिरुढाम् l

नमामि रुद्रावसनेन लोकां सर्वान् सलोकामपि मोहयंतिम् ll

ध्यान मंत्र के बाद देवी का पूजन कुमकुम से रंगे अक्षतों और लाल जवा पुष्पों से करना है,गूगल की धुप और तेल का दीपक प्रज्वलित करना है. नैवेद्य में खीर अर्पित कर दे . और त्रिकोण के प्रत्येक कोनों पर एक-एक धतूरे का फल स्थापित कर दे. "ह्रीं" बीज से २१ बार प्राणायाम करे ,और इसके बाद गूगल,लोहबान मिलाकर मूल मन्त्र बोलते हुए यन्त्र के मध्य में स्थापित अग्निपात्र में सूकरी मुद्रा से आहुति दे. इस प्रकार २१६ मन्त्र का उच्चारण करते हुए आहुति दें. और जप के बाद ध्यान मंत्र का पुनः ७ बार उच्चारण करें. खीर को कही एकांत स्थान पर पत्तल में डाल कर रख दें.

मूल मंत्र-ओं ह्रीं भू: ह्रीं भुवः ह्रीं स्वः ह्रीं शिवान्घ्री युग्मे विनिविष्टचित्तं सर्वेषां दृष्टयो हृदयस्य बालम् रिपुणाम् निद्रां विवशम् करोति महामाये मां परिरक्ष नित्यं ह्रींस्वः ह्रीं भुवः ह्रीं भू: ओं स्वाहा ll

यही क्रम आपको आगामी शुक्रवार तक नित्य करना है. इसके बाद जब भी आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य के लिए जाना हो , मन्त्र को ७ बार बोलकर हाथो पर फूक मार ले और हाथ को पूरे शरीर पर फेर ले. आप खुद ही प्रभाव देखकर आश्चर्यचकित हो जायेगे. तो फिर देर कैसी, यदि ऐसी साधना पाकर भी हम ना कर सके और असफल होते रहे जीवन में , तो इसमें किसका दोष रहेगा.

****

Maya shakti sadhana-

In current time there is competition at every step and everyone wish to win, few want to use their impact to accomplish task, but is it that easy…no…whatever amount of efforts we put, till the time power of isht is not with us, or fortune do not grant for your efforts; success stays far. The process mentioned below is the one which I used and became benefited many times in business and job; perhaps such important knowledge is there just because we can have benefit of the same. However, the main process of this is so much powerful that if one accomplishes it with hard work, with single puff one may make individual or group sleep or hypnotized. But it can even lead for misusing;

TRAI NAVAARN SAADHNA

अब देर कहाँ सफलता में जब माँ की साधना करना हैं

शक्ति की साधना वस्तुतः त्रिकोण की ही साधना कहलाती है ,अधोमुखी त्रिकोण शक्ति का ही प्रतीक होता है. दुर्गासप्तशती तीन चरितों में विभक्त है – प्रथम , मध्यम और उत्तम चरित . और ये तीनों चरित आपस में मिलकर एक त्रिकोण का ही निर्माण करते हैं. प्रथम चरित काली कुल के अंतर्गत आता है, मध्यम चरित श्री कुल के अंतर्गत आता है और उत्तम चरित सारस्वत कुल के अंतर्गत आता है. हम सभी जानते हैं की साधना जगत में इस त्रिशक्ति का बीज मन्त्र '**ह्रीं क्लीं**' है.

बहुत कम साधकों को पता होगा की दुर्गासप्तशती के प्रत्येक अध्याय के पूर्व ९-९ माला नवार्ण मन्त्र का जप कर लेने से कितनी सहजता प्राप्त हो जाती है. परन्तु दुर्गासप्तशती के पथ के पूर्व बटुक भैरव मंत्र और स्तोत्र का पाठ आपकी साधना में पूर्ण अनुकूलता ला देता है.

और यदि हमारे मन में त्रयी शक्तियों में से किसी विशेष शक्ति के प्रत्यक्षीकरण का भाव हो तब ऐसे में इसके लिए इन शक्तियों से सम्बंधित नवार्ण मंत्र का ही विशेष विधि से जप किया जाना चाहिए. प्रत्येक शक्ति का अपना अपना नवार्ण मंत्र है जो विशेष बीजों से युक्त है. और इन शक्तियों का समन्वित नवार्ण मन्त्र तो हम सभी जानते ही हैं.

'ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' ये मूल नवार्ण मंत्र है .

'ॐक्रीं ऐं महाकाल्यै विच्चे' - काली कुल या प्रथम चरित का नवार्ण मन्त्र है .

'ॐश्रीं ह्रीं महालक्ष्म्यै विच्चे' - श्री कुल या माध्यम चरित का नवार्ण मन्त्र है .

'ॐऐं क्लीं सरस्वत्यै विच्चे' – सारस्वत कुल या उत्तम चरित का नवार्ण मन्त्र है.

और यहाँ प्रश्न ये उठता है की इन नवार्ण मन्त्रों के पहले ॐका प्रयोग क्यूँ किया गया है जबकि सामान्यतः नवार्ण मन्त्र के पहले ॐलगाने का विधान नहीं है,तो वो मात्र इसी कारण की कुल विशेष के नवार्ण मंत्र ॐलगाने के बाद ही ९ वर्ण के हो पाते हैं. इनके माध्यम से ना सिर्फ साधक अपने अभीष्ट को प्राप्त कर सकता है अपितु इन मूल शक्तियों का भी दर्शन कर सकता है.

साधना विधि-

मंगलवार की मध्य रात्रि में

काली साधना और सिद्धि हेतु –नीम के वृक्ष के नीचे काले वस्त्र धारण करके

महालक्ष्मी की सिद्धि के लिए विल्व वृक्ष के नीचे लाल वस्त्र धारण करके

भगवती सरस्वती के लिए अशोक वृक्ष के नीचे श्वेत वस्त्र धारण करके बैठकर साधना करना चाहिए .

साधना के पूर्व सम्बंधित वस्त्र धारण कर सम्बंधित रंग के आसन पर बैठ कर सदगुरुदेव और बटुक भैरव का पूजन संपन्न करना अनिवार्य है, उडद के बड़े और दही का भोग लगाना चाहिए. और **'भं भैरवाय नमः'** मन्त्र की ३ माला संपन्न करना चाहिए.

तत्पश्चात मूलाधार चक्र के स्वामी भगवान गणपति का पूजन अर्चन करना चाहिए और **'गं गणपतये नमः'** मन्त्र की ४ माला जप करनी चाहिए. इसके साथ ही **'ॐडाकिन्यै नमः'** मंत्र का २१ बार उच्चारण कर भूमि पर बायीं तरफ एक सुपारी स्थापित कर दे.ऐसा करना अनिवार्य होता है. इसके बाद सामने बाजोट पर सम्बंधित रंग का वस्त्र बिछा कर एक अधो मुखी त्रिकोण का निर्माण करे, ये त्रिकोण त्रिगंध से निर्मित होना चाहिए. त्रिकोण निर्माण करते समय सम्बंधित देवी का नवार्ण मन्त्र जप करते रहना चाहिए. उसके बाद देवी का मूल ध्यान मन्त्र ११ बार उच्चारित करना चाहिए-

'नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः।

नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्मृताम॥'

त्रिकोण के मध्य में जहाँ बिंदु अंकित है वहाँ काले तिलों की ढेरी बनाकर उस पर गौघृत का दीपक प्रज्वलित कर दे. उस दीपक का तथा त्रिकोण की तीनों भुजाओं का पूजन मूल नवार्ण मन्त्र से करे, अर्थात पुष्प,अक्षत,तिलक,धुप,दीप और नैविद्य समर्पित करते समय **'ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे अक्षत समर्पयामी' धूपं समर्पयामी** आदि उच्चारित करे.

तत्पश्चात मूंगा माला से सम्बंधित देवी का नवार्ण मंत्र २७ माला जप करके **'ऐं ह्रीं क्लीं क्लीं ह्रीं ऐं'** मन्त्र की ५१ माला जप करे फिर पुनः से सम्बंधित देवी का नवार्ण मंत्र २७ माला जप करे. इस प्रकार तीन दिनों तक करना है. जप के समय दृष्टि दीपक की लौ पर केंद्रित होनी चाहिए.

अंतिम दिवस आपको सम्बंधित देवी के जाज्वल्यमान दर्शन होते ही हैं तथा अन्य कार्यों में आ रही बाधा भी समाप्त हो जाती है. ये हमारेजीवन का सौभाग्य है की सदगुरुदेव के आशीर्वाद से ऐसी गोपनीय साधना प्रकाश में आई है. मैंने स्वयं इस साधना के द्वारा उस स्थिति को देखा और समझा है परखा है ,तभी इतनी निश्चितता से आप लोगो के सम्मुख इसे रखने का साहस कर रहा हूँ.

TRAI NAVAARN SAADHNA

Sadhna of Shakti is considered as Tricone (triangle) sadhna in its true sense as Adhomukhi Tricone is the symbol of Shakti. Durgasapatshatii is divided into three parts (charit) – first, middle and the finest one which we named as pratham, madhyam and uttam and collectively these three parts create nothing but a Tricone itself. First part falls under the category of Kaali Kula, middle one is categorized under Shri Kula and the finest one which is regarded as Uttam Chrit comes in the category of Sarasvatt Kula.

We all well aware about this fact that in sadhna field "Aing Hreeng Kleeng "is the basic Beej mantra of this Tri Shakti sadhna but there must be very few sadhaks who know that before the each chapter of Durgasapatshatii

Poorna Kaameshvari Som Shakti Prayog

अद्भुत रूप सौन्दर्य दिला सकने में समर्थ, सर्वथा गोपनीय साधना

तांत्रिक साधना का लक्ष्य भोग और मोक्ष दोनों की ही प्राप्ति करना होता है . जीवन के प्रत्येक उद्देश्य की प्राप्ति तंत्र से संभव है, मुझे याद है की जब मैं १५-१६ साल का था तब मैं जामुन के पेड़ से लगभग २७-२८ फिट ऊँचाई से पीठ के बल नीचे पत्थरों पर गिरपड़ा था ,तब ना ही मैं चलने की हालत में था और ना ही उठने –बैठने की हालत में. क्रिकेट के सलेक्सन होने वाले थे.और उसके पहले ये हालत थी की मैं बहुत ही धीमी गति से स्पिन गेंद डाला करता था, और बल्लेबाजी भी बहुत ही धीमी गति से किया करता था, तब भी मेरे कंधे और पीठ कमजोर ही थे, और गिरने के बाद तो हालत ये हो गयी थी की जो प्रकृति वश शारीरिक उत्तेजना होती थी, वो भी समाप्त ही हो गयी थी.

मेरी माँ बहुत ही घबरा गयी थी, मेरी ये हालत ४-५ महीने तक रही और यथा संभव जितने भी डॉक्टरों को दिखाया जा सकता था. सभी को दिखाया गया ,और वे सभी ये कहते रहे की शायद अब मैं ठीक तरीके से चल भी नहीं पाउँगा, विवाह इत्यादि कार्य के लिए तो मेरे परिवार को भूल ही जाना चाहिए.

मैं उदास बिस्तर पर पड़ा रहता, माँ रोज पीठ की मालिश करती जो की बुरी तरह नीली हो गयी थी. तभी मैंने सदगुरुदेव से मानसिक रूप से लगातार प्रार्थना की ,और अचानक सदगुरुदेव का पत्र घर पर डाकिया दे गया. पत्र में शीघ्र अतिशीघ्र दिल्ली गुरुधाम पहुँचने के लिए कहा गया था, और लिखा था की ये मेरा आदेश है.

जहाँ तक मुझे ध्यान था की उस समय कोई साधना शिविर भी नहीं था, तब भी अत्यधिक प्रयास करके कष्ट को पीते हुए जैसे तैसे मैं दिल्ली पहुच गया. और जाते ही ढेर हो गया , सदगुरुदेव ने मुझे उठाकर अंदर बुलवाया . और मुझे अपनी तरफ देखने को कहा, मैं जब उनकी तरफ देख रहा था, शरीर में मजबूती का अनुभव होने लगा था, उसके बाद सदगुरुदेव ने मुझे **पूर्ण काम बीज युक्त कामेश्वरी सोम शक्ति साधना** विधि समझाई ,और घर जाने के लिए आज्ञा दी. घर आकर , पूर्णिमा से ३ रात्रि तक नित्य ४ घंटे मैंने नदी में सीने तक जल के भीतर खड़े होकर इस साधना को संपन्न किया. मुझे मात्र २०-२२ दिन के भीतर ही अत्यधिक परिवर्तन अनुभव हुआ, और ४ महीने बाद जब सलेक्सन हुए ,तब तक तो इतने हालात परिवर्तित हो गए थे की,आक्रामक बल्लेबाज और तेज गेदबाज की हैसियत से मैं आगे के तीन साल तक नेशनल लेबल पर चयनित होता रहा और उसके बाद यूनिवर्सिटी की और से भी २ साल तक खेलता रहा.और जिस टीम की तरफ से मैंने खेला ,मेरा प्रदर्शन बेहतर से बेहतर रहा. साधना जगत में उसी साधना के बाद मैंने **"श्यामा साधना "** जैसी साधना को भी सफलता के साथ संपन्न की. और एक उच्च कोटि का साधक इस साधना की विशेषता और महत्व से कदापि अनभिज्ञ नहीं होगा. इस साधना में पौरुषता की चरम परख होती ही है.

बाद के वर्षों में जब मैंने सदगुरुदेव से उस साधना का महत्व पूछ ,तब उन्होंने बताया था की मात्र पुरुष ही नहीं अपितु इस साधना के माध्यम से स्त्री भी अपने सम्पूर्ण सौंदर्य और नारीत्व की प्राप्ति कर सकती हैं. मैंने सौंदर्या माँ से भी यही सुना था की उन्होंने इसी साधना के माध्यम से अपूर्व सौंदर्य पाया था और कई अप्सराओं और योगिनियों को सिद्ध किया था.

इस साधना में कोई विनियोग या न्यास नहीं होता है, मात्र मंत्र जप और समय का महत्त्व है,मात्र ३ दिन की ये साधना है, जल में निवस्त्र या एक वस्त्र पहन कर गले तक पानी में खड़ा होकर, पञ्च मुखी रुद्राक्ष को हाथ में लेकर रात्रि में ११ बजे के बाद चंद्रमा की और देखकर मंत्र का ३ घंटे तक जप किया जाता है. पूर्णिमा के बाद के दो दिन आकाश की ओर मुह करना चाहिए. अंतिम दिवस जप के बाद रुद्राक्ष को जल में ही प्रवाहित कर देना चाहिए. आपको स्वतः ही एक विलक्षण प्रकाश आपमें प्रविष्ट होता हुआ लगेगा,और निकट भविष्य में सौंदर्य पक्ष सम्बंधित सभी समस्याओं का समाधान तो होता ही है.

मन्त्र-

ॐक्लीं क्लीं क्लीं कामेश्वरी सह सोम शक्ति पूर्णमदः पूर्णमिदं क्लीं क्लीं क्लीं कामदेवाय नमः

Pratyaksh Pret shakti ManokaaMna Poorti saadhana

इतर योनियों से सहयोग प्राप्त करने की गोपनीय साधना

ये प्रयोग सदगुरुदेव ने संपन्न करवाया था, और मैंने खुद इसका लाभ उठाया था, बाद के वर्षों में मैं इसका अभ्यास लगातार नहीं रख पाया ,इसलिए ये सिद्धि धीरे धीरे लोप होती गयी. और उन्होंने ये स्पष्ट बताया था की भूत-प्रेत साधना जीवन का सौभाग्य ही होती है, ये हानिकारक नहीं होती है, अपितु अपनी मुक्ति के लिए बैचेन आत्माएं हैं ,जो साधक या मनुष्य की सहायता कर शीघ्र अतिशीघ्र मुक्त होना चाहती हैं.ये मनुष्यों की भांति विश्वास घात नहीं करते हैं. अपितु पूर्ण वफ़ादारी निभाते हैं.

उन्होंने **वातालू नामक प्रेत शक्ति** की साधना का विधान समझाया था. जिसे कई गुरु भाइयों समेत मैंने भी किया था. उसी साधना के गूढ़ रहस्यों को मैं आप सभी के सामने रख रहा हूँ,जिससे आप भी इस प्रयोग की विश्वसनीयता को परख सकते हैं.

ये साधना अमावस्या की अर्धरात्रि से प्रारंभ होकर आगे के ३ दिनों तक होती है. दक्षिण दिशा की ओर मुह करके वीरासन में बैठना होता है, वस्त्र व आसन काला होता है.सामने एक पान के पत्ते पर काजल से वातालू लिख कर उस पर काजल की डब्बी और कपूर का टुकड़ा रख कर काली हकीक माला से १०१ माला नित्य करना होता है . घर के एकांत कक्ष में ये साधना की जा सकती है,

जहा साधना के ३ दिवसों तक किसी का भी प्रवेश निषेध रहता है.दूध का भोग चढ़ाया जाता है. मंत्र जप के बाद दो दिन तक खुद उस दूध को पीना है और तीसरे दिन खुद वातालू उस दूधको ग्रहण कर लेता है.३ दिन वो प्रत्यक्ष होता है. मंत्र जप के पहले तीन बार उसका नाम लेना होता है और मन्त्र जप प्रारंभ करना होता है.मन्त्र जप के मध्य चाहे जैसी स्थिति बने आप को नहीं बोलना है,क्यूंकि वो शक्ति किसी भी रूप में आपकी साधना खंडित करने की कोशिश करती ही है. जब भी भविष्य में उसे बुलाना हो मात्र ११ बार मंत्र का उच्चारण कर के उसका नाम लें ,वो हाजिर हो जायेगा और आपका कार्य सम्पादित कर देगा.

मंत्र-

क्रीं क्रीं क्रीं वातालू भूतेभ्यो आगच्छ वश्य आज्ञा पाले फट्॥

इतर योनी साधना के जिज्ञासु साधक इस साधना को अवश्य करके देखे. निश्चय ही अनूकुल परिणाम प्राप्त होंगे.

Pratyaksh Pret shakti ManokaaMna Poorti saadhna

This experiment was done under Sadgurudev's guidence and i myself experienced the benifits of this sadhna. But in later years i couldn't practiced it continously. Thats the reason this siddhi dissapeared slowly. He told us that Bhut-Pret are boons for sadhna life. These are not harmful. Rather they are curious spirits roaming for their freedom who really wants to help haman being or sadhak for their upliftment. Hmmm but they dont ditch as humand do so. Rather they are very loyal to us.

He explained us a sadhna called **"Vaataalu Namak Pret Shakti Sadhna "** Which is performed by various gurubrothers of us along with me. The secrets of those sadhna i am going to open here infront you via which you can also inspect the authenticity of this sadhna.

Dhoomavati kalpa saDhana

शत्रु बाधा निवारक अद्भुत प्रभाव दायक साधना

माँ धूमावती के बारे मे जितना भी कहा जाए कम ही है, सृष्टि के विपरीत क्रम की वे देवी है. ब्रम्हांड का मुख्य नियम ये रहता है की शिव बाह्य और शक्ति आतंरिक होती है. शरीर मे प्रकृति निहित है, मतलब की शिव मे शक्ति स्थापित रहती है लेकिन धूमावती ने अपने अंदर शिव को धारण किया हुआ है, जिससे सृष्टि का एक पूरा क्रम ही विपरीत है. इसी क्रम मे वे अलक्ष्मी है, अविद्या है तथा दुर्भाग्य की देवी है. स्वेत वस्त्र धारण करने पर भी उनका मुख्य रूप तम से उत्प्रेरित है जिसका अर्थ भी यही विपरीत क्रम ही है. प्रकाश शुभ्र होता है जिसका विशुद्ध रूप अपने आप मे अंधकार मे समां जाता है.

काले रंग मे सफ़ेद रंग मिला दिया जाये तो भी वह अपनी प्रकृति नहीं छोड़े गा, लेकिन शुभ्र मे ज़रा सा भी काला रंग मिलाने पर उसमे दाग लग ही जाता है प्रसारण की गति तीव्र होती है, लेकिन धूमावती के सन्दर्भ मे ये तथ्य भी विपरीत है, इसी लिए वे स्वेत वस्त्र को धारीत किए हुए है. यु ये भी कहा जा सकता है की जो भी विपरीत है वही धूमावती है.

इसी लिए जीवन के सारे अभाव दुःख कष्ट पीड़ा विषाद सब पर इनका ही प्रभाव रहता है. लेकिन मूलतः यह माँ का ही स्वरुप है इस लिए अपने तम गुण को अंदर रखते हुए बाह्य रूप से यह सत् और रज से साधक का कल्याण करती है. शत्रु का अर्थ है की वो जो जीवन मे बाधक हो, हमारी सभी बाधा और परेशानी चाहे वह मनुष्य रूप मे हो या किसी और रूप मे वे सभी प्रायः शत्रु ही है. माँ इनकी अधिष्ठात्री होने के कारण इसका निराकरण अत्यंत तीव्रता से हो जाता है, और वो विपरती क्रम हरण कर, मूल क्रम को स्थापित कर देती है.

यह साधना साधक बुधवार की मध्यरात्रि से शुरू करे.

दिशा दक्षिण, वस्त्र व् आसान काले रंग का रहे, काले हकीक की माला का उपयोग करे.

अपने सामने देवी का चित्र स्थापित कर तेल का दीप प्रज्वल्लित करे. और मानस पूजन सम्प्पन करे

इसके बाद साधक अपने हाथ मे जल लेके सामान्य संकल्प ले की अपने सर्व बाधा एवं ज्ञात अज्ञात शत्रु से विजय प्राप्त करने के लिए साधना मे प्रवृत हो रहा हू, माँ मुझे कृपा प्रदान करे

इसके बाद साधक निम्न मंत्र की ३१ माला का जाप करे

धूं बाधा निवारिणी धुम्रेश्वरी फट्

उसके बाद जाप देवी को समर्पित करे

यह क्रम तिन दिन का है, साधक अपने आप मे ही, साधना करने के बाद अगले ही दिन से योग्य परिणामों का अनुभव करने लग जाता है.

****

Dhoomavati kalp saDhana

It is always less however we describe about mother dhoomavati, she is goddess of universe’s reverse order. The main rule of universe is that shiva is outer form and shakti is inner power. Nature stays inside the body, means shakti stays inside shiva but dhoomavati have established shiva inside her, this way, there is a reverse order of the universe. In this way only she is Alakshmi, Avidhya and goddess of unfortunate nature. While covering her with white cloth she is completely based on tam nature which itself means the reverse order.

Goutra purush manokamana siddhi

अब तो मनोकामना भी आसान हैं इस प्रयोग से

जीवन मे पितृओ की महत्ता के बारे मे उल्लेख कर दिया गया है की किस प्रकार एक बीज जो की मूल होता हे उससे लगातार सर्जन की क्रिया आगे बढती जाती है और वह मूल बीज धारक की कृपा किस प्रकार सदैव बनी रहती है. इसी क्रम मे गौत्र के विषय मे भी यही कहा जाता सकता है की मुख्य ऋषियो के बीज से हमारा निर्माण हुआ है या उनका योगदान हमारे सर्जन मे रहा है इसी लिए वे हमारे मुख्य आदि पूर्वज भी कहे जाते है. इस स्थिति मे उन महापुरुषों की विशेष कृपा को प्राप्त किया जा सकता है और उनके आशीर्वाद से हमारी मनोकामनाओ की पूर्ति भी संभव है.

व्यक्ति के गौत्र आदि पुरुष के पूजन को हमारे वैदिक शास्त्रों मे कर्मकांड का आवश्यक अंग माना है इसके पीछे यही चिंतन था की हम उन सिद्ध पुरुषों की उपासना करे और उनके आशीर्वादतले अपने जीवन के अभावो को दूर कर सके और अपनी मनोकामनाओ की पूर्ति कर सके.

यहाँ पे एक बात को समजना आवश्यक है की वे महान आत्माए आज भी उतनी ही गतिशील है जितनी वे पहले हुआ करती थि. वे निरंतर कृपा को अनुकम्पा को प्रवाहित करते रहते है लेकिन हम अपने आप मे इतने उलज चुके है की अब हम अपनी परंपराओ पर ध्यान तो नही देते हे लेकिन साथ ही साथ उससे विमुख होकर खुद अपने ही जीवन को व्यर्थ मे समस्याओ से ग्रस्त रख रहे है

गौत्र के आदिपुरुषों के लिए भी तन्त्र मे विभिभन मंत्र और प्रक्रियाए प्राप्त होती है. लेकिन हर एक गौत्र के लिए अलग अलग प्रक्रियाए देना संभव नहीं है. यहाँ पर जो प्रयोग दिया जा रहा है वह प्रयोग कोई भी व्यक्ति सम्प्पन कर सकता है और गौत्र महात्माओ की कृपा प्राप्त कर सकता है.

इस साधना को किसीभी वार से शुरू किया जा सकता है, साधना के लिए ब्रम्ह मुहूर्त का समय उत्तम है

दिशा उत्तर या पूर्व रहे, माला स्फटिक की हो. वस्त्र आसान सफ़ेद रहे

अपने गौत्र के आदि पुरुष को याद कर उसका मानसिक पूजन करे. धुप व् शुद्ध घी के दीपक को प्रज्वल्लित करे. उसके बाद निम्न मंत्र की २५ माला का जाप करे.

ॐ अमुकं गौत्र पुरुषाय सर्वार्थ साफल्यम प्रणम्यामी

इसमें अमुक की जगह गौत्र का नाम लेना चाहिए. जिन्हें अपने गौत्र के बारे मे पता न हो वो वहा पर आदिपुरुषाय शब्द का उपायोग करे.इस प्रयोग को ८ दिन करना चाहिए. जिससे पितृ एवं गौत्र प्रस्सन होते है और मनोवांछित इच्छाओ की पूर्ति करते है.

****

manokamana prayog through - Goutr purusha sadhana

The importance of pitrus have already been discussed that how from one bija which is the main base from that process of the creation keeps on running and how the blessing of that main bija holder stays and affects. This way about gautra even it could be said that from the bija of those main sages we are created or there is a contribution of them in our creation that's why they are called as our main dawn ancestor and with blessings of them our wishes could be fulfilled.

Poojan of gautra's sage is belived to be very essential part of vaidik karmakanda body. The reason behind it was that we worship our ancient sages and can remove our deficiencies for haapy life under their bliss and can fulfill our wishes and desires. Here it is require understanding that those great souls are still same dynamic as they used to be.

Soot Rahsyam PaRt-7

सप्त ऋषि पूंजीभूत तत्व शक्ति साधना

बाह्य जगत की प्रतिकृति ये मानव शरीर भी एक ब्रम्हांड ही है और तदनुसार मानव शरीर में भी उत्तर और दक्षिण दो ध्रुव विराजमान हैं.जिनमे विद्युत चुम्बकत्व की धनात्मक और ऋणात्मक शक्ति प्रवाहित रहती है, मष्तिष्क को उत्तरी ध्रुव और मूलाधार को दक्षिण ध्रुव माना गया है. इन्ही के मध्य मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध ,आज्ञा और सहस्रार चक्र हैं. अर्थात मूलाधार यदि एक छोर पर स्थित है तो सहस्रार दूसरे छोर पर स्थित है. और उस दिव्य शक्ति का आदान प्रदान मेरु दंड में स्थित सुषुम्ना सूत्र के द्वारा होता है.

सुषुम्ना पथ ही इन शक्तियों को परिष्कृत कर दोनों छोरो पर शक्ति का परस्पर आदान प्रदान करता है. जिन चक्रों की हमने बात की है .वे ७ चक्र वस्तुतः सप्त ऋषियों के प्रतिनिधि हैं.

अर्थात इन चक्रों में इन ऋषियों का ही तव प्रकाशित होता है, बाह्य दृष्टि से जो ऋषि हैं, वास्तव में वो सात शक्तियां और सात तत्व भाव हैं, जो जीवन के विभिन्न क्रिया कलापों को सुचारू रूप से संपन्न करने की क्षमता प्रदान करते हैं. और ये भाव ,ये तत्व सूर्या से ही प्राण को ग्रहण करते हैं ,तभी उनमे जीवन की उपस्थिति हो पाती है.

अब ये साधक के ऊपर निर्भर करता है की वो उपरोक्त सप्त शक्तियों का (जो की सूर्य से ही प्राणों का शोषण करते हैं और तदनुरूप साधक को दैदिप्यता और तेजस प्रदान करते) कितना तीव्र प्रयोग कर पाता है. सबसे पहले ये समझ लेते हैं की वास्तव में ये सप्तर्षि हैं कौन कौन से और ये किन शक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं.

वशिष्ट - अग्नि तत्व – विवेक शक्ति

विश्वामित्र - आकाश तत्व – इच्छा शक्ति

भारद्वाज - चेतन तत्व – संकल्प शक्ति

गौतम - वायु तत्व – विचार शक्ति

जमदग्नि - तेज तत्व – क्रिया शक्ति

अत्री – जल तत्व – वाणी शक्ति

कश्यप - पृथ्वी तत्व – उत्थान शक्ति

वास्तव में ये सप्तर्षि ही मानव के वे सात शरीर या ब्रम्हांड के वे सात लोक हैं, जिन्हें भू,भुवः, स्वः मनः, जनः,तपः और सत्य लोक कहा गया है . ये मानव शरीर में उपस्थित वो सात सम्भावनाये हैं की यदि इन्हें कोई चैतन्य कर ले ,फिर उसके लिए कुछ भी अप्राप्य नहीं रह जाता है. वस्तुतः मानव शरीर में उपस्थित चेतना की ये सात परते ही हैं. जो किसी भी असाध्य को साध्य कर देती हैं. और एक बात हृदयंगम करने योग्य है की यदि तंत्र का आश्रय लिया जाये तो निश्चित ही ,चेतना के इन सातो स्तर की प्राप्ति सहज हो जाती है. वस्तुतः सूर्य विज्ञानं के जिज्ञासुओं को या साधकों को इस रहस्य को आत्मसात कर सिद्ध हस्त प्राप्त करने के लिए तो पूरा एक साधना क्रम ही संपन्न करना पड़ता है. परन्तु सामान्य क्रम अपनाकर भी हम कुंडलिनी के चक्रों को ना ही सिर्फ स्पंदित कर सकते हैं, अपितु सप्त ऋषियों की चेतना का ये स्पंदन आप अपने जीवन में उतार कर अपना भाग्य स्वतः ही लिख सकते हैं, और दुर्भाग्य को पूरी तरह मिटाकर एक सौम्यता और तेजोमयता की प्राप्ति कर सकते हैं.

किसी भी रविवार से इस साधना को आप प्रारंभ कर सकते हैं और प्रातः काल स्नान कर सूर्य को जब जल समर्पित करे तो उसके पहले जल पात्र की और दृष्टि रख कर निम्न मंत्र का १०८ बार उच्चारण करे, इसके बाद ही सूर्य को **"ॐ तेजस्विताय नमः"** कहकर जल अर्पित करे या अर्घ्य चढ़ाये –

मूल मन्त्र-**ॐ सूर्य सूर्याय सूर्य सप्तर्षिभ्यो सह चैतन्य प्राप्तुम पूर्ण तेजस्विताय नमः॥**

वस्तुतः ये मन्त्र इस रूप में गुंथा हुआ है की यदि इसका उपरोक्त विधान से नित्य प्रति प्रयोग किया जाये तो निश्चित ही इसका प्रवाह आपके दुर्भाग्य को पूर्ण रूपेण दूर कर सकता है

- --

Sapt Hrishi Punjibhut tatva Shakti sadhna

Our body is facsimile of outer world and it is sort of universe in inbuilt. In accordance human body is also consists of north and south poles which are fixed.By which two type of energies flows i.e. positive and negative energy. Brain is known as northern pole and Muladhar is know as southern pole. In mid of these poles the various chakras - Mooladhar, Swadishthan, Manipur, Anaahat, Vishudhh, Aagya and Sahastrar are located.And that divine energy transits through backbone by Sushumna Sutra.

The ends of Sushumna path only examines this energies and disperse equally at both the sides. The Chakras which we have talked above, actually the 7 chakras represents seven Hrishis. It means the facts which is presents in these chakras are exactly the same which 7 Hrishi represents.In actual sense they represents seven types of power and seven special facts which gives the capacity to pursue day today task easily and efficiently. And these Bhavs and facts absorbs energy from Sun. Then only it gets liveliness.Now this completely depends upon the sadhak that how he(who absorbs the energy from sun and in accordance gives charm and glow to sadhak) uses such divine energy in hard experiment. Now lets understand Who are these Saptrishi and what they represents?

Vishisht - Agni Tatv - Power of Subconcious Mind

Vishvamitra - Aakash Tatva - Power of Willingness

Bharadwaj - Chetan Tatva - Power of Resolution

Goutam - Vayu Tatva - Power of Thinking

Jamadagni - Tej Tatva - Active Energy

Atri - Jal Tatva - Power of Speech

Kashyap - Prithvi Tatva - Power of Progressiveness

SWARN RAHSYAM -7

Rare but satik experniment form gold making

दुर्लभ परन्तु अचूक स्वर्ण निर्माण प्रयोग

तंत्र शास्त्र के रस तंत्र शाखा में **स्वर्ण लक्ष्मी** की साधना का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है और यदि इस मंत्र का पूर्ण विधान से निर्मित **विशुद्ध संस्कारित पारद शिवलिंग** के सामने २१ दिनों में ५४ हजार मन्त्र जप कर लिया जाये तो स्वर्ण निर्माण की क्रिया में शीघ्र सफलता मिल जाती है, ऐसा मुझे सदगुरुदेव के सन्यासी शिष्य राघव दास बाबा जी ने बताया था.समृद्ध होना हमारा अधिकार है और रस शास्त्र के माध्यम से ऐश्वर्य प्राप्त किया जा सकता है.इसमें मन्त्र योग तथा क्रिया विशेष का योग करना पड़ता है. प्रत्येक क्रिया की सफलता के पीछे मन्त्र विशेष की शक्ति कार्य करती है. ऐसा नहीं है की किसी भी रसायन सिद्धि मन्त्र से कोई भी रस कार्य को सफल कर दिया जाये, हाँ ये अलग बात है की सद्गुरु प्रसन्न होकर मास्टर चाबी ही आपको दे दे, परन्तु वो उनकी प्रसन्नता का विषय है. नीचे जो २ प्रयोग दिए गए हैं वे स्वर्ण लक्ष्मी मन्त्र से सम्बंधित ही हैं, यदि इन कीमिया के प्रयोगों को न करे तब भी नित्य प्रति इस मन्त्र की एक माला आर्थिक अनुकूलता और धन की प्राप्ति साधक को करवाती ही है.

मन्त्र कमलगट्टे की माला या पारद माला से जप होना चाहिए.

मन्त्र-

ॐ ह्रीं महालक्ष्मी आबद्ध आबद्ध मम गृहे स्थापय स्थापय स्वर्ण सिद्धिम् देहि देहि नमः II

मन्त्र जप के बाद साधक या रस शास्त्र के जिज्ञासुओं को निम्न प्रयोग करके अवश्य देखना चाहिए, इन प्रयोगों को मैंने राघवदास बाबा जी को सफलता पूर्वक करते देखा है, और एक बात मैंने ध्यान दी थी की वे ,पदार्थ का रूपांतरण करते समय इस मंत्र का स्फुट स्वर में उच्चारण किया करते थे और स्वच्छ वस्त्र धारण करके ही ये प्रयोग ,साफ़ जगह पर किये जाते हैं.

१. २५ ग्राम शुद्ध नीले थोथे को श्वेत आक के आधा पाँव दूध से खरल करके उस कज्जली में शुद्ध सीसा १० ग्राम मिला कर सम्पुट बनाकर २० किलो कंडों की अग्नि देने से भस्म तैयार हो जाती है. १० ग्राम रजत को गलाकर उसमे १ रत्ती भस्म डालने पर स्वर्ण की प्राप्ति होती है. स्वर्ण लक्ष्मी मन्त्र के माध्यम से भस्म स्वर्ण बीज से यौगित हो कर चाँदी में स्वर्ण की उत्पत्ति कर देती है.

२. शुद्ध जस्ता का बुरादा और शुद्ध पारद १-१ तोले को लेकर मंत्र जप करते हुए जंगली गोभी के रस में २४ घंटे तक घोंटे,उसके बाद उसे सम्पुट बनाकर ८ तोले सूत से लपेटकर ३ किलो बकरी की मेंगनी में रखकर आग लगा दे .आग बंद वायु में लगाना है, ना की खुले स्थान पर, स्वांग शीतल होने पर जो भस्म मिलेगी , वो चांदी और शुद्ध ताम्बा , दोनों का रूपांतरण स्वर्ण में कर देती है.

---

rare but satik experniment form gold making

In Tantra Shastra, in the branch of Ras Shastra the Swarna Lakshmi Sadhna keeps unique significance in it. and if this mantra is done with whole procedure of before Vishudhh Sanskarit Paaradh Shivling in 21 days completes the 54 thousands mantra jap then you get success in gold making process very soon. As this was being told me by Sadgurudevji's sanyasi disciple Shree Raghav Das babaji. Becoming wealthy is our birth right.And by Ras Shastra we can achieve it. See, in this the balance of mantra yog and kriga yog is needed.

EFFECTIVE SARAL LAKSHMI PRAYOG

अब इसे एक बार तो करके देखिये

लक्ष्मी के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती हैं , सारे जीवन का प्रमुख आधार स्तम्भ हैं आज के जीवन में धन लक्ष्मी का , भले ही जीवन में लक्ष्मी के अनेको रूप हो , पर ठीक इसी तरह अनेको साधनाए हैं एक से एक उच्च कोटि की , जिनको पाने के लिए उच्च योगी ही नहीं बल्कि ब्रह्म ऋषियों ने भी खोज की , ऐसी अनेको साधनाए फिर वह चाहे "लक्ष्मी आबद्ध साधना" हो या "स्वर्ण प्रिया लक्ष्मी साधना" हो या "स्वर्ण खप्पर साधना" या फिर "हीरक खप्पर साधना" हो , सभी तो एक से एक हैं , पर इस स्तम्भ के अंतर गत हम वही साधना देते हैं जो आपके लिए बहुत ही आसान तो हो पर हो वह बहुत ही प्रभाव दायक .

एक ऐसी ही सरल प्रयोग हैं जिसको अनेको उच्च कोटि के तांत्रिको ने विद्वानों ने बहुत ही प्रशंशा की हैं वह हैं एक छोटा सा स्त्रोत जिसे आपको जितना भी संभव हो सुबह शाम तो करना ही हैं कोई भी नियम ऐसे बिशेष नहीं हैं पर यदि स्त्रोत पाठ के नियम आप पालन करते हैं तो आप को ज्यादा लाभ होने ही सम्भावना होगी,यह सही हैं की यह स्त्रोत आसानी से उपलब्ध हैं पर यदि आप इसको करते हैं तो यह आपके जीवन की दरिद्रता हटा कर सुख संवृद्धि का एक ने अध्याय खोलने में समर्थ हैं ,आशा हैंकि आप इस स्त्रोत का महत्त्व जिसे अनेको उच्च कोटि के योगियों ने भी बताया हैं समझेंगे

त्रैलोक्य पूजिते देवी कमले विष्णु वल्लभे ।

यथा त्वमचला कृष्णे तथा भावमयि स्थिरा ॥ 1 ॥

कमला चंचला लक्ष्मी श्चला भूतिर्हरिप्रिया ।

पद्मा पद्मालया सम्प्युच्चैः श्री पद्मधारिणी ॥ 2 ॥

द्वादशैतानि नामानि लक्ष्मी संपूज्य यः पठेत ।

स्थिरा लक्ष्मी र्भवेत्तस्य पुत्रदाराभिः सः ॥ 3 ॥

॥ इति श्री दक्षिण लक्ष्मी स्तोत्रं सम्पूर्णं ॥

****

MOST EFFECTIVE AND EASY LAKSHMI PRAYOG

Without lakshmi means financial happiness , thinking of life is useless, to days whole life is depends upon that financial aspect of goddess lakshmi though has many faces, there are more than 1008 type of lakshmi possible so as much as or more than that lakshmi sadhana are also possible,

अचूक टोटके-जिनका प्रभाव होता ही है

TOTKA - VIGYAN

1. पितृ दोष की निवृति के लिए जब भी आप भोजन करते हैं तो एक ग्रास पहले ही निकाल कर अलग रख दीं
2. जब विवाहिक जीवन में अशांति हो और मन मुटाव बढ़ता जा रहा हो तब गुरूवार को पीपल के पेड़ के नीचे दीप जलाये .
3. जब भी आप अपने व्यवसाय में जातेहैं या अन्य भी यदि अपने पर थोडा सा इत्र लगा ले तो बहुत अच्छा हैं क्योंकि ये सब तो शुक्र से सम्बंधित हैं और उसकी अनुकूलता से आपकी इच्छा पूर्ति होती हैं.
4. हनुमान जी को अनेक लोग राम राम लिखे पीपल के पत्ते चढाते तो आपने देखा होगा पर यदि इसे लाल चन्दन से लिखे और मंगलवार से खास कर शुक्ल पक्ष से प्राम्भ करे और ११ मंगल वार कम से कम करे तो अनेको मुसीबतों से आप को निजात मिल जाती हैं.
5. जीवन में अनेको परेशानी आने पर आपको शिव उपासना और पीपल के वृक्ष में जल अर्पित करना चाहिए पर रविवार को जल न पीपल में जल न अर्पित करे

6. काले घोड़े की नाल आपको किसी भी घोड़े वाले के यहा आसानी से मिल जा ती हैं तो उसे अपने घर के प्रवेश द्वार में लगा दे यह भी विपत्ति नाशक प्रयोग हैं.
7. मंगलऔर शनि वार के दिन यथा संभव दाढ़ी या केश कर्तन से बचना चाहिए . क्योनी ये दोनों दिन क्रूर ग्रह से सम्बंधित दिन हैं .
8. ज्योतिष ग्रन्थ तो यहाँ तक कहते हैं की आपको अपने केश तब कटवाना चाहिए जब चन्द्रमा शुक्ल पक्ष में हो मतलब (चन्द्रमा बढ़ता जा रहे हो), और नाख़ून तब कटवाना चाहिए जब चंद्रमा कृष्ण पक्ष में चल रहे हो .
9. हनुमान जी ओर सिंदूर का नाता तो सभी जानते हैं ही पर यदि आप सिंदूर गणेश जी को किसी भी शुभ महूर्त खासकर गुरु पुष्प में करे तो आपको परीक्षा में अधिक लाभ मिलेगा .
10. वही आप जानते वाहन रक्षा कर यंत्र तो हनुमान जी का ही होता हैं तो यदि आप हनुमान जीको भी सिंदूर अर्पित करते हैं तो वाहन से दुर्घटना से बचाव होता हैं

****

Totka vigyan

1. For to removal of pritr dosh one should offer first grass of his food to them, and keep it one side
2. When trouble and tension increases in married life between life partner then light up earthen lamp(Deepak) to nearer of papal tree,
3. When going for your workplace/shop just have some "itr " on your cloths this will prove to beneficial since ail theses things are related to planet Venus and its favor help you a lot.
4. Many people offer papal tree leaves written with "Ram ram" if you do that but write with red chandan and start with Tuesday of any shukl paksh (moon waxing period), for at least 11 Tuesday , many of your suffering will minimize.

आयुर्वेद : कुछ घरेलू उपाय

AYURVEDA : SOME TIPS

जीवन में कुछ बहुत सी सरल उपचार उपयोग मे लाये जा सकते हैं क्योंकि बहुत बड़ी समस्या के लिए तो उचित अयुर्वेदग्य से ही संपर्क ज्यादा अछछा रहता हैं पर यह सरल उपाय भी आपका विश्वास इस विधा पर लाने में लाभदायक होंगे इसी आशा के साथ.

1. किसी भी प्रकार का यदि पुराना ज्वर होतो उसमे 5/10 ग्राम तुलसी का रस पीने से लाभ होता हैं .
2. यदि बिलकुल सुबह तुलसी के पत्ते का रस 5/10 ग्राम निकल कर पिया जाये तो यह पेट सम्बंधित बीमारियों के लिए लाभ दायक होता हैं .
3. यदि तुलसी के पत्ते के रस को गंगा जल में मिला कर लगाया जाये तो सफ़ेद दाग भी दूर हो जाते हैं .
4. यदि प्रातः काल तीनचार पत्ते तुलसी के खा लिए जाये तो दिमाग की क्षमता में वृद्धि होती हैं .
5. बेल के छिलके का धुँआ करने से मछछर भी भाग जाते हैं .

6. रोज़ सुबह यदि ताजे बेल के पत्ते का रस 5/10 ग्राम लेकर पी लिया जाये तो धीरे धीरे सुगर कम हो जाती हैं .
7. जो भी acidity रोग से पीड़ित हो उन्हें प्रातः काल उठ कर एक गिलास हल्का कुनकुना पानी पीना चाहिए इससे अधिक लाभ मिलता हैं .
8. बादाम के तेल से मालिश सोते समय करे यह चेहरे की झुर्र रिया दूर करता हैं .
9. बादाम के तेल से मालिश नाख़ून , भौए की जा सकती हैं इस से यह और सुन्दर से हो जाते हैं.
10. झड़ते बालों को रोकने के लिए तुलसी का तेल बहुत लाभ दायक पाया गया हैं

****

Ayurveda

In life curing for any disease many simple but easy remedy l process can be applied ,since for any serious health related one should contact some well competent Ayurveda doctor , but all theses very simple process can build your faith on this science .

1. If you are having any fever that is from long duration than taking tulsi leaves juice of 5 /10 gram would be helpful.

2. If any one suffering from problem to his stomach, than if he take fresh juice of tulsi leaves in the morning about 5/10 gram , proves to very beneficial.

3. If juice tulsi leaves and ganga jal mix it and applied on “white daag “ that will be cure early.

4. And if any one eat 4/5 leaves of tulsi in the morning this will increase his mental capability .

तंत्र कौमुदी
NTKU
निखिल तत्व सायुज्य श्री साधना महाविशेषांक
Eight Issue – OCTOBER 2011
Tantra kaumudi

Name of the Articles

SHRI lakshmi vinayak PRAYOG

भगवान गणपति के वरदायक स्वरुप को घर में स्थापन करा सकने में समर्थ तीव्र प्रयोग

बुद्धि के पक्ष को कभी भी हम अनदेखा नहीं कर सकते हैं, क्योंकि जो भी हमें जीवन में उच्चता मिली हैं या मिलती ही उसमे इसका भीएक बहुत बड़ा हिस्सा होता ही हैं उदाहरण के लिए मानलीजिये आपके पास से कहीं से एकसाथ रुका हुआ स्वर्जित घन या बिं अर्जित धन लाटरी जैसे माध्यम से आ भी गे तो और अब आप उसे सही और व्यवस्थित ढंगसे अपने जीवन में उपयोग नहीं कर पाए तो पुनः अपनी प्रारंभिक स्थति में जाने में कितना समय लगता हैं इस लिए प्राचीन आचार्यों ने तंत्रज्ञों ने कहा की यदि लक्ष्मी तत्व जरुरी हैं तो उससे भी कहीं ज्यादा जरुरी हैं की भगवान गणपति का वरदायक स्वरुप का घर में स्थापन .

एक बात हमें भी याद रखना चहिये कि साधनाओ को अलग अलग करके नहीं देख जाना चहिये क्योंकि जीवन के सारे पक्ष एक दुसरे से जुड़े हैं और इसी तरह साधनाए भी एक दुसरे से जुडी ही रहती हैं क्यों की जीवन को एक सम्पूर्णता की दृष्टी से ही देखना पड़ता हैं और चाहिए भी और उसमे हर पक्ष का अपना एक अलग ही अर्थ हैं.

ध्यान :

दंता भये चक्र दरौ दधानं कराग्रगस्वर्णघटं त्रिनेत्रं |

घृताब्जया लिन्गितमब्द्धीपुत्र्या लक्ष्मीगणेशं कनकाभमीडे ||

मंत्र :

ॐ श्रीं गं सौम्याय गणपतये वर वरद सर्व जन में वशमानय स्वाहा ||

यदि आपके पास कोई भी लक्ष्मी गणेश प्रतिमा हो या लक्ष्मी गणेश यन्त्र हो तो उसको सामने रख कर यह सारी प्रक्रिया करे और बाद में उसे अपने पूजा स्थान में रख कर प्रतिदिन 108 बार उच्चारण करते चले ,और निश्चय की आपके जीवन में इन दोनो महा शक्तियों कि कृपा से और भी जीवन अनुकूल होगा ही .

****

Shri lakShmi vinayak prayog

We cannot over shadow the importance of intelligence /buddhi what we achieved till date or what we are going to achieve one of the major role in that our intelligence played. For example any how you got some your earned money that are due to some reason blocked , or got some unearned money through any reason and you are not able to use that wisely than soon you will find yourself on the previous position .

that's why our ancient masters tantra field says a that if lakshmi tatv is necessary than the ganesh tatv also have much more importance .

One should keep in mind that sadhana's should not be considered separated from each other as the many face of life are joined though a single person like a the same way all the sadhana are related to each other, since we have to see the life as its complet form, and it should be.. and each face has its own value or importance.

Dhyan :

Danta bhaye darou ddhanam karagrgswarnghatm trinetram |

Ghritabjya lingitambuddhputrayaa lakshmiganesham kanakamide||

Nikhil tatv –related amazing sadhanye

पहली बार गृहस्थ साधको /शिष्यों के लिए

निखिल शब्द कितना महत्वपूर्ण है यह तो वह व्यक्ति ही समझ सकता है जो उस प्रेम मे अभिभूत हुआ हो. जो उस विराटता का अंकन कर सका हो. जिसने जाना हो कि वह एक व्यक्ति न हो के एक सत्ता ही है जो ब्रम्हांड की गति है. जिनके सामने महान से महान तांत्रिक मांत्रिक योगी सभी नतमस्तक हो. जिनके इशारे पर देवी देवता कार्य करते है. उसी महान विराट सत्ता का एक अत्यधिक पावन नाम "निखिल" है. इस पीढ़ी का सौभाग्य है की निखिल ने अंशावतार लेकर हम सब के बीच मे रह कर हमें धन्य किया है. उन्हें देखने समझने जानने का सौभाग्य दिया है, और उनके शिष्य बनाकर एक महानतम कार्य करने के लिए अपने शिष्यों को कृतग्य किया.

लेकिन आज जो भी परिद्रश्य हमारे आसपास देखा जाता है तो पता चलता हैं की इस पवित्र नाम से राजनीति करने तक लोग नहीं चूके तो आश्चर्य होता है की लोग आखिर कब समझेगे की निखिल तत्व का अर्थ क्या है.?? क्या अर्थ है सदगुरुदेव शब्द का. यहाँ कई व्यक्ति इस "सदगुरुदेव " शब्द को अपने नाम के आगे लगाना चाहते है. इन व्यक्तियो को तो छोडो उनके शिष्यों ने तक उन्हें नहीं समझा.

किसी को स्वप्न के माध्यम से दर्शन हुए तो दुखी है की प्रत्यक्ष नहीं आए. किसी को अन्तश्चेतना मे दीक्षा प्राप्त करने की विधि दी जा रही है तो कहते पाया गया की नहीं वो प्रत्यक्ष हो के ही दीक्षा दे. कोई कहता है की मुझे उनके साथ घूमने जाना है? सौभाग्य की चरम सीमा होती है जब उनकी अमीद्रष्टि किसी पर पड़ती है. लेकिन एक बार भी अपने अंदर झांक के ये नहीं देखता है की हम ने आखिर ऐसा किया ही क्या है की उनके चेहरे पर एक स्मित मुस्कान आए, आखिर उनकी कृपाद्रष्टि को स्वीकार न कर के अपने नियम उन पर लादना और बाद मे उसे सदगुरुदेव के तरफ का प्रेम का नाम देना !

हकीकत तो ये है की ज्यादातर अंधीदौड मे लग गए है की उसको ऐसा मिला तो मुझे भी चाहिए, वो श्रेष्ठ है तो मुझे भी बनना है उसने ये किया है तो मुझे भी करना है; उनको सदगुरुदेव ने ऐसे दिया तो मुझे भी वैसे ही चाहिए और यह सब क्या है...प्रेम? एक बार खुद से ही यह प्रश्न ज़रूर पूछिएगा.

खेर, जैसे की पहले भी कई बार कहा जा चूका है इष्ट का अर्थ होता है की वह सत्ता की तरफ समर्पण जिसे हम ब्रम्हांडीय सत्ता कहते है या मानते है. वह कोई भी हो सकता है देवी देवता या गुरु भी. इसी क्रम मे निखिल को इष्ट स्वीकार कर कई प्रकार की नयी साधना पद्धतियो का प्रचलन हुआ, जो की मुख्य रूप से श्री निखिलेश्वरानंद से सबंधित रही है. यह साधनाए ज्यादातर सन्यासी शिष्यों के मध्य प्रचलित रही है. श्री की प्राप्ति तथा श्री तत्व की प्राप्ति के लिए भी कई साधनाए प्रचलित रही है.

जो की सदगुरुदेव से कई बार प्रार्थना करने पर उन्होंने प्रार्थना को स्वीकार कर अपने सन्यासी शिष्यों के माध्यम से प्रदान की. उन्ही अत्यधिक महत्वपूर्ण साधनाओ मे से श्री सायुज्ज साधनाओ के क्रम मे कुछ साधनाए मे आपके सामने रख रहा हू जो सभी साधना के लिए सामान्य नियम कुछ इस प्रकार है

- साधना रात्री काल मे १० बजे के बाद करे
- जप स्फटिक माला से हो. वस्त्र व् आसान सफ़ेद रहे. दिशा उत्तर हो.
- रोज मंत्र जप की संख्या व् समय एक ही रहे
- यथासंभव एक समय हल्का आहार, कम वार्तालाप, भूमि शयन तथा ब्रम्हचर्य का पालन करे.
- साधना के बाद माला को एक महीने तक धारण करे और उसके बाद माला विसर्जित करे.

आप इन साधनाओ मे से कोई भी साधना कर सकते हैं पर जिस क्रम से दिए गयी हैं उसी क्रम से करने पर ज्यादा लाभ , ज्यादा सफलता की प्राप्ति होती हैं .

NIKHIL TATV –ADBHUT SADHANAYE

The importance of the word Nikhil could only be understood by those who have gone through the love of the same, those who have been able to understand wideness of this word. Those who knew that he is not just a person but a controlling power with which this universe is running. In front of whom the biggest tantric and mantrik all are bowed, on whose order god and goddesses works.

That supreme power's holy and sacred name is Nikhil. This era have a boon that Nikhil took anshavatar and staying with us he obliged us, he gave us fortune to see understand and know him and by blessing us with a title of his disciple he spread love in the form of noble task. But today it is very sad and surprising to see people using this holy name for their politics around us will a time came when they get to know what does Nikhil tatva means? What does the term SadGurudev means?

Nikhil beej shreem beej sadhana

जीवन में श्री तत्व को पूर्णता से प्राप्त करने के लिए

श्री का स्थान जीवन मे अत्यधिक महत्वपूर्ण है. इस विद्या को भी महाविद्या का स्तर प्राप्त है. जीवन के चार मुख्य पक्षों मे अर्थ से सबंधित श्री अर्थात भौतिक सन्दर्भ मे धन की प्राप्ति के लिए यह साधना अपने आप मे एक विलक्षण साधना कही जा सकती है. तीन मुख्य शक्ति बीज मे "श्रीं " बीज का स्थान तो अपने आप मे साधको के मध्य ,पूर्ण ख्याति प्राप्त है इस महान मंत्र मे निखिल बीज को श्रीं बीज से सम्पुटित किया गया है. इस मंत्र का श्री पाप्ति के लिए अपना एक विशेष स्थान है.

इस साधना से साधक को श्री तत्व की प्राप्ति होती है. त्रिअक्षरी मंत्र की जितनी प्रशंशा की जाए उतनी कम है. साधक की धन सबंधी समस्याओ का निराकरण होता है.

साथ ही साथ सब से महत्वपूर्ण ये है की साधक की धनप्राप्ति के लिए उसे विद्या प्राप्ति भी होती है जिससे उसे धन वृद्धि मे भी कभी सहज ही कोई समस्या आने की संभावना नहीं रहती.

मंत्र :

श्रीं निं श्रीं

इस मंत्र का सवा लाख जाप का अनुष्ठान करना चाहिए इसके बाद इस मंत्र से शुद्ध धृत की 108 या 1008 आहुति अग्नि मे देनी चाहिए. इस मंत्र के अनुष्ठान को अधिकतम 21 दिनों मे कर लेना चाहिए

जिसके लिए पूर्ण अनुष्ठान संभव न हो उन व्यक्तिओ को इस मंत्र की रोज एक माला जाप करना चाहिए. ऐसा नियमित रूप से करने पर व्यक्ति को उपरोक्त लाभ प्राप्त होते है.

Nikhil BEEJ Shreem Beej Sadhana:

Nikhil aishvary sadhaNa

ऐश्वर्य को सम्पूर्णता से प्राप्त करने की साधना

ऐश्वर्य का अर्थ है सभी दिशाओ मे सफलता तथा नित्य उन्नति. जीवन से जुड़े सभी पक्षों मे आप निरंतर गतिशील रहे तथा गति एक समान मात्र न रहकर उसमे नित्य प्रगति करते ही रहे इस हेतु ऐश्वर्य साधना करना नितांत आवश्यक है. सदगुरुदेव ने समय समय पर साधको को ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए अनेको विधान प्रदान किये है. लेकिन एक साधना ऐसी भी है जिसमे पालक देव विष्णु को सदगुरुदेव मे स्थापित मान कर सदगुरुदेव को ऐश्वर्य तत्व के प्राधान्य मान कर की जाती है. परिणाम स्वरुप सदगुरुदेव अपने शिष्यों को प्रेम भाव से ऐश्वर्य की प्राप्ति का आशीर्वचन देते है

इस साधना को करने के बाद प्रकृति एसी घटनाओ का सर्जन साधक के आस पास कर देती है की समाज मे उसका स्थान बढ़ जाता है, पारवारिक समस्याओ का निराकरण हो जाता है और एक सद्गृहस्थ व्यक्ति की श्रेष्ठ स्थिति की प्राप्ति सहज ही संभव हो जाती है.

इस साधना को करने से पूर्व साधक सदगुरुदेव से मन ही मन अनुमति ले. और साधना शुरू करे. साधना शुरू करने से पूर्व साधक को सदगुरुदेव के अंदर स्थापित विष्णु देव का मन ही मन ध्यान करे.

इस साधना मे साधक को निम्न मंत्र के 21000 जाप करने है जो की 11 दिनों मे हो जाने चाहिए. साधना के अंतिम दिन 108 आहुति इसी मंत्र से शुद्ध घी से प्रदान करे

मंत्र : ॐ निं ऐश्वर्याधिपतये नमः

यह महत्वपूर्ण साधना को संपन्न करने के बाद साधक को सदगुरुदेव की तरफ से ऐश्वर्य प्राप्ति का आशीर्वचन मिलता है.

****

Nikhil AishwAry sAdhANA

The meaning of aishwarya is daily progress and success. In the every aspects of the life one may remains active & progressive and the progress should no remain constant but keeps on growing more for that purpose one should do aishwary sadhana.

Nikhil bhagyodaya sadhana

दुर्भाग्य को हटा सकने मैं समर्थ एक साधना

कर्म के बंधनों से इस पृथ्वी लोक मे हमारी गति वर्तमान के रूप मे आकार लेती है. इसी क्रम मे भाग्य है जिस प्रकार से हमने हमारे कार्य इस जन्म या पूर्व जन्म मे किए है उसका उचित अनुचित परिणाम ही भाग्य का लेखा जोखा है. कई बार यु होता है की विभिन्न परिस्थिति सामने आ जाती है जिसमे कई लाभ हो सकते है लेकिन आखरी वक्त मे वह किन्ही कारणों से हम उस लाभ से वंचित रह जाते है. या फिर एक खुश हाल जिंदगी मे कई प्रकार की समस्याए अचानक ही आ जाती है. तब उद्गार निकलते है की हमारे भाग्य मे ही दोष है. तो आखिर इस भाग्य को कैसे बदला जाए?

भाग्योदय के लिए भी कई विधान दिए जा चुके है लेकिन एक शिष्य के लिए निखिल से सबंधित भाग्योदय साधना का स्थान तो दूसरे विधानों से ऊपर ही रहेगा.

इस साधना के लिए साधक को एक अखंड दीप जलना चाहिए जो की जितने दिन तक साधना चले उतने दिन तक निरंतर प्रज्वलित रहना चाहिए. अगर बीच मे दीपक खंडित हो जाए तो साधक को साधना खंडित मान कर उसे फिर से करना चाहिए

साधक को चाहिए की वह निम्न मंत्र के 60,000 जाप 21 दिन मे पूरे कर ले.

मंत्र :

ॐ निं पूर्ण गुरूवै नमः

साधना को कर लेने पर साधक के चेहरे पर एक नया तेज छा जाता है, जिस परिस्थिति की कामना की जाती है वह परिपूर्ण होती है और साथ ही साथ आगे की साधनाओ के लिए भी सफलता की संभावना को यह साधना बढ़ा देती है. साधक को मन्त्र जप काल मे सदगुरुदेव की उपस्थिति का भान होता ही है. यह साधना से भाग्य कितने भी रूठे हो, भाग्योदय होता ही है.

****

Nikhil Bhagyoday SadhaNa:

Nikhil vaibhav sadhaNa

वैभवशाली जीवन दिलाने में समर्थ एक अद्वितीय साधना साधना

वैभव का अर्थ है की जो कुछ भी हमारी न्यूनता हो उसे हम दूर करे और साथ ही साथ जो भी ऐश्वर्य हमारे पास है उसका हम पूर्ण रूप से लाभ उठा सके. वैभव साधनाओ के बारे मे सदगुरुदेव ने कहा है की अगर हमारे सामने ५० विभिन्न मिठाई हो लेकिन पेट मे दर्द है, मधुमेह है तो क्या फायदा. सुख और ऐश्वर्य की प्राप्ति मात्र से क्या होगा जब तक हमारे पास उसके उपभोग के लिए बल न हो.

भोग , भौतिक जीवन का एक अंग है. भोग है इसी लिए मोक्ष है. इस पक्ष को भी भली भांति समझना चाहिए और उसके लिए ऐश्वर्य के साथ ही साथ वैभव चाहिए. आप एक रेशमी कपडा लाए उसे सिलवाया लेकिन वो जब तक आप धारण ही न कर सके तब तक वह किसी काम का नहीं, अगर आप उसे धारण कर लेते है तो ही आपके उस ऐश्वर्य की सार्थकता है

वैभव से सबंधित इस निखिल साधना को समपन्न करने के लिए साधक को निम्न मंत्र के 11000 जाप 11 दिनों मे करना चाहिए. ताज़ी मिठाई का भोग लगाये तथा साधना के बाद उसे प्रसाद मे ग्रहण करे. साधना के दिनों मे गुरु चिंतन मे लीन रहे

ॐ निं कोषाधिपतये पूर्ण वैभव प्रदायमे नमः

इस साधना से साधक सभी प्रसस्त मार्ग मे विजय प्राप्त कर लेता है और भौतिक जीवन का पूर्ण रूप से उपभोग करता है.

Nikhil VaibhaV sadhaNa:

The true meaning of vaibhava is to remove all the deficiency and with that what so ever amount of the prosperity is there with us, we becomes able to have complete benefit of it. About vaibhav sadhana sadgurudev had told that if we have 50 different sweets infront of us and we have stomach pain, or diabetes then what is the use. What will happen with just gaining prosperity unless you don't have capacity to use that. Bhoga is an important aspect of material life. Moksha is there because bhoga is there. One should understand this side even and for that one needs vaibhava with aishwary. You took a fabric cloth, made a cloth out of it but if you cannot wear there is no use of it, if you can wear it then only your prosperity has a meaning

Nikhil tatv shrisaayujy sadhaNa

निखिल की तत्वशक्ति श्री विद्या साधना

निखिल तत्व के बारे मे लिखने की इस ब्रम्हांड मे सामर्थ्य नहीं है. जिस तत्व से निखिल गति का सञ्चालन करते है, अस्तित्व का बोध करते है वही तत्व शक्ति निखिल तत्व है. उस तत्व को समझने के बाद क्या कुछ बाकी भी रहता है? चाहे वह सदगुरुदेव से सन्देश प्राप्त करना हो या उन्ही के निदर्शन मे साधना करना या फिर सतत निखिलमय बन के जीवन को स्वर्णिम बना देना. फिर कुछ भी तो बाकी नहीं रहता.

हालाकि यह पूर्ण रूप से सन्यस्त साधना है और इसका पूर्ण विधान भी अत्याधिक श्रम साध्य और दुस्कर ही है. निखिल की तत्वशक्ति श्री विद्या है. निखिल तत्व अपने आप मे पूर्ण शिव का परिचारक है जब वह तत्व , शक्ति से गतिशील होता है तो वह शक्ति श्री विद्या के रूप मे सामने आती है. इस देव दुर्लभ साधना का एक लघु विधान सभी भाई बहिनों के मध्य रखना चाहूँगा

इस साधना के लिए साधक का पूर्ण ध्यान व् समर्पण सिर्फ और सिर्फ मात्र सदगुरुदेव निखिल की तरफ होना चाहिए. यह साधना 30 दिनों की है जिसमे हर रोज 11माला मंत्र जाप करना चाहिए, अगर साधक चाहे तो 21 माला मंत्र जाप कर सकता है.

निं पूर्ण सिद्धिं निं श्रीं निखिलेश्वराय नमः

इस साधना का महत्व शब्दों मे नहीं आँका जा सकता सिर्फ इसे महसूस ही किया जा सकता है ठीक कोई मिठास, सुगंध या मनोहर द्रश्य की तरह.

(साधक इन साधनाओ मे से किसी भी साधना को कर सकता है लेकिन इसे क्रम मे करने पर ज्यादा उचित है)

****

Nikhil tatv shree saayujj sadhana:

There is no one capable in the universe to write about Nikhil tatva. The tatva with which Nikhil controls the powers, can form a realization, that tatva power is Nikhil tatva. Is there anything left after understanding that tatva?

अंक विज्ञानं

ज्योंतिष के कितने अधिक आयाम हैं या कितनी अधिक उचाई संभव हो सकती हैं हम कभी समझ ही नहीं पाए , हाँ यह जरुर कर लिया की कुछ किताबे पढ़ कर अपने आपको ही सब कुछ मान कर बैठ गए , सदगुरुदेव ने भी कभी कहा था की वे सोचते थे कि कोई तो इन प्रारंभिक ज्ञान की बाते पढ़ कर उच्चस्तरीय बाते के लिए सामने तो आता और कहता कि हमें उस उच्चता पर जाना हैं पर ,,,,,

साथ ही साथ यदि आप परम गुरुदेव का पत्र जो उन्होंने सदगुरुदेव को लिखा था इसे आप " तांत्रिक सिद्धिया " में पढ़ सकते तब आप समझ पाएंगे की ज्योंतिष विज्ञानं के लिए उनके मन भी कितनी उच्चता रही हैं,

हम इन लेख माला में कुछ ऐसे ही विषयों की ओर आपका ध्यान करवाते रहे हैं, हाँ यह जरुर हैं कि इसे मात्र एक उच्चस्तरीय पाठक और विद्वानों के लिए ही नहीं लिखा जाये बल्कि सामान्य भाई बहिन भी कुछ तो समझ सके ... जान सके , ,,फिर धीरे धीरे इन विषय से सम्बंधित उच्च स्तरीय बाते भी सामने आती ही जाएगी क्योंकि इस पथ पर अभी तो हम प्रारंभिक कदम ही उठा रहे हैं.

और इस विज्ञानं में कदाचित सरल सा लगने वाला विज्ञानं हैं अंक विज्ञानं,,

जो भी बाते मैं लिख रहा हूँ उनको और अच्छे से समझने के लिए आप सदगुरुदेव द्वारा लिखित "अंक दीपिका" और " अंक ज्योतिष" किताबे पढ़ कर अच्छी तरह से आत्मसात कर सकते हैं .

इस विज्ञानं के लिए आपको कोइ ज्यादा उच्चस्तरीय गुणा भाग नहीं करना पड़ता हैं सिर्फ साधारण जोड़ करते बनता हो बस इतना ही अधिक हैं,,,

सदगुरुदेव कि ये किताबे मेरे घर में , मेरे को बाल्य काल में ही मिल गई थी , तब से मेरा शौक हो गया की किसी भी नंबर को देखूं और लग जाता उसे जोड़ने में की यह किसी तरह कि क्या यह अंक किसी त्तरह से मेरे जन्मांक से मिल जाये अब यह जन्मांक क्या हैं? यदि आपकी जन्म तारीख 21 हैं तो 2+1 =3 , या 25 हैं तो 2+5=7 हुयी और 10हैं तो 1+0=1 हुयी या 28 हैं तो 2+8=10=1+0=1 मतलब आपको अपने जन्म तारीख के अंक को तब तक आपस में जोड़ना हैं

जब तक की सिर्फ एक अंक न आये और यही आपका जन्मांक हैं.

और फिर इसे सदगुरुदेव द्वारा लिखित किताब में देखे उसमे सदगुरुदेव कमांक से इस अंक की विशेषताए बताई हैं, पर जब मैं अपने जन्माक की विशेषताए देखी तो लगा की मेरे को दृष्टी गत रख कर ही सारा उस अंक के बारे लिखा गया हैं मुझे बहुत ही आश्चर्जनक लगा ,

अब तो हर दिन मेरे लिए आने नए आश्चर्य जनक चीजे सामने लाता .. मैंने ध्यान से देखा तो पता चला की मुझे जो भी अंक वार्षिक परिक्षा में मिले या जो भी रोल नंबर मिले इन सभी में यह अंक इतनी बार आने लगा की मेरा विस्वास और आकर्षण बढ़ने लगा फिर तो मुझे ट्रेन में बिर्थ नंबर से लेकर जहाँ भी देखों यह अंक में या तो शुभ या अशुभ जो भी होता उसमे वह होता ही था . अब मैंने अब थोडा और गंभीरता से अध्ययन करना चालू किया .

तब पाया की न केबल इन जन्माक का बल्कि जो भी हमारा प्रचलित नाम हैं उसके अंको के वर्णों कुल योग भी बहुत अर्थ रखता हैं वह योग को हमारे जन्माक से मित्रता या फिर मैच करना ही चाहिए ही , पर यह कैसे पता लगाये , इसके लिए उस किताब में एक तालिका .टेबल दी हुयी हैं .

इस टेबल में अंग्रेजी वर्णमाला के हर अक्षर के लिए एक अंक निर्धारित हैं पर अपने नाम के हिसाब से उस से एक एक वर्ण के लिए नंबर चुनते जाए और फिर देखें की क्या उसका टोटल/कुल योग क्या बनता हैं, उस को सदगुरुदेव ने अच्छी तरह से समझाया हैं . और इसे उन्होंने अनेक उदा ह रण दे कर समझाया हैं .और आप यदि उसके हिसाब से अपने नाम कि spelling में परिवर्तन कर अपने जीवन को उच्चता कि तरफ ले जा सकते हैं .

पर इतना होने के बाद भी कई लोगों के मन में यह बात उठेगा की चलिए मेरा जन्मांक का असर तो दिख गया पर क्या यह सब पर यही नियम लागु होगा नही नही कई बार यह नहीं भी संभव होता हैं तब,

तब अंक शस्त्रियों ने एक नयी व्यवस्था दी जिसे संयुक्तांक कहते हैं इसका मतलब आपनी जन्म तारीख + महिना+ वर्ष जोड़ को एक अंक तक ले आये अब देखे कि क्या यह अंक का कुछ अर्थ हैं ...

जैसे 3 nov 1990 = 3+1+1+1+9+9+0=24=2+4=6

या फिर आप केबल अपने जन्म वर्ष का योग करके देखे, अनेको उदाहारण में यह भी पाया गया हैं,

जैसे 1968 =1+9+6+8 =24 = 2+4= 6

और इस तरह से आप वह संयुक्तांक सकते हैं जिसकी भूमिका आपके जीवन में रही हैं , और उस अंक को पाने जिस भी शुभ कार्य में उपयोग करेंगे तो और भी सफलता आपको पास होगी ही . पूज्य सदगुरुदेव की किताबे इस विषय में पढ़े आपको और भी ज्यादा विस्तृत ज्ञान प्राप्त होगा ही .

****

Some point about numerology

There many dimension of astrology and one can get such a height of gyan/divine knowledge can be possible but we can not understand that , yes that what we did that merely reading some books and consider or proclaimed about us that we knew every thing, even once Sadgurudev ji has said that they thought that some one would approach to him for advanced stages gyan of this science and say to him that I want to have perfection but…

In addition to that if you read a letter written by param Gurudev ji to Sadgurudev ji , than you can understand what is the place of this science in his heart ., in this series we will introduce to you some of such a aspect but it Is sure that this will not be always for only scholar and well expert one but also to our common brother /sister who do not have basic knowledge about this science too. than slowly slowly moved to the higher aspect and advanced aspect too.

And in this dimension , may be very simple looking dimension is numerology.

Whatever I am writing here to get more understanding and more aspect you can also read “ank deepika” and “ank jyotish” these two book of Sadgurudev ji

In this numerology , in the beginning you do not need to expert in astrology or in maths , but having knowledge of basic maths like addition will be satisfactory.

Nikhil tatv & shri tatv Most hidden secret revealed first time

इन्हें तो आत्मसात हर शिष्य को करना ही हैं

अपनी जिज्ञासाओं के शमन हेतु बहुदा मैं सदगुरुदेव जी से प्रश्न किया करता था और उनके निर्देशानुसार भिन्न भिन्न सन्यासियों या साधकों के समक्ष अपनी जिज्ञासा के समाधान हेतु प्रश्न रखा करता था। इसी क्रम में जब बात गुरु तत्व या **निखिल तत्व** को आत्मसात करने की आई तो इस हेतु मुझे सदगुरुदेव ने मुझे **सोऽहं स्वामी** जी के पास भेजा,स्वामी जी ने सम्पूर्ण सिद्धियाँ मात्र गुरु साधना के द्वारा ही प्राप्त की हैं और उन्होंने किसी भी साधक के जीवन का चरम लक्ष्य **सिद्धाश्रम** प्रवेश गुरु साधना के द्वारा ही प्राप्त किया है।क्योंकि निखिल तत्व अपने में वृहद अर्थो का समावेश किये हुए है, अतः यहाँ ज्यादा विस्तार में ना जाकर मात्र उतना ही लिखा गया है ,जो की हमारे लिए आवश्यक है,विषय को बिलकुल भी खीचने की कोई कोशिश नहीं की गयी है।

प्र० **निखिल तत्व क्या है,और उसका हमारे लिए क्या महत्त्व है** ?

उ० सृष्टि का सम्पूर्ण विस्तार अर्थात वस्तु,ज्ञान,ब्रम्हांड,तत्व और तेज जिस तत्व में समाहित हो जाये उसे अखिल कहा जाता है और उसी अखिल को अपने में समाहित कर लेने का तत्व या भाव **निखिल** कहलाता है। इस तत्व की प्राप्ति के बाद अज्ञान का पर्दा हटकर ज्ञान का प्रकाश फैल जाता है। और सभी दुखों की निवृत्ति होकर केवल और केवल आनंद का साम्राज्य प्रसारित होता है। अधोगति की समस्त संभावनाएं तिरोहित हो जाती है और रह जाती है तो मात्र उर्ध्व गति। इसे अत्यधिक जटिल शब्दों में भी परिभाषित किया जा सकता है, परन्तु यदि सरल शब्दों में उसे समझना हो तो इससे सरल कुछ और नहीं कहा जा सकता है। क्यूंकि इस तत्व की विवेचना करने में तो समस्त शास्त्र और वेद भी नेति नेति कह उठते है। कहा भी गया है की

"असित गिरी समं स्यात कज्जलं सिंधु पात्रे ----------

---------------------------------- पारं न याति"

इसलिए अर्थ वे ही महत्वपूर्ण होते हैं जिन्हें ह्रदय सहर्ष स्वीकार कर ले।तब भी समझने के लिए एक उदाहरण से इसे समझा जा सकता है :-

द्वापर युग में महाभारत के युद्ध काल में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को अपना ब्रम्हांडीय स्वरुप दिखाया था ,पर उसके पहले वे लगातार गीता का उपदेश देकर उसे प्रेरित करते रहे की तुम युद्ध करो और यही तुम्हारी नियति है इसी नियति को लेकर तुम जन्मे हो। परन्तु अर्जुन कदापि तत्पर नहीं हो पा रहे थे उस मनोभाव को एकाकार करने के लिए ,आखिरकार जब उपदेश से उसका हल नहीं निकल पाया क्यूंकि कई बार शिष्य के मनोमष्तिष्क पर अज्ञान की इतनी धुंध चढ़ी होती है की वो सद्गुरु द्वारा की गयी विवेचना को स्वीकार नहीं कर पाता है

उस अखिल सत्य को अंगीकार नहीं कर पाता है और ऐसी स्थिति में उसका पराजित होना अवश्यम्भावी होता है तो ऐसे में सद्गुरु को अपने निखिल तत्व का समावेश शिष्य में करने के लिए उस पर दिव्य नेत्र जागरण की अद्भुत क्रिया करनी ही पड़ती है ,ठीक वैसा ही जैसा की भगवान श्री कृष्ण के समझाने पर भी जब अर्जुन उनकी गूढ़ बातो को नहीं समझ पा रहा था तो भगवान को अपना विराट रूप दिखाना ही पड़ा।विशेषता इस बात में नहीं थी की अर्जुन ने उस विराट स्वरुप को देखा

अपितु विशेषता ये थी उस युद्ध क्षेत्र में बीच रणभूमि में उसे स्वयं जगद्गुरु से **निखिल-तत्व दर्शन दीक्षा** प्राप्त हुयी ,जिसके बाद उसके मनो मष्तिष्क से संशय-असंशय का भाव ही समाप्त हो गया और वो युद्ध के लिए पूरी तरह तत्पर हो पाया। महाभारत प्रतीक है ये समझाने के लिए की जीवन में बहुत बार जब हम आत्मसम्मान की लड़ाई लड़ रहे होते हैं या ये कहा जाये की अपने अस्तित्व को समझने के लिए हम जूझ रहे होते हैं तब ऐसे में सद्गुरु निरंतर उस युद्ध को जीतने के लिए हमें अपने दिव्य वाक्यों से,विचारों से प्रेरित करते रहते हैं,परन्तु हमारी सामान्य मानव बुद्धि उस विचार को आत्म एकाकार कर ही नहीं पाती और तब ऐसे में पराजय निश्चित ही रहती है।

परन्तु यदि मनुष्य सद्गुरु से निखिल तत्व का ज्ञान प्राप्त कर ले तो इस पराजय को न सिर्फ टाला जा सकता है अपितु जीवन समर में पग पग पर सफलता प्राप्त होती ही है।

प्र० **निखिल तत्व की प्राप्ति कैसे संभव है** ?

उ० सबसे पहले ये समझना आवश्यक है की निखिल तत्व सद्गुरु प्रदत्त दिव्यता की पराकाष्ठा है ,इसके बाद कुछ भी शेष नहीं रह जाता है ,और ये सद्गुरु द्वारा करुणा के वशीभूत प्रदान किया गया वो प्रज्ञा तत्व होता है जो शिष्य को सम्पूर्ण भावों के मध्य ,सभी परिस्थितियों में स्थिरप्रज्ञता प्रदान कर देती है,तब ऐसे में उस शिष्य के ना सिर्फ दिव्य नेत्र ही जाग्रत हो जाते हैं ,अपितु भाव नेत्र,ज्ञान नेत्र और प्रेम नेत्र भी पूरी तरह खुल जाते हैं,तब प्रकृति का कोई रहस्य उससे छुपा हुआ नहीं रह सकता।

क्योंकि प्रत्येक नेत्र की अपनी एक विशेषता होती है,जैसे सामान्य भौतिक नेत्रों से हम प्रकृति की दिव्यता का अवलोकन नहीं कर सकते हैं ठीक वैसे ही दिव्य नेत्रों से हम भौतिक जगत और भाव जगत को नहीं देख सकते हैं। भाव नेत्र की अपनी विशेषता होती है ,ज्ञान नेत्र की अपनी और प्रेम नेत्र की अपनी। पर ये भी सत्य है की मात्र सद्गुरु के चरणों का आश्रय लेकर ही इन साधनाओं, विधियों और क्रियाओं की प्राप्ति की जा सकती है।

क्यूंकि इस तत्व को कोई आडम्बरी या स्वयं भ्रमित रहने वाला पाखंडी प्रदान कर ही नहीं सकता, और ये सत्य है की जिसके खुद के आत्मा रुपी दीपक में ज्ञान का तेल नहीं है वो भला कैसे किसी और को प्रकाशित कर सकता है। जिसे सत्य को देखने और सुनने के लिए किसी और की जरुरत होती है वो भला कैसे आपको सत्य से परिचित करवा सकता है, जो खुद भ्रमित हो, राग द्वेष से भरा हुआ हो भला वो औरों को कैसे मार्ग पर ला सकता है, जिसके खुद के पास निखिल प्रज्ञा नहीं हो वो किसी और को निखिल तत्व दे ही नहीं सकता।

नवचक्र तंत्र में कहा गया है की "**जो पिंड,पद,रूप और रूपातीत को सम्यक रूप से जानता है,वही गुरु हो सकता है**"। अर्थात पूर्ण और शुद्धतम ज्ञान ही गुरु का लक्षण है। **मालिनी तंत्र** में भी कहा गया है की मुमुक्ष के लिए स्वभ्यस्त गुरु ही श्रेष्ट है अर्थात जिसने खुद अभ्यास न किया हो वो आपको कैसे कुछ प्रदान कर सकता है। **तांत्रिक मतानुसार सद्गुरु मात्र ही परमशिव होते हैं अन्य नहीं।** अतः निखिल तत्व रुपीये प्रज्ञा शिष्य को स्वयं वो परब्रह्म ,वो प्रकृति पुरुष ही दे सकता है ,शिष्य के जीवन का सौभाग्य ही होता है की उसे सद्गुरु की प्राप्ति होती है और उनके चरणों का सहारा लेकर वो उस परम तत्व निखिल तत्व को आत्म एकाकार कर सकता है।

केवल वे सद्गुरु ही अनुग्रह कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में ये सामान्य घटना नहीं हो सकती है। शिष्य की विशेषता मात्र ये होनी चाहिए की वो पूर्ण आत्म-अनुसन्धान के मार्ग पर चलने के लिए तत्पर हो फिर स्वयं वो निखिल ही अपने तत्व को उसे प्रदान करते ही हैं। योग भाष्य में कहा भी गया है की –

"तस्य आत्मानुग्रहाभावे: अपि भुतानुग्रहः प्रयोजनं।

ज्ञान धर्मोपदेशेन कल्पप्रलय महाप्रलयेषु संसरिणः पुरुषां उद्धरिष्यामीति॥"

अर्थात उस परब्रह्म का अपना कोई प्रयोजन न होने पर भी कल्प प्रलय और महाप्रलय में अनुग्रह योग्य जीवों को अपने उपदेशों एवं क्रिया द्वारा ज्ञान एवं धर्म तत्व प्रदान कर उस परम सत्य की प्राप्ति करवाना ही उसका उद्देश्य है। ये परब्रह्म ही निखिल है अनादि गुरुतत्व है और सृष्टि के प्रारंभ से निखिलेश्वर रूप में शिष्यों और साधकों को निरंतर आनंद प्रदान कर श्री **निखिलेश्वरानंद** कहलाते हैं। जो स्वयं ही निखिल हो वही निखिल तत्व की प्राप्ति करवा सकता है।

निखिल तत्व प्राप्त साधक के लिए तंत्र के तीनों भावों और सातों आचारों की साधना पद्धति का रहस्य स्पष्ट हो जाता है।

आज बहुतेरे को तो ये भी पता नहीं होता है की आखिर ये भाव क्या होते हैं ,परन्तु साधक के लिए ये भाव ज्ञान होना अति आवश्यक है। क्यूंकि तभी सृष्टि की आदि शक्ति और परम सौभाग्य की दात्री **श्री साधना** के लिए आपकी योग्यता अनुसार भाव आपको सद्गुरु प्रदान करते हैं।

वस्तुतः निखिल तत्व और श्री को विभक्त किया ही नहीं जा सकता ये परस्पर एक दुसरे से गुंथे हुए हैं।निखिल तत्व प्राप्त किये बगैर श्री विद्या के रहस्य को साधक आत्म सात कर ही नहीं सकता।

जीवन में यदि पूर्णता पानी है तो ये दोनों ही सूत्र आत्मसात होने ही चाहिए। खैर वे भावत्रय हैं

दिव्य भाव

वीर भाव

पशु भाव

और सात आचार हैं:-

वेदाचार

वैष्णवाचार

शैवाचार

दक्षिणाचार

वामाचार

सिद्धान्ताचार

कौलाचार

इन्ही भाव और आचारों पर तंत्र व साधना की सभी पद्धतियाँ निर्धारित होती हैं, सभी पंथ और संप्रदाय इन्ही पर आधारित होते हैं।

प्र० यहाँ श्री से क्या तात्पर्य है?

उ० इसके लिए सबसे पहले श्री का अर्थ समझना होगा ,समग्र संसार माया से ही उद्भव होता है मलिन संसार अशुद्ध माया से उत्पन्न है और उसका प्रधान गुण आसक्ति ,दु:ख, निराशा,अविद्या और विनाश है।इन्ही दुर्गुणों का जब विनाश जिस ज्ञान से होता है उसे श्री कहा जाता है।अर्थात मलिन माया का विनाश करने पर जिस शक्ति की साकरता चंहु और दिखती है उसे ही जगत पालनकर्ता श्रीमन नारायण की शक्ति महामाया कहा जाता है।

श्री साधना की शक्ति से ही साधक इन महामाया के प्रभाव से मुक्त होकर अपना अभीष्ट लक्ष्य पा सकता है। तब कुछ भी दुर्भग्य नहीं होता है ,सब कुछ सौभाग्य में परिवर्तित हो जाता है। तब लक्ष्मी भी मात्र चंचला लक्ष्मी नहीं होती है अपितु श्री युक्त होने के कारण वो कल्याणकारी व स्थिर भी हो जाती हैं। और इसी श्री विद्या का सायुज्यीकरण निखिल तत्व से करने पर ब्रम्हांडीय रहस्यों पर छाया अशुद्ध माया का तिमिर अंधकार पर्दा हट जाता है और सब कुछ स्पष्ट दृष्टिगोचर होने लगता है।

प्र० **निखिल तत्व प्राप्ति का क्या क्रम होता है** ?

उ० वस्तुतः निखिल तत्व प्राप्ति की ये एक ही साधना होती है जो की **सिद्धाश्रम प्रणीत** हैं और उच्च कोटि के साधक,सिद्ध इसे संपन्न करते ही हैं ताकि वे निखिल तत्व को पूरी तरह से आत्मसात कर सके और उन प्रकृति रहस्यों से परिचित हो सके जो की आगामी हैं दुर्लभ और अप्राप्य हैं। और इस निखिल तत्व प्राप्ति साधना के ३ चरण होते हैं।

कभी सदगुरुदेव ने स्वयं ही इसके समस्त चरणों को अलग अलग समय पर समझाया था ।इन साधनाओं की सबसे बड़ी विशेषता यही है की इसमें किसी भी प्रकार का आडम्बर नहीं होता है और न ही ये मंत्र कीलित ही होते हैं, प्रकृति स्वयं ही इनका उत्कीलन कर देती है। और यदि साधक पूर्ण स्थिरचित्त होकर इन मन्त्रों का जप करता है तो उसे मनोवांछित सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है।

१-**पूर्ण निखिलेश्वरानन्द प्रत्यक्ष तत्व सिद्धि साधना**- इस साधना के द्वारा साधक सीधे ही सदगुरुदेव द्वारा अभीष्ट दीक्षा की प्राप्ति करता है। उसकी एकाग्रता की गहनता उसे ध्यानावस्था में या स्वप्न में अभीष्ट दीक्षा सदगुरुदेव द्वारा प्राप्त करवाती ही है , और वो निखिल तत्व युक्त होता ही है ।जो किसी भी काल की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

२- **पूर्ण शक्तिपात सिद्धि साधना** - इस साधना के द्वारा साधक ने पूर्व जीवन,पूर्व काल में जो भी दीक्षा ली हो उन शक्ति को तो पूर्ण रूपें प्राप्त करता ही है साथ ही साथ वर्तमान में भी दिव्य सिद्धों के द्वारा जो शक्तिपात उस पर परोक्ष या अपरोक्ष रूप से होते हैं ,उन्हें भी वो संगृहीत कर प्रयोग कर पाने में समर्थ हो पाता है।

३-**अद्वितीय ब्रम्हत्व गुरु साधना** – सदगुरुदेव के पूर्ण विराट रूप के दर्शन और उनका आत्म एकाकार करने के लिए तृतीय और अंतिम चरण जिसके बाद कुछ और एक शिष्य के लिए बाकि नहीं रह जाता है।

ठीक इसी प्रकार **श्री साधना** की सम्पूर्णता दो चरणों से होती है :-

१- **निखिल तत्व सायुज्य भगवती राज राजेश्वरी साधना**- जीवन की आधारभूत साधना ,जिसके द्वारा अभीष्ट सफलता पाता हुआ साधक पूर्ण श्रीयुक्त जीवन प्राप्त कर पाता है।

२- **श्री प्राप्ति हेतु महानिशा साधना के ५ प्रयोग** – दीपावली की इतनी महत्ता क्यूँ है और इसके पांचो दिन कौन से विधान किये जाते हैं की जिससे एक पूर्ण क्रम होता है,आयु,आरोग्य,रक्षा,धन और अभीष्ट प्राप्ति का।

===

Q.**What is Nikhil Tatva, and whats its importance to us?**

A.The Creation's enlargement i.e. substance, knowledge, universe, real state and energy or spiritcomprised in the state called Akhil (Whole). And the same Akhil when comprises in the essence or notion is Known as **"Nikhil"**... After realizing such type of state the layer of lack of knowledge gets clear and light of knowledge is blowout everywhere.. And then after getting relieved with all pains and grieves only happiness remains in life….

All possibilities of degradation gets concealed and if something remains is only and only advancement personal growth. Well this can be defined in difficult words, but if it would have been fathom properly then besides such easy word no other words can be expressed more. And whatever had been explained above is in the simplest form. Because whenever explanations regarding this topic have been taken, even all Shastras and Vedas found helpless to put in easy words. Even this has been said, -

" Asit giri samam syaat kajjal sindhu paatre……..

……………………………………Paaram na Yaati"

Therefore only such Connotation is important which is easily acceptable by heart. Still this can be explained by one example:-

In Dwapar Yug Mahabharata, while the time of war, God Krishna had shown the (Bhrahmaandiya) universal form to Arjun, but before showing such form he always insisted him to do war by indicating Bhagvad Gita's divine thoughts and that's your fortune. And you are born with this destiny only. But Arjun was reluctant to imbibe this truth.

Ultimately after all such indication he failed to understood what Krishna wants to tell him because sometimes it happens when Sadguru himself tells truth but still shishya is not ready to imbibe it because of blurredness. In resultant he dont even noticed that the fact which he had been denied is told by his own Sadguru. In such situation he is bound to face defeat and So in such circumstances Sadguru penetrate his Nikhil tatva in Shishya.

For doing such tedious procedure Sadguru does the Divya Netra Jaagran wonderful activity exactly as Arjun when he found incapable to grasp the secret knowledge told by Lord Krishna so Lord Krishna had to express his Viraat swarup (Universal form) for him.

Purn nikhileshwaranand Prtyksh tatv siddhi sadhana

अब हमारे प्राणाधार पूज्य सदगुरुदेव दूर कहाँ ...

जीवन में कई बार मन बैचेन हो जाता है ये सोच कर की काश हमने सदगुरुदेव को देखा होता ,उनका साक्षात् किया होता ,उनसे शक्तिपात और दीक्षा पाई होती ,पर आज ये कहाँ संभव है ??

पर सत्य इससे बिलकुल विपरीत है। मुझे याद है की जब सदगुरुदेव ने ये उद्घोष दिया था की "**आने वाली पीढियाँ याद करेंगी की तुमने निखिलेश्वरानंद को देखा है**" और ये कोई सामान्य उद्घोष नहीं था, अपितु इसके पीछे उनके मन की पीढा भी थी, वे कालदृष्टा थे जिनके लिए भूत,वर्तमान,भविष्य कुछ भी अगोचर या छिपा हुआ नहीं था ,और इससे भी बड़ी बात ये थी की वे दूरदृष्टा थे जिन्होंने अपनी सभी योजनाये अपने जीवन में ही क्रियान्वित कर दी थी ,जिस के कारण सभी शिष्यों को उनका साहचर्य निरंतर प्राप्त होता रहे।

कितनी विचित्र बात है ना की हम तब ये विश्वास करते थे की सदगुरुदेव नित्य प्रति शिष्यों को दिशा निर्देश दिया करते हैं। परन्तु आज स्थिति बदल गयी है ,आज हमारी श्रृद्धा की डोर इतनी कमजोर हो गयी है की हमारा कुतर्की मन कदापि ये मानने के लिए तैयार नहीं होता है की सदगुरुदेव हमसे संपर्क करेंगे, या हमें साधना या जीवन सम्बन्धी दिशा निर्देश देंगे। इतने कमजोर विश्वास पर तो हमारा साधना जीवन टिका हुआ है।मैं यहाँ किसी तत्व विवेचना की बात ही नहीं कर रहा हूँ।

कोई गूढ़ ज्ञान की चर्चा नहीं कर रहा हूँ। यदि यहाँ कुछ बता रहा हूँ तो वो मात्र उन शिष्यों की पीड़ाएँ हैं जिन्होंने उस परमगुरु ,उस परम सिद्ध योगेश्वर के साहचर्य लाभ की अभिलाषा में ना जाने कितनी रात तकिये में मुँह छिपाए रोते हुए बिताए हैं, असंख्य रात्रि तकिये के कपड़ो पर आंसुओं से सदगुरुदेव की आकृति उकेरते रहे ।पर क्या किसी ने उनकी पीड़ा समझी ,नहीं ना।

क्या ये सब असंभव है ??

कदापि नहीं बहुतेरे साधक इस बात के गवाह हैं की सदगुरुदेव ने भावावस्था, ध्यानावस्था या स्वप्नावस्था में आकार उन्हें उनकी जिज्ञासाओं का समाधान दिया या उनकी इप्सित दीक्षा प्रदान कर उन पर अपने अनुग्रह की अजस्र वर्षा की। तंत्र की सम्भावना असीम है ,जहाँ से मानवीय सोच की सीमा समाप्त होती है वहाँ से तंत्र का आरंभ होता है।

सदगुरुदेव ने अपने गृहस्थ जीवन में ही इन सूत्रों को अपने शिष्यों को प्रदान कर दिया था और वे सदैव कहते थे की मेरे शिष्य मेरे ज्ञान की पूँजी को सदैव संभाले रहेंगे।

मेरा ज्ञान वास्तविक तौर पर सदैव इनके साथ रहेगा ,क्योंकि इनका मेरी भौतिक संपत्ति से कोई लेना देना नहीं है अपितु इन्हें मेरे ज्ञान की प्यास है, और मैं इन्हें दीपक नहीं अपितु हीरक खंड और सूर्य बनाने के लिए ही सिद्धाश्रम से आया हूँ। बहुत बार जब वे किसी दीक्षा का विवरण देते थे तो साथ ही ये भी कह देते थे की मेरे अतिरिक्त इस पूरे ब्रह्माण्ड में ये ज्ञान तुम्हे कोई और नहीं दे सकता है और इसके आगे का क्रम तो कदापि कदापि किसी और को ज्ञात होगा ही नहीं।

राजयोग,राज्याभिषेक, सम्राटाभिषेक , पट्टाभिषेक के बाद कहाँ गया इसका अगला क्रम जिसे सिद्ध योगी "**ब्रम्हांड पार्श्विकरण दीक्षा**" के नाम से जानते हैं। कहाँ गयी "**पूर्णाभिषेक दीक्षा**" प्रदान करने का वो विधान जिसे पाने के लिए प्रत्येक साधक लालायित रहता है।

आज तो रसेश्वरी दीक्षा के लिए भी यही सुनने को मिलता है की "**सब सोना बनाना चाहते हैं**" अरे सोना बनेगा तो तब जब उस साधक को उसका विधान ज्ञात हो। क्या रसेश्वरी दीक्षा का इतना ही महत्त्व है जबकि **रसेश्वरी दीक्षा** जीवन और भाग्य को हीरक कलम से लिखने की क्रिया है जिसके विविध आयाम हैं।

"**पंचमहाभूत दीक्षा**" को कपोल कल्पना करार दे दिया गया है जबकि और भी कई **दुर्लभ दीक्षाओं का विधान सदगुरुदेव की ओजस्वी और दिव्य वाणी में आज भी मेरे और कई वरिष्ट गुरु भाइयों के पास सुरक्षित है**। और जो जब कहे मैं तब सुना सकता हूँ , **रिकार्डिंग तब भी होती थी** , अरे दीक्षा आप ही देंगे , क्योंकि आप को ही नियुक्त किया है , हमें नहीं।

पर जब इसके बाद भी शिष्य को मात्र भजन और नृत्य मिले तो साधक का जीवन कैसे प्रगति करेगा। कोई साधनात्मक उन्नति नहीं , तब मात्र सदगुरुदेव का आश्रय लेना ही श्रेष्ट होता है। और आज भी सदगुरुदेव द्वारा प्रदत्त "**गुरु आहूत मन्त्र**" उतना ही प्रभावी है जितना तब।

जो परमहंस होते हैं वे रिश्तों में नहीं अपितु अपने शिष्यों के कल्याण चिंतन में सदैव व्यस्त रहते हैं। इसके लिए उन्हें मात्र पूर्ण आग्रह युक्त हृदय चाहिए होता है और कुछ की आवशयकता कदापि नहीं होती। तंत्र के कई ऐसे विधान उन्होंने अपने शिष्यों को प्रदान किये हैं जिनका प्रयोग कर शिष्य आज भी सीधे उन्ही से मनोवांछित दीक्षा पूर्ण आग्रह के साथ प्राप्त कर सकता है।

सामान्य अवस्था में स्वप्नावस्था या ध्यानावस्था में ये दीक्षाएं या समाधान प्राप्त होते हैं ,जो की सामान्य घटना कभी नहीं कही जा सकती है क्यूंकि आप लाख किसी भी इष्ट की उपासना करे तब भी वो देवी देवता या शक्ति आपके स्वप्न में नहीं आएगी क्यूंकि **अचेतन मन परा तत्व को पकड़ ही नहीं सकता , ये तभी हो सकता है जब आप का मन पूर्ण चैतन्य हो आर आपकी प्रज्ञा का योग आपके इष्ट की या सद्गुरु की प्रज्ञा से हो गया हो।**

परन्तु स्वप्न मात्र में नहीं अपितु अति उच्च अवस्था में यदि सतत मन्त्र का प्रयोग किया जाये तो निश्चित ही सूक्ष्म शरीर के द्वारा या प्रत्यक्ष भी शक्तिपात रुपी असीम अनुग्रह प्राप्त हो जाता है।

साबर महाविशेषांक में सदगुरुदेव आवाहन और दर्शन मंत्र का विवरण दिया गया है, जिसका लाभ बहुत से साधकों ने उसे प्रायोगिक रूप से करके उठाया है। हम जो भी प्रयोग तंत्र-कौमुदी में देते हैं वे अनुभूत या सदगुरुदेव द्वारा प्रदत्त होते हैं। जिन्हें निसंकोच आप प्रयोग करके लाभ उठा सकते हैं। आलोचना का दृष्टिकोण अपनी जगह सही है परन्तु वो तभी ठीक है जब पहले विषय वस्तु को परख लिया गया हो, अन्यथा कुतर्क का कोई जवाब नहीं है। आज अपने कलेजे में छिपाए हुए उसी प्रयोग को मैं आप सभी के सामने दे रहा हूँ, जिसका लाभ मेरे समेत बहुत से वरिष्ट गृहस्थ और सन्यासी भाइयों और बहनों ने लिया है।

ये साधना २१ दिनों की है और पूर्ण पवित्रता के साथ इस साधना को संपन्न किया जाता है, सामग्री के नाम पर सदगुरुदेव का तेजस्वी चित्र ही अनिवार्य है और एक स्फटिक माला तथा ५ पंचमुखी रुद्राक्ष की आवशयकता होती है। साधना के पहले गुरु मंत्र का सवालाख जप अवश्य कर ले तत्पश्चात ही इस दिव्य साधना में अग्रसर हो। पवित्रता अनिवार्य है।

नित्य ब्रह्ममुहूर्त में इस साधना को संपन्न किया जाता है इसमें दो दिव्य मन्त्रों का प्रयोग किया जाता है। हाँ ध्यान रखने योग्य बात है की साधक एक समय शुद्ध सात्विक भोजन करे और पूर्ण मानसिक शारीरिक ब्रह्मचर्य का पालन करे, ये कभी ना भूले की ये कोई सामान्य साधना नहीं है अपितु जीवन परिवर्तित करने वाली उस परम पुरुष की जगद्गुरु की साधना है ,उन्हें रोम रोम में आत्म-एकाकार करने की साधना है।

श्वेत वस्त्र धारण कर शुक्ल पक्ष के किसी भी गुरूवार को ब्रह्ममुहूर्त में उत्तराभिमुख अपने सामने बाजोट पर सदगुरुदेव का चित्र स्थापित कर ले ,इसके सामने अष्टगंध से एक वृत्त बना ले और उस वृत्त की रेखाओं पर पञ्च अक्षत की छोटी छोटी ढेरियाँ बना दें,और उस वृत्त के मध्य में ॐलिख दें ,उन ढेरियों पर एक एक रुद्राक्ष स्थापित कर दें। जहाँ ॐलिखा है वहाँ गुरु पादुका या गुरु यन्त्र स्थापित कर दें। इस गोले के और गुरु चित्र के मध्य घी का दीपक स्थापित कर दें। और पूर्ण विधान से सदगुरुदेव के चित्र और यन्त्र का पूजन करे।तथा उन रुद्राक्षों पर एक एक करके –

ॐगुरुभ्यो नमः

ॐनिखिलेश्वरानंद गुरुभ्यो नमः

ॐपरम गुरुभ्यो नमः

ॐपरात्पर गुरुभ्यो नमः

ॐपारमेष्टि गुरुभ्यो नमः

मंत्र का उच्चारण करके अक्षत,पुष्प,धुप ,दीप तथा नैवेद्य समर्पित करे I ये ५ ढेरियाँ और रुद्राक्ष पञ्च परम गुरु शक्ति की प्रतीक हैं I इसके बाद निम्न दिव्य मन्त्र की १६ माला पारद माला या स्फटिक माला से जप करे –

निखिलेश्वरानंद सिद्धि मन्त्र-

ॐ निं निखिलेश्वराय सिद्धिम् देहि देहि निं ॐ

तत्पश्चात निखिल प्राणश्चेतना मंत्र का १ माला जप करे-

निखिल प्राणश्चेतना मंत्र-

ॐ पूर्वाह सतां सः श्रिये दीर्घो येताः वदाम्यै स रुद्रः स ब्रम्ह स रुद्रये स चैतन्य आदित्याय रुद्राः वृषभो पूर्णाह समस्ते: मूलाधारे तु सहस्त्रारे, सहस्त्रारे तु मूलाधारे समस्त रोम प्रतिरोम चैतन्य जाग्रय उत्तिष्ठ प्राणतः दीर्घतः एत्तन्य दीर्घाम भू: लोक,भुवः लोक,स्वः लोक,मह लोक,जन लोक,तप लोक,सत्यम लोक ,मम शरीरे सप्त लोक जाग्रय उत्तिष्ठ चैतन्य कुण्डलिनी सहस्त्रार जाग्रय ब्रम्ह स्वरुप दर्शय दर्शय जाग्रय जाग्रय चैतन्य चैतन्य त्वं ज्ञान दृष्टिः दिव्य दृष्टिः चैतन्य दृष्टिः पूर्ण दृष्टिः ब्रह्मांड दृष्टिः लोक दृष्टिः अभिर्विहृदये दृष्टिः त्वं पूर्ण ब्रम्ह दृष्टिः प्राप्त्यर्थम,सर्वलोक गमनार्थे,सर्व लोक दर्शय ,सर्व ज्ञान स्थापय, सर्व चैतन्य स्थापय,सर्वप्राण,अपान,उत्थान,स्वपान,देहपान,जठराग्नि,दावाग्नि,वडवाग्नि,सत्याग्नि,प्रणवाग्नि ,ब्रह्माग्नि,इन्द्राग्नि,अकस्माताग्नि,समस्तअग्निः,मम शरीरे,सर्व पाप रोग दुःख दारिद्रय कष्ट पीड़ा नाशय - नाशय सर्व सुख सौभाग्य चैतन्य जाग्रय,ब्रम्ह स्वरुप स्वामी परमहंस निखिलेश्वरानंद शिष्यत्व,स-गौरव,स-प्राण,स-चैतन्य,स–व्याघ्रतः,स-दीप्यत,स-चंद्रोम,स-आदित्याय,समस्त ब्रम्हांड विचरणे जाग्रय,समस्त ब्रम्हांडे दर्शय जाग्रय, त्वं गुरुत्वं ,त्वं ब्रह्मा, त्वं विष्णु,त्वं शिवोहं,त्वं सूर्य,त्वं इन्द्र, त्वं वरुण, त्वं यक्ष,त्वं यमः,त्वं ब्रह्मांडो, ब्रह्मांडो त्वं मम शरीरे पूर्णत्व चैतन्य जाग्रय उत्तिष्ठ उत्तिष्ठ पूर्णत्व जाग्रय पूर्णत्व जाग्रय पूर्णत्व जाग्रयामि ||

इसके बाद पुनः निखिलेश्वरानंद सिद्धि मन्त्र की १६ माला जप करे तब जाकर ये क्रम पूर्ण होता है I यही क्रम सम्पूर्ण साधना काल में रहेगा और रही बात इस दिव्य साधना की तो आप जिस भी समाधान या दीक्षा की अभिलाषा रखते हैं , उसकी प्राप्ति स्वतः ही आपको प्रभाव दर्शा देगी I ये साधना एक अचूक सजगता और समर्पण का भाव साधक में व्याप्त कर देती है ,जिसके प्रभाव से साधक के चारो प्राण जाग्रत हो जाते हैं और वो सरलता से अपने प्राणाधार सदगुरुदेव के दर्शन कर सकता है और उनसे सीधे ही समाधान प्राप्त कर लेता है I

Purn shaktiPaat siddhi sadhana

कैसे संचित रखे यह जीवन की सबसे अनमोल सदगुरुदेव कृपा

जब शिष्य जिज्ञासु बनकर अपने अज्ञान की निवृत्ति हेतु श्री सद्गुरु के चरणों में निवेदन ज्ञापित करता है , तब उसके निवेदन को स्वीकार कर अज्ञान रुपी अन्धकार का नाश करने के लिए सद्गुरु उसे ज्ञान का उपदेश देते हैं। वस्तुतः ये ज्ञान कभी सामान्य होता ही नहीं है ,क्योंकि ज्ञान की प्राप्ति के बाद ही मनुष्य अपने कर्म फलों को नष्ट करने का भाव और पराक्रम प्राप्त कर पाता है ,ज्ञानाग्नि ही प्रदीप्त होकर शिष्य के लिए शक्तिपात की भूमि तैयार करती है।

इसे यो समझा जा सकता है की किसान को बीजारोपण के पूर्व भूमि की उर्वरा क्षमता बढ़ाने के लिए भूमि को जोतना पड़ता है ।तत्पश्चात ही बीज का अंकुरण हो पाता है। ठीक वैसे ही बीज में छुपा हुआ ज्ञान का वृक्ष जो आचार विचार में पूर्ण प्रभाव के साथ हमारे व्यक्तित्व में ही आ जाये। सद्गुरु अपने तपः उर्जा के द्वारा अपने संचयित ब्रम्हांडीय ज्ञान को शिष्य में अपनी करुणा के वशीभूत होकर उड़ेल देते हैं, अर्थात बीज रोपण कर देते हैं,जिसके बाद शिष्य मात्र मन्त्र जप का आश्रय लेता है और उसे निर्दिष्ट या अभीष्ट ज्ञान की प्राप्ति होते जाती है।

शक्तिपात के तीन प्रकार होते हैं-

मंद

मध्यम

तीव्र

इनके नाम पर जाने की कदापि आवशयकता नहीं है (क्यूंकि इन भेदों के भी ३-३ उपभेद हैं, और जिनकी चर्चा करना यहाँ हमारा वर्तमानिक उद्देश्य तो कदापि नहीं है, वो गूढ़ चर्चा फिर कभी और करेंगे),अपितु ये समझना कही ज्यादा महत्वपूर्ण होगा की शक्तिपात कर्मफल रुपी मल को हटाकर ज्ञान का बीजारोपण करने की क्रिया है। अर्थात हमारे कर्मों का जितना गहरा प्रभाव आवरण बनकर हमारे चित्त या आत्मा पर होता है सद्गुरु को उतनी ही तीव्रता का प्रयोग करना पड़ता है ,दोष निवारण हेतु उतना अधिक अपना तप प्रयोग करना पड़ता है।

और ये क्रिया तब तो अवश्यम्भावी हो ही जाती है ,जब शिष्य गुरु द्वारा प्रदत्त ज्ञानवाणी के भावार्थ को नहीं समझ पा रहा हो और उसका मन संशय से मुक्त नहीं हो रहा हो I तब ऐसे में समर्थ गुरु अपने ज्ञान को सीधे ही अपनी दृष्टि,वाणी या स्पर्श द्वारा शिष्य के भीतर उतर देते हैं जिससे कर्म फल के परिणाम स्वरुप बाह्य नेत्रो और बहिर्मन के ऊपर पड़ी अज्ञान की पट्टी भस्मीभूत हो जाती है ,और उसका साक्षात्कार उस सत्य से हो जाता है,

जो सत्य सद्गुरु द्वारा दिग्दर्शन कराया जा रहा हो। आज हम श्री मद भागवद गीता को कर्म की और प्रेरित करने वाला ग्रन्थ मानते हैं, परन्तु उसे पूरा सुनने के बाद भी क्या अर्जुन उसका भावार्थ समझ पाया ? क्या वो युद्ध के लिए तत्पर हो पाया? नहीं क्योंकि उसे तब ये ज्ञान नहीं था की जो सामने रथ पर खड़े हैं वो सामान्य सारथि या मित्र ही नहीं हैं अपितु ऐसे जगद्गुरु हैं जिनकी वंदना सम्पूर्ण ब्रम्हांड करता है। उसे गीता के उन दिव्य वाक्यों में छुपे अर्थ समझ ही नहीं आ रहे थे I वस्तुतः जितने भी शास्त्र या तंत्र ग्रन्थ रचे गए हैं वे तीन ही प्रकार के श्लोकों में रचे जाते हैं।

अभिधा

लक्षणा

व्यंजना

और सामान्य साधक या शिष्य के लिए इन श्लोकों के मर्म को समझना अत्यधिक दुष्कर है I तब अर्जुन भी इस मर्म को नहीं समझ पा रहे थे और तब कोई और चारा न देख कर कृष्ण जी को शक्तिपात की क्रिया करनी ही पड़ी और जो बाते लगातार समझाने के बाद ह्रदय में नहीं उतर पा रही थी वो शक्तिपात से सहज ही संपन्न हो गयी। उसके बाद जो हुआ वो हम सभी जानते ही हैं I

पर क्या मात्र शक्तिपात होने से ही साधक का अभीष्ट प्राप्त हो जाता है , नहीं वस्तुतः शक्तिपात की प्राप्ति के बाद भी साधक का जीवन पवित्रता युक्त नहीं होता है और वो नित्य प्रति की जिंदगी में मिथ्याचार, अशुद्ध भोजन और मलिन भाव से युक्त होता ही है और तब ऐसे में सद्गुरु ने जो शक्तिपात आपको प्रदान किया है वो आपके कर्मों के कारण क्षीण होते जाता है ,जैसे मिटटी के मटके में असंख्य महीन छिद्र होते हैं और जब हम उसे जल से पूरित कर देते हैं तो थोड़े समय बाद वो मटका धीरे धीरे रिक्त होते जाता है I

अर्थात उसमे जल लगातार नहीं पड़ेगा तो एक समय बाद वो पूरी तरह सूख ही जायेगा I साधक को भी शक्तिपात की प्राप्ति के बाद संयमित जीवन और साधना का नित्य प्रति सहारा लेना पड़ता है यदि वो ऐसा नहीं करता है तो ऐसे में उसे प्राप्त शक्तिपात भी धीरे धीरे सुप्त हो जाता है I और ये भी सत्य है की हम पर शक्तिपात की प्रक्रिया ब्रम्हांडीय शक्तियों द्वारा सृष्टि के आरंभ से ही हो रही है और आज भी होती है परन्तु ये इतनी मंद और सूक्ष्म होती है की हमें इसका अनुभव किंचित मात्र भी नहीं हो पाता है।

इसलिए यदि शक्तिपात के प्रभाव को निरंतर शरीर और आत्मा में संजो कर रखना है तो सदगुरुदेव प्रदत्त **शक्तिपात सिद्धि साधना** संपन्न करनी ही पड़ेगी ।इसके बाद आप उन सभी शक्तिपात के प्रभाव को आत्मस्थित कर पाएंगे जो पूर्व में आप पर हुए हैं या नित्य प्रति सिद्धाश्रम के महायोगियों द्वारा हम पर सूक्ष्म रूप से किये जाते हैं। ये एक अद्भुत और गोपनीय विधान है , जो सहज प्राप्य नहीं है।

किसी भी सोमवार से इस साधना को ब्रह्म मुहूर्त में प्रारंभ किया जा सकता है ।वस्त्र व आसन श्वेत होंगे ,पूर्ण शुद्ध होकर आसन पर बैठ जाये और सामने बाजोट रखकर उस पर रेशमी सफ़ेद वस्त्र बिछाकर उस पर अष्टगंध से निम्नांकित यंत्र उत्कीर्ण करके उस यंत्र के मध्य में अक्षत की ढेरी बनाकर उस पर घृत का दीपक स्थापित करे, तथा यन्त्र के पीछे गुरु चित्र तथा यन्त्र के सामने गुरु पादुका या गुरु यन्त्र स्थापित करे।

तत्पश्चातहाथ में जल लेकर सदगुरुदेव से प्रार्थना करे की “**हे सदगुरुदेव पूर्व जीवन से वर्तमान तक जिस भी दीक्षा शक्ति का आपने मुझमे संचार किया हैवे सदैव सदैव के लिए मुझमे अक्षुण हो सके इस निमित्त मैं ये दुर्लभ साधना कर रहा हूँ,आप अपनी अनुमति और आशीर्वाद प्रदान करें**” तथा **गुरु चित्र** और यदि **गुरु पादुका या गुरु यन्त्र** हो तो उन का दैनिक साधना विधि में दिए गए विधान अनुसार (या पंचोपचार विधि से) गुरु पूजन करे ।पंचोपचार पूजन के विषय में पूर्व अंकों में बताया जा चूका है। इसके बाद **नवीन स्फटिक माला** से **१६ माला गुरु मंत्र** की तथा **२४ माला पूर्ण शक्तिपात सिद्धि** मंत्र की जप करे।

पूर्ण शक्तिपात सिद्धि मंत्र–

ॐऐं ह्रीं क्लीं क्रीं क्रीं हुं जाग्रय स्फोटय स्फोटय फट्॥

ये क्रम सात दिन का है,दीपक मात्र साधना काल में ही जले ,अखंड रखने की अनिवार्यता नहीं है, साधना के सभी सामान्य नियमों को अवश्य अपनाएं ।अंतिम दिन जप के पश्चात उस माला को ४० दिनों तक पूजा के समय धारण करे और बाद में उसे पूजन स्थल पर ही रख दे ।साधना काल के मध्य शरीर में तीव्र दाह उत्पन्न हो जाता है, गर्मी बढते जाती है अतः दुग्ध पान अधिक मात्र में करे, शरीर टूटता रहता है क्यूंकि आत्म रूप से व्याप्त शक्तिपात की तीव्र ऊर्जा रोम रोम में प्रसारित होते जाती है,चेहरे पर लालिमा और नेत्रों में आकर्षण व्याप्त हो जाता है। आप स्वयं ही इस अद्भुत मन्त्र के प्रभाव को देख पाएंगे, जरुरत है मात्र पूर्ण श्रृद्धा के साथ मन्त्र को अपने जीवन में स्थान देने की बाकि का काम तो स्वतः होते जायेगा।

==

Poorna Shaktipaat Siddhi sadhna

when Disciple became curious to release his lack of knowledge state and requests to sadgurudev, then his requests is been listen and Sadguru proceed some thought processing to vanish his lack of knowledge.

Adwitiy brAmhAtv guru sAdhAnA

कैसे संभव हो ,पूज्य सदगुरुदेव के ब्रम्ह स्वरुप के दर्शन ....

साधक के जीवन का सौभाग्य चरम पर होता है जब वो अपने सद्गुरु की विराटता को अपने दिव्य नेत्रों से देख सके ,उनके ब्रह्म रूप को देख सके अपनी आत्मा,अपने जीवन में उतार सके l ब्रह्म का तात्पर्य है अपने आत्मस्वरूप को समझना ,उससे परिचित होनाlउस ज्ञान के द्वारा जीवन के उन रहस्यों को समझना जिसके द्वारा साधक अपनी कुंडलिनी जाग्रत करता हुआ आज्ञा चक्र तक पहुचता है और उस आज्ञा चक्र का भेदन करता हुआ शरीर के सर्वोच्च शिखर सहस्रार को जाग्रत करता हुआ उससे झरते हुए आनंद और अमृत का पान करने की क्रिया संपन्न करता हैl मगर ये आनंद दो ही तरीकों से प्राप्त हो सकता है –

कुंडलिनी जागरण कर कुंडलिनी को आज्ञा चक्र से भेदित कर सहस्रार तक पहुँचाना l

या सद्गुरु के चरणों का आश्रय लेकर उनसे अत्यधि गोपनीय **ब्रह्मत्व गुरु मन्त्र** प्राप्त कर ,उसकी जप शक्ति से ही इस गृहस्थ जीवन में रहते हुए सहस्रार भेदन कर पाना l

पहला तरीका अत्यधिक दुष्कर है और उसमे सतत अभ्यास व निर्देशन की आवशयकता होती ही हैl कई बार मात्र एक चक्र को स्पंदित करने में ही पूरा जीवन चला जाता है सम्पूर्ण कुंडलिनी की बात कौन कहे l परन्तु जो दूसरा तरीका है वो कही ज्यादा प्रभावकारी और सफल है ,जिसमे सद्गुरु की शक्ति का ही आश्रय लेकर कही सुगमता से शिष्य सहस्रार को जाग्रत कर सकता है और आज्ञा चक्र का पूर्ण भेदन हो जाने के कारण उसे वह ज्ञान प्राप्त हो जाता है जिसे वेद "**ब्रह्म रहस्य**" के नाम से जानते हैं l और तब उसे अपने सद्गुरु की विराटता प्रति क्षण दृष्टिगोचर होती रहती हैl इसके बाद साधक के जीवन में याचकवृत्ति का कोई स्थान नहीं रहता है ,अपितु वो प्रकृति का साथ तटस्थ होकर सहचर भाव से ही देता है ,साधक के लिए ऐसे में कुछ भी ,कोई भी ज्ञान अगम्य नहीं रहता है l

इस साधना का प्रारंभ सदगुरुदेव के सन्यास दिवस या किसी भी गुरूवार को महेंद्र काल से प्रारंभ करते हैंl

इस साधना में ध्यान रखने योग्य बात मात्र इतनी है की मूल मन्त्र के पहले और बाद में **११-११ माला गुरु मंत्र** की करना है और बीच में निम्न मंत्र की ५१ माला करनी है ,साथ ही साथ ये भी ध्यान रखना है की शुक्रवार से इस साधना को ब्रह्म मुहूर्त में ही संपन्न किया जाता है

और ये कुल १४ दिनों की साधना है सभी सामान्य नियमों का पालन करते हुए नित्य गुरु पूजन करना है और सदगुरुदेव हमें अपने विराट स्वरुप के दर्शन करवाए और ब्रह्म रहस्य से अवगत कराये, इसी भावना से स्फटिक माला से जप करना है ।वस्त्र व आसन श्वेत ही रहेंगे। बाजोट पर गुरु चित्र ,गुरु पादुका और शक्तिपात साधना में जो यन्त्र बना है ठीक उसी यन्त्र का निर्माण कर बाकि साडी प्रक्रिया वैसी ही करनी है ।

ब्रह्मत्व गुरु सिद्धि मन्त्र-

ॐपरात्पर ब्रह्म स्वरूपं निर्विकल्पं आज्ञाचक्र दयैति गुरुवर्यै नमः।।

साधना के मध्य में ही साधक का ध्यान लगने लग जाता है और उसे विविध दृश्य दिखाई देने लगते हैं।वे सभी दृश्य भविष्य या भूत काल से सम्बंधित होते हैं,जिनका हमारे जीवन से गहरा सम्बन्ध होता है ।धीरे धीरे आप उस दृश्य के अर्थ को समझने लग जाते हैं और एक समय बाद आप जिस किसी का भी चिंतन कर मात्र १०८ बार मंत्र का जप कर नेत्र मूँद कर ध्यानस्थ होते हैं, आपके नेत्रों के समक्ष उस व्यक्ति की सभी गतिविधि स्पष्ट होते जाती हैं।

==

Advitiya Bramhatva Guru Sadhna-

The good fortune is any sadhak is on peak when he himself see the Viraat Swarup of his Saadguru by his own eyes, our soul could see his brahma rup, imbibe it in our life. That's the only wish. Here Bramha means – to understand our own internal form, to get introduce. And with that knowledge fathom the secrets of life. Via which activating the energy of Kundalini reached upto Agya Chakra and passing it reached at the highest peak of body i.e. sahastrar and feels and equally realize the state and he ends up the process. But this happiness can be discover only by two ways –

Activation of Kundalini and taking Kundalini to agya chaktra crossing all other chakras and reaching upto the Sahastraar.

Or requesting into the holy feets of Sadguru and earning very secretive **Brhmatva Guru Mantra** from him, only with that Shakti one can reach to its highest in this marital life also.

First way is very difficult and it continuously needs practice and guidance. Most of the times whole life can go for activating only one chakra so don't ask for whole kundalini activation approx. time. But the second way is most effective and successful way, in which Sadguru's power is taken as support and shishya easily reached upto the sahastrar level. After crossing Agya chakra he gets the knowledge which is known as "**Universal Secrets (Brahma Rahasya)".** And then he is able to see all the time viraat swarup of his sadguru. Then after there is no place of requesting mode in sadhak's life, rather he accompanies the nature with same level. In that way for Sadhak nothing remains impossible.

You can start this sadhna on Sadguru Sanyas Day or any Thursday of Mahendra Kaal.

Nikhil tatv saayujy bhagvati raj rajeshwari sadhaNa

यह साधना रहस्य मिल जाना ही सदगुरुदेव की पूर्ण कृपा ही तो हैं ...

"राज राजेश्वरी दुर्लभं जायते नरः॥

पूर्णत्वं श्रेष्ट सिद्धित्वं न अन्यत्र वदेत् क्वचित॥

पूर्व जन्म कृत दोष इह जन्मनि यद् भवेत् ।

सर्व पाप विमुच्यन्ते चैतन्य शुद्ध साधनवै ॥

राज राजेश्वरी कुण्डल्योत्थान एव च ।

देह प्राण स चैतन्य शुद्ध ब्रह्म समो नरः ॥

अनंगोसम सौन्दर्य यौवनं तेजस वदेत्।

सम्मोहनम् कामत्वं प्राप्यते राज दीक्षतं॥

सहस्रार त्व जाग्रत्वं अमृतो पान त्वं सदः।

सर्व रोग विमुच्यन्ते दीर्घजीवी भवेत् नरः" ॥

जीवन को संवारने के लिए यूँ तो विविध साधनाएं प्रचलित हैं ,परन्तु मात्र राज राजेश्वरी साधना का योग यदि निखिल तत्व से हो जाये तो जीवन में कुछ भी असंभव नहीं रह जाता है ,और ये सिद्धाश्रम का और समस्त देवों का कहना है ,सभी ऋषि मुनि और सिद्ध योगियों ने इस साधना को जीवन में सर्वोपरि माना है।

श्वेत बिंदु रक्त बिंदु रहस्य के अन्वेंशन काल में जब मैं स्वामी प्रज्ञानंद जी के पास पंहुचा था तो उन्होंने मुझे बताया था "की पारद विज्ञानं के समस्त दिव्य रहस्यों का ज्ञान और कुंडलिनी को एक ही झटके में मूलाधार से सहस्रार तक पंहुचा देने वाली एक मात्र साधना राज राजेश्वरी साधना है और चूँकि ये भगवतपाद सदगुरुदेव परमहंस निखिलेश्वरानंद प्रणीत है, अतः मात्र मन्त्र जप से ही जीवन के वो सभी अभीष्ट साधक को प्रदान कर देती हैं जो की अप्राप्य ही हैं, आज मेरे जीवन में मुझे जो भी प्राप्त हुआ है उसका आधार यही साधना है"।

उपरोक्त श्लोक ब्रह्मऋषि विश्वामित्र जी के हैं,जो उन श्लोको में स्पष्ट कहते हैं की जीवन का उत्थान कुंडलिनी जागरण के द्वारा ही होता है ,और सामान्य साधक के वश में कुंडलिनी जागरण की क्रिया संभव नहीं है।परन्तु यदि राज राजेश्वरी साधना संपन्न कर ली जाये तो यही परिस्थिति पूर्णतया अनुकूल हो जाती है, जो भी पुरुष जीवन में अनंग के सामान सुन्दर ,यौवन शक्ति से परिपूर्ण होना चाहते हैं और स्त्री रति के सामान कोमल,तेजस्विता युक्त अपार सौन्दर्य की स्वामिनी बनना चाहती हैं उसके लिए इस साधना से श्रेष्ट उपाय कोई और नहीं हो सकता।

जिस प्रकार जंगल की सूखी हुयी घास और पत्तियों को प्रचंड अग्नि एक क्षण में जला देती है ठीक उसी प्रकार ये साधना पूर्व जीवन और इस जीवन के सभी पापों को एक ही क्षण में समाप्त कर भस्मीभूत कर देती है।

मैंने विगत तीव्र साधना विशेषांक में भी यही कहा था की ये साधना तंत्र का आधार है ,और इसके बाद कुछ भी अप्राप्य नहीं रहता है। इस साधना के प्रभाव से साधक सहस्रार से टपकते अमृत को धारण करने की शक्ति प्राप्त कर लेता है ,और वही अमृत उसके बिंदु के साथ मिलकर ओजस में परिवर्तित हो जाता है तथा निर्जरा देह और पूर्ण ऐश्वर्य की प्राप्ति कराता है।

किसी भी शुक्ल पक्ष की पंचमी को इस साधना का प्रारंभ किया जाता है , साधना के लिए गुरु यन्त्र,चित्र और श्री यन्त्र की आवशयकता होती है, श्वेत वस्त्र पहनकर मध्य रात्रि में इस साधना का प्रारम्भ करे, **पूर्ण भगवती राज राजेश्वरी की साधना में सफलता हेतु ये साधना की जा रही है और अपनी सम्पूर्ण कलाओं के साथ गुरु तत्व युक्त होकर वे मेरे जीवन में उतरेयही आशीर्वाद आप सदगुरुदेव से मांगे** श्वेत वस्त्र, आसन, श्वेत पुष्प और खीर से भगवती और सदगुरुदेव का पूजन करे ।इन दोनों यंत्रों का पूर्ण पूजन शास्त्रोक्त पद्धति से पंचोपचार करने के बाद स्फटिक माला से सबसे पहले निम्न गुरु तत्व मंत्र की ११ माला जप करें और उसके बाद राज राजेश्वरी मन्त्र की १०८ माला करे,फिर पुनः उपरोक्त गुरु तत्व मन्त्र की ११ माला जप करे।

गुरु तत्व मन्त्र-

ॐ गुरु शिवायै शिव गुरुवर्यै नमः

दिव्य भगवती राजराजेश्वरी मंत्र-

AING HREENG SHREENG

दीपक शुद्ध घी का होना चाहिए और इस साधना क्रम को ७ दिनों तक संपन्न करना है।इस साधना के प्रभाव से स्फटिक माला विजय माला में परिवर्तित हो जाती है ।इस माला को पूरे जीवन भर धारण करना है।राज राजेश्वरी मंत्र में **ग** की ध्वनि आयेगी। ये एक अद्विय्तीय साधना है ,जिसके द्वारा सम्पूर्ण जीवन को जगमगाहट से भरा जा सकता है।

==

Nikhil Tatva Sayujya Bhagvati Raaj Raajeshvari Sadhna –

"Raaj Raajeshvari durlabham jaayte narah..

Poornatva shreshtham siddhitvam na anyatra vadet kvachit

Purva janma krut dosh ih janmani yad bhavet

Sarva Paap vimuchhyante chaitanya shuddha sadhnave

Raaj Raajeshvari kundalyoutthaan eiva cha

Deh praan sa chaitanya shuddha brahma samo narah

Sammohanam kaamatvam prapyte raaj deekshitam

Sahastraar tva jaagratvam amruto paan tva sadah

Sarva rog vimucchyante deerghjeevi bhavet narah.

To make life beautiful many sadhnas are famous, but mere by Raaj Raajeshvari Saadhna yog if merges with Nikhil tatva then nothing would remain impossible in life. And this has not only said by all gods but also by Siddhashram yogis too that this is the ultimate saadhna in life. In discovery time of Shvet bindu Rakta Bindu secrets, I reached near Swaami Pragyaanand ji.

He told me, " that secrets of paarad Vigyan and taking kundalini from down to top in seconds can only be done by this sadhna only and this is given by Bhagvaadpaad Sadgurudev Paramhans Nikhileshvaranand." Therefore sheer by mantra chanting this fulfills the wishes of sadhak. And today whatever I got in my life is just because of this sadhna.

Mahanisha shri sadhana purn vidhan

इस पूर्ण क्रम को करके तो देखें फिर देखे कैसे सदगुरुदेव और श्री कृपा आप पर बरसने लगती हैं

जीवन की आपाधापी में बहुधा हम मूल उद्देश्य से ही वंचित रह जाते हैं ,किसी पर्व विशेष की सार्थकता कैसे हो सकती है,इसका कदाचित भान ही आज लोगो को होगा। आज पर्व मात्र बाह्य आडम्बरों में ही घिरा रह गया है ,पर्व का मूल चिंतन तो लुप्त प्रायः ही हो गया है, फिर वो चाहे गुरु पूर्णिमा हो,होली हो,रक्षा बंधन हो या फिर दीपान्विता या दीपावली का ये पावन पर्व।

वस्तुतः प्रामाणिक विधान का ही आश्रय लेने पर जीवन में उन्नति संभव है ।और जीवन में सदगुरुदेव की कृपा के बगैर तो विधान की प्राप्ति कदापि संभव नहीं है। हमारे लिए दीवाली का अर्थ मात्र दीवाली और इसका पूजन ही है , परन्तु हम ये नहीं जानते हैं की धन त्रयोदशी से भाई दूज तक के पांच दिवसों की क्या महत्ता है

और इन पांचो दिवसों का विधिवत तांत्रिक क्रम से पूजन करने पर ही महानिशा साधना का ये पर्व पूर्ण सर्वांगीण उन्नति देता है और वर्षभर के लिए पूर्ण अभय और उन्नति का वरदान भी ।दीवाली की रात्रि बीतने के साथ ही उत्साह मंद हो जाता है और साधना कक्ष में प्रवेश की इच्छा ही समाप्त प्रायः हो जाती है ,क्यूंकि दीवाली पर मंत्र कर लिया तो अब क्या जरुरत है ,और इसके पीछे अज्ञान हो मूल कारण होता है। काश की इन 5 दिवसों का गूढ़ अर्थ हम समझ सके और तदानुसार हम उसका उचित प्रयोग कर सके, खैर दीर्घ विवेचन प्रस्तुत करने का ये सही अवसर नहीं है इसलिए संक्षेप में उस विधान को यहाँ स्पष्ट कर रहे हैं जो सदगुरुदेव ने अपनी प्रसन्नता के क्षणों में वर्णित किया था। यदि हम इस विधान का प्रयोग करते हैं तो सपरिवार अभय,पापों से मुक्ति, धन-शक्ति,प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति और पूर्ण सुरक्षा की प्राप्ति होती है।

- कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को हम सभी धनतेरस के रूप में जानते हैं। परंपरा अनुसार स्नान करने के बाद संध्याकाळ में मृत्यु और रोगों से मुक्ति के लिए ३ दीपकों को घर के बाहर रखना चाहिए,ये दीपदान परिवार की तरफ से **यमराज** के लिए होता है जो वर्षभर के लिए अकालमृत्यु के भय को क्षीण कर देता है। दीपक प्रज्वलित करते समय निम्न प्रार्थना करनी चाहिए-

"मृत्युना पाश-हस्तेन कालेन भार्यया सह।

त्रयोदश्यां दीप-दानात् सूर्यजः प्रीयतां " ॥

ततपश्चात रात्रि के प्रथम प्रहर में **आरोग्यधिपति भगवान धनवंतरी** का ध्यान और पूजन करना चाहिये ,याद रखियेगा की पंचोपचार पूजन वगैरह क्रियाएँ पहले भी कई अंको में स्पष्ट की जा चुकी है और सदगुरुदेव **"मन्त्र तंत्र यंत्र विज्ञान"**पत्रिका में सैकडो बार पूजन विधान दे चुके हैंIअतः पूजन विधान वह से देख लेIयहाँ मात्र मैं गुह्य विधान स्पष्ट कर रहा हूँ I पूजन स्थल में भगवती लक्ष्मी और गणपति जी का पूर्ण चित्र स्थापित होना चाहिये और सदगुरुदेव और भगवान गणपति के पूजन के बाद निम्न ध्यान करेIमहत्वपूर्ण तथ्य ये है की परिवार में जितने सदस्य हों लाल वस्त्र बिछाकर उतनी ही सुपारी स्थापित की जानी चाहिये बाजोट परIमुख पूर्व की तरफ होना चाहियेI

ध्यान-

"चतुर्भुजं पीत-वस्त्रं सर्वालन्कार-शोभितं I

ध्याये धन्वंतरिम् देवं सुरासुरनमस्कृतं" II

तत्पश्चात दीर्घायु प्राप्ति हेतु सम्पूर्ण परिवार की तरफ से संकल्प लेकर दीर्घायु लक्ष्मी का पंचोपचार पूजन कर दीर्घायुष्य लक्ष्मी मन्त्र की ११ माला जप संपन्न करे ,ये जप लाल हकीक या मूंगे की माला से करे ,माला प्राण प्रतिष्ठित होनी आवश्यक है I

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं ह्सौं अमृत्यु लक्ष्म्यै नमःI

प्रातः काल समस्त सुपारियों को दक्षिण दिशा में निर्जन स्थान पर फेक देंI

- **रूप चतुर्दशी या नरक चतुर्दशी विधान**- सौंदर्य प्राप्ति और पूर्ण पाप मुक्ति के लिए इस दिन साधना की जाती हैI

स्नान करते समय निम्न मन्त्र का उच्चारण करते हुए **अपामार्ग** को अपने मस्तक पर घुमाना चाहिये –

सीता लोष्ट सहा युक्तः सकन्तक-दलान्वितः I

हर पापमपामार्ग ! भ्राम्यमाण: पुनः पुनः II

स्नान के बाद निम्न मन्त्र में से प्रत्येक का तीन तीन बार उच्चारण कर जलदान करना चाहिये अर्थात जल अर्पित करना चाहिये और "श्री भीष्म" को भी तीन अंजुली जल अर्पित करना चाहिये I

यमाय नमः

धर्मराजाय नमः

मृत्यवे नमः

अन्त्काय नमः

वैवस्वताय नमः

कालाय नमः

सर्व भूत क्षयाय नमः

औदुम्बराय नमः

दध्नाय नमः

नीलाय नमः

परमेर्ष्ठिनी नमः

वृकोदराय नमः

चित्राय नमः

चित्र गुप्ताय नमः

और सांयकाल घर के बाहर धर्म-अर्थ काम मोक्ष रुपी चार बत्तियों का दीपक प्रज्वलित करना चाहिये,इसके बाद ही अन्य स्थानों पर दीपक प्रज्वलित करना चाहिये

तत्पश्चात तिल के तेल का दीपक जलाकर उसका विधिवत पूजन कर ११ माला मन्त्र सौभाग्य लक्ष्मी मन्त्र का जप करना चाहिये –

ॐ श्रीं ह्रीं सौभाग्य लक्ष्म्यै श्रीं अखंड सौभाग्य देहि देहि ह्रीं श्रीं नमः ॥

- **महानिशा श्री विधान** – धन ऐश्वर्य की अतुलनीय प्राप्ति के लिए आज दीपावली की रात्रि मे साधना की जाती है,आज की रात्रि को किसी भी प्रकार के मन्त्र को स्वयं के लिए जाग्रत किया जा सकता है, आज की रात्रि काली काल जाग्रत होता है जिस समय किसी भी मन्त्र का जप करने से अभीष्ट सिद्धि प्राप्त की जा सकती है। और एक और पद्दति है जिसमे पूजन तो लक्ष्मी का ही होता है किन्तु वो अष्ट सिद्धि संयुक्त हो जाता है अतः भविष्य मे जब भी अष्ट सिद्धि साधना करना हो तो साधक इसी श्रीयंत्र पर कर सकता है जिस पर उसने निम्न विधान किया हो।

पूजन स्थल पर पूर्व की तरफ मुह करके बैठना चाहिये और सामने लक्ष्मी गणेश की मूर्ती और श्रीयंत्र की स्थापना करना चाहिये,हाँ एक बात ध्यान अवश्य रखे की ये विधान मिथुन लग्न मे होना चाहिये जो की प्रचुर संपत्ति और ऐश्वर्य के साथ साथ सिद्धियों और संतान सुख की भी प्राप्ति होती है और याद रखिये की यदि हम सीधे ही स्थिर लग्न यथा वृषभ और सिंह मे हम सीधे पूजन करते हैं तो जो संपत्ति हमारे पास है ,

अनजाने मे हम उसी को स्थायित्व दे देते हैं,फलस्वरूप जो प्रगति और उच्चता जीवन मे वर्ष भर आणि चाहिये, वो कदापि नहीं आती है,जब आप नवीन ऐश्वर्य का प्रयत्न करेंगे और उस ऐश्वर्य को स्थायित्व देंगे तभी तो आपको वर्ष भर मनोवांछित लाभ होगा|

रात्रि मे सर्वप्रथम सदगुरुदेव,गणपति और भगवती लक्ष्मी का ध्यान कर मनोयोग पूर्वक षोडशोपचार पूजन करना चाहिये तत्पश्चात-

गं श्रीं गं

मन्त्र का १०८ बार उच्चारण करते हुए कुमकुम और केसर से रंजित अक्षत को बाये हाथ मे लेकर दाहिने हाथ से श्रीयंत्र पर अर्पित करना चाहिये, इसके बाद पुष्प व अक्षत को निम्न मन्त्र बोलते हुए श्रीयंत्र पर अर्पित करें।

ॐ चपलायै नमः पादौ पूजयामि

ॐ चंचलायै नमः जानुनी पूजयामि

ॐ कमलायै नमः कटिं पूजयामि

ॐ कात्यायन्यै नमः नाभिं पूजयामि

ॐ जगन्मात्रे नमः जठरं पूजयामि

ॐ विश्व वल्लभायै नमः वक्ष-स्थलं पूजयामि

ॐ कमल वासिन्यै नमः हस्तौ पूजयामि

ॐ कमल पत्राक्षयै नमः नेत्र त्रयं पूजयामि

ॐ श्रियै नमः शिरः पूजयामि

पुनः निम्न मन्त्र बोलते हुए पुष्प व अक्षत अर्पित करे –

ॐ अणिम्ने नमः

ॐ महिम्ने नमः

ॐ गरिम्णे नमः

ॐ लघिम्ने नमः

ॐ प्राप्तयै नमः

ॐ प्राकाम्यै नमः

ॐ ईशितायै नमः

ॐ वशितायै नमः

तत्पश्चात निम्न मन्त्र पढते हुए पुनः अक्षत और चन्दन अर्पित करे

ॐ आद्य लक्ष्म्यै नमः

ॐ विद्या लक्ष्म्यै नमः

ॐ सौभाग्य लक्ष्म्यै नमः

ॐ अमृत लक्ष्म्यै नमः

ॐ कमलाक्ष्यै नमः

ॐ सत्य लक्ष्म्यै नमः

ॐ भोग लक्ष्म्यै नमः

ॐ योग लक्ष्म्यै नमः

तत्पश्चात निम्न कुबेर मंत्र की १ माला जप करे –

ॐ ऐं श्रीं ह्रीं कुबेराय धन धान्य समृद्धिम् देहि दापय नमः

इसके बाद ११ माला निम्न ***अभीष्ट सिद्धि लक्ष्मी*** मन्त्र की करे

ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं हुं ॥

मन्त्र जप संपन्न होने के बाद घर और बाहर रखने के लिए दीप को थाली या सूपे मे सजा ले और निम्न मन्त्र पढते हुए उनका पूजन अक्षत छिडकते हुए करें और उसके बाद दीपकों को जहाँ रखना हो रख दे-

अग्नि ज्योति सूर्य ज्योतिः चन्द्र ज्योतिस्तथैव च।

उत्तमः सर्व ज्योतिनां दीपः अयं प्रति-गृह्यतां॥

दीपक अखंड रूप से पूरी रात्री तक प्रज्वलित रहे यह साधना का एक महत्वपूर्ण नियम है.

- धान्य लक्ष्मी अन्नपूर्णत्व प्रयोग- पूरे वर्ष भर प्रचुर धान्य सुख पाने हेतु ये प्रयोग दीवाली के दूसरे दिन किया जाता है और इस लघु प्रयोग से अन्न भण्डार भरे रहता है रसोई मे।

दीवाली के दूसरे दिन सूर्योदय के पूर्व ही एक ताम्बे के कटोरे मे ५ प्रकार के धान्य भर कर उसके सामने निम्न मंत्र की ५ माला मन्त्र जप कमाल गत्ते की माला से करे और उसके बाद उस धान्य या अनाज को सूर्योदय के साथ ही छत पर या बाहर पक्षियों के लिए बिखेर दे ,और प्रभाव तो आप देखेंगे ही।

मन्त्र-

श्रीं अन्नपूर्णे प्रियन्ताम् सह श्रियै नमः

- रक्षा कवच दूज विधान- भाई दूज के दिन बहन जिस सूत्र को भाई की कलाई पर बांधती है उसे निम्न मन्त्र से ३२४ बार अभिमंत्रित करने के बाद ही भाई की कलाई पर बांधा जाना चाहिये,ये क्रिया परिवार का वरिष्ट सदस्य या कोई भी संपन्न कर रक्षा सूत्र को बहन को दे दे ताकि उन सूत्रों को बहन भाई को तिलक लगा कर उनकी कलाई पर बाँध सके और वर्ष भर की रक्षा भाइयों को प्राप्त हो सके।ये क्रिया मध्यान्ह काल के पहले संपन्न हो जानी आवश्यक है। जितने लोगों को सूत्र बांधना है,उतनी संख्या मे सूत्र लेकर लाल रंग की धोती पहन कर पूर्व दिशा की और मुँह कर मंत्र करना है।

ॐ रक्ष रक्षिणी रक्षात पूर्ण रक्षेश्वराय नमः।

इस प्रकार ये महानिशा श्री प्राप्ति विधान पूर्ण होता है, आप इस विधान के साथ अन्य मन्त्रों का जप भी दीपावली की मध्यरात्रि मे कर सकते हैं यथा,अघोर,शैव,शाक्त मन्त्रों का ,वो आपके ऊपर निर्भर है। जो मूल विधान है वो आपके लाभार्थ यहाँ प्रस्तुत कर दिया है।

===

Mahanisha Shri sadhana complete procedure

In the race of the life many times we miss our prime goal, how the ultimate significance of the special days to be receive least people might be aware of that. In current time the festival days have become outer fake pomp only, the main objective related to the special feast are lost, rather it is guru purnima, Holi, Raksha bandhan or it is about sacred festival of Diwali or Dipaanvita in other words.

In fact, the progress of the life is only possible with authentic procedures. And in the life it is impossible to get such processes without blessings of Sadgurudev. For us, the meaning of diwali remains poojan of diwali only but we are actually not aware about the significance of the five important days from Dhan Chaturdashi to Bhai Dooj and by completing five days tantric ritualistic procedures of poojan this festival of mahanisha grants complete progress and blessings of completeness for one whole year.

Soot RAHSYAM -8 Surya vigyan aur kaal chakra

सूर्य विज्ञानं और काल चक्र

त्रिनाभिमती पञ्चारे षण्नेमिन्यक्षयात्मके l

संवत्सरमये कृत्स्नम् कालचक्रम् प्रतिष्ठितं ll

तीन नाभियों से युक्त है सूर्य के रथ का चक्र,अर्थात भूत भविष्य और वर्तमान ये तीनो काल ही सूर्य रथ चक्र की तीन नाभि है,नाभि अर्थात जहाँ स्पंदन होता हो प्राणों का lवेदों मे काल को प्राण ही तो कहा गया है l और सूर्य इन प्राणों का अधिपति है,अर्थात जहाँ कालमयी दृष्टि की बात आती हो या अपनी दृष्टि को काल के परे ले जाकर व्यापकता प्रदान करनी हो तो सूर्य की साधना करनी ही पड़ेगी और उनके रहस्यों को आत्मसात करना ही पड़ेगा l

बहुधा साधकों के मन मे सूक्ष्म शरीर सिद्धि का सरलतम विधान जानने की बात आती है ,परन्तु शास्त्रों मे ऐसी कोई क्रिया स्पष्ट नहीं है ,जिसके माध्यम से सरलतापूर्वक स्थूल शरीर से सूक्ष्म शरीर को प्रथक कर उन गुह्य और अनबुझे स्थानों की यात्रा की जा सके,जहाँ आज भी प्राच्य आध्यात्मिक उर्जा बिखरी पड़ी है और जहाँ जन सामान्य के कदम पड ही नहीं सकते,इसलिए ये स्थान अबूझ ही रह गए हैं और अबूझ रह गयी है

यहाँ पर दिव्य उर्जाओं की उत्पत्ति का रहस्य भी lजब सिद्ध मंडल से साधनात्मक ज्ञान प्राप्ति की बात आती है तो हमारे चेहरे मात्र लटक ही सकते हैं क्यूंकि हमने कभी सदगुरुदेव की व्यापकता को समझा ही नहीं,अन्यथा उनसे सूर्य विज्ञानं के ऐसे ऐसे रहस्य प्राप्त किये जा सकते थे जो की कल्पनातीत ही कहे जा सकते हैंl

हमने मात्र पदार्थ परिवर्तन को ही सूर विज्ञानं की प्रमुख उपलब्धि माना है और समझा है परन्तु हम ये नहीं जानते हैं की प्राण रहस्य को समझ लेने के बाद किसी भी लोक मे गमन,ग्रहों पर नियंत्रण और कुंडलिनी भेदन इत्यादि की प्राप्ति अत्यधिक सरल हो जाती है l सूर्य की सप्त किरणों और उनके रंगों मे कुंडलिनी जागरण, काल-दृष्टि की प्राप्ति और ब्रह्माण्ड के अबूझे रहस्य हस्तामलकवत दृष्टि गोचर होने लगते हैं l सप्त रंगों मे बिखरी सूर्य की किरणों का सम्मिलित रूप श्वेत है जो की व्यापकता का परिचायक है और परिचायक है पूर्णता का भीl

भला कैसे ???

क्या आप जानते हैं की सूर्य के सप्त रंगों से लोकानुलोक गमन का गहरा सम्बन्ध है, सविता मंत्र का मूल ध्वनि मे किया गया उच्चारण आपके शरीर को अणुओं के रूप मे विखंडित कर देता है और ये विखंडन मनोवांछित लोक मे पहुचकर वापिस अपना मूल स्वरुप पा लेता है, अक्सर ऐसे मे इन अणुओं के बिखर जाने का भय होता है परन्तु सूर्य विज्ञानं का अध्येता ये भलीभांति जानता है की सूर्य प्राणों का परिचायक है ,अर्थात प्राणशक्ति की सघनता और उससे प्राप्त बल,विखंडित अवस्था मे भी हमारे शरीर के अणुओं को बिखरने से बचाए रखती है ,और अणुओं के चारो और एक आवरण बना देती है जिसके कारण ब्रह्मांडीय यात्रा के मध्य शरीर के अणु किसी भी बाह्य आघात से पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं ,

और उनकी मनोवांछित लोकों मे जाकर साकार होने की कामना मे कोई बाधा नहीं आती है ,और एक बार जब कोई मनोवांछित लोक मे पहुच जाता है तो वह देह वहाँ के वातावरण के अनुकूल बन जाती है और तब वहाँ के रहस्य और विज्ञानं को समझना सहज हो जाता है । वस्तुतः सूर्य की किरणों के सात रंग यथा बैगनी,जामुनी,नीला,हरा ,पीला,नारंगी और लाल का सप्त लोको से गहरा सम्बन्ध है –

भू,भुवः ,स्वः ,मह :,जनः,तपः और सत्यम, और इस सम्बन्ध को ज्ञात करने के लिए हमें श्वेत की अर्थात आदित्य के रहस्य को समझना पड़ेगा , क्यूंकि ये सभी रंग सम्मिलित होकर श्वेत का ही विस्तार करते हैं ।तभी कालचक्र का सहयोग लेकर आप कालभेदी दृष्टि प्राप्त कर सकते हैं और ये कोई जटिल कार्य नहीं है ।यदि साधक **सूर्योदय के पहले पूर्व की तरफ मुख करके ओम का गुंजरन ७ मिनट तक नित्य करे और फिर सूर्योदय के साथ ही ७० मिनट तक गायत्री मंत्र का जप और फिर पुनः ७ मिनट तक ओम का गुंजरन**।

यदि इस क्रिया को ३ रविवार तक नित्य दोहराया जाये तो सूर्य के मध्य मे होने वाले विस्फोटों का मूल अंतर्गत कारण हम भली भांति समझ सकते हैं और उर्जा की उत्पत्ति का रहस्य भी ज्ञात हो जायेगा,क्यूंकि ये ओम की ही ध्वनि है जो की इस क्रम से प्रयोग करने पर बाह्य सूर्य का अन्तः सूर्य से तारतम्य बिठाकर रहस्यों के आदान-प्रदान की क्रिया सरल कर देती है ।और इस प्रकार सविता मन्त्र का सहयोग आपको कालचक्र की विविध शक्तियों का स्वामी बना देता है तब कालातीत दृष्टि पाना भला कहाँ असंभव रह जाता है।

==

SOOT RAHASAYAM- SURYA VIGYAAN AND KAAL CHAKRA

Trinabhimati panchaare Shanneminyashayatmake!

Sanvatsarmaye Kritsram Kaalchakram Pratishthitam!!

SWARN RAHSYAM -8

अद्भुत रहस्य आपके लिए ही

रस-तन्त्र के अन्वेंषण काल मे सदगुरुदेव की कृपा से मेरा साक्षात्कार उन अद्भुत सूत्रों से हुआ जिन्हे की रस सिद्धों के मध्य अभी तक गुप्त ही रखा गया था और मात्र गुरुमुखी परंपरा से ही शिष्यों को प्रदान किया जाता था, साथ ही मैं ये बात भी बता दूं की ये सूत्र अनेकानेक बरसों से इन सूत्रों को कोई प्राप्त भी नही कर पाया......... क्यूंकी जो मापदंड इन सूत्रों की जानकारी के लिए साधकों मे होने चाहिए थे वी भी अप्राप्य ही थे....... परंतु सदगुरुदेव की असीम कृपा से पुनः ये सूत्र हम सभी साधकों और शिष्यों के मध्य उपलब्ध हुए हैं.

क्यूंकी सदगुरुदेव की सोच अन्या विद्वजनो से भिन्न ही रही है.....अन्य विद्वांो का मत जहाँ पर ये रहा है की पहले सुपात्र या कुपात्र को देखो वही सदगुरुदेव का मत रहा है की ज्ञान को बिखेरते चलो ,जिसमे ज़रा सी भी उर्वरा शक्ति होगी वहाँ ये परिष्कृत बीज स्वयं ही अंकुरित, पुष्पित और पल्लवित हो जाएगा. अतः पात्रता को साधक के लिए छोडो. लाभ तो बस वही उठा पाएगा जो इस ज्ञान को प्रयोगात्मक रूप से आत्मसात कर पाएगा..

सामान्यतः साधकों का खेचरत्व या आकाश गमन के प्रति जिज्ञासा स्वाभाविक है,और वे ये भी जानते हैं की आकाश गमन या खेचरत्व के लिए कुम्भक का कितना महत्व है कुम्भक के द्वारा ही शरीरस्थ वायु को रोक कर अपने शरीर को शून्य मे उठाया जा सकता है और वायु गमन किया जा सकता है .... पर क्या आपको ये पता है की सामान्य कुम्भक से तो ये संभव ही नही है क्यूंकि कुम्भक के द्वारा शून्य मे उठा तो जा सकता है,किंतु उत्थित अवस्था मे आप बात चीत नही कर सकते,यहा तक की कोई कोई साधक तो बाह्य-ज्ञान भी खो बैठते हैं,इसके अलावा उर्ध्व वायुमंडल मे चलते हुए समय समय पर प्रतिकूल प्रवाहशील वायु का आघात लगने से पतन का भय भी उत्पन्न हो जाता है.परंतु................किरात कुम्भक कर लेने पर देह शून्यमय हो जाता है. सामग्रा देह को संकुचित और प्रसारित करने की क्षमता का विकास होता है.

देह को शुद्ध कर उसके किसी अंग मे वायु पूर्णा कर रखने का नाम ही किरात कुम्भक है.इसी कुम्भक के वारा विशुद्ध वायु को देह मे भर लिया जाता है. ऐसे मे जब शून्यस्थ होते हैं, तो बाह्य ज्ञान भी बना रहता है और प्रतिकूल वायु का प्रभाव भी नही होता और बात चीत भी की जा सकती है..ऐसे मे अति-प्रबल और शक्तिशाली तेज़रशि के दर्शन और संस्पर्शन से भी ज्ञान नष्ट नही होता. लेकिन क्या ये इतना सहज है ????

नही ना...... पर रस-तन्त्र मे पारद के द्वारा (जो रस से रसेंद्र की यात्रा पूर्ण कर चुका हो- मतलब जिस पर दिव्यौषधियों का संस्कार हो चुका हो, रत्नो और स्वर्ण का जारण हो चुका हो) गुटिका का निर्माण किया जाता है और इस दौरान नवार्ण मंत्र का विशेष रूप से प्रयोग किया जाता है . सिद्धा कुंजिका स्तोत्रा जिसका प्रयोग सभी मंत्रों के उत्किलन और सिद्धिकरण के लिए किया जाता है उसमे ये पंक्तिया ज़रूर याद रखिए की खाँ खीं खूं खेचरी तथा.. मतलब हे देवी खाँ खीं... के रूप मे आप खेचरत्व शक्ति प्रदान करने वाली हो . और ये खाँ बेज ही क्षम अर्थात आकाश बीज बन जाता है और शरीर का गुरुत्वाकर्षण आपके नियंत्रण मे कर के आपको खेचरत्व दे देता है और ऐसा होता है अवश्य होता है नवार्ण मंत्र के द्वारा ही. बस वर्णो का क्रम गुरु निर्देशानुसार परिवर्तित करना पड़ता है.

ब. सूर्योदय का पहला मंडल ऋक-मंडल कहलाता है. इस मंडल की 16 किरणों की अधिष्ठात्री शक्तियों को हम षोडश मात्रकाओं के नाम से जानते हैं और इन मात्रकाओं का समन्वित रूप ही राज राजेश्वरी षोड़शी त्रिपुर सुंदरी हैं. इनका उत्किलन कर जब हम अभिषिनचितिकरण की क्रिया करते हैं

तो हमे सहज ही सूर्य विज्ञान का ज्ञान प्राप्त हो जाता है .ये क्रिया बाह्य उपादान जैसे की लेंस के साथ भी हो सकती है या बगैर किसी बाह्य उपादान के भी संभव होती है. इस प्रक्रिया के लिए आप जिस गुटिका का निर्माण करते हैं वो संपूर्ण वर्णों के मंत्रों से सिद्ध होती है . जितने भी वर्ण हैं उनकी अपनी अपनी एक शक्ति होती हैं

और उनका विशेष ध्यान भी तथा उनका एक मंत्र भी , इन मंत्रों को पूर्ण रूपेण जागृत कर जब उस वरणात्मक मंत्र के द्वारा जब हम गुटिका या विग्रह का निर्माण करते हैं तो ये गुटिका शून्य सिद्धि या पदार्थ परिवर्तन हेतु सूर्य सिद्धि से हमे युक्त कर देती है . अब ये वरणात्मक मंत्र क्या है???? तो इसके विषय मे संक्षिप्त मे इतना कहना ही पर्याप्त है की जैसे का वर्ण का कोई अर्थ नही होता है ,लेकिन उस का के साथ प+उ+र का संयोग कराया जाए तो कपूर बनता है

जिसका अर्थ भी है और आकृति भी . इसी तरह वरणात्मक मंत्रों से जब वो गुटिका युक्त होगी तो आप शून्य मंत्र को उसके सामने सिद्ध कर जिस भी वस्तु या पदार्थ का चिंतन करेंगे वो शून्य से आप के लिए सृजित हो ही जाएगी. क्यूंकी वो मंत्र उस गुटिका से क्रिया कर आपके चिंतन मे आए हुए पदार्थ के वर्णों को संगठित कर एकरूपता प्रदान कर अस्तित्वा मे ला देगा.

अगले लेख मे आंतरिक ,आत्मिक कीमिया और रक्त-बिंदु, श्वेत बिंदु क्रियाओं का वो रहस्य आपके सामने उद्घाटित होगा जो निश्चय ही रस-तन्त्र के गूढ और गोपनिय आयामो से आपको अवश्य ही परिचित करवाएगा.शायद तब आप समझ पाए की सदगुरुदेव के कई ऐसे पक्षा हैं जो की हम समझ ही नही पाए या कभी हमने जानने की कोशिश ही नही की.

EFFECTIVE SARAL LAKSHMI PRAYOG

अब इसे एक बार तो करके देखिये

जीवन में लक्ष्मी की अपनी ही महत्ता हैं और इस लिए हमारे मनीषियों ने बहुत सोच विचार कर एक पूरा मॉस का नाम ही लक्ष्मी मास या कार्तिक मास रख दिया जिसका हर दिन ही दीपावली के सामान ही महत्वपूर्ण हैं , और सदगुरुदेव जी ने भी यह लिखा हैं जो चतुर होते हैं और जिन्हें जीवन में आगे जाना हैं वह इन 30 दिन का उपयोग साधनात्मक रूप से कर के मतलब पूरे 30 प्रयोग संपन्न अपने पूरे भाग्य को ही बदल लेते हैं, क्योंकि वह यह अच्छी तरह से जानते हैं की जीवन को यूँ ही रो झिंक कर नहीं काटा जा सकता हैं उसके लिए तो पौरुष वांन रुख कर साधना मय तो होना ही पड़ेगा ही .

और इसी लक्ष्मी मय बनने की श्रंखला में एक सरल सा प्रयोग ..

मंत्र : **ॐ सरस्वती इश्वरी भगवती माता क्रां श्रीं श्रीं श्रीं मम धन देहि फट स्वाहा ||**

इसे आपको प्रतिदिन करना हैं रोज़ 108 बार कमसे कम 40 दिन तक .और यदि आप सामान्य साधनात्मक नियमो का पालन करते हुए करते हैं तो निश्चय ही आपके जीवन में लक्ष्मी तत्व अनुकूल होता ही हैं., जिस तरह महाविद्या साधना में तेल का दीपक लगाया जाता हैं उसी तरह लक्ष्मी साधन में घी का दीपक लगाया जाता हैं कुछ मिठाई भी भगवती लक्ष्मी को अर्पित करे.. सुबह या शाम कभी भी किया जा सकता हैं वस्त्र आसन माला आदि का कोई प्रतिबन्ध नही हैं पर यदि आप पीले रंग के वस्त्र का प्रयोग करे तो ज्यादा उचित रहेगा यदि रात्रि काल में जप करते हैं तो पश्चिम दिशा की तरफ मुख करके करे .

****

Ek saral lakshmi prayog

TOTKA - VIGYAN

. १.पीपल के वृक्ष की जितनी भी प्रशंशा की जाये कम हैं यह आपके भाग्य तक को बदलने समर्थ हैं यदि आप पीपल के निचे एक तेल का दिया लगा कर बिना पीछे मुड़े वापिस आ जाये तो कुछ ही दिनों में धन लाभ की अवसर बनने लगते हैं.

२, जिस तरफ का स्वर चल रहा हैं उस तरफ का ही पैर सबसे पहले निकाल कर घर से बाहर निकले तो वह दिन भी अच्छा होगा ,

३, अनेको विद्वानों का कथन हैंकि यदि लक्ष्मी जी के सामने 9 बत्तीया वाला दीपक लगाया जाये तो यह आर्थिक दृष्टी से बहुत ही अच्छा रहता हैं ,

4जीवन में जब कभी भी किसी कन्या की शादी हो रही हो उसमे अपना योग दान करे या निराश्रित कन्याओ की शादी में योग दान करे यह भी अनेक अशुभो को दूर कर आपको शुभता दें में समर्थ हैं ,

5.नारियल को राहू का प्रतीक माना गया हैं , यही शनिवार को नारियल को बहते हुए पानी में बहाया जाये तो राहू गत समस्या से अनुकूलता होती हैं.

6. जीवन में अधिकतर समस्या किसी भी कार्य में अत्यधिक देरी से ही सामने आती हैं और इसका कारण शनि ही होता हैं और इसकी शांति के कुछ उपाय में से एक शनि वार को भगवान शंकर में काले तिल को चढ़ाना भी हैं.

7.शनी की शन्ति का उपाय जो बहुतायत से प्रचलित हैं वह हैं की काले घोड़े की नाल की एक छल्ला जिसे बना कर अगुली में पहिना जाये .

8 वहीँ विवाह में अनावश्यक यदि विलम्ब हो र हा हैं तो ऐसे तो इसके अनेक करण हो सकते हैं पर एक सरल का उपाय यह हैं की किसी भी केले के पेड़ के नीचे गुरूवार के दिन अगरबत्ती लगाये .

९. इशान दिशा को काफी पवित्र माना जाता हैं और इस दिशा में पूजा स्थान को रखने को कहा जाता हैं , पर आज यह कहाँ संभव हैं पर इसके कारण बहुत सी समस्या का सामना हमें करना ही पड़ता ही हैं, तो इस दोष की निवृति के लिए " ॐ नमः शिवाय" मन हा आधिकाधिक जप करना ही चाहिए .

१० घर पर जो जो भी सोफा सेट लगाया जाये उसकी दिशा इस तरह से रखी जाय की यदि उस पर घर का मालिक बैठता हैं तो उसे के ठीक सामने दक्षिण दिशा नहीं होना चाहिए .

****

1, the pipal tree is very much importance in our way of life this Is able to change your fortune ,if light a earthen lamp filled with oil nearer to it s roots and come back without looking than with in short of span of time you will find the opportunity to get financial benefit.

2, if you coming out from your house than takeout that feet first ,that direction is nostril air is running means swar.

3.many scholar suggest that if earthen lamp with 9 battiya light up in front up of goddess lakshmi, it will be good for financial gain.

4.when ever you find marriage of any girl happening give whatever you can gives in term of help in financial matter or other desired things, or for those girls marriage who have not have unfortunately any shelter , this will change your luck .

5, naraiyal (coconut) is resentative of Rahu and if you throw the nariyal in running water than it will help you if any problem that comes because of Rahu planet

6. whenever delay occurs in our life any work , many times this happens because of Saturn planet so you offer black till on Bhagvaan Shankar this help to reduce the problem.

7.if you are having problem with some dosha because of Saturn planet why not try to wear a ring made of nall of black hoarse.

8 there may be many reason for delay in marriage but light up a agarbatti below the a bananas tree ,specially on Thursday this help you.

AYURVEDA : SOME TIPS

.

जीवन का पहला सुख तो सभी अब जान ही गए हैं "निरोगी काया " पर इस सुख को लगातार स्थायी कैसे रख जाये इस हेतु कुछ सरल से उपाय आपके सामने हैं

1, नीम की सदियों से एक तेज antiseptic माना गया हैं और हल्दी का भी लगभग यही गुण हैं तो यदि कोई घाव ठीक नहीं हो रहा हो तो पहले नीम की पत्तियोंको तवे पर गर्म कर से और फिर इसमें हल्दी मिला कर एक पट्टी में रख कर घाव पर बांधे आराम होगा, याद रखे सीधे नहीं बल्कि पट्टी में बाध कर लगाना हैं .

2,जब कभी भी कोई भी मास पेशियों की चोट लग जाये तो सीधे ही गर्म सिकाई न करे बल्कि पहले दो दिन तो कम से कम बर्फ से ही सिकाई करे हाँ इसके बाद आप हलकी गर्म सिकाई कर सकते हैं पर फिर भी आराम न दिखे तो डॉक्टर की सलाह अवश्य ले

3. मोच आ जाने यदि किसी कारण वश तो बेल की पत्तिया ले उसे गुड के साथ पका ले और इसका लेप उस मोच वाली जगह पर लगाये दिन मे कई बार यह करे ३/४ दिनमे ही आशातीत लाभ होगा ,

4. जिनके भी पेट में कीड़े हैं वे सभी यदि प्रातः काल दो तीन लाल टमाटर कच्चे चवा चवा करखाते हैं तो यह बहुत ही लाभदायक पाया गया हैं हैं .

5. कब्ज से आज कौन नहीं परेशां होगा , अनियत्रित जीवन शैली का यह अभिशाप हैं ही रात को जब आप सोने जा रहे हो आप एक चम्मच सौफ अच्छी तरह से चवा चवा कर खा ले और इसके बाद एक गिलास हल्का कुनकुना पानी पी ले आपको लाभ होगा

6. यूँ तो प्याज को त्याज ही कहा गया हैं पर यह भी एक गुणकारी वस्तु हैं यदि आप कच्ची प्याज खाते हैं तो आपके मुख के कीड़े नष्ट होजाएंगे,

7. ठीक इसी तरह लहसुन का भी गुण हैं कम से कम एकं कली तो कच्ची खाना ही चाहिए यह भी अनेक रोगोंमे के लिए एक बहुत लाभदायक सिद्ध हुयी हैं, जैसे पेट सम्बंधित

8, एक लहसुन को बिना तले चवा कर खा जाएँ आपको स्वास सम्बंधित रोगों में लाभ पहुंचेगा .

9. प्याज का नियमित सेवन से रक्त जनित रोग भी दूर होते हैं

1० .दमे से प्रभावित व्यक्ति तो को नमी वाली जगह से दूर रहना चाहिये , और उसे संभव हो तो सरसों के तेल से मालिश अपनी करना चाहिये .

****

Every body knew about the very first happiness ,"Nirogi kaya"means to have healthy body but to keep this such /happiness so for this here are some upay..

1/ the neem leaves are considered antiseptic and turmeric also has the same effect , so if any wounds are not getting healed so neem leaves mild heated on any tava and mix turmeric and this paste should be covered in a cloth and applied on that wounds , it helps.

2, when ever you are feeling any muscular pain do not apply very first on that any hot massage , actually very first two days you have to massage that area with ice already covered in cloth and after two day than can apply little bit hot massage , if still situation is not seems to good, than , must consult ant doctor.

3. if having "moch" than apply twice or thrice paste prepared with leaves of bel tree and gud. Within 3 or 4 days you will feel much recovery.

4.those who are having some "keede" in his smooch must eat two three lal tamatar (red tomato) every morning . this helps a lot.

तंत्र कौमुदी
शक्ति सायुज्य अघोर साधना महाविशेषांक
Ninth Issue – FEBRUARY 2012
PART -I
Tantra kaumudi

Name of the Articles

You can Contact Us at nikhilalchemy2@yahoo.com.

SADGURUDEV - PRASANG

एक अद्भुत वृतांत

स्वामी जी कभी कभी अपने मुड में आ जाते थे , तो शिष्यों को अत्यधिक आनंद आ जाता था ,एक बार हम पंद्रह बीस शिष्य शिष्या उनके साथ थे और गो मुख से आगे काक भुशुण्डी आश्रम जा रहे थे यद्दपि गर्मियों के दिन थे पर गंगोत्री से आगे का रास्ता हिमाच्छादित रहता था और कभी कभी तो बर्फीली आंधिया आ जाती थी , शिष्यों की परीक्षा के लिए भी स्वामी जी हम लोगो को कभी कभी ऐसे भी ले जाते थे .

आज कल तो गोमुख तक एक छोटी सी पगडण्डी से बन गयी हैं परन्तु उस समय तो चिड्वासा तक बर्फ रहता था गर्मियों में भी चारो तरफ बर्फ का साम्राज्य रहता था ऐसी स्तिथि में पगडण्डी की कल्पंना क्या की जा सकती हैं .

जब हम गौमुख से आगे की और बढे तो धीरे धीरे सर्दी का वेग बहुत अधिक बढ़ गया था स्वामी जी ने कहा सन्यासी को प्रकृति की प्रत्येक स्तिथि में स्थिर बना रहना चाहिए उन्हें सर्दी गर्मी में भी सम भाव से रहना चाहिए शरीर को जिस प्रकार से भी चाहे वह ढाल सकता हैं

यदि उसे बहुत अधिक आराम दिया जाए तो वह कमजोर हो जाता हैं , और आलसी बन कर विखर जाता हैं अतः समय समय पर उसे कसौटी पर कसते रहना चाहिए जिस प्रकार वीणा के तार कसे रहने पर मधुर ध्वनि गुंजरित होती रहती हैं . उसी प्रकार से साधक का शरीर भी कसौटी पर कसा रहने की वजह से साधना में आनंद प्रतीत होता रहता हैं

साँझ घिर आई थी और हमने बर्फ की एक बड़ी प्राकर्तिक गुफा देख कर वहीँ पर रात्रि बिताने का निश्चय किया, हमरे साथ दिव्या बहिन सहदेवी चेतैन्य माता और निश्च ला बहिन भी थी हमसे ज्यादा वे सक्रिय थी और बराबर हम लोगों से आगे चल रही थी पर आज वे भी थकी सी अनुभव कर रही थी .

गुरुदेव ने उसी गुफा में रुकने का निश्चय कर लिया , उन्होंने बताया की एक बार वे उसी गुफा में 5 दिन तक रुके थे क्योंकि उन दिनों बर्फ का तूफ़ान आ गया था और पांच दिनों तक तूफ़ान बना रहा था .

हम सब ने गुफा में ही डेरा डंडा लगाया थोड़ी सी देर की बातचीत के बाद हम सभी स्वस्थ से होने लगे विषय गृहस्थ व्यक्तियों की ओर मुड गया निर्विकल्प बाबा ने कहा गृहस्थ व्यक्तियों के मज़े ही मज़े हैं उनको किसी भी प्रकार घूमना नहीं पड़ता हैं ,

स्वामी जी ने एक क्षण के लिए बाबा की ओर देखा पर बोले कुछ नहीं हम सभी शिष्य शायद विनोद के मुड में थे , गुरुदेव की दृष्टी का अर्थ नहीं समझ पाए चैतन्य माँ ने कहा - उत्तर काशी में कहीं होते तो कहीं से भी व्यवस्था करती आप सब लोगों को आज हलुआ बना कर खिलाती , आज मेरा जन्म दिन भी तो हैं .

स्वामी जी ने एक दम से उनके शब्दों पर ध्यान दिया , बोले अच्छा आज तेरा जन्म दिन हैं तब तो हलुआ जरुर सबको खिलना ही हैं तुम्हारा जन्मदिन तुम्हारी इच्छा के अनुसार ही मनाएंगे .

हम सभी गुरु भाई बहिनों को गुरुदेव जी ने एक पंक्ति में बैठा दिया और शून्य में से चांदी की थालिया मंगा मंगा कर अपने हांथो से से सबके सामने रखते रहे उस गुफा में अपना हाथ उठाते और उनके हांथो में तीन चार थलिया एक साथ आ जाती और थालियों के बाद एक एक के सामने छः छः कटोरियाँ एक लोटा और एक गिलास भी रखा ,

फिर उन्होंने अपने हांथो से बादाम का हलवा सबको परोसा , हलवे के साथ गर्म चावलों का पुलाव , गरमा गरम फूली हुयी पुडिया दाल और पञ्च प्रकार के साग भी प्रत्येक के सामने रखते गए यही नहीं अपितु वे मिरचो का आचार और पापड भी रखना नहीं भूले .

हम सभी आश्चर्यचकित से गुरुदेव के चेहरे की ओर देख रहे थे , वे आज कुछ विशेष मुड में थे बोले - जो भी चाहिए मांग लेना .....हमारे साथ सुरेन्द्र बाबु भी थे जो सन्यास लेकर गुरुदेव के शिष्य भी बन गए थे मूलतः वे बंगाली थे बोले - रोसगुल्ला होय तो भालो "

स्वामी जी ने कहा - रोसगुल्ला ही परोसेंगे और उन्होंने हवा में से कलकत्ता के ही रसगुल्ले मंगाकर सबको परोस दिए

सन्यास जीवन में हम लोगों ने ऐसा स्वाद भी भुला दिया था कितना आश्चर्य हो रहा था गौमुख से आगे एक ऐसे स्थान पर जहाँ चारो और बर्फ ही बर्फ हैं वृक्ष या पेडो का नमो निशान तक नहीं वहां पर चांदी की थालियों और कटोरियों में भारत के श्रेष्ठ व्यंजनों का आनंद हम ले रहे थे और प्रत्येक व्यंजन गर्म गर्म परोसा जा रहा था जैसे की अभी ही कढाई से निकाला गया हो ,

उस दिन हम लोगों ने जरुरत से ज्यादा भोजन कर लिया भोजन करने के बाद गर्म पानी से हाथ धोये और वे सभी थाली और भोजन पदार्थ जिस प्रकार से गुफा में आया था शेष बचा हुआ पदार्थ उसी प्रकार से हवा में विलीन हो गया .

इससे भी ज्यादा आश्चर्य जनक बात तो तब हुयी जब गुरुदेव ने कहा की मैं विशेष कार्य से बाहर जा रहा हूँ प्रातः काल लौटूंगा तुम्हारे सोने की व्यवस्था कर दी गयी हैं हम सभी गुफा के बाहर खड़े गुरुदेव की बाते सुन रहे थे वहीँ से वे उत्तर की और बढ़ गए हम गुफा के अन्दर पहुंचे तो देखा की चौबीस गद्दे बिछे हुए हैं और प्रत्येक गद्दे पर दो दो रजाईयां एक एक तकिया रखा हुआ हैं स्वच्छ शुभ्र गद्दे तकिया और कम्बल ..

हम सब आश्चर्य चकित थे इस बात पर नहीं की यह सारी सामग्री इस वियाबान में बर्फीले स्थान पर पर कैसे आ गयी अपितु इस पर की आज गुरुदेव को क्या सुझा की हमें पूरी तरह से गृहस्थ ही बना दिया.

जरुरत से ज्यादा भोजन तो कर ही चुके थे गद्दों पर लेट गए ….. लेटते ही हमें नीद आ गयी और सुबह आखं तभी खुली जब गुफा के बाहर गुरुदेव की हुंकार सुनाई दी .

जंगल में भी मंगल हम लोगों के जीवन में भी कई बार व्याप्त हो जाता था जब भी गुरुदेव प्रसन्नता के मुड में होते ऐसा ही हास्य हम लोगों के साथ प्रस्तुत कर देते परन्तु यह सब होता शालीनता और मर्यादा के साथ

मंत्र तंत्र यन्त्र विज्ञानं से साभार

****
****

Sadgurudev prasang

When swamiji comes in his mood than that moments became joy for disciples , one upon a time , we were about fifteen / twenties shishy and shishyaa were with him, and moving kakbhushundi ashram through gomukh. Though the time was summer season but the way after gangotri was fully covered with snow. And sometimes cold blizzard also came , to testify our strength and shishyta , swamiji sometimes took these type of way.

Now a days there is a small way(pagdandi) that leads to gomukh but on that time, snow was up to the chidwasa and even in summer time too , so who can imagined about any small road or pagdandi there .

When we moved from gomukh the effect of cold getting increased up to much level. Swamiji told us that a sanyasi must be unshaken in all the circumstances imposed by nature and also bear the cold and heat in even mindness.

सर्व सिद्धि प्रदायक श्री गणेश प्रयोग

Sarv Siddhi pradayak Shri GaneSh PRAYOG

भगवान गणपति के वरदायक स्वरुप को घर में स्थापन करा सकने में समर्थ तीव्र प्रयोग

जो गणाधिपति हैं मतलब एक अर्थ में सारे गणों के अधिपति हैं तो एक अन्य अर्थ गण मतलब हमारी इन्द्रियों के भी अधिपति हैं इसी से ही भगवान के इस स्वरुप की महत्ता अपने आप में सिद्ध हो जाती हैं

वही विघ्न हर्ता हैं तो वही विघ्न कर्ता भी हैं , भगवान गणेश के स्वरूपों की विविधता तो सारे तन्त्र जगत में हैं पर उनके वरदायक स्वरुप की बात ही और हैं, कोइ भी शुभ कार्य हो कोई भी मंगल दायक कार्यक्रम हो यहाँ तक कोई भी साधना क्रम हो उनकी प्रसन्नता सबसे पहले एक साधक को चाहिए और उस से ही साधक के समस्त कार्य निर्विघ्न संपन्न होते ही हैं,

इस स्तम्भ में हम उनके ऐसी ही किसी सरल स्वरुप की साधना आपके सामने रखते हैं जो आप के लिए आसान के साथ ही साथ वरदायक भी हो और प्रत्येक साधक को कोई न कोई उनके स्वरुप की उपासना तो करना ही चहिये जो न केबल उसके उस कार्य को जिसके लिए वह साधना कर रहा हैं बल्कि आने वाले दिन को भी मंगलमय बना ही देते हैं ..

इस मन्त्र का विन्यास आपको यह बताता हैं की इस एक मंत्र में जो देखने में भले ही छोटा सा हैं पर असीम सामर्थ्य लिए हुए हैं और आप इस मंत्र को अपने दैनिक पूजन में शामिल कर के और भी अधिक लाभों से लाभान्वित हो सकते हैं.

मन्त्र : **श्रीं ॐ गं ||**

भगवती महालक्ष्मी और भगवान् गणेश के बीज मंत्रो से सुसज्जित यह मंत्र आपके लिए सौभाग्य के नए दरवाजे खोल सकने में समर्थ हैं यदि इसे आप पूर्ण आस्था और विस्वास के साथ इस प्रयोग को अपने जीवनमे स्थान देते हैं , कोई विशेष नियम नहीं हैं बस यदि पीला आसन और पीले वस्त्र धारण करके प्रातः काल किया जाये तो आप स्वयं ही इसके लाभ अनुभव कर पाएंगे .

****
****

Sarv siddhi pradayak ganpati prayog

Who is ganadhipati who is the lord of all the gan and in one other meaning he is the lord of all our senses , this is enough to understand the importance of this form of Bhagvaan.

He who is the problem solver , is also the problem creator . in tantra field , various forms of Bhagvaan ganesh worshipped , either any good work , auspicious work and religious work started , having his blessing is the first work or essential task.

What is aghor tatv?

एक विवेचना युक्त लेख आपके लिए ही तो ....

१. आखिर इस सम्प्रदाय की आवश्यकता ही क्यों .?

उत्तर :मानव जीवन अत्यंत विलक्षणता से युक्त हैं किसी भी दो का एक जैसा नही हैं , स्वभावगत ,संस्कारगत ,देश काल जाति गत भिन्नता का होना एक सामान्य सी बात हैं.हर व्यक्ति के लिए एक ही मार्ग का निर्धारण नही किया जा सकता हैं क्योंकि हर व्यक्ति की भाव गत अवस्था किसी दूसरे से अलग हैं .भगवान शंकर के पंचम मुख से निकला हुआ यह मार्ग एक साधक को (स्त्री या पुरुष) पशु भाव से उठाकार दिव्य भाव तक ले जाने में समर्थ हैं .

और इतनी तीव्रता से की जो की अन्य किसी भी मार्ग में संभव ही नही हैं . इस कारण इस मार्ग विशेष का प्रादुर्भाव हुआ , योग्य आधिकारि यो के लिए हुआ हैं .क्योंकि

जीवः शिवः शिवो जीवः , स जीव : केबल: शिव |

पाश –बद्ध :स्मृतो जीवः ,पाश मुक्त स्स्दाशिवः ||

अर्थात जीव शिव हैं और शिव ही जीव हैं ,वह जीव केबल शिव हैं ,भिन्न नही ,एक वही जब पाश बद्ध रहता हैं तो जीव कहलाता हैं ,और पाश मुक्त होने पर सदा शिव ....तो जीव को कैसे उसकी शिव अवस्था तक शीघ्रतम ले जाया जाय . इस हेतु इस मार्ग का प्रकटीकरण हुआ .क्योंकि तंत्र बलपूर्वक इच्छाओ का दमन का विरोध करता हैं बल्कि वह उन्ही को दिव्यतम बना कर तीव्रता से साधक को अपने लक्ष्य तक लेजाता हैं . और इसी कारण से इस राज मार्ग ,दिव्य मार्ग भगवान शिव के द्वारा सामने आया .

२. दक्षिण और वाम मार्ग में क्या अंतर हैं .?

उत्तर –दोनों ही मार्ग दिव्यता की ओर ले जाते हैं एक में स्व नियत्रण अलग ढंग से हैं दूसरे में बिलकुल अलग तरीके से . पर मनमाना व्यापार किसी में नही..... दोनों ही सदगुरुदेव की दिव्य द्रस्टी से बंधे हुए हैं . चूँकि कलयुग में तंत्र से ही सफलता कहीं आसानी से मिल सकती हैं क्योंकि संयम , जप तप , और अन्य आवश्यक क्रियाओं हेतू जैसी मानसिक निर्मलता स्वच्छता होनी चहिये वह आज संभव नही हैं.अतः भगवान शकर ने ही यह कहा हैं की तंत्र मार्ग ही इस कलयुग में राज मार्ग जैसा हैं इसको छोड़ कर या इसकी निंदा करके अन्य मार्ग को अपनाने वाला साधक मुर्ख हैं क्योंकि अब न उतनी आयु हैं और न वैसा समय..पर तंत्र मार्ग भी व्यक्ति की अंतश चेतना के माध्यम से अगलग अलग मार्ग रखता हैं .जो अधिकारी हैं तीव्रता के ...

जो योग्य हैं पात्रता रखते हैं उनके लिए ...यह दिव्य मार्ग हैं .

वाम मार्ग के बारे में कहा गया हैं ,

बीनाऽऽगम कलौ देवी ! नैव सिद्धयन्ति देवता : ||

वाम एव भवेत पन्थ: कलौ सिदि्ध्य्भलाषीणाम

कौलो मार्ग : परम गहनों , योगिनामप्यगम्य :

साधारण अर्थ यह हैं की वाम मार्ग के बिना कोई भी देवता सिद्ध नही होते . इस कलि युग में सिद्धि चाहने वालो के लिए यही एक मार्ग हैं .पर यह मार्ग इन्द्रिय लोलुप के लिए वर्जित हैं ,यहाँ भी सदगुरुदेव सत्ता सर्वोपरि हैं .

अतः किसी भी मार्ग को सिर्फ सुनी सुनाई बात के आधार पर हेय नही ठहराना चाहिए .

अघोर मार्ग वाम के अंतर्गत आता हैं अतः समस्त तंत्र शास्त्रों ने सर्व सम्मानित हैं .

३. अघोर और घोर हैं क्या .?

उत्तर .

घृणा शंका भयं लज्जा ,जुगुप्सा चेती पंचमी |

कुल शीलं तथा जातिरष्टो पाशा : प्रकीर्तिता ||

पाश –बद्ध स्मृतो जीवः ,पाश –मुक्त : सदा शिव ||(कुलार्णव)

साधारण मानव जीवन आठ प्रकार के बंधनों से बंधा हुआ हैं जिसे शास्त्र अष्ट पाश की संज्ञा देते हैं यह एक प्रकार से आत्मा के मूल स्वरुप को छुपा देते हैं . जो इन अष्ट पाशो से या घोर (यहभी एक संज्ञा हैं) से बंधे हैं वह घोर हैं या संसारी जीव हैं , और जो इन अष्ट पाशो से मुक्त हैं वह अघोर हैं .जो एक दिव्यतम अवस्था हैं .

४. वास्तव में अघोर या अघोर साधक हैं क्या ...?.

उत्तर –घोर मतलब संसार के नियमों में बंधा हुआ .तो अघोर वह हैं जो नियमों से मुक्त हैं वह राग द्वेष से परे हैं , अष्ट पाश से मुक्त हैं , अब वह सर्वथा निर्लिप्त हैं . मोह माया के चंगुल से परे , अपने स्व अस्तित्व जो की सदा आनंदमय हैं, में डूबा हुआ एक ऐसा साधक जो जाति धर्म , छुआछूत ,उंच नीच , शुद्ध अशुद्ध , मान अपमान से परे दिव्यतम अवस्था में होता हैं जिसने यह जान लिया खुद अनुभव कर लिया की सारा संसार .... सारी वस्तुए दिव्य हैं तो अब उसे क्या अंतर .वह अब सभी में उसी दिव्यता का अनुभव करता हैं

भावस्तु त्रिविधो देव ! दिव्य वीर पशु क्रमात |

आद्य भावो महादेव !श्रेयान सर्व –सम्रद्धि द ||

द्वितीयो मध्यम् श्चेव , तृतीय स्सर्व –निन्दित ||(भाव चूडामणि)

यह स्पस्ट करता हैं की तीनो भाव दिव्य , वीर,पशु में दिव्य भाव सर्व श्रेष्ठ हैं और

चूँकि एक साधक जब इस मार्ग की सहायता से दिव्य भाव में कहीं आसानी से पहुँच जाता हैं तो इस मार्ग ही उच्चता स्वतः ही सामने आ जाती हैं .

और इस परम विजयी साधक को समाज भले ही न पहचाने पर वह होता हैं सर्वथा आनंदमयी अवस्था में .और उसे ही अघोर या अघोरी या अवधूत या औघड की संज्ञा से संबोधित किया जाता हैं

५. शक्ति का इन दोनों से क्या सम्बन्ध हैं .?

उत्तर –शिव और शक्ति के संयोग के बिना कुछ भी संभव नही हैं , शक्ति को भी एक आधार तो चहिये ही . शिव भी शक्ति के कुछ नही कर सकते हैं तो शक्ति को भी कुछ करने के लिए उनकी आवश्यकता हैं ही मतलब एक आधार तो चाहिए . जब अघोर मार्ग इतना दिव्यतम हैं तो इन दोनों का सम्मिलन अवश्य ही होगा क्योंकि इसके बिना कैसे कोई मार्ग अपनी उच्चता तक पहुँच सकता हैं . साधक जो भी साधनाए करता हैं वह बाह्यगत रूप से भगवान शंकर के स्वरुप भले ही दृष्टिगत करायेगए रूप से संबंधित दिखे .... पर होती हैं वह सब शक्ति सायुज्ज , क्योंकि बिना शक्ति के कुछ भी सर्जनात्मक या विधान्वात्मक संभव ही नही हैं,जो भी साधनाए इस मार्ग में हैं वह सभी की सभी कहीं न कहीं शक्ति सायुज्ज ही हैं .

६. अघोर साधानाए इतनी उच्च क्यों मानी जाती हैं .?

उत्तर –हर साधनाए अपने आप में उच्च हैं पर जब अघोर साधनाओ की बात आती हैं तब बात ही अलग हैं , इस मार्ग की साधनाओ को समस्त साधना क्षेत्र का सिरमौर कहा जा सकता हैं . क्योंकि साधक एक तो उस स्थान पर यह साधना करता हैं जहाँ पर प्राण ऊर्जा सबसे जयादा होती हैं. और निश्चय ही यह साधनाए अपने आप में कोई महीनो या साल नही मागती बल्कि कुछ दिन में ही सीधे सफलता का साधक को वरण करा देती हैं. तीक्ष्ण होती हैं . और कोई हलके में लेने वाली नही हैं क्योंकि न केवल यह दुस्कर होती हैं बल्कि यदि त्वरित परिणाम देने वाली होती हैं तो अत्यधिक सावधानी भी साधक की ओर से चाहती हैं . और जो इस मार्ग पर चला चाहता व् ह स्त्री या पुरुष कोई भी हो वह जानता हैं की यह सीधे सीधे सिद्धियो या प्रकृति के रहस्यों पर झपट्टा मार कर छीन लेने का मार्ग हैं रोते या गिडगिडाने वालो का नही .अत्यधिक प्राण उर्जा से भरी साधनाए जो आर या पार की अवस्था रखती हैं इस मार्ग की विशेषता हैं .

७. अघोर सम्प्रदाय के मुलभुत सिद्धांत क्या हैं.?

उत्तर –सामान्यतः सभी मार्ग का एक मूल सिद्धांत तो यही हैं की सभी उस परम सत्ता जिसे सदगुरुदेव कहा जाता हैं तक पहुंचना ..उस में विलीन चाहता हैं और वही लक्ष्य भी हैं . पर इस मार्ग में कुछ सामान्य से नियम हैं पर जो आज देश काल और सामाजिक नियमों को ध्यान में रख कर कुछ परिवर्तित भी इन मार्ग के आचार्यों द्वारा कर दिए गए .. इस बारे में आप अग्रिम लेखो में विस्तार से ....लेख में इसी अंक में पढ़ ही सकते हैं

फिर भी .कुछ सामान्य नियम

- साधक की साधना स्थली शमशान ही होती हैं .
- वह उच्च नीच या भेदभाव किसी भी जाति या धर्म से नही करता हैं
- वह समभाव में रहता हैं .
- गुरु आज्ञा /इष्ट आज्ञा सर्वोपरि हैं .
- अष्ट पाशो से मुक्त होकर अपने इष्ट में लीं रहना .

८. क्या अघोर साधक एक सामने गृहस्थ जीवन निर्वाह कर सकता हैं .?

उत्तर –गृहस्थ जीवन कहीं भी किसी भी साधना पथ पर वाधक नही हैं अगर साधक सही में साधना पथ पर चलना चाहता हैं तो . हाँ किसी काल विशेष में यह माना गया था की यह गृहस्थों के लिए नही हैं, सदगुरुदेव ने जीवन भर अनथक परिश्रम करके यह बताया की बस इतना ध्यान रखना हैं की जब साधना की जा रही हो तब अपनी मानसिक अवस्था एक सन्याशी जैसी रखनी हैं और कुछ विशेष नही ..

.तो आज भी सदगुरुदेव के अनेको शिष्य जो की इस अघोर साधना की उच्च भाव भूमि पर हैं गृहस्थ रूप मे हैं अतः यह कोई समस्या या बंधन नही हैं .

९. अघोर साधक के लिए भी क्या दीक्षा विधान हैं .?

उत्तर –दीक्षा से ही पात्रता दी जाती हैं इस मार्ग में चलने के लिए के लिए..और यह तो व्यक्ति का सौभाग्य हैं की उसे इस मार्ग की दीक्षा प्राप्त हुयी हो , साधारणतः सबसे पहले श्री सदगुरुदेव के द्वारा समान्य दीक्षा व अन्य क्रमानुसार दीक्षा फिर साधक की रूचि या संस्कार किस मार्ग केलिए हैं यह देख कर अघोर दीक्षा , का प्रावधान हैं , फिर विशिष्ट अघोर दीक्षा और फिर साधक की उन्नति के अनुसार अन्य अन्य दीक्षाओ का क्रम यह तो सदगुरुदेव के हाथ में हैं .इस तरह हर मार्ग की तरह इस मार्ग में भी उच्चतम दीक्षाओ का विधान हैं पर वह अभी तक जन मानस के सामने नही आया हैं .

१०. आज के समय में अघोर साधक या साधनाओ की क्या उपयोगिता हैं .?

उत्तर - आज के समय में तो इसलिए भी इन साधनाओ की उपयोगिता ज्यादा हैं की आज व्यक्ति के पास न तो समय हैं और न ही वह स्वस्थ या सामर्थ्य की वह लंबी लंबी साधनाओ में बैठ सके . और उन साधनाओ में सफलता के लिए वर्षों इंतज़ार भी कर सके . अघोर साधनाओ में भी हर तरह की साधनाए हैं जो किसी अन्य मार्ग में हैं . फिर वह चाहे आरोग्य से सम्बंधित हो या लक्ष्मी से सबंधित .....तो जो साधनाओ त्वरित परिणाम दे ने में समर्थ हैं वह तो आज के लिए बहुत जरुरी हैं .. क्योंकि जब कम समय में अपने जीवन के लक्ष्य को स्पर्श करना हो तब .....यही राज मार्ग हैं ...हाँ सावधानी यह मार्ग चाहता हैं और साधक की सजगता भी ...

११. इस मार्ग में स्त्री और पुरुष का क्या कोई भेद हैं .?

उत्तर – तंत्र ही वह पहला मार्ग हैं जी जातिगत वर्णगत और लिंगगत भेद नही मानता हैं वह केबल साधक शब्द से परिचित हैं जिसमे स्त्री या पुरुष दोनों ही आ जाते हैं . जिस किसी की भी रूचि हैं वह इस मार्ग में चल सकता हैं . यहाँ किसी भी प्रकार की न्युन्ताये नही हैं .यह मार्ग भी शक्ति तत्व पर हैं अतः स्त्री भी किसी भी अन्य मार्ग की अपेक्षा इस मार्ग पर जयादा सफलता प्राप्त कर सकती हैं.क्योंकि शक्ति तत्व शक्ति में कहीं ज्यादा आसानी से युक्त हो सकता हैं .

१२. आज जब शमशान हैं ही नही या न के बराबर तब कैसे की जाए अघोर साधनाए ?

उत्तर –ऐसी कुछ स्तिथि तो अब सामने हैं पर अब शमशान हैं ही नही यह तो बात नही हैं....हाँ ... यह जरुर हैं की परिस्थिति के कारण , देश काल की स्थिति के कारण अब उतने बड़े नही हैं पर शास्त्रों में अनेको और शमशान बताये हैं जैसे की जिस बिस्तर पर आप सोते हैं वह भी शमशान हैं .पद दलित महिलाये (वैश्या) के घर को भी शमशान मन गया हैं और अगर एक उच्चस्तरीय दीक्षा "तीव्र महाकाल दीक्षा " ले ली जाए तो सदगुरुदेव साधक के ह्रदय में ही शमशान का निर्माण कर देते हैं ...हाँ यह जरुर हैं की पहले पहले कुछ बार किसी अनुभवी के साथ जाना पड़ता हैं पर बाद में जब समझ आ जाता हैं और साधक योग्य और चतुर हो जाता हैं तब यह समस्या सामने नही आती हैं.

.

१३. अघोर साधना और आज के समाज में इनका महत्त्व .?

उत्तर –हमारे समाज का यह दुर्भाग्य रहा और कतिपय अनधिकारियो द्वरा इस मार्ग में जा कर मनमाना व्यवहार कारण ....यह समाज से और समाज इससे दोनों एक दूसरे से कट गए .और समाज इस मार्ग को एक भय मिश्रित श्रद्धा से देखने लगा .

पर अब आधुनिक काल में सदगुरुदेव जी ने अपने सन्याशी और गृहस्थ शिष्यों के द्वारा बहुत कोशिश करके भ्रान्तिया इस मार्ग की दूर की ..और अब समाज में थोडा सा दृष्टी कोण परिवर्तित हुआ हैं , शमशान साधना के प्रति जिस तरह से रूचि और एक स्वास्थ्य दृष्टी कोण का निर्माण हुआ हैं वह बहुत ही प्रशंशनीय हैं .

****

Aghor tatv and shakti tatav nirupan :

1. why this sect is needed?

Answer : there many many specialties in human life. No two person are alike. There may be some difference based on time place , due to caste , belief ,area a very normal phenomena. Than its not good and possible too that only one way is advice to each and every person, since each person bhav avastha is quite different to other. This marg is originated from the fifth mouth of Bhagvaan Shankar that has the ability to lift a man/woman consciousness from lower pashu bhav to higher divya bhav very easy , and so fast , that is unmatchable to any other way. and this marg is came in light only for the person who has ability to go for this . since ..

जीवः शिवः शिवो जीवः , स जीव : केबल: शिव |

पाश –बद्ध :स्मृतो जीवः ,पाश मुक्त स्स्दाशिवः ||

This means every living being is a shiv and the shiv is every living being. And every living being is a shiv and nothing else . the same one when covered with pash than called shiv and when that is free from that than becomes sada shiv.. so how this can be possible to reach a level that has been called shiv .. this made easy by coming of this marg . since tantra does not advocate to suppress of feeling but try to convert that into the divinity and that is the reason behind the origination of this great marg.

शक्ति और अघोर तत्व निरूपण एक सामान्य परिचय

shakti & aghor tatv- general introduction?

एक विवेचना युक्त लेख आपके लिए ही तो ....

चाहे किसी भी धर्म की साधना हो या कोई भी पूजा पद्धिति बिना शक्ति के कुछ भी संभव नहीं .. तो एक सामान्य सा प्रश्न मन में उठता हैं की यह तत्व हैं क्या .... इस लेख में इन दोनों बातो का सरलतम विवरण दिया जा रहा हैं और गूढार्थ और विशिष्ट अर्थ क्रमशः इस महाविशेषांक में अगले लेखो में आपके सामने होंगे

भारतीय साधना विज्ञानं की इस अवधारणा से सभी परिचित होंगे की एक पक्ष यदि शिव हैं तो दूसरा अनिवार्य पक्ष शक्ति हैं और इन दोनों के आपस में एक्य होने से ही विश्व गतिमान हैं यदि शिव शक्ति के बिना शव सामान हैं तो शक्ति भी शिव के बिना कुछ नहीं कर सकती हैं क्योंकि शक्ति को भी एक आधार चाहिए ही .

जैसा की एक कवि ने लिखा हैं कि नर से बड़ी नारी जा में दो दो मात्रा भारी, और जीवन में जो कुछ भी सौन्दर्य हैं, गतिमयता हैं ,प्रवाहमयता हैं , जो कुछ भी श्रेष्ठता हैं जो कुछ भी निर्माण या पालन या विध्वंस की बात आये या इनका अपना ही एक विशिस्ट सौन्दर्य हो सभी के मूल में वही एक शक्ति तत्व ही हैं ,

जैसा की सप्तसती में वर्णित हैं माँ भगवती जगदम्बा कहती हैं की " वे ही शुभ की शक्ति हैं और वे ही अशुभ की भी शक्ति हैं " इस विश्व में जहाँ कहीं भी शक्ति तत्व की बात हो वह चाहे जो कुछ भी प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष हो सभी के मूल में एक वही हैं "द्वितीयो न अस्ति ..."

इस तत्व की गरिमा और गहनता और सम्पूर्ण विश्व में व्याप्तता को तो आदि शंकराचार्य को भी मानना पड़ा , वाराणसी /काशी में वर्णित उस विख्यात घटना से आप सभी परिचित हैं ही जिसमे माँ भगवती जगदम्बा ने आदि शंकराचार्य के ये कहने पर की माँ मुझमे शक्ति नहीं हैं , माँ ने उत्तर दिया की "बिना शक्ति के यह महत काम कैसे पूरा होगा ."

सम्पूर्ण विश्व को गतिमान रखने वाली एक वही शक्ति हैं जिसको की महा योगियों ने "नित्य लीला विहारिणी माँ भगवती जगदम्बा " के नाम से संबोधित किया हैं , और सारा विश्व की उनकी लीला स्थली हैं वही दुर्गा सप्तसती में " आदि शक्ति महालक्ष्मी " के रूप में वर्णित हैं और उन्होंने अपने आप को तीन रूप में विभक्त किया यह महाकाली , महालक्ष्मी , महा सरस्वती के रूप में सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त त्रयी शक्ति हैं और ये त्रि शक्ति पुनः विभक्त हो कर दस महाविद्या और अन्य अनेको रूपों में हमारे सामने विभिन्न साधनाओ की आधिस्ठार्थी के रूप में आई ,

और इनके माध्यम से ही मतलब इन शक्ति तत्व के माध्यम से ही एक सामान्य सा व्यक्ति साधना पथ पर चलता हुआ नर से पुरुष और फिर पुरुष से पुरोषोत्तम बनने की तक की यात्रा कर ले ता हैं या इसे इसे देखा जाये की शक्ति हीन सामान्य से दीन हीन जीवन से लेकर शक्ति युक्त और फिर शक्ति युक्त से स्वयं शक्तिमान बनने तक की यात्रा केबल और केबल साधना के माध्यम से ही संभव हैं .

अतः न केबल सामान्य भौतिक जीवन में बल्कि आध्यात्मिक जीवन में और यहाँ तक की अत्याधुनिक विज्ञानं मय जीवन में भी कोई मूल भुत तत्व हैं तो हमें शक्ति तत्व को न केबल स्वीकार करना ही पड़ेगा बल्कि यदि जीवन को उच्चता पर ले जाना हैं तो इस तत्व साधना के माद्यम से संभव हो सकेगा .

पर शक्ति तत्व को अपने आप में समाहित करके इस दिव्य यात्रा में अनेको मार्ग हैं , और हर मार्ग का अपना एक अ लग ही अर्थ हैं , और इन मार्ग में सर्वोपरी कोई हैं तो उसे "अघोर मार्ग " के नाम से संबोधित किया जाता हैं . तो आखिर यह अघोर तत्व क्या हैं ??... यु तो देवता भी इस तत्व की व्याख्या नहीं कर सकते हैं , अभी प्रारंभिक भाव भूमि समझने के लिए ,, ऐसा समझे की मानव जीवन अष्ट पाशों से बंधा हुआ हैं जो दिखाई ही नहीं देते हैं .....पर हैं ... जिनको महसूस किया और इन अदृश्य बंधन से सारा मानव जीवन बंधा हुआ हैं जैसे भय ,काम , जुगुप्सा आदि आदि ...

और इन अष्ट पाशों को "घोर " कहा जाता हैं और जो इन अष्ट पाशों से मुक्त हो गया हो उसे अघोर या अघोरी कहते हैं , यह बात अलग हैं की सामन्य परिभाषा में अघोरी का मतलब गंदे ढंग से रहने वाला या बात बात में गलियाँ देने वाला एक असभ्य व्यक्ति की ही छबि आती हैं पर वास्तविकता इस से बिलकुल विपरीत हैं , यह तो परम दिव्य मार्ग हैं , और इस मार्ग में जिस किसी ने सदगुरुदेव जी से " अघोर दीक्षा " ली हैं उसके सौभाग्य से तो देवता भी इर्षा करते हैं, और जिसने "विशिस्ट अघोर दीक्षा" ली हो तब कहना ही क्या हैं.

पर क्या अघोर मार्ग का अनुसरण करने के बाद भी सामान्य जीवन में जी या जा सकता हैं ??मतलब एक सामान्य गृहस्थ का जीवन व्यक्ति जी सकता हैं , पूज्य भगवद पाद सदगुरुदेव जी ने गृहस्थ सन्यास की अवधारणा अगर सामने रखी हैं तो उन्होंने अघोर तत्वों को समझाते हुए गृहस्थों को भी इस देव दुर्लभ पथ पर अग्रसर किया..और उन्होंने यह स्पष्ट किया की यह तो भाव भूमि हैं न की कोई प्रदर्शन की वस्तु ..

और उन्होंने अनेको बार मंत्र तंत्र यन्त्र विज्ञानं पत्रिका के लेखो के माध्यम से इस और लोगों को बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया , तवरित और सटीक अचूक साधनाए इस मार्ग की पहली विशेषता हैं ,

जैसा की नाम ही स्पष्ट कर रहा हैं की शमशान में साधना इस मार्ग की एक विशेषता हैं , वह भी इसलिए की वहां पर प्राण उर्जा का एक अति विशिस्ट घनत्व रहता हैं और मानव जीवन के अनेको अवगुणों से स्वत ही व्यक्ति का उचाट हो जाता हैं .

अभी कुछ काल पहले वनारसी के अघोर आचार्य भगवान् राम ने पुरे जीवन अनथक मेहनत की इस मार्ग को समाज से जोड़ा जाए , और पूज्य भगवद पाद सदगुरुदेव जी ने भी अनेको देव दुर्लभ साधनाए हमारे सामने इस मार्ग की बताई और अनेको उनके उच्चस्तरीय सन्यासी शिष्य जो की सिद्धाश्रम संस्पर्षित हैं इन अघोर साधनाओ के परम आचार्य हैं , और हम सब का यह सौभाग्य हैं की उनके विशिस्ट ज्ञान अनुभव से यह अंक अलंकृत हैं ,

बस अब इतनी ही देर हैं की हम इस महान पथ के प्रति अपना पूर्वाग्रह एक तरफ रखे और मुक्त ह्रदय से अपने जीवन को अष्ट पाशों से मुक्त करके अपने आत्म तत्व मतलब पूज्य सदगुरुदेव के वास्तविक परिचय पाने के लिए इस मार्ग की दिव्यतम साधनाए को आत्मसात कर सदगुरुदेव के गौरव को और प्रवर्धित करें.

****

****

Initial introduction of shakti and Aghor tatv

The Shakti tatv is a essential part of any sadhana or poojan paddhati ,whether they belongs to any religion or sect. than one very simple and essential question rises in our mind that after all what is this shakti tatv ?? in this article very simple introduction is being dealt and many of the mysteries and deeper meaning will be revealed in coming many articles of this e mag ‘s Mahavisheshank .

Every one knew this facts that whole universe is running through shiv and shakti tatv , and both tatv depend upon each other , if without shakti tatv , shiv becomes shav (corpse) than without shiv , shakti can not do any thing since shakti also need a base or aadhar .

What is shamshan ???

शमशान के बारेमे कुछ बाते ...

जब बात अघोर मार्ग की हो और वह भी शक्ति तत्व के सायुज्ज के साथ तो निश्चय ही बात कहीं न कहीं साधना की ही हो रही हैं , और अघोर मार्ग में तो एक एक पल जीवन का साधना मय हैं ही ,और साधनाए भी अति दुष्कर.. सामान्य से भी कहीं ज्यादा कठिन .. जितनी कठिनाईया सोची न जा सकती हो वह सब इस दिव्य पथ पर हैं ही .

क्योंकि बस शमशान में साधना कर ली और हो गए आप अघोरी तो ऐसा नहीं हैं .....यह तो वस पथ की शुरुआत हैं न ... पर जब मार्ग इतना उच्च कोटि का हैं तो निश्चय ही साधना स्थली भी इतनी ही उच्च कोटि की होगी, और वह हैं शमशान ... भले ही साधारण लोग इस शब्द के नाम से भय भीत हो जाए एक पूर्वाग्रह युक्त धारणा रखे .....

पर जो बुद्धिमान हैं वह यह भले भांति जानते हैं की यह तो विश्व का एक परम पवित्र स्थल हैं.

और जहाँ पर अपने पूरे जीवन काल की आप धापी से परेशां हो कर व्यक्ति आराम की अंतिम साँस लेता हैं जहाँ पर पञ्च महा भुत का पुनः अपने स्व स्वरुप में आना संभव हो रहा हैं, जहाँ की मिटटी वास्तव में पवित्र हैं क्योंकि यहं न कोई काम का वास हैं न ही कोई अन्य मानव के स्वाभाव या चरित्र की कमिया जहाँ पर आ कर स्वयं ही मनुष्य का चित्त संसार की आसरता को देख लेता हैं, और यह सत्य भी हैं की अगर कोई हर दिन कुछ समय अपना वहां पर गुजारे तो स्वतः ही वैराग्य की भावना उसके मन में आने ही लगती हैं. .

पर क्या श्मशान का मतलब केबल एक वही जगह हैं जहाँ पर दाह संस्कार हो रहा हो ,,नहीं नहीं ऐसा नहीं हैं बल्कि शास्त्रों में कई ओर शमशान बताये हैं जैसे की किसी पद दलित महिला का घर (वैश्याका घर), हमारी स्वयं सोने का पलंग पर विस्तर और ऐसे कई हैं और जब सब कुछ जो इस ब्रम्हांड में हैं तो क्या वह इ स शरीर में नहीं होगा.... ??

यह कैसे नहीं होगा मतलब इस मानव देह के अंतर्गत भी एक शमशान हैं पर उसे तो जाग्रत करना पड़ता हैं .. और यह सिर्फ सदगुरुदेव की कृपा से ही संभव हैं और " तीव्र महाकाल दीक्षा " इसी मानव देह के अन्दर के शमशान को जाग्रत कर देती हैं .. जहाँ उसके राग द्वेष जल रहे होते हैं और वहां पर साक्षात् महाकाली का नृत्य संभव हो रहा होता हैं.

हर वह स्थान जहाँ पर शव का अतिम संस्कार हो रहा हो उसे शमशान नहीं कहते हैं ,, क्योंकि जिसका क्षेत्र फल; कम हो उसे मरघट कहतेहैं और इस मरघट के अधिपति देव को मरघ टेश्वर कहते हैं और इनका स्वरुप भी बहुत विचित्र रहता हैं कुछ अंधे रहते हैं...... तो कुछ के हाथ नहीं..... तो कुछ सुन नहीं सकते हैं तो कुछ अन्य विभिषिकाओ से युक्त.... बस इतना ही ....नहीं नहीं ,,

क्योंकि यदि इनका स्वरुप नहीं मालूम हैं और किस दिन कैसा स्वरुप.... मरघट के किस दिशा पर हैं तो साधक की मृत्यु तो निश्चित ही समझये .. यह बहुत ही सावधानी का विषय हैं ..मतलब साधक को किस दिशा की तरफ से उस स्थान पर प्रवेश करना हैं ...

और दुसरे बड़े क्षेत्र जिन्हें शमशान कहते हैं उसके अधिपति को शम्शानेश्वर कहते हैं. और किस दिन किस प्रकार का स्वरुप होता हैं और यह दिन के वार और तिथि पर निर्भर करता हैं .. के अनुसार ही चला जाता हैं तो तीसरे स्तर पर ऐतिहासिक शमशान आते हैं जिनका अपना एक अलग ही महत्व हैं, यहाँ की उर्जा और चैतन्यता का क्या कहना .. इसमें जैसे काशी के मणि कर्णिका ... हरिश्चंद्र घाट .. उज्जैन का महाकालेश्वर .... कामख्या महा पीठ का शमशान ....के स्तर के शमशान और यहाँ हर कोई साधना ऐसे नहीं कर सकता हैं कई जगह तो बाकायदा आपका रजिस्ट्रीकरण भी होता हैं .

और आप शमशान की पवित्रता देखिये की अगर आपको साधना करने जाना हैं तो भी आप को शमशान में प्रवेश के पहले स्नान करना होगा , भले ही आप घर से स्नान करके चले हो .. और जैसे ही उस दिन की साधना समाप्त होगी ,आपको फिर स्नान करके ही बाहर आना हैं..

शमशान की अपनी एक मर्यादा हैं .. अपनी एक गरिमा हैं यहाँ एक अलग वातावरण हैं . यह कोई मजाक में लेने ही वस्तु नहीं हैं ....यहाँ सामाजिक नियमो का पालन करना जरुरी नहीं हैं खासकर कर साधना काल में .. जब भी आप साधना रत हो या शमशान में हो ,, कोई भी व्यक्ति कुछभी कर रहा हो ,, उससे आपको मतलब नहीं होना चहिये ..आप देख सकते हैं .....

कौतुहल ज्यादा ठीक नहीं ... पर कुछ पूंछा पाछी नहीं करे.. कोई सोया पड़ा हैं .....कोई लड़ रहा हैं ..... कहीं और भी कुछ चुपचाप देखें .... यहाँ का व्यापार बहुत ही विचित्र हैं ,, शमशान में पड़ी कोई भी चीज आप उठाकर घर न लाये ,, पता नहीं किस मुसीबत को आप आमंत्रित कर रहे हैं

यह आवश्यक नहीं हैं की कोई इतर योनी अ दृश्य रूप से कुछ करे बल्कि कतिपय उच्च स्तर की शक्तिया तो मानव रूप धारण कर के भी ..... अतः न तो किसी का दिया यहाँ खाए ,, और कोई भी अनजाना यदि स्त्री हैं रात्रि के समय हैं आपसे बात करती हैं तो बहुत सोच समझ कर ही उत्तर दे .. क्योंकि प्रारंभ में साधक यदि अपने मन मानी ढंग से चलेगा तो किसी भी विपत्ति में फस सकता हैं उसे तो अपने मार्ग दर्शक और सदगुरुदेव के ही केबल और केबल आसरे होना चाहिए .

पर इतना भय भी ठीक नहीं हैं . सदगुरुदेव जी ने अपने लेख में एक ऐसे शमशान का हमें परिचय कराया था जहाँ की उच्चता इतनी ज्यादा थी की क्योंकि वहां वह अत्यंत उच्च कोटि के साधको द्वारा लगातार उच्च कोटि के प्रयोग किये गए रहे हैं,,,साधनाए की जाती रही हैं

और एक ऐसा साधको के लिए वातावरण का निर्माण वहां पर हो गया था की वहां की सारी शक्तियां साधको का पूरा ध्यान रखती थी की उनकी साधनाओ में कोई विघ्न न आये .. उन्हें कोई खाने पीने की समस्या न हो और तो और साधक के शरीर अस्वस्थता में उन शक्तिया द्वारा उस साधक की कितनी देख भाल की गयी थी वह तो अविस्मर णीय हैं.....

अगर साधक शमशान में सिर्फ अपनी साधना और साधना के लिए ही गया हैं और वह वहां पर कोई व्यवधान नहीं करना चाहता हैं किसी को वश में करना या गुलाम नहीं बनाना चाहता हैं तो ऐसी उच्च कोटि की मानसिकता वाले साधक का तो फिर सदगुरुदेव की परम कृपा से सभी शक्तिया या इतर योनिया सहयोग करेंगे ही . और वेसे भी जो सदगुरुदेव का शिष्य हैं वह कोई निम्न मानसिकता वाला तो होगा ही नहीं .. और यह कैसे सम्भव हैं , और उनके आतामंशो की साधना में भला किस्मे इतना सामर्थ्य हैंकि कोई व्यवधान कर दे ,,जबकि सदगुरुदेव स्वयं सदैव सूक्ष्म रूप से उनके साथ रहते हो ....

कुछ बाते समझ लेना भी जरुरी हैं यह कोई आवश्यक नहीं हैं की साधक को यदि उसे शमशान साधना करनी ही हो तो हर बार उसे किसी न किसी शमशान में जाना ही पड़ेगा ,, हाँ कुछ प्रांरभ की साधनाए के बाद तो साधक को सामान्यतः ऐसी कोई अनिवार्यता नहीं होती हैं जब तक की गुरु जनों द्वारा उसे विशिष्ट रूप से निर्देशित न किया गया हो ....

और यह भी की ये कोई मात्र पुरुष साधक केलिए ही बल्कि स्त्रियों के लिए भी साधना की जगह हैं बल्कि यह तो तंत्र का क्षेत्र हैं जहाँ विश्व में पहली बार स्त्री पुरुष को उनके शरीर के आकार से ,, लिंग भेद से देखा नहीं जाता हैं बल्कि यहाँ सभी साधक हैं फिर वह स्त्री हो या पुरुष कोई भेद नहीं ,, और यहाँ तक की जाति गत धर्मगत भेद भी नहीं माना जाता हैं या हटा दिए गए हैं और तो और कतिपय क्रियाओं में तो शायद समाज के निचले स्तर से आई हुयी महिला साधक को या महिलाओ को जयादा उच्चता दी जाती हैं

यहाँ सभी केबल भैरव और भैरवी ही हैं .....

इसका यह मतलब नहीं की स्वेछचार हो रहा हो , वास्तव में भैरवी तो साक्षात शक्ति स्वरूपा होती हैं और उन्हें उसी दृष्टी से देखा भी जाता हैं.. जो समझते हैंकि वहां पर कोई वासना पूर्ति की की मन मानी क्रियाये हो रही होंगी तो वह स्वयं ही अपना संहार करवाने के लिए प्रस्तुत हैं ..

इस स्थान पर क्षमा नहीं होती हैं,,,साधक की कोई भी गलती क्षमा के लिए नहीं हैं जब मानो आप साक्षात् १०,००० बोल्ट की बिजली की धारा से बह रहे तार से खेल करेंगे तो आप को परिणाम मालूम होना ही चाहिए , और ठीक यही स्थिति कुछ यहाँ पर भी हैं.

और ऐसा नहीं की बस आप ने अपने आप को घोषित कर दिया भैरव और किसी महिला साधक को भैरवी ..ऐसा नहीं हैं यह मार्ग और इ स साधना स्थली में तो सदगुरुदेव तत्व का कितना न प्राधान्य रहता हैं और कितनी न देव दुर्लभ क्रियाये की जाती हैं और उससे निकल कर की एक साधक अगर भैरव बन पाता हैं तो महिला साधिका भी भैरवी से महा भैरवी और फिर दिव्य भैरवी की संज्ञा से युक्त हो जाती हैं

और हर स्तर पर अति उच्च कोटि के साधनात्मक विधान और क्रियाये हैं जो की दिव्यतम दीक्षाओ के माध्यम से सदगुरुदेव द्वारा निर्देशित होते हैं .. फिर आपको एक पल के अंश के भाग में ही कोई मन मानी या क्रियाओ के नाम पर कोई भी स्वेच्छाचार की कोई भी छुट नहीं हैं ,

हाँ बाह्य गत आपको यह जरुर ;लग सकता हैं की कोई देख नहीं रहा हैं अपनी मन मानी कर ले पर एक क्रिया के साथ भी की गयी मन मानी आपको कहाँ ले जा सकती हैं इसका कोई ठिकाना नहीं , इसलिए अगर इ स मार्ग दीक्षा ली हैं ,, यह बहुत उच्च बात हैं शमशान साधना कर रहे हैं यह भी उत्तम हैं पर सदगुरुदेव द्वारा प्रदत्त उस शिष्यता की गरिमा का पालन हर पल कर रहे हैं यह ही अति उच्चतम हैं ....

यह सत्य हैं की एक बार कोई स्त्री या महिला साधक इस तंत्र क्षेत्र के लिए मन बना ले ,, तो वह निश्चय की उच्च स्तर पर जाएगी ही इसमें कोई दो राय नहीं हैं सदुरुदेव जी ने ऐसी ही कुछ महा साधिकाओ से हमर परिचय भी करवाया हैं मंत्र तंत्र यन्त्र विज्ञानं के लेखो के माध्यम से जिनमे ..विंध्यवासिनी की वह रहस्यमय साधिका .. अल्हड भैरवी ,,, मृगाक्षी .... और तंत्रिका हीनू ... जो उस काल में सर्वाधिक चर्चा के विषय वाले लेख रहे हैं साधक समाज इनकी साधनात्मक उच्चता को लेकर विस्मय से भर गया था .

****
****

Aghori ki mAhAkAli sadhana

भविष्य काल दर्शन में सहायक

" आज इस अष्टमी की रात्री को तुम्हारे सामने अपने गुरु महाराज को प्रणाम करते हुए मे तुम्हे भोलेनाथ की कसम खा कर ये राज़ कहता हू की मे अघोरी हू" इसके साथ ही एक हलकी सी मुस्कराहट फ़ैल गई उस अघोरी के चेहरे पर. मुझे ज़रा भी आश्चर्य नहीं हुआ, मे उसके कारनामो से परिचित था. सायद उसने कसम इस लिए खाई थि की उसने सोचा होगा की "अघोरी" शब्द पर मे विश्वास नहीं करूँगा. भला कौन विश्वास करेगा भी की कोई व्यक्ति सूट बूट मे सज्ज अघोरी भी होगा.

क्या बात है? तुम्हे आश्चर्य नहीं हुआ?

मेने कहा किस बात का?

होहोहो...खोखली सी हसी के साथ उसने चिल्लम से धुँआ उड़ाते हुए कहा की मुझे लगा सायद तुम 'अघोरी' सुन कर डर जाओगे....

उसके इन शब्दों को सुन कर उसकी हसी मे मेरी हसी भी शामिल हो गई....मेने कहा की जैसे की आपको पता ही है, मे श्रीमाली जी का शिष्य हू (उस अघोरी के और मेरे सबंध इस बात के बाद ही बढे थे, वे बहोत ही श्रद्धा से सदगुरुदेव का नाम स्मरण करते थे. हलाकि उसने स्वीकार किया की यह दुर्भाग्य ही है उसके लिए की वो सदगुरुदेव से दीक्षा नहीं ले पाए) और मेरे कई गृहस्थ गुरुभाई है जो की अघोर साधना मे महारत हासिल किये हुए है इस लिए मुझे इसमें कोई आश्चर्य नहीं हुआ.

उनकी आँखों मे फिर से एक बार सदगुरुदेव का नाम सुन के श्रद्धा ज़लक उठी. उसने कहा की मेने अपने बारे मे जहा भी परिचितों को कहा है की मे अघोरी हू, वह आदमी कभी मुझे फिर से दिखा ही नहीं....हाहहाहा....बड़ा मज़ा आता है...लोग तो ऐसे ही डरते है लेकिन अपना काम हो जाता है...महाराज ये करदो महाराज वो करदो...एक बार कह दो की मे अघोरी हू, फिर महाराज कही मिल भी जाए तो दूर से देख के ही भाग जाते है...हमारा एकांत भी मिल जाता है और लोगो से पिंड भी छूट जाता है.

मुझे भी थोड़ी हसी आई, और सोचने लगा की बात कितनी सही है! मेरे साथ जो परिचित आए थे उनके कुछ प्रश्न थे. मेने कहा की ये कुछ प्रश्न पूछना चाहता है?

उन्होंने कहा की इसमें क्या है...इसका प्रश्न भी बता देता हू और उत्तर भी..

मेरे परिचित के चहरे पर आश्चर्य और शंका के मिले जुले भाव उभर रहे थे.

अघोरी ने कहा की यह भाई पूछना चाहते है की इनका जिस लड़की के साथ प्रेम सबंध है और शादी करना चाहते है वह इनके प्रति कितनी वफादार है?

मेरे साथ के परिचित ने मुझे देखा और थोडा हर्ष मिश्रित आश्चर्य खेद विस्मय वगेरा अलग अलग भाव उभर रहे थे...उसने मुझे अपने सवाल के बारे मे मुझे नहीं बताया था वर्ना उसे शंका हो सकती थि की सायद अघोरी को मेने बताया है प्रश्न के बारे मे...

अघोरी की आँखे बंद हो गई. फिर उसने एकाएक कहा की उसके शरीर मे यहाँ यहाँ पर निशान है, इस जगह रहती है और कुछ एसी गोपनीय बाते बताई जो सिर्फ उन दोनों के अलावा और कोई नहीं जनता था.

परिचित ने ये सब सुन कर अघोरी महोदय को बड़ी श्रद्धा से प्रणाम किया. अघोरी के चेहरे पर भी थोडा गर्व ज़लक उठा, उसने कहा की अब इसका जवाब मे तुम्हे बाद मे बताऊंगा. वे परिचीत के जाने के बाद उसने मुझे बताया की तुम मेरा एक काम करना, मे जो जवाब दे रहा हू वो उसको योग्य समय देख कर बता देना. मे उसका इस वक्त दिल नहीं तोडना चाहता लेकिन ३ महीनो मे उन दोनों का सबंध हमेशा के लिए खतम हो जाएगा, वैसे भी वह लड़की इसके उपयुक्त नहीं है तथा इसके धन के मोह से इसके पीछे पड़ी हुई है.

मेरे लिए यह आश्चर्य की बात थि, (एक दिन मेने सही समय देख कर उन परिचित को ये सब बात बता दी लेकिन उसने ज़रा भी विश्वास करना योग्य नहीं समजा और कहा की ये सब बकवास है और ऐसा कभी नहीं हो सकता. लेकिन तिन महीने बीतने ही आए थे की जैसी भविष्यवाणी की गई थि, ठीक वेसा ही परिणाम हुआ. साथ ही साथ हर प्रकार के सबुत भी मिल गए की वह लड़की इनके धन के लिए ही प्रेम जाल का निर्माण किये हुए थि) व्यक्ति के जाते के साथ ही हमारे बिच कई प्रकार की साधनाओ की चर्चा होने लगी. मुस्लिम तंत्र के बारे मे भी उसने कई गोपनीय तथ्यों को उजागर किया. झापडी साधन जैसी गुढ साधनाओ के बारे मे भी उससे चर्चा हुई.

यु बात आई कर्णपिशाचिनी साधना पर. मेने पूछा की क्या आपने आज जो मेरे परिचित को बताया था वह कर्णपिशाचिनी साधना से संभव हुआ क्या?

उसने कहा की नहीं. कर्णपिशाचिनी साधना के माध्यम से व्यक्ति भुत तथा वर्तमान को जाना जा सकता है, लेकिन मेने तो उसको भविष्य के बारे मे भी बोला है और समय आने पर तुम देखना वह कितनी सार्थक है या नहीं.

मेने कहा फिर यह किस साधना से संभव है?

उन्होंने कहा की महाकाली साधना से.

मेने कहा क्या आप काल को देख सकते है.

बोले नहीं. माँ खुद ही कान मे बता देती है.

अब मुझे आश्चर्य हुआ क्यों की इस प्रकार की साधना के बारे मे मेने नहीं सुना था. बात आगे बढ़ाते हुए अघोरी ने कहा की अघोर मार्ग मे एक विशेष साधना होती है जिसके माध्यम से माँ को कान पर आसान दिया जाता है. उसके बाद साधक उसे जो भी प्रश्न करता है माँ उसका उत्तर उसे कान मे देती रहती है. कर्णपिशाचिनी को भी कान मे आसान दिया जाता ही लेकिन वो भविष्य के बारे मे नहीं बता सकती. लेकिन माँ तो खुद ही काल स्वरूप है, उनके लिए भविष्य बताना क्या मुश्किल है.

मेने विधि जानने के बारे मे जिज्ञासा प्रकट की तो उन्होंने मुझे विधि के बारे मे बताया. इस साधना को स्मशान मे ही किया जाता है. यह ११ दिन की साधना है जिसे किसी भी कृष्ण पक्ष की अष्टमी से शुरू करना चाहिए. साधक को रात्रि काल मे स्मशान मे स्नान कर के जाना चाहिए. इस मे वस्त्र काले रहे तथा आसान स्मशान भस्म का हो. साधक प्रारंभिक वंदन भोग दिग्बन्धन कीलन जैसी स्मशानिक रक्षण प्रक्रियाओ को करे. उसके बाद साधक को अपने सामने महाकाली का विग्रह या फोटो लगा कर पूजन करे और ध्यान के बाद निम्न मंत्र की ५१ माला जाप करे

मंत्र: **क्रीं महाकालिके कालस्वरुपिणी स्थापय स्थापय नमः**

हर माला के बाद अपने दाहिने हाथ से दाहिने कान का स्पर्श करे. ५१ माला के बाद साधक घर लौट जाए तथा स्नान कर के सो जाए. निश्चित रूप से ११ रात्रो मे महाकाली स्वप्न मे या बिम्बात्मक रूप मे दर्शन देती है तब उन्हें प्राथना करनी चाहिए की मेरे कान पर आप अपना आसान लगाये तथा मेरे सभी प्रश्नों का उत्तर दे. तब देवी तथात्सू कह कर अंतर्ध्यान हो जाती है. उसके बाद साधक जब भी अपने कान पर हाथ रख कर कोई प्रश्न पूछता है तो देवी कान मे उसका उत्तर दे देती है.

Mahakaali sadhana of Aghori:

"Today in this ashtami night bowing down to my guru maharaj, with swear of Bholenath I am disclosing this secret to you that I am Aghori" with these words a smile spread on the face of that aghori. There was nothing to be surprised of, I was aware about his works and deeds. I think the reason behind swear he might have thought that I will hardly believe on term 'Aghori'. How one may even think that a person sitting in pent shirt and shoes will be Aghori!

What is that? Didn't you felt strange?

I said what about?

Hohoho...with loud laughter puffing off the smoke from chillam he said I thought you might get scare by listening the term 'Aghori'.

By hearing these words my laughter also adjoined his laughter... I said, as you know, I am disciple of Shrimali ji (my relation with that aghori increased after that talk, he used to speak name of sadgurudev with big devotion. Perhaps he accepted that it was his misfortune that he had not been able to take initiation from him) and my many material gurubrothers are accomplished in aghor sadhana so there is nothing to be fill strange about.

Once again his eyes filled with faith and devotion by hearing name of sadgurudev. He said, wherever I told my known people that I am aghori, I have not seen those person again...hahahaha...I enjoy it...people get scare but our work gets done...maharaj please do this for me maharaj do that for me...once you tell them that you are aghori, wherever they see maharaj after that they will change their way...we may have our privacy and freedom from people is also received.

How to judge a Horoscope is made correct ?

कुडली की सत्यता बताने वाला एक लेख

भारतीय ज्योतिष में कुंडली का बहुत महत्त्व हैं , और इस कुंडली में स्थित १२ भाव , व्यक्ति के जीवन के समस्त भाग को प्रदर्शित करते हैं सुख दुःख हानि लाभ जीवन और मरण सभी कुछ तो हैं इसमें यहाँ तक की अगला जीवन कैसे होगा से लेकर या विगत कैसा रहा होगा, बस कुंडली को सही तरीके से विश्लेषण करने वाला ज्योतिष होना चाहिए ,

साधक यह क्रम अगले सोमवार तक जारी रखे. इस बिच साधक को कई बार चक्रों मे स्पंदन शरीर मे हल्कापन तथा विभिन्न साधनात्मक अनुभव होते रहते है. साधना समाप्ति पर साधक के कुण्डलिनी मे चेतना व्याप्त हो जाती है तथा उसका जीवन अपने आप उर्ध्वगामी हो जाता है.

****

Amruteshvar Sadhna – Kundalini Activation

Since archaic times the place ‘Kashmir’ remained famous in Tantra base. Kashmir’s Shaiv tradition invited many best to best Mahasiddh in Kashmir area. Bengal and Assam were mostly known for those Shakt sadhaks who aimed for Devi Sadhna, exactly the way Kashmir and Southern India and place called Shreeshail had been famous for Shiv Sadhnas.

Bhagvaan bhairav and mahavidya s ……

भैरव तत्व और दस महाविद्या

भैरव सायुज्य महाविद्या महाविशेषांक …. .इस अंक का होना ही इस बात का परिचायक हैं कि भगवान भैरव या भैरव तत्व का कितना न गहरा सम्बन्ध महाविद्याओ से हैं . साधक वर्ग सीधे ही इन महाविद्या की साधना में प्रवृत हो जाता हैं और जब लगातार उसे असफलता उसे मिलने लगती हैं , तब वह असंजस कि स्थिति में अपने को पाता हैं कि उससे कहाँ गलती हो रही हैं.जबकि यह आवश्यक हैं कि पहले भगवान भैरव की कृपा प्राप्त कि जाए .

हाँ इस नियम का केबल एक ही अवस्था मे अपवाद हो सकता हैं अगर सदगुरुदेव ने आपको निर्देशित सीधे ही महाविद्या साधना में किया हो क्योंकि सद्गुरु तत्व ही सर्वोपरि हैं .

यह परम रहस्यमय भैरव तत्व आखिर हैं क्या ..??

शिव महापुराण में बताया गया हैं .

भैरव : पूर्ण रूपों : हि शंकर परात्मन ,

मुद्वास्ते वै न जानति मोहित शिव मायया ||

कि भगवान भैरव तो स्वयं ही भगवान शकर के स्वरुप हैं .

तब दूसरा महत्वपूर्ण तथ्य यह हैं कि भैरव शब्द ही क्यों..इस रहस्यमय महाशक्ति को दिया हुआ हैं ??

सदगुरुदेव जी ने हमें बताया हैं कि

तंत्रावलोक नाम का उच्च कोटि का ग्रन्थ यह स्पस्ट करता हैं कि भैरव शब्द कि उत्पत्ति ..

" भैभीमादि भि: अबतिती भैरव "

.सदगुरुदेव जी यह व्याख्या हमें कई कई बार समझाई हैं कि शक्ति की आधारभूता महाविद्या तत्व का महत्त्व कितना हैं . पर हम इस भूल भूत तत्व को न जान कर .बिना भैरव तत्व कि पूर्ण कृपा से बिना उनकी साधना में सफलता पाए बिना जो उस महाविद्या से सम्बंधित हैं

कैसे हम सीधे महाविद्या में सफल हो सकते हैं .

रुद्रायामल तंत्र हमारे सामने स्पस्ट करता हैं कि

दस महाविद्याए और उनसे सबंधित भैरव इस प्रकार

1. **महाकाली --- महाकाल भैरव**
2. **त्रिपुर सुंदरी --- ललितेश्वर भैरव**
3. **तारा – अक्षोभ्य भैरव**
4. **छिन्नमस्ता – विकराल भैरव**
5. **भुवनेश्वरी –महादेव भैरव**
6. **धूमावती – काल भैरव**
7. **कमला– नारायण भैरव**

8. भैरवी – बटुक भैरव

9. मातंगी – मतंग भैरव

10. बगलामुखी – मत्युं जय भैरव

कुछ सामान्य नियम जिनसे अब आप भली भांति परिचित हैं ही .

भैरव साधना रात्रि में ही की जाती हैं . दिन में भैरव साधना करना निषेध हैं .

भैरव को सुरा पान कराना आवश्यक हैं

सबसे महत्वपूर्ण बात यह हैं कि भैरव साधना हमेशा कामना के साथ ही की जाती हैं .

साधरणतः भैरव साधना के नाम से लोगों को भय लगता हैं .पर स्वरुप भले ही विकराल हो पर यह अत्यंत ही दयालु और साधक के लिए हमेशा वरदायक होते हैं .

****
****

Bhagvaan bhairav and mahavidyaye

The name of this issue "bhairav sayujjy mahavidya mahavisheshank " itself speaks that how in depth relation exists between mahavidya and bhagvaan bhairav or bhairav tatv .in general sadhak varg directly start mahavidya sadhana and when he start continuously unsucess he will find himself on the cross road .now what to do now . but this is a must fact that one must get bhagvaan bhairav blessing first.Only this rules have an exception when sadgurudev ji directly instructed some one to enter mahavidya sadhana .since is the param purush .Now question arises what is this most mysterious bhairav tatv ??

Shiv mahapuraan state that

Bhairavah purn rupoah Shankar paratman ,

Nudhaste vai n janti mohitaa shiv maayya||

Dhoomr varahi prayog

मनोकामना पूर्ती हेतु अद्भुत रहस्य आपके लिए

भगवती वाराही मात्रिका देवीओ मे से एक है. यह मात्रिका समूह देवीओ के कई विभिन और विलक्षण स्वरूपों का समूह है जिनकी साधना तंत्र के शाक्तमार्ग मे निहित है तथा इनकी साधना को बहोत ही उच्चकोटि का महत्व दिया गया है. सेकडो सालो से मात्रिका शक्तियो की गुप्त साधनाए साधना जगत मे होती आई है. देवी वाराही भगवान विष्णु के वराह अवतार की शक्ति है. देवी की उत्पति के बारे मे देवीभागवतपुराण, मत्स्यपुराण तथा वराहपुराण मे विस्तार से बताया गया है. वैसे मातृकाओ की उत्पति के बारे मे विभिन्न मत है, लेकिन सर्वमान्य मत यह है की वाराही तथा दूसरी मात्रिका देवियो की उत्पति मुख्यरूप से असुरों का संहार करने मे तथा देवी अम्बिका को सहयोग प्रदान करने के लिए हुआ था. देवी की तंत्र साधना दक्षिण तथा वाम दोनों मार्ग से होती है. भारत के अलावा, नेपाल मे भी देवी की साधना उपासना प्रचुर मात्र मे होती आई है. इसके अलावा तिब्बती बौद्ध धर्म मे भी देवी की साधना का प्रचलन है. वज्रयान मे देवी वज्रावारही को इनका ही रूप माना जाता है, इसके अलावा देवी मरीची को भी देवी वाराही के रूप से ही प्रेरित माना जाता है. शाक्त मार्ग मे यह देवी का अपना विशेष स्थान है. शाक्त मार्ग मे इस देवी को, वास्तव मे देवी के ध्यान के जो सत् रज तथा तम गुणों से युक्त जो स्वरुप है, उन्हें अलग अलग महाविद्याओ से सबंधित माना गया है..

देवी के सात्विक स्वरुप को त्रिपुरसुंदरी से जोड़ा गया जिसे पराविद्या कहा जाता है, जब की राजसिक स्वरुप को छिन्नमस्ता के साथ जोड़ने पर उसे वज्रवाराही कहा गया है. इनके उग्र या तमस युक्त स्वरुप को धूमावती के साथ जोड़ा गया है. इस लिए जब इनके उग्र स्वरुप मे साधना की जाती है तब देवी को धूमावती का ही स्वरुप माना जाता है. देवी के इस स्वरुप को धूम्रवाराही भी कहा जाता है.एक ही देवी के इस प्रकार अलग अलग ध्यान से उनके स्वरुप का मूल अलग अलग महाविद्या होने के कारण वाराही देवी की साधना अत्यधिक गुढ़ तथा गोपनीय रही है. देवी की अलग अलग रूप मे उनके मूल महाविद्या का ध्यान कर के साधना करने पर यह देवी अलग अलग फल प्रदान करती है. सौम्य भाव के साथ भगवती त्रिपुरसुंदरी के रूप मे वह साधक को विविध ज्ञान प्रदान कर कल्याण करती है, जब की रजस् भाव मे छिन्नमस्ता महाविद्या के स्वरुप मे वह साधक को धन यश मान सन्मान तथा भौतिक सुखो की उपलब्धि कराती है. भगवती का सब से तीव्र तमस भाव का स्वरुप देवी धूमावती से प्रेरित है, यह देवी साधक को तंत्र क्षेत्र मे विभिन्न सिद्धिया तीव्र गति से प्रदान करती है.

भगवान आदिशंकराचार्य साधना जगत मे अपने आप मे एक महान विभूति रहे है. सौंदर्यलहरी, प्रपंच, तथा चिदाम्बरा रहस्य जेसे शाक्त तंत्र के उच्चकोटि के ग्रंथो की उन्होंने रचना कर उनके शाक्त साधनाओ पर अपने विचार प्रकट किये थे. साथ ही साथ उनके द्वारा प्रणित कई साधनाए अप्रकाशित ही रही लेकिन गुप्त रूप से प्रचलन मे रही. एसी ही उनके द्वारा प्रणित एक साधना प्रयोग है धूम्रवाराही प्रयोग जिसे सम्प्पन करने के बाद साधक की मनोकामना की पूर्ति अत्यधिक तीव्र गति से होती है. देवी से सबंधित साधनाए तो गुप्त ही रही है और उसमे भी अगर देवी के तीव्र रूप के सबंध मे कोई साधना मिल भी जाए तो भी वह इतना कष्टप्रद हो सकता है, साधक इसका अनुमान लगा सकते है. लेकिन यह लघुप्रयोग अपने आप मे अद्भुत है. जिसकी प्रक्रिया पद्धति दक्षिणमार्गीय है. यु एक प्रकार से यह साधना अन्यतम है. साधक इस प्रयोग से अपने किसी भी क्षेत्र से सबंधित कोई भी मनोकामना पूरी कर सकता है.

साधक यह साधना कृष्णपक्ष की अष्टमी को रात्रि काल मे १० बजे के बाद शुरू करनी चाहिए. साधक को अपने सामने वाराही देवी का चित्र स्थापित कर उनका सामन्य पूजन करना चाहिए. साधक को मिठाई का भोग भी लगाना चाहिए. साधक को इस साधना मे तेल का दीपक लगाना चाहिए. साधक का मुख उत्तर दिशा की तरफ रहे. साधक के वस्त्र तथा आसान लाल रंग के रहे.पूजन के बाद साधक देवी को धूमावती से प्रेरित स्वरुप मान कर अपनी मनोकामना को व्यक्त करे तथा देवी से मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना करे.

इसके बाद साधक मूल 'धूं' बीज से प्राणायाम करे. इस प्रक्रिया मे साधक मन ही मन 'धूं' बीज का मन ही मन जाप करते हुए साँस धीरे धीरे अंदर खींचे तथा बाहर निकाले. यह प्रक्रिया को ११ बार करे. इसी प्रकार 'ब्लूं' बीज से भी ११ बार प्राणायाम करे.

इसके बाद साधक शंकराचार्य प्रणित विशेष धूम्रवाराही मंत्र का ११ माला जाप करे.

ॐ धूं ब्लूं वराहमुखी धूम्ररूपिणी नमः

यह प्रक्रिया साधक ११ दिन तक करे. साधक ने जो भोग लगाया है उसे साधक खुद ही ग्रहण करे. इस प्रकार ११ दिन पुरे होने पर साधक १२ वे दिन माला को किसी देवी मंदिर मे दक्षिणा के साथ चडा दे. किसी कुमारिका को भोजन कराये तथा वस्त्र दक्षिणा आदि प्रदान कर संतुष्ट करने पर देवी साधक पर प्रसन्न हो कर शीघ्र ही मनोकामना की पूर्ती करती है.

Shulini durgaa sadhana ....

पूर्ण ग्रह बाधा मुक्ति हेतु

शाक्त मार्ग मे जिन आदि देवियो का विशेषरूप से महत्व तथा साधना प्रचलन रहा है उनमे से एक है देवी दुर्गा देवी दुर्गा को आदिशक्ति कहा गया है. इन्हें आदिमाया के नाम से भी जाना जाता है क्यों की इन्हें मूल शक्ति या शक्ति का मूल स्तोत्र भी माना जाता है. अनंत दुर्गा का अपना एक रूप कुमारिका भी है जिसे ही स्थूल रूप मे उच्चतम आध्यात्मिक अनुभूति 'ब्रम्हज्ञान' कहा गया है. देवी दुर्गा का स्वरुप अपने आप मे कई शक्तियो का सम्मिलित रूप भी है. इस प्रकार किसी भी शक्ति स्वरुप से देवी के इस स्वरुप मे शक्ति संचार विशेष रूप से ज्यादा माना गया है. देवी के कई रूप है, जेसे की त्वरिता, महिषमर्दिनी, कुमारिका, वनदुर्गा इत्यादि. देवी को कई बार महासरस्वती तथा महालक्ष्मी के मातृ रूप मे पूजा जाता है. तो कई बार इन्हें देवी पार्वती का पूर्ण रूप तथा गणेश को इनका पुत्र मान कर पूजन किया जाता है. देवी का स्वरुप अपने आप मे निराला है.

देवी सिंह या बाघ पर आरूढ़ हो कर विश्वकल्याण अर्थ भ्रमण पर है, जिनके हाथ मे विविध अस्त्र तथा शस्त्र है जो की उन्हें विभिन्न देवताओ से प्राप्त है. इस प्रकार उनके हाथो की चतुर्भुज से ले कर अष्टादश तक विविध रूप है. साधना की द्रष्टि से देवी के सभी रूप भेद की उच्चकोटि की साधनाऐ अपने आप मे परिपूर्ण है. इस प्रकार देवी का हर रूप साधक को अलग अलग प्रकार का फल तथा सिद्धिया देने मे समर्थ है. कई तंत्र शास्त्रों मे देवी को ही महाविद्या का आधार माना है इस लिए देवी के सभी रूपों को महायोगिनी रूप मे पूजा जाता है. देवी का एक ऐसा ही रूप है शूलिनी दुर्गा. देवी का यह स्वरुप तीव्र रूप से अपने साधक का कल्याण करती है. इनकी साधना शत्रु स्तम्भन के लिए मुख्यतः होती आई है. लेकिन देवी की साधना ग्रह पीड़ा को नाश करने के लिए भी प्रचुर मात्र मे की जाती थि. वस्तुतः भाग्य का लेखा जोखा ग्रहों के प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता. अगर ग्रह विपरीत चल रहे है तो भाग्य तो रूठ जाता ही है साथ ही साथ कई प्रकार के कष्ट पीड़ा तथा अनेको परेशानी से व्यक्ति को ग्रस्त रहना पड़ता है. शूलिनी साधना इस प्रकार के कष्ट निवारण के लिए एक अस्त्र है. देवी को कई तांत्रिक ग्रंथो मे महाविद्या कहा गया है तो वही कई ग्रंथो मे देवी के इस तीव्र स्वरुप शूलिनी को महाडाकिनीयो मे से एक माना गया है जो की अपने साधक को कुछ भी देने मे संभव है. फिर देवी तो साक्षात विश्वकल्याणमयी है, अतः इनका साधक तो अपने सारे कष्ट और दुख एक ही क्षण मे दूर कर सकता है बस ज़रूरत है देवी की तरफ श्रद्धा तथा विश्वास की.

साधक यह साधना किसी भी रविवार की रात्री को १० बजे के बाद शुरू कर सकता है. साधक के वस्त्र आसान आदि लाल रहे. साधक इस साधना मे मंत्र जाप स्फटिक माला से या मूंगा माला से कर सकता है. साधक को अपने सामने एक बाजोट पर सफ़ेद वस्त्र बिछा कर देवी दुर्गा का चित्र स्थापित करना चाहिए. साधक का मुख पूर्व की तरफ हो. साधक देवी का सामान्य पूजन कर हाथ मे जल ले कर संकल्प करे की "मे अपनी समस्त ग्रहबाधा से मुक्ति के लिए यह प्रयोग कर रहा हू, देवी शूलिनी मुझे आशीर्वाद प्रदान करे." इसके बाद जल को भूमि पर छोड़ दे.

इसके बाद साधक निम्न मंत्र की २१ माला जाप करे. साधना काल मे ब्रम्हचर्य का पालन करे, सात्विक भोजन ही ग्रहण करे. भूमिशयन यन का भी पालन हो.

ॐ शूलिनि ग्रहबाधा नाशय महायोगिनि हूं फट्

साधक को यह क्रम कुल ८ दिन तक करना है. इसके बाद साधक अगले दिन किसी कुमारी कन्या को भोजन दक्षिणा वस्त्र आदि भेंट दे. तथा माला को किसी देवी मंदिर मे रख दे या नदी मे प्रवाहित कर दे. ऐसा करने पर देवी शीघ्र ही सर्व प्रकार के ग्रह दोष तथा बाधा दूर कर साधक को पीड़ा से मुक्त कर देती है. साधक को सुख सम्प्पनता तथा समृद्धता प्रदान कर कल्याण करती है.

****

****

Shtru nivark unmt bhirav mantra prayog sadhana

समस्त शत्रु बाधाओं को हटा सकने में समर्थ एक अद्भुत साधना

भगवान भैरव के सभी रूप अपने आप मे अत्यधिक निराले है. कुछ रूप प्रचलन मे ज़रूर है लेकिन उनके कुछ रूप जन सामान्य की द्रष्टि से बचे हुए है. ऐसा ही उनका एक अजब निराला रूप है उन्मत भैरव. यह स्वरुप तंत्र क्षेत्र मे प्रचलित ज़रूर है. यह ज्वाला शक्ति के भैरव है तथा अत्यधिक उग्र है. प्राचीन काल मे उच्च तंत्र साधक उन्मत भैरव की साधना डाकिनी के मारक शक्ति के रूप मे सिद्ध करते थे. इस से ही अंदाज़ा लगाया जा सकता है की इनकी साधना कितनी उच्च कोटि की रही होगी. भारत मे काशी तथा नेपाल मे उन्मत भैरव के सिद्धपीठ है. भगवान के इस रूप को निःस्वभाव कहा गया है. मतलब की जिनका कोई स्वभाव ही नहीं है, अर्थात यह सभी भावो से मुक्त है तथा इनको जिस रूप मे साधक ध्यान करता है उस रूप मे वह प्रकट हो जाते है. निःस्वाभाव होने के कारण भगवान भैरव का यह पक्ष को संहार क्रम से ज्यादा जोड़ दिया गया लेकिन भगवान इष्ट के रूप मे अपने भक्तो का कल्याण सभी प्रकार से करते ही है. इस रूप को कई जगह लज्जा हीन भी कहा गया है.

भगवान का यह रूप कई जगह कामातुर दिखाया गया है, इसके पीछे का चिंतन यह है की जब जीव काम भाव की विशुद्ध अवस्था से परिपूर्ण हो जाता है तब वह स्वभाव वृति के बंधन से मुक्त हो जाता है. उसका जीवन वर्तमान आधारित हो जाता है. इसके अलावा क्षोभ लज्जा या इस प्रकार के बंधन करता भाव से भी मुक्ति मिलती है.

भगवान उन्मत भैरव की साधना कई द्रष्टि से महत्वपूर्ण है. आज के युग मे ज्ञात और अज्ञात शत्रु एक बहुत बड़ी समस्या हो गई है. पग पग पर इर्षा और छल कपट के कारण कई प्रकार शत्रुओ के षड्यंत्रो का भोग हमें बनना पड़ता है. उन्मत भैरव् के साधक को शत्रुओ का किसी भी प्रकार का कोई भय नहीं रहता, शत्रु उत्पीडित हो कर साधक से हार मान लेते है. अगर कोई व्यक्ति बेवजह परेशान कर रहा हो तो साधक को सर्वप्रकार से मुक्ति मिलती है. साथ ही साथ अध्यात्मिक क्षेत्र मे प्रगति के लिए साधक अपनी आतंरिक चेतना का विशेष विकास इस साधना के माध्यम से कर सकता है, जिससे की निर्लिप्तता या आतंरिक बंधन मुक्ति की प्राप्ति संभव होती है. व्यक्ति मे आध्यात्म के उच्चकोटि के गुणों का विकास होता है. जीवन के दोनों पक्षों के लिए यह साधना बहुत ही महत्वपूर्ण है.

साधक को यह साधना कृष्णपक्ष की अष्टमी से करनी चाहिए. साधक को रात्रि मे १० बजे के बाद काले वस्त्र धारण कर काले आसन पर उत्तर दिशा की तरफ मुख कर बैठना चाहिए. इसके बाद साधक अपने सामने उन्मत भैरव का चित्र स्थापित कर पूजन करे. अगर चित्र संभव नहीं है तो प्रतीक रूप मे एक सुपारी रख ले और उसका पूजन करे. साधक इसके बाद साधना मे सफलता के लिए प्रार्थना करे तथा उन्मत भैरव के गायत्री मंत्र की १ माला जाप रुद्राक्ष माला से करे. मंत्र जाप के समय साधक को गुग्गल धुप ज़रूर लगाना चाहिए.

ॐ उन्मतभैरवाय विद्महे स्वभावरहिताय धीमहि भवानरुद्रः प्रचोदयात

इसके बाद साधक उन्मत भैरव के यह विशेष मन्त्र कि ९ माला जाप करे.

ॐ ह्रीं श्रीं सर्व शत्रु बाधा नाशय उन्मतभैरवाय हूं फट

९ माला के बाद साधक फिर से एक माला उन्मत भैरव गायत्री मंत्र की करे.

ॐ उन्मतभैरवाय विद्महे स्वभावरहिताय धीमहि भवानरुद्रः प्रचोदयात

यह साधना ११ दिन की है. साधक को यही क्रम ११ दिन तक करना चाहिए. साधना पूर्ण होने के बाद माला को एक महीने तक पहिने रहे, और उसके बाद विसर्जित कर दे. साधना समाप्त होने पर शीघ्र ही शत्रु बाधा से मुक्ति मिलने लग जाती है, तथा रोज सुबह घर से बाहर निकलने से पहले पूजा स्थान पर या मन ही मन ७ बार मंत्र का उच्चारण कर के निकलने पर भगवान उन्मत भैरव सर्व प्रकार से रक्षा करते है.

Vajresharimaha Vidya sadhana

परम दुर्लभ साधना रहस्य केवल आपके लिए ही तो

भारतवर्ष की संस्कृति मे विभिन धर्मो का समय समय पर योगदान रहा है. जब गौतमबुद्ध ने भारतवर्ष मे बौद्ध धर्म का प्रचार किया ठीक उसी वक्त तंत्र भी अपने उच्चतम शिखर पर था, कापालिक सम्प्रदाय के विभिन्न मत देश मे फ़ैल चुके थे. उसी वक्त साधना की कई नूतन पद्धतिया अस्तित्व मे आई. वज्रयान पद्धति का अवलोकन करे तो मूलतः यह भारतीय वाम मार्गी साधनाओ से प्रेरित ही है. शुरुआत मे यह पद्धति का मुख्य केंद्र बंगाल तथा उडीसा हुआ करता था. भगवान श्री आदिशंकराचार्य ने सनातन धर्म की पुनःस्थापना के समय जब बौद्ध धर्म का प्रक्षेपण अस्वीकृत कर उन्हें भारतवर्ष छोड़ने पर मजबूर किया था तब वज्रयानी साधना लामाओ के माध्यम से तिब्बत तथा आस पास के प्रदेश मे पहुंची . और आगे इन साधनाओ मे शोधकार्य लगातार होता ही रहा. वज्रयानी साधनाओ मे जिन देवी देवताओं की साधना मुख्य रूप से होती है जेसे की वज्रभैरव, महाकाल, तारा और वज्रयोगिनी ये सब भारतीय तंत्र पद्धति के देवी देवताओ के ही रूप से प्रेरित है

. जिस प्रकार इस साधना पद्धति मे देवी तारा के कई रूप प्रचलित है उस प्रकार से देवी छिन्नमस्ता के भी दो रूप मुख्यतः प्रचलित है. वज्रयोगिनी और वज्रवाराही. 'वज्रयोगिनी' नाम संस्कृत बौद्ध भाषा पर आधारित होगा जो की संभवतः नेपाल या तिब्बत मे ही परिणीत हुआ होगा. देवी के इस रूप की उपासना भारत मे भी होती थी , अतः भारतीय वज्रयान मूल पद्धति मे देवी को भारतीय संस्कृत नाम 'वज्रेश्वरी' से जाना जाता है. इस प्रकार देवी वज्रेश्वरी, महाविद्या छिन्नमस्ता का ही है और अपने आप मे ही पूर्ण महाविद्या है. यह देवी की साधना उपासना भारतवर्ष मे लंबे समय से होती आई है तथा देवी के कई स्थान भारतवर्ष मे है. देवी की उपासना मुख्य रूप से शत्रुओ से मुक्ति तथा पूर्ण सुरक्षा की प्राप्ति के लिए की जाती है. सुरक्षा का अर्थ यहाँ पर सभी प्रकार की सुरक्षा से है, रोग, भय, दरिद्रता, अकालमृत्यु वगेरा जो सभी तत्व हमारे जीवन को हर पल असुरक्षित बनाते है उन सब अनिच्छित तत्वों के रक्षा के लिए देवी का आशीर्वाद लिया जाता है. प्रस्तुत साधना देवी की एसी ही साधना है जिसे सम्पन्न करने के बाद साधक अपने चारो तरफ एक सुरक्षा कवच अनुभव करेगा तथा किसी भी प्रकार की कोई भी बाधा उसके सामने आने से पूर्व ही उसे आभाष भी हो जाता है. या फिर किसी भी असुरक्षा के समय साधक को पूर्ण रक्षण प्राप्त होता है. इस प्रकार महाविद्या वज्रेश्वरी साधक तथा साधक के परिवार का कल्याण करती है. इस महत्वपूर्ण प्रयोग को सम्प्पन करने की विधि इस प्रकार है.

इस प्रयोग को किसी भी शुभ दिन शुरू किया जा सकता है. और यह साधना ८ दिन की है. साधक रात्री काल मे १० बजे के बाद इसे प्रारंभ करे. अपने सामने महाविद्या वज्रेश्वरी या छिन्नमस्ता की कोई तस्वीर स्थापित कर दे. साधक के वस्त्र, आसान लाल रंग के रहे तथा साधक का मुख उत्तर दिशा की तरफ होना चाहिए. साधक देवी का सामान्य पूजन करे और उसके बाद साधक को महाविद्या वज्रेश्वरी तथा सदगुरुदेव से साधना मे सफलता के लिए प्रार्थना करनी चाहिए. प्रार्थना के बाद साधक निम्न मंत्र का २१ माला जाप मूंगा माला से करे

ॐ वं वज्रेश्वरी अभयं देहि सर्व रक्ष वज्रयोगिनि नमः

मंत्र जाप के बाद साधक साधना कक्ष मे ही भूमि श यन करे तो उत्तम है. जब ८ दिन यह साधना सम्प्पन हो जाए तो उसके बाद माला को धारण कर लेना चाहिए. माला को १ महीने धारण करने के बाद किसी देवी मंदिर मे भेंट के साथ चढा देना चाहिए.

****

Complete defence procurement – vajreshwari mahavidya

In the Indian culture of civilisation contribution of the various religions stayed at various time durations. At the time when Gautam Buddha started spreading Buddha religion in India, at the same time duration tantra was at its best height, several branches of the kapalika sect were spread in the country. At the same time many new processes of the sadhana came to existence. If we observe Vajrayana processes then these processes are seems to be basically derived from Indian Vaam Margi processes. In the beginning, the base of these processes used to be Bengol and Udisa.

Gem astroloGy

भारतीय ज्योतिष के अनेको आयाम हैं और हर आयाम कि अपनी एक अलग उपयोगिता.और सभीका आपस में एक गहरा अन्तः सम्बन्ध भी . किसी भी एक आयाम को अच्छे से जानने समझने के लिए अन्य ज्योतिष भागों की जानकारी भी उतनी ही महतवपूर्ण हैं इसे आप अलग अलग करके नही देख सकते हैं . इन्ही भागों में से एक हैं रत्न विज्ञानं .जिसकी उपयोगिता आज हजारों वर्षों से हमारे आचार्यों और परम तपस्वियों ने न केवल समझी बल्कि उसका कैसे उपयोग मानव जीवन के हर पक्ष को उत्तरोतर उन्नति के लिए अग्रसर करने में किया जा ये इस पर गहन चिंतन भी किया .अनेको सूत्र भी इस सबंध में हमें प्रदान भी करें .साधारणतः किसी भी समस्या आने पर और उसके सबंधित ज्योतिष सलाह जब भी ली जाती हैं तो साधारतः व्यक्ति किसी न किसी रत्न कि अ पेक्षा करता ही हैं .और सलाह पा कर वह काफी तनाब मुक्ता का अनुभव करता ही हैं . इस विज्ञानं से सबंध में सदगुरुदेव जी ने एक किताब बहुत वर्षों पहले " रत्न ज्योतिष" लिखी हैं जिसमे इस विज्ञानं के अनेक सूत्रों को उन्होंने विस्तार से समझाया हैं .

साधारणतः ज्योतिष विज्ञानं में अच्छी सिद्ध हस्तता न रखने वालों से आज बाजार भरे पड़े हैं . और बिना उचित अनुभव के किसीभी रत्न को अपने से सलाह मागने आये को टिका देना बहुत आसान सा हैं .पर हम किसी भी विज्ञानं को बिना अच्छे से समझे बिना अगर उपयोग करते हैं तो यहभी ध्यान में रखे कि यदि धनात्मक असर हैं तो ऋणात्मक असर भी उतना हो सकता हैं .सही और उचित रत्न किसी को बता देना इतना सहज नही हैं . हालाकि लगता जरूर हैं .एक नियम यह हैंकि लग्न से सबंधित रत्न को पूछने आये व्यक्ति को बता देना चाहिए .क्योंकि लग्न तो व्यक्ति के सम्पूर्ण यक्तित्व के सभी पक्ष से जुड़ा रहता हैं.यह सच होते हुयी भी कई बार परेशानी भी खड़ी कर देता हैं सामान्य ज्योतिषी तो इस नियम कि आदम उचित रत्न दे देगा पर हमेशा यह नियम लागू हो यह सही नही हैं सदगुरुदेव जी का स्पस्ट कहना रहा हैं कि बाबा वाक्य प्रमाणम न माना जाए कि जो बड़े लोग कह गए हैं वह हमेशा ही सही हो आवश्यक नही हैं अपने अनुभव से भी देखना चाहिए .

यहाँ पर यह तथ्य समझना चहिये कि अगर लग्न कमजोर हैं तो उससे सबंधित रत्न पहिन ने में तो उसके ऋणात्मक गुणों में और भी बढोत्तरी ही होगी .इस अवस्था में यह चुनाव तो सही नही माना जा सकता हैं .ठीक इसी तरह हर व्यक्ति के लिए किसी भी वजन का रत्न बता देना भी उचित नही हैं क्योंकि जिस ग्रह के लिए बताया जा रहा हैं वह किस राशि में हैं इस बात का बहुत संबद्ध हैं .और उचित वजन से कम या ज्यादा होना रत्न का व्यक्ति के लिए लाभ कम देगा या हानिकारक भी ज्यादा हो सकता हैं ,सदगुरुदेव ने हर राशि के हिसाब से कितना वजन होना चहिये यह समझाया हैं .हर बार शनि कि साढे साती होने पर सीधे ही नीलम पहिनने को बता देना कहाँ तक उचित हैं . क्योंकि यहाँ पर भी दशा महादशा और अन्य बातों का जानना बहुत जरुरी हैं .यहाँ एक ओर तथ्य अपने आपमें महत्वता लिए हैं कि हर रत्न पूरे जीवन भर न हो कर एक निश्चित समय तक के लिए ही व्यक्ति के लिए सफलता दायक होता हैं उसके बाद उस रत्न कि पुनः प्राण प्रतिष्ठा कर वाने से वह अ गले उतने ही बरसों के लिए पुनः लाभदायक हो जाता है .

एक योग्य ज्योतिषी जो न केबल ज्योतिष शास्त्र में प्रवीण हो बल्कि उसे कि दक्षता उतनी ही रत्न विज्ञानं में भी हो और अगर साथ ही साथ वह कर्म कांड भी जानता हैं तब वह न केबल एक सही रत्न आपके लिए चुन सकता हैं बल्कि उसे पूरी तरह से प्राण प्रतिष्ठा युक्त कर आपके लिए अनेको लाभ के द्वार खोल सकता हैं .

सदगुरुदेव ने एक ओर महत्वपूर्ण बात पर ध्यान आकर्षित किया कि अगर की प्लनेट से सबंधित रत्न व्यक्ति को पहिना दिया जाए तो यह सर्व क्षेत्र में सफलता दायक होगा .क्योंकि यह ग्रह कुंडली के समस्त ग्रहो से या भावो से जुड़ा होगा तो निश्चय ही इसका कहीं ज्यादा असर होगा .पर जिनके पास जन्म कुंडली नही हैं वह अपने लिए उचित रत्न किस महीने उसका जन्म हुआ हैं उस आधार पर पहिन कर देख सकते हैं . साथ ही साथ ज्योतिषी हस्त रेखा शास्त्र में कुछ अनुभव रखता हैं तो वह उसके आधार पर भी संभावनाओ के द्वार खोल देता हैं .और अगर यह भी संभव न हो तो आपके प्रचलित नाम कि पहले अक्षर कि सहायता से भी आपके लिए उचितरत्न का निर्धारण किया जा सकता हैं .

पूर्ण आकर्षण प्राप्ति – रक्तपद्मावती महाविद्या प्रयोग

Rakt padmavati mahavidya prayog

Most hidden secret revealed first time

पहली बार गोपनीय रहस्य इस अत्यंत दुर्लभ साधना का आपके लिए

भारतवर्ष के विभिन्न धर्मो पर आर्य संस्कृति का किसी न किसी रूप मे योगदान रहा ही है. और इस प्रकार सभी धर्मोमे साधना और रहस्यवाद किसी न किसी रूप मे निहित है. क्यों की मुख्यतः हमारी संस्कृति साधनात्मक रही है. तंत्र एक व्यवस्था है, एक पद्धति है. गुढ रहस्यों से युक्त तंत्र पथ की साधना किसी धर्म से नहीं जुडी बल्कि संस्कृति से जुडी हुई है. कालानुसार विभिन्न धर्म संस्कृतिमे इसका प्रचार होता गया. और कई धर्मो मे तांत्रिक गूढवाद का प्रचलन हुआ. जैन धर्म की तंत्र साधनाए अपने आप मे अद्भुत कही जाती है. यह साधनाए ज्यादातर गुप्त रूप से होती आई है. मंत्र साधनाओ के सात्विक पक्ष के साथ साथ, जैन संस्कृति की साधना मे तीपद्धतित्र साधनाए भी शामिल है. वैसे तो इनकी नित्यप्रार्थना तथा मंत्रजाप ही इतना तीव्र फलीभूत होता है की जीवन मे किसी भी प्रकार का अभाव नहीं रहता. लेकिन आध्यात्मक्षेत्र के लिएभी अपने आपमें एक से एक अद्भुत साधना रत्न जैन तंत्र मे निहित है.

पुरातन जैन तांत्रिक ग्रंथो मे जिन देवी देवताओ की साधनाओ के बारे मे बताया गया है उनमे देवी पद्मावती को एक बहोत ही महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है. देवी पद्मावती को नागलोग की देवी भी माना जाता है. देवी को अम्बिका तथा लक्ष्मी दोनों का समन्वित रुप मे माना जाता है. पद्मावती देवी की उपासना मूल रूप से ऐश्वर्य धन-धान्य सुख और सौभाग्य की प्राप्ति के लिए की जाती है. देवी पद्मावती के विभिन्न स्वरुप है, जिनमे से एक तीव्र स्वरुप है रक्तपद्मावती. देवी रक्तपद्मावती महाविद्या कमला का ही स्वरुप है. देवी के इस स्वरुप की साधना गुप्त है. इस साधना करने पर साधक को ऐश्वर्य की प्राप्ति होती ही है लेकिन इसके साथ साधक को पूर्ण आकर्षण शक्ति की प्राप्ति होती है. साधक का पूर्ण शरीर तथा विशेष कर आँखों मे एक आकर्षण छा जाता है. जो भी साधक के संपर्क मे आता है वह बार बार साधक से मिलने की आशा रखता है. इसी आकर्षण से साधक को जीवन के सभी क्षेत्रो मे विशेष अनुकूलता मिलती है. साधक के संपर्क मे आने वाले सभी व्यक्ति साधक के अनुकूल ही रहते है तथा साधक धन यश और कीर्ति की प्राप्ति कर लेता है.

इस साधना को साधक किसी भी सोमवार की रात्रि मे १० बजे के बाद शुरू करे. साधक अपने सामने देवी पद्मावती का चित्र स्थापित करे. दिशा उत्तर रहे. साधक का आसान तथा वस्त्र लाल रंग के हो. साधक देवी के चित्र का सामान्य पूजन सम्प्पन करने के बाद देवी का ध्यान करे. पद्मावती देवी रक्त कमल पर लाल वस्त्रों मे बेठी है तथा जिन्होंने सर्प का मुकुट धारण किया हुआ है ऐसा ध्यान करना चाहिए. इसके बाद साधक मूंगामाला से निम्न रक्त पद्मावती के विशेष मंत्र का जाप करे. यह मन्त्र अपने आप मे कई विशेषताओं को धारण किये हुए है और जैन तंत्र के पुरातन ग्रन्थ रक्तपद्मावतीकल्प मे यह मंत्र निहित है. साधनाकाल मे साधक ब्रम्हचर्य का पालन करे. सात्विकआहार ही ग्रहण करे. अगर संभव हो तो भूमि श यन करे.

ॐ ऐं क्लीँ ह्स्क्लीँ ह्रीं ह्सौं देवि पद्मावति नमः

(Aum Aeing Kleeng Hskleeng Hreeng hsauh Devi Padmaavati Namah)

साधक को इस साधना मे १०००० जाप ७ दिन मे पुरे करने है. रोज १४ माला करने पर यह मंत्र जाप हो जाता है. साधना समाप्ति पर साधक माला को विसर्जित कर दे.

****

Complete attraction gaining – raktapadmaavati Mahavidya Prayoga

There is contribution in one or another way by Aryan civilisation on various religions of India. And this way, various religions contains sadhana and mysticism in any form. Because basically our civilisation has remained sadhana involved. Tantra is a method, system. Sadhana filled with various mysteries of tantra path are not incorporated with religion but are attached with culture and civilisation. Time while, circulation of tantra came in various religions. And thus, in various religions tantric mysticism took place. Sadhana of Jain religion are known are wonderful.

RADHA MAHAVIDYA PRAYOG siddhi sadhana

पूर्ण माधुर्य प्राप्ति हेतु एक परम दुर्लभ साधना

भगवान बिष्णु के सभी अवतार कोई न कोई विशेष उद्देश्य और लीला के साथ इस पृथ्वी पर अवतरित हुए. इन अवतारों मे भगवान कृष्ण का अवतार अपने आप मे एक ऐसा लीला सम्पन्न अवतार था की शब्दों से जिसकी अभिव्यक्ति संभव ही नहीं है. अपने जीवन काल मे श्रीकृष्ण ने न जाने किन किन रूप मे कोटि कोटि शिक्षाए मनुष्य लोक मे अर्पित की है. श्री कृष्ण का तंत्र से एक अत्यधिक निकट सम्बन्ध रहा है. यु तो मूल रूप विष्णु के आधार पर ही पूरा वैष्णव तंत्र है. यहाँ चर्चा कृष्ण के सबंध मे तंत्र पक्ष के ऊपर हो रही है. लेकिन जिस प्रकार से लोक कथा तथा कहानियों मे राधा का स्थान कृष्ण से अलग नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार ठीक तंत्र शास्त्र मे भी राधा को बराबर कृष्ण जितना ही स्थान मिला है.

तथा नारद पंचरात्र के अनेक ग्रन्थ और संहिता मे कृष्ण से सबंधित तांत्रिक साधनाओ का बराबर विवरण रहा है उतना ही राधा की तांत्रिक साधना के बारे मे भी विवरण मिलता ही. राधा कृष्ण के सबंध मे विवेचन भागवत पुराण, वैष्णव गीत गोविन्द, ब्रम्ह विवर्त पुराण,गौतामीय तंत्र, गर्गसंहिता इत्यादि मे मिलता है. तथा राधा से सबंधित पुरातन कई ग्रन्थ है जो की लुप्त या लुप्तप्राय हो गए है जेसे की चमत्कारचन्द्रिका, राधा ह्रदय, राधाअष्टकम, रूपचिंतामणि, राधास्तव, राधातन्त्रं इत्यादि. सबंधित ग्रन्थ मे राधा के विभिन्न रूप तथा तंत्र साधनाओ के बारे मे विधि विधान प्राप्त होते है. लेकिन आखिर राधा को इतना महत्व क्यों दिया गया और भले ही आज नहीं लेकिन किसी वक्त मे राधा से सबंधित साधनाए इतनी प्रचलन मे क्यों रही? इसका उत्तर मंथन करने पर स्वयं मिल जाता है की ब्रम्हांड के त्रिदेव के रूप मे ब्रम्हा, विष्णु तथा महेश है. अब इन मुख्य देव का एक अत्यधिक महत्वपूर्ण अवतार पृथ्वी पर कृष्ण के रूप मे कार्यवंतित हो, तब उनकी शक्ति ऐसे ही कोई सामान्य शक्ति नहीं हो सकती. जब की राधा तो उनकी सब से निकट थी , सबसे प्रिय. फिर राधा का सामान्य होना या देवी राधा को सामान्य द्रष्टि से देखना हमारे अज्ञान को ही प्रकाशित करता है. जब की भगवान शिव पार्वती से राधातन्त्रं मे कहते है की राधा अपने आपमे ब्रम्हांडीय मुख्य शक्ति ही है. और वैसे भी प्रेम के इतने उच्च गुण को धारण कर भगवान श्री कृष्ण के ह्रदय पर निवास करने वाली शक्ति कोई सामान्य शक्ति हो ही नहीं सकती. इस प्रकार पुरातन युग मे तंत्र क्षेत्र मे और खास कर के वैष्णव तंत्र मे राधा को एक महाशक्ति के रूप मे पूजा गया है.

लेकिन शाक्त मत के सात्विक और राजसिक साधको ने इस महाशक्ति को और भी विशेष रूप से स्थानांतरित किया. इस राधामहाशक्ति को महाविद्या का स्थान दिया गया. क्यों की शाक्त मत की धारणा मे सभी इष्ट शक्ति अपने आप मे पूर्ण आदि शक्ति ही होती है. इस लिए अगर राधा की साधना होती है तो राधा भी अपने आप मे मूल आदि शक्ति है जो की शिव के द्वारा प्रमाणित है. इसके अलावा तंत्र साहित्य के महत्वपूर्ण ग्रन्थ गुह्यातिगुह्य तंत्र मे वर्णन दिया गया है की महाविद्याए विष्णु के सभी अवतारों को मुख्य शक्तिया रही है. अतः इस प्रकार कृष्ण की मुख्य शक्ति के रूप मे राधा तथा उसी को महाविद्या रूप मे तंत्र मे स्वीकार किया गया तो इसमें आश्चर्य ही क्या. साधना जगत मे राधा महाविद्या से सबंधित कई साधनाए प्रचलित रही है. लेकिन इस महाविद्या के सबंध मे गुप्त प्रयोग भी तांत्रिक पंथो मे गुरु मुखी परंपरा से चले आए है. यह प्रयोग अपने आप मे ही पूर्ण तिव प्रभाव युक्त प्रयोग होते है. क्यों की जब देवी राधा को महाविद्या रूप मे स्वीकार किया गया है और श्री कुल की यह महाविद्या जब इष्ट रूप मे हो तो कार्यसिद्धि होती ही है.

राधा महाविद्या के सबंध मे जो प्रयोग प्रस्तुत किया जा रहा है यह प्रयोग पूर्ण माधुर्य प्राप्ति के लिए है. इसका अर्थ है की साधक अपने अंदर उन तत्वों को उतारे जिससे की व्यक्ति के अंदर की मधुरता बहार आ पाए. महाविद्या राधा तो पूर्ण प्रेम तत्व को अपने अंदर धारण किए हुए है. यह बिलकुल ही सत्य है की प्रेम और मधुरता एक दूसरे के पूरक है. या यु कहा जाए के दोनों को अलग नहीं किया जा सकता. मधुरता का अर्थ यहाँ पर है उस आधार तत्व की प्राप्ति की जिस पर प्रेम अपना आकार ले सके. यहाँ पर प्रेम का अर्थ लौकिक द्रष्टि से नहीं है, यहाँ पर प्रेम का अर्थ है आतंरिक प्रेम, खुद से, इष्ट से, प्रकृति से, विशुद्ध प्रेम जहा पर वासना नहीं है. जहा से व्यक्ति शुद्ध चित्त हो कर साधना जगत के अत्यधिक गुढ़ रहस्यों को भी समज लेता है. इस प्रकार के माधुर्य को प्राप्त करने के लिए राधा महाविद्या का यह प्रयोग है, जिसे करने के बाद साधक के चित मे एक एक आनंद और सौंदर्य का प्रस्फुटन होता है, आँखों मे सम्मोहन तथा चहरे पर आकर्षण छा जाता है. उसके संपर्क मे आने वाले सभी व्यक्तियो के लिए उसका व्यवहार अत्यधिक रोचक और आकर्षण युक्त हो जाता है. और सभी व्यक्ति उसके माधुर्य से सम्मोहित से हो कर उसके अनुकूल ही रहते है. यु भौतिक तथा आध्यातिम दोनों पक्षों के सबंध मे यह प्रयोग अत्यधिक उत्तम है.

इस प्रयोग को शुक्रवार की रात्री १० बजे के बाद से करना चाहिए. साधक को सफ़ेद वस्त्र पहेन कर सफ़ेद आसान पर उत्तर दिशा की तरफ मुख कर बैठना चाहिऐ. अपने सामने सफ़ेद वस्त्र बिछा कर उस पर राधा देवी का कोई चित्र स्थापित करे. उसके बाद उसका सामान्य पूजन करे. धुप व् घी का दीपक समर्पित करे. इसके बाद देवी को महाविद्या रूप मे साधना मे सफलता तथा माधुर्य प्राप्ति के लिए प्रार्थना करे. उसके बाद साधक स्फटिक माला से निम्न मंत्र की २१ माला मंत्र जा करे.

ॐ कृष्णप्रिये महाशक्तिं नमः

साधक मन्त्र जाप के बाद राधामहाविद्या को मन्त्र जाप समर्पित कर दे. साधक यह क्रम एक हफ्ते तक करे. इस प्रकार एक हफ्ते के बाद साधक जाप माला को किसी कृष्ण या राधाकृष्ण मंदिर मे चढा दे तथा आशीर्वाद प्राप्त करे. साधना समा होने पर साधक उपयुक्त लाभों की प्राप्ति कर लेता है.

****

RADHA MAHAVIDYA SADHANA

Every Incarnation of Lord Vishnu on earth keeps a special purpose and pageant in itself. In these reincarnations the incarnation of Krishna was the most pageant full one which is really speechless. In his lifetime its countless how many teachings and learnings he offered to people. The relation of tantra with Shree Krishna was so close. Basically the whole Vaishnav Tantra is based on Lord Vishnu only. Here I am talking about the Tantra part of Shree Krishna. But the way it can't be denied the detachment of Radha from Krishna in many stories exactly in tantra Radha is equally treated on same level as Krishna has been treated yet. And in Narad Panchratra granthas and in many more sanhitaas it has been mentioned about the tantric sadhnaas releted to Shree Krishna and same goes with Radha also.

The description regarding Radha Krishna has been mentioned in Bhagvat Puran, Vaishnav Geet Govind, Brahma Vivart Puran, Goutmeeya Tantra, Gargsanhitaa etc.. And the data related to Radha in many arch effects are just disappeared like Chamatkarchandrika, Radha Hriday, Radhaashtam, Rupchintamani, Radhastav, Radhatantra etc. in such related granthas we can find her various forms and processes of sadhnas related to her. Actually the question is why such sadhana are in light and why such importance has been given to Radha ? Now after introspecting u will get the answer that the three Gods of Universe are Brahma,Vishnu and Mahesh. Now out of these one of the main one is incarnated then his Shakti would not be any normal one.

एक सत्य अनुभव भैरव साधना ..तंत्र के परिपेक्ष में ..

A true incedent about tantra sadhana

तंत्र मार्ग की गंभीरता को इंगित करता हुआ

तंत्र क्षेत्र के कुछ ऐसे अज्ञात अज्ञात नियम हैं जिनके बारे में लोग कुछ तो जानते हैं और कुछ नही भी . यह सब ने सुन रखा हैं कि यदि कुछ प्रयोग किया और कुछ गलत हो गया तो .. पर कभी सोचा हैं कि क्या गलत हो जायेगा..एक उदाहरण से समझे कि आपको किसी ने बोल दिया कि एक लौंग खा लो आपका काम सिद्ध हो जायेगा तो इतनी सी बात में क्या गलत होने कि सम्भावना हैं.. कुछ भी नही . पर इतना भय क्यों.. और ..पर चाहे वह तंत्र प्रयोग हो या कोई और प्रयोग सार्वभौमिक नियम हैं कर्मगत सिद्धांत या नियामकों का जो किसी भी हाल में किसी के लिए भी नही बदल सकता .. हाँ अगर वह किसी कारण वश इन नियम के ऊपर हो गया हो तो.. पर वहां भी कुछ और सूक्ष्म नियम कार्य करते हैं जिनका पता केवल उसी स्तर के लोगों को ही हो सकता हैं इन बातों को समझना सामान्य क्या उच्चस्तर के योगियों के लिए भी कठिन हैं .

एक कारण तो यह हैं की योगी कभी भी किसी भी प्राकृतिक नियम में वाधा नही बनते ..उनकी सामान्यतः धारणा यही रहती हैंकि जो हो रहा हीं वह हो जाने दो ..जब तक कि कोई अति विशेष प्रयोजन न हो . कक्योंकि कोई कर्म का प्रभाव कम होगा उससे अभी नही तो आगे के जीवनों में उच्चता के अवसर कहीं और जयादा.. पर जब जीवन आज हैं तब भविष्य गत कल्पना कहाँ तक उचित हैं. दो नियम है तंत्र गत .बहुत सरल से पर अपने आप में अत्यंत गहनता लिए हुए

कि जो क्रोध रहित हैं . या हो उस पर तंत्र प्रयोग कामयाब नही हो पता हैं . जिस पर किया जाना हैं अगर नुक्सान पहुचने वाले प्रयोग तो उसका आपके प्रति कुछ वैमनस्य तो हो.

दूसरा यह कि अकारण किसी पर किया गया प्रयोग..जिससे आपको कोई भी शत्रुता ना रही हो ..कामयाब भले ही हो जाए पर विपरीत प्रभाव आपको भी झेलने पड़ेंगे .

अब प्रश्न यह हैं कि कितना ???

इस हेतु आपके सामने एक सत्य घटना ..

मेरे एक मित्र को चाहे समय का कुप्रभाव या विधि का विधान या व्यक्तियों का अपना स्वाभाव अच्छी खासा उनका गृहस्थ जीवन गतिमान हो रहा था. तभी अचानक एक दम से सब कुछ उल्टा पुल्टा हो गया और उनकी पत्नी अपने बच्चो को लेकर अलग हो गयी और अनेको प्रकार के अनर्गल आरोप मेरे मित्र और उनके वृद्ध माता पिता पर उन्होंने लगाये . आज के समय के विधि नियम इस सन्दर्भ में इतने कठोर हैं कि ..वहुधा अनेको बार सामान्य व्यक्ति अगर उसकी चपेट में आ गया तो उसका तो सारे कर्म गति यही पर हो जाती हैं.

मेरे मित्र ने बहुत कोशिश कि पर .... उस पक्ष ने अपनी बेतुकी जिद छोड़ने को तैयार ही नही. खास कर यह कि अपने वृद्ध माता पिता का त्याग कर दो.उसी समयांतराल में एक बार बातों बातोंमे मैंने कुछ ऐसे प्रयोग के बारे में चर्चा कर रहा था. कुछ भैरव प्रयोग जिनसे व्यक्ति तो क्या सारा आस पास का क्षेत्र ही नष्ट होजाता हैं उन्होंने मुझसे वहप्रयोग माँगा. पता नही क्यों . किसी अज्ञात आशंका से मैं वह प्र योग किसी को भी देने से डरता था. तो . उस के लिए मैं तैयार नही हुआ पर यह जरुर कहा कि सदगुरुदेव जी कि किताब हैं भैरव साधना उसमे एक से एक प्रयोग दिए गए हैं जो व्यक्ति कि मनोकामना पूरी कर देते हैं .

और इस कलि काल में भैरव प्रयोग से बढकर और जल्दी सफलता देने वाले प्रयोग हैं कहाँ . या भैरव प्रयोग या हनुमान प्रयोग ही कहीं सफलता तेजी से देने में समर्थ हैं. पर हनुमान साधना के शुद्धिगत नियम इतने जयादा होते हैं कि समान्य व्यक्ति उनकी पूजा करने को तो हमेशा तैयार रहता हैं पर साधना करने के नाम से दस बार सोचता हैं. खासकर यदि साधना अवधि जयादा हो तो. वह किताब मैंने सहर्ष उन्हें दे दी और जब...और कई दिन उपरात मेरेमित्र ने मुझे बताया कि उन्होंने जो साधना कि उसका फल भी उनको प्राप्त हो गया और बहुत अच्छा रहा .

मैंने उस समय तो कोई ज्यदा ध्यान नही दिया क्योंकि हर व्यक्ति कि अपनी इच्छा हैं अगर वह बताना चाहे तो उसका स्वागत हैं और न तो भी. और इस तरह से कुछ दिन और निकल गए . किसी कार्यवश मैं अपने गृह नगर क्षेत्र से बा हर गया लौट कर आया तो मेरे मित्र और उनके माता पिता को बहुत कि त्रासदायक परेशानी से जू झ रहे थे.मेरे लौट कर आते आते तक उनके स्वयम के प्रयास से वह उस तत्कालीन समस्या से तो बाहर गए पर अब जो कोर्ट कच हरी का अंतहीन श्रंखला चल पड़ी उसका तो कोई अंत ही न था. और वे आज भी ..सब कुछ सही होते हुए ..भी.. पर एक दिन मैंने उनसे पूंछा कि कौन सा प्र योग क्योंकि उन्होंने कोई साधना सामग्री तो मगवायी नही थी. उन्होंने भैरव साधना पुस्तक के अंत में दिए एक प्रयोग को बिना किसी साधना सामग्री के संपन्न किया . और . और जब मैंने उन्हें एक बार वह पुस्तक भी दी जिसमे भैरव जी का वह प्रयोग भी था तो पाया कि उस पेज पर सिंदूर के निशान हैं . बड़ा आश्चर्य सा लगा. बाद में मेरे मित्र ने मुझे बताया कि उन्होंने वह प्रयोग किया था. और जो संकल्प ले कर किया था उससे विरोधी पक्ष के वकील का एक दुर्घटना में हाथ पैर टूट गए .

हलाकि मेरे मित्र भी दीक्षित हैं. और ..पर इतने दिनों से लगातार परेशां होने के कारण उन्होंने स्वयं ही यह निर्णय ले लिया था. मेरे मित्र ने कहा कि यह बहुत आश्चर्य कि बात हैंकि यह प्रयोग मैं और मेरी माताजी ही कर रही थी. तो जब वह ततकालीन परिस्थिति उनके सामने आई तो केबल उन्हें और उनकी माताजी को ही वह शरीरिक रूप से झेलना पड़ी ...निश्चय ही पिताजी को मानसिक तो बहुत परेशानी हुयी ..पर उन्हें वह..शारीरिक .. त्रासदा से नही जाना पड़ा.अकारण ही किया गया प्रयोग जो किसी भी अनजाने को जो केबल अपना कार्य कर रहा हो .उस पर कितना प्रभाव डाल सकत हैं . यह मैंने तब जाना .

यहाँ तक कि वाराणसी के प्रख्यात तांत्रिक और योगी स्व. श्री अरुण कुमार शर्मा जी ने भी एक जगह उल्लेखित किया हैं कि किसी कारण वश उन्हें एक प्रयोग किसी पर ऐसा ही करना था. पर उस प्रयोग के परिणाम वेसे नही आ रहे थे जैसा उन्होंने सोच रखा था. एक क्योंकि वह व्यक्ति से सीधे उनका कोई परिचय था ही नही. वह अपने मित्र के लिए कर रहे थे. एक दिन वे सीधे उस व्यक्ति के घर पर पहुंचे जिस पर प्रयोग किया जाना था. उस व्यक्ति ने इनका परिचय जान कर जी भर कर अपमान किया. और श्री शर्मा जी बोले मेरा कार्य हो गया .अब मैंने जब प्रयोग किया तो वह पूर्ण सफल रहा .

सदगुरुदेव के द्वारा दिए गए कितने भी उच्च कोटि के अगर संहारक प्रयोग हो तो भी कभी भी किसी पर भी करने कि गलती न करे क्योंकि ये सभी प्रयोग सदगुरुदेव जी कि पार्मेश्वरी शक्ति से कीलित हैं..किसी भी निर्दोष पर जिसका उस घटना से आपका कोई लेना देना न हो अगर होगा तो वह प्रयोग कभी सफल न होगा.

तंत्र तो सीधे सादे हज़ारो वोल्ट के नगे बिजली के तार कि तरह हैं कि अगर आपने नियम तोडा तो परिणाम भी झेलने के लिए तैयार हो जाए.

****

mahavidya Vimla bhairvi sadhana

पूर्ण भौतिक सुखो की प्राप्ति हेतु अद्भुत साधना विधान

शाक्तमत की विशेष साधना पद्धतियों का जहा पर विकास हुआ ऐसे प्रमुख स्थानों मे उडीसा भी एक स्थान था. उड़ियानपीठ शाक्त साधनाओ का गढ़ था और तन्त्र के क्षेत्र मे इस स्थान की अपने आप मे एक अत्यधिक विशेष महत्ता हुआ करती थि. विभिन्न शक्तियो के सबंध मे उडीसा तथा आसपास के क्षेत्र मे जो कुछ भी साधनाए होती थि वह अपने आप मे विलक्षण थि. देवी के कई रूप तो सिर्फ साधको के मध्य ही प्रचलन मे रहे है. पूरी स्थित भगवान जगन्नाथ का स्थान तो अत्यधिक प्रसिद्द है. इसी स्थान को तांत्रिक ग्रंथो मे पुरुषोत्तम स्थान या पुरुषोत्तम क्षेत्र कहा गया है. कालिका पुराण जो की तंत्रदर्शन की द्रष्टि से एक उत्तम ग्रन्थ है उसमे भगवान जगन्नाथ को तंत्र देव कहा गया है. इसी प्रकार आसपास का पूरा क्षेत्र योगिनी साधनाओ के लिए भी किसी समय अत्यधिक प्रख्यात रहा है. कहा तो ये जाता है की भगवान जगन्नाथ की पूजा भी पहले पूर्ण तांत्रिक प्रक्रियाओ तथा विधानों से ही होती थी .

इस स्थान को महाविद्या त्रिपुरसुंदरी की श्रीसाधना से भी जोड़ा गया है, तांत्रिक मान्यताओ के अनुसार इस स्थान पर काली, भुवनेश्वरी, तथा त्रिपुरसुंदरी बीज मंत्रो से व्यापक पूजन रोज होता था जिस वजह से यहाँ पर साधना करने वाले व्यक्ति को आध्यात्मिक उपलब्धिया तो होती ही थि, लेकिन भौतिक द्रष्टि से भी वह अत्यधिक सम्प्पन बन जाता है. भगवान जगन्नाथ को तंत्र क्षेत्र मे महाभैरव का ही स्वरुप माना जाता है. इनसे सबंधित कई प्रकार की साधना यामलतंत्र ग्रंथो मे उपलब्ध है. मगर भगवान जगन्नाथ की शक्ति के बारे मे अत्यधिक कम विवरण मिलता है. भगवान की शक्ति देवी विमला है. देवी विमला महाविद्या भैरवी का ही रूप मानी जाती है. एक मत के अनुसार देवी मात्रिका देवी समूह मे से एक है. देवी से सबंधित विवरण प्राणतोषीणी तथा रुद्रयामल जेसे आदि ग्रंथो मे मिलता है तथा इन्हें इस महान तांत्रिक क्षेत्र की देवी माना जाता है. पूरी स्थित देवी के स्थान को शक्तिपीठ भी माना जाता है जहा पर सती के चरणखंड का विच्छेद गिरा था. देवी की साधना प्राचीन काल मे उच्चकोटि के शाक्त साधको के मध्य प्रचलित थि. देवी के बारे मे प्रचलित है इनकी उपासना अगर सौम्य रूप से की जाए तो वह साधक के जीवन मे किसी भी प्रकार का आभाव नहीं रहने देती, धन यश ऐश्वर्य मान उत्तम परिवार के साथ सभी प्रकार के सुखो का साधक उपभोग करता है. वही देवी के उग्रस्वरुप की उपासना साधक को षट्कर्म की सिद्धि प्रदान करती है.

प्रस्तुत साधना प्रयोग देवी के सौम्य पक्ष से सबंधित है, जहा साधक देवी विमला भैरवी महाविद्या की साधना को सम्प्पन कर पूर्ण धन, यश, तथा भौतिक सुखो की प्राप्ति कर सकता है. साधक के जीवन मे चाहे कोई भी समस्या हो, चाहे वह धन का अभाव, परिवार मे क्लेश, या फिर सन्मान से सबंधित हो देवी साधक के सभी पक्षों मे पूर्णता प्रदान करती है तथा साधक के भौतिक जीवन को एक उत्तम जीवन बना देती है.

इस महत्वपूर्ण साधना को घर के एकांत कक्ष मे करे जहा पर मंत्रजाप के समय किसी और व्यक्ति का प्रवेश न हो. साधक किसी भी शुभ दिन से यह साधना शुरू कर सकता है. समय रात्री काल मे १० बजे के बाद का रहे. साधक को इस साधना मे सफ़ेद वस्त्र तथा आसान का उपयोग करना चाहिए तथा साधक का मुख पूर्व दिशा की और हो. अपने सामने साधक एक घी का दीपक लगा ले और मन ही मन देवी को साधना मे सफलता के लिए प्रार्थना करे. इसके बाद साधक स्फटिक माला से मंत्रजाप प्रारंभ कर दे. साधक को निम्न मंत्र की २१ माला करनी है.

ॐ श्रीं कलिं ह्रीं विमला क्षेत्रेश्वरी नमः

मंत्रजाप पूर्ण होने तक घी का दीपक जलते रहना चाहिए. इस प्रकार यह साधना ११ दिन तक करने पर साधक को सभी प्रकार के भौतिक सुखो की प्राप्ति शीघ्रातीशीघ्र होती है. साधक को माला का विसर्जन नहीं करना है. साधक आगे जब भी यह मंत्र करना चाहे तब इस माला का उपयोग कर सकता है.

****

****

bhairav saayujjy das mahavidya sadhana

पहली बार इस परम गोपनीय साधना का रहस्य

सम्पूर्ण तंत्र का मुख्य आधार शिव और शक्ति ही है. दूसरे शब्दों मे इसे ही प्रकृति तथा पुरूष की संज्ञा दी जाती है. शिव और शक्ति का विखंडन ही मुख्य रूप से समस्त जड़ चेतन की गतिशीलता का आधार है. क्यों की गतिशीलता के लिए जिन क्रियाओ से गुजरना पड़ता है, वह क्रियाओ के लिए शक्ति के विविध रूपों की आवश्यकता होती है. जेसे की खनिज तेल तो एक ही होता है लेकिन विविध आवश्यकताओ के अनुसार उसको विखंडित कर के पेट्रोल, गेस, केरोसिन आदि को अलग अलग कर दिया जाता है. मूल रूप से तो वह पृथ्वी का ही एक भाग है. ठीक इसी प्रकार शक्ति के विविध रूप पृथ्वी की गतिशीलता के लिए अनिवार्य है. शक्ति के मुख्य विखंडन को भाव रूप तिन भागो मे विभाजित किया गया. ज्ञान शक्ति, इच्छाशक्ति तथा क्रिया शक्ति. यही शक्तिया क्रमशः सत्, राजस, तथा तमस भाव को धारण किये हुए है.

इन्ही शक्तियो के आपसी संयोग से जो मुख्य १० शक्तिओ का निर्माण हुआ वह दस महाविद्या है. इस प्रकार यह महाविद्या उच्चतम शक्तिया कही जाती है. इन शक्तियो के शिव स्वरुप को भैरव कहा जाता है. अतः महाविद्याओ के माद्यम से यह महाभैरव इन शक्तियो का अपने साथ संचार कर ब्रम्हांड की गति को नियंत्रित करते रहते है.

तंत्र क्षेत्र मे तो इनकी साधना अत्यधिक विलक्षण कही जाती है. कई साधक अपने जीवन को दांव पर लगा कर के भी एक महाविद्या की कृपा प्राप्त करने के लिए तैयार होते है. इसी प्रकार तंत्र साधको मे से ज्यादातर का यह स्वप्न होता है की वह जीवन मे कम से कम किसी एक महाविद्या की कृपा प्राप्त कर ले तथा अपने जीवन को धन्य करे. क्यों की जो ब्रम्हांड को नियंत्रित करने वाली मुख्य १० शक्तियो मे से एक शक्ति हो उनकी कृपा प्राप्त कर ले तो फिर जीवन मे क्या अभाव रह जाएगा. लेकिन यह साधनाए इतनी अधिक कठिन तथा श्रमसाध्य है की साधक को चरम कष्ट तथा वेदना का अनुभव होता है. इस प्रकार साधक महाविद्याओ की साधना करने से कतराते भी है. कई बार तो जीवन भी जोखिम मे पड़ जाता है. इसके अलावा अगर हिम्मतवान साधक यह कसोटी पर खरा उतर भी जाए तो भी लाखो मंत्र जाप कुछ ही दिनों मे सम्प्पन कर देना भी आसान नहीं है. साधना समय मे आने वाली बाधाए तो अलग ही है. लेकिन जब इन सब के बाद जब कोई महाविद्या की कृपा द्रष्टि हो जाती है तब उसके जीवन मे कुछ अभाव नहीं रहेगा. धन, यश, मान-संम्मान, ऐश्वय, पुत्र-पौत्र जेसे सभी भौतिक सुखो तथा उपभोग की प्राप्ति कर लेता है तथा आध्यात्म के क्षेत्र मे वह कई प्रकार की विभिन्न सिद्धियो की भी प्राप्ति कर लेता है.

तंत्र जगत के नियमानुसार कुछ साधनाए करने पर उनसे जुडी हुई दूसरी साधनाए करने मे अनुकूलता तथा शीघ्र सिद्धि की प्राप्ति संभव होती है. जेसे की हनुमान साधना करने के लिए अगर पहले राम साधना कर ली जाए तो हनुमान साधना मे ज्यादा सफलता मिलती है. गौरी साधना से पहले शिव साधना करने पर देवी गौरी त्वरित फलीभूत होती है, ठीक इसी प्रकार अगर साधक किसी महाविद्या की साधना कर रहा है तो उसे उससे सबंधित भैरव की साधना करने पर त्वरित सफलता प्राप्त होती है. जेसे की महाकाली साधना करने के पूर्व महाकाल साधना कर ली जाए तो महाकाली प्रसन्न हो कर तुरंत दर्शन देती है. क्यों की भैरव तथा भैरवी जुड़े हुए है तथा दोनों एक हो कर ही कार्य को संपादित करते है. लेकिन तंत्र मे कई महासिद्धो ने अपने तपोबल से इस क्षेत्र मे खोज कर के और भी उत्तम साधनाए प्रदान की. कई महाविद्या मंत्रो मे उनसे सबंधित भैरव के सम्पुट दिये गए ताकि दोनों की कृपा एक साथ प्राप्त हो जिससे की आतंरिक तथा बाह्य दोनों रूप मे साधक का पूर्ण भौतिक तथा आध्यात्मिक विकास हो सके. इस प्रकार की उच्चतम साधनाऐ गुरु मुखी प्रणाली से गतिशील रही. गुरु अपने जीवन काल मे सिर्फ चुनिन्दा शिष्यों को ही इस प्रकार की साधना विधि का ज्ञान करते थे. जिससे की त्वरित ही वह एक महाविद्या तथा उनसे सबंधित भैरव की कृपा प्राप्त कर के अपने जीवन को उर्ध्वगामी बना सके. दसो महाविद्याओ के सबंध मे निम्न लाभ त्वरित रूप से मिलते है यह देखा गया है

- महाकाली के प्रभाव से उसकी वाणी मे सौंदर्य तथा मधुरता आ जाती है, लोग उसकी वाणी को सुनने के लिए हमेशा लालायित रहते है तथा सभी व्यक्ति मन ही मन उस व्यक्ति को बार बार सुनाने की इच्छा रखते है
- महाविद्या तारा साधक की ज्ञान शक्ति तथा स्मरण शक्ति को तीव्र बना कर कृपा प्रदान करती है तथा साधक को धन का आभाव नहीं रहता

- महाविद्या कमला पूर्ण गृहस्थ सुख तथा भौतिक क्षेत्र मे सफलता की प्राप्ति का आशीर्वचन देती है.
- महाविद्या छिन्नमस्ता साधक को अपने कार्य क्षेत्र मे पूर्ण विजयश्री तक पहोचा देती है
- महाविद्या बगला साधक के सभी शत्रुओ का स्तम्भन कर उसे शत्रु बाधा से बचाती है
- महाविद्या त्रिपुरसुंदरी साधक के सभी कष्ट तथा अभाव को दूर कर पूर्ण स्वास्थ्य अर्पित करती है,
- महाविद्या धूमावती साधक के जीवन मे आने वाली समस्त बाधाओ तथा दुर्भाग्य को हटा देती है
- महाविद्या भैरवी साधक को आतंरिक तथा शारीरिक रूप से पूर्ण सौंदर्यवान होने का आशीवाद देती है.
- महाविद्या भुवनेश्वरी की कृपा से साधक के सभी आध्यात्मिक गुणों का विकास पूर्ण रूप से हो जाता है
- महाविद्या मातंगी की कृपा से साधक के अंदर विविध प्रकार की कलाओ का उदय होता है तथा वह विशेष कलाओमे पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त करता है जेसे की संगीत, चित्र इत्यादि.

अगर सबंधित भैरव से सम्पुटित महाविद्या का मंत्रजाप अगर व्यक्ति कुछ ही दिन करे तो भी उसे उस महाविद्या से त्वरित लाभ की प्राप्ति हो सकती है.

लेकिन प्रस्तुत साधना तो अपने आप मे ही अजूबा है. क्यों की यह किसी एक महाविद्या से नहीं वरन दसो महाविद्याओ के सबंध मे है. प्रस्तुत साधना मे सभी महाविद्याओ का प्रभाव रहता है. और साधक अगर इसे पूर्ण श्रद्धा और समर्पण के साथ सम्प्पन कर ले तो उसे ऊपरवर्णित सभी लाभों की प्राप्ति होती है. अगर साधक इस साधना को करे तो उसे उपरोक्त सभी लाभ मिलते है लेकिन इसके अलावा भी इस मंत्र का एक और अद्भूत रहस्य यह है की यह मंत्र दसवक्त्र महाभैरव से सबंधित है. यह महाभैरव को दसो महाविद्याओ के भैरव माना जाता है या यु कहा जाए की दसो महाविद्याओ के सम्मिलित स्वरुप के यह भैरव है. इस लिए यह साधना कम समय मे ही सभी लाभों की प्राप्ति करा देती है. इस प्रकार की साधना बहोत ही गुप्त रही है तथा साधना के क्षेत्र मे हर व्यक्ति इस प्रकार की साधना का महत्व स्वयं ही समज सकता है.

इस महत्वपूर्ण साधना का विधान इस प्रकार है

- इस साधना को साधक किसी भी शुभदिन शुरू कर सकता है. समय रात्री मे १०:३० के बाद का रहे.
- यह ११ दिवसीय प्रयोग है. साधक को इस साधना मे मूंगामाला का उपयोग करना चाहिए. अगर मूंगामाला उपलब्ध नहीं है तो साधक विद्युतमाला, शक्तिमाला या रुद्राक्षमाला का भी प्रयोग कर सकता है.
- साधक लाल रंग के वस्त्र तथा आसान का उपयोग करे. साधक का मुख पूर्व की तरफ हो
- साधक अपने सामने लाल वस्त्र पर प्रतीक रूप मे एक सुपारी रख ले. इस सुपारी का पंचोपचार पूजन कुंकुम, गंध(चन्दन/अश्गंध), पुष्प, धुप-दीप, नैवेद्य से करे. साधक चावल का भी प्रयोग करे. नैवेद्य मे किसी मिठाई का उपयोग किया जा सकता है जिसे मन्त्र जाप के बाद साधक खुद ग्रहण करे.

- पूजन के बाद साधक साधना मे सफलता की प्रार्थना कर २१ बार निम्न ध्यान मंत्र का उच्चारण करे

ध्यान:
नमामि भक्त वत्सला दसवक्त्रा गीताम् ||

इसके बाद साधक मूल मन्त्र का ११ माला जाप करे

ॐ क्लीं ह्रीं ऐं दसवक्त्रमहाभैरवाय ऐं ह्रीं क्लीं फट

११ माला पूर्ण हो जाने पर साधक फिर से ध्यान मंत्र का २१ बार जाप कर श्रद्धा से प्रणाम करे.

साधना पूर्ण होने पर साधक इसका प्रभाव खुद ही अनुभव करने लगेगा. साधक को माला का विसर्जन नहीं करना चाहिए तथा भविष्य मे यह मंत्रजाप के लिए साधक उस माला का उपयोग कर सकता है.

Bhairav saayujjay dash mahavidya paayoag

Main base for the complete tantra system is Shiva and Shakti. In other word they are also called as Prakriti and Purusha. The fragmentation process of Shiva and Shakti is the base of the continuity of the all inert and conscious. Because, the processes which are need to be under passed for the continuity, for those processes various forms of the different powers are primary requisition. For example rock oil or mineral oil is one but according to need, the base compound is separated though fragmentation and various products are separated like petrol, gas and kerosene etc. In the base, it is part of the earth only. This way, various forms of the powers too also requires for the continuity of the earth. Main fragmentation is devided into three ways based on their nature. Gyanashakti (knowledge power) Ichchha shakti (will power) and kriya shakti (process power). These powers are natured with Sat,Rajas and Tamas respectively.

SWARN RAHSYAM -9

अद्भुत रहस्य आपके लिए

उच्चकोटि के साधक इसी पारद शिवलिंग के प्रयोग से भूमि तत्व पर नियन्त्रण कर लेते हैं ,और की जब चाहे अपने शरीर मे भूमि तत्व का लोप कर शरीर को शून्य मे स्थित कर लेते हैं या वायुगमन कर लेते हैं .

पर एक सामान्य साधक अपने जीवन मे शुन्यस्थ होने से कही ज्यादा महत्त्व भौतिक सम्पन्नता को देता है , और देना भी चाहिए आखिरकार जीवन के विविध सुखों की प्राप्ति धन से ही तो हो पाती है ना........

ये सम्पन्नता भी ऐसे ही रसेश्वर की साधना से प्राप्त होती है , नित्य विल्वपत्र या कुमकुम से रंजित अक्षतों को भी १०८ मन्त्रों के द्वारा इन्हें अर्पित करने पर भौतिक पूर्णता साधक के जीवन मे आती ही है.

क्या ये इतना सहज है ??? मैंने पूछा.....

क्या भौतिक सम्पन्नता !!!!!!

नहीं नहीं .... ये तो मैं भी भली भांति जानता हूँ की रसेश्वर की साधना करने वाले साधक की अभ्यर्थना तो स्वयं शक्ति स्वरूप लक्ष्मी भी करती हैं और ये प्रभाव मैं खुद भी अपने जीवन मे अनुभव कर सका था ... इसीलिए मैं भौतिकता की नहीं दिव्यता की बात कर रहा हूँ . क्या मात्र त्राटक के साथ कोई अन्य रहस्य नहीं जुदा हुआ है शरीर को शुन्य भार करने मे ?????????

है बिलकुल है .... और क्यूँ नहीं होगी , क्या आपको लगता है की ये सब इतना सरल है ..... नहीं बिलकुल नहीं ..... जब शरीरस्थ तत्वों को आप अपने नियन्त्रण मे ला लेते हैं तो भला क्या है इस ब्रह्माण्ड मे जो साधक प्राप्त नहीं कर पाता वो भी मात्र संकल्प बल से...

क्या अनुभूति मे सबंधित साधना इष्ट के दर्शन स्वपन या प्रत्यक्ष मे होंना भी आएगा ???

निश्चय ही हाँ पर एक बात पहले से अच्छी तरह से समझ लेना चाहिये , की जब तक साधक का एक स्तर न आ जाए , तब तक सबंधित साधना के देवता उस साधना काल मे सामने नही आते बल्कि वह कोई ओर रूप धारण करके या प्रछन्न रूप मे या उनके किसी भी वाहन के रूप मे साधक के सामने या स्वपन मे आते हैं पर यह भी एक मात्र सत्य नही हैं बल्कि स्वपन मे होने वाले दर्शन भी इस अनुभूति के वर्ग मे आते हैं .

क्या जो दृश्य आखों से दिखे केबल वही ही अनुभूतिमे आयेंगे ??

दिव्य अनुभवों को केबल इन्द्रियाँ वह भी भौतिक इन्द्रियों की सीमा मे बाधने का तो कोई अर्थ ही नही क्योंकि आखों की एक सीमा हैं यह अभौतिक दृश्य नही देख सकती हैं पर कान तो दिव्य ध्वनियों को भी सुन सक्ते हैं और जो परा लौकिक क्षेत्र से सबंधित हैं .अतः ऐसा नही हैं अनेको बार ध्वनि की अपेक्षा , दिव्य सुगंध आदि का भी अनुभव होना भी इसी श्रेणी मे आएगा ..अतः केबल आखों और ध्वनि के माध्यम से होने वाले अनुभव को ही अनुभूति मानना उचित नही हैं .

अगर किसी साधना मे कोई भी अनुभूति हो ही नही तब क्या उस साधना को सफल हुआ माना जायेगा ??

साधरणतः अनुभूति किसी साधना की सफलता का पर्याय नही हैं , फिर कुछ साधना ये जैसे त्रिपुर सुंदरी साधना आदि मे तो साधनाकाल मे अनुभूति होती ही नही हैं , पर यह सत्य हैं की किया गया मंत्र जप कभी भी व्यर्थ नही जाता या तो वह साधक के या फिर उसके पूर्व जीवन के दोषों को नष्ट करने मे उपयोगित होता हैं और एक बार जब एक स्तर आ गया तब अनुभूति भी होना प्रा रम्भ हो जाता हैं

****

****

* **Anubhut tantra - preliminary introduction**

The tantra shastra has no boundary and its depth also has no limit .and this is true that it touches the all aspect of our life ,may be less or more but that is different things .

There are many dimensions of the tantra sadhana and that has many way or aspect through that can be seen or tested but there are some general point for a sadhak point of view he must know .

What is tantra and what is the importance of anubhuti or experience ??

There are many definitions of the tantra among them what is most easy to understand is ,that which consider or include all the aspect of life ,and have a view that whole world is divine ,and through that knowing the real self and able to understand the unlimited potential hidden in side us and able to acquire that with a systematic way .that way or marg is tantra .

Anubhut tantra sadhana–some importanat facts

जो आपके लिए आवश्यक हैं ....

अनुभूति अपने आप में एक दिव्य शब्द है. जीवन के हर एक क्षेत्र में इस शब्द की महत्ता अपने आप में अवर्णनीय है. अनुभूति एक एसी प्रक्रिया है जो की व्यक्ति के आत्म तत्व भू तत्व तथा मनः तत्व को जोड़ने का काम करती है. इसे से स्मृति का निर्माण होता है और जीवन के पक्षों की सूक्ष्मता का आभाष मनुष्य को होता रहता है. तंत्र क्षेत्र के साधक के लिए इस शब्द की महत्ता समजना मुश्किल नहीं है. ब्रम्हांड अपने आप में एक स्वतंत्र सत्ता से संचालित रहता है जिसे हम ब्रम्ह की उपाधि देते है. इसी ब्रम्ह का अंशभाग ब्रम्हांड के हर एक जड़ और चेतन में रहती है. तंत्र साधक किसी न किसी रूप में साधना के माध्यम से एक निश्चित शक्ति का सहारा ले कर इसी दोनों ब्रम्हांड को जोड़ने की प्रक्रिया में संलग्न रहता है. और इस प्रकार वह एक पूर्ण सत्ता में अपने आप को इस प्रकार एकाकार कर लेता है की जहा पर उसका अलग होना संभव नहीं होता और वह खुद एक ब्रम्ह बन जाता है. यह पूर्णता पथ पर जो साधक की गति होती है वह अनुभूति है.

और जिसको वो पार कर चूका है वह अनुभूत होता है. चाहे वह ज्ञान शक्ति हो या क्रिया शक्ति या फिर वह इच्छा शक्ति का परिणाम क्यों न हो. क्यों की जो जितना ही शरीर, मन तथा ब्रम्हांड रुपी आत्म तत्व से जुडता जाएगा वह उतना ही सास्वत और स्थायी होता जाएगा. निश्चित रूप से अनुभूति जब बार बार आकार लेती है तब वह ठोस होती जाती है, स्थायी होती जाती है, शंका को निर्मूल करते हुए वह शरीर मन तथा आत्मा में उतरता जाता है और वही आगे अनुभूत बन जाता है. और यही अनुभूत सत्य तथा इससे आगे सास्वत सत्य बन जाता है. क्यों की सत्य हर एक व्यक्ति के लिए अलग अलग हो सकता है लेकिन मूल उत्सर्ग का सत्य सभी के लिए एक ही होता है. उदहारण के लिए हर एक व्यक्ति के अंदर शक्ति है यह हमारे मूल उत्सर्ग ब्रम्ह का सत्य है लेकिन व्यक्ति का सत्य अपने आप में अलग हो सकता है. लेकिन इससे मूल सत्य में परिवर्तन संभव नहीं हो पता. उसी सत्य के आधार पर ही सभी सत्य विभक्त होते है. इस प्रकार मनुष्य की यात्रा पूर्णता की और निश्चित रूप से अग्रसर होती है, ब्रम्ह की और अग्रसर होती है क्यों की वह हर क्षण एक नितांत यात्रा होती है अनुभूति से अनुभूत की और. लेकिन साश्वत सत्य को व्यक्ति मात्र से नहीं जोड़ा जा सकता न. तंत्र तो ब्रम्हांड को अपने अंदर उतारने की कला है, अपने आप में ब्रम्ह से घुल मिल जाने की क्रिया है; फिर यह व्यक्तिगत रहे भी तो कैसे? साधना जगत में भी कुछ ऐसे ही नितांत सत्य मोती है जो की अनुभूति से आगे बढे हुए है, जो की अनुभूत है. एसी तांत्रिक प्रक्रियाए जिसका प्रयोगात्मक और क्रिया पक्ष इतनी बार अनुभूत हो चूका है की वह सास्वत हो गई, स्थायी हो गई जिसमे निचितरूप से परिणाम की प्राप्ति होती ही है. क्यों की वह सामान्य प्रक्रिया न रह कर ब्रम्हांडीय प्रक्रिया बन चुकी है. एसी साधनाए निश्चित सफलता प्रदान करती ही है. साधक का जीवन कर्म पाप या संस्कार इस बिच नहीं आ सकते, अगर एक व्यक्ति अपने हाथ से अपने गाल पर तमाचा मारेगा तो चाहे उसने कितने पाप किये हो या चाहे कितने भी पुण्य किये हो उसको गाल पर दर्द की अनुभूति होना निश्चित है; एक ठोस ब्रम्हांडीय नियम से आधार पर की गई विशेष प्रक्रिया अपना फल पूर्ण रूप से प्रदान करती ही है. जिस ब्रम्हांडीय शक्ति ने यह नियम बनाया है उसी नियम का आधार है अनुभूत तंत्र. अनुभूत तंत्र साधनाए एसी ही तीव्र प्रक्रियाए है जो की हमेशा निश्चित रूप से परिणाम की प्राप्ति करवाती ही है. एसी प्रक्रियाए प्रकाश में नहीं आई, इसके पीछे कई प्रकार के कारण हो सकते है लेकिन ऐसा भी नहीं है की इस प्रकार की प्रक्रियाए लुप्त हो गई है. गुरुमुखी परंपरा से एसी साधनाये नितांत गतिशील रही है. इन साधनाओ के पीछे कई प्रकार के सूक्ष्म ब्रम्हांडीय नियम काम करते है तथा शक्तियो को साधना प्रक्रिया से बाध्य हो कर साधक का कार्य करना ही पड़ता है. अगर साधक पूर्ण निष्ठा के साथ इन अनुभूत तांत्रिक प्रक्रियाओ को सम्प्पन करे तो उसे कभी भी निराशा का सामना नहीं करना पड़ेगा.

****

Anubhut Tantra Sadhna

Anubhuti (emotional experience/feeling) is a divine word in itself. Significance of this word in every field of life is indescribable in itself.Anubhuti is one such activity which unifies the Aatm element, Bhu element and Manah (mind) element of person. This result into creation of Smriti (remembrance) and human being can feel the subtlety of aspects of life.

Vijyaa sadhana

निश्चित धन प्राप्ति के लिए अद्वितीय साधना

एक पूर्ण सुखमय जीवन के लिए निश्चित रूप से धन की महत्ता को निर्विवादित रूप से स्वीकार किया जाता है. अपने जीवन को सुखमय तथा ऐश्वर्यवान बनाना कौन पसंद नहीं करेगा. लेकिन यह सहज ही संभव नहीं हो पता है. कई बार व्यक्ति के कर्मो का फल नहीं मिलता है और अगर मिलता है तो वह विपरीत रूप में मिल जाता है, एसी स्थिति में व्यक्ति चाहे धन प्राप्ति के लिए कितनी भी कोशिश कर ले लेकिन उसे सफलता प्राप्त होती ही नहीं. इसके पीछे कई प्रकार के कारण हो सकते है. लेकिन एसी स्थिति में व्यक्ति का जीवन बोजिल और अत्यंत ही जीर्ण हो जाता है. प्रस्तुत प्रयोग देवी विजया से सबंधित है. यह प्रयोग साधक को निम्न लाभ पहोचाते है

- साधक को धनप्राप्ति में बाध्य विगत तथा वर्तमान जीवन के पापदोषों का शमन करता है जिससे की साधक को धन की प्राप्ति संभव हो सके

- इस साधना को करने पर रुष्ट गृह शांत होते है तथा उनकी कृपा प्राप्त होती है, इस प्रकार धन प्राप्ति के मार्ग में अगर कोई ग्रहबाधा है तो वह हट जाती है तथा ग्रह की कृपा द्रष्टि प्राप्त होती है
- साधक को अगर व्यापर आदि का ज्ञान नहीं है तो उसे देवी अन्तःस्फुरणा जागृत कर साधक के लिए मार्गप्रसस्त करती है, इसके अलावा व्यापर मंद या बंद पड़ गया हो तब भी इस साधना के माध्यम से उसे पुनः उसे गतिशील किया जा सकता है, देवी सारे व्यवधान दूर करती है
- अगर साधक का धन कही रुका या फस हुआ है तो उसे उस धन की प्राप्ति हो जाती है
- इस साधना से साधक के सामने आय के नये नये स्तोत्र खुलने लगते है तथा किसी न किसी रूप में धन की प्राप्ति होती रहती है. कई बार साधक को आकस्मिक रूप से धन की प्राप्ति हो जाती है.

इस प्रकार यह साधना साधक को किसी भी रूप में धन देने के लिए समर्थ है और साधक को निश्चित धन की प्राप्ति करवाती ही है.

इस साधना को साधक शुक्रवार की रात्री में ११ बजे के बाद शुरू करे.

सर्व प्रथम साधक स्नान कर के लाल वस्त्र धारण कर, लाल आसान पर बैठे. साधक का मुख उत्तर दिशा की तरफ होना चाहिए. साधक के अलावा साधना कक्ष में और कोई नहीं होना चाहिए.

अगर साधक विजया यन्त्र कही से प्राप्त कर सके तो उस पर सामन्य पंचोपचार पूजन करे, अन्यथा देवी विजया की एसी तस्वीर को प्राप्त करे जिसमे देवी के एक हाथ में कमल और एक हाथ में घट या कलश ज़रूर हो. इस प्रकार यंत्र उपलब्ध न होने पर तस्वीर को प्राप्त कर उस पर पूजन करे. अगर यह भी किसी भी प्रकार से संभव नहीं है तो साधक महालक्ष्मी का चित्र स्थापित करे और पूजन करे. इस साधना में साधक को तेल का दीपक लगाना है. तेल किसी भी प्रकार का हो सकता है. साधनाकाल में साधक को ब्रम्हचर्य का पालन करना चाहिए.

इसके बाद साधक मूंगामाला या विद्युत माला से मंत्र जाप प्रारंभ करे

साधक पहले एक माला मंत्र जाप निम्न मंत्र का करे

ॐ कमलवासिनि साम्राज्यसिद्धिं हूं हूं नमः

इसके बाद साधक निम्न विजया मंत्र की ११ माला जाप करे

ॐ श्रीं ह्रीं सर्व विजयमंगल विजयाये मंगलदायिनि श्रीं ह्रीं ॐ

११ माला हो जाने पर साधक निम्न मन्त्र की फिर से एक माला मंत्र जाप करे

ॐ कमलवासिनि साम्राज्यसिद्धिं हूं हूं नमः

यह क्रम अगले ७ दिन तक बना रहे. ८ वे दिन शुक्रवार को साधक १०१ आहुति गुलाब और शहद से मिला कर अग्नि में समर्पित करे. अगर यह संभव नहीं हो तो शहद में गुलाब का इत्र डाल कर आहुति देनी चाहिए. यह आहुति **ॐ श्रीं ह्रीं सर्व विजयमंगल विजयाये मंगलदायिनि श्रीं ह्रीं ॐ** मन्त्र से समर्पित करनी है.

साधक को इस साधना समाप्त होते होते ही विचित्र अनुभव होने लगते है तथा किस्मत से बंद हुवे आय और धन प्राप्ति के सभी दरवाज़े खुलने लगते है. साधक को यन्त्र या चित्र पूजा स्थान में रखना चाहिए. माला को विसर्जित नहीं करना है. आगे साधक अगर हर शुक्रवार को इस विजया मंत्र की एक माला करते रहे तो उसके जीवन में धन सबंधी अभाव नहीं रहता.

Vijayaa Sadhna – for definite attainment of wealth

Importance of wealth is accepted indisputably for living a complete happy life. Who will not like his life to become happy and prosperous but this is not possible easily. Many times, person does not get the results of his karmas and if he gets, he gets the opposite results. In such a condition, person can make many attempts to attain wealth but he does not get any success. There can be many reasons behind this. But in such a condition life of the person become burdensome and much withered. The prayog mentioned is related to Vijaya.This prayog provides following benefits to sadhak.

- It destroys the sins of present and past lives of sadhak which were obstacle in attainment of wealth so that sadhak can attain wealth.
- Every sadhna pacifies displeased planets and their blessings are obtained. In such a manner, if there is any obstacle due to planet in attainment of wealth, it is cleared and blessings of planet are obtained.
- Sadhak, if does not have any knowledge of business then goddess activates sadhak's inner consciousness and shows the way to sadhak. Besides this if business has stopped or facing recession then this sadhna can again help the business to flourish. Goddess gets rid of all obstacles.
- If sadhak's money is stuck somewhere, he gets that money.

sarv kaary siddhi sadhana

भौतिक जीवन मे सफलता प्राप्त करने के लिए

जीवन में मनुष्य के ऐसे कई कार्य होते है जिनमे सफलता मिलना नितांत आवश्यक होता है. साधक को अपने किये गए कार्यों में कई बार सफलता ना मिलने पर हताश तथा निराशा का सामना करना पड़ता है. कई बार धन यश और सन्मान की प्राप्ति के लिए कार्यों की सिद्धि होना एक आवश्यक बिंदु बन जाता है. इस प्रकार व्यक्ति अपना तथा अपने परिवार का गौरव ऊँचा उठाने के लिए प्रयत्नशील ज़रूर रहता है लेकिन उसे मनोवांछित सफलता ना मिलने पर व्यक्ति का जीवन कष्टमय बन जाता है. तंत्र में कई ऐसे उपाय है जिसके माध्यम से साधक अपने मनोवांछित कार्यों में सफलता की प्राप्ति कर सकता है. यह कार्य जीवन के किसी भी पक्ष से सबंधित हो सकते है, किसी से मुलाकात करना या फिर व्यापर में उन्नति के लिए प्रयाण करना, या फिर कोई महत्त्वपूर्ण सफर पर जाना हो, इस प्रकार सर्व कार्यों की सिद्धि के लिए साधक यह प्रयोग करना चाहिए.

इस प्रयोग के लिए साधक को ७ हकीक पत्थरो की ज़रूरत पड़ती है. साधक को यह प्रयोग बुधवार की रात्री में १० बजे के बाद करना चाहिए. साधक स्नान करने के बाद सफ़ेद धोती पहने और सफ़ेद आसान पर बैठ जाए. दिशा उत्तर रहे.

अपने सामने एक सफ़ेद रुमाल में ७ हकीक पथ्थरो को रख दे. और उसे लोहबान का धुप दे. इसके बाद साधक सफ़ेद हकीक माला से निम्न मंत्र की एक माला जाप करे.

अलक मलक की खबर जो लावे सात पीर पैगंबर आवे

एक माला मंत्रजाप हो जाने पर साधक एक हकीक पत्थर को अपने हाथ में ले और मंत्र बोल कर उस पर फूंक मारे. इस प्रकार ७ बार फूंक मारे और उसे रख दे. इस प्रकार सातो पथ्थरो पर ये प्रक्रिया करे.

साधक को यह क्रम ७ दिन तक करना है और ७ वे दिन उस प्रक्रिया पूर्ण होने पर उन सातो पथ्थरो को उसी रूमाल में पोटली बाँध कर रख दे. जब भी कभी कार्य सिद्धि करनी हो तब उस पोटली को हाथ में ले कर सातबार मंत्र का मन ही मन जाप कर के फूंक मरे और अपनी इच्छा को बोल कर उसे जेब में रख ले और कार्य के लिए चले जाए तो कार्य सफल होता है. वापस लौट कर पोटली को लोहबान का धुप दे कर वापस रख दे. इस साधना में साधक को ब्रम्हचर्य व्रत का पालन करना चाहिए और जब भी कार्य सिद्धि के लिए जाना हो तो पहले स्नान शुद्धि कर के पवित्र अवस्था में ही इसका प्रयोग करना चाहिए. यह पोटली जीवन भर कार्यसिद्धि फल देती रहती है.

Sarv Kaarya Siddhi sadhna

There are many works of human beings in life in which attaining success is extremely important. Sadhak has to sometimes face disappointment due to non-attainment of success in the works done by him. Sometimes accomplishment of work becomes essential element for attainment of wealth, fame and respect. In this manner, person always tries to raise prestige of himself and his family but non-attainment of desired results makes his life troublesome. There are many ways in tantra by which sadhak can attain success in desired work. These works can be pertaining to any aspect of life. Meeting someone or making attempts for progress of business or going on any important journey; likewise for accomplishment of all these works sadhak should do this prayog.

For this prayog, sadhak needs 7 Hakeek stones. Sadhak should do this prayog on Wednesday night after 10:00 P.M. Sadhak should take bath, wear white dhoti and sit on white aasan. Direction should be north. Place 7 stones in white handkerchief in front of him and worship it whit dhoop of Lohbaan. After that sadhak should chant one round of the below mantra with white Hakeek rosary.

Alak Malak Kee Khabar Jo Laave Saat Peer Paigambar Aave

वशीकरण साधना

Vashikaran sadhana

एक अनूठा साधना रहस्य सिर्फ आपके लिए

कई बार जीवन में अचानक से इसे संकट आ जाते है जिनका निकाल ज़ल्द से जल्द ना करने पर पुरे परिवार को दुःखमय जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ जाता है. कई बार परिवार में से कोई व्यक्ति बुरी संगत में फस जाता है, एसी स्थिति में वह असामाजिक कृत्यों की और अग्रसर हो जाता है. या फिर कुसंगत में फस कर व्यक्ति अपने आप ही अपना सारा जीवन बर्बाद कर लेता है. इसके अलावा कई बार कई व्यक्ति परेशान और त्रस्त कर के अपने शत्रुता का परिचय देते है. या फिर अपने कार्यस्थल पर हमारे किये गए काम पर कोई और अपना हक जमा कर सारा यश प्राप्त कर लेता है. वस्तुतः एसी स्थिति में व्यक्ति धीरे धीरे हिन् भावना से ग्रसित होने लगता है और कई प्रकार के मानसिक रोगों से ग्रसित हो जाता है. इसके साथ ही साथ व्यक्ति के परिवारजन भी एसी समस्याओ से पीड़ित होने लगते है. एसी स्थिति में कोई उपाय सफल न हो तो वशीकरण का सहारा लेना चाहिए. वशीकरण कोई हिन् विद्या नहीं है वरन इसका उपयोग कई स्वार्थी व्यक्तियो ने हिन् प्रवृतियो के लिए किया इस लिए समाजमें इस विद्या के नाम से अकारण ही भय फैलने लगा है. एक डॉक्टर छुरी से किसी की जान बचाता है और दुवाये प्राप्त करता है वही एक खुनी इसी से किसी का खून करता है और पूरा जीवन बद्दुवा लेता है लेकिन इसमें छुरी का क्या दोष. वशीकरण भी एक उत्तम विद्या है जिसके माध्यम से जीवन में संकटो से मुक्ति मिल सकती है. और एसी नाज़ुक परिस्थितियो में और आज के युग में इस प्रकार की साधना नितांत आवश्यक है.

इस साधना को सम्पन्न करने के लिए साधक के पास साध्य (जिस पर प्रयोग किया जाना है) के कपडे का टुकड़ा, या फोटो होना आवश्यक है.

साधक इस प्रयोग को मंगलवार से शुरू करे. साधक को रात्री काल में ११ बजे के बाद यह साधना शुरू करनी चाहिए. साधक स्नान कर लाल वस्त्रों को धारण करे. साधक का मुख उत्तर दिशा की तरफ हो. अपने सामने साध्य के कपडे का टुकड़ा या फोटो या दोनों को लाल वस्त्र पर स्थापित करे और तेल का दीपक जला ले. इसके बाद साधक निम्न मंत्र की रुद्राक्ष माला से २१ माला जाप करे.

ॐ चाण्डाली अमुकं वश्य वश्य हूं फट्

इसमें अमुकं की जगह साध्य व्यक्ति का नाम ले. मंत्र जाप के बाद साधक अग्नि प्रज्वलित कर के उसमे उबली हुई मसूर से २१ या १०८ आहुति इसी मंत्र से प्रदान करे.

यह क्रम ५ दिन तक ज़ारी रखे. ५ वे दिन मंत्र जाप और आहुति हो जाने पर उस वस्त्र या तस्वीर पर जो इच्छित भावना हो वो मानसिक रूप से आज्ञा दे. जेसे की कोई व्यक्ति अकारण परेशान कर रहा हो और उस पर प्रयोग किया गया है तो वस्त्र या तस्वीर को हाथ में रख कर मन ही मन यह उच्चारण कर आज्ञा देनी है की तुम मुझसे शत्रुता को भूल जाओ और किसी भी रूप से मेरा अहित या परेशां नहीं करोगे. इस प्रकार ५ बार दोहराए. जब ये हो जाए तो दूसरे दिन साधक माला और वस्त्र/फोटो को किसी निर्जन स्थान पर छोड़ कर घर लौट आए. इस प्रयोग की यह विशेषता है की साधक व्यक्ति को भावना दे सकता है की उसे क्या करना है.

यह साधना त्वरित रूप से अपना प्रभाव दिखाती है और साधक को इस प्रयोग का असर दूसरे ही दिन से दिखाई देने लगता है.

Vashikaran Sadhana:

In the life, many times so many troubles arrive which are needed to be removed as soon as possible or else it may result in the sad living of the whole family. Many times person from the family gets trapped in the in appropriate company of the person and in such situation mind of the person derives to the anti social activities. And being trapped in such antisocial company one ruins own life. Apart from this, people start acting enemies with no reason by troubling and torturing. Or it may be that in our workplace someone else receives credit by establishing their rights forcefully. Actually, in such situation person slowly starts moving towards loosing self confidence and gets trapped in many mental disorders. Apart from this, family members of the suffering person also get affected with many such troubles. In all such situations when nothing works, one may go for the Vashikarana. Vashikarana is not cheap art but few selfish people used it for cheap acts thus in society this became scary name.

कार्यस्थल में उन्नति के लिए साधना

Sadhana for To geT success in workplace

सभी के लिए उपयोगी साधना विधान

कई बार व्यक्ति को अपने कार्य स्थल में कई प्रकार की समस्याओ से ग्रस्त रहना पड़ता है. बॉस बात नहीं मानते, सह कर्मीओ का आचरण ठीक नहीं होता है, या फिर दूसरों की अपेक्षा हमेशा आपको ही किसी न किसी रूप में कार्य की अपूर्ति का कारण घोषित किया जाता है. कई बार यह भी देखा गया है की व्यक्ति को हमेशा से हिन् भावना से ग्रसित रहना पड़ता है, क्यों की उसके काम की हमेशा अनदेखी कर दी जाती है, सहकर्मी विविध प्रकार के इलज़ाम लगाते है तथा व्यक्ति के ऊपर अपना काम थोप देते है, साथ ही साथ किसी भी प्रकार के नुकशान की जिम्मेदारी भी व्यक्ति के ऊपर लाद दी जाती है. यु विविध प्रकार के उपद्रव अपने उच्चकर्मी के द्वारा भी होते रहते है. एसी स्थिति में साधक एक यन्त्र की तरह बन जाता है जो सिर्फ काम कर सकता है लेकिन उसमे किसी भी प्रकार की भावना नहीं होती. ये समस्या आज के युग में बहोत पायी जाती है की व्यक्ति को उसके काम के अनुरूप वेतन नहीं मिलता, जब प्रमोशन या उन्नति की बात आती है तो उच्चकर्मी मुह मोड लेते है और वह स्थान किसी और अयोग्य व्यक्ति को दे दिया जाता है.

यह अन्याय सी स्थिति किसी भी व्यक्ति के जीवन के अंदर कई प्रकार की समस्या खड़ी कर सकती है, व्यक्ति हमेशा चिडचिडा बना रहता है और स्वास्थ्य बिगड़ने लगता है. एसी स्थिति में साधक खुद ही अपने साथ न्याय कर सकता है इस प्रयोग से. यह प्रयोग अपने आप में उत्तम है क्यों की यह साधक को एक साथ कई प्रकार के लाभ दे सकता है. साधक को अपने सभी सहकर्मी से मदद मिलना प्रारंभ हो जाती है, साधक के खिलाफ अगर कोई षड्यंत्र बना रहा हो तो वह निर्मूल हो जाता है, सभी शत्रुता का भाव त्याग कर उससे मित्रता पूर्वक व्यवहार करने लग जाते है. साधक को श्रेय की प्राप्ति होती है तथा निश्चित रूप से साधक में एक नया आत्मविश्वास आ जाता है. साधक को योग्य पद और उन्नति की प्राप्ति होती है. एक प्रकार से देखा जाए तो साधक के आसपास का पूरा वातावरण साधक के अनुकूल बनने लग जाता है.

इस प्रयोग को साधक किसी भी दिन शुरू कर सकता है. समय रात्री काल में १० बजे के बाद का हो. साधक को इस प्रयोग में सफ़ेद वस्त्रों का प्रयोग करना चाहिए और सफ़ेद आसान पर उत्तर या पूर्व की तरफ मुख कर बैठना चाहिए. इसके बाद साधक अपने सामने देवी मातंगी का चित्र स्थापित कर के उनका पंचोपचार पूजन करे.

इसके बाद साधक शक्ति माला या मूंगा माला से निम्न मंत्र की ११ माला मंत्र जाप करे.

ॐ मातंगी इच्छापूर्तिं श्रीं ह्रीं हूं नमः

मंत्र जाप के बाद साधक देवी को जाप समर्पित कर सो जाए.

इस प्रकार यह प्रयोग ११ दिन तक करे. इसके बाद बारहवे साधक दूध की बनी हुई मिठाई छोटी कन्याओ में यथाशक्ति वितरण कर दे तथा माला को किसी देवी मंदिर में दक्षिणा के साथ रख दे. साधक पूर्ण होते होते साधक स्वयं ही अनुकूलता का अनुभव करने लगेगा.

For the progress in the workplace

Many time person remains in varieties of the troubles at the workplace. Boss do not listen, not proper behaviour of the colleagues, or else you are announced to be responsible for the task not accomplished, many time such thing has also been seen that one suffers from mental troubles because they remained un noticed and neglected. Colleagues keeps on blaming and pressure their workload on the person, with that any harm caused is also blamed on the person such way many troubles are made by colleagues. In such situation, person becomes machine who can work but with no feelings. This trouble is faced by lot many people that one does not receives payment comparatively to the work done and when it comes to the promotion then superior changes the face and that place is assigned to someone else who is not appropriated. Such injustice may cause many troubles in the life of the person. One may stay annoyed and health gets dull.

To acTivaTe asTral body -- sadhana

जिस सूक्ष्म शरीर के बारे मे इतना सुना हैं पर अब उसका रहस्य ...

मनुष्यशरीर अपने आप में अद्भुत रचना है. एक साधारण मनुष्य अपने जीवन में अपनी स्थूल देह को ही एक मात्र देह मान कर अपना पूरा जीवन निकाल देता है. लेकिन मनुष्य के इसी देह में और ६ शरीर जुड़े हुए होते है. इस प्रकार ये ७ शरीर मनुष्य में होते है. यह शरीर एक दूसरे से जुड़े हुए होते है. एक साधक के लिए अपनी स्थूल देह से आगे जाने के लिए यह आवश्यक होता है की वह अपने स्थूल शरीर से जुड़े हुए दूसरे शरीर को अलग करे और उसे स्वतंत्र सत्ता दे. स्थूल शरीर में पञ्च तत्व की मात्रा इस देह के क्रियाकलाप के लिए आधार है लेकिन दूसरे शरीर में पञ्च तत्वों के प्रमाण में अंतर आ जाता है. इस लिए स्थूल देह की जो कार्य क्षमता होती है उसमे और अन्य शरीर की जो कार्य क्षमता है उसमे बहोत ही बड़ा अंतर है. सूक्ष्म शरीर एक ऐसा शरीर है जिसके भूमि तथा जल तत्व की मात्र कम होती है. इस शरीर के माध्यम से व्यक्ति वो कार्य कर सकता है जो वह स्थूल देह से नहीं कर सकता. क्यों की भूमि तथा जल तत्व की अल्प मात्र होने के कारण वह गुरुत्वाकर्षण से मुक्त रहता है. हजारो मिल की यात्रा वह अत्यंत ही अल्प समय में कर सकता है, इसके अलावा कई प्रकार के द्रश्यो को देख तथा सुन सकता है जिसे देखना या सुनना स्थूल देह से संभव नहीं होता. इसके अल्वा सूक्ष्म शरीर के माध्यम से व्यक्ति उन जगहों पर भी जा सकता है जहा पर स्थूल देह से जाना संभव नहीं हो पाता. लेकिन इससे सबंधित साधना तथा प्रक्रियाए अपने आप में बहोत ही गुप्त तथा पेचीदा रही है.

इस लिए इस विषय पर ज्यादा प्रकाश नहीं पड़ा है. वस्तुतः सूक्ष्म शरीर को स्थूल शरीर से अलग करना इतना सहज नहीं है. क्यों की वह ठीक एक पिंड की तरह है जो की गर्भ में होता है. वो चेतन रहता है लेकिन जागृत नहीं. इस लिए ज़रुरी होता है की उसे जागृत किया जाए. ताकि उसकी अपनी स्वतंत्र सत्ता का विकास संभव हो सके. प्रस्तुत साधना प्रयोग सूक्ष्म शरीर के जागरण के सबंध में है. इस साधना के माध्यम से व्यक्ति अपने सूक्ष्म शरीर को जागृत कर सकता है. जिसके माध्यम से व्यक्ति उन जगहों पे जा सकता है जो की चतुर्थ आयाम में है, या फिर जिसे लोक लोकांतर भी कहा गया है. साधना करने के बाद व्यक्ति को अपने आप में एक हल्कापन अनुभव होने लगता है और कई बार उसको ऐसा अनुभव होता है की वह अपनी स्वयं की देह से अलग है. कई बार तन्द्रा तथा स्वप्न या भाव अवस्था अचानक से आ जाती है और व्यक्ति सूक्ष्म शरीर के माध्यम से एसी जगह पर पहोच जाता है जिसको सामन्य आँखों से देखना संभव नहीं है.

इस साधना को किसी भी दिन शुरू किया जा सकता है. साधक यह प्रयोग ब्रम्हमुहुर्त या फिर रात्री काल में १० बजे के बाद शुरू करे. साधना के बिच में किसी भी प्रकार का कोई भी व्यवधान ना आए इसकी सुविधा पहले ही कर लेनी चाहिए. साधक सफ़ेद वस्त्र तथा आसान का प्रयोग करे. दिशा उत्तर रहे. साधक को सर्व प्रथम आँखे बंद कर के अपनी नाभि में ध्यान केंद्रित करना चाहिए. इसके बाद साधक ११ माला मंत्र जाप करे. यह मंत्र जाप स्फटिक माला से होना चाहिए.

ॐ ह्रीं क्लीं ब्रम्हब्रम्हांडवै क्लीं ह्रीं फट

यह प्रयोग व्यक्ति को सात दिन तक करना चाहिए. साधक को माला पूजा स्थान में रखनी चाहिए. साधक अगर चाहे तो इसी प्रक्रिया को आगे के दिनों में भी कर सकता है जिसमे इस माला का वापस प्रयोग किया जा सकता है.

Activation of the astral body:

Human body is wonderful creature in itself. Normal human being will spend his whole life with a belief that there is only one single body. But there are 6 bodies attached with this human body. This way there are seven bodies altogether in human. These bodies are attached with each other.
For a sadhaka to make move ahead from his main body to the next one, it is essential that to separate one body from another and to give it independency power. In the main body, five basic elements are responsible base for the all activities and functions of the body but in other bodies' proposition of these elements are different than the main body. Therefore, there is a vital difference between working capacity conditions of the main body and the other bodies. Astral body or sukshma sharira is one of the bodies which has low amount of the earth and water element. With the help of this body, one can do the tasks which main body or in other words basic body cannot do. Because by having lesser amount of the earth and water element in the body it remains free from the gravity. Travel of the thousands of the miles could be done in very short span of the time. Apart from that many kind of the scenes could be seen and could be heard which could not be heard or could be listening through normal body.

SWARN RAHSYAM -11

अद्भुत रहस्य आपके लिए

अभिभूत ही हो गया था मैं उस अद्भुत दृश्य को देखकर , मुझे कभी सदगुरुदेव ने बताया था की कायाकल्प के रहस्यों की तलाश में सिर्फ एक रस् शास्त्री ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक भी लगे हुए हैं, और ये सत्य ही है की हमारे समृद्ध आयुर्वेद में ही इस विद्या का रहस्य छुपा हुआ है , चाहे निर्गुण्डी कल्प की बात हो, अंकोल कल्प की बात हो, या फिर सिद्ध श्रीमोदक , इन सबके मूल में ही पारद कही न कही दृश्य या अदृश्य रूप में विराजमान है. कायाकल्प का चिंतन भी इसके बिना संभव नहीं है. और कहा भी गया है की............
वो सृजनकर्ता ,वो परम तत्व रस ही तो है . और यही वजह है की जीवन में पूर्णता की बात हो तो उसमे रस का समावेश करना ही पड़ेगा. और रस शब्द ही व्यापक अर्थ लिए हुए है . विद्या, मान-सम्मान, धन ,निरोगी काया आदि उसी रस का रूप है ...... रस युक्त वो परम शक्ति ,माँ पराम्बा, आदि शक्ति सरस्वती के रूप में उपास्य हैं.
खैर उस दृश्य को देखने के बाद मुझे श्वेत बिंदु और रक्त बिंदु के रहस्य को समझने की कही अधिक बैचेनी थी.........

जब हम फिर साथ में बैठे तो मैंने बगैर देर करे कहा की ... आप मुझे कुछ बता रहे थे . तो उन्होंने कहा की अरे धीरज धरो एक रस शास्त्र के पथिक को इतना व्याकुल नहीं होना चाहिए .

जब सदगुरुदेव ने यहाँ भेजा है तो मैं तुम्हे शांत कर के ही यहाँ से भेजूंगा .हाँ तो मैं श्वेत बिंदु और रक्त बिंदु के बारे मेंबता रहा था. निश्चय ही अब तक तुम समझ ही गए होगे की श्वेत बिंदु शिव वीर्य या पारद को कहते हैं ,पर अलग अलग सम्प्रदाय में इसके जो भिन्न भिन्न नाम रखे गए हैं उनके पीछे बहुत गूढ़ रहस्य हैं जो मैं वार्तालाप के मध्य तुम्हे बताता रहूँगा.
अब जो मैं बताने जा रहा हूँ वो ध्यान से सुनो और आत्म-सात करो क्यूंकि यही आंतरिक कीमिया की वास्तविक कुंजी है और रस-सिद्धों का परमलक्ष्य भी...........
पशुं और मनुष्यों में क्या अंतर है ,क्या तुम जानते हो ?????
पशु को समय का आभास नहीं होता ,उसे ये मालूम नहीं होता है की समय के साथ साथ उसकी अवस्था में क्या परिवर्तन होता जा रहा है ,मनुष्य को समय का आभास भी होता है और होने वाले परिवर्तन की जानकारी भी . अब हम समय को जी रहे हैं या समय हमें ये कहना तो मुश्किल है एक सामान्य मनुष्य के लिए.....
हम कालाग्नि में प्रतिक्षण जलते जा रहे हैं और हमें इसका पता भी नहीं लगता. ये कालाग्नि समय का ही रूप है और समय आत्मा का ही पर्याय है . हमारी दृष्टि क्षुद्र होती है अर्थात हमें एक निश्चित दूरी तक ही दिखाई देता है.या ये कह लो की वर्तमान काल में भी सिर्फ वर्तमान का वर्तमान ही दृश्यमान होता है. वो व्यतीत वर्तमान और अनागत वर्तमान को भी नहीं देख पाता. यही कारण है की कालाग्नि उसे जलती रहती है .भूत और भविष्य तो उसकी कल्पनादृष्टि से भी परे है . तब ऐसे में पैदा होना और मर जाना ही उसकी नियति बन जाता है . लेकिन समय को पकड़ कर यानि अपने आत्म-ज्ञान को चैतन्य कर जो तीनों कालों को दृष्टि पथ पर सदैव बनाये रखता है , उसे भली भांति देख लेता है, वो कर्म के फलाफल से परे हो जाता है तब वो जीवन तो जीता है लेकिन दृष्टा बनकर कठपुतली बनकर नहीं, कालाग्नि उसका कुछ बिगाड़ नहीं पाती. ये अवस्था सिद्ध की होती है . अब या तो यहाँ रुक जाओ या इसके आगे बढ़ जाओ . इस जीवन से परे विगत जीवन या आगत जन्म को भी जो जान लेता है और आत्मज्ञान को उस स्तर पर ले जाता है जहाँ वो उन जन्मो के रहस्य से न सिर्फ अवगत हो जाता है बल्कि आत्म-प्रकाश में उन कर्म-फलों को भस्मी भूत कर कल्याणकारी हो जाता है ,ये अवस्था महासिद्ध अवस्था कहलाती है . पर जो सभी जन्मों से परे जाकर अपने मूल बिंदु को ही देख लेता है अर्थात उद्गम को ही खोज लेता है और अपने आत्म-प्रकाश को परम प्रकाश में बदल देता है ,तब उसकी विराटता से समस्त ब्रह्माण्ड ही आलोकित हो जाता है ,सर्व जन्म रहस्यों से परे ये परम ज्योति रहस्य को प्राप्त कर लेने की अवस्था ही परम सिद्ध अवस्था कहलाती है ,जहा वो ही कर्ता,वो ही पालक और वो ही विलय कारक हो जाता है. वो समय प्रभाव में नहीं आता बल्कि उसे समय अर्थात आत्मा का मूल ही ज्ञात हो जाता है और ज्ञान हो जाता है उस आत्मा की परिपूर्णता की.
वैसे तो तीनो ही स्तर पर आप को निर्जरा देह की प्राप्ति हो जाती है पर, वासना शरीर से ऊपर उठकर ज्ञान देह या देह विहीन देह दिव्य देह की प्राप्ति साधक के स्वचिन्तन का विषय है ....

अब आप ये कहोगे की श्वेत बिंदु और रक्त बिंदु का इस बात से क्या लेनादेना है .... तो आप ये समझ लीजिए की आत्मा को ही पारद या बिंदु कहा गया है, कालाग्नि से परे तो आप तभी जा सकते हैं जब आप की पकड़ आत्मा पर हो या ये कहे की आपकी आत्मा प्रकाशित हो , क्यूंकि देखने के लिए प्रकाश का होना अनिवार्य है . और आत्म प्रकाश में ही तो आप इस जीवन के तीनो कालो , या पूर्व जन्म, पुनर्जन्मों के कर्मो या उससे भी परे आत्म-उद्गम और गमन के रहस्यों को जान पाते हैं. पहले स्तर पर आपकी क्षुद्रता का त्याग हो जाता है और आप विराटता की और कदम बढ़ा देते हैं अंतिम अवस्था में आप स्वयं अपनी विराटता को जान जाते हैं.
और ये क्रिया असंभव भी नहीं है यदि हम श्वेत बिंदु का आश्रय ले लें तो.....
इतना कहकर महानुभाव चुप हो गए ....
मैंने कहा की ये बात तो सत्य है की रस के आश्रय को लेकर ही हम रसमय अर्थात पूर्ण हो सकते हैं पर ये क्रियात्मक रूप से कैसे संभव है???????????

उन्होंने कहा की सदगुरुदेव ने इस रहस्य को समझते हुए कहा था की "पूर्ण संस्कार युक्त पारद से जिसमे समस्त रत्नों का जारण और चारण किया गया हो ,दिव्य ओषधियों तथा सिद्धौश्धियों से जिसका मर्दन किया गया हो ऐसे पारद से अद्भुत संयोगो में पूर्ण शिव स्थापन तथा पूर्ण लक्ष्मी स्थापन क्रिया संपन्न कर रसेश्वर का निर्माण किया जाये तथा उस शिवलिंग में सप्त तत्वों "भू,भुवः,स्वः ,मह,जनः, तपः, सत्यम" का स्थापन कर यदि त्रिनेत्र मंत्र का जप किया जाये तो निश्चय ही प्राण चक्षु जाग्रत हो जाते हैं . और तब साधक के लिए विगत और आगत दोनों ही जन्म सहज दृश्य मान हो जाते हैं , न सिर्फ अपना बल्कि अन्य लोगो का भी.
ऐसे रसेश्वर को स्पर्श करते हुए जिस भी देवता का आवाहन किया जाता है ,वे प्रत्यक्ष होते ही हैं, पहले बिम्बात्मक और उच्च स्थिति में पूर्ण प्रत्यक्ष भी ,और ऐसा होता ही है .
ऐसे ही विग्रह पर आप बिंदु साधना, नाद साधना,दिव्य साधना,अक्षुण साधना,सिद्ध साधना,परमेष्ठी साधना,चिन्तापुर्ती साधना,अदृष्ट साधना, सिद्धाश्रम साधना,निरंजन साधना और परम साधना कर महा सिद्ध और परम सिद्ध अवस्था को प्राप्त कर सकते हैं. इन साधनों का महत्व तो वही जान सकता है जिसने इन्हें प्राप्त किया हो ,एक एक साधनाएं बेशुमार मोतियों से तोलने योग्य हैं. किसी भी एक साधना से जीवन परिवर्तित हो जाता है और देखने के लिए मिल जाती है एक नवीन आत्म-दृष्टि.
ये पारदेश्वर वस्तुतः आपका ही आत्म रूप होता है जिसे पिंड या विग्रह रूप में आप स्थापित करते हो, जिन सप्त लोकों के बारे में मैंने ऊपर बताया है वो सप्त तत्व आपके सप्त शरीर का ही तो प्रतिनिधित्व करते हैं .जिनका सम्बन्ध जैसे ही रस-लिंग से होता है आपका रस ,आपका बिंदु भी चैतन्य होते जाता है .और जैसे जैसे उसकी चैतन्यता बढती जाती हैं वैसे वैसे आपका आंतरिक कायाकल्प होते जाता है और दीर्घायुष्य के साथ प्राप्त होता है दृष्टा भाव भी.

यदि साधक ऐसी साधना नहीं भी कर पाए तो भी अकाल मृत्यु, अकाल कष्ट से मुक्ति तथा ऐश्वर्य युक्त जीवन तो मिलता ही है . एक भी उदाहरण मैंने अपने जीवन में नहीं देखा जब मेरे सद्गुरुवर के ये वचन मिथ्या हुए हों. शर्त बस यही है की रस-लिंग वैसा ही बना होना चाहिए जैसा की ऊपर वर्णित है . (यहाँ एक बात बताना मैं अपना धर्म समझता हूँ की मैंने ऐसा ही रस-लिंग स्थापित किया है और आज जो भी कुछ मुझे मिला है वो इन्ही रस लिंगम के आशीर्वाद से ही है)

पुनः वार्ता को आगे बढ़ाते हुए महानुभाव कहने लगे की श्वेत बिंदु का ही दूसरा रूप व्योम तंत्र या व्योम विज्ञानं है जिसके द्वारा आकाश गमन और पक्ष्छेदन की क्रिया संपन्न होती है . तथा संपन्न होती है महा अचरजकारी “क्षं” गुटिका की प्राप्ति जो अन्य लोको से आपका संपर्क कर देती है........

****

****

*

Watching that scene so soulfully I was totally transported. Sadgurudev had told me sometime back while discovering the secrets of rejunevation not only the chemists but also the scientists are chasing the truth. Its extremely right that such learnings are conceal in our assets of Ayurveda .whether it is about the Nirgundi Kalp, Ankol Kalp or Siddha shrimodak etc..Somewhere around in direct or indirect way alchemy (parad) is the reason behind all of this. No one can think about rejunevation without it. Therefore it is said that it is only the alchemy that is the prime creation of universe. If we talk about the completeness of life, it would have been filled with the power of Parad for earning the wealth, knowledge, respect, fame and vivacity in our life…

Alchemy includes that key power which is worshipped in form of Godessess Saraswati. Well after watching that incredible scene I was very eager to know more about the Rakt Bindu and Shwet bindu. When we sit down together, without delay I immediately started asking about the alchemy……the moment I opened my mouth, he said don’t be so excited. One alchemist (ras shastri) should be very calm and patient. If Sadgurudev had sent you here you ll not go with empty hand... So be quiet and just keep watching…

अद्भुत सरल धन दायक लक्ष्मी प्रयोग

EFFECTIVE SARAL LAKSHMI PRAYOG

धन धान्य प्रदाता लक्ष्मी प्रयोग अब इसे एक बार तो करके देखिये

लक्ष्मी तत्व की उपयोगिता से आज कोई भी इनकार नही कर सकता हैं . हर जगह हर देश काल मे इसका अपना ही एक महत्व रहा हैं . और व्यक्ति चाहे साधू हो या सन्याशी या अन्य कोई सभी को भगवती लक्ष्मी के किसी न किसी रूप की आवश्यकता तो होती हैं .

सदगुरुदेव जी ने कई कई बार कहा हैं की हर साधक को पहले तो भगवती महालक्ष्मी के किसी न किसी स्वरुप की आराधना साधना तो करनी ही चाहिये .और बृहद साधनाओ की अपेक्षा छोटे छोटे सरल प्रयोगों की अपनी ही एक महत्वता होती हैं .और इन प्रयोगों को सरल साधनाओ को जैसे भी ..जब भी समय मिले करते रहना ही चाहिए क्योंकि यह युग अर्थ प्रधान हैं और जीवन को न केबल भौतिक अपितु आध्यात्मिक जीवन को सुचारू रूप से गतिशील करने के लिए अर्थ की आवश्यकता हैं .

तभी तो वैदिक ऋषियों ने अर्थ को जीवन के लिए आवश्यक ४ पुरुषार्थो मे से एक माना हैं .

साधनाए यूँ तो जीवन के सभी पक्ष को स्पर्श करती हैं कुछ का अधिक तो कुछ का कम .पर असर तो सभी भाग पर जाता ही हैं .पर एक सरल सा लक्ष्मी प्रयोग जो की आप सरलता से कर सकते हैं अपने दैनिक जीवन मे शामिल कर सकते हैं .जिसमे ऐसे कोई नियम नही हैं की आपको कोई समस्या हो बल्कि माला या आसन वस्त्र पर कोई नियम नही हैं वस् इतना की आप प्रातः काल उठ कर स्नान कर जितना भीसंभव हो इन मंत्र का जप करे .कम से कम एक माला मंत्र जप मतलब १०८ बार तो नित्य उच्चारण तो हो ही .

मंत्र :

ॐ ह्रीं श्रीं श्रीं श्रीं श्रीं श्रीं श्रीं श्रीं लक्ष्मी ,मम गृहे धन पुरे चिंता दू रे दू रे स्वाहा||

****

****

Saral lakshmi prayog

No body can deny the importance of lakshmi tatv in human life . in each palace, time this has its unique importance whether the person may be sadhu or sanyashi or any other one ,each one has in need of the forms of goddess lakshmi .

Sadgurudev ji many times clearly told us that every sadhak must worship or do the small duration sadhana of goddess lakshmi as and when he gets time .and sadhana of small duration proved to be a great help instead of doing a lengthy sadhana . whenever one has a time he must do sadhana related to goddess lakshmi of small duration .the financial aspect or importance has a more valuable aspect in this era . our vedic rishis place artha a place in four major work or purusharth .

Every sadhana effects every aspect of our life ..on some plane may be little less or on some place little more . this is very simple prayog , there is no strict rules associated with this sadhana. No restriction on mala colour of asan etc.

अचूक टोटके-जिनका प्रभाव होता ही है

TOTKA - VIGYAN

इनको एक बहुत ही सरल साधना भी कहा जाता हैं .यह हर बार सफल होंगे ऐसा तो नही कहा जा सकता हैं पर सफलता का प्रतिशत बहुत अधिक रहा हैं फिर जीवन की हर् समस्या के लिए..हर बार बृहद बृहद साधनाए करना तो उचित सा नही दिखाई पड़ता तो ऐसे समय कई कई बार ये सरल से प्रयोग जिन्हें टोटके भी कहा जाता हैं बहुत असर दायक सफल रहे हैं तो ..

1. भालू के बाल मदारियों के पास आसानी से मिल जाते हैं अगर उन बालो को किसी तावीज़ मे रख कर धारण कर लिया जाए तो जिनको भी बुरे और डरावने स्वप्न आते हैं उन्हें ऐसे स्वपन नही आयेंगे .
2. जब भी रविवार को पुष्य नक्षत्र आये तो उस दिन गिलोय की जड़ लाकर गले मे धारण कर ले तो सांप आदि से भय नही रहता हैं .
3. गर्भवती महिला की कमर मे नीम की जड़ बाँध देने से प्रसव पीड़ा बहुत कम हो जाती हैं .

4. आजकल पंचमुखी रुद्राक्ष भी नकली मिलने लगे हैं तो एक असली पंचमुखी रुद्राक्ष को ह्रदय के पास धारण कर लिया जाये तो ह्रदय रोगों मे अनुकूलता मिलती हैं .

5. यूँ तो कुपित शनि ग्रह की शांति के लिए अनेक लोग घोड़े की नाल से या नदी की नाव की कील से बनी अंगूठी धारण करते हैं पर गुलाब की जड़ भी धा रण की जा सकती हैं.इससे भी उतनी ही अनुकूलता मिलती हैं .

6. यदि किसी को क्रोध अधिक आता हो तो मेहँदी की जड़ को ताबीज मे रख कर धारण करने से क्रोध नियंत्रण मे बहुत सहायता मिलती हैं .

7. जिस किसी को ऐसा बुखार आता हो जो कभी कम हो जो कभी ज्यादा तो इस केस मे चिकित्सीय इलाज़ के साथ साथ काली तुलसी की पत्तियों की माला को धारण करने से बहुत लाभ मिलता हैं .

8. यदि गाय को भोज्य पदार्थ दिए जाए और उसकी पीठ पर हाथ फेरा जाए तो ग्रह वाधा पीड़ित या या अन्य वाधा से पीड़ित व्यक्तियों को लाभ मिलता हैं .

9. गर्भकाल किसी भी महिला के लिए बहुत ही सावधानी वाला काल होता हैं तो जब भी अनुराधा नक्षत्र चल रहा हो उस समय एक सुपाड़ी अगर महिला की कमर मे बाँध दिया जाए तो गर्भ की रक्षा बनी रहती हैं .

10. भगवान गणेश की अनुकूलता किसे नही चहिये . उनकी अनुकूलता या प्रसन्नता से सारे कार्य सहज सिद्ध हो जाते हैं . और यह तथ्य तो सभी जानते हैं की दुर्वा दल भगवान गणेश को कितने प्रिय हैं पर इसके ही साथ लाल कनेर के पुष्प भी अर्पित किये जाए तो अनुकूलता कहीं जल्दी दृष्टी गोचर होती हैं .

****
****

Totke for you

They can be considered as a simple sadhana , but each and every time you will get positive or 100 % result that cannot be sure . but getting success through these has a very high percent . and its also true and quite natural that every time bigger and lengthy sadhana for any problem is not a god solutions .when such problems comes using this totke can be quite effective .

आयुर्वेद : कुछ घरेलू उपाय

AYURVEDA : SOME TIPS

आयुर्वेद तो मानव जीवन के लिए वरदान हैं .पर इस वरदान का प्रयोग या जानकारी बहुत कम ही हुआ हैं . अगर इसके कुछ सरल सरल बाते भी इस्तेमाल की जाए तो भी आप पाएंगे की आपकी सौदर्यता मे कुछ ओर निखार तो आएगा ही .तो क्यों न कुछ बेहद ही सरल उपाय आपके लिए एक बार फिर ..

1. दही और नीबू को अच्छी तरह से मिलाकर चेहरे पर लगाये फिर हलके गुनगुने पानी से चेहरे को धो ले , चेहरे मे कान्ति आ जायेगी .
2. रुसी दूर करने के लिए अंडे मे तीन चार बुँदे नीबू का रस अच्छी तरह से मिला ले और इसे धीरे धीरे अच्छी तरह से अपने केश की जड़ो मे लगा ले .फिर कुछ देर के बाद आप हलके गुनगुने पानी से अपना सिर धो ले .
3. सुबह स्नान करने से पहले यदि पैरों के अंगूठे मे सरसों का तेल मल लिया जाए तो आखों की रोशनी ठीक रहती हैं .

4. जिनको कम्पुटर का ज्यादा काम पड़ता हैं वह लगभग १ / १ घंटे मे दोनों हथेली को रगड़ ले और अपनी आखो पर धीरे से हथेली रखे ..इससे आखों को आराम मिलता हैं .

5. गुलाब की पत्तीयों का सौदर्य मे बहुत अधिक प्रयोग होता हैं अगर इसकी पट्टियों को दूध मे मिलाकर गालों मे लगाये और हलके गुने गुने पानी से धो ले तो गालों का रंग और भी निखर आता हैं .

6. कोहनी का ध्यान बहुत सारे लोग नहीं रखते हैं फलस्वरूप वहां की त्वचा का काला सा पड़ जाना स्वाभाविक सा हैं अतः इसके लिए सौंदर्य शास्त्री कहते हैं कि नीबू के छिलके से यदि हल्का हलका रगडा जाए तो कुछ ही दिनों मे त्वचा का रंग बिलकुल पहले जैसा हो जाता हैं .

7. पैरों को मुलायम बनाने के लिए मख्खन से हलकी हलकी मालिश पैरों की करे .

8. दिन मे यदि एक बार या रात को सोते समय हलकी सी मालिश कर ली जाए तो नीद और भी अच्छी आती हैं

9. आखों का विशेष ध्यान रखना चहिये .इसके लिए हरी पालक और गाजर का जूस यथा संभव लेते रहना चहिये .

10. प्रात:काल हलकी फुलकी व्यायाम आपको स्वस्थ रखने मे बहुत मदद करती हैं . क्योंकि शरीर मे खून का प्रवाह जो बढ़ जाता हैं .

****
****

Ayurveda for you

Ayurveda is like a boon for mankind but very little or less use of this divine science happens in this era , and if very simple advices , if used than that would be very helpful for maintain our beauty. so why not try some advices ..

1. Thoroughly mix curd with lemon juice and apply slowly to your face and than wash with mild hot water , proves to very good for maintaining glow of facial skin.

2. To remove the dandruff mix two three drop of lime juice to egg and after thoroughly mixing apply this to the roots of the hairs after some time wash your hair with mild hot water.

तंत्र कौमुदी

दुर्लभ लघु प्रयोग और नवग्रह महाविशेषांक

Twelfth Issue – August 2012

Tantra kaumudi

Name of the Articles

SADGURUDEV - PRASANG

नवग्रह स्थापन

यह मैसूर की घटना हैं, वहां करणराज जी ने मूर्तिस्थापन से पहले यज्ञ रखा था जिसमे उत्तर और दक्षिण भारत के विद्वानों को बुलाया था. उन्होंने वेदी के साथ प्रत्येक ग्रह का स्थापन अलग अलग किया था.

जब ग्रह स्थापन हो चुके और यज्ञ प्रारंभ हुआ विशेष मंत्रो से ग्रहों का आवाहन व स्थापन प्रयोग सम्पन्न हुआ. उस समय सेठ जी भी पूज्य सदगुरुदेव को लेकर यज्ञ मंडप मे पधारे. यज्ञ मे एक सन्यासी को आया देख कर दक्षिण भारत के पंडितो ने नाक भौं सिकोड़े, शायद उन्हें उनका आना अच्छा नही लगा होगा या उन्हें भय रहा होगा कि कहीं यह कोई त्रुटि न निकाल दें.

सदगुरुदेव ने पूंछा"कर्मकांड के अनुसार सारे कार्य संपादित हो चुके?"

उन पंडितो मे श्रेष्ठ माधव प्रसाद जी ने कहा"यह हम पंडितो का कार्य हैं ,प्रवचन करना नही. "

मुझसे कहा" तु जाकर जो सूर्य ग्रह स्थापन वेदी हैं उसे हाथ से स्पर्श कर, जिससे ज्ञात हो सके कि वहां सूर्य स्थापित हैं भी या नही "

यह बात जोर से ही कहीं थी, इसलिए सभी पंडितो ने सुना, मैंने उठ कर सूर्य स्थापन वेदी को छुआ तो मुझे कुछ भी विशेषता अनुभव नही हुयी.

पंडितो ने कहा " वहां अनुभव क्या होना हैं हमने मंत्रो के साथ सूर्य का आह्वाहन और स्थापन किया हैं फिर षोडशोपचार पूजन कर उनको संस्थापित किया हैं"

सदगुरुदेव ने कहा "आपने जरुर सूर्य का आह्वाहन किया होगा पर सूर्यवहां पर स्थापित तो नही हुये, अगर उस वेदी पर सूर्य स्थापित हुये होते तो इसके स्पर्श करने पर सूर्य के होने का आभास तो मिलता."

माधक प्रसाद जी ने कहा " आभास क्या मिलेगा ? आभास क्या होता हैं."

सदगुरुदेव जी ने सेठ जी से कहा " आप एक हाथ से सूर्य स्थापित वेदी और दूसरेहाथ से चंद्र स्थापित वेदी को स्पर्श करके मुझे बताये कि आपको कैसा लग रहा हैं"

सदगुरुदेव जी की आज्ञा पाकर यज्ञ संचालक और प्रबंधक सेठ जी ने दोनों वेदियों को स्पर्श किया. उन्होंने कहा भी कि कुछ भी अतिरिक्त अनुभव नही हो रहा हैं.

सदगुरुदेवजी ने कहा " वहां केबल चावलकी ढेरी ही रखी हुयी हैं. वहाँ न तो सूर्य स्थापित हुये हैं न तो चंद्र बाकी ग्रह भी स्थापित नही हुये होंगे "

माधव प्रसाद जी की त्योरियां चढ गयी और लगभग चीखते हुये से बोले" मैं पंडित हूँ और पिछले चालीस सालो से यह कार्य कर रहा हूँ. मुझे चेलेज देने वाला कोई पैदा ही नही हुआ हैं."

स्वामीजी ने अत्याधिक नम्रतापूर्वक जबाब दिया" निश्चय ही आप विद्वान और श्रेष्ठ पंडित हैं, मैं तो यह कह रहा हूँ कि उस वेदी पर ग्रह स्थापित ही नही हुये और न वे आये हैं, जबकि मंत्रो का प्रयोजन तो यह हैं कि जिसका आह्वान किया जाए वह उपस्थित हो. "

इसके बाद सदगुरुदेव जी ने सूर्य मंत्रो से उनका आह्वान किया और उसी वेदी पर स्थापित किया. तत्पश्चात यजुर्वेद के "इमनदेवा" मंत्र से चंद्रका आव्हान किया और उसे उसकी वेदी पर स्थापित किया .

माधवप्रसाद जी ने सूर्य वेदी के समीप पहुँच करउसके मध्य मे ज्यों ही अँगुलियों से स्पर्श किया त्योंही उनका हाथ झुलस गया हाथ के रोम जल उठे और कोहनी तक हाथ ऐसा हो गया जैसे अग्नि मे हाथ चला गया हो . और उन्होंने लगभग चीखते हुये हाथ हटा लिया.

सारे उपस्थित श्रोता स्तब्ध थे, उन्होने पहली बार अहसास किया कि यदि सही ढंग से मंत्र उच्चरित हो तो देवता आज भी उपस्थित होते हैं, पंडित जी पर मानो घडो पानी पड़ गया था.

फिर सदगुरुदेव जी ने सेठ जी को कहा "आप चंद्र वेदी पर जाकर स्पर्श कर देख ले कि वहां चंद्र स्थापित हैं या नहीं?"

सदगुरुदेव जी की आज्ञानुसार सेठ जी उठे और उन्होंने ज्यों ही चंद्र वेदी को स्पर्श किया उन्हेंऐसा लगा उनका मानो हाथ बर्फ मे चला गया हो उस एक सेकेण्ड मे ही हाथ का खून जमता हुआ महसूस हुआ उन्होंने कहा "बहुत ठंडा हैं.हिमवत "

उनके साथ हम लोग भी उठ खड़े हुये और लोगों के आग्रह के बाबजूद हम मैसूर से प्रस्थान कर गए

-मंत्र तंत्र यन्त्र विज्ञानं से साभार सहित

****
****

Navgrah Sthapan..

This was Mysore occurrence were Karanraaj ji organised Yagna ritual before establishment of idol and northern and southern Indian scholars were invited. Along with altar he established individually every planet.

When planet establishment finished Yagna started by special mantras calling and establishing of planets started on. Then Seth ji came along with Sadgurudev ji. While noticing an ascetic coming in yagna, all Pandit expressions got changed, may be they were not expected such guest and didn't liked his entry. Or maybe they all were scared may be he will figure out their mistake.

Sadgurudev ji asked "do as per karmkaand does every process is done?"

Amongst all those Pandits, the best one - Madhav Prasad ji said, "This is our work, nor giving just speeches".

सम्मोहन साधना और समस्त चराचर को सम्मोहित करने मे समर्थ गणेश साधना

sammohan sadhana yukt SHRI ganpati PRAYOG

भगवान गणपति के सम्मोहन प्रदायक स्वरुप से सम्बंधित एक सरल साधना

भगवान गणेश का नाम ही विघ्न हर्ता हैं और सभी इस बात से इस तथ्य से सुपरिचित हैं कि जब तक भगवान गणेश का आशीर्वाद ना मिल जाए जब तक उनकी प्रसन्नता न मिल जाए सिद्धि कैसे प्राप्त हो सकती हैं ?क्योंकि रिद्धि और सिद्धि तो उनकी सहचरी हैं .अतः हर साधक यह जानता हैं कि उनकी कृपा न केबल साधना जगत मे बल्कि सामन्य भौतिक जगत मे भी उतनी ही आवश्यक हैं ही. इस बात को कम करके नही देखा जा सकता हैं .यहाँ तक कि कुण्डलिनी जागरण मे मूलाधार चक्र को भी गणेश चक्र भी कहा गया हैं.

जब बात सम्पूर्ण जगत को वशीभूत करने की हो तो क्यों नही इसमें अप्सरा यक्षिणी भी आएगी.तो जिन साधको को इस ओर रूचि हैं वह इस मंत्र का जप करें निश्चय ही अगर वह अप्सरा यक्षिणी साधना मे मेहनत करते हैं और सारे आवश्यक सूत्र ज्ञात कर लेते हैं तो निश्चय ही उन्हें सफलता प्राप्त होगी.

सम्पूर्ण देव शक्ति के समूह वे एक मात्र प्रतिनिधि हैं एक उनकी प्रसन्नता से एक उनकी पूजा से सभी का पूजन संभव हो जाता हैं .और आज के जीवन मे सफलता पाने के लिए एक आकर्षक व्यक्तित्व का होना बहुत जरुरी हैं पर सभी के पास तो ..पर अपने व्यक्तित्व मे चुम्बकीयता लायी जा सकती है इस अर्थ मे यह साधना अपने आप मे एक गहन अर्थ रखती हैं .

कोई विशेष पूजन विधान इस साधना मे नही हैं पर जो भी अपने मे एक ऐसी चुम्बकीयता लाना चाहते हो उन्हें तो अपने दैनिक पूजन मे इस साधना को शामिल कर ही लेना चाहिए.

एक, पांच या ग्यारह माला जप करते जाए और कुछ ही दिन मे स्वयम वह अपने व्यक्तित्व मे परिवर्तनमहसूस करें लगेंगे .

मन्त्र:

वक्र तुंडैकदंष्ट्राय क्लीं ह्रीं श्रीं गं गणपते वरवरद सर्वजन मे वशमानय स्वाहा ||

==

Sammohan Sadhna (hypnotism Sadhna) and the sadhna which is capable to hypnotize every particle of world - The Ganesh Sadhna

The other name of **Lord Ganesha** is **Vighna Harta** – one who takes away all obstacles and everybody is well aware about this fact until the blessings of lord Ganesh is not earned, until his happiness his not achieved, no siddhis can be achieved as Ridhhi and Siddhi are his associates. Therefore every sadhak knows very well that not only in sadhna world but also in materialistic world the importance of lord Ganesha is required to start or get success in any type work. So this cannot be taken lightly. Even in Kundalini activation process the first chakra i.e. Muladhar Chakra is also known as Ganesh Chakra.

लघु साधना ही क्यों ?एक प्रारंभिक परिचय ...

Why laghu sadhana ? Preliminary Introduction....

एक प्रारंभिक परिचय ...

साधनाओ के अमृत सागर मे लाखों करोड़ों हीरे मोती जवाहरात हैं और इस तथ्य से सभी परिचित हैं की ज्ञान के इस अनन्त सागर की न कोई सीमा हैं न कोई थाह .यह तो नित नूतन और विस्तारित होने वाला हैं .मानव जीवन की यह थाती हैं हमारे पूर्वजो के ज्ञान विज्ञानं और उच्च प्रज्ञा का एक अद्भुत अनुपम उदहारण कि हम मृत्युंजयी सस्कृति के निवासी हैं .

पर यह भी सत्य हैं कि समय परिस्थितियाँ और काल चक्र और हमारे पिछली कुछ पीढ़ियों कि उपेक्षा और विदेशी आक्रमणों के कारण यह विद्या नष्ट प्राय सी हो गयी ,हज़ारो लाखो ग्रन्थ लुप्त हो गए .

समाज द्वारा उपेक्षा और उचित पात्र न मिलने के अभाव मे अनेको मनीषियों ने तंत्र मर्मज्ञो ने अपने आप को छुपा लिया .फलस्वरुप आज अब अनाधिकारियों द्वारा परिस्थितियों का लाभ उठाकर तंत्र के नाम पर जो कुत्सिक खेल हो रहे हैं जो व्यभिचार और पाखण्ड का खुला खेल चल रहा हैं सारा समाज स्तब्ध हैं,और इसमें समाज के अपने दोष को भी नकारा नही जा सकता हैं , जब वह योग्य पात्रो का सम्मान और उनके ज्ञान को आत्मसात नही करेगा तो यह तो उसे देखना ही पड़ेगा . पूज्यपाद सदगुरुदेव के अनथक परिश्रम से आज कौन नही वाकिफ होगा ,सारा जीवन उन्होंने अपना होम कर दिया सिर्फ इस उदेश्य के लिए कि ये सनातन संस्कृति की साधनात्मक धरोहर जिसे कोई भी धर्म , जाती और अन्य विभाजन कारी बातो से बाँट नही सकता हैं , पुनर्जीवित/ स्थापित हो , और सदगुरुदेव ने यह कार्य पूर्णता के साथ किया भी लाखो लाखो साधको को उन्होंने अपनी अमृत वाणी से सिंचित किया . उन्हें अपनी स्व प्राण ऊर्जा से दीक्षित किया और यही ही नही सैकड़ों हज़ारो को साधना मे सफलता भी दिलाई . और यह सिद्ध कर दिखाया कि एक समर्थ व्यक्तित्व , जो सदगुरुदेव पदपर आसीन हो.वह किसी भी वाधा से रुकता नही ,घबराता नही बल्कि काल को भी अपने इशारे से चलने को बाध्य कर देता हैं .

और उन्होंने लाखो लाखो दीप प्रज्ज्वलित कर दिए , जो कि अपने आप मे एक मिसाल हैं कि एक सक्षम समर्थ व्यक्तिव्य क्या होता हैं ,सदगुरुदेव जी ने पूर्णता के साथ हर ज्ञान को हमारे सामने रखा और न केबल प्रवचन और किताबो न के माध्यम से बल्कि प्रायोगिक रूप से शिविरों की एक निर्बाध श्रंखला भी उन्होंने प्रारंभ की जहाँ वे स्वयं इन बातो को साधको और शिष्यों के सामने रखते आये.

सदगुरुदेव जी के अद्भुत,अमृत ज्ञान की कोई सीमा ही नही ,उनके ज्ञान के अमृत कण तो उन्होंने सारे विश्व मे फैला दिए ,उनका यह अमृत वचन की एक भी मेरे सच्चे शिष्य को ज्ञान की कमी नही होगी मैं हर क्षण उनके साथ रहूंगा यह आज हर शिष्य जानता हैं और अनुभव भी करता ही हैं.

एक ओर तंत्र मे जहाँ उच्च स्तरीय साधनाए हैं जो काफी लंबी हैं जिनमे श्रम भी बहुत लगता हैं और ऐसा होगा ही क्योंकि ये साधनाए मजाक की वस्तु नही हैं बल्कि सबसे जयादा गंभीर और कर्म का प्रतीक हैं इन्हें किसी भी हाल मे हलके से लेना केबल असफलता से दो चार होने का दरवाजा खोलने के समान हैं.पर यह भी सत्य हैं कि आज किसी भी व्यक्ति के पास समय नही हैं,और वह साल दो साल या चार छः महीने लगतार साधना नही कर सकता हैं पर वह साधना करना चाहता हैं इस हेतु तंत्र आचार्यों ने हमारे महा ऋषियों ने पहले से इस बात को ध्यान मे रख कर अनेको सरल विधान सामने रखे जो कि सरल हैं और सफलता भी प्रदान करने मे समर्थ हैं.और आज के युग की ये आवश्यकता भी हैं कि व्यक्ति पहले समय निकाल कर इन प्रयोगों को सम्पन्न करे और फिर जैसे जैसे उसका विश्वास एकाग्रता बढती जाए वह बृहद साधनाए भी सफलता पूर्वक कर सकता हैं इसी तथ्य को ध्यान मे रख कर सरल लघु प्रयोग इस बार के इस तंत्र कौमुदी का प्रमुख विषय हैंऔर टोने टोटके भी कहीं न कहीं अपना एक आधार रखते हैं वही एक दिवसीय और द्वि दिवसीय और त्रि दिवसीय साधनाए का अपना ही एक महत्व हैं उसे कम नही आंका जा सकता हैं.

इस अंक मे हमने जो सरल साधनाए दी हैं वह या तो हमें सदगुरुदेव जी से या उनके सन्यासी शिष्य शिष्याओ से या किसी अन्य सिद्ध से मिली हैं पर पूर्ण प्रामाणिक हैं अतः उसका प्रयोग करसफलता पाई जा सकती हैं अगर हमें अपने आप पर साधना पर और अपने प्राणाधार सदगुरुदेव पर पूर्ण विश्वास हो तो.

साथ ही साथ मानव जीवन पर ग्रहो और नक्षत्रो का बहुत प्रभाव पडता हैं.इन ग्रहों नक्षत्रो से सम्पूर्ण विश्व गतिमान हैं उसके प्रभाव के अंतर्गत हैं पर जब इनकी कुपि्‌ ता मानव को झेलने पड़ती हैं तब..

ग्रह भले ही एक निर्जीव पिंड प्रतीत हो पर उनसे निसृत होने वाली किरणे हर मानव को प्रभावित करती ही हैं क्योंकि इस विश्व का हर कण किसी न किसी रूप मे सभी से संयुक्त हैं .इस कारण इस तथ्य की उपेक्षा नही की जा सकती हैं और दूसरा कारण यह हैं कि सम्पूर्ण विश्व को गतिमान बनाये रखने और गतिशील रखने मे कर्म सिद्धांत की प्रमुख भूमिका हैं और इसको सुचारू रूप से ,नियमित रूप से रखने के लिए ग्रह अपनी भूमिका सटीकता से निभाते हैं .पर इससे क्या ... जब हम लगातार परेशानी या तकलीफ झेल रहे हो तब...

तब क्या साधना ही एक मात्र उपाय शेष रहता हैं जो सटीकता से ही परिणाम देता हैं जीवन को निष्कंटक बनाने और अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए और जो भी कमियां और न्युनताये जीवन मे हैं उनको समाप्त कर कर एक पूर्णता युक्त जीवन जीने के लिए. इस हेतु हमने अनेको साधनाए इस बारे मे दी हुयी है.आपको जो भी साधना उचित लगे आप उसका प्रयोग करें.और जीवन को उच्चता की ओर अग्रसर करें ,सामान्यतः जब भी जीवन संकट की ओर अग्रसर होता हैं या परिस्थितियाँ कठिन होती हैं तब व्यक्ति इनसे निजात पाने के लिए हर संभव कोशिश करता हैं पर वह साधनाओ की गंभीरता और उच्चता और प्रभाव्कता को बहुत कम आंकता हैं इस कारण उसका श्रम और धन दोनों ही बहुत नष्ट होता हैं. इस हेतु हमने नव ग्रह से सबंधित साधनाए इस अंक मे दे कर इस अंक को पूर्णता के साथ एक श्रेष्ठ अंक बनाने की पूरी कोशिश की हैं.और जब बात साधनाए की हो ,खासकर लघु साधनाये... तो इस बात को बहुत ध्यान से समझना चाहिए कि इन्हें वस्‌ एक या दो दिन का न माना जाए वरन इनको मन लगाकर तब तक किया जाए जब तक आपको पूर्ण सफलता नही मिल पाती हैं. कई बार ये हो सकता हैं की कभी एक बार मे सफलता नही भी मिले पर अगली बार सफलता मिल जा सकती हैं अगर एक उचित मार्ग दर्शन और आपके प्रयास लगातार एक सही दिशा मे हो और आप इनकी महत्वता समझने की कोशिश करें...

===

इन लघु प्रयोगों के बारे मे ...

Some Specific point about these small sadhana ?

इससे सबंधित कुछ अनूठे तथ्य...

जिवभवेतजीवनम, मनुष्य अपने पूरे जीवन काल में सर्वोत्तम उपलब्धि की तलाश हमेशा करता रहता है. अपने विचार मनोभाव तथा अपनी आकांशा और अपेक्षाओ की धरातल पर उसका जीवन सदैव गंतव्य की प्राप्ति की और गतिशील रहता है चाहे वह भौतिक जीवन हो चाहे वह आध्यात्मिक जीवन हो. हमारे ऋषियों ने भी यही कहा है, सर्वे भवन्तु सुखिना.. सब मनुष्य सुखो की प्राप्ति करे. सुख तथा उसकी अनुभूति वस्तुतः हर एक मनुष्य के लिए अलग अलग होती है इस प्रकार किसी मनुष्य के लिए सुख का अर्थ क्या होगा उसका आंकलन सिर्फ वही व्यक्ति कर सकता है एक व्यक्ति जो की इतना धनवान है की वह अपने भोजन में पचास प्रकार के व्यंजनों पर रोज व्यय कर सकता है लेकिन अगर उसे मधुमेह है तो फिर उस धन का अर्थ नहीं है, वह व्यक्ति दुखी है, वहाँ पर सुख नहीं है.

वहाँ पर सुख की अनुभूति नहीं है वहीँ दूसरी और कोई व्यक्ति है जो पूर्ण स्वस्थ है लेकिन धनहीन है यहाँ तक की आज का इन्तजाम हो जाये तो तृप्ति का भाव होता है लेकिन ये चिंता भी होती है की कल का क्या होगा कल किस प्रकार से अपना और अपने परिवार का जीवन चलेगा. वहाँ पर भी अपूर्णता है, सुख का भाव नहीं है.

वस्तुतः सुखो के पूर्ण उपभोग के लिए दो तथ्य आवश्यक है एक तो हमारे पास सुखप्राप्ति का स्रोत हो तथा उतना ही आवश्यक है की हमारे अंदर उतनी सामर्थ्य हो की हम सुखो का उपभोग कर सके अगर इन दोनों भाग में से कोई एक भी तथ्य से व्यक्ति वंचित रह जाता है तब उसे सुख का पूर्ण अनुभव संभव नहीं हैयह बात है भौतिक जीवन की. यहाँ हम वापस से एक बार फिर से उसी विषय की और चलते है जहां से शुरुआत हुई है की सर्वोच्च उपलब्धि क्या है दरअसल देखा जाए तो मनुष्य का स्वयं का अस्तित्व ही उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है. क्यों की मनुष्य के अस्तित्व से है उसकी दुनिया, उसका जीवन और उसके सभी पक्ष है लेकिन अगर वह अस्तित्व ही ना हो तो? तब न ही स्वयं होगा ना ही स्वयं से जुड़े हुवे कोई पक्ष इसी लिए कहा गया है की जीव से ही जीवन है. क्यों की अगर जीव ही नहीं है तो फिर जीवन कैसा . जीवन की प्राप्ति करना अपने आप में जीव की बहुत ही बड़ी उपलब्धि है. मनुष्य तो वह देहधारण के बाद बनता है. और फिर गतिशील होता है जीवन. भोग तथा मोक्ष दोनों पक्षों में पूर्णता प्राप्ति के लिए मनुष्य का किसी न किसी रूप में सदैव आतंरिक तथा बाध्य संघर्ष और यही गतिशीलता उसको चैतन्यता प्रदान करती है तथा जीव से आगे वह मनुष्य, मनुष्य से आगे वह पुरुष, और पुरुष से आगे पुरुषोत्तम बनने की क्रिया को सम्प्पन करता है.

और यह सब तभी संभव है जब जीवन हो. सुखो की प्राप्ति मनुष्य जीवन का एक आवश्यक अंग है ही, लेकिन जैसे की ऊपर कहा गया है, सुख की अनुभूति सर्व व्यक्ति के लिए अलग अलग है लेकिन उन सुखो की प्राप्ति के सबंध में...हमारे ऋषिमुनियों ने कभी सुखो को घृणा की द्रष्टि से नहीं देखा है उन्होंने हमेशा सुखो की प्राप्ति तथा सुख से आगे बढ़ कर आनंद की प्राप्ति मनुष्य कर सके उसके लिए ज्ञान को प्रदान किया है, क्रियाओ के रूप में, साधनाओ के रूप में. नितिपूर्वक किया गया भोग ही सुख है तथा उसे प्राप्त करने में किसी भी प्रकार का कोई दोष नहीं है, वरन यह तो मनुष्य जीवन की सार्थकता भी है की वह अपने जीवन को संवारे, पूर्ण सुख भोग तथा ऐश्वर्य की प्राप्ति करे अपना तथा अपने कुल का, देश का तथा गुरु का नाम रोशन करे. जहाँ एक और हम आध्यात्मिक पूर्णता की और गतिशील हो, वहीँ दूसरी और हम भौतिक द्रष्टि से भी पूर्ण और सक्षम बने तथा जीवन के चारो पुरुषार्थो को उत्तमता से जिए, धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष. और उसके लिए जो सब से प्रथम और मुख्य आवश्यकता है वह तो प्राप्त हो ही गई है, वह है जीवन. अब इसको संवरना है. लेकिन यह होगा कैसे. यह होगा हमारे ऋषियो के प्रदान किये हुवे ज्ञानसे . हमारी संस्कृति में निहित वह गुढ़ ज्ञान से जिसके माध्यम से हमारे पूर्वजो ने हमारे ऋषियो ने पूर्णता की प्राप्ति कीथी. जहां एक और वह आध्यात्मिक द्रष्टि से परिपूर्ण थे वहीँ दूसरी और वे अपने जीवन में भौतिक पक्ष में भी पूर्ण सम्प्पन थे ही. यह सब संभव हुआ जब उन्होंने विशेष प्रक्रियाओ के माध्यम से दैवीय सहायता की प्राप्ति की.

उन देवी तथा देवताओं से तंत्र के माध्यम से शक्ति की प्राप्ति की और इसी लिए तंत्र के बारे में कहा गया है की तंत्र जीवन भी है लेकिन तंत्र उससे भी ज्यादा, जीवन का श्रृंगार है लेकिन हमारी उपेक्षा में यह ज्ञान लुप्त होता गया. धीरे धीरे व्यक्ति इससे दूर होते चले गए और यह विद्या का नाम मात्र कुछ स्वार्थपरस्तो के हाथो का खेल हो गया जिनको तंत्र का कुछ ज्ञान नहीं था और मात्र स्वार्थ सिद्धि के लिए अपने हिन् कार्यों के लिए उन्होंने उसे तंत्र का नाम दे दिया. तथा ऐसी महान विद्या को, हमारी सनातन संस्कृति के एक महत्वपूर्ण अंग को हीन द्रष्टि से देखा जाने लगा, उसे छल का नाम दिया जाने लगा. निश्चित रूप से यह अंधकार की स्थिति थी, लेकिन दूसरी तरफ गुप्त रूप से तंत्र से सबंधित प्रामाणिक ज्ञान गुरु शिष्य प्रणाली के माध्यम से गतिशील रहा. और वही प्रणाली में कई महापुरुषों के द्वारा समय समय पर समाज को इस विद्या से परिचित कराने तथा जोड़ने का अनिवार्य कार्य किया गया. एसी प्रणाली में ही राष्ट्र को कई महापुरुषों की प्राप्ति हुई, चाहे वह आदि शंकराचार्यजी हो, स्वामी विशुद्धानंद हो, रामकृष्ण परमहंस हो,वमखेपा हो. सभी ने समाज के उत्थान के लिए तंत्र साधना का मार्ग जनमानस को समय समय पर दिखाया है.

श्री सदगुरुदेव ने तंत्र के क्षेत्र में तथा इस पुरातन विद्या को समाज में जोड़ने में अपने पूरे जीवन का योगदान दिया है, समाज के हर वर्ग में उन्होंने तंत्र साधनाओ को पहोचने तथा उनके परिणाम प्राप्त करने का व्यावहारिक ज्ञान सब को समान्तर रूप से प्रदान किया ही. वस्तुतः सभी व्यक्तियो के लिए यह संभव नहीं होता है की वह सीधे ही उच्चकोटि के अनुष्ठानिक कर्मो को अपना कर अपने जीवन को बदल दे. इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुवे उन्होंने सरल तथा सहज प्रयोगों को जन मानस के मध्य प्रदान किया, जिसको कोई भी व्यक्ति अपना कर अल्प काल में ही सहज रूप से प्रयोग को सम्प्पन कर के अपने अभीष्ट की प्राप्ति कर सकता है. ऐसे दुर्लभ तथा गुप्त प्रयोग निश्चित रूप से अपनी तीव्रता के माध्यम से अल्प काल में ही साधक की मनोकामना पूर्ण करने का सामर्थ्य रखते है. ऐसे प्रयोग गुप्त रूप से गुरु शिष्य प्रणाली से चलते होते है तथा ऐसे प्रयोग को कड़ी परीक्षा के बाद ही दिया जाता था. ऐसे ही गुरु शिष्य प्रणाली में विभिभिन्न मतों के अलग अलग सिद्धो से तथा सदगुरुदेव से प्राप्त दुर्लभ लघु प्रयोग यहाँ प्रस्तुत किये जा रहे है. यह लघु प्रयोग अब तक गुप्त रहे है तथा प्रकाश में नहीं आये है. इन लघु प्रयोगों के माध्यम से प्रक्रियाओ को अपना कर साधकगण अल्प समय में पूर्ण लाभों को प्राप्त कर अपने जीवन को संवार सके यही आशा है

==

Jeevbhavetjeevanam, Human beings always searches for highest accomplishment throughout his whole life. He always moves forward towards his destination based on his thoughts, mental feelings, desires and expectations. It may be materialistic life or spiritual life. Our sages and saints have also said the same thing Sarve Bhaventu Sukhina…….every human being should attain happiness. In reality, happiness and its experience are different for each human being.

sabar dhanprapti prayog

आर्थिक उन्नति हेतु एक अनूठी साधना

यह तीव्र साबर मन्त्र प्रयोग है तथा इसे सम्पन्न करने के बाद साधक को धन सबंधित कोई समस्या सताती नहीं है.यह प्रयोग साधक को किसी भी शुक्रवार से शुरू करना चाहिए.

साधक को रात्री में १० बजे के बाद स्नान कर लाल वस्त्र को धारण करना चाहिए. साधक को लाल आसन पर उत्तर या पूर्व दिशा की तरफ मुख कर बैठना चाहिए. साधक अपने सामने किसी बाजोट पर लाल वस्त्र बिछा कर देवी लक्ष्मी का कोई चित्र स्थापित कर दे. इसके पास ही साधक एक हकीक पत्थर भी रख दे. साधक तेल का दीपक लगाए तथा गुग्गल का धुप जलाए.साधक इसके बाद रुद्राक्ष की माला से निम्न मंत्र की २१ माला जप करे.

ॐ गुरुजी को आदेश लक्ष्मी आवे, सात समुद्र से आवे, कहियो करे सुख समृद्धि दे जो ना आवे तो महादेव की आण मेरी भक्ति गुरु की शक्ति वाचा सिद्ध नाथ गुरु की आदेश आदेश आदेश

(OM GURUJI AADESH LAKSHMI AAVE, SAAT SAMUDRA SE AAVE, KAHIYO KARE SUKH SAMRUDDHI DE JO NAA AAVE TO MAHAADEV KI AAN MERI BHAKTI GURU KI SHAKTI VAACHAA SIDDH NAATH GURU KI AADESH AADESH AADESH)

यह प्रयोग साधक तीन दिन तक करे. तीन दिन बाद साधक को हकीक पत्थर को अपनी तिजोरी या धन रखने के स्थान में लाल वस्त्र पर स्थापित कर दे. साधक चाहे तो हकीक पत्थर को चांदी की डब्बी में रख कर उस डब्बी को भी तिजोरी या धन रखने के स्थान में रख सकता है. साधक को साल में यह प्रयोग एक बार उसी हकीक पत्थर पर करना चाहिए. साधक को धन की चिंता से मुक्ति मिलती है साधक को माला प्रवाहित नहीं करनी है तथा हर साल इसी माला से साधक प्रयोग सम्पन्न कर सकता है. देवी के चित्र को साधक पूजा स्थान में स्थापित कर दे.

==

Dhan Prapti Prayog (Prayog to attain wealth)

It is intense sabar mantra prayog and after doing it, sadhak does not suffer from any money-related problems.This prayog can be started by sadhak from any Friday.

After 10 P.M in the night, sadhak should take bath and wear red dress. Sadhak should sit on red sitting mat and face North or east direction.Sadhak should spread red cloth on any wooden mat in front of him and establish any picture of Goddess Lakshmi. Near it, sadhak should place one Hakik stone. Sadhak should light oil lamp and use Guggal Dhoop.

Sadhak should then chant 21 rounds of below mantra by Rudraksh rosary.

Mantra :

OM GURUJI AADESH LAKSHMI AAVE, SAAT SAMUDRA SE AAVE, KAHIYO KARE SUKH SAMRUDDHI DE JO NAA AAVE TO MAHAADEV KI AAN MERI BHAKTI GURU KI SHAKTI VAACHAA SIDDH NAATH GURU KI AADESH AADESH AADESH

Soundary prapti Sadhana jagat

अपने व्यक्तित्व को सौंदर्य तत्व युक्त करने हेतु अद्भुत साधना

यह प्रयोग सौंदर्य प्राप्ति के लिए है. इसको समपन्न करने के बाद साधक को मुहासे आदि से मुक्ति मिलती है तथा वर्ण में अनुरूप सुधार आता है. साधक का तेज निखरता है तथा साधक को शारीरिक सौंदर्य की प्राप्ति होती है.

साधक यह प्रयोग किसी भी शुक्रवार से शुरू करे. रात्रि काल में साधक १० बजे के बाद यह प्रयोग कर सकता है.इस साधना में साधक के वस्त्र आसन पीले रंग के रहे. साधक का मुख पूर्व दिशा की तरफ हो. साधक सुगन्धित अगरबत्ती प्रज्वलित करे तथा किसी पात्र में कुमकुम से स्वास्तिक बनाए. उस स्वास्तिक पर साधक दीपक को स्थापित करे. दीपक शुद्ध घी का हो.

इसके बाद साधक स्फटिक माला से निम्न मंत्र की ३१ माला मंत्र जाप करे.

ॐ ऐं अनंगाय रतिप्रियाय पूर्ण सिद्धिम देहि देहि फट

(OM AENG ANANGAAY RATIPRIYAAY POORN SIDDHIM DEHI DEHI PHAT)

साधक यह क्रम ३ दिन तक करे. साधक को रोज स्वास्तिक बनाने की ज़रूरत नहीं है. उसी स्वास्तिक पर दीपक को रोज स्थापित करे. तीन दिन तक यह क्रम हो जाए उसके बाद साधक स्वास्तिक वाले पात्र को धो सकता है तथा साधक माला को धारण कर ले. माला को ७ दिन धारण करके रखना है. ८ वे दिन माला को नदी तालाब या समुद्र में विसर्जित कर दे.

==

Saundarya Prapti Prayog (prayog to obtain beauty)

This process is to attend beauty. After completing the process one may get rid of troubles like pimples and other and complexion becomes better. Glow of the sadhaka increases and sadhaka receives physical beauty.Sadhak can start this process from any Friday. Sadhak can do this process after 10PM in the night.

In this prayog, cloths and sitting mat of the sadhaka should be yellow colored. Sadhak should sit facing east direction. Sadhak should light joss sticks and in some vessel prepare Swastika symbol with red vermillion. On that Swastika, sadhak should establish lamp. Lamp should be of pure clarified butter (Ghee).

After this, sadhak should do 31 rounds of the following mantra with crystal rosary.

OM AENG ANANGAAY RATIPRIYAAY POORN SIDDHIM DEHI DEHI PHAT

Sadhaka should do this process for three days. Sadhak need not to prepare Swastika daily. On the same Swastika, lamp could be established daily. When three days of the process is completed then sadhaka can wash the vessel in which Swastika is made and rosary should be worn. Rosary should be worn for seven days. On the eight day, rosary should be immersed in river, pond or sea.

Shtru vaadha nivaaran prayog

अपने जीवन को शत्रुओ से मुक्त रखने हेतु गोपनीय साधना

साधक यह प्रयोग किसी भी शनिवार को या कृष्ण पक्ष की अष्टमी को करे.रात्री काल में ११ बजे के बाद साधक काले वस्त्र धारण कर काले आसन पर बैठ जाए. साधक का मुख दक्षिण दिशा की तरफ हो.

साधक को अपने सामने एक सुपारी रखनी चाहिए, सुपारी को तेल मिश्रित सिन्दूर से पोत दे तथा उसको भैरव का प्रतीक मान कर उसका पूजन करे. साधक चाहे तो इसके स्थान पर कोई भैरव विग्रह या काल भैरव यन्त्र भी स्थापित कर सकता है. पूजन के बाद साधक शत्रु निवारण के लिए भैरव देव से प्रार्थना करे. साधक को तेल का चार मुख वाला दीपक प्रज्वलित करना है, तेल कोई भी रहे. जब तक साधना चले तब तक दीपक बुझे नहीं इस बात का ध्यान रखना चाहिए. साधक को दीपक में तेल कम पड़ने पर तेल दीपक मे भरते रहना चाहिए. साथ ही साथ साधक को गुग्गल का धुप भी लगाना चाहिए

इसके बाद साधक रुद्राक्ष माला से निम्न मंत्र की ५१ माला उसी रात्रि में सम्पन्न कर ले. साधक २१ माला के बाद कुछ देर आसन पर ही विश्राम ले सकता है.

ॐ भ्रं भ्रं भ्रं अमुकं उच्चाटय उच्चाटय शत्रुबाधां नाशय नाशय भ्रं भ्रं भ्रं फट्

(OM BHRAM BHRAM BHRAM AMUKAM UCCHATAY UCCHATAY SHATRUBAADHAAM NAASHAY NAASHAY BHRAM BHRAM BHRAM PHAT)

साधक को मंत्र में अमुकं की जगह शत्रु का नाम लेना चाहिए साधक के पास अगर शत्रु की कोई तस्वीर हो तो उसे भी अपने सामने रख लेना चाहिए तथा काजल या सिन्दूर से उस तस्वीर पर उस शत्रु का नाम लिख देना चाहिए५१ माला हो जाने पर सुपारी/यन्त्र/विग्रह को पूजा स्थान में स्थापित कर दे, माला को श्मशान में या किसी निर्जन स्थान पर फेंक दे. यह कार्य दूसरे दिन ही हो जाना चाहिए. इससे साधक को सुरक्षा चक्र प्राप्त होता है तथा शत्रु का उच्चाटन हो जाता है साधक को शत्रुपीड़ा से मुक्ति मिलती है साथ ही साथ वह शत्रु साधक को भविष्य में कभी कष्ट नहींपहुचाता हैं.

===

Shatru Baadhaa Nivaran Prayog (prayog to get rid over enemy)

Sadhak should do this process on any of the Saturday or on the eight night of the dark moon.In the night after 11PM, one should wear black cloths and sit on the black sitting mat. Sadhaka should sit facing south direction.

Sadhak should place one betel nut in front. vermillion and oil should be applied on that betel nut and poojan of that betel nut should be done understanding it as form of God Bhairav. If sadhak wishes sadhak can even establish Bhairava Idol or Kaal Bhairav Yantra instead of the betel nut. After poojan, sadhak should pray to lord bhairava to remove enemy trouble. Sadhaka should light four face lamp of oil (chaturmukhi). Oil could be any. Sadhak should take special note that till the time sadhana is going on, that lamp should remain lighted and should not be off in between. Sadhak can pour oil whenever it is needed in the lamp. With that, sadhak should also light Guggal Dhoop.

वशीकरण प्रयोग

Vashikaran prayog

एक आश्चर्य जनक अद्भुत गोपनीय साधना

यह प्रयोग साधक किसी भी रविवार की रात्रि को कर सकता है.साधक रात्रि में ११ बजे के बाद यह प्रयोग करे. रात्री में स्नान आदि से निवृत हो साधक लाल वस्त्रों को धारण करे. इसके बाद साधक लाल आसान पर बैठ जाए. साधक का मुख उत्तर दिशा की तरफ होना चाहिए. इसके बाद साधक अपने सामने बाजोट पर लाल वस्त्र बिछा कर विशुद्ध पारदकाली का प्राण प्रतिष्ठित विग्रह स्थापित करे तथा उसका पूजन करे.

पूजन के बाद साधक निम्न मंत्र की२१ माला रुद्राक्ष माला या मूंगा माला से जप करे.

ॐ क्रीं क्रीं क्रीं अमुकं वश्यं कुरु कुरु सिद्ध कालिके क्रीं क्रींक्रीं नमः

(OM KREENG KREENG KREENG AMUKAM VASHYAM KURU KURU SIDDH KAALIKE KREENG KREENG KREENG NAMAH)

साधक को अमुकं की जगह पर जिस पर वशीकरण करना हो उस व्यक्ति का नाम लेना चाहिए. यह क्रम साधक को ३ दिन करना चाहिए. ३ दिन के बाद साधक को माला किसी देवी मंदिर में दक्षिणा के साथ अर्पित कर देना चाहिए साध्य व्यक्ति का शीघ्र वशीकरण हो जाता है तथा साधक के अनुकूल हो जाता है

===

Vashikaran Prayog

This process should be done in the night time of any Sunday.Sadhak should do this process after 11PM. After taking bath in the night, sadhak should wear red cloths. After that, sadhak should sit on the red sitting mat. Sadhak should sit facing north direction.

After that, sadhak should spread red cloth on the wooden mat placed in front and on that sadhak should establish idol of the Visuddh Paarad Kaali and should do the poojan.After poojan, sadhak should chant 21 round of the following mantra with rudraksha rosary or Moonga rosary.

OM KREENG KREENG KREENG AMUKAM VASHYAM KURU KURU SIDDH KAALIKE KREENG KREENG KREENG NAMAH

On the place of the Amukam in mantra, Sadhak should chant name of the person on which Vashikaran prayog is to be done.This process should be done for three days. After 3 days, sadhak should place rosary in any goddess temple with some money. Vashikaran of the desired person is done sudden and becomes favorable to sadhaka.

Grih sukh shantI prayog

एक साधना गृहस्थ सुख शांति हेतु

यह प्रयोग गृहस्थ सुख शांति प्रयोग है जिसके माध्यम से घर में क्लेश का वातावरण समाप्त होता है तथा परिवारजनों से मदभेद दूर होते है घर में शांति स्थापित होती है तथा गृह में सुख की प्राप्ति होती हैयह प्रयोग साधक किसी भी शुक्लपक्ष की चतुर्थी को प्रारंभ करे. साधक को यह प्रयोग रात्रिमें करना चाहिए. साधक १० बजे के बाद स्नान आदि से निवृत हो कर पीले वस्त्रों को धारण करे. साधक पीले आसान पर उत्तर या पूर्व दिशा की तरफ मुख कर बैठ जाए साधक अपने सामने लकड़ी के बाजोट पर या किसी पात्र में पारद गणपति या श्वेतार्क गणपति की स्थापना करे. अगर साधक के लिए यह संभव न हो तो साधक कोई भी चैतन्य गणपति विग्रह या यंत्र को स्थापित करे तथा पूजन करेइसके बाद साधक निम्न मंत्र का जाप २१ माला करे. साधक यह जप स्फटिक या रुद्राक्ष माला से करे.

ॐ गं श्रीं गणाधिपतये ऋद्धि सिद्धिं श्रीं गं नमः

(OM GAM SHREEM GANAADHIPATAYE RIDDHI SIDDHIM SHREEM GAM NAMAH)

साधक को यह क्रम ३ दिन तक करना है. साधक को घर के वातावरण में शीघ्र ही अनुकूलता प्राप्त होती है. साधक को माला का विसर्जन नहीं करना है. भविष्य में यह प्रयोग दुबारा करने के लिए साधक इस माला का प्रयोग कर सकता है

===

Gruh Sukh Shanti Prayog

This process is for material peace and happiness with which disputed atmosphere in the house ends and conflicts between family members are solved. Peace becomes established in the house and happiness is gathered in the house.This process could be started on the fourth day of the light moon days. Sadhak should do this process in the night. After 10 PM in the night, after taking bath sadhak should wear yellow cloths. Sadhak should sit on yellow sitting mat facing north or east direction.

On the wooden mat or any vessel sadhak should established Paarad Ganapati or Swetark Ganapati. If it is not possible for Sadhaka then sadhak should establish any activate idol of the Ganapti and should established and poojan should be done.

After that, 21 rosary of the following mantra should be chanted. This chanting should be done with crystal rosary or rudraksh rosary.

OM GAM SHREEM GANAADHIPATAYE RIDDHI SIDDHIM SHREEM GAM NAMAH

Sadhak should do this process for 3 days. Very soon sadhak will receive comfort in the house atmosphere. Sadhak should not immerse rosary. In future this rosary could be use to repeat this process.

Bhavan siddhi tatha vaahan siddhi prayog

सफल जीवन के लिए एक आवश्यक प्रयोग

अगर साधक को योग्य भवन की प्राप्ति नहीं हो रही हो, या फिर मकान या वाहन की प्राप्ति में कोई बाधा आ रही हो तो इसके समाधान हेतु यह प्रयोग है.साधक यह प्रयोग शुक्रवार की रात्रि को ९ बजे के बाद शुरू करे. इस साधना में साधक को सफ़ेद वस्त्र धारण करने चाहिए. इसके बाद साधक अपने सामने किसी पात्र में कुमकुम से ‘ ’ लिखे. इसके ऊपर साधक गोमती चक्र या कोई भी शंख रख दे. तथा साधक उसका सामान्य पूजन करे. साधक घी का दीपक प्रज्वल्लित करे तथा सुगन्धित अगरबत्ती लगाये. साधक को लाल रंग के पुष्प भी अर्पित करने चाहिए,

इसके बाद कमलगट्टा माला से या स्फटिक माला से साधक निम्न मंत्र की ५१ माला मंत्र जाप करे.

ॐ श्रीं श्रीं ह्रीं भवन सुख सिद्धिं ह्रीं श्रीं श्रीं नमः

(OM SHREEM SHREEM HREEM BHAVAN SUKH SIDDHIM HREEM SHREEM SHREEM NAMAH)

साधक को यह क्रम ३ दिन तक करना चाहिए. ३ दिन तक गोमती चक्र या शंख वहीँ पर स्थापित रहे तथा उसे तीसरे दिन मंत्र जाप के बाद धुप दे कर अपने पूजा स्थल में स्थापित कर दे साधक माला को किसी देवी मंदिर में दक्षिणा के साथ अर्पित कर दे. जिस पात्र में ' ' लिखा हुआ है उसे भी धो लेना चाहिए. साधक को शीघ्र ही अनुकूलता प्राप्त होती है.

===

Bhavan Siddhi tatha vaahan Siddhi Prayog

If sadhak is not getting proper house or there is trouble to get house or vehicles then this prayog provide solution.Sadhak should do this process in the night after 9 PM of the Friday. Sadhak should wear white cloths in this sadhana. After that sadhak should write ' ' with red vermillion in some vessel. On that one should establish Gomati Chakra or any conch (Shankh) and sadhaka should do normal poojan of it. Sadhak should light lamp of the Ghee and joss sticks. Sadhak should also offer red flowers.

After that with KamalGatta rosary or Crystal rosary sadhak should chant 51 rounds of the following mantra.

OM SHREEM SHREEM HREEM BHAVAN SUKH SIDDHIM HREEM SHREEM SHREEM NAMAH

Sadhak should do this process for three days. For three days Gomati chakra or conch (shankh) should remain established and on the third day when mantra chanting is completed, gomatichakra/conch should be offered Dhoop and established in the worship place. Rosary should be placed in goddess temple with some money. Vessel should be washed in which ' ' is written. Sadhak soon receives comfort.

Vidya prapti hetu sadhana

आज के समय के लिए एक अद्भुत साधना

यह प्रयोग विद्या प्राप्ति का प्रयोग है. इसके माध्यम से व्यक्ति की एकाग्रता का विकास होता है. तथा अभ्यास में रूचि बढ़ने लगती है. याददाश्त शक्ति का विकास भी इस प्रयोग के माध्यम से होता है. अतः यह प्रयोग अभ्यास करने वाले छात्रों के साथ साथ हर एक व्यक्ति के लिए दिन प्रतिदिन के जीवन के लिए उपयोगी है.

यह प्रयोग किसी भी सोमवार से शुरू किया जा सकता है.साधक यह प्रयोग सुबह सूर्योदय के समय या रात्री काल में सूर्यास्त के बाद कभी भी कर सकता है. साधक स्नान आदि से निवृत हो कर सफ़ेद वस्त्रों को धारण करे. इसके बाद साधक उत्तर की तरफ मुख कर सफ़ेद आसन पर बैठ जाए.साधक किसी पात्र में केसर से 'ऐं' लिखे तथा उसमे पहले से ही तैयार की हुई खीर ड़ाल दे. उस पात्र को अपने सामने रखे तथा इसके बाद साधक निम्न मंत्र की ५१ माला जाप करे. यह जाप स्फटिक माला से या रुद्राक्ष माला से किया जा सकता है.

ॐ ऐं श्रीं पूर्णत्वं श्रीं ऐं ॐ

(OM AENG SHREEM POORNATVAM SHREEM AENG OM)

प्रयोग की समाप्ति पर साधक खीर पात्र को वहीँ बैठ कर खीर खा ले इस प्रकार यह प्रयोग पूर्ण होता है तथा साधक शीघ्र ही अनुकूलता का अनुभव कर पाएंगे माला का विसर्जन नहीं करना है, साधक इस माला को यही प्रयोग वापस करने में तथा किसी भी सरस्वती साधना में उपयोग कर सकता है.

===

Vidya prapti prayog

This process is for to attend knowledge. With this process, concentration of the person increases. And interest in the study also increases. Memoru power also increases with this process. Thus, this process is important for students and other people in their daily life.

This process could be started from any Monday.Sadhak can do this process after sunrise in the morning or in the evening after sun set. After bath sadhak shoul wear white cloths. One should sit on the white sitting mat facing north direction.In some vessel, sadhak should write'ऐं' with saffron and already prepared Kheer (sweet) should be added in that vessel and after that sadhak should chant 51 rounds of the following mantra. this mantra chanting should be done with crystal or rudraksha rosary.

OM AENG SHREEM POORNATVAM SHREEM AENG OM

After process is over one should eat Kheer sitting there only. Thus process is completed and sadhak starts feeling comfort in very soon. Rosary should not be immersed, this rosary could be use to repeat this process or could also be used in any Saraswati sadhana.

Some important facts about ayurved and chikitsa rasayan

आयुर्वेद के कुछ गोपनीय रहस्यों से परिचित कराता हुआ एक लेख

'आरोग्यम धन सम्पदा'

आरोग्य कों भी एक प्रकार से धन सम्पदा ही कहा गया है.. अच्छा आरोग्य या निरोगी काया आज के युग में वरदान समान है. परन्तु आज की स्थिति में ऐसा बहुत ही कम देखने कों मिलता है. प्रत्येक व्यक्ति किसी ना किसी रोग से पीड़ित है. प्राकृतिक रूप से आरोग्य बनाये रखना उत्तम माना गया है. हमारी देह पञ्च तत्वों से निर्मित है और पञ्च तत्व प्रकृति से. इसीलिए जब ये हाड मांस की देह दोष युक्त होती है तो सभी दोष निवारण फिर वो असाध्य ही क्यों ना हो, इस प्रकृति से ही प्राप्त होते है. जो प्रकृति से निर्मित है तो उसका निदान प्रदान प्रकृति में ही छुपा हुआ है. बस आवश्यकता है उसके सही पहचान की..

प्राचीन काल में ऋषि मुनियों ने रोग के निवारण के लिए जंगलो में जाकर पेड़ पौधों, फूलो का आश्रय लिया, उस पर गहन चिंतन, मनन, असंख्य प्रयोग और अभ्यास के बाद उन दुर्लभ सूत्रों की खोज की जिन्हें आज हम 'आयुर्वेद' के रूप में जानते है. यह विज्ञान दीर्घ काल तक प्रचलित रहा परन्तु जैसे जैसे अभ्यास का क्षेत्र विस्तृत होता गया, नए नए विज्ञान नयी नयी शाखाओ की उत्पत्ति होती गई.

परन्तु आयुर्वेद का आजभी अपना अलग ही एक स्थान है और जो इसका अनुभव ले चुके है इसकी महत्ता कों मानते भी है. आयुर्वेद में वनस्पति जड़ी बूटियों से रोगों का निवारण किया जाता है.आयुर्वेद के आठ अंगों में से एक महत्वपूर्ण अंग हैं **रसायन**. रसायन आयुर्वेदशास्त्र के सबसे महत्वपूर्ण विशिष्टता में गिनाजाता हैं . कहा गया है...

शास्तानां रसादीनां लाभोपायः| **...............चरक चिकित्सास्थान**

विशुद्ध, संपन्न रसादि धातु का लाभ प्राप्त होना अर्थात ही रसायन. आरोग्य के रक्षण हेतु वैसे ही रोगमुक्ति के लिए जितना महत्वपूर्ण शरीर गत दोषों का संतुलित होना होता है उतना ही महत्वपूर्ण है धातु संपन्न होना भी. असंतुलित दोष रोग के कारण होते है, पर रोग उत्पन्न होते है धातु के आश्रय तले. मूलतः अगर धातु सारवान और सशक्त होंगी तो सहजता से रोग उत्पन्न होते ही नहीं और अगर हो भी जाए तो ज्यादा समय तक शरीर में टिकते नहीं इसीलिए आयुर्वेद में रसायन के बारे बताया गया हैं की ...

जराव्याधिनाशाकमौषधम् रसायन|

स्वस्थस्य ओजस्करं यत्तु तद वृष्यं तद रसायनम्| **....चरक विमनस्थान**

कायाकल्प, बुढापा जैसी अपरिहार्य प्राकृतिक घटनाओं और व्याधियो का नाश करने वाली औषधि अर्थात रसायन. निरोगी व्यक्ति कों न केवल मन अपितु तन कों भी तुष्टि पुष्टि और उत्साह वर्धन करने वाला रसायन ही है.

रसायन के लाभ आयुर्वेद में कुछ इस प्रकार से बताए गए.

१. रसायन सेवन करने से दीर्घायु, स्मृति, मेधा, आरोग्य, तारुण्य, प्रभा, उत्तम वर्ण, स्वर, मानसिक औदार्य, उत्तम शरीरबल, श्रेष्ठ इन्द्रिय शक्ति और सभी प्रकार के गुणों का लाभ प्राप्त होता है.

२. रसायन के सेवन से वाणी सिद्धि और सतेज कांति प्राप्त होती है.

३. रसायन सेवन रोग प्रतिकारक शक्ति बढाता है. रोगों का जड़ सहित नाश करने में और उसकी पुनरावृत्ति कों रोकने के लिए भी रसायन का सेवन उत्तम माना गया है.

४. शरीर का स्टेमिना बढाने में रसायन का ही उपयोग होता है.

५. मानसिक रचनात्मकता का नवीन प्रवाह रसायन के नियमित सेवन से होता है.

६. आज की दिनचर्या या जीवन शैली कुछ इस् प्रकार की है की ना चाहते हुए भी हम मानसिक चिंताओ से ग्रस्त रहते हैं, स्ट्रेस कम होने का नाम नहीं लेता और हम समय से पहले ही वृद्ध दिखाई देने लगे है ऐसे समय रसायन कायाकल्प का कार्य संपादित कर हमें नवयौवनमय बनाये रखता है.

रसायन के जो प्रकार बताये गए हे उनमे से **'कुटीप्रावेशिक रसायन'** व **'वातातपिक रसायन'** पर बात करते है. मोटे मोटे तौर पर जाने तो **कुटीप्रावेशिक रसायन** वो रसायन हैं जो कुटी में रहकर किया जाता है. अर्थात मनुष्य जब इस् प्रकार का रसायन सेवन करता हैं तो वो सामान्य आहार विहार नहीं ले सकता. इसका प्रमुख कारण हैं की उस दरम्यान उसे कठोरता से नियमों का पालन करना होता है. तभी गुण आता है.

वही **वातातपिक रसायन** जिसमे प्रकृति अर्थात हवा, धुप इनके सेवन के साथ जो सेवन किया जाए, मतलब पथ्य पालन किये बिना आप जिस रसायन का सेवन करते है उसे वातातपिक रसायन कहा गया है इस पद्धति कों किसी भी रूप से अपना सकते है कोई खास नियम नहीं अपनाने पड़ते आप चल फिर घूम फिर सकते हैं .

इन दोनों प्रकार में कुटीप्रावेशिक रसायन कों श्रेष्ठ पद्धति माना है. परन्तु ये उतनी ही क्लिष्ट भी है. सो सभी इसका पालन कर पूर्ण कर पाए ये जरुरी नहीं.. इसीलिए वातातपिक रसायन सर्वसामान्य मनुष्य आसानी से कर सकता है.

रसायन लाभ प्राप्त करने के लिए दो बाते ध्यान रखना अति आवश्यक है पहला, रसायन शास्त्रोक पद्धति, उत्तम वीर्यवान द्रव्यों से बना हुआ हो, दूसरा रसायन सेवन के पूर्व शरीरशुद्धि प्रक्रिया अति आवश्यक है. और शरीर शुद्धि के महत्व कों बताते हुए आयुर्वेद में कहा गया है ...

नाविशुद्धशरीरस्य युक्तो रासायनो विधिः |

न भाति वाससि रंगयोग इवाहितः || **...सुश्रुत रसायन स्थान**

इसे इस तरह समझे की जिस तरह मैले कपड़ो में रंग चढ़ता नहीं उसी प्रकार शरीर शुद्धि के बिना रसायन ग्रहण का लाभ नहीं होता. अर्थात ही शरीर शुद्धि केवल पेट साफ़ करने की क्रिया तक सीमित नहीं है बल्कि स्नेहन स्वेदन कर शात्रोक्त पद्धति से विरेचन विधि भी कर लेना चाहिए, अगर शरीर शुद्धि योग्य रीति से संपन्न हो जाए तो पथ्यपालन करने पर उसका निश्चित तौर पर लाभ होता ही है.. और जब इन औषधियों का सेवन या इसकों बनाते समय अगर मंत्रो कों सम्पुटित कर दिया जाए तो ये अचूक फल देती है. शरीर व मनस दोष ना दूर करते हुए अर्थात पंचकर्म ना करते हुए अगर जो व्यक्ति रसायन सेवन करता है उसे रसायन लाभ कदापि नहीं होता..

आयुर्वेद में स्पष्ट कहा है की मन जिनके अधीन है उन्हेंरसायन सेवन का प्रस्ताव कदापि नहीं देना चाहिए. वैसे ही जो आलसी, श्रद्धाहीन व कष्ट ना करते हुए फल की अपेक्षा करते है और मुख्यतः जो लोग रसायन औषधिसम्बन्धी विशवास और आदर भाव नहीं रखते ऐसे व्यक्तियों कों रसायन सेवन मार्ग नहीं देना चाहिए क्योंकी ये उन पर फलित ही नहीं होंगी. और अगर होती भी हैं तो बहुत ही कम मात्र में..

आज त्वरित उपायों के पीछे दौड़ते हुए एलोपेथी अपनाने पर जहा हम इसका लाभ तुरंत प्राप्त करते है वही इसके दीर्घ काल में दुष्परिणाम भी भोगते है. आयुर्वेद प्राचीन पद्धति है. सर्वप्रथम हमारे ऋषि मुनियों ने ही इस् विद्या का गहन अभ्यास कर ये अनमोल धरोहर हमारे लिए रख छोड़ी है.

परन्तु ये बात भी उतनी ही सत्य है की जिन्हें इस् विद्या परविश्वास नहीं उन पर इन औषधियों का कहे वैसा असर नहीं होता..

अब उन तथ्यों कों जान लेना भी आवश्यक हैं जिस वजह से रसायन औषधियां गुणकारी वलाभकारी साबित होती है. और इन्हें बनाने के पीछे कितनी कड़ी महनत होती है..

- रसायन औषधियों की निर्मिति में केवल वैसी ही औषधियों का उपयोग होता है जो पूर्ण रस और वीर्य युक्त हो जो योग्य काल में तयार हुई हो,(समय, स्थान, शुद्धिकरण, मौसम, साफ़ सफाई का विशेष ख्याल और औषधि कों बनाते समय बनाने वाले की मानसिकता का भी बहुत असर होता है. अर्थात मानस चिंतन का अपना एक अलग महत्व है). जिन का पोषण पर सूर्य किरणों से, उचित मात्र में छाया देने से और पानी से हुआ हो.

- औषधियों जो पक्षी, कीड़े आदि ने खायी हुई हो या सडी हुई हो या खराब हो गई हो या कोई रोग ग्रस्त हो वैसी औषधियों नहीं ली जाती. इसी सन्दर्भ में एक आयुर्वेदक निरिक्षण के बाद ही औषधियों कों रसायन शाला में लाया जाता है संस्कार क्रम पूर्ण किया जाता है

- रसायन गुणधर्म युक्तऐसी कई औषधिया जैसे आवला, हिरडा, सतवारी, ब्राह्मी, शंखपुष्पी, पुनर्नवा, गिलोय, गोक्षुर, अश्वगंधा, नागरमोथा, हल्दी, बच, नागकेशर, वेलची, दालचीनी, मूंदकपर्णी, चन्दन, कुडा, अर्जुन, अडूसा, ग्वारपाठा, मुलेठी, कंदमूल आदि वनस्पतियाँ स्वभावतः रसायन गुण युक्त होती है परन्तु इनके भी प्रकार होते है जो एक अच्छा निरीक्षक बारीकी से देखके ही उपयोग में लाता है. कई औषधियों दिखने में एक जैसी हो सकती है इसीलिए बहुत ध्यान पूर्वक इस् कार्य कों संपन्न किया जाता है

- औषधियों का संकलन कर उन्हें विशिष्ट पद्धति से उपयोग में लाया जाता है. सभी घटक द्रव्य केवल एक साथ मिला देने से रसायन तैयार हो गया ऐसा नहीं. इन्हें योग्य क्रम से, योग्य संस्कार करते हुए क्रमानुसार रसायनतैयार किया जाए तो ही इनका खरा गुण बाहर आता है और तब ये ग्रहण करने पर सटीक प्रभाव देती हे

- जब इन औषधियों कों पेड़ पौधों से विभक्त किया जाता है तो एक विशेष क्रिया के बाद ही इनका रस शाला में आगमन होता है. सर्व प्रथम इनका आव्हान कर प्रार्थना की जाती है. वही जब इनकों साधना काल में उपयोग किया जाता है तब भी इसी प्रकार का क्रम संपन्न किया जाता है. जिसमे पहले उस वनस्पति के पास जाके उसका विधिवत पूजन, मंत्रो से आवाहन कर फिर उनकी आज्ञा प्राप्त कर उन्हें अगले दिन विभक्त किया जाता है और लाने पर आदर सहित शेष क्रिया संपन्न की जाती है. तभी वे संस्कारित होकर फल प्रदान करते है.

इन औषधियों का जहां आतंरिक संतुलन में उपयोग होता है वही इनका साधनाओ में भी अत्यधिक गोपनीय ढंग से प्रयोग करने पर सिद्धि प्राप्ति में सहायता होती है. विशेषतः इस विषय पर सदगुरुदेव लिखित कुछ ग्रन्थ अमृत समान है. जिनमे उन्होंने बहुत ही बारीकी से ना जाने कितनी वनापतियो का विविध प्रयोग बताया है. जो घरेलु तौर पर करने से लाभदायक होती ही है **सदगुरुदेव जीने** आयुर्वेद पर पुरानी पत्रिका हो या प्रवचन या किताबो में एक से एक गुह्य और दुर्लभ सूत्र दिए हुये हैं उनका तो कोई जवाब नहीं.

सदगुरुदेव जी लिखित **'निखिलेश्वरानंद चिंतन'** में एक पूर्ण खंड चिकित्सा ज्ञान जो रत्न औषधि पर लिखा है.जिसमे उन्होंने बताया है की किस प्रकार रत्नों, ज्योतिष, ग्रह और आयुर्वेद के संयोग के माध्यम से असाध्य रोग कों भी ठीक किया जा सकता है और जो राम बाण उपाय साबित हुई है ऐसी बीमारियों में जैसे हार्ट अटेक, कर्क रोग, डायबिटीस इत्यादि में असरदार रही अगर निर्देशानुसार तैयार की गई हो तो.

अब साधना पक्ष पर बात करे तो आयुर्वेद का साधना जगत में अति उच्च स्थान है. साधना काल में आने वाली शारीरिक अडचनों कों आयुर्वेद के माध्यम से हटाया जा सकता है भूक, प्यास, लघु तथा दीर्घशंकाया कामोत्तेजना के कारण साधना में वाधा उत्पन्न होना सामान्य बात है. इनके निवारण हेतु ऐसी कई वनस्पति जड़ी बूटियाँ है जिनके सेवन से भूख प्यास कों स्तंभित कर निवृत्ति क्रम से मुक्त होकर साधना बिना किसी बाधा से संपन्न की जा सकती है

अब अंत में अगर अधिष्ठात्री देवियों के बारे में नहीं लिखा जाए तो ये लेख अधूरा सा साबित होगा. क्योंकि किसी भी विद्या में उसकी आराध्या की कृपा बिना सफलता तो मिल ही नहीं सकती इसीलिए चिकित्सा रसायन में ऐसी अनेक देवी देवता, यक्षिणियाँ हैं जिनकी कृपा दृष्टि से इस् विधा में पूर्ण सफलता,सिद्धि और ज्ञान अर्जन किया जा सकता है. तो ऐसे ही एक महाविद्याओ में माँ भुवनेश्वरी जो इनकी अधिष्ठात्री देवी है उनकी साधना से इस विद्या में गहन दुर्लभ सूत्र और ज्ञान अर्जन किया जा सकता है. इस् सन्दर्भ में अनेक साधनाए ब्लॉग पर दी जा चुकी है. आगे अगर समय मिलता है तो मै जरुर कोशिश करूँगी की इस विधा की जो अन्य मुख्य देवी देवता है उनके बारे में विश्लेषण प्रस्तुत कर सकूँ .

जिस प्रकार प्रत्येक विधा कों संपूर्ण रूप से जानने के लिए कई देवताए होते है वैसे ही उस विधा की मुख्य अधिष्ठात्रियोंकी अगर अराधना की जाए तो आश्चर्यचकित कर देने वाली उपलब्धियों का आस्वादन कर लाभ लिया जा सकता है.

==

Some facts to be known about Ayurveda and MedicatedRasayan

"AarogyaDhanSampada"

Health is also known as one of treasure. A good health or a healthy body is like boon in today's era. But in current situation it seems rare. Everyone is suffering from any disease. And in such situation maintaining health by natural way is the best solution. Our body is made up of five elements and these five elements are incurred from nature. Therefore when this fleshy body get defected then to reduce such defects whether it is severe solution can get from nature itself. Well which is generated from nature then solution is also hidden in nature itself. What you need is to recognise it in right way..

Since in ancient time our sages went in forest and did a deep study of trees, plants and flowers. And after doing contemplation, many experiments and continuous practice they prepared such rare and secret facts which are known as "Ayurveda" in current date. This science remained famous since ancient time but by the time the area of study got broader and wider many different branches got discovered. But today also Ayurveda has same place with same dignity. And those who have self-experienced can evident the importance of Ayurveda. From the eight parts of Ayurveda the 'Rasayan'… And this is count as the most significant distinctive in Ayurveda. It has been said…

Shastaanaamrasaadeenaam laabhopaayah

....Charak Chikitsasthaan

Getting benefit from pure, complete Ras metal is known as Rasayan.

Kaary siddhi hetu rahu grah sadhana

जीवन के लिए आवश्यक एक साधना

उच्च कोटि के साधक जानते हैं कि किसी भी साधना करने से पूर्व यदि नवग्रह को अनुकूल कर लिया जाए तो सफलता कहीं जल्दी से प्राप्त हो सकती हैं अतः अन्य बातों के अतिरिक्त नव ग्रह पूजन विधान और अन्य अन्य आवश्यक बातें उच्च कोटि के व्यक्तित्व बहुत जयादा ध्यान मे रखते हैं क्योंकि एक छोटी सी भूल सारे साधनात्मक प्रक्रिया, सारी मेहनत पर पानी फेर सकती हैं,हर साधना मे नव ग्रह का अपना ही एक महत्व हैं, इन्हें कभी भी कम करके नही देखा जाना चाहिए और साधना मे तो हर उस चीज का ध्यान रखना ही चहिये जो कि एक साधक को सफलता के और अधिक नजदीक ले जा सकती है.

भारतीय मानस निश्चय ही नव ग्रहों को बहुत अधिक महत्व देता हैं, जब भी कोई शुभ कार्य करना होता हैं, तब नव ग्रह पूजन एक आवश्यक अंग माना जाता हैं फिर वह शुभ कार्य चाहे विवाह हो या कोई अन्य

नव ग्रह मे राहु ग्रह का यूँ तो कोई आकाशीय स्थान नही हैं पर इसकी सत्ता से इसके प्रभाव से कोई भी इनकार नही कर सकता हैं .

जीवन मे जो भी अकस्मात घटनाये होती हैं उनके पीछे राहु ग्रह का प्रभाव माना जाता हैं और जीवन मे उस आकस्मात घटनाये शुभ भी हो या अशुभ हो सभी के पीछे इसी ग्रह का भी प्रभाव होता हैं शुभता के लिए तो हर कोई तैयार होगा पर अशुभता तो मानो जीवन के आधार को ही हिला दे .और इन सब मे सबसे ज्यादा दुखदायी हैं दुर्घटना का होना .

आपके सामने यह प्रयोग जो दिखने मे तो छोटा पर हैं बहुत तीव्र परिणाम देने मे समर्थ तो क्यों नही इस छोटे से साधनात्मक प्रयोग को कर अपने जीवन से दुर्घटना को दूर किया जाए,और साधना हैं भी इसी का नाम की जीवन जैसा हम चाहे वैसा चले न कि हम कठ पुतली की तरह भाग्य के हाथों मे असहाय सा रहें.. ...इसलिए दुर्घटना से बचने के लिए, कार्य सिद्धि के लिए राहू साधना की जाती है.

यह साधना साधक कृष्ण पक्ष के प्रथम दिन से प्राम्भ कर सकता हैं . साधना प्रारंभ करने का समय रात्रि काल में 9 बजे के बाद का रहे. दिशा उत्तर रहे. साधक स्नान करके सफ़ेद वस्त्र धारण करें तथा आसन सफ़ेद रंग का हो .

सदगुरुदेव पूजन ,भगवान गणेश पूजन और फिर इस साधना के लिए सीधे हाथ मे जल ले कर संकल्प ले फिर एक माला कम से गुरू मंत्र का जप जरुर करें.यह आवश्यक हैं क्योंकि साधना मे सफलता पाने के लिए सदगुरुदेव जी का वरद हस्त होना परम आवश्यक तथ्य हैं .

अपने सामने साधक, किसी बाजोट पर सफ़ेद वस्त्र बिछा कर, उस पर राहू यन्त्र या राहू का चित्र स्थापित करे तथा उसका सामान्य पूजन धूप, दीप, अगरबत्ती करे.

उसके बाद साधक सर्व प्रथम सिंह पर विराजमान राहू ध्यान कर ध्यान मंत्र का११ बार उच्चारण करे.

करालवदनः खडगचर्मशूलीवरप्रदः नीलसिंहासनस्थश्च राहुरत्र प्रशस्यते

(karaalavadanah khadagacharmashooleevarapradah neelasimhasanasthascha raahuratra prashasyate)

इसके बाद साधक को निम्न मन्त्र की 11 माला मंत्र जप करना चाहिए, यह मंत्र जप काले हकीक माला से या रुद्राक्ष माला से किया जाना चाहिए .

ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः रां राहवे सर्व व्याधि नाशय कार्य सिद्धिं कुरु कुरु नमः

(OM BHRAAM BHREEEM BHRAUM RAAM RAAHAVE SARV VYAADHI NAASHAY KARY SIDDHIM KURU KURU NAMAH)

इसके बाद पुनः सदगुरुदेव पूजन,कम से कम एक माला गुरू मंत्र जप और जप समर्पण जरुर करे .

साधक को यह क्रम ११ दिनों तक करना चाहिए. ११ दिन के बाद जप माला को किसी भी नदी या तालाब मे प्रवाहित कर दे. साधक की सभी प्रकार से कार्य सिद्धि होती है. इस तरह से यह सरल प्रयोग आपके जीवन मे और भी अनुकूलता प्रदान करने मे समर्थ हैं .आप सभी साधक भाई बहिनों को इन सरल पर प्रभावशाली प्रयोगों को अपने जीवन मे स्थान जरुर देना चाहिए

==

Rahu sadhana

Sadhaka of the higher level knew that before doing any sadhana if nine planets are made favourable in that condition, success could be gained more quickly; thus, sadhaka who achieved higher level also focuses more on the Nav-Grah Poojan process and other specific processes related to that because small mistake even can ruin the hard work put in the sadhana.In every sadhana, nine planets have their own importance. Points related to planets should not be taken light and in sadhana one should always take care of all the points which can lead sadhaka to success.

Indian point of view always gave big importance to nine planets, whenever any auspicious process is supposed to be done at that time poojan of nine planets are taken as important aspect rather that auspicious moment may be marriage or may be anything. In nine planets, Rahu is not planetary placed in the sky but its power and impact could not be neglected.In the life time, whatever accident occurs, it is believed that there is impact of the planet Rahu behind it and rather incident may be favourable or unfavourable there remains impact of the Rahu behind it.

RoudRa ketu sadhana

समस्त प्रतिकूलता की समाप्ति तथा चर्मरोगों की निवृति के लिए केतु की साधना

सदगुरुदेव जी ने अपनी अति उच्चस्तरीय कृति "कुंडली दर्पण" मे यह स्पष्ट किया हैं कि जीवन मे जो भी अकस्मात घटना होती हैं उसके लिए केबल दो ग्रह कहीं ज्यादा उत्तरदायी हैं प्रथम तो राहु और दूसरा केतु

केतु ग्रह को सामान्य ज्योतिष साधारणतः बहुत अधिक महत्त्व नही देते हैं .पर यह भी अन्य ग्रहों की भांति अनेको गुप्त रहस्य अपने आप मे समाहित किये हुये हैंऔर आज जो भी किताबे बाजार मे उपलब्ध हैं.

उनमे भी कुछ विशेष इस ग्रह के बारे मे जानने मे नही मिलता हैं ठीक राहु की भांति इस ग्रह का भी कोईआकाशीय स्थान नही हैं .पर इसकी महत्वता अपने आप मे हैं ही.

जब बात साधना क्षेत्र की हो तो हमें कोई ग्रह नही बल्कि सभी ग्रहों का अपना ही एक महत्व हैं इस बात को ह्रदय मे उतार लेना ही चाहिए ,यूँ तो किसी भी ग्रह को अपने अनुकूल बनाने के कई कई उपाय दिए होते हैं पर साधनात्मक रूप से किसी ग्रह का किसी विशेष वाधा या प्रतिकूलता हटा कर उसे अनुकूल बनाना या फिर किसी विशेष इच्छा हेतु उसका साधनात्मक विधान प्राप्त होना, सच मे अपने आप मे एक भाग्य का खेल ही कहना चाहिए, यूँ तो मानसिक चिंताए का पता लगाने के लिए कुंडली मे केतु की कई स्थिति से यदि अध्ययनकरने पर परिणाम बहुत उत्साहवर्धक पाए गए हैं.

हमने तंत्र कौमुदी के इस अंक मे कुछ ऐसी साधना आपके सामने रखी हैं या रखने का प्रयत्न कर रहे हैं जो साधनात्मक रूप से सभी के अनुकूल हो, जिसमे आपको किसी ज्योतिष के चक्क्कर काटने नही पड़ेंगे कि हमारा यह यह ग्रह कमजोर हैं बल्कि यदि आप इस साधना के लाभ लेना चाहते हैं तो आप बिना किसी हिचक के कोई भी प्रयोग कर सकते हैं फिर भले ही वह ग्रह आपकी कुंडली मे कैसा भी हो क्योंकि साधनात्मक रूप से जब जप कार्य कियाजाता हैं, तब सबंधित ग्रह की अनुकूलता प्राप्त होती हैं और जिस संकल्प के लिए जप किया जा रहा हैं उसमे पूरी अनुकूलता प्राप्त होती हैं.

आज जिस तरह से आकर्षक बनने के लिए ,रासायनिक पदार्थों से निर्मित जो भी क्रीम या पेस्ट आ रहे हैं वह तात्कालिक परिवर्तन भले ही कुछ दिखा दें पर दीर्घ काल मे उनके परिणाम बहुत ही हानिकारक होते हैं.और जिस तरह से हर चीज जो आज बाजार मे प्राप्त हो रही हैं वह लगभग सभी की सभी किसी न किसी तरह से मिलावट युक्त हैं या रासायनिक पदार्थो के प्रयोग से बनी या फिर हमारे जन्म से ही कुछ चर्म रोग किसी कारण वश हो गए हो तो इस हेतु इस साधना को जिसे "रौद्र केतु साधना" भी कहा गया हैं उसे करके लाभ प्राप्त करना ही चाहिye.

इसलिए समस्त प्रतिकूलता की समाप्ति तथा चर्मरोगों की निवृति के लिए केतु कीसाधना की जाती है.

यह साधना शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन से करनी चाहिए, इस साधना को प्रारंभ करने का समय रात्रि काल में 9 बजे के बाद का रहे.साधक सर्व प्रथान स्नान आदि से निवृत हो कर सफ़ेद वस्त्रों को धारण करे तथा सफ़ेद आसन पर उत्तर दिशा की तरफ मुख कर बैठ जाए,

सदगुरुदेव पूजन,भगवान गणेश पूजन और फिर इस साधना के लिए सीधे हाथ मे जल ले कर संकल्प ले फिर एक माला कम से गुरू मंत्र का जप जरुर करें.यह आवश्यक हैं क्योंकि साधना मे सफलता पाने के लिए सदगुरुदेव जी का वरद हस्त होना परम आवश्यक तथ्य हैं .

साधक अपने सामने केतु का यन्त्र या चित्र को बाजोट पर सफ़ेद वस्त्र बिछा कर उस पर स्थापित करे. तथा उसका पूजन करे.

उसके बाद साधक सफ़ेद हकीक माला से या रुद्राक्ष माला से निम्न मंत्र का 51 माला जप करे.

ॐ स्रौं कें रोद्रकेतवे कें स्रौं फट्

(OM SRAUM KEM RODRAKETAVE KEM STRAUM PHAT)

इसके बाद पुनः सदगुरुदेव पूजन, कम से कम एक माला गुरू मंत्र जप और जप समर्पण जरुर करे.

यह क्रम साधक को ३ दिन करना है. ३ दिन के बाद साधक माला को विसर्जित कर दे.

इस तरह यह प्रयोग सम्पन्न होता हैं यह निश्चित हैं कि साधक को इस साधना से चर्म रोग आदि मे लाभ मिलता हैं पर यह कहीं उचित होगा कि इस प्रयोग को बार बार करना ही चाहिए .और यह नही हो तो हर दिन कम से कम दैनिक पूजन मे तो कुछ मंत्र जप जरुर करना चाहिए.

==

Raudr Ketu Sadhana

“Kundali Darpan” one of the sadgurudev’s amazing work, it is well defined that whatever sudden incidents or accidents happens in the life of the person, two planets are more responsible for this, one is Rahu and second is Ketu.Generally Ketu is not given much importance in the normal astrology but this planet also filled with many secret mysteries in itself like other planets and today, majority of the books which are available in the markets does not provide particular or special knowledge regarding this planet. Like Rahu, this planet also does not own aerial position but that does not make its important lesser.

When subject is about sadhana, one should establish this thought in mind that not one but every planet owns their own importance. There may be many processes to make specific planet favorable but from the sadhana point of view it could be fortune to have specific process related to specific planet to remove some specific trouble or perversity.

Vyaapaar aur buddhi me unnati hetu -budh sadhana

जीवन के लिए अति आवश्यक अद्भुत गोपनीय साधना

जीवन मे बुद्धि या प्रज्ञा या शिक्षा का महत्व कम नही समझा जा सकता हैं,और एक व्यक्ति किस स्तर तक उन्नति कर सकता हैं इसके लिए उसकी प्रज्ञा या बुद्धि कितनी विकसित हैं या हो सकती हैं इन बातों का निर्धारण करने के लिए एक ज्योतिष कुंडली मे अन्य बातों के साथ बुध ग्रह का विशेष रूप से अध्ययन करता हैं.

एक तरफ जहाँ यह ग्रह बुद्धि का प्रतीक हैं वहीँ दूसरी ओर ये व्यापार मेकितना सफल एक व्यक्ति हो सकता हैं, इन बातों के निर्धारण मे इसी ग्रह की प्रमुख भूमिका होती हैं,वेसे भी आज का आधुनिक युग मे बुद्धि की खासकर त्वरित बुद्धि और उच्च शिक्षा होने के लाभ से कोई भी इनकार नही कर सकता हैं.

पर यह प्रकृति का वरदान तो हर किसी को प्राप्त होने के बाद भी, प्राप्त नही होता हैं और इसके लिए ज्योतिष एक व्यक्ति को तरह तरह के समयानुकूल सलाह देते हैं ही.पर हर उपाय के कुछ धनात्मक यदि तथ्य हैं तो कुछ ऋणात्मक तथ्य भी हैं, इन प्रतिकूल तथ्यों को ज्योतिष छुपा लेते हैं.

पर साधना क्षेत्र मे ऐसा नही हैं हम सभी महाकवि कालिदास की कहानी से भली भाँती परिचित हैं की किस तरह एक निरक्षर व्यक्ति के जीवन मे एक साधना ने क्या परिवर्तन कर डाला ,ठीक इसी तरह इस ग्रह की साधना हैं ही इतनी आश्चर्यकारक अगर व्यक्ति इस साधना के प्रति विश्वास रखकर करें,और साधना को कोई चमत्कार दिखाने की अपेक्षा जीवन मे आमूल चूल परिवर्तन करने का मानस बना कर करे या किया जाए तो क्यों नही अपेक्षित परिणाम साधक या साधिका को प्राप्त होंगे .इस साधना को किसी भी बालक या बालिका के नाम से भी संकल्पित करके किया जा सकता हैं जिससे उनमे और भी अधिक बुद्धि तत्व की प्रबलता हो.

क्योंकि आज बिना उच्च शिक्षा प्राप्त किये बिना एक सफल जीवन की कल्पना करना पर इसके साथ जो इतने प्रतियोगी परिक्षाओ को पास करना होता हैं तब बिना बुद्धि तत्व या कुशाग्रता के कैसे संभव होगा उनमे सफल होना .

और जब साधना का सहारा लिया जाए, जीवन की प्रतिकूलताओ को दूर करने मे, तब बुद्धि तत्त्व की उपयोगिता तो हमेशा रहेगी .क्योंकि प्रतिकूलता जब हमारे सामने आती हैं तब उनसे कैसे निपटा जाए या उनका हल कैसे निकालना हैं उस समय सबसे जयादा बुद्धि तत्व की भूमिका सामने आती हैं.

यह साधना किसी भी बुधवार से शुरू की जा सकती है इस साधना को प्रारम्भ करने का समय रात्रि काल में १० बजे के बाद का रहे.

साधक स्नान आदि से निवृत हो कर उत्तर दिशा की तरफ मुख कर बैठ जाए साधक के वस्त्र तथा आसन पीले रंग के रहे.

सदगुरुदेव पूजन,भगवान गणेश पूजन और फिर इस साधना के लिए सीधे हाथ मे जल ले कर संकल्प ले फिर एक माला कम से गुरू मंत्र का जप जरुर करें.यह आवश्यक हैं क्योंकि साधना मे सफलता पाने के लिए सदगुरुदेव जी का वरद हस्त होना परम आवश्यक तथ्य हैं .

अपने सामने साधक बुध ग्रह का यन्त्र या चित्र बाजोट पर पीला वस्त्र बिछा कर उस पर स्थापित करे. तथा उसका पूजन करे.

उसके बाद साधक निम्न मंत्र की २१ माला जाप करे. यह जाप साधक नवग्रह माला से या रुद्राक्ष माला से कर सकता है.

ॐ ब्रां बुं बुधाय फट्

(OM BRAAM BRUM BUDHAAY PHAT)

इसके बाद पुनः सदगुरुदेव पूजन,कम से कम एक माला गुरू मंत्र जप और जप समर्पण जरूर करे .

साधक को यह क्रम 5 दिन तक करना चाहिए. साधना समाप्ति पर माला को विसर्जित कर दे.

इस साधना को तो हर व्यक्ति को अपने जीवन मे स्थान देना ही चाहिए ही .क्योंकि यह बुद्धि तत्व हैं जो व्यक्ति के जीवन को किस ओर ले जाना हैं यह निर्धारित करती हैं .अतः इस बात को हलके मे नही बल्कि बहुत गंभीरता से लेना चाहिए ,साथ ही साथ व्यापार वर्ग से सबधित व्यक्ति के लिए तो यह वरदान स्वरुप हैं वह अगर इस साधना के महत्व हो समझे तो .इस तरह साधना जीवन के हर क्षेत्र के लिए एक उपाय रखता हैं ही .अब यह साधक पर निर्भर हैं कि वह किस रास्ते को चुनता हैं.

===

Budh Sadhana

in the life time, one cannot even imagine to count less importance of the wit, intelligence, or education and astrologer especially study planet Budh in the kundali with other aspects to understand about the margin of progress of the person and how much wit is developed and will be developed for the same.

One side, this planet is symbol of the intelligence; on the other hand how much success one may have in the business could also be calculated, to understand this fact, big role remains of budh planet, thus, in today's time no one can deny importance of the wit and higher education benefits.

But this boon of the nature is though given to all but not available to all and for this reason, astrologers provides various solutions time to time. But solutions though own positive facts then on other side there is also negative facts too and these negative aspects are made hidden.

Utsaah aUr Umang hetU mangal grah sadhana

जीवन मे उत्साह उमंग के साथ स्वस्थ शरीर प्राप्ति हेतु अद्भुत साधना

मंगल साधना

नव ग्रहों मे मंगल को युवराज की संज्ञा मिली हुयी हैं पर इस ग्रह का देखा जाए तो जीवन मे बहुत ज्यादा ही महत्त्व हैं एक तरफ जहाँ यह उत्साह और धैर्य का प्रतीक हैं वहीँ दूसरी ओर लड़ने या लडाकू प्रवृत्ति का भी प्रतीक हैं यह शस्त्र का भी प्रतिनिधित्व करता हैं .

इस ग्रह की अपनी ही एक विशेषता हैं, जन्म कुंडली मे यदि यह ग्रह जितना ज्यादा कमजोर होगा उतना ही दुर्भाग्य का प्रतीक हैं ऐसे व्यक्ति पर शस्त्राघात हो सकता हैं या स्व आत्माघात भी वह कर सकता हैं कारण वह बिलकुल भी धैर्य शाली नही होगा ,वहीँ दूसरी ओर कुंडली मे इसकी अच्छी स्थिति इस बात का प्रतीक है

व्यक्ति उत्साह से भरपूर ओर धैर्य शाली भी होगा संतुलित विचार वाला भी होगा.पर इसका अत्याधिक शक्तिशाली होना इस बात की निश्चितता हैं कि व्यक्ति का गंभीर रुझान आध्यात्म की ओर होगा.

उत्साह उमंगता होना तो जीवन को सरस और उच्चता की ओर ले जाने के लिए एक आवश्यक तत्व हैं. इसके बिना जीवन क्या मानो एक ठूंठ सा.

यह ग्रह जब शुक्र ग्रह के संयुक्त हो जाए तब तो व्यक्ति की परवरिश बहुत ही सात्विक वातावरण मे करना चाहिए क्योंकि शुक्र और मंगल का योग अनेको बार बहुत विनाशकारी परिणाम भी ला सकता हैं अगर अन्य सभीतथ्य सहयोग न कर रहे हो और दशम भाव भी कमजोर हो तो,

वहीँ तीसरी ओर यह ग्रह तार्किक क्षमता और अद्भुत तर्क शक्ति प्रदान करता हैं जिसका भी यह ग्रह शक्तिशाली होगा उसकी वाक् क्षमता भी अद्भुत होगी.और जीवन मे प्रतिकूलताए तो होंगी ही,क्योंकि जीवन हैं कि हर क्षण प्रतिकूलताओ से लड़ने का नाम हैं ,और देखा जाए तो क्या हम सभी हर पल अगली स्वास के लिए संघर्ष रत नही हैं?? , तो इस जीवन संग्राम मे हर हाल मे विजयी वही होगा जो हार न माने,हर हाल मे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर गतिशील करने के लिए जुटा रहे क्योंकि सफलता कुछ ऐसे का ही वरण करती हैं .

इस ग्रह की अनुकूलता अपने आप मे बहुत अर्थ रखती हैं क्योंकि यह लगातार लड़ने का गुण देता हैं यह धैर्य देता हैं और तर्क के साथ मंगल ग्रह एक बलिष्ठ शरीर भी प्रदान करता हैं एक सौष्ठव युक्त शरीर क्योंकि यह शरीर मे खून का भी प्रतीक हैं .

इस साधना को तो हर व्यक्ति को अपने जीवन का अंग बनाना ही चाहिए क्योंकि जीवन का प्रथम सुख तो निरोगी काया कही गयी हैं. तो इस ग्रह की साधना से अनुकूलता मिलना अपने आप मे सौभाग्य ही कहा जा सकता हैं .

साधक यह साधना किसी भी मंगलवार से शुरू कर सकता है साधना प्रारंभ करने का समय रात्री काल में १० बजे के बाद का ही उचित रहेगा .

साधक स्नान आदि से निवृत हो कर लाल वस्त्र धारण कर के लाल आसन पर उत्तर दिशा की तरफ मुख कर बैठे

अपने सामने बाजोट पर लाल वस्त्र बिछा कर उस पर मंगल यन्त्र या मंगल ग्रह का चित्र स्थापित कर उसका पूजन करे.

सदगुरुदेव पूजन,भगवान गणेश पूजन और फिर इस साधना के लिए सीधे हाथ मे जल ले कर संकल्प ले फिर एक माला कम से गुरू मंत्र का जप जरुर करें.यह आवश्यक हैं क्योंकि साधना मे सफलता पाने के लिए सदगुरुदेव जी का वरद हस्त होना परम आवश्यक तथ्य हैं .

उसके बाद मूंगा माला से या रुद्राक्ष माला से निम्न मंत्र की२१ माला जाप करे.

ॐ क्रां अं भोमाय अङ्गारकाय अं क्रां नमः

(OM KRAAM AM BHOMAAY ANGAARAKAAY AM KRAAM NAMAH)

इसके बाद पुनः सदगुरुदेव पूजन कम से कम एक माला गुरू मंत्र जप और जप समर्पण जरुर करे

साधक को यह क्रम 5 दिन तक रखना चाहिए. साधना समाप्ति पर साधक माला को विसर्जित कर दे.

इस तरह यह सरल पर तीव्र प्रभाव दायक प्रयोग सम्पन्न होता हैं .जो आपके जीवन की अनेको न्युनताये समाप्त कर देता हैं.

==

Mangal Sadhana

In nine planet, Planet Mangal is titled as prince but when we see about this planet, it contain big importance in the life. On one side it is symbol of enthusiasm and patience and on other hand it is also symbol of the fight and fighting nature. This also represents weapons.

This planet have its own specialty, in the birth chart this planet would represent misfortune as much amount it is weak. Such people can suffer from the wounds of weapons or one may even attempt self destruction; reason is completely clear that person would not be having patience. On other hand, good position in birth chart is symbol of enthusiasm and patience with controlled thoughts. But if this planet is very strong that fact denotes that person will be having serious interest in spirituality.

Enthusiasm and rapture are important aspects to lead life of the person toward stability and superiority without which life of the person becomes non interesting.

When this planet is accompanied with Shukra planet at that time person's ward should be done in righteous atmosphere because many time Sukra and Mangal together position causes various destructive results when other positions does not cooperate and tenth position (dasham bhav) is also weak.

sarv siddhi prad navgrah sadhana.

नव ग्रह की अनुकूलता हेतु अद्भुत गोपनीय साधना

एक संतुलित जीवन मे सारे रंग उचित अनुपात मे होते हैं और एक भी रंग या भाव न हो तो वह संतुलित जीवन नही कहा जा सकता हैं.ठीक इसी तरह कुंडली मे भी जो जो ग्रह रहते हैं वह अनेको कारण से, जन्म के हिसाब से या गोचर के हिसाब से या दशा महादशा के हिसाब से ही कोई न कोई ग्रह अशुभ परिणाम देता ही रहता हैं पर एक साथ सारे ग्रह की साधना क्या उचित हैं??? क्यों नही .

अनेको बार कुंडली मे ऐसी ग्रह स्थिति होती हैं जब कई कई ग्रह कमजोर स्थिति मे होते हैं तब ,या कई बार समय की कमी होने पर अलग अलग किस ग्रह की साधना की जाए यह व्यक्ति निर्णय नही कर पाता उस अवस्था मे नवग्रह की एक साथ साधना का अपना ही एक महत्त्व हैं .

पर नवग्रह साधना से अन्य ग्रहो की मतलब एक एक साधना को कम नही आंका जाना चाहिए क्योंकि इस समय साधना ऊर्जा सभी ग्रह शक्तियों मे बराबर बिभाजित हो जाते हैं पर एक एक ग्रह साधना मे हम अपने इच्छा परया किसी विशेष लाभ पर कहीं ज्यदा ध्यान एकाग्र कर सकते हैं.

जब बात साधना की हो ...साथ मे कोई भी व्यक्तिगत समस्या न हो बस साधना मे सफलता चाहिए यही एक मात्र लक्ष्य हो तब एक एक ग्रह कि अपेक्षा सारे ग्रहों की साधना एक साथ इस नवग्रह साधना के रूप मे कर लेना चाहिए. इस बात को भी ध्यान रखना चाहिए के इन्हें बस एक बार करके भूल जाने की साधना न मान ले बल्कि किसी साधना को प्रारंभ करने से पूर्ण अगर इस स्तर की नवग्रह साधना को एक दो बार यदि पूर्णता के साथ कर लिया जाए तो निश्चय ही सफलता कहीं ओर भी नजदीक होगी.

इस तरह से इन नवग्रह की साधना को या किसी भी ग्रह की अलग अलग साधना को भी, किसी साधना की सफलता से संयुक्त हुआ ही आप पाओगे क्योंकि एक अर्थ मे सारा विश्व एक सूत्र मे पिरोया हुआ हैं।इस बात को ध्यान मे रखने मे हर साधना और हर मंत्र से इन नव ग्रहो को सम्पर्कित पाओगे.

यह साधना तीव्र प्रभावकारी है तथा साधक सभी ग्रह का आकर्षण अपनी तरफ कर लेता है.

यह साधना से साधक के सभी ग्रह अनुकूल होते है तथा साधक के सभी दोष समाप्त होते है

यह साधना साधक रविवार से शुरू करे. समय दिन या रात्रि का कोई भी हो लेकिन रोज साधना का समय एक ही रहना चाहिए. दिशा उत्तर रहे.

साधक को स्नान आदि से निवृत हो कर अपने सामने किसी बाजोट सफ़ेद वस्त्र बिछा कर विशुद्ध पारद शिवलिंग स्थापित करे. विशुद्ध पारद शिवलिंग अगर साधक के पास उपलब्ध नहीं हो तो किसी भी प्रकार के शिवलिंग का प्रयोग कर सकता है. सम्पूर्ण फल की प्राप्ति के लिए विशुद्ध पारद शिवलिंग स्थापित करना उत्तम रहता है क्यों की मूलतः यह आकर्षण साधना है तथा विशुद्ध पारद जितनी आकर्षण क्षमता किसी और तत्व में नहीं होती.

सदगुरुदेव पूजन,भगवान गणेश पूजन और फिर इस साधना के लिए सीधे हाथ मे जल ले कर संकल्प ले फिर एक माला कम से गुरू मंत्र का जप जरुर करें.यह आवश्यक हैं क्योंकि साधना मे सफलता पाने के लिए सदगुरुदेव जी का वरद हस्त होना परम आवश्यक तथ्य हैं.

साधक शिवलिंग का पूजन करे इसके बाद साधक उसके पास चावल से ९ ढेरी बनाये तथा हर एक ढेरी पर एक सुपारी को रखे. तथा इन्ही को ९ ग्रहों का प्रतीक मान कर उसका पूजन करे. इसके बाद साधक नवग्रह माला से या रुद्राक्ष माला से निम्न मंत्र का ९ माला जाप करे.

ॐ जुं ह्रां श्रां क्रां ब्रां ग्रां द्रां प्रां भ्रां स्रां जुं फट्

(OM JUM HRAAM SHRAAM KRAAM BRAAM GRAAM DRAAM PRAAM BHRAAM SRAAM JUM PHAT)

इसके बाद पुनः सदगुरुदेव पूजन,कम से कम एक माला गुरू मंत्र जप और जप समर्पण जरुर करे.

यह क्रम साधक को ९ दिन तक करना चाहिए. इसके बाद साधक शिवलिंग को पूजा स्थान में स्थापित कर दे माला तथा सुपारी और चावल को उसी वस्त्र में पोटली बना कर नदी, समुद्र या तालाब में विसर्जित कर दे

इस तरह से यह दुर्लभ और सरल विधान आपके सामने हैं.समय समय पर इन साधनाओ को करते रहना चाहिए ताकि जीवन मे एक निश्चिंतता बनी रह सके.और व्यर्थ मे हमारी उर्जा ,उन प्रतिकूलताओ से सिर्फ लड़ते रहने मे नष्ट न होती रहे बल्कि हम भी श्रेष्ठ रचनात्मक कार्य करते रह सकें.

===

Nav Grah Sadhana

In the balanced life all the colours remains in the proper amount and if one aspect or feel is not balanced then it could not be termed as life. Same way, all planets in kundali or birth chart with many reasons, by birth or with position or with Dasha MahaDasha may give inauspicious results but when sadhana of all planets if done all together then? Why not!

Many times in birth chart such position of the planets take place that many planets all together are seems weak, or many time because of short running of the time, it becomes difficult to understand which sadhana of which planet should be done separately, in such situation, sadhana of Nav Grah together is very important.

But with this fact too, sadhana related to specific planets could not be taken lightly because this time sadhana energy will be divided equally in all the planet powers while in specific planet sadhana we can concentrate more on our wishes or specific benefits.

रोग की निवृति के लिए सरल साधनाए जैन धर्म से

Rog nivRiti ki saRl sadhnaye jain dhaRm se

णमो अरिहंताणं
णमो सिद्धाणं
णमो आयरियाणं
णमो उवज्झायाणं
णमो लोएसव्वसाहूणं

जैन धर्म से -अद्भुत सरल साधनाए

.

शास्त्रों मे पहला सुख निरोगी काया बताया गया हैं, सारे सुख हो पर व्यक्ति का स्व शरीर ही स्वस्थ न हो तो सब कुछ होते हुये भी सब बेकार हैं.पर आज तो घर घर मे नही बल्कि यह कहा जाए कि हर व्यक्ति ही रोगी हीं तो कहीं कुछ ज्यादा सही होगा ,आयुर्वेद मे स्वस्थ की परिभाषा मे यही कह गया हैं कि वह जो अपने आप मे स्थित हो वही स्वस्थ हैं .

इसलिए यह मान ही लिया जाए कि हर व्यक्ति किसी न किसी रोग से ग्रस्त हैं ही .और हर व्यक्ति इन रोगों से बचने के लिए हाथ पैर मारता ही हैं .साधनात्मक उपाय भी बहुत आज प्राप्त हैं ,यदि अवस्था बहुत आधिक सोचनीय न हो तो इन उपायों पर ध्यान देना ही चाहिए.

पूज्य पाद सद गुरुदेव जी ने मंत्र तंत्र यन्त्र विज्ञां मे एक बार जैन धर्म से सबधित पांच महामंत्र जिन्हें नमोकार महा मंत्र कहा जाता हैं से सबंधित साधना एक साधक के अनुभव के साथ प्रकाशित कराई हुयी थी.उन साधक ने क्यों और कैसे इस साधना मे इस महामंत्र की साधनामे सफलता मिल ही जाए इसके लिए कुछ स्वानुभूत बाते बताई .(जिसके माध्यम से उन्होने मृत्यु को भी पीछे धकेल दिया था)और उन्होंने कहा भी कि जब तक इन बातों को सच मे अपने जीवन मे पूरी तरह से उतार न लिया जाए सफलता कम से कम इन महामंत्रो से जितनी मिलनी चहिये वहसम्भव नही हैं .

उन्होने स्पस्ट किया की जैन धर्म का आधार भूत स्तंभ दया हैं वह भी सम्पूर्ण प्राणी मात्र से हैं अतःजब भी इन प्रयोगों को करना हो तो संसार के समस्त ज्ञात अज्ञात जीव धारियों से अपने जाने अनजाने मे हुयी गलतियें और अपराधों के लिए क्षमा मांग लेना चाहिये यह क्षमा हृदय से होना चाहिए न की केबल शब्दों से ,और जीवन मे पवित्रता का भान होना ही चाहिए ही.

सबसे पहला प्रयोग तो यही की इसके बाद आप नमोकार महामंत्र का जप करें और पूरी तल्लीनता के साथ,जितना आप को समय मिले ,साथ ही साथ मान मे यह भाव लगातार रखा जाए कि अब मेरे मन मे किसी के प्रति कोई दुर्भाव या द्वेष नही हैं. बिना इस बात को हृदय मे उतारे आप कितना भी मंत्र जप करेंगे वह उतना असर नही देगा ,जितना की आपकी इच्छा हैं .

आप कुछ ही दिन के अंदर देखेंगे की किस तरह आपका शरीर और भी स्वस्थ हो गया.

दूसरा प्रयोग : संसार के समस्त जीव धारियों से क्षमा याचना करने के बाद अब हम रोज स्नान करके इन मंत्रो का मात्र १०८ बार उच्चारण करें . और आप स्वयम परिणाम देखेंगे कि किस तरह आपका शारीर स्वस्थ होता जा रहा हैं .

मंत्र:

ॐ णमो आमि सहि पत्ता ण म्

ॐ णमो खे लो सहि पत्ता ण म्

ॐ णमो ज लो सहि पत्ता ण म्

ॐ णमो सव्वो सहि पत्ता ण म् स्वाहा ||

खासकर जो भी मंत्र जो रोग आदि के निवारण के लिए हो तो सबंधित सभी बातें मतलब जप आदि व्यक्ति को स्वयं ही करना चाहिए जब तक आपका शरीर चल रहा हो तो मतलब मंत्र जप आदि मे आपको कोई समस्या न हो.

यह सरल साधनाए हैं पर यह तो व्यक्ति के देखने पर ही निर्भर करता हैं .

sarp bhay se mukti hetu sadhana

सर्प भय से मुक्ति हेतु अत्यंत सरल विधान

यह तो सुविज्ञात तथ्य हैं कि कोई भी जानवर सामान्यतः आप पर जब तक हमला नही करता हैं जब तक की आप उसके प्रति कुछ सुरक्षात्मक या हमला करने की भावना न लिए हो या उसे आप से कोई खतरा न महसूस हो रहा हो,

जिन्हें जंगल मे जाना पड़ता हैं उन्हें सर्प आदि से सामना करना ही पड़ता हैं, और वानस्पतिक तंत्र मे और तंत्र जगत मे अनेको ऐसी साधनाए हैं जैसे पर्वत साधना, वन दुर्गा साधना जिनको सम्पन्न करने के बाद साधक या साधिका को कोई भी समस्या नही आती हैं पर जब बात हमारे घर परिवार कि हो तो खासकर वर्षा ऋतू मे कभीकभी सर्प आदि का भय बहुत बढ़ जाता हैं. तब कैसे इनसे बचे.

एक सामान्य सा उपाय तो यह हैं जो अनेको को ज्ञात हैं कि "मुनिराज आस्तिक नमः" इस मंत्र को हमने घर के दरवाजे के बाहर तरफ लिख दिया जाए तो भी सुरक्षा बनी रहती हैं.अगर घर के अंदर सर्प का प्रवेश हो गया होतो कुछ धूप आदि उसी कमरे मे जला दे और इसी मंत्र का जप करले.दरवाजा आदि खुला छोड़ दे कुछ देर मे सर्प स्वयं ही वहां से भाग जाएगा .

सर्प आदि के भय से बचने के लिए बहुत सारे विधान सामन्यतः मिल जाते हैं और लगभग सभी का कुछ न कुछ प्रभाव रहता ही हैं .

ऐसा ही एक सरल सा विधान तो कई कई आचार्यो और तंत्र विज्ञों द्वारा प्रशंशित हैं.हालाकि यह साबर मंत्र हैं और इसका उपयोग अपनी सुरक्षा के लिए ही किया जाता हैं

मंत्र:

बाबा फरीद की कामरी अब अन्धयारी निश , तीन चीज बांधू नाहर चोर विष

इस मंत्र को पढते जाए और चारो ओर सरसों फेंकते जाए.

सर्प वहां से भाग जायेगा.

एक ओर सरल सा प्रयोग बहुत प्रशंशित रहा हैं

वह यह की रात मे सोते समय मात्र एक बार पढकर तीन बार हाथ से ताली बजा दें

सर्पासर्प भ्रद्र ते ,दुरं गच्छ महा विष

जनमेजय यज्ञान्ते, आस्तिकं वचनं स्मर.

आस्तिकस्य वचं स्मृत्वा ,य: सर्पो न निवर्तते

सप्तधा भिद्यते मुर्धीन ,शिश वृक्ष फलं यथा

==

VERY EASY VIDHAAN TO GET RID OF FEAR FROM SNAKES

It is well-known fact that generally, no animal attack you until and unless you have defensive or attacking feeling towards him or that animal is feeling danger from your side.

Bichhchhu ke jahar se Bachne hetu

बिछ्छू आदि विषैले जीव के काटने पर विष उतारने हेतु

सर्प और बिछ्छु आदि का जहर उतारने वाले लगभग हर जगह मिल जाते हैं वहीँ दूसरी ओर आज उच्च शिक्षित व्यक्ति इन सब को संदेह की दृष्टी से देखता हैं और विश्वास करने को तैयार् ही नही होता हैं. पर मंत्र शास्त्र किसी के विश्वास आदि पर टिका नही हैं. पर जब इनके द्वारा रोगी को ठीक होते देखता हैं तब वह भी आश्चर्य चकित हो ही जाता हैं .

अब हर प्रयोग के लिए लाख या सवा लाख मंत्र जप करना अनिवार्य नही हीं हैं और ऐसे प्रयोग हैं जो बहुत ही कम मात्रा मे जप करने पर और किसी भी पर्व आदि पर थोडा बहुत हवन करने स्वत: सिद्ध हो जाते हैं .

और कुछ मंत्र तो स्वयम सिद्ध की श्रेणी मे होते हैं जिन्हें सिर्फ प्रयोग करना ही शेष रहता हैं.औरएक ऐसा ही स्वयं सिद्ध मंत्र आपके लिए... बिच्छु के डंक मारने का दर्द बहुत तीव्र होता हैं उस समय अगर ऐसे कुछ उपाय अपनाए जाए तो रोगों को बहुत राहत हो जाती हैं .

हाँ जब भी सर्प काटने या बिच्छू के डंक मारने की बात आये तो चिकित्सीय सहायता पहले देखना चहियेउसमे कोई भी कमी नही करना चाहिए, हाँ जब तक वह संभव नही हो पा रहा हो तब तक पुरे विश्वास के साथ इन उपायों को अपना कर लाभ पाया जा सकता हैं .

याहं पर जो मंत्र दिया जा रहा हैं वह भी अनेको विद्वानों का परीक्षित और प्रशंशित हैं

मंत्र:

जे संदेह लेह आवे ,तेहि पानी परोरि पियाई देव

कायो पाए शिर मानिक रामुप मोडो ,मरि जासी अन बांधनो

पानी पीवै बाँधी उतरि जसि .

इस मंत्र को पढते जाए और सात बार जहाँ बिच्छू ने काटा हैं उस जगह पर हाथ फेर दें,उसका विष उतर जायेगा .

===

FOR REMOVING THE POISON OF POISNOUS CREATURES LIKE SCORPION

One can find persons everywhere who can remove poison from bites of snakes and scorpion etc. On the other hand, highly educated person see all this with suspicion and is not willing to believe it.But mantra shastra does not rest on anybody's trust. However when he sees diseased person getting cured by it, he is also amazed.

Now for every prayog 1 lakh or 1.25 lakh mantra chanting is not necessary. There are such prayogs which can be accomplished automatically by chanting them in very small number and doing little bit hawan on any festival.

SWARN RAHSYAM -12

वाम-तंत्र में रक्त बिंदु और श्वेत बिंदु को सम्मिलित कर कई अद्भुत शक्तियों को प्राप्त किया जा सकता है पर ये भी सत्य है की ये साधनाएं अत्यंत ही गुप्त हैं और गुरुगम्य ही रखी गयी हैं.

ऐसा क्यों भला?????????????? मैंने पूछा............

क्यूंकि लोगो को वाम-तंत्र की सही परिभाषा ही नहीं पता है तो ऐसे में वे उन गोपनीय साधनाओ को कैसे जाने के अधिकारी हो सकते हैं .... वाम मांर्ग का नाम आते ही ऐसे नाक सिकोड़ते हैं जैसे किसी घृणित वस्तु को देख या छू लिया हो . जबकि वाम मार्ग का मतलब ही है शक्ति प्राप्ति का मार्ग .

हाँ इस मार्ग में दासत्व का भाव निषेध है, ये मार्ग तंत्र शास्त्र में सिंह मार्ग भी कहलाता है. सम्मान, ऐश्वर्य , निर्जरा देह और अनंत शक्तियां सहज ही तो प्राप्त हो जाती हैं इस मार्ग का अनुसरण करने से .

मैंने कहा की क्या ये मार्ग सामान्य साधकों के लिए नहीं है ???????????

नहीं ......बिलकुल नहीं .... क्योंकि जिसका अपने चित्त पर नियंत्रण ही न हो ....जिसमे पौरुषता का आभाव हो वो कदापि इस मार्ग पर नहीं चल सकता .

सामान्य व्यक्ति बिंदु स्खलन को चरम सुख या आनंद प्राप्ति का कारण मानता है, पर सिंह मार्ग का साधक बिंदुउत्थान को चरम सुख ही नहीं अपितु परमानन्द का कारक मानता है. इस मार्ग पर एक ही उक्ति का अनुसरण करना होता है की " जो भी करो पूर्ण विवेक के साथ करो" आप खुद ही सोचो की सहवास तो हो रहा है पर स्खलन ध्येय ही नहीं है . बल्कि उस उर्जा योग के द्वारा अपने सप्त शरीर को पूर्ण चैतन्य बना लिया जाता है. क्या ये सामान्य साधक के लिए सहज है!!!!!!!!!!!!!!!!!!!!!!

और आपको क्या लगता है की कीमिया क्या है?????? उन्होंने पूछा .

फिर स्वयं ही उत्तर देते हुए कहने लगे की सदगुरुदेव ने इस रहस्य को बहुत ही सूक्ष्मता के साथ स्पष्ट करते हुए बताया था की" **कीमिया का अर्थ निम्न धातुओं को उच्च या मूल्यवान धातुओं में परिवर्तन मात्र नहीं है ना ही शरीर को निर्जरा या रोगमुक्त करना कीमिया कहलाता है .... ये परिभाषाएं ही गलत हैं . नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा में पूरी तरह परिवर्तित कर देना ही कीमिया कहलाता है". क्योंकि जब नकारात्मक का पूर्णरूपेण परिवर्तन सकारात्मक में हो जाता है तो जो बचता है हमेशा वो बहुमूल्य ही होता है.**

लोग बरसो बरस लगा देते हैं स्वर्ण का निर्माण करने में या ताम्बे, चांदी, सीसे, रंगे ,पारद को स्वर्ण में परिवर्तित कर देने में ..... पर क्या वे ये जानते हैं की इस क्रिया के मूल में कौन सा रहस्य कार्य करता है . नहीं वे ये नहीं जानते हैं , यदि वे जानते होते तो उनका नाम भी उन सिद्धों में सामिल होता जिन्होंने पारद या रस का अनुसन्धान या साधना कर परम पद को पा लिया है.

जिस रहस्य की कड़ियाँ मेरे सामने खुल रही थी उन्हें समेटते हुए मैंने अपनी जिज्ञासा उन महानुभाव के सामने रखी की 'वो क्या रहस्य है जो धात्विक या आंतरिक कीमिया के मूल में है, जिससे सृजन की क्रिया संपन्न होती है'.

सूक्ष्मता के साथ जब हम पदार्थों या आत्मिक शक्तियों का अवलोकन कर उनमे छुपी हुयी सकारात्मक ऊर्जा को पहचान कर उनके सदुपयोग की कला का विकास कर लेना ही कीमिया के गूढ़ रहस्य है जब ऐसी योग्यता हम प्राप्त कर लेते हैं , तब हमें ये सहज ही ज्ञात हो जाता है की किस पदार्थ या तत्व का कब और कैसे कहाँ पर प्रयोग करना है. मैंने कहा ना की विवेक पूर्ण किया गया कार्य ही यश और ऐश्वर्य की प्राप्ति कराता है . सिद्धि ऐसे ही व्यक्ति या साधक की अनुगामी होती है .

बगैर गुरु या शास्त्र का आश्रय लिए जो भी इस मार्ग पर बढ़ता है वो असफल ही होता है .....मार्गदर्शन में किया गया सतत अभ्यास सफलता देता ही है . मैं धातुवाद के लिए यहाँ कुछ बातें बताना चाहूँगा की...

(एक लेख में उन रहस्यों का वर्णन अत्यधिक दुष्कर कार्य है, और उन सूत्रों को टुकड़ों में देना लेख के साथ अन्याय भीहोगा .अतः अगली कड़ी में रक्त बिंदु, श्वेत बिंदु द्वारा धातुपरिवर्तन के जो सूत्र मुझे महानुभाव द्वारा बताये गए थे उनका स्पष्टीकरण आपके समक्ष मैं शीघ्र ही करूँगा ताकि .आप स्वयं ही देखें की सिद्धाश्रम परंपरा प्रदान कर सदगुरुदेव ने अनमोल कृपा वृष्टि हम सभी पकी है. कितनी उदारता से उन्होंने सभी कुछ तो हमारे समक्ष रख दिया , अब हम उनका लाभ न ले पाए तो दोषी कौन है??????????)

==

By including Rakt bindu and shwet bindu in the Waam Tantra so many wonderful powers can be achieved.But this is also true that these Sadhnas are very secretful and Gurugamya (under guru's guidence)

So I asked… Why is it like that??

Because rightfully people are not eligible to know about it as they don't know the exact definition of Waam Tantra.By mere pronouncing the name or instigating it they wring their nose like anything as they have touched something bad thing. As long as I know it is considered as the exact way of achieving power.

Yaa but on this path the servitude is completely banned i.e. prohibittted. Is also has been known as the Path of Lion (Sinha marg) in tantra. Respect, Wealth, indistinguishable body & infinite power is easily availble on this Path..

Did I said that this path is not for common sadhaks????

Yes of course not…because one who cannot control his consious & lack the maniless in him cant step forward on this path.

A common person assumes the ultimate happiness in stumbling(bindu skhalan). But on sinha marg sadhak feels n realize the ultimate happiness in reinvigoration i.e. raising up(Bindu Utthan).

सरल मानसिक जप युक्त लक्ष्मी साधना

EFFECTIVE SARAL mansik jap yukt LAKSHMI PRAYOG

धन धान्य प्रदाता लक्ष्मी प्रयोग अब इसे एक बार तो करके देखिये

न केबल आधुनिक युग मे बल्कि प्राचीन काल मे भी लक्ष्मी तत्व की महत्वता रही ही हैं और हमारे प्राचीन ग्रंथ इस बात से ,अनेको उद्धरणों से भरे पड़े हैं.जीवन के आवश्यक चार पुरुषार्थ मे से इसका स्थान दूसरा हैं .यही इसकी महत्वता को प्रदर्शित करता हैं .

हमारे द्वारा आपके सामने अनेको साधनाए सामने प्रस्तुत किये जाते हैं जिनमे से अनेको अति सरल भी हैं और हमने आपके सामने कई कई लक्ष्मी साधनाए भी रखी हैं. इस बार इस दुर्लभ साधना को भी रख रहे हैं , सदगुरुदेव जी ने कहा हैं कि बीज मंत्रो की अपनी ही एक शक्ति होती हैं.

क्योंकि मंत्रो के साधरणतः निर्माण मे कोई न कोई बीज मंत्र का उपयोग हुआ ही रहता हैं .इसलिए बीज मंत्र को कभी भी कम करके नही देखा जाना चाहिए .क्योंकि एक छोटे से बीज मे एक पूरा विशाल वृक्ष छिपा रहता हैं .

इस बार हम आपके सामने जिस साधना विधान को रख रहे हैं उसके बारे मे सदगुरुदेव जी लिखते हैं कि इसका चलते फिरते मानसिक जप किया जाना हैं और और ऐसा करते रहने से कुछ समय मे ही आप इस मंत्र की अनुकूलता पाने लगते हैं .क्योंकि मानसिक जप करने पर शुद्धि अशुद्धि वाले नियमों का बंधन भी ढीला पद जाता हैं और आप पैदल चलते चलते उठते बैठते इस मंत्र का जप कर सकते हैं .

और वेसे भी हर साधक और साधिका को अगर वह गुरू साधना यदि लगातार कर रहा हैं तो साथ ही साथ लक्ष्मी मंत्र और गणेश मंत्र को भी दैनिक पूजा मे स्थान देना ही चाहिए .क्योंकि लक्ष्मी तत्व तो एक अनिवार्य अंग हैं इस जीवन को सुचारू रूप से गतिशील करने मे.

इस मंत्र के साथ कोई और विधान नही हीं हैं बस मानसिक रूप से जब समय मिले आपको इस मंत्र को करते रहना हैं और आप इस मंत्र जप के परिणाम से भी आश्चर्य चकित हो जायेंगे अगर आप सदगुरुदेव और इस मन्त्र और अपने प्रति पूर्ण विश्वास रखते हैं तो .

मंत्र:

==

Easy Mental Jap included Laxmi Sadhna

Not only in Modern era but also in ancient era **Laxmi Tatva** kept a different importance in itself. And in our ancient texts displays many examples of it. In four Manliness of life 'Arth' it is on second rank. This itself shows a great importance of it.

Many sadhnas are presented by us to you from which many process are easy and we have presented many laksmi Sadhnas also. This time we are presenting this rare sadhna infront of you. Sadgurudev ji said, Beej Mantras have their own power, because generally in formation of mantras any of beej mantra is used in creation. Therefore beej mantra should not be underestimated as this is also a known fact that a small beej i.e. seed contain a huge tree in it..

This time whatever sadhnas we have presented in front of you, about whom Sadgurudev said once, this mantra Jap could be done any time in and by continuous chanting you get compatibility of this mantra.

because mental chanting doesn't get affect by external pure impure factors. While walking, sitting roaming any time this mantra can be chanted.

And by the way each sadhak and Sadhika, who performs Guru Sadhna on daily basis, should include lakshmi mantra and Ganesh mantra along in daily worshipping also. As Lakshmi tatva is the most important part of smooth movement of materialistic life.

There is no other process along with this mantra. Just mentally whenever you can chant this mantra just do it and then you will get surprise from the results, only if you believe on Sadgurudev, yourself and towards this mantra.

Mantra – Shreem

अचूक टोटके-जिनका प्रभाव होता ही है

TOTKA - VIGYAN

इनको एक बहुत ही सरल साधना भी कहा जाता हैं .यह हर बार सफल होंगे ऐसा तो नही कहा जा सकता हैं पर सफलता का प्रतिशत बहुत अधिक रहा हैं फिर जीवन की हर् समस्या के लिए..हर बार बृहद बृहद साधनाए करना तो उचित सा नही दिखाई पड़ता तो ऐसे समय कई कई बार ये सरल से प्रयोग जिन्हें टोटके भी कहा जाता हैं बहुत असर दायक सफल रहे हैं तो..

1. भगवती लक्ष्मी के चित्र के सामने ९ बत्तियाओ वाला दिया/दीपक जलाये यह धन लाभ की स्थिति बनाता हैं .
2. जीवन मे कठिनाईयां यदि बहुत बढ़ गयी हो तो जिस पानी से आप स्नान कर रहे हो उसमे थोड़े से काले तिल डाल ले फिर स्नान करें अनुकूलता प्राप्त होगी .

3. जीवन की अनेको समस्याए जो लगातार सामने आती रहती हैं, उसके निराकरण के लिए व्यक्ति यहाँ वहां भागता रहता हैं पर यदि किसी भी अमावस्या को किसी भी गरीब व्यक्ति को भोजन कराएं और उसे वस्त्र और दक्षिणा दे तो उसके पितृ वर्ग प्रसन्न होते हैं और उनकी प्रसन्नता पाने से आपके जीवन के कार्य सफल होना प्रारंभ हो जायेंगे.

4. कुछ ऐसी ही स्थिति हम सभी के कुल देव या कुलदेवी के बारे मे हैं साधारणतः सिर्फ कुछ लोगों को छोड़ दें तो त्यौहार के अलावा उनकी याद भी कोई नही करता ,पर किसी भी काम पर जाने से पहले यदि विधिवत उनकी पूजन हो तो क्यों नही उनका आशीर्वाद आपकी सफलता का मार्ग और सरल कर देगा.

5. छत पर और ईशान दिशा मे काम मे न आने वाली वस्तुए नही रखना चाहिये क्योंकि ईशान दिशा का बहुत आधिक महत्त्व हैं ,पर रखना ही पड़ जाए तो उसे दक्षिण दिशा की ओर रखना चाहिए ,ऐसा करने से से वाधाए कम होगी और लाभ की अवस्था बनने लगेगी.

6. घर की सुख शांति बनाए रखने के लिए काले कुत्ते को जो भगवान भैरव का वाहन माना जाता हैं उसे सरसों के तेल मे लगी रोटी और उसमे थोडा सा काली उडद की दाल मिलाकर खिलाए तो बहुत अनुकूलता होगी पर यह शनिवार को करना कहीं जयादा लाभदायक हैं.

7. ठीक ऐसा ही एक उपाय सदगुरुदेव जी ने बताया हैं कि मंगलवार को बंदरों को चने खिलाना ,ऐसा करने से भी घर मे सुख शांती बनी रहती हैं ,

8. यदि आप अपने विस्तर मे इस तरह से शयन करते हैं कि आपका सिर पूर्व दिशा की ओर और आपके पैर पश्चिम दिशा कि ओर रहते हो तो आध्यत्मिक अनुकूलता पाने के लिए यह अनुकूल उपाय होगा.

9. ठीक इसी तरह सिर यदि दक्षिणमे और उत्तर दिशा मे पैर कर के सोने से धन लाभ की स्थिति बनती हैं .पर इसके ठीक उलटे सोने से मानसिक चिंताए कहीं धिक होने लगती हैं .

10. घर से जब बाहर जाया जा रहा हो तब घर कि कोई भी महिला एक मुठी भर काले उडद या राई को उस व्यक्ति के सिर पर तीन बार घुमाकर जमीन पर डाल दे , तो जिस कार्य के लिए जाया जा रहा हैं उसमे सफलता मिलना प्रारंभ हो जाती हैं .

===

Totkas / Empiricism

1. Enlightening of 9 baati lamp in front of Bhagvati Laxmi image gives you wealth benefits.

आयुर्वेद : कुछ घरेलू उपाय

AYURVEDA : SOME TIPS

आयुर्वेद तो मानव जीवन के लिए वरदान हैं .पर इस वरदान का प्रयोग या जानकारी बहुत कम ही हुआ हैं . अगर इसके कुछ सरल सरल बाते भी इस्तेमाल की जाए तो भी आप पाएंगे की आपकी सौदर्यता मे कुछ ओर निखार तो आएगा ही .तो क्यों न कुछ बेहद ही सरल उपाय आपके लिए एक बार फिर ..

आयुर्वेद की महत्वता तो पूरा विश्व मानता हैं पर यह विज्ञानं भी आज अपने खोये हुये गौरव को पाने के लिए संघर्ष रत हैं , एक से एक अद्वितीय ग्रन्थ इस परम विज्ञानं के रहे हैं जो आज काल कवलित होते जा रहे हैं ,पर फिर भी जो अभी भी उपलब्ध हैं वह भी संजो के रखना चाहिए .निश्चय ही गंभीर रोगों मे उचित चिकित्सीय सलाह एक अनिवार्य अंग हैं उसे नाकारा नही जाना चाहिए ,और इस बात को गंभीरता से भी लेना चहिये ,पर कुछ सरल सरल सी बातों को हम भी अपने दैनिक जीवन मे परख सकते हैं .

1. शहद को कभी भी घी या तेल की बराबर मात्रा के साथ नही लेना चहिये ठीक इसी तरह से उसे गरम पानी या गरम दूध के साथ भी नही लेना चहिये.

2. आज के समय मे कमर दर्द एक आम सी बात हैं , लंबे समय तक लगातार सही ढंग से न बैठने पर यह हो जाना एक मामूली सी बात हैं .पर इस दर्द की अधिकता बहुत ही समस्या कारक हैं इससे से कैसे बचा जाए, कमर दर्द मे तारपीन के तेल की मालिश बहुत ही गुण कारी हैं.

3. लहसुन भी एक तेज एंटी सेप्टिक का काम करता हैं और जब कोई उपाय न हो तब इसे पानी मे पीस कर लगाने से घाव मे कीड़े आदि नही बनने देता हैं.

4. हल्दी तो बहुत गुणकारी मानी गयी हैं और इसके उपयोग से कौन न वाकिफ होगा .इसे बहुत वारिक पीस ले और गाय के दूध मे मिला ले और इससे चेहरे की हलकी हलकी मालिश करें और बाद मे हलके गुनगुने पानी से अपना चेहरा पौंछ ले, आप स्वयं अपना चेहरा देख कर आश्चर्य चकित हो जायेंगे.

5. फिटकरी और लौंग के गुण से आज सभी परिचित हैं इसके बराबर मात्र मे मिला ले और दाँत पर मले यह दांत दर्द के लिए बहुत गुणकारी हैं.

6. छाले हो जाने पर छोटी इलायची को बहुत महीन चूर्ण बना ले और उसे शहद के साथ मिलाकर लगाये , आराम होगा.

7. दाँतों मे पायरिया रोग होने पर यदि उचित लगे तो शहद की मालिश दाँतों पर करें और फिर गुनगुने पानीसे कुल्ला कर ले ,यह लाभकारी हैं.

8. लहसुन की एक कच्ची कलि भोजन के साथ खाना चाहिए यह लाभदायक हैं.

9. भोजन मे प्याज भी लेना चहिये खासकर सलाद आदि मे अगर कोई विशेष नियमों की रोक न हो तो ,यह भी स्वास्थ्य के लिए गुणकारी हैं.

10. त्रिफला चूर्ण को पानी के साथ रात को सोते समय लेने से कब्ज आदि की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता हैं.

==

Ayurveda for you..

Entire universe venerate the importance Ayurveda, even this science is also trying hard to reestablish its prestige. More than a unique texts of this science are been killed in today's date, but still whatever is available todays must be treasured and preserved. Definitely in severe disease the appropriate remedial measures play a significant role. And one should take this point on serious note. But some easy points can also be assay in daily routine life.

तंत्र कौमुदी

इस्लामिक तंत्र एवं वानस्पतिक तंत्र महाविशेषांक

Thirteenth Issue – November 2012

Tantra kaumudi

Name of the Articles

You can Contact Us at nikhilalchemy2@yahoo.com.

SADGURUDEV - PRASANG

एक बार मुझे पूज्य सदगुरुदेव जी के साथ मानसरोवर कैलाश की यात्रा करने का अवसर मिला था.उस समय केबल मै अकेला ही उनके साथ था.जब हम मानसरोवर की पूरी परिक्रमा कैलाश पर्वत की ओर बढ़ रहे थे तभी सदगुरुदेव जी ने बात चित के प्रसंग मे कहा "काल प्रवाह अनत होता हैं.सकड़ों वर्षों की अवधि को एक क्षण मे समेटा जा सकता हैं.और एक क्षण को सैकड़ों वर्षों मे विस्तृत किया जा सकता हैं .

सदगुरुदेव एक सुंदर सी चट्टान पर बैठ गए थे,मैं भी उनके श्री चरणों मे बैठ गया था और उनके चरणों को अपनी गोदी मे लेकर दवा रहा था.मैंने उत्तर दिया "क्या सौ वर्षो को एक क्षण मे समेटा जा सकता हैं?" उन्होंने उत्तर दिया क्या तुझे संदेह हैं? अभी तक सही तरीके से तुझे काल ज्ञान हो ही नही पाया हैं.जिस दिन काल पर विजय प्राप्त हो जायेगी उस समय विश्व मे कुछ भी दुर्लभ नही रहेगा."

मेरीआखों मे संशय का भाव था.इसे सदगुरुदेव जी ने पहचान लिया बोले "तू मेरे पैर दवाना छोड़कर इधर ऊपर आ और चट्टान के इस तरफ आ कर बैठ जा."

सदगुरुदेव जी के बराबर बैठना कुछ उचित सा नही लगा पर फिर भी उनकी आज्ञा थी अतः अत्याधिक विनम्रता और संकोच से मैं चट्टान पर चढकर उनके बताये हुये स्थान पर बैठ गया.उन्होंने मुझसे भृकुटी मध्य ध्यान लगाने के लिए कहा था .और फिर फिर अपने दाहिने हाथ से मेरे सहस्त्रधार को थपथपाकर दोनों भौहों के बीच अंगूठे से जोरों से मसल दिया

इतना तो मुझे आभास था पर इसके बाद क्या हुआ इसका मुझे कुछ भी पता नही चला,पर जब मिएँ आखें खोली तो ऐसा लगा की जैसे समय का एक बहुत बड़ा हिस्सा व्यतीत हो चुका हो.सामने सदगुरुदेव मुस्कराहट के साथ बैठे हुये थे उनके पास चार छः सन्यासी भी बैठे हुये दिखाई दे रहे थे जो अत्यंत वृद्ध थे और उनके सिर की सफ़ेद जताएं नीचे की ओर झूल रही थी.

जब मैंने आखें बंद की तो सद्गुरूदेव जी तो इस शिला पर अकेले ही थे फिर ये सन्यासी यहाँपर कहाँ से आगये? जब मैंने अपने शरीर पर नज़र डाली तो देखा कि मेरे सिर पर लंबी लम्बी जटाएं हैं और वे पीछे और आगे की ओर जमीन लटक रही हैं,मेरा सारा चेरा दाढ़ी ओर मूंछ से भरा हुआ सा हैं.नाख़ून अत्यधिक लंबे हो गए थे जिसे मैं बराबर देख पा रहा था.

यह सब क्या हो गया और कैसे हो गया ? कुछ समझ नही पा रहा था . सदगुरुदेव जी ने कहा बताओ तुमने कितनी देर की समाधि लगाई थी "

मैंने हाथ जोड़कर उत्तर दिया "मुझे तो ऐसा लाग रहा हैं की दो चार मिनिट की समाधी लगी हैं परन्तु मेरे सिर के ये सफ़ेद बाल, ये लंबी लंबी जटाएं,मेरे चेहरे पर उगी लंबी दाढ़ी और बढे नाख़ून तो कुछ और ही बात कह रहे हैं."

सदगुरुदेव जी ने कहा तुम्हे समाधि लगाए सत्तर वर्ष व्यतीत हो चुके हैं.यह समाधि तुम्हारी सत्तर वर्ष की थी तभी तुम्हारे बाल इतने लंबे हो गए हैं और नाख़ून बढ़ गए हैं.मैं तुम्हारे उसी प्रश्न का उत्तर दे रहा हूँ के यद्दपि सांसारिक दृष्टी से सत्तर वर्ष व्यतीत हो चुके हैं और उसका प्रभाव तुम्हारे शरीर पर भी पड़ा हैं,परन्तु यह तुम्हे दो तीन मिनिट से ज्यादा नही लगा होगा.या यूँ कहूँ कि पुरे सत्तर वर्ष दो मिनिट मे ही सीमित कर रह गए हैं"

मैं उनके श्री चरणों मे गिर पड़ा.उनका वरद हस्त मेरे सिर पर था और मेरे का उत्तर मुझे प्रमाण के साथ मिल गया था.इसके बाद मैंने और उन उपस्थित सन्यासियों ने सदगुरुदेव जी के साथ पुरे कैलास पर्वत कि परिक्रमा की और फिर मानसरोवर पुनः आकर कौशानी के रास्ते से हम लौटे. ....मंत्र तन्त्र यन्त्र विज्ञानं से साभार सहित

सर्व हितकारी सरल गणेश साधना

SHRI ganpati PRAYOG

भगवान गणपति के वरदायक स्वरुप से सम्बंधित एक सरल साधना

भगवान के इस स्वरुप को जो साक्षात् ब्रम्हमय हैं, जिसके वरदायक स्वरुप की तो हर साधक को अपने जीवन मे अपेक्षा रहती हैं,उनका कोई न कोई स्वरुप तो हर मार्ग की साधना मे होगा ही फिर चाहे वाम मार्गी हो या शमशान मार्ग की पद्धिति की साधना हो या उग्र साधना हो या सौम्य साधना ही क्यों न हो.सभी को उनके विघ्नहर्ता स्वरुप की आवश्यकता होती हैं.उसके बिना कैसे साधना मे सफलता संभव हो .और यदि उनकी उपेक्षा की गयी तो फिर विघ्नकर्ता स्वरुप का असर भी देखना पड़ सकता हैं.

हम सभी इस बात से सहमत हैं कि भगवान गणेशके वरदायक आशीर्वाद से ही साधना मे सफल होती हैं,और यह भी जो अन्य कोई भी साधना हमें प्रदान कर सकती हैं वह केबल गणपति स्वरुप की साधना से भी संभव हैं,हालाकि साधक कभी भी इस साधनाकी गरिमा को समझते नही हैं, वस उसे एक प्रक्रिया मान कर ही चल देते हैं.यह सही नही हैं.जबकि एक पूरा मार्ग तो भगवान के स्वरुप पर आधारित हैं, जिसे गाणपत्य सम्प्रदाय कहा जाता हैं .

अतः इस साधना मे भी सभी नियम वही हैं, जो की एक सामान्य गणपति की साधना मे होते हैं अतः पुनः उन्हें लिखना कुछ उचित नही हैं.आप जितना भी हो सके एक माला या अधिक जितना भी जप संभव उतना करते जाए और लाभ पाते जाए .क्योंकि भगवान के गणेश तो सर्व मंगलदायक हैं सर्व सिद्धिप्रदायक हैं तो भला कौन नही उनका आशीर्वाद पाना चाहेगा .

मंत्र:

ॐ गणेश ऋणम् छिन्धि वरेण्यम हुं नमः फट् ||

सिर्फ एक माला प्रतिदिन इस मंत्र का जप जीवन के अनेको ऋणों और दरिद्रता से साधक को मुक्ति प्रदान करवा सकने मे सक्षम हैं यहाँ दरिद्रता और ऋण का अर्थ केबल धन से ही नही बल्कि बृहद अर्थो मे हैं .

===

Ganesh Sadhana

The form of Lord Ganesh resembles the true nature of Supreme Being. Every Sadhak **(Practitioner of occult science)** expect his blessings through his blissful form.His various forms are found in different sect of Tantra, no matter, it comes through Vaam Maarg **(A sect of occult science who gives importance to Shakti Sadhnaa)** or Shamshaan Maarg **(A special sect of occult science in which most of devotions are performed in cremation ground)**, Ugra Sadhnaa **(Fast paced Tantra)** or Somy Sadhnaa **(Soft hand practice of Tantra)**.

Why we need islamik sadhana ? Preliminary Introduction....

एक प्रारंभिक परिचय ...

इन साधनाओ की आवश्यकता ही क्यों हैं ..

भारतीय साधना पद्धिति मे अनेको साधनाए हैं और अनेको मार्ग भी हैं, हर मार्ग की अपनी एक विशेषता हैं जो की किसी अन्य मार्ग से तुलना नही की जा सकती हैं. फिर वह चाहे सौम्य मार्ग हो या उग्र मार्ग हो या दक्षिण मार्ग हो या वाम मार्ग हो.हर मार्ग की साधना पद्धति की अपनी ही एक विशेषता और अपना ही एक अलग निराला तरीका ..पर आखिर इतने मार्ग की आवश्यकता ही क्यों ? वह इसलिए की हर व्यक्ति की संरचना,उसके संस्कार जिस परिस्थिति मे उसे उसका लालन पालन हुआ हैं वह एक दूसरे से भिन्न हैं तो हर चीज को देखने का तरीका और उसे समझने का तरीका और सोच भी भिन्न भिन्न होगी ,जो एक के लिए सही हैं वह दूसरेके लिए उतना सही कैसे हो सकता हैं.?

इसी तरह साधनामार्ग मे कुछ विशिष्ट प्रयोग हैं तो कुछ सरल प्रयोग भी .और सभी की अपनी एक महत्वता भी हैं ,जिस तरह एक बगीचे मे तरह तरह के फूल होते हैं उसी तरह साधना मार्ग मे अलग अलग तरीके की साधनाए का महत्व हैं,हर साधना का अपने आप मे एक अर्थ हैं.जिसे किसी अन्य मार्ग से कमतर नही आँका जा सकता हैं.और साधना को किसी न किसी उदेश्य से ही तो निर्माणित किया गया होगा .ठीक इसी तरह जब बात आती हैं अन्य देशों की तो हर देश मे तंत्र का स्वरुप कुछ अलग अलग सा हैं.तिब्बत मे तंत्र अलग हैं तो अफ्रीका मे उसका स्वरुप अलग हैं.चीन मे अलग हैं तो मलाया मे अलग हैं, जब देश मे उनकी संस्कृति मे विभिन्नता हैं तो निश्चय ही वहाँ पर माने जा रहे तंत्र की अवस्था और स्वरुप मे भी परिवर्तन होगा है .अब यह व्यक्ति विशेष पर निर्भर हैं की वह उसे किस दृष्टी से देखता हैं.

तो एक ओर स्वरुप सामने आता हैं वह हैं धर्म गत आधार पर भी तंत्र का वर्गीकरण..हमारे इस देश का सौभाग्य रहा हैं की अनेको धर्म की विशेषताओं से हमारी संस्कृति फली फूली हैंइस भारतीयता मे सभी का समावेश हुआ हैं .यह तो प्रसन्नता ही बात हैं हमारे यहाँ जैन तंत्र हैं तो बौद्ध तंत्र भी हैं.हर का अपना ही एक अलग अलग महत्त्व हैं . उसी तरह हमारे यहाँ इस्लामिक तंत्र की महत्वता हैं इस बात को समझ लेना चाहिये की..किसी भी तंत्र का मर्मग्य होना या जानकार होना के लिए उस धर्म ही एक भाग एक साधक को होना पड़े यह कोई अनिवार्य नही हैं .हाँ यह बात अवश्य हैं की उस साधना काल के दौरान उस साधक को जैसा उस साधना मे दिया हैं उसके अनुसार चलना चाहिए यह तो एक आवश्यक प्रक्रिया हैं.इसमें दो धर्मगत चीजे एक साधक नही मिला सकता हैं .

इस्लामिक मंत्रो की साधना मे अनेको लोग कामयाब हुए हैं और यह अपने देश मे फुला फला भी हैंइसकी प्रक्रिया मे पाक साफ़ रहना मतलब शुद्धता खासकर शारीरिक का एक अपना ही महत्त्व हैं, और अद्भुत और एक से एक रहस्यों से भरा हुआ यह इस्लामिक तंत्र साधना क्षेत्र हैं. और जहाँ तक प्रभाव की बात आती हैं तो जीवन की अनेको समस्याओ मे अचूक और सटीकता से प्रभाव होता ही हैं .

इन मंत्रो की साधना सरल हैं पर इसके दुरूपयोग के यह खिलाफ हैं,साधक को एक साफ़ स्वच्छ और उच्च आदर्श वाला जीवन जीना चाहिये.तभी इस तंत्र को सीखने की सार्थकता हैं मानव जीवन मे आई कमियों,शारीरिक,मानसिक और आर्थिक समस्याओं मे इस तंत्र का अचूक उपाय हैं.

इसलिए किसी भी तंत्र को इसलिए हेय दृष्टी से देखना या उस तंत्र की बात न करना उससे घृणा रखना, यह सब इसलिए की धर्म अलग अलग हैं, यह उचित नही हैं .

जीवन मे हर चीज का महत्व हों इसी धारणा के साथ इन इस्लामिक तन्त्रो की उपयोगिता और आवश्यक उच्चता और साधनात्मक नियमो के बार मे आपको आगे के अन्य लेख अवगत करा रहे हैं.

==

Some Specific point about islaamik sadhana ?

इससे सबंधित कुछ अनूठे तथ्य...

इस्लामिक साधनाओ को सम्पन्न करते समय कुछ आवश्यक अनिवार्य तथ्य

हर साधना को सम्पन्न करने के लिए कुछ बातें जो मूलभूत उन साधना वर्ग के लिए होती हैं उन पर ध्यान देना बहुत ही आवश्यक हैं, अन्यथा साधना का असर भी प्राप्त नही हो पाता हैं और जब हम इन साधनाओ की बात करें तब तो सावधानी बहुत आवश्यक हैं. जो हमें हमारे साधनात्मक श्रम का उचित फल भी प्रदान करवाए या उनमे सहयोगी हो.

अब साधको को एक तथ्य अच्छी तरह से समझ लेना चाहिये भले ही कुछ मूल भूत बाते हर साधना मे एक हो सकती हैं पर जब बात अन्य मार्गो की अन्य धर्मो की साधना की हो तो उस समय अपना अहम एक तरफ रख कर उस साधना के सभी आवश्यक तथ्यों को आत्मसात करना ही चाहिये जो की की जा रही साधना के लिए नैतिक, सामाजिक और देश काल के अनुसार संभव हो.

1. साधना काल में जो सर्व प्रथम अनिवार्य तथ्य है वह यह है की साधक असत्य भाषण का यथा संभव त्याग करे. आज के युग में यह सहज नहीं है, निश्चित रूप से यह एक यथार्थ है. कई भाई बहिन को अपनी साधना को बचाने तथा गुप्त रखने के लिए भी कई लोगो से कई प्रकार की भ्रामक बात कहनी पड़ती है. वैसे सत्य और असत्य के कई पक्ष है तथा यह एक अत्यंत ही वृहद विषय है यहाँ पर इसका अर्थ यह लिया जा सकता है की दूसरों को हानि पहुचाने तथा अपने खुद के अंदर किसी भी रूप में विकार उत्पन्न करे ऐसा भाषण ना किया जाए. जितना ज़रुरी हो उतनी ही बात की जाए. तथा मन वचन और कर्म से जितना ज्यादा इबादत में लगे रहे उतना ही ज्यादा सफलता की सम्भावना रहती है.

2. ब्रह्मचर्य तथा पाक रहना इन साधनाओ में एक आवश्यक तथ्य है. साधना काल में कामक्रीडा में संलग्न होने पर साधना खंडित होती है, इसी प्रकार साधक को वीर्य रक्षा करनी चाहिए. हर बार शौच के बाद स्नान करे तथा लघु शंकाके बाद हाथ पैर को धोना चाहिए.

3. पाक जिन जिन्नात, जानवर के चमड़े से परहेज रखते है ज्यादातर अमल में इन पाक शक्तियों का ही प्रभाव रहता है इस लिए इन साधनाओ के दौरान उत्तम रहता है की चमड़े से बने हुई कोई भी चीज़ का उपयोग यथा संभव ना किया जाए, जेसे की बेल्ट, पर्स, चमड़े के जूते इत्यादि.

4. साधना स्थल शांत होना आवश्यक है. साधना स्थल को पवित्र बनाये रखे, किसी भी प्रकार की गंदगी कचरा इत्यादि नहीं रखना चाहिए. पीर स्वच्छता प्रिय होते है अतः साधना स्थल को रोज पानी से धोना चाहिए या फिर पानी का पोंछा लगाना चाहिए. जिस जगह गन्दगी फैली हुई हो ऐसी जगह पर साधना नहीं करनी चाहिए. खुले गटर के पास या खुले हुये शौचालय के आस पास साधना किसी भी हालत में नहीं करनी चाहिए. व्यक्ति अपने कमरे में यह साधना कर सकता है लेकिन कमरे के अंदर शौचालय न हो. इसके अलावा इस्लामिक तंत्र की सफलता के सन्दर्भ में एक और तथ्य का पालन करना चाहिए की पूरी साधना एक ही जगह या स्थान पर सम्पन्न हो. जिस स्थान का चुनाव किया जाए रोज वहीँ पर साधना करनी चाहिए तथा स्थान को बदलना नहीं चाहिए.

5. इन साधनाओ के दिनों में वैदिक साधना गायत्री साधना महाविद्या साधना या किसी भी दूसरे धर्म से सबंधित साधनाओ को नहीं करना चाहिए जिससे एक नियमित शक्ति का संचार बना रह सके. क्यों की विपरीत शक्तियों की एक साथ साधना करने पर शक्ति संचार का क्रम टूट जाता है तथा साधना में वांछित परिणाम की प्राप्ति नहीं हो पाती.

6. साधनाओ के दिनों में किसी भी फकीर या याचक अगर आपके पास कुछ मांगे तो उसे यथा शक्ति दान ज़रूर करना चाहिए तथा उसे दुत्कारना नहीं चाहिए, मांगने वाले को खाली हाथ नहीं लौटाना चाहिए, सामर्थ्य अनुसार चाहे जितना भी कम क्यूँ न हो दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अगर व्यक्ति का सामर्थ्य सिर्फ एक रूपया देने का ही हो तो वह देना चाहिए. ज़रुरी नहीं है की पूरी सम्पति या जितना भी पास हो सब दान कर दिया जाये लेकिन निस्वार्थ भाव से कुछ न कुछ देना अच्छा रहता है.

7. स्वच्छ वस्त्रों को धारण करे, वस्त्र रोज यथा संभव धुले हुये ही पहने.

8. प्रयोग को सम्पन्न करने के बाद कुछ मिष्ठान आदि का वितरण जरुर करें ,इस बात को लोग अक्सर नज़र अंदाज कर जाते हैं .यह भी सफलता के लिए एक आवश्यक बात हैं .

9. साधक को साधना क्रम वीरासन में करना चाहिए, जिस प्रकार नमाज़ पढते वक़्त बैठा जाता है उस प्रकार बैठ कर मंत्रो का जाप करे.

10. इस्लामिक मंत्रो में माला उलटी घुमाई जाती है. इस माला को तसबी या कई जगह तस्बी कहते है. अर्थात घडी की विपरीत दिशा में मनके जाने चाहिए. और जैसे ही सुमेरु आता हैं वैसे ही पलट देना चाहिए .मतलब इसमें भी सुमेरु का उल्लघन नही किया जा सकता हैं .

11. माला को जमीन से स्पर्श नही कराना चाहिए .

12. साधना में इत्र का प्रयोग करना उत्तम रहता है. इत्र को रुई में लगा कर कान पर लगाया जा सकता है या वस्त्रों पर छिड़का जा सकता है. इस्लामिक तंत्र में मुख्य रूप से दो इत्र का ज्यादा उपयोग होता है हीना का इत्र या गुलाब का इत्र. हिना का इत्र सर्वोत्तम है उसका प्रयोग किया जाना चाहिए.

13. जहां पर भी पुष्प का उपयोग किया जाना है वहाँ पर तीव्र गंध युक्त पुष्पों का उपयोग किया जाए.गुलाब तथा चमेली के पुष्प इस द्रष्टि से उत्तम है.

14.अगर कही भी भोग लगाने की बात है तो दूध से बनी हुई मिठाई अर्पित करना चाहिए, सेवैयाँ या दूध की बर्फी भोग के लिए श्रेष्ठ मानी जाती है. सफ़ेद रंग की मिठाई का उपयोग किया जाए तो उत्तम है.

15.जहां तक संभव हो सूती आसन का प्रयोग करना चाहिए

16.यदि संभव हो तो जिस तरह से मुस्लिम भाई टोपी धारण करते हैंउस तरह की टोपी भी साधना काल मे मंत्रा जप के दौरान धारण की जाना चाहिये.

17.एक ओर आवश्यक तथ्य हैं की इस्लामिक साधनाओ को करते समय साधक को तहमत का उपयोग करना चाहिये .और उसे उसी तरह पहिनना चहिये जिस तरह हमारे मुस्लिम भाई नमाज के समय पहिनते हैं .और यह आसानी से सीखा भी जा सकता हैं .

18.अगर कहीं यन्त्र बनाया जा रहा है तो उसके लिए जो भी कलम बताई गई हो उसी कलम से यन्त्र को बनाना चाहिए. अगर कलम यन्त्र का अंकन करते समय टूट जाती है तो अमल अर्थात साधना प्रयोग नहीं करना चाहिए. टूटी कलम को तथा यन्त्र को किसी मज़ार के पास रख दे तथा क्षमा याचना कर लेना चाहिए.

19.जहां पर भी धुप का विधान हो वहाँ पर साधक को लोहबान का धुप प्रज्वलित करना चाहिए, साधना काल में भी धुप जलते रहे तो उत्तम है.

इस्लामिक प्रयोग में कई बार हफ्ते के दिनों के नाम का उल्लेख रहता हैं तो ये नाम इस प्रकार है

इतवार-रविवार
पीर – सोमवार
मंगल – मंगलवार
बुध – बुधवार
जुमेरात – गुरुवार
जुमा – शुक्रवार
शनिचर – शनिवार

==

AAyutAl kursi rAkshA vidhAn prayog

पूर्ण सुरक्षा हेतु एक विधान

आयुतल कुरसी – रक्षा विधान

कोई भी इस्लामिक साधना प्रयोग से पूर्व रक्षा विधान को कर लेना चाहिए जिससे की साधना प्रयोग के मध्य विघ्न उपस्थित न हो. क्योंकि एक साधक को हमेशा पूरी तरह से सुरक्षित हो कर ही साधना मे बैठना चाहिए .और यह बात तो हर साधना के लिए एक आवश्यक बात हैं पर जब साधक इस्लामिक साधना प्रयोग करने का मानस बनाले तो इस विधान को तो उसे करना ही चाहिए .इस हेतु **आयुतल** कुरसी का प्रयोग उत्तम है.

यह प्रयोग साधक किसी भी जुमा अर्थात शुक्रवार को शुरू करे.

साधक स्नान आदि से शुद्ध हो कर सफ़ेद वस्त्र पहिन कर किसी मज़ार या दरगाह पर जाये तथा १०० बार आयुतल कुरसी का जप करे. इसमें किसी भी माला आदि की आवश्यकता नहीं है. साधक को अपना सर खुला नहीं रखना चाहिए, सर पर टोपी पहिन ले या फिर रुमाल बाँध ले.

साधक को यह तीन दिन तक करना चाहिए. समय दिन या रात्रि का कोई भी हो. लेकिन रोज समय एक ही रहे.तीन दिन में ३०० जप होने पर साधक इसका प्रयोग कर सकता है.

मंत्र.

अल्लाहो ला इलाहा इल्ला हु अल हैयुल कैयुम ला ता खुजुहो सी न तुव वला नोम् लहु माफिस समावाते वमा- फिल अरदे मनज़ल लज़ि यश फआ इन दहु इल्ला बेइजनेह या अलमो मा बयना अयदी हीम वमा खल फहुम वला योहाई तुना बे शयईम मीन इलमीही इल्ला बेमाशाआ वसेआ कुरसियो हुस समावाते वल अरदे वला यउदोहु हिफ़जोहोमा वहो वल अली उल अज़ीम

इस प्रकार तीन दिन का प्रयोग पूर्ण होने पर साधक इसका प्रयोग कर सकता है

कोई भी इस्लामिक तंत्र प्रयोग करते समय साधक आसन पर बैठ जाये तथा लोहे की कील से या चाकू से आयुतल कुरसी का तीन बार जप करते हुये, अपने आसन के चारो तरफ एक घेरा बना ले यानी चाकू से या कील को अपने चारो तरफ ज़मीं पर गोल घेरा के रूप में घुमा दे

यह क्रिया करने के बाद ही मूल प्रयोग या साधना को शुरू किया जाये तो साधना प्रयोग में विघ्न उत्पन करने वाली उपरी बाधाएं साधक से दूर रहती है तथा साधक की रक्षा होती है

यह सरलतम पर तीव्र रक्षात्मक प्रयोग तो जीवन की एक धरोहर हैं ,और जब भी इन साधनाओ को करने का मन बने तो इस प्रयोग को कैसे भुला जा सकता हैं.

==

AAYUTAL KURSI- RAKSHA VIDHAAN

Before doing any Islamic sadhna, it is always better to do Raksha Vidhaan (security procedure) so that you do not face any hurdles in middle of sadhna .Sadhak should always sit in sadhna after securing himself.

AAkArshAn hetu isam prayog

अपने व्यक्तित्व को सौंदर्य तत्व युक्त करने हेतु अद्भुत साधना

यह प्रयोग समूह आकर्षण का एक अद्भुत प्रयोग हैसमूह आकर्षण जिस व्यक्ति से बनता हैं वह जीवन के हर क्षेत्र मे सफलता चुटकी मे पा सकता हैं और उन्नति के उच्च सौपान यूँ ही पा सकता हैं,साधरणत : यह प्रयोग करने पर साधक किसी भी जगह पर यदि जाता हैं तो सभी व्यक्ति साधक की तरफ आकर्षित होते है. इस द्रष्टि से साधक अपने घर में, समाज में, अपने कार्य क्षेत्र में व्यापार आदि सभी क्षेत्र में सफलता को प्राप्त कर सकता है. साधक की आँखों में एक विशेष आकर्षण क्षमता आ जाती है जिसे देख कर सामने वाला व्यक्ति या समूह अपने आप ही साधक को श्रेष्ठ मानने लगते है. और आज किसी भी व्यापार मे और फिल्म जगत से लेकर हर जगह अगर ऐसा होता हैं तो साधक की सफलता को कोई भी नही रोक सकता हैं.इस तरह के प्रयोग को हर साधक को अपने जीवन मे उपयोग करना ही चहिये क्योंकि इन प्रयोगों का असर घर पर भी तो होगा ...और अनुकूलता किसे पसंद नही हैं.

यह प्रयोग साधक किसी भी मंगलवार को शुरू करे. समय रात्रि में ९ बजे के बाद का रहे.

साधक रात्री काल में स्नान आदि से निवृत हो कर सफ़ेद वस्त्रों को धारण करे. इसके बाद अपने सामने कोई तख़्त पर या बाजोट पर एक दीपक प्रज्वलित करे, यह दीपक तेल का या घी का हो सकता है लेकिन दीपक में हीना का थोडा इत्र डाल देना चाहिए. इसके बाद साधक लोहबान का धुप जलाये.

After 10PM in the night sadhak should have bath and place piece of the black turmeric in front. Name of the enemy should be written on it with vermillion. Cloths should be red and direction should be south.Sadhak should do guru poojan and chanting of the guru mantra. After that 51 rounds of the following mantra should be done in the same night. For the chanting of the mantra one should use Shakti rosary or Coral rosary.

Kali haldi - bhay shaman paryog

भय तत्व को दूर करने मे सहायक एक प्रयोग

आज कौन हैं ऐसा जो सत्यता पूर्वक अपने ह्रदय पर हाथ रख कर कह सकें की उसे किसी भी भय या आशंका नही हैं ,और भय तो अष्ट पाश मे से वह पाश हैं जिससे हर व्यक्ति का जीवन बंधा हुआ हैं अतः इस प्रकार के प्रयोग सपन करते रहने से ना केबल भय से शमन होता हैं बल्कि जीवन कहीं ज्यादा सरल हो जाता हैं और अज्ञात भय से मुक्त हो जीवन के पलो का आनंद लिया जा सकता हैं .प्रस्तुत प्रयोग अज्ञात भय तथा आशंकाओ के निवारण के लिए है

यह प्रयोग साधक किसी भी शुभ दिन शुरू कर सकता है दिन या रात्रि का कोई भी समय साधक इस प्रयोग के लिए चुन सकता है.

साधक स्नान आदि से निवृत हो कर लाल रंग के आसन पर लाल रंग के वस्त्र धारण कर उत्तर दिशा की तरफ मुख कर बैठ जाये. तथा अपने सामने काली हल्दी का टुकड़ा रखे.

इसके बाद साधक गुरूपूजन तथा गुरूमंत्र का जाप सम्पन्न करे और निम्न मंत्र की २१ माला जाप करे.

ॐ हं रं हं फट(om ham ram ham phat)

मंत्र जप पूर्ण होने पर साधक काली हल्दी के टुकड़े को किसी मंदिर मे रख आये

==

Process for Fear Mitigation (Bhay Shaman Prayog)

There is difficult to find a person who can say truly that there is no internal fear or suspicion, and fear is among eight Pash in which life of every human is bound. Thus, by keep on doing prayog like this, not only fear is vanished but life also becomes easier and by being free from the unknown fear one may enjoy the happiness of the life. Presented process is to remove unknown fear and suspicions.

This process could be started on any auspicious day. Sadhak can select any time of day or night for this process.

After having bath, sadhak should sit on the red sitting mat wearing red cloths facing the north direction. One should place piece of the black turmeric in front.

After this, sadhak should do guru poojan and guru mantra chanting and should complete following mantra's 21 rosaries.

om ham ram ham phat (ॐ हं रं हं फट्)

When mantra chanting is completed, sadhak should place that black turmeric in some temple.

पीपल - पितृ कृपा प्रयोग

PiPal – pitr kripa prayog sadhana

पितृ कृपा प्राप्ति के लिए एक आवश्यक साधना

यह वृक्ष तो मानो के लिए एक अमृत वृक्ष की तरह हैं और सभी इसको जानते और पहचानते हैं ही और इस वृक्ष की सहायता से कितने का असाध्य रोगनिवारण , बीमारिया , कुपित ग्रह की शांति,सौभाग्य प्राप्ति की साधनाए संभव हैं यह वृक्ष अत्याधिक ऑक्सीजन से सम्पन्न होता हैं और इसके गुणों को लिखना मानो एक पूरे ग्रन्थ को लिखना जैसा हैं .और इस वृक्ष जो सम्पूर्ण जीवित जगत के लिए एक वरदान हैं उसके कुछ तांत्रिक प्रयोग आप सभी के लिए..

पितृ कृपा प्राप्ति प्रयोग

जीवन का सौभाग्य हैं की हमें हमारे पूर्वजो का आशीर्वाद न केवल प्राप्त हो बल्कि वह हमारे जीवन मे सहयोगी भी बने क्योंकि किसी भी अन्य देव शक्ति की तुलना मे वह हमारे ज्यादा करीब होते हैं और हम उनके रक्त सबंधित जो हैं.

आज के इस समय मे लोग इन मान्यताओं को बहुत अधिक ध्यान नही देते हैं पर इसका दुष्परिणाम भी उनको सहन करने पड़ता हैं क्योंकि आखिर अपनी ही जड़ो से वैर रखना या अवहेलना कोई उचित तो नही कहा जा सकता हैं .और एक बार इनकी कृपा के लिए यह प्रयोग करके देखें ..स्वयं अनुभव करें की कितना लाभ पाया या अनुकूलता पायी जा सकती हैं. इस प्रयोग को साधक किसी भी पूर्णिमा की रात्रि को या रविवार के दिन या रात्रि के कोई भी समय किया जा सकता है.

साधक स्नान आदि से निवृत हो कर सफ़ेद वस्त्रों को धारण कर सफ़ेद आसन पर बैठ जाए. साधक का मुख पूर्व दिशा की तरफ हो.

साधक अपने सामने पीपल का एक पत्ता रखे जिसके ऊपर थोड़ी सी खीर रख दे. इसके बाद साधक शुद्ध घी का एक दीपक प्रज्वलित करे. गुरूपूजन गुरू मंत्र के बाद साधक को निम्न मंत्र की२१ माला मंत्र जाप करे. इसके लिए साधक को रुद्राक्ष माला का प्रयोग करना चाहिए.

ॐ श्रीं पितृ मोक्षं ह्रीं नमः(om shreem pitr moksham hreem namah)

मंत्र जाप के बाद पत्ते सहित खीर किसी गाय को खिला दे अगर यह संभव नही हो पाए तो साधक को इसका विसर्जन नदी, तालाब या समुद्र मे कर देना चाहिए.

==

Peepal (sacred fig)

This tree is like tree of nectar and everyone knows and recognizes this plant and with help of this plant so many processes are possible like removal of diseases, bad planet effects removal, good fortune gaining. This tree is full of oxygen and to write about qualities of this tree is like written a whole book. And the tree which is like boon for whole world, tantra process of the same…

Vat Vriksha – itr yoni darshan paryog

इतर योनी से सबधित एक सरल प्रयोग

यह भी मानव जाती के लिए एक वरदान ही हैं ,इस वृक्ष की अद्भुतता तो जगत विख्यात हैं और अपने नाम के अनुरूप यह वृक्ष अनेको तंत्र क्रियाओं मे सहयोगी हैं,आसानी से पाए और पहचाने जा सकने वाले इस वृक्ष से सबंधित इस प्रयोग आप सभी के लिए .....

इतर योनी दर्शन प्रयोग

अनेको साधको की यह इच्छा रहती हैं की उन्हें इतर योनी के दर्शन हो ही और इस तरह उनका इस तरह इस अदृश्य जगत पर ना केवल पूरा विश्वास बन् सकें बल्कि वह संदेह और असंदेह के बीच मे झूलने से बच सकेंऔर यह गलत भी नही हैं क्योंकि संशय किसी भी दृष्टी से उचित नही कहा जा सकता हैं.

और इन योनियों से भय खाने की आवश्यकता नही हैं ,सदगुरुदेव कहते हैं की ये तो स्वयं अपने छुटकारे के लिए अत्याधिक बेचैन रहते हैं .तो इस सरल से प्रयोग को करके साधक को एक अद्भुत अवसर मिल ही जाता हैं की वह इनके दर्शन कर सकें . यह प्रयोग किसी भी अमावस्या को करना चाहिए.

साधक वट वृक्ष की लटकती हुई शाखा जिसे जटा भी कहते है उसे तोड़ लाये

रात्रिकाल मे स्नान आदि से निवृत हो कर साधक उत्तर दिशा की तरफ मुख कर बैठ जाये साधक के वस्त्र तथा आसन सफ़ेद रंग के रहे. इसके बाद उस शाखा को बाएं हाथ मे पकड़ कर दायें हाथ से रुद्राक्ष की माला से निम्न मंत्र की ११ माला मंत्रजाप करना है.

ॐ हूं हूं फट(om hoom hoom phat)

मंत्र जाप पूर्ण होने पर साधक उस शाखा को अपने तकिये के नीचे रख कर सो जाये तो स्वप्न मे विविध प्रकार के इतर येनी के दर्शन होते है. दूसरे दिन शाखा को जल मे प्रवाहित करदेना चाहिए, माला का कई कई बार उपयोग किया जा सकता है.

==

Vat Vriksh (Banyan tree)

This too is boon for the human, greatness of this tree is famous in the world and as per the name, it has vital uses in many tantra processes, easily available and identified this tree, tantra process related to this presented here for you…

Process to see Spirits (Itar Yoni Darshann Prayog) –

Many sadhaka wishes that they become able to see itar yoni or spirits and this way, they may save them self from suspicion and belief of the astral world and can make their belief stronger. And this is not wrong too because suspicion could not be granted right. And one needs not to fear from these various spirits. Sadgurudev often said that these are curious to get freedom relief of the self. Thus, by attempting this process sadhaka receives chance to see them. This process could be done on any full dark moon night.

Sadhak should take one of the branches which keep on hanging on this tree.

अनार - सौभाग्य वृद्धि प्रयोग

AnAAr - soubhagy vriddhi prayog

सौभाग्य वृद्धि का एक और प्रयोग

यह भी न केवल आसानी से पाया जा सकने वाला वृक्ष हैं बल्कि इस वृक्ष के फल तो सारे भारत मे मिलते हैं और अत्यंत ही सुस्वादु होते हैं और इस वृक्ष की लकड़ी की कलम तो यंत्र जगत मे एक आवश्यकउपकरण हैं जिसके माध्यम से यंत्रों का लेखन संभव होता हैं .न केबल यह बल्कि तंत्र जगत मे इसके सबधित प्रयोगों की भी बहुतायत हैं और ऐसे कुछ दुर्लभ प्रयोग जो आपके लिए अत्यंत ही उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं आज आपके लिए ही..

सौभाग्य वृद्धि प्रयोग

सौभाग्यवान भव या सौभाग्यवती भव यह शब्द सुन कर किसका मन मयूर ना नाच उठे,पर क्या हर आशीर्वाद का फल होता हैं यकीनन अब कम या ज्यादा यह अलग बात हैं पर पूरा असर तो उस आशीर्वाद को देने वाले की सामर्थ्यता पर ही निर्भर करता हैं ,और एक कहावत भी हैं की एक अच्छा भाग्य या समय वह आपके लिए सकता हैं जो आपके लिए हज़ार लोग भी नही कर सकते हैं,और यह बात न केबल साधना जगत बल्कि जीवन के हर पहलू पर लागू होती हैं क्योंकि अच्छा भाग्य की क्या बात हैं पर अब जो भाग्य मे लिखा हैं उसे क्या बढ़ाया जा सकता हैं ,जी हाँ यह संभव हैं इस प्रयोग को करके लाभान्वित हो कर देखें और अनुभव करें. यह प्रयोग किसी भी सोमवार को या शुक्रवार को किया जा सकता है. समय रात्रि मे ९ बजे के बाद का रहे,

साधक स्नान आदि से निवृत हो कर सफ़ेद वस्त्र पहने तथा सफ़ेद आसन पर बैठ जाये. दिशा उत्तर रहे.

साधक अनार की एक डाली ले, उसके ऊपर सिन्दूर लगाये तथा अपने सामने स्थापित करे

इसके बाद साधक सौभाग्यमाला या स्फटिक माला से निम्न मंत्र की २१ माला मंत्र जाप करे

ॐ ग्लौं नमः (om glaum namah)

साधक को यह क्रम ३ दिन रखना चाहिए, इसके बाद साधक डाली को पूजा स्थान मे रख दे, एक महीने के बाद उसे प्रवाहित कर दे.

===

Anaar (pomegranate) –

This too is not only easily available plant but fruit of this plant could be found in whole india and are very sweet and with wood of this tree, pen is prepared by which yantra preparation is done which is very famous material in the world of the yantra. Not only this, but in tantra world too this plant has many uses and such rare processes are very essential. Just for you…

Process for the growth of Fortune (Saubhagy Vriddhi Prayog)

One may have big joy after receiving bliss of growth in fortune by 'Saubhagy Vaan Bhav' or 'Saubhagy vati bhav' does this bliss works? For sure, it does.

अनार - धन प्राप्ति प्रयोग

anaar – dhan prapti prayog

धन प्राप्ति का एक और प्रयोग

धन प्राप्ति से कौन वंचित रहना चाहता हैं हर कोई अधिक से अधिक से अधिक धन चाहता ही हैं क्योंकि इसके अधिक धन होने मे या संपत्तिवान होने मे तो कोई बुराई नही हैं बल्कि यह तो साधक या व्यक्ति के विवेकपर निर्भर करता हैं की इस धन का क्या उपयोग किया जाए ,और जीवन को सरल युक्त प्रसन्नता युक्त लगातार बनाये रखने मे इस धन की उपयोगिता तो हैं ही और यह प्रयोग आपके जीवन को धन युक्त करने मे अपनी भूमिका निभाता हैं ही और अनुकूलता के अवसर लाता हैं. यह प्रयोग साधक किसी भी शुक्रवार से शुरू करे. समय रात्रि मे ९ बजे के बाद का रहे.

स्नान आदि से निवृत हो कर साधक सफ़ेद वस्त्र को धारण कर सफ़ेद आसन पर बैठ जाए, गुरू पूजन तथा गुरू मंत्र जाप के बाद साधक एक अनार की डाली को ले कर अपने सामने स्थापित करे. साधक का मुख उत्तर दिशा की तरफ होना चाहिए,

इसके बाद साधक उस डाली का पूजन करे तथा निम्न मंत्र की कमलगट्टे की माला से ५१ माला मंत्र जाप सम्पन्न करे

ॐ श्रीं सिद्धिं नमः (om shreem siddhim namah)

मंत्र जाप के बाद साधक उस डाली को पूजा स्थान मे स्थापित कर दे तथा यथा संभव रोज कुछ देर उपरोक्त मंत्र का जाप इस डाली के सामने अवश्य करे. एक हफ्ते बाद उस डाली को प्रवाहित कर दे.

==

Process for Wealth Gaining

Who would not like to have wealth one needs more and more wealth because being more wealthy is not something bad but it depends on the sadhak or person that what that wealth would been used for. And to make life more joyful and easier, need of the wealth is definite. This process plays a role to make your life more wealthy and provides days of the compatibility. This process should be started from any Friday. Time should be after 9 PM.

After having bath sadhak should wear white cloths and should sit on the white sitting mat. After Guru poojan and Guru mantra chanting, one should establish branch of the pomegranate. Sadhak should sit facing north direction.

After that sadhak should do poojan of that branch and with lotus seeds rosary (KamalGatta) one should chant 51 rounds of the following mantra.

om shreem siddhim namah (ॐ श्रीं सिद्धिं नमः)

after mantra chanting sadhak should place that branch in the worship place and daily for some time the above mantra should be chanted in front of that branch according to will and possibilities. After one week that branch should be immersed.

अनार - यश प्राप्ति प्रयोग

AnAAr - yash prapti paryog

सभी के लिए अनिवार्य हैं यह प्रयोग

जीवन मे कुछ प्रारंभिक आवश्यकताओ की पूर्ति के बाद हर व्यक्तिया का यह स्वप्न होता हैं की उसका नाम समाज मे हो लोग उसे जाने उसकी ओर आदर से.सम्मान से देखें पर यह कैसे संभव हो और इस असंभव चीज को जो संभव बना सकें उसके लिए ही तो यह सरल दुर्लभ प्रयोग हैं और इस तरह के प्रयोग को तो हर साधक को अपेन जीवन मे स्थान देना ही चाहिये ताकि जीवन यश से परिपूर्ण रहे यह प्रयोग साधक किसी भी शुभ दिन शुरू कर सकता है, जिसे दिवस या रात्रि के किसी भी समय किया जा सकता है

साधक के वस्त्र तथा आसन सफ़ेद रंग के हो तथा साधक को पूर्व दिशा की तरफ मुख कर बैठना चाहिए

एक अनार की डाली को अपने सामने किसी पात्र मे स्थापित करे तथा उसके ऊपर सफ़ेद चन्दन का लेप लगाये. उसका सामान्य पूजन करे तथा उसके बाद निम्न मंत्र का५१ माला जाप करे

यह मंत्र जाप स्फटिक माला से होना चाहिए,

ॐ श्रीं ऐं (om shreem aeng)

दूसरे दिन साधक डाली को पानी मे विसर्जित कर दे.

==

Process to increase Glory (yash prapti prayog)

In life, after fulfilling basic needs of the life, it becomes dream for everyone to have their name in the society; people get to know about self, to receive respect and regards but how it becomes possible? To make this difficult thing possible, this is the easy process and such processes must be given place in the life of the sadhaka thus life remains full of the glory. This process could be started by sadhaka on any auspicious day, and could be completed on any time of day or night.

Cloths and sitting mat of the sadhaka should be white in colour and sadhak should be sitting facing east direction.

Sadhak should establish branch of the pomegranate in some vessel and should apply paste of white sandal on it. Do normal poojan of the same and after that 51 rounds of the following mantra should be chanted.This mantra chantings should be done with crystal rosary.

om shreem aeng (ॐ श्रीं ऐं)

On next day, sadhak should immerse the branch in water.

पलाश - धन प्राप्ति प्रयोग

Palaash - dhan prapti prayog

एक

इस वृक्ष भी बहुत पाया जाता हैं खासकर मध्य भारत मे तो इसके अनेको पेड़ हैं और इसके फूल से तबने रंग का तो होली आदि पर्व मे बहुत प्रयोग होता हैं,जब इस वृक्ष पर फूल आच्छादित होते हैं तो इसकी शोभा देखने योग्य होती हैं और इस वृक्ष से बंधित कुछ दुर्लभ तंत्र प्रयोग जी की तीव्र प्रभावदायक हैं आप सभी के लिए....

धन प्राप्ति प्रयोग

एक बार फिर यह प्रयोग एक नए सामग्री से .यह तो सौभाग्य हैं की जीवन मे धन प्राप्ति के इतने प्रयोग हमें प्राप्त हो रहे हैं और हमें इनका लाभ उठाना ही चाहिए ताकि जीवन समृद्धता से परिपूर्ण रहे और इन प्रयोगों को तो लगातार करते रहना ही चाहिए ही .क्योंकि धन कीआवश्यकता तो भौतिक जीवन मे पल प्रतिपल हैं ही और जो भी ठोस भौतिक प्रगति और यहाँ तक की आध्यात्मिक प्रगति दिखाई देती हैं उनके मूल मे कहीं न कहीं धन का कुछ तो आधार रहता ही हैं .

यह प्रयोग साधक किसी भी शुक्रवार की रात्रि को कर सकता है.

साधक स्नान आदि से निवृत हो कर रात्रि मर ९ बजे के बाद यह प्रयोग प्रारंभ करे. साधक के वस्त्र तथा आसन लाल हो. साधक का मुख उत्तर दिशा की तरफ होना चाहिए

साधक सर्व प्रथम गुरूपूजन तथा गुरूमंत्र का जाप करे.साधक को अपने सामने देवी लक्ष्मी का चित्र और अगर संभव हो तो यन्त्र स्थापित करना चाहिए

इसके बाद किसी पात्र मे लाल वस्त्र को रख कर उस पर पलाश वृक्ष की शाखा का एक टुकड़ा रखे उस पर सिन्दूर से 'श्रीं' लिखे तथा निम्न मंत्र की साधक को ५१ माला जाप सम्प्पन करना है. मंत्र जाप के लिए कमलगट्टे की माला का प्रयोग करे.

ॐ श्रीं श्रीं श्रीं नमः (om shreem shreem shreem namah)

प्रयोग पूर्ण होने पर, दूसरे दिन वह टुकड़ा प्रवाहित कर दे

==

Palaash(Butea monosperma)

This tree is also found in big quantity especially in Madhya Pradesh and color made from flower of this plant is used vitally during festival of Holi. The tree looks beautiful when flowers are formed on it and rare tantra process related to this plant for you…

Process for Wealth Gaining (Dhan Prapti prayog)

Once again this process with the help of new material. It is fortune that we gain so many processes related to wealth gaining in the life.

अपराजिता - विद्या प्राप्ति प्रयोग

ApTAjitA - vidya prapti prayog

विद्या प्राप्ति के लिए एक आवश्यक प्रयोग

धन और यश के लिए जो एक बात आधार बन् सकती हैं वह हैं विद्या ...अन्यथा यश और धन कितनी देर ठहर सकता हैं इसलिए हर साधक या व्यक्ति को अपने जीवन मे विद्या प्राप्ति के लिए तो जितना संभव हो उतना प्रयास करना ही चाहिए ही .क्योंकि विद्याहीन जीवन का क्या अर्थ .और जब बात विद्या की हो तो सर्वांगीण रूप मे हो न की केबल उदर पूर्ति के लिए ही हो या वाली हो ....जीवन के सभी पक्षों को स्पर्श करती हो तो बात हैं .

यह प्रयोग किसी भी सोमवार के दिन शुरू किया जा सकता है. साधक यह प्रयोग सुबह ब्रह्ममुहूर्त मे शुरू कर सकता है या फिर रात्रिकाल मे ९ बजे के बाद.

इस प्रयोग मे साधक को सफ़ेद वस्त्र धारण करने है तथा सफ़ेद रंग के आसन का प्रयोग करना है. साधक का मुख उत्तर दिशा की तरफ रहे.

साधक अपने सामने अपराजिता बेल का लगा हुआ पौधा रखे (गमले के साथ, अर्थात यह पौधा टुटा हुआ ना हो तथा इसको उगाया जा सके). तथा उसके सामने निम्न मंत्र की २१ माला जाप करे. मंत्र जाप मे स्फटिक माला का प्रयोग हो.

ॐ ऐं क्लीं स्त्रीं फट(om aeng kleem streem phat)

साधक को इस प्रकार ३ दिन मंत्र का जाप करना चाहिए, बेल को किसी गमले आदि मे रखा जाए तथा उसे नियमित पानी तथा खाद आदि देना चाहिए. जैसे जैसे बेल बढती जायेगी वैसे वैसे मनुष्य का ज्ञान भी बढ़ता जाता है.

===

Aparaajita (clitoria ternatea)

Process to increase knowledge (Vidya Prapti Prayog) –

For wealth and glory, the thing which forms a base is Knowledge…or else, how long the stability of the wealth and glory would stay. Thus, every person or sadhaka should stay active to attain as much knowledge as possible. Because there is no use of life without knowledge. And when there is matter about knowledge, it has to be something more than just a passing of the life…Knowledge covering all the aspects of the life. This process could be started on any Monday. Sadhak can start this process in early morning (bramhamuhurta) or after 9 PM.

In this process, sadhak should wear white cloths and should use white colored sitting mat. Sadhak should sit facing north direction.

Nibu - nazar dosha nivaran prayog

एक आवश्यक विधान जो सभी के लिए उपयोगी हैं

इसकी उपयोगिता से कौन नही परिचित होगा, घर घर मे उपयोगी इस फल की बात ही निराली हैं ..

नजर निवारण प्रयोग

अब कोई माने या ना माने पर इस का असर तो होता हैं क्योंकि धनात्मक और ऋणात्मक उर्जा एके कई कई रूप हो सकते हैं हलाकि अनेको लोग स्पस्ट रूप से इस बात को नकार देते हैं पर यह भी सत्य हैं की अनेको ने इसका असर और इसके निवारण करते हुये नाको को देखा हैं .खासकर बच्चो को ,कन्याओं को यह असर हो जाना अधिकतर पाया जाता हैं.

अनेको बार इस कारण यहाँ तक की सबंधित व्यक्ति पर आधुनिक दवाई तक असर नही कर पाती हैं .तो इस के निवारण के लिए भी यह प्रयोग आप सभी के सामने हैं .साधक सर्व प्रथम निम्न मंत्र का जाप किसी भी मंगलवार के दिन रात्रि मे १० बजे के बाद ५१ माला करे. इसमें वस्त्र आसन लाल रहे तथा माला मूंगा की हो. दिशा उत्तर हो तथा सामने भगवान हनुमान का चित्र रखा हुआ हो.

हं हं कष्टभंजनाय फट(ham ham kashtaBhanjanaay phat)

अगर किसी को नज़र लगी हुई है या नज़र लगने की शंका हो तो एक निम्बू लेना चाहिए. उस निम्बू को सिन्दूर से पोत दे. तथा निम्बू को हाथ मे पकड़ कर मंत्र का एक बार उच्चारण कर के सबंधित व्यक्ति के सर पर से घुमाए, इस प्रकार ग्यारह बार करे अर्थात एक बार मंत्र बोल कर एक बार सर से घुमाए इस तरह निम्बू ११ बार घूमना चाहिए. बाएं से दाईं तरफ़उच्चारण मानसिक रूप से भी किया जा सकता है. इसके बाद उस नीबू को प्रवाहित कर दे. नज़र दोष का शमन होता है.

==

Nimbu (lime)

Who is not aware of the use of this plant, it is known in every house for its fruits…

Process for the removal of Negative sight trouble (najar nivaaran prayog) –

Either one may have belief or don't but this effects because there are many types of positive and negative energies, however many of the people neglect this fact, but that is even fact that many people have seen many of the people suffering and applying solution of this trouble, this trouble is basically found to be held on women and children. Much time, because of this reason, there remains no effect of any medicine on the affected person. So, for the removal of this problem too, this process is presented. Firstly, sadhak should chant 51 rosary of the following mantra on Tuesday night after 10PM. Cloths should be red and rosary should be coral rosary. Direction should be north and picture of lord hanuman should be in front.

कमल - धन प्राप्ति प्रयोग

Kamal - dhan prapti parayog

धन प्राप्ति प्रयोग जो सरल और प्रभाव युक्त ..

आज कौन होगा जिसने इसको न देखा हो और इसकी सुंदरता पर मुग्ध न होगया हो अपने आप मे अत्यंत सुन्दर इस फूल और इसके बीज का कितने तांत्रिक ग्रंथो मे उपयोग मिलता ही हैं और यह भी आसानी से आज उपलब्ध हैं ,और दीपावली आदि शुभ महूर्त मे तो या अन्य अवसरों मे कमल का उपयोग करना तो सौभाग्य को बढ़ाना ही हैं .कुछ दुर्लभ प्र्योग आपके लिए ...

धन प्राप्ति प्रयोग

धन प्राप्ति का यह दुर्लभ प्रयोग वह भी कमल जोलक्ष्मी का ही प्रतीक माना जाता हैं इसके माध्यम से भी क्या धन प्राप्ति संभव हैं? यह अद्भुतता और दुलाभ्ता आप सभी एक सामने ताकि सभी का जीवन जितना संभव हो उतना धन युक्त तो हो ही जिससे की सभी साधना मार्ग पर बिना किसी अर्थ की चिंता के चल सकें .

यह प्रयोग किसी भी शुक्रवार की रात्रि मे किया जा सकता है.

साधक को रात्रि मे १० बजे के बाद स्नान कर के लाल वस्त्र पहिन कर लाल आसन पर बैठना चाहिए.

अपने सामने साधक २१ कमल के पुष्प रख दे तथा सभी मे थोडा थोडा शुद्ध घी डाल दे

इसके बाद साधक निम्न मंत्र की २१ माला मंत्र जाप करे. जाप के लिए कमलगट्टे की माला का प्रयोग करे.

श्रीं कमलात्मीकायै धन धान्य सिद्धिम नमः (om kamalaatmikaayai dhan dhaany siddhim namah)

इसके बाद साधक अपने सामने अग्नि प्रज्वलित करे तथा उपरोक्त मंत्र के उच्चारण करते हुवे रखे हुवे कमलों की आहुति उस अग्नि मे दे. हर एक आहुति देते समय एक बार मंत्र का उच्चारण हो, इस प्रकार २१ आहुतियाँ देनी है.

प्रयोग समाप्ति पर निर्माल्य तथा माला को विसर्जित कर दे.

==

Kamal (Lotus)

Today there would be no one, who watch this, and do not fascinate on the beauty of it. There is much reference for this beautiful flower and a seed of the same in tantra scriptures and this plant is also easily available. And in dipawali and other auspicious moments, use of the lotus increases fortune. Rare process for you…

Process for wealth gaining (Dhan Prapti Prayog) –

Process for wealth gaining and that too with the lotus which is believed to be form of the Lakshmi. Is it possible to gain wealth with this flower too? This great and rare procedure in front of all with which everyone can have wealth in the life and can move forward in the sadhana life without tension of the wealth.

This process could be started on Friday night.

After 10 in the night, sadhak should have bath and wearing red cloths, should sit on the red sitting mat.

AstrologicAl combinAtion ...A view

ज्योतिष योग मे एक विचार

नव ग्रहों से प्रभावित हमरा यह विश्व अपने आप मे एक अद्भुत ही रचना हैं.और जब बात इस विश्व की आती हैं तो स्वाभाविक हैं की मानव तो उसमे एक प्रमुख भूमिका निभाता ही हैं.और उसकी हर दु:ख तकलीफ और सुख जीवन के उच्चता और निम्नता सभी को बहुत आसानी से इस के परिपेक्ष्य मे देखा जा सकता हैं .और ऐसे अनेक उदाहरण भी हैं जहाँ ज्योतिष गणनाओ ने अपना लोहा मनवाया भी हैं .

पर इन ज्योतिष गणनाओ मे एक बहुत बड़े स्तर की भूमिका ज्योतिष योग निभाते हैं जिनको सही सही किसी भी कुंडली मे प्रयुक्त कर पाना बहुत ही कठिन कार्य हैं . पर यथा संभव हर ज्योतिष इस कार्य को अपनी स्थिति के अनुसार करता भी हैं .और उसे करना भी चहिये पर यह कार्य इतना सरल भी तो नही हैं .क्योंकि ज्योतिष के हर विभाग की वह चाहे फलित ज्योतिष हो या अंक ज्योतिष हो या तंत्र ज्योतिष हो कहीं न कहीं एक सीमा तो हैं ही .और हर नियम हर किसी पर लगा दिया जाए और वह हर काल परिस्थिति मे सभी पर सही उतरे ही ऐसा तो नही कहा जा सकता हैं .क्योंकि कोई भी अपने आप को पूर्ण किसी एक विधि मे भी नही कह सकता है और ऐसे अनेक उदाहरण हैं की जब अति उच्च स्तर के साधक और ज्योतिष की भी बात उतनी सत्य नही हुयी .

क्योंकि कहीं न कहीं कुछ तथ्य रह ही जाते हैं . और बात चाहे हस्त रेखा की हो या ज्योतिष के किसी भी विभाग या उप विभाग की उसमे हर बात का एक अर्थ हैं और किसी भी तथ्य को नज़र अंदाज नही किया जा सकता हैं.क्योंकि न मालूम उस एक तथ्य पर ही सारी बात टिकी हो.और कुछ बातें ऐसी की ...ज्योतिष योग की हैं . जब किसी भी कुंडली मे ज्योतिष योग लगाकर फलित कहा जाता हैं तब अनेको ऐसे तथ्य हैं जिनका थोड़ी सा भी भूल जाना फल कथन मे कई कई गुणा अंतर ला देता हैं.और व्यक्ति स्वयम भी कई कई बार यह अनुभव करता हैं की जो उसके बारे मे कहा गया हैं वह अनेको बार सही नही उतरा .क्योंकि हर शास्त्र की अपनी ही एक मर्यादा हैं की ,जैसे की कर्ण पिशाचिनी सिद्ध साधक हर व्यक्ति की कम से कम भूत काल की बात तो आसानी से बता सकता हैं, पर अनुभव मे आया हैं या सिद्ध साधक जानते हैंकि वस्तुतः अगर प्रश्न कर्ता यदि भगवती बल्गामुखी सिद्ध हैं या भगवान हनुमान का उपासक हैं तो अनेको बार उस साधक के लिए यह संभव नही हो पाता हैं की वह किसी ऐसे के प्रश्न का उत्तर दे पाए.क्योंकि हर बात की एक सीमा तो होती हैं ही .सिर्फ किसी ज्योतिष योग को किसी की कुंडली मे देख कर यूँ ही फल कह देने से तो काम नही चलता और व्यवहार मे देखा जाए तो दो प्रकार के ज्योतिष पाए जाते हैं एक तो वह जो किसी भी घटना के फलित होने पर किसी न किसी प्रकार से यहाँ वहां से सिद्ध कर ही देते हैं की ये देखिये की ये तो होना ही था . और अपनी वाह वाही ..यह बहुत आसान हैं .और दूसरी तरफ वह हैं ओ आपके बारे मे अनेको बात तो बतायेगें की आप ऐसे हैं आप वैसे हैं और आपका व्यवहार ऐसा हैं और..अन्य अन्य बाते पर किसी भी घटना जो अभी तक घटित नही हुयी हैं उसके बारे मे संभावनाए बता कर अपना पल्ला झाड लेंगे .

पर किन्ही दोनों वर्गों के बीच कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने इस बात की गंभीरता को समझा हैं की लगतार श्रम और अध्ययन से इस विज्ञानं के कुछ मोती पाए जा सकते हैं किताबे एक हद तक मार्ग दिखा सकती हैं पर स्व अनुभव ही सबसे बड़ा मार्ग दर्शक होता हैं.क्योंकि वह भले ही शास्त्रीय बातें के कुछ विरुद्ध भी दिख रहा हो पर वह कहीं संभावनाओं से जयादा सत्य हैं .यदि तंत्र साधनाओ मे या तंत्र क्षेत्र मे या साधना क्षेत्र मे से सबंधित योगो को देख कर भविष्य देखने की बात हो तो ..आप अनुभव कर पायेंगे की अनेको की कुंडली मे यह योग होते हुये भी उनका इस क्षेत्र की ओर जरा सा भी रुझान नही हैं . तब यह क्यों और ऐसा क्यों ..जबकि अगर पानी १०० डिग्री पर उबलता हैं तो यह नियम पूरे जगह एक जैसा हैं न की किसी देश मे कम तो किसी देश मे जयादा..

बात साधरण सी हैं की जब भी यह योग लगाये जाए सबंधित व्यक्ति की स्थिति ,संस्कार अवस्था उसकी आयु जो वर्तमान मे हैं और कितनी शेष हैं उस पर भी विचार कर लिया जाए आप किसी के बारे मे यह कह रहे हैं की अगली इस इस दशा और अंतर मे वह यह यह बनेगा और मानो उसका जीवन ही वस समाप्त होने वाला हैं तो आपका कथन सत्य होते हुये भी असत्य होने ही जा रहा हैं .

और जो १६ कुंडली का विधान हैं वह वास्तव मे किये जा रहे परिणाम की सूक्ष्मता पूर्वक जांच करने का विज्ञानं हैं पर आज कितने हैं जो नवांश कुंडली के अलावा कोई और कुंडली देख कर फलित कह पाते हैं. और अगर वे सभी अर्थहीन होती तो उनका अर्थ कहा था .यह सोचने वाली बात हैं .

शकुन ज्योतिष ने भी एक उच्चस्तरीय भूमिका निभाना था पर वह भी मानो अंतिम सांसे ले रह हैं वह आपके द्वारा किये गए अनेक परिणाम की भविष्य गत स्थिति स्वत ही पहले बता सकने मे समर्थ हैं.

जहाँ एक प्रश्न बार बार उठता हैं की जब दो बच्चो के जन्म मे बहुत ही कम अंतर हो मानलो एक या दो मिनिट तब क्या इतनी आसानी से उनका योग पर आधारित भविष्य कहा जासकता हैं. साधारण रूप से सभी कह देते हैं की हाँ क्यों नही वह वह कुंडली तो अलग होगी ना पर जब सामने जुड़वाँ बच्चे लाये जाए तब अनेको को तो कहते नही बनता की अब क्या कहें ..वास्तव मे देखा जाएय तो इस बाह्य कुंडली के अतिरिक्त भी एक ओर कुंडली हैं जिसे बीज कुंडली या गर्भ कुंडली कहा जाता हैं और वह कहीं जायदा वास्तविकता से इस प्रश्न का उत्तरदेती हैं पर क्या हर ज्योतिष बीज कुंडली या गर्भ कुंडली के निर्माण विधि जानता हैं. यह विचारणीय प्रश्न हैं तव..??

क्या हर व्यक्ति को शनि की साढ़े साती से डरा ही जाए यह भी तो एक प्रश्न सामने आ खड़ा होता हैं जबकि हम जानते हैं की अनेको को इस अवस्था मे बहुत लाभ होता हैं और कई कई पूरी तरह से वर्बाद भी हुये..यहाँ यह नियम नही चलेगा की शनि आपकी कुंडली मे यह यह और ऐसे हैं.वास्तव मे देखा जाए तो ..अब जब अनेको शास्त्र काल कवलित हो गए और आज के नए ज्योतिषो मे वह अनुसन्धान की बात नही रही तब ऐसा तो होगा ही .

वस्त्तः .. FEAR OF FAILURE सबसे बड़ा भय हैं जो किसी को भी अनुसन्धान करने से या यूँ कहूँ की अपने द्वारा किये गए भविष्य फल की गलती स्वीकार करने से रोकता हैं.क्योंकि किसी न किसी तरह किसी भी योग या नियम का सहारा ले कर अपनी बात सही सिद्ध करवा देना एक अलग बात हैं पर.एक निष्पक्ष दृष्टी से अपने किये गए गलत भविष्य फल को देखना समझना बहुत कठिन हैं और जिसे आगे जाना हैं वह इस बात को सबसे सामने रक्खेगा और अपने अनुभव से स्वयं सिखता चल जायेगा.और यह कहीं जयादा सही होगा .अतः सिर्फ ज्योतिष योग नही बल्कि अपने स्व अनुभव जो हुये हैं उनका सहारा ले कर.आज की परिस्थितयां का सहारा लेकर परिणाम कहना कहीं जयादा उचित हैं .न की बाबा वाक्य प्रणाम का हमेशा आधार लिया जाए ..कुछ मूल भूत बातें को हमेशा ध्यान मे रख जाए..तब कहीं बाते और भी सत्यता के नजदीक होगी .

===

Astrology and combination of planets in today's life.

This universe is a very miraculous conception with influence of nine planets. And when we talk about this world, we must talk about human being who plays a significant role in this world.

SWARN RAHSYAM -13

कनकावती साधना रहस्य

तंत्र जगत आश्चर्यों से भरा हुआ एक ऐसा सागर है जहाँ पर विविध साधना रूपी रत्न अपनी अपनी चमक और शक्तियों से साधको को अभीभूत ही किये रहते हैं. और कई रत्न तो सच में ही अद्भुत हैं. अद्भुत हैं अपनी भौतिक और अध्यात्मिक शक्तियों को एक साथ ही प्रदान करने के गुणों के कारण. रस-शास्त्र की खोज में जब मैंने अपनीयात्रा सदगुरुदेव के आदेश पर प्रारंभ की तो मुझे एक बात प्रारंभ में ही समझा दी गयी थी की या तो पूर्णता पाने के लिए इस पथ पर आगे बढ़ो और लक्ष्य को पा कर ही रुकना ,और अगर बीच में इस राह को छोडना हो तो बेहतर है की इस पर चलने का विचार ही छोड़ दो . अब जब तय कर लिया था की लक्ष्य को प्राप्त करना ही है तो ये भी जरुरी था की इस मार्ग के विविध रहस्यों को भी जान लिया जाये. और मुझे पता था की ये सबइतना सहज नहीं है. मैंने कभी अपने किसी वरिष्ट गुरु भाई को ये कहते हुए सुना था की यदि रस शास्त्र के रहस्यों को समझना हो या गुप्त रहस्यों को आत्मसात करना हो तो तब एक ही साधना आपका अभीष्ट पूरा कर सकती है .... और वो साधना “कनकावती साधना” है.

मैं हुमस कर अपने उन गुरु भाई से उस साधना के बारे में पूछने लगा, क्यूंकि मैंने ये तथ्य पहले भी सुना और पढ़ा था और उस ज्ञान को पाने का लालच ही मुझे उन महोदय तक ले गया था.पर उन्होंने झिडक ही दिया .और ये कहा की तुम इस साधना के योग्य ही नहीं हो.

बुरा तो मुझे बहुत ही लगा और ये वो दौर था जब सदगुरुदेव किसी खास कारण से अज्ञात वास पर थे . मुझे बेसब्री से उनके आगमन का इंतजार था पर तब तक हाथ पर हाथ धरे भी तो बैठा नहीं जा सकता था. इसलिए मैं तंत्र शास्त्र के प्राचीन ग्रंथो में इस दुर्लभ साधना की विधि को ढूँढने लगा. महाकाल-संहिता , तंत्र महोदधि, तंत्रमहार्णव,मंत्र महार्णव, यक्षिणी महातन्त्रं,काम काली विलास,मन्त्र सागर ,मेरु तंत्र ,मात्रिका तंत्र, रुद्रयामल तंत्र , दत्तात्रेय तंत्र, स्वछंद तन्त्रं,स्त्री तन्त्रं आदि सैकडो ग्रन्थ मैंने टटोले पर कुछ ऐसा मुझे नहीं मिला जो मेरे चित्त को शांत कर पाता. ४-५ विधियाँ मिली भी तो उनका प्रयोग करने पर ऐसा कुछ नहीं हुआ जिसे विशेष कहा जाता . मुझे हमेशा एक बात की शिकायत रही की इन ग्रंथों में विधियाँ हमेशा पूरी तरह नहीं बताई जाती और मन्त्र शुद्ध है या नहीं ये भ्रम भी हमेशा बना रहता है . और आप सभी जानते हैं की भ्रम युक्त साधना असफलता ही देती है .

इसी समय मेरी मुलाकात कालिदत्त शर्मा जी से हुयी जो आसाम के प्रसिद्द तांत्रिक और रस शास्त्री थे. मैंने जब इस साधना और इसके प्रभाव के बारे में पूछा तो उन्होंने भी यही कहा की इस साधना के द्वारा साधक को जहाँ तंत्र जगत की एक अद्भुत सिद्धि मिल जाती है वही इसके प्रभाव से भौतिक जीवन मेंपूर्णता तो मिलती ही है मतलब आर्थिक निश्चिन्तता आदि पर इसके साथ ही ये देवी साधक को तंत्र और रस शास्त्र के ऐसे ऐसे रहस्यों से परिचित करती है की बस साधक हतप्रभ ही रह जाता है . मैंने जब उनसे इसकी विधि पूछी तो उन्होंने भी अपने हाथ खड़े कर दिए . मैंने उनसे कहा की मुझे इस दुर्लभ साधना का रहस्य आखिर कहाँ मिलेगा . उन्होंने कहा की इस गोपनीय साधना का सम्पूर्ण रहस्य

सिर्फ सदगुरुदेव ही जानते हैं और उन्होंने इससे सम्बंधित ज्ञान अपने शिष्यों को शिविर में भी दिया है , एक पउर सत्र और शिविर ही इस विद्या पर आयोजित किया था . ये सुनने के बाद मैं कई पुराने गुरु भाइयों से मिला और उनसे इस शिविर के प्रयोग के बारे में पूछा भी . कहा तो सभी ने की हाँ सदगुरुदेव ने करवाया था और सभी रहस्यों को बताया भी था पर हम नहीं बता सकते. थक हार कर मैं उदास मन से जोधपुरचला गया .वह मैं ४-५ दिन ही गुरुधाम के पास रुका रहा .

एक सुबह जब मैं प्रातः काल ही सदगुरुदेव के निवास पर पंहुचा तो सेवक ने बताया की सदगुरुदेव आ गए हैं . मैं बैचेनी से उनसे मिलने की राह देखने लगा .लगभग ९.३० बजे सदगुरुदेव ने मुझे बुलाया . मैंने चरण स्पर्श किया और अश्रुपूरितनेत्रों से उन्हें देखने लगा .

कनकावती साधना के बारे में जानना चाहता है – सदगुरुदेव ने कहा .

जी......

क्या जानना है –सदगुरुदेव ने कहा.

जी सभी कुछ...

ठीक है ... मैं तुझे इसके सभी रहस्य बता रहा हूँ, तू उन्हें लिख ले.

फिर सदगुरुदेव इस अद्भुत विद्या के रहस्य पर प्रकाश डालने लगे . उन्होंने कहा की ये साधना तीन तरीके से की जा सकती है ...... शास्त्र कहते हैं की सात दिन तक कनकावती यन्त्र के सामने वट वृक्ष के नीचे बैठ कर सहस्त्र संख्या में नित्य जप करने पर देवी प्रत्यक्ष होती है. पर ये मांत्रिक विधि है .इसमें जप के पहले माँ रूपेण, भगिनी रूपेण का भी संकल्प लिया जा सकता है .

पूर्ण मांत्रिक विधि से इस साधना को करने पर ७,११,२१ दिन में संपन्न किया जा सकता है. नित्य ११ माला मंत्र जप होता है . रविवार से ये साधना प्रारंभ होती है .पर इस साधना में वो सिद्ध होगी या नहीं ये उसके ऊपर है . क्यूंकि इसमें साधक मात्र विनीत रहता है .यही विधि ज्यादातर ग्रंथो में वर्णित है.

इस विधि का ही मन्त्र भी प्रचलित है साधकों के मध्य. इसमें सफलता का प्रतिशत ५०-५० रहता है.

तब मुझे क्या करना चाहिए – मैंने कहा

बेटा इस साधना को तांत्रिक पद्धति से संपन्न करने पर ही ये सिद्ध होती है . इस साधना में भार्या या प्रेमिका रूप में ही सिद्ध करने का भाव संकल्प लिया जाता है . मांस और मदिरा का नैवेद्य चढ़ाया जाता है. इस विधि का प्रयोग यदि साधक करता है तो निश्चित ही पहली बार में ही प्रत्यक्ष सफलता मिलती ही है.

हैं..............-मुझसे ये भला कैसे होगा- मैंने कहा.

बेटा तंत्र जगत में इन शब्दों के गूढ़ अर्थ होते हैं. यहाँ पर मांस और मदिरा का अर्थ प्रतीकात्मक है और इसी प्रतिक के कारण ये साधना तांत्रिक साधना कहलाती है . मांस का अर्थ यहाँ नारियल का टुकड़ा और मदिरा का अर्थ गुड मिला हुआ दूधहै .जिसे नैवेद्य रूप में समर्पित करते हैं.

इस साधना के लिए एक विशेष विधि का प्रयोग करता हुआ भोज पत्र पर यन्त्र का निर्माण साधक स्वयं करता है और उसमे मन्त्र के वर्णाक्षरों द्वारा एक विशेष विधि से यन्त्र का कीलन भी करता है . फिर इस यन्त्र में प्राण प्रतिष्ठा कर उसका पूजन रविवार की रात्रि में करता है. याद रहे ये यंत्र किसी और के

द्वारा स्पर्श नहीं होना चाहिए. किसी भी महाविद्या, महाशक्ति , महालक्ष्मी आदि का पूजन रात्रि में ही प्रारंभ होता है . आसन के नीचे वट के १२-१५ ताजे पत्ते नित्य रख देने चाहिए और उस पर रक्त वर्णीय आसन बिछा देना चाहिए. मुख दक्षिण हो .वस्त्र पीले या सफ़ेद हो सकते हैं. जल,लाल फूल, त्रिगंध, नैवेध्य, लोहबान धुप से यंत्र का पूजन होना चाहिए . और पूर्ण वीर भाव से १११ माला जप नित्य ८ दिनों तक

हकिक माला या सर्पस्थिमाला से होना चाहिए. जप एक बार में ही पूरा होना चाहिए. चाहे लघुशंकाकी तीव्र इच्छा हो या मरने वाले हो तब भी एक बार आसन पर बैठ गए तो मन्त्र पूरा करके ही उठना है . पूर्ण मन्त्र में ६.३० घंटे के आस पास लगते हैं. पर याद रहे की मंत्रजाप सूर्योदय के पहले हो जाना चाहिए. इस साधना का मन्त्र भी भिन्न होता है . इस प्रकार उन्होंने और भी कई महत्वपूर्ण

बाते बताई .यंत्र अंकन तथा यंत्र निर्माण की विधि तथा उन गोपनीय मन्त्रों को भी स्पष्ट किया जिसके द्वारा उस यंत्र को संजीवित् तथा प्राण प्रतिष्ठित किया जाता है.सदगुरुदेव ने बताया की इस यन्त्र को ७ स्वर्ण सूत्रों द्वारा बंधा जाता है या ७ द्वार

का निर्माण किया जाता है . ये एक ऐसा रहस्य है जो किसी भी ग्रन्थ में नहीं बताया गया है और उन्ही सप्त सूत्रों का जो विशुद्ध स्वर्ण से निर्मित होते है नित्य प्रति क्रमानुसार पूजन होता है अर्थात पहले दिन पहले सूत्र पर ही पूजन होता है दुसरे दिन दुसरे का, यही क्रम अंतिम दिन तक रहेगा. नैवेद्य के रूप में आटे को घी में भून कर गुड मिला कर उसमे नारियल के टुकड़े डालकर लड्डू बना देने चाहिए तथा साथ में गुड मिश्रित दूधअर्पित करना चाहिए. यही मद्य और मांस का अर्पण है . किसी भी उपचार को अर्पित करते समय मूल मंत्र के आगे उस उपचार का नाम लेकर समर्पयामी कह कर वो वस्तु अर्पित करना चाहिए .यदि घृत का दीप आठ दिनों तक अखंड लगाया जा सके तो अत्युत्तम .

कमरे में ८ दिनों तक कोई नहीं जाना चाहिए आपके अतिरिक्त. और भी बहुत से ऐसे रहस्य हैं जो गुरुदेव ने उद्घाटित किये . खैर उन रहस्यों को जानने के बाद मैंने घर पंहुचकर उन्ही निर्देशों का पालन करते हुए साधना संपन्न की. उन रहस्यों को पालन करते हुए साधना करने पर उस महाशक्ति का पूर्णरूपेण प्रत्यक्षिकरण पहली बार में ही किया और वैसी ही सफलता मिली जिसके बारे में सदगुरुदेव ने बताया था . जिन उपलब्धियों की चाह में मैंने ये साधना संपन्न की वो उपलब्धिया निश्चित रूप से प्राप्त हुयी और निरंतर प्राप्त हुआ है उस दिव्य शक्ति का मार्गदर्शन भी तंत्र और रस शास्त्र के ज्ञान प्राप्ति के क्षेत्र में.

कई गुत्थियां सहज ही सुलझ गयी. आज भी उसका अवर्णनीय सहयोग मिलता ही है.विषय लंबा न हो जाये इसलिए लेख संक्षिप्त में लिखा है . मैं सिर्फ इतना ही कह सकता हूँ की . ऐसा कोई विधान नहीं है तंत्र जगत का जो अप्राप्य या गुप्त रखा गया हो सिद्धाश्रम साधक परिवार में .

हमें गर्व होना चाहिए की हमें ये सूत्र सहज उपलब्ध हैं . मुझे आप सभी के साधनात्मक अनुभवों के विवरण का इन्तजार है. निश्चय ही हम लोगो में बहुत से साधकों के पास साधनात्मक सफलता के अनुभव होंगे .पर वे अभिव्यक्त भी तो किये जाये. हमें वही उदारता बतानी चाहिए जो हमारे प्राणाधार सदगुरुदेव ने ज्ञान प्रदान करने में निरंतर दिखाई है.इसका प्रमाण ये सिद्धाश्रम साधक परिवार का विस्तृत समूह है. इसलिए सच्चे मन्त्र पुत्र बने और अभिव्यक्ति का गुण प्रदर्शित करें. यही तंत्र-विजय यात्रा का लक्ष्य भी है==

SECRETS OF KANKAWATI SADHNA

Tantra World is known as ocean of wonders were various types of stones exist with their shimmer and powers which mesmerize the sadhak like any thing,some of them are really remarkable…and astonished us because they transport worldly and spiritual powers togetherly.With order of Sadgurudev when I started the journey of discovering Alchemy(Ras-shastra) at first sight they make me understand that either footstep on this path only if you want completeness in life else if you are going to leave it in middle pathway then better you leave it now.

सरल लक्ष्मी साधना

EFFECTIVE SARAL LAKSHMI PRAYOG

धन धान्य प्रदाता लक्ष्मी प्रयोग अब इसे एक बार तो करके देखिये

लक्ष्मी साधना

लक्ष्मी तत्व की महत्वता से कौन इनकार कर सकता हैं,जब भी कोई समर्थ व्यक्तित्व काल के प्रवाह को मोड कर उसे अपने अनुसार बदलना चाहता हैं कुछ अद्भुत या कालजयी या सर्व जन हिताय कुछ भी करना चाहेगा तब उसे लक्ष्मी तत्व का उपयोग तो करना ही होगा, क्योंकि लक्ष्मी तत्व ही ऊर्जा हैं और बिना उर्जा के किसी भी कार्य का सफल होना संभव सा नही हैं,और लक्ष्मी तत्व को तो मात्र धन संपत्ति तक ही नही सीमित करके देखना चाहिए .

बल्कि महालक्ष्मी के १०८ या १००८ स्वरुप कहे गए हैं और इन स्वरूपों मे जीवन की सारी अवस्थाये जीवन मे जो भी शुभमयता हैं वह सारी की सारी आ जाती हैं.फिर वह चाहे एश्वर्य हो या मान सम्मानहो या फिर परिवार मे सुख शांति या योग्य संतान सुख हो या मनचाहे जीवन साथी का पाना हो लंबी आयु वह भी निरोगी काया के साथ फिर वह चाहे अष्ट लक्ष्मी हो या सहस्त्राक्षी लक्ष्मी हो.

सदगुरुदेव जी जब भी शिविर मे प्रयोग करवाए हैं तब उन्होंने एक न एक उच्च स्तरीय लक्ष्मी प्रयोग करवाया ही हैं .क्या यह एक विशेष तथ्य नही हैं.इस स्तंभ के अंतर्गत आपकेलिए हम एक सरल प्रयोग हमेशा देते हैं जो की बहुत सरल होते हैं और निश्चय ही लाभ कारी होंगे .हर लक्ष्मी साधना की तरह इस साधना मे पीले आसन और पीले वस्त्र का प्रयोग किया जाना चाहिये.कोई भी पीली हकिक माला का प्रयोग किया जा सकता हैं.किसी भी शुभ दिन से यह प्रयोग किया जा सकता हैं.

सदगुरुदेव कहते हैं लक्ष्मी के बृहद अनुष्ठान की अपेक्षा यदि लघु लघु प्रयोग किये जाएँ तो कहीं जयादा उचित होता हैं ,और हर व्यक्ति को कम से कम एक स्वरुप तो लक्ष्मी साधना का अपने दैनिक साधना क्रम मे समावेश होना ही चाहिए . अब यह साधक का निर्त्ने हैं की वह एक माला या अधिक भी अपने रोज के साधना क्रम मे शामिल करें .

मंत्र:

ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीं सिद्धलक्ष्मयै नम: ||

====================================

Laxmi Sadhanaa

Who can deny the importance of Laxmi element (money)?. When any capable person molds the flow of time in his favor or would want to create something miraculous or to help other, he has to user power of Laxmi element. Because Laxmi is only power and success in any task is not possible without Laxmi. We should not limited Laxmi tatva only to money or materialistic life.

अचूक टोटके-जिनका प्रभाव होता ही है

TOTKA - VIGYAN

टोटके आपके लिए

1. आप जो भी पहली रोटी खा रहे हो उसके चार भाग करें और पहला भाग किसी गाय को खिला दे और दूसरा भाग कुत्ते को आपके रोग मे आपको लाभ होगा .
2. पुर्वा फाल्गुनी नक्षत्र मे बहेड़ा का पत्ता ला कर घर मे रखने मे किसी भी प्रकार की जो वाधाएं समझ मे नही आ रही हैं उनमे भी लाभ होता हैं .
3. शमशान मे जब भी जाए कोई भी सिक्का वहां पर जरुर फेंक दे यह आपकी कई कई समस्याए हल करता हैं और यदि सिक्का पहले से आप अपने सिरहाने रख कर सो जाए और अगले दिन ऐसा करें तो आपकी रोग मे आपको लाभ होगा .
4. पीपल के वृक्ष को मंदिर आदि धार्मिक स्थान पर लगवाने से एक ओर जहाँ पर्यावरण ठीक होगा वही आपको धन

5. अच्छी नीद आने के लिए व्यक्ति को अपने कमरे के उत्तर दिशा मे अपना बिस्तर लगाना चहिये और कमरे का जो दक्षिण भाग हो उसमे कोई भी काले रंग की तस्वीर आदि लगा ले इससे भी अनिद्रा रोग मे बहुत फायदा हुआ हैं.
6. शनिवार को दोपहर बाद पीपल वृक्ष की जड़ छूने से व्यक्ति की आयु बढती हैं.
7. किसी भी बड़े पेड़ के दक्षिण पश्चिम दिशा की तरफ न सोना चाहिए, न रहना चाहिये.
8. पीपल वृक्ष की शनिवार के दिन पूजा उपासना करने वाले का जीवन धन धान्य से भरपूर रहता हैं.
9. वांस को घर के पूर्व या उत्तर दिशा मे लगाने से व्यक्ति को बहुत लाभ मिलता हैं.
10. सोने वाले कमरे मे पूजा स्थल नही होना चाहिए पर करना ही पड़े तो.रात के समय अपनी पूजा के उपरान्त उस पूजा स्थान को ढक देना चाहिये

===

Magical charm for you

1. Divide first bread of you meal and give half to cow to eat and other half to dog, it will bring good health to you.
2. Take one baheda leaf on day of Poorvaa Falguni Nakshatra and keep it in your home, it helps to overcome from unknown obstacle of life.
3. Throw one coin on visiting cremation ground every time, it will pull away your many problems. And if, you keep that coin under the pillow and do the say, it helps you in sickness.
4. Where establishing Pipel tree in temple keeps atmosphere healthy. It also brings prosperity to your life.
5. To get asleep properly one should arrange his bed in north direction of his room and place one black picture on south wall. It gives relief to insomnia patient.

आयुर्वेद : कुछ घरेलू उपाय

AYURVEDA : SOME TIPS

आयुर्वेद आपके लिए

1. नित्य एक दो तुलसी की पत्ती खाने से रक्त साफ़ होता हैं.
2. कब्ज आदि मे तुलसी की पत्तियाँ पीस कर पीने से तुरत आराम मिलता हैं
3. चर्म रोग मे तुसली की पत्तियाँ का लेप लगाने से तुरंत लाभ मिलता हैं.
4. घर मे तुलसी लगाने से घर का वातावरण शुद्ध होता हैं
5. बालों को शम्पू करने के बाद एक अंडा फेंट कर बालों मे लगाएं फिर बाल धों देंबाल स्वस्थ और रोगाणु रहित होंगे.
6. दही लगाकर बाल धोने से भी बाल स्वस्थ रहते हैं .

7. गले मे खरखराहट होने पर अदरक की गांठ का रस निकल ले और उसमे शहद मिलाकर चाट ले गले मे आराम मिलेगा .

8. अदरक का एक चम्मच रस ,आधा चम्मच शहद मे मिलकर सुबह शाम चटायें ,इससे बंद नाक भी खुल जाती हैं .

9. अदरक नीबू नमक बहुत थोडा थोडा दिन मे तीन बार खाईये.इससे फोड़े फुंसी अगर जायद निकल रहे हो तो आराम मिलेगा ,क्योंकि यह रक्त शुद्ध करेगा .

10.जहाँ दाँत दु :ख रहा हो वहां एक छोटासा अदरक का टुकड़ा रख कर दवा ले और चूसें आराम मिलेगा .

==

Ayurveda for you.

1. Eating one or two basil leaf helps to purify blood.
2. Extract of basil leaf gives relief from constipation.
3. Paste of basil leaf give immediate relief from all skin disease.
4. Planting basil in home brings purityto atmosphere.
5. After applying shampoo, apply one mash egg to your hair then rinse it with clean water. Hair will become healthy and free from disease.
6. Applying curd also brings your hair to good health.
7. Take extract of one piece of Ginger and have it with honey, it will soothe your throat and give relief from throat Itching.
8. Mix one spoon of Ginger extractwith half spoon of honey and lick it. It helps to remove cough.

तंत्र कौमुदी
NFRU
प्रकृति तंत्र एवं रत्न शक्ति तंत्र महाविशेषांक
Fourteenth Issue – February 2013
Tantra kaumudi

Name of the Articles

SADGURUDEV - PRASANG

सिद्धि दर्शन

उन दिनों हम काशी मे ही निवास करते थे. नित्य दशाश्वमेध घाट जाते,गंगा स्नान करते और बाकी का सारा समय गुरुदेव के साथ साधना सिद्धियों मे ही व्यतीत करते.

एक दिन मेरे गुरू भाई प्रियंकू बाबा ने पूंछा “क्या सिद्धियों का चमत्कार उचित हैं “?

स्वामी जी ने उत्तर दिया " जो साधनाए सीख रहे हैं या जो सिद्धियों मे प्रविष्ठ हो रहे हैं,उन्हें भूलकर भी चमत्कार मे नही पड़ना चाहिए.इससे उनकी शक्ति क्षीण हो जाती हैं और साधना की तरफ उनका ध्यान नही रह जाता हैं, साथ ही साथ साधना क्षेत्र की एक मर्यादा हैं और इस मर्यादा का पालन प्रत्येक साधक,योगी या सन्यासी को करना ही चाहिये"

" जो साधना क्षेत्र मे हैं और अभी तक गुरुवत नही बन् सकें हैं,उन्हें लोगों के उकसाने पर भी चमत्कार या सिद्धियों का प्रदर्शन नही करना चाहिए .बहुत ही शान्त,सरल एवं सामान्य अवस्था मे ही उन्हें रहना चाहिए की पडौसी को भी उनकी सिद्धियों के बारे मे ज्ञान न हो सकें "

"पर जो सिद्ध हैं जिन्होंने सिद्धियों पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया हैं वे चाहे तो समय समय पर इसका प्रदर्शन कर सकते हैं,पर इस सिद्धियों के प्रदर्शन मे उनका व्यक्तिगत स्वार्थ नही होना चाहिए.अपना बड़प्पन,उच्चता या सिद्ध होने की प्रक्रिया के लालच मे ऐसा प्रदर्शन करना उचित नही हैं, हकीकत भी यह हैं की जो सही अर्थो मे सिद्ध हैं वह न तो क्षुद्र हो सकता हैं न स्वार्थी.उन्हें अहंकार भी व्याप्त नही हो सकता हैं.वे तो पर दुःख कातर होते हैं और दूसरों के दुःख को दूर करने के लिए ही आवश्यकता पड़ने पर ऐसी सिद्धियों का प्रदर्शन कर लेते हैं."

"यदि सन्यासी किसी कारण वश गृहस्थ जीवन मे जाता हैं और इस सन्यासी ने जीवन मे सोद्ध्यों पर अधिकार प्राप्त किया हैं तब भी गृहस्थ जीवन मे जाने पर उसे सिद्धियों का प्रदर्शन भूल कर भी नही करना चाहिए . चाहे लोग उसे कितना ही अधिक उकसाए ,कुछ भी कहें, कभी कभी अपमान,लांछन या तिरस्कार भी सहन करना पड़ सकता हैं. सभी स्थितियों मे उसे संयत बने रहना चाहिए,और भूल कर भी चमत्कार प्रदर्शन नही करना चाहिए."

मैंने पूंछा " क्या गृहस्थ मे साधना सिद्धि प्रदर्शन अनुचित हैं ?"

उन्होंने उत्तर दिया " अनुचित तो नही हैं, पर ये गृहस्थ लोग या गृहस्थ शिष्य क्षीण बुद्धि होते हैं.उनकी भावना साधना की उच्चता या महत्ता नही होती,सीखने या प्रकृति पर विजय प्राप्त करने की भावना नही होती,अपितु मूल मे स्वार्थ सिद्धि या चमत्कार दर्शन ही होता हैं.यदि कोई गृहस्थ शिष्य चमत्कार दिखने की बात करें तो समझ लेना चाहिए की यह क्षीण बुद्धि हैं और शिष्य बनने के योग्य नही हैं."

मैंने पूंछा " शिष्य कैसे बनना चाहिए ?"

उन्होंने कहा " शिष्य बनने की प्रक्रिया नही हैं ,यह तो स्वत: गुरू के प्रति अनुरक्ति हैं. पिछले जीवन मे भी जिस गुरू से वह दीक्षा लिये हुये हैं इस जीवन मे भी उसी गुरू से वह अनुरक्त रहता हैं. हो सकता हैं की भ्रम वश किसी दूसरे सन्यासी या पाखंडी के पास चला जाए,हो सकता हैं कुछ समय के लिए भ्रमित हो जाए, परन्तु ऐसा होने पर भी उसके मन को शांति नही मिल पाती हैं. ऐसे गुरुदेव से भी दीक्षा लेने पर भी उसके चित्त मे चंचलता बराबर बनी रहती हैं. मन मे उद्विनगता और तनाव विद्यमान रहता हैं "

' पर जब वह उसी गुरू के पास पहुँच जाता हैं जो जन्म जन्म से उसका गुरू होता हैं तो उसे देखकर सहसा ऐसा अनुभव होता हैं की इनका मेरा कई कई वर्षों का सम्बन्ध हैं, यद्दपि उन्हें पहली बार देख रहा हूँ परन्तु ऐसा लगता हैं की इससे पूर्व मे भी इन्हें देखा हैं. उनके पास बैठने से शांति मिलती हैं,मन मे संतोष होता हैं, और ह्रदय मे तृप्ति का अनुभव होता हैं.

और जब ऐसा अनुभव हो, जहाँ बैठने से शांति मिलती हो, जिनसे बात करने पर अपनत्व का बोध होता हो,जहाँ चित्त की चंचलता समाप्त होती हो, उसी गुरू से दीक्षा या पुनः दीक्षा ले कर उनके बताए पथ पर आगे बढ़ना चाहिए ."

मैंने पूंछा "फिर शिष्य क्या करें?"

उन्होंने उत्तर दिया " शिष्य को कुछ भी करना नही होता हैं. जो कुछ करना होता हैं, वह गुरू करता हैं . शिष्य का तो केबल एक ही धर्म, एक ही कर्तव्य, और एक ही चिंतन होता हैं कि वह गुरू आज्ञा का पालन करे उसमे किसी भी प्रकार की हील हुज्जत न करें. किई भी प्रकार का तर्क –वितर्क, सन्देह-असदेंह उत्पन्न होने पर समझ जाना चाहिए की वह शिष्य बनने के काबिल नही हैं.शिष्य का तात्पर्य यह हैं की वह गुरू के निकट जाए और उनके ह्रदय के सन्निकट पहुचे और इतना आधिक निकट पहुचे कि वह अपने अस्तित्व का विसर्जन कर दे,उसे अपना होश ही न रहे. पूर्ण रूपेण समर्पित चिंतन ही शिष्य कहलाता हैं ."

यदि गुरू शिष्य को छत पर खड़ा कर दें और नीचे दहकता हुआ अग्नि कुंड हो और गुरू शिष्य को नीचे छलांग लगाने को कहे तो उस शिष्य को एक क्षण का भी विचार नही करना चाहिए ,बिना सोचे बिना विचार करीब उस दहकते हुये अग्नि कुंड मे कूद जाना ही शिष्यता हैं "

"पर ऐसी आज्ञा गुरू देगा ही क्यों "

स्वामी जी ने उत्तर दिया यह गुरू का कार्य हैं उस क्या आज्ञा देनी हैं और क्या आज्ञा नही देनी हैं. गुरू का कोई भी आदेश अकारण नही होता हैं.उसके पीछे कोई न कोई उसका चिंतन अवश्य होता हैं .और वह चिंतन शिष्य के हित मे होता मे होता हैं .गुरू का एक मात्र उदेश्य पूर्ण रूप से शिष्य को सभी दृष्टियों से योग्य और संपन्न बनाना हैं और इसके लिए वह बराबर प्रयत्न करता हैं .

" जिस प्रकार सुनार बार बार सोने को अग्नि मे डालता हैं, लाल सुर्ख करता हैं, और बाहर ला कर हथौड़े से पीटता हैं, ऐसा होने पर ही वह स्वर्ण देव मुकूट बनता हैं,देवताओं के सिर पर चढ़कर बैठता हैं.शिष्य को भी स्वर्ण वत होना चाहिए,गुरू उसे तपाये या हथौड़े से चोट करें उसे बिलकुल भी न नुकुर नही करना चाहिये,अपितु अपने लक्ष्य पर बराबर गतिशील बना रहे,ऐसा होने पर ही वह शिष्य आगे चलकर प्रसिद्ध योगी बन् जाता हैं.

उन्होंने बात को स्पष्ट करते हुये बताया ,"पूर्ण सिद्धियाँ और सिद्धिता पाने के लिए यह जरूरी नही हैं कि संन्यास ही ले, श्री कृष्ण पूर्णतः गृहस्थ थे मगर फिर भी योगीराज कहलाये.गृहस्थ मे रहकर भी जो असम्प्रक्त रहता हैं जो सही अर्थो मे ही अपने गुरू को अपना इष्ट,सखा,मित्र,माता,पिता,भाई,बहिन,इश्वर और सब कुछ मान लेता हैं,वह सही अर्थो मे योगी होता हैं,कपडे बदलने या भभूत लगाने से ही सब कुछ नही हो जाता हैं.

बात का समापन करते हुये गुरुदेव ने कहा "ऐसा ही शिष्य गुरू के चित्त पर अंकित होता हैं,और गुरू का सारा ज्ञान और सिद्धियाँ स्वत ही उसे प्राप्त हो जाती हैं जिससे वह सही अर्थो मे सिद्ध बनकर पूरे विश्व का कल्याण करने मे समर्थ बन् जाता हैं . मंत्र तंत्र यन्त्र विज्ञानं से साभार

===

Siddhi Darshan

Those days, we resided in Kaashi (Varanasi).Daily we used to go to Dashaashvmegh bank, take bath in Ganga and rest of time was spent with Gurudev in sadhna accomplishments.

One day my Guru Brother Priyanku Baba asked "Is it right to show miracle of siddhis (spiritual accomplishments) "?

सौभाग्य प्रदायक सरल गणेश साधना

SHRI GANPATI PRAYOG

भगवान गणपति के वरदायक स्वरुप से सम्बंधित एक सरल साधना

गण का एक अर्थ मानव इन्द्रियाँ भी होता हैं, और जो इन इन्द्रियों के भी स्वामी हैं उनको कैसे कोई साधक कम करके आंक सकता हैं ,क्योंकि बिना इन्द्रियों के मानव देह का कोई अर्थ नही हैं और इन्द्रियाँ हैं पर उनपर कोई भी नियंत्रण नही तब भी कम से कम बात तो यही हैं.अतः जिन्हें भी साधना मार्ग पर आगे चलना हैं, उन्हें इस बात का भान होना चाहिए की भगवान गणेश का एक अपना ही स्वरुप हैं.

भले ही उनके भोलेपन और प्रसन्तायुक्त स्वरुप से हम सभी का कहीं जायदा परिचय रहा हो पर इस बात से भी इनकार नही की वे ही सर्व प्रथम पूज्यदेव हैं और सर्वमान्य देव भी .इसलिए हर साधना से पूर्व उनका स्मरण, पूजन, मंत्र जप एक अनिवार्यत: स्थित हैं अन्यथा किसी भी प्रकार का विघ्न सामने आ सकता हैं .

यह भी साधना का एक भाग हैं की भगवान गणेश का आशीर्वाद लेना आवश्यक हैं क्योंकि सिर्फ सर्व पूज्य और प्रथम पूज्य होने मात्र से नही बल्कि वे समस्त देव वर्ग का मानो एक सामूहिक स्वरुप भी हैं और उनके पूजन मात्र से सभी देव शक्तियों का पूजन हो जाता हैं. जैसे सदगुरुदेव पूजन से समस्त शुभ शक्तियों का पूजन तो हर साधक को अपने दैनिक पूजन मे इस साधना को "गणेश साधना" का एक आधार तो होना ही चहिये ,अगर किसी भी कार्य मे अनावश्यक विघ्न आ रहे हो तो निश्चय ही भगवान गणेश की उपासना, उसमे बहुत लाभकारी या हितकारी होगी ही .हमने अनेको प्रयोग ब्लॉग और तंत्र कौमुदी के माध्यम से आप सभी के सामने रखने का प्रयास किये हैं उन प्रयोग की महत्वता को समझना ही चाहिए तभी रहस्य सूत्रों का कोई अर्थ हैं.

ॐ श्रीं एकदंताय गणेशाय विजयाय श्रीं ॐ नमः ||

प्रस्तुत मंत्र विधान को अपने दैनिक जीवन मे अपनाए और कम से कम एक माला मंत्र जप तो प्रतिदिन करें और अनुभव करें की भगवान गणेश का वरद हस्त सदैव से आपके ऊपर हैं और वह हर परिस्थितियों मे आपके विघ्न को दूर करेंगे ही जब तक हमारा संकल्प शुभता की ओर होगा .

===

GANESH SADHNA

One meaning of "Gan" (as in Ganpati) is also human senses. Then how can we consider sadhna of master of these senses lesser because without senses, human body has got no meaning and besides this, if senses are present but they are not under our control then also same thing applies. Therefore, those who want to move forward on sadhna path, they should be well aware that Lord Ganesh has got its own form.

Why we need prakriti tantra sadhana ? .

एक परिचय ...

सारा विश्व शिव और शक्ति के संयोग का ही एक स्वरुप हैं,और प्रकृति का मतलब शक्ति ही तो हैं एक आधार,जिस पर सारा विश्व टिका हैं,शक्ति के बिना शिव भी असहाय हैं ये बात तो सभी ने पढ़ी होगी पर यह भी सत्य हैं की शक्ति को भी शिव का आधार चहिये ही अन्यथा कैसे संभव हो सकता हैं सृष्टि के तीनो नियम सृजन,पालन और संहार और नित नूतनता, यह तो एक बात का प्रतीक हैं की शिव और शक्ति दोनों का संयुग्मन ही सारे तंत्र और सारी प्रगति और जो भी दृश्य या अदृश्य मे घटित हो रहा हैं, उन सभी का प्रतीक हैं,इस बात को तो सभी मानते हैं बस वहां शब्दों का रूप बदल जाता हैं पर अर्थ वही रहता हैं.

जीवन मे भी यही कहीं न कहीं पक्ष हैं ही, बहुत ही सूक्षमता से देखने पर यही अनुभव मे आता हैं जो घटना सारे विश्व मे अबाध रूप से घटित हो रही हैं वहीँ कहीं न कहीं हर मानव के अंतर मन मे भी तो .

सारा तंत्र, शिव और शक्ति के आपसी वार्तालाप पर ही तो आधारित हैं और किसी भी तंत्र के मूल ग्रन्थ मे उसके प्रारंभ मे लगभग यही अवस्था रहती हैं ही,इसलिए किसी भी तंत्र मे शक्ति को उपेक्षित किया ही नही जा सकता हैं.क्योंकि तंत्र का अर्थ हैं स्वयम के जीवन का शक्तियुक्त विस्तार, जो जीवन अभी तक मानो बिना रीढ़ की हड्डी का रहा हो उसे अब एक स्थिरता देना .इसलिए शक्ति की उपासना आदि काल से मानव के जीवन का एक आवश्यक अंग रही हैं.और जो भी व्यक्ति स्वयं अपने जीवन का अनुसंधान या खोज करना या उसे अपना सही स्वरुप जानना हो उसे तो इस रास्ते पर जाना ही होगा यही एक मात्र उपाय हैं. जिसको समझना ही होगा, उसी एक मात्र आद्य शक्ति के मुख्तय: १० बिभाग किये गए जिन्हें हम १० महाविद्या के रूप मे भी जानते हैं.और यह वर्गीकरण अनेक रूप मे हुआ, कहीं गुण प्रधानता रही तो कहीं सौम्यता तो कहीं कोई अन्य आधार पर सभी के मूल मे एक वही आद्याशक्ति पराम्बा ही हैं .

अगर मानव को अपने जीवन को एक अर्थ देना हैं और उसे श्रेष्ठता की उचाई छूना हैं तो उसे शक्ति या प्रकृति तत्व को आत्म सात करने के लिए आगे बढ़ना ही होगा, यह अनेक मार्ग से हो सकता हैं पर साधना मार्ग मे तंत्र साधना इसका एक सरल और सहज उपाय हैं जिसे आज इस आपाधापी वाले युग मे एक वरदान ही कहा जा सकता हैं .पर तंत्र अगर जल्दी असर देने वाला हैं तो उसमे सावधानी की भी आवश्यकता हैं यह बात समझने की भी की अगर से क्रिया का परिणाम अगर चाहना हैं तो उसे उन सारी क्रियाओं के गुप्त और रहस्य मय सूत्रों को भी समझना होगा और साथ ही साथ इस मार्ग पर जो सबसे बड़ा आश्रय हैं वह हैं सदगुरुदेव ..तो उनके श्री चरणों मे समर्पित होना भी ..यह जीवन का एक उच्च लक्ष्य कहा जा सकता हैं .

शक्ति तत्व की साधना दो प्रकार से संभव हैं एक तो दक्षिण मार्गी और दूसरा वाम मार्गी. यह समझने की बात हैं की वाम मार्ग कहने मात्र से उसे घृणा की दृष्टी से नही देखा जाना चाहिये क्योंकि इस शब्द के गहन अर्थ हैं.और इस पूरे ब्रम्हांड मे कोई भी वस्तु निरर्थक नही हैं बस काल और परिस्थिति के अनुसार हर व्यक्ति के लिए साधना क्रम अलग अलग हो सकता हैं.यह भी एक समझने वाला तथ्य हैं की साधना वही भी शक्ति तत्व की न केबल व्यक्ति मे एक प्रसन्नता और आहलाद की सृष्टि करती हैं वहीँ दूसरी ओर जीवन और आध्यात्म के एक से एक नवीन तथ्य उसके सामने साकार भी करती हैं.

इन अर्थो मे आज शक्ति साधना और शक्ति साधक का नितांत आवश्यकता हैं क्योंकि जब व्यक्ति बल युक्त होगा तभी समाज भी ऐसा ही होगा और व्यर्थ की न्युनताये भी नही होगी .क्योंकि जितना ज्यादा व्यक्ति असुरक्षित होगा जितना ज्यादा शक्ति हीन होगा वह उतनी ही ज्यादा समस्याए भी.और शास्त्रों मे तो स्पस्ट कहा गया हैं कि शक्ति युक्तता ही पुण्य हैं और शक्ति हीनता ही पाप.इस बात का अर्थ हैं .

हमारे प्राचीन आचार्य और संस्कृति इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं की सभी शक्ति उपासक रहे हैं और वह समाज अपने आप मे उन्नति दायक और सर्व दृष्टी से समपन्न भी रहा हैं .बस कुछ काल विशेष मे यह धारा मंद सी हो गई और इसका बहुत ही भयानक असर हमारे जीवन पर पड़ा पूरा देश मानो पंगु सा हो गया, और अब दूसरे के आसरे होने लगा ,अपना स्वरूप भूल सा गया और पाश्चात संकृति के अच्छे गुण तो नही बल्कि दुर्गुण जरुर अपनाने लगा कुछ शिक्षा व्यवस्था का भी दोष रहा .इन सब का परिणाम साधना क्षेत्र की ओर उपेक्षा ..और यह कोई भी समझ नही पा रहा था की यह कैसे हो गया .इस विपरीत काल मे सदगुरुदेव जी के अनथक अतिमानवीय श्रम का ही यह परिणाम हुआ की आज साधना पक्ष के प्रति एक नया रुझान, एक नयी सोच और एक पूरी नयी पीढ़ी का इस ओर आना सिर्फ उन्ही की ही मेहनत का ही परिणाम हैं जिसे भले ही कुछ अति बुद्धिवादी महत्त्व दे या न दें,यह जरुर हैं की सदगुरुदेव के पवित्र नाम पर अपना उल्लू सीधा करने वालों की तो आज भीड़ हैं सामने .

साधारणतः प्रकृति का मतलब आपका आचरण व्यवहार होता हैं क्योंकि कहा भी जाता हैं न, की मुझे उसकी प्रकृति ठीक नही लगती या वह बुरी प्रकृति का जीव हैं.इस तरह एक अर्थ यह भी होता हैं जिसे शिवलिंग के आधार को भी प्रकृति कहा जाता हैं और एक अर्थ मे तो जो भी दृश्य जगत हैं उसकी आधार भी .और जब बात तंत्र की आये तो सभी का मिश्रण स्वरुप हैं प्रकृति तंत्र

एक साधक मे यह गुण होना चहिये की वह पहले तो निष्ठा पूर्वक साधनारत रहे और मन मे प्रकृति से विजय पाने की भावना और जिस पथ पर आगे जा कर वह प्रक्रति का सहचर बन जाता हैं .पर पहले तो इस पर विजय पाने की भावना होना ही चाहिये,बिभिन्न साधना मार्ग से व्यक्ति इसी मार्ग पर आगे बढ़ना ही चाहता हैं .और प्रस्तुत अंक इसी बात का ही तो परिचायक हैं इसी भावना को ध्यान मे रखकर यह अंक बहुत ही उपयोगी साधनाए आप सभी के लिए हुये हैं ..

विद्याकालिका साधना

VIDYA KALIKA SADHANA ?

परम दुर्लभ एक अद्वितीय साधना

महाकालिका महाविद्यां कलौपूर्णफलप्रदा

ब्रह्माण्ड की श्रेष्ठतम विद्या और अधिष्ठात्री दस शक्तियां जो की दस महाविद्या के नाम से साधको के मध्य प्रचलित है. सभी स्वरुप अपने आप में विलक्षण तथा साधक को ब्रह्माण्ड के सभी सुख भोग की प्राप्ति कराने में समर्थ है .

लेकिन सभी महाविद्याओ की अपनी अपनी अलग ही महत्ता है जिसको आदि काल से ही निर्विवादित स्वीकार किया जाता है. लेकिन महाकाली का स्वरुप तो सभी साधको के ह्रदय में हमेशा उपास्य रहता ही है. तथा इनके भी कई मुख्य रूप और कई विशेष रूप साधना जगत में विख्यात रहे है. चाहे वह दक्षिण मार्ग हो या कापालिक साधना हो, श्मशान या औघड साधना या फिर त्रिक या कॉल मत भी हो, देवी की साधना उपासना सभी मार्ग में सभी साधको के द्वारा कई कई स्वरुप में कई कई पद्धतियों से आदि काल से होई आई है. महाकाली भले ही संहार क्रम की शक्ति मानी जाती हो लेकिन निश्चय ही वह तीनों क्रम में बराबर गतिशील रहती है. आदि शिव के महाकाल स्वरुप की यह शक्ति हमेशा कल्याणकारी तथा रक्षात्मक स्वभाव के कारण जनमानस में पूज्य रही है. उच्च से उच्चतम सिद्धो और साधको ने एक मत में यह स्वीकार किया है की भगवती महाकाली की साधना और उपासना करने पर साधक कई कई प्रकार से सिद्धियों की प्राप्ति कर अपने जीवन के भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों ही पक्षों में पूर्ण सफलता की प्राप्ति कर सकता है. महाकाली एक ऐसी महाविद्या है जिनके बारे में यह कहा जाता है की वह कलयुग में शीघ्र फल प्रदान करने वाली है. निश्चय ही देवी के सबंध में यह तथ्य एक निर्विवादित सत्य है जिसका अनुभव कई कई साधको ने इस युग में किया है. पुरातन तंत्र ग्रंथो में कहा है की भगवती की साधना करना किसी भी साधक के लिए सौभग्य उदय की ही संज्ञा है.

भगवती से सबंधित कई स्वरुप साधको के मध्य प्रचलित है ही लेकिन भगवती का विद्याकाली या विद्याकालिका स्वरुप अत्यधिक गुढ़ तथा विलक्षण माना जाता है. क्योंकी यह स्वरुप विद्याओ से अर्थात गुढ़ ज्ञान से सबंधित स्वरुप है, जिसको सिद्ध करने पर साधक को कई गुढ़ ज्ञान की प्राप्ति होती है. परन्तु, देवी के इस स्वरुप से सबंधित साधना क्रम अत्यधिक तीव्र तथा विलक्षण है, जिसे सहज ही संपन्न करना असंभव है. तथा आज के युग में गृहस्थ साधको के लिए यह क्रम कई द्रष्टि से असहज है. लेकिन इस रहस्यमय स्वरुप से सबंधित कुछ सौम्य लघु प्रयोग भी है. जिसको कोई भी साधक बड़ी सहजता से संपन्न कर सकता है. इसी क्रम में देवी विद्याकालिका से सबंधित यह प्रयोग प्रस्तुत है. इस प्रयोग को संपन्न करने के बाद साधक को ज्ञान सबंधित कई लाभों की प्राप्ति होती है. साधक को कोई भी विषय को समझने में सहजता का अनुभव होने लगता है, साधक की स्मरणशक्ति का विकास होता है, विशेष रूप से साधक को गुढ़ ज्ञान तथा सांकेतिक ज्ञान का अर्थ समझने में भी विशेष सुभीता का अहसास होता है. विद्यार्थी वर्ग के लिए भी यह साधना प्रयोग वरदान स्वरुप है, क्यों की विद्या से सबंधित होने के कारण साधको को अभ्यास में भी प्रगति इस साधना के माध्यम से प्राप्त हो सकती है.

यह प्रयोग साधक कृष्ण पक्ष की अष्टमी को संपन्न करे. समय रात्रि में १० बजे के बाद का रहे. साधक रात्रि में स्नान आदि से निवृत हो कर लाल वस्त्रों को धारण करे. इसके बाद साधक लाल आसन पर उत्तर की तरफ मुख कर बैठ जाये.

इसके बाद साधक अपने सामने भगवती महाकाली का कोई चेतन विग्रह या यंत्र या चित्र को स्थापित करे. साधक गुरु पूजन, गणपति पूजन तथा महाकाली पूजन को संपन्न करे. साधक को गुरुमन्त्र का जप करे. इसके बाद साधक न्यास की प्रक्रिया करे.

करन्यास

क्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः

क्रीं तर्जनीभ्यां नमः

क्रूं मध्यमाभ्यां नमः

क्रैं अनामिकाभ्यां नमः

क्रौं कनिष्टकाभ्यां नमः

क्रः करतल करपृष्ठाभ्यां नमः

अङ्गन्यास

क्रां हृदयाय नमः

क्रीं शिरसे स्वाहा

क्रूं शिखायै वषट्

क्रैं कवचाय हूम

क्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्

क्रः अस्त्राय फट्

न्यास करने के बाद साधक महाकाली का ध्यान कर निम्न मन्त्र की ११ माला मन्त्र जप करे. यह मन्त्र जप शक्तिमाला, मूंगामाला या रुद्राक्षमाला से किया जा सकता है.

मन्त्र - ॐ आं आं क्रों क्रों क्रीं क्रीं कालि कालिके हूं हूं फट स्वाहा

(OM AAM AAM KROM KROM KREEM KREEM KAALI KAALIKE HOOM HOOM PHAT SWAAHAA)

मन्त्रजप पूर्ण होने पर साधक योनी मुद्रा से देवी को जप समर्पित कर श्रद्धा से वंदन करे. साधक को यह क्रम ३ दिन तक रखना चाहिए. माला का विसर्जन नहीं करना है, साधक इसको भविष्य में भी उपयोग में ला सकता है.

==

VIDYAKAALIKA SADHNA

MAHAKAALIKA MAHAVIDYAAM KALAUPORNPHALPRADA

Ten Shaktis, known by the name of Das Mahavidya among sadhaks is best Vidya and ruler of universe. All its forms are special in them and are capable of providing every type of happiness and pleasure to sadhak. But every Mahavidya has got its own significance which has been indisputably agreed upon from ancient ages. But the form of Mahakaali has always been worshipped in hearts of every sadhak. Its many prime forms and some special forms have been famous among sadhna world. May be it is Dakshin Maarg (right hand path of Tantra) or Kapaalik sadhna, shamshaan or Augarh sadhna or Trik or Kaula path , sadhna/upasana of Devi has been done in all paths by every sadhak in many of its forms in many padhatis from ancient ages. May be Mahakaali has been considered to be the Shakti of destruction procedure but she is operational in all three basic procedure of universe (Construction, Maintenance and destruction).

वसन्त सुन्दरी साधना

VASANT SUNDARI SADHANA PRAYOG

भगवती त्रिपुर सुंदरी साधना का एक अद्भुत प्रयोग

वसंत, एक ऐसा शब्द जिसको सुनते ही मनुष्य एक मधुर परिकल्पना को अपने सामने साकार करने लगता है. समय का एक ऐसा भाग, जो की व्यक्ति को चारों तरफ से सौंदर्य और माधुर्य बरसाने के लिए आतुर हो जाता है. पुष्प जुमने लगते है, पैड जेसे मौन अंगडाई से उठ कर कुछ कहने के लिए बेताब हो जाते है, नदियों की कल कल कुछ और शांत, स्थिर सा गीत गुनगुनाती है, प्रकृति का यह एक ऐसा भाग है जिसमे सिर्फ मधुरता ही मधुरता बिखरी हुई है. इसी लिए एक विशेष काल खंड या ऋतू को भी वसंत का नाम दिया गया है, क्यों की उस समय प्रकृति अपने पूर्ण सौंदर्य को मनुष्य के लाभार्थ प्रदान करने के लिए उद्वत रहती है. हाँ, यह बात अलग है की मनुष्य क्या और कितना प्राप्त करता है या कितना कर सकता है, हो सकता है इस वसंत का या दूसरे शब्दों में प्रकृति की मुग्धता का वरण कर वह हर एक क्षण का आनंद उठाये या ये भी हो सकता है वह उपेक्षित कर दे और अपने जीवन में वसंत को स्थान ही न दे पाए, लेकिन प्रकृति का इसमें कोई दोष नहीं है.

मनुष्य के ऊपर यह आधार रखता है की वह प्रकृति तंत्र से क्या तथा कितना प्राप्त कर पता है. यह चर्चा करने का उद्देश्य वसंत का स्पष्ट अर्थ निर्देशित करना था. वसंत कोई ऋतू मात्र नहीं यह प्रकृति का एक वरदान है जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन की न्यूनता का दूर कर सही अर्थो में माधुर्य की प्राप्ति कर सके तथा अपने जीवन का सौंदर्य औरभी निखार सके. और जब बात सौंदर्य माधुर्य की हो तो भगवती त्रिपुरसुंदरी के विविध स्वरुप की चर्चा कैसे न हो? तीनों लोक में सर्वश्रेष्ठ सौंदर्य को धारण करने वाली, भगवती त्रिपुरा के विविध स्वरुप से सभी साधक प्रायः परिचित ही है. लेकिन भगवती का एक ऐसा स्वरुप भी है जो की जनमानस में सुपरिचित नहीं है लेकिन सिर्फ साधको के मध्य यह रूप प्रचलित रहा है. भगवती का यही रूप वसंत सुंदरी के नाम से जाना जाता है. यह स्वरुप और इसकी साधना पद्धति का विधान अत्यधिक गुढ़ तथा रहस्यमय रहा है. गुरुमुखी प्रणाली से भगवती से इस रूप से सबंधित कुछ प्रयोग प्रचलन में रहे है. प्रस्तुत प्रयोग उसी कड़ी में से एक प्रयोग है जो की सिद्धो के मध्य प्रचलन में रहा है. ब्रह्मांडीय यन्त्र अर्थात विशुद्ध पारद से निर्मित पूर्ण प्राण प्रतिष्ठित श्रीयंत्र पर यह प्रयोग को संपन्न किया जाता है क्यों की भगवती त्रिपुरसुंदरी से सबंधित कोई भी प्रयोग में यह यंत्र का अपना ही महत्त्व है जो की तंत्र साधको को ज्ञात है ही. फिर भी, कोई कारणवश यंत्र अगर उपलब्ध न हो पाए तो व्यक्ति कोई भी योग्य एवं प्राणप्रतिष्ठित श्रीयंत्र पर यह प्रयोग को संपन्न करे. यह प्रयोग के कई प्रकार के लाभ साधक को मिलते है.

साधक के आर्थिक अभाव का निराकरण होता है, जीवन में रुके हुये धन की प्राप्ति होती है. साधक को आजीविका के नए नए स्त्रोत्र की प्राप्ति होने लगती है. इसके अलावा, साधक के अगर कोई पारिवारिक संकट है तो साधक को उस संकटो से मुक्ति मिलती है, घर का क्लेश नाश होता है, तथा शान्ति का वातावरण स्थापित होता है. साधक को शत्रुओ से रक्षण प्राप्त होता है, इसके अलावा साधक की प्रतिष्ठा तथा ख्याति का विकास होता है इस प्रकार साधक धन, यश, ऐश्वर्य आदि सुख की प्राप्ति कर अपने जीवन को पूर्णता की और अग्रसर कर सकता है.

इस प्रयोग को साधक कोई भी दिन शुरू कर सकता है.

साधक रात्रिकाल में १० बजे के बाद स्नान आदि से निवृत हो कर लाल वस्त्रों को धारण करे तथा लाल आसन पर उत्तर की तरफ मुख कर बैठ जाये.

साधक अपने सामने बाजोट पर या किसी पात्र में लाल वस्त्र पर विशुद्ध पारदश्रीयंत्र या अनुपलब्धि में कोई भी पूर्ण चैतन्य श्रीयंत्र का स्थापन करे. गुरुपूजन, गणपतिपूजन के बाद श्रीयंत्र का पूजन भी करे. इसके बाद व्यक्ति गुरुमन्त्र का जप कर गुरुदेव से साधना सफलता के लिए आशीर्वाद ले. इसके बाद साधक न्यास क्रिया को करे.

करन्यास –

ॐ क्लीं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः

ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः

ॐ ऐं मध्यमाभ्यां नमः

ॐ नीलसुभगे अनामिकाभ्यां नमः

ॐ हिलि हिलि कनिष्टकाभ्यां नमः

ॐ विच्चे स्वाहा करतल करपृष्ठाभ्यां नमः

हृदयादिन्यास –

ॐ क्लीं हृदयाय नमः

ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा

ॐ ऐं शिखायै वषट्

ॐ नीलसुभगे कवचाय हूं

ॐ हिलि हिलि नेत्रत्रयाय वौषट्

ॐ विच्चे स्वाहा अस्त्राय फट्

इसके बाद साधक यंत्र को भगवती का ही पूर्ण रूप मानते हुये निम्न मन्त्र की २१ माला जप करे. यह जप साधक शक्तिमाला या मूंगामाला से कर सकता है.

मन्त्र - क्लीं ह्रीं ऐं नीलसुभगे हिलि हिलि विच्चे स्वाहा

(KLEENG HREENG AENG NEELASUBHAGE HILI HILI VICCHE SWAAHAA)

मन्त्रजप पूर्ण होने पर साधक योनी मुद्रा से यह जप देवी को समर्पित कर दे. इस प्रकार साधक यह क्रम ३ दिन तक करे. माला का विसर्जन साधक को नहीं करना है. तीन दिन में यह प्रयोग पूर्ण होता है तथा साधक अगर चाहे तो भविष्य में भी इस मन्त्र को साधना में उपयोग में लायी गई माला से कर सकता है.

==

VASANT SUNDARI SADHNA

Vasant (spring season) is one such word listening to which person starts manifesting his sweet imagination in front of him. It is that time of year when there is beauty and sweetness spread all around , flowers starts flourishing , there is greenery all around , flowing river make such a pleasing noise . It is that portion of nature where only melody is spread all around. Therefore, this particular timeframe or season has been called Vasant because at that time nature is restless to provide complete beauty for welfare of humans. Though it is different thing altogether that what and how much person attain or how much he can. It is possible that he can enjoy each and every moment of this spring by feeling the beauty of nature or there is also a chance that he ignores it and could not give place to spring in his life. But Nature is not at fault if he does it like so. It all depends upon person that what and how much he attains from Prakriti (Nature) Tantra. Here purpose of discussion was to give clear and precise meaning of spring. Spring is not merely a season rather it is boon of nature through which person can get rid of shortcomings of life and make his life melodious in true sense and amplify the beauty of his life.

ANAND SHIVA SADHANA PRAYOG

पूर्ण आनंद की प्राप्ति हेतु एक गोपनीय साधना विधान

साधना जगत में तांत्रिक साधनाओ का अपना एक विशेष ही स्थान है. हमारी संस्कृति में भले ही विविध प्रकार के साधना मार्ग का विकास हुआ लेकिन तांत्रिक साधना का स्थान सर्वोच्च रहा साथ ही साथ जनमानस के मध्य यह मार्ग विविध रहस्यों से परिपूर्ण कौतुहल का विषय भी रहा. समय समय पर कुछ विशेष महाऋषियो ने इस मार्ग का उद्धार किया तथा इस मार्ग का जो मूल तथ्य या मूल चिंतन है उस मूल तथ्य को जनमानस के मध्य रखा है तथा स्वार्थपरस्तो के हाथो जो भी क्षय इस मार्ग का हुआ है उसकी पूर्ति करने की कोशिश की गई. लेकिन इस क्रम में कई कई महासिद्धो ने अपने आप को समाज में अलग कर लिया इसके पीछे का चिंतन साफ़ है स्वार्थ परस्ता में ढोंग और पाखण्ड इतनी हद तक फ़ैल जाता है की सही चीजों को भी गलत नज़रिए से देखा जाने लगता है, तंत्र के साथ भी ऐसा ही हुआ और यही हुआ तान्त्रिको के साथ भी.

ऐसी परिस्थिति में उन्होंने अपने आप को समाज से अलग कर दूरस्थ निर्जन स्थानों में अपनी साधनाओ को करना ही उचित समझा . लेकिन मुख्य रूप से इसमें कई प्रकार से समाज का ही नुक्सान हुआ, लोक कल्याण की जगह ढोंग ने ले ली, आध्यात्म का विकृत स्वरुप ही प्रदर्शित किया जाने लगा. और धीरे धीरे नाना प्रकार की रहस्यों से परिपूर्ण तथा दुर्लभ साधनाएं पहले गुप्त और फिर लुप्त ही होने लगी. इस प्रकार समाज की उपेक्षा से कई कई प्रकार की साधनाएं लुप्त हो गई जिनमे विविध शक्ति साधना तथा प्रकृति तंत्र से सबंधित साधनाएं मुख्य रूप से है.

अपनी आतंरिक शक्तियों को बाह्य शक्तियों के साथ संयोग कर के जागृत करने तथा प्रकृति के रहस्यों को समझ कर उसके साहचर्य को पूर्ण रूप से प्राप्त करने की प्रक्रिया को ही तो तंत्र साधना कहते है. फिर भला कैसे संभव हो की इन साधनाओ में ऐसी साधनाएं न हो जो की अद्भुत और आश्चर्यजनक रूप से कोई भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का पूर्ण विकास कर सके. मनुष्य जीवन में व्यक्ति सभी प्रकार के भोग की प्राप्ति के लिए अपने पुरे जीवन भर नाना प्रकार से परिश्रम करता है तथा अपने लक्ष्य की और आगे बढ़ने के लिए हमेशा उद्वत रहता है लेकिन यहाँ पर एक क्षण को रुक कर किसी भी व्यक्ति को यह सोचना नितांत आवश्यक है की क्या वह जो भी भोग को प्राप्त करेगा उसका सुख उसे मिल सकता है लेकिन आनंद की प्राप्ति क्या संभव है? क्यों की सुख तो व्यक्ति के शरीर की क्षणिक अनुभूति है, जैसे ही प्रक्रिया या भोग खत्म होता है तब सुख भी खत्म. लेकिन आनंद तो सुख से कई कई गुना ऊपर है, क्यों की यह स्थायी है. तथा इसका अनुभव आत्मिक होता है, शारीरिक नहीं.

उदहारण के लिए अगर अत्याधिक गर्मी के समय में पंखा चल रहा है तो वह सुख दे सकता है लेकिन नींद ही ना आये तो? और जेसे ही पंखा बंद हुआ वह सुख का जो शरीर को अनुभव हो रहा था वह भी खत्म हो जाता है. आनंद का जीवन में होना कितना और क्या महत्त्व रखता है यह सायद शब्दों की अभिव्यक्ति से बहुत ऊपर है. और जो आनंद का सिंचन अपने जीवन में कर लेता है वह फिर किसी भी परिस्थिति में विषम से विषम समस्या में भी आतंरिक रूप से शांत तथा निश्छल बना रहता है.

शैव मत में शिव की पञ्च शक्तियों का अत्यंत ही महत्त्व है. क्यों की श्रृष्टि के सभी रहस्य इन पञ्च शक्तियों के माध्यम से जाने जा सकते है तथा प्रकृति का पूर्ण आनंद इन पांच शक्तियों के माध्यम से लिया जा सकता है. यह पञ्च शक्ति क्रिया, ज्ञान, इच्छा, चित्त तथा आनंद है. भगवान आदि शिव के विविध स्वरुप है जिनको सूक्ष्म से सूक्ष्म रूप से अवलोकित करने पर भी वे हमेशा रहस्यों से परिपूर्ण ही रहे है.

उनके साथ आदि प्रकृति भी इस लीला में शामिल होती है. तथा विविध स्वरुप के माध्यम से वे जनकल्याण के लिए सदैव ही कार्य करती रहती है. इसी लिए उनके कई स्वरुप को शिवा भी कहा गया है.

सूक्ष्म रूप से देखा जाए तो शिवा मूलतः शिव की ही विविध शक्तियां है जो की स्थूल रूप में स्त्री देवी या प्रकृति के रूप में द्रष्टिगोचर होती है. एसी ही एक अद्भुत शक्ति है आनंदशिवा. भगवान शिव की पञ्च शक्तियों में यह आनंद तत्व प्रधान शक्ति है. इनकी साधना गोपनीय तथा विलक्षण कही जाती है. क्यों की मूल रूप से यह आनंद की ही साधना है, और जिसने आनंद को ही प्राप्त कर लिया उसके लिए फिर सुख भोग ऐशवर्य आदि दुर्लभ नहीं है, वरन यह सब तो अनायास ही साधक को प्राप्त होते रहते है. इनकी साधना के बाद साधक का ह्रदय पक्ष भी विक्सित होता है परिणाम स्वरुप आने वाली घटनाओ तथा निकट भविष्य के बारे में भी उसको विविध संकेत प्राप्त होने लगते है. व्यक्ति पूर्ण रूप से अपने अंदर आनंद के गुणों को धारण करने लगता है तथा अपने ही अंदर डूबने लगता है, चित को निर्मलता का बोध होता है. न सिर्फ आध्यात्मिक रूप से लेकिन भौतिक रूप से भी यह एक उच्चतम स्थिति है. क्यों की व्यक्ति का सामाजिक मान सन्मान ऐश्ववर्य तथा सभी सुख भोग की प्राप्ति भी एसी स्थिति में तो सहज हो जाती ही है, क्यों की जो शिव की पञ्च मुख्य शक्तियों की उपासना करे उसके लिए फिर क्या दुर्लभ रह जाता है.

साधक इस साधना को किसी भी सोमवार से शुरू करे

समय रात्रि में १० बजे के बाद का हो

यह साधना अगर साधक विशुद्ध पारद से निर्मित पूर्ण प्राण प्रतिष्ठित पारदशिवलिंग पर करे तो साधक को कई प्रकार के विविध परिणामों की प्राप्ति हो सकती है, लेकिन अगर साधक के लिए यह संभव न हो तो साधक बिना पारदशिवलिंग के यह प्रयोग संपन्न करे.

साधक स्नान आदि से निवृत हो कर सफ़ेद वस्त्र को धारण करे. तथा सफ़ेद आसन पर उत्तर की तरफ मुख कर बैठ जाए.

इसके बाद साधक अपने सामने पारदशिवलिंग को स्थापित करे. जिनके लिए यह संभव न हो वो कोई भी शिवलिंग को स्थापीत करे. साधक गुरुपूजन तथा गणपतिपूजन को संपन्न करे और शिवलिंग का भी पूजन करे. गुरु मन्त्र का जप करे.

पूजन के बाद साधक साधना क्रम को शुरू करे. सर्व प्रथम साधक न्यास क्रिया करे.

करन्यास

ॐ श्रीं ह्रीं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः

ॐ भगवतितर्जनीभ्यां नमः

ॐ सर्वानन्दमयिमध्यमाभ्यां नमः

ॐ शिवाअनामिकाभ्यां नमः

ॐ तस्यै वैकनिष्टकाभ्यांनमः

ॐनमो नमःकरतल करपृष्ठाभ्यां नमः

हृदयादिन्यास

ॐ श्रीं ह्रीं हृदयाय नमः

ॐ भगवति शिरसे स्वाहा

ॐ सर्वानन्दमयि शिखायै वषट्

ॐ शिवा कवचाय हूं

ॐ तस्यै वै नेत्रत्रयाय वौषट्

ॐ नमो नमः अस्त्राय फट्

इस प्रकार न्यास करने के बाद साधक मूल मंत्र का जप करे. यह जप साधक किसी भी रुद्राक्ष माला से करे. साधक को २१ माला मन्त्र का जप करना है.

मन्त्र –ॐ श्रीं ह्रीं भगवति सर्वानन्दमयिशिवातस्यै वै नमो नमः

(OM SHREENG HREENG BHAGAWATI SARVAANANDAMAYI SHIVAA TASYAI VAI NAMO NAMAH)

मंत्र जप पूर्ण होने पर साधक भगवती आनंदशिवा को प्रणाम करे. साधक यह क्रम ३ दिन तक करे. माला का विसर्जन नहीं करना है, साधक भविष्य में भी माला का प्रयोग कर सकता है.

===

ANAND SHIVAA SADHNA

In Sadhna world, the tantric sadhnas keeps special important place. In our culture, be it different types of sadhna paths are developed but the tantric sadhna has kept the prime importance. Along with that, this path contains a different type of curiosity and secrecy amongst the common people. Time to time some ancient saints had emancipated this path. Moreover, put forth the main zest of this path amongst the common people. In addition, whatever harm caused to these facts were tried to be consolidated. However, in this process many Mahasiddhas tried to become isolate. The intension was very clear behind this because now it has become that in this time manipulation and diplomacy has reached up to certain level where the right facts are also been portrayed in such a wrong manner and they became ruthless. The same happened with Tantra and with the Tantriks as well.In such circumstances; they made themselves so isolated in such remote areas where they can perform their sadhnas without any interruption. However, if we see, the main loss occurred to society only. Instead of public welfare dissemblance, side took place. A distorted form of spiritual side was reflecting more. Then gradually the secrecy regarding these sadhnas came first and consecutive by the time it was disappeared from normal eyes. By societal ignorance many such secret forms of sadhnas vanished which consists Shakti sadhna forms and the sadhnas related to nature tantra also.

Conjoining our internal and external powers and activating them as to get complete support from the nature known as Tantra sadhna. Then why someone would believe it does not contain such sadhna, which can change any body’s personality from root.

ब्रह्म तारा साधना

BRAHAM TARA SADHANA

परम गोपनीय साधना विधान

सर्वेसुहृदयेस्वस्मि संस्थितात्मस्वरुपिणी | यदिच्छामिक्षणादेव परतत्वे नयामितं ||

उपरोक्त श्लोक में भगवती तारा के सबंध में भले ही एक सामान्य श्लोक या उनकी प्रसन्नता के सन्दर्भ की पंक्ति मात्र लगे लेकिन यह एक अत्यंत ही नूतन तथ्य को प्रकट करती हुई पंक्ति है जो की भगवती तारा के एक विशेष स्वरुप के सबंध में है.

उपरोक्त पंक्ति का अर्थ है भगवती श्री तारा सभी के ह्रदयमें स्थित आत्मा स्वरुप है. तथा किसी को भी क्षणमात्र में परातत्व का ज्ञान देने में समर्थ है. भले ही यह सामान्य लगे लेकिन इसका अर्थ बहुत ही वृहद तथा विस्तृत है, और क्यों न हो.

भला भगवती तारा के सबंध में उच्चारित हुआ कोई भी शब्द सामान्य रह ही कैसे सकता है. अपने सदैव कल्याणमय रूप के कारण देवी हमेशा अपने साधको के मध्य अत्यंत श्रद्धेय तथा ह्रदय प्रिय रही है. तथा उच्च से उच्चतम तंत्राचार्यो ने भगवती तारा की साधना कर जीवन में श्रेष्ठतम ज्ञान की प्राप्ति की, चाहे वह भगवान वसिष्ठ, विश्वामित्र हो या स्वयं भगवान बुद्ध. वस्तुतः आदि काल में ब्रह्मज्ञान से सबंधित साधना क्रम में भगवती तारा की साधना का अतिविशेष स्थान हुआ करता है. लेकिन काल क्रम में वे सब साधनाएं गुप्त होती गई, फिर भी तिब्बत के कई तांत्रिक मठो में आज भी इन साधनाओ को गुप्त रूप से बौद्ध लामा अपने शिष्यों को संपन्न कराते है तथा आध्यात्म की उच्चतम स्थिति बोधिसत्व की प्राप्ति के लिए भगवती तारा से सबंधित क्रम को प्रदान करते है. बोधिसत्व ही आगम में ब्रह्मज्ञान है. अर्थात ब्रह्माण्ड के रहस्यों के बारे में जानना, समझना तथा आत्मसात करना. भगवती तारा के इसी स्वरुप को जो की ब्रह्माण्ड का ज्ञान प्रदान करता है उसे ब्रह्म तारा कहा गया है. उपरोक्त पंक्तिया भी भगवती के ब्रह्मतारा स्वरुप का सांकेतिक वर्णन करता है. भगवती तारा ह्रदय में स्थित आत्म स्वरुप है का अर्थ कुछ इस प्रकार है की भगवती ह्रदय अर्थात अनाहतचक्र में आत्म स्वरुप अर्थात ज्योति स्वरुप में सभी व्यक्तियो में विराजमान है तथा देवी की उपासना करने वाले व्यक्ति को परतत्व या ब्रह्माण्ड के गुढ़ ज्ञान को प्रदान करती है. वस्तुतः साधक अपने जीवन में विविध प्रकार के रहस्य से परिचित होने के लिए ही साधना क्रम को अपनाता है. रहस्य का अर्थ यूँ भी समझा जा सकता है की किसी भी विषय से सबंधित अज्ञानता को दूर करना. भगवती ब्रह्मतारा भी प्रकृति का एक ऐसा स्वरुप है जो की साधक के ह्रदयचक्र या अनाहत का जागरण कर आत्म तत्व को चेतना देता है. फल स्वरुप साधक में विविध प्रकार के सकारात्मक भावो का विकास होता है.

आत्मविश्वास की कमी जिस भी साधक को हो उनको आत्मविश्वास की प्राप्ति होती है

साधक के क्रोध तथा अहंकार जैसे हीन भावो का क्षय होता है.

साधक का चित शांत तथा स्थिर होने लगता है.

साधक को ध्यान में सरलता तथा सहजता की प्राप्ति होती है.

साधक की सोच का विकास होता है तथा वह विविध रहस्यों के बारे में स्वयं ही जानने लगता है.

इस प्रकार इस सरल प्रयोग के माध्यम से साधक कई कई प्रकार की आवश्यक शक्तियों को सहज ही प्राप्त कर सकता है. और इसके साथ ही साथ इन सब से ऊपर साधक को भगवती का आशीर्वाद प्राप्त होता है जो की साधक के भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों ही मार्ग की समस्याओ को हटा कर सहज कर देता है. यूँ किसी भी साधक के लिए यह प्रयोग अत्यधिक आवश्यक प्रयोग है जिसे निश्चय ही संपन्न करना चाहिए.

साधक यह प्रयोग किसी भी रविवार से शुरू कर सकता है.

साधक रात्रि में १० बजे के बाद यह प्रयोग आरम्भ करे. स्नान आदि से निवृत हो कर साधक लाल वस्त्रों को धारण करे. तथा लाल आसन पर उत्तर की तरफ मुख कर बैठ जाए.

यह साधना मूल रूप से पारद सहस्त्रान्विता देह तारा के विग्रह के सामने संपन्न होती है. साधक अपने सामने देवी का पारद सहस्त्रान्विता विग्रह स्थापित करे, यह विग्रह की अनुपस्थिति में साधक देवी का सिद्ध यंत्र या चित्र स्थापित करे. साधक गुरुपूजन गणपति पूजन कर विग्रह का पूजन करे. गुरुमंत्र का जप करे. इसके बाद साधक देवी को वंदन कर न्यास प्रक्रिया करे.

करन्यास

ॐ ह्रीं स्त्रीं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः

ॐ ह्रीं स्त्रीं तर्जनीभ्यां नमः

ॐ ह्रीं स्त्रीं माध्यमाभ्यां नमः

ॐ ह्रीं स्त्रीं अनामिकाभ्यां नमः

ॐ ह्रीं स्त्रीं कनिष्टकाभ्यां नमः

ॐ ह्रीं स्त्रीं करतल करपृष्ठाभ्यां नमः

हृदयादिन्यास

ॐ ह्रीं स्त्रीं हृदयाय नमः

ॐ ह्रीं स्त्रीं शिरसे स्वाहा

ॐ ह्रीं स्त्रीं शिखायै वषट्

ॐ ह्रीं स्त्रीं कवचाय हूं

ॐ ह्रीं स्त्रीं नैत्रत्रयाय वौषट्

ॐ ह्रीं स्त्रीं अस्त्राय फट्

न्यास होने के बाद साधक को मूल मन्त्र का जप करना है. यह जप साधक मूंगामाला, शक्ति माला या तारामाल्य से कर सकता है. साधक को इस मन्त्र का २१ माला जप करना है.

मन्त्र - ॐ ह्रीं स्त्रीं ब्रह्म रूपिण्यै फट्

(OM HREEM STREEM BRAHM ROOPINYAI PHAT)

मन्त्रजप पूर्ण होने पर साधक योनी मुद्र से जप को देवी को समर्पित कर दे. इस प्रकार साधक यह क्रम कुल ३ दिन करे. तीन दिन करने पर यह साधना प्रयोग पूर्ण होता है. साधक को माला का विसर्जन नहीं करना है. यह माला का आगे भी मन्त्र जप के लिए उपयोग किया जा सकता है.

===

क्या ज्योतिष योग सच मे फलित होगा ही ?.-एक दृष्टी

ASTROLOGICAL YOGAS..?

जब भी कोई नया नया ज्योतिष सीखने वाला या इस शास्त्र मे रूचि लेने वाला व्यक्ति इन योगों को पढता हैं तो स्वाभाविक हैं कि वह अनेको योगों को खासकर शुभ योगों को तो अपने कुंडली मे लगाकर देखना चाहता हैं ही और इसके परिणाम पढकर एक प्रकार की खुशी से भर जाता हैं कि कुछ ऐसा हैं इसमे,वहीँ जब यह बात स्वयम की कुंडली मे व्याप्त कुछ अशुभ योगों पर आयें तो निराशा का आ जाना एक स्वाभाविक सी प्रक्रिया हैं या एक डर की कहीं सच मे ऐसा न हो जाए,अनेको व्यक्तित्वो का यह शौक सा रहा हैं कि रोज उठते ही वह अपने राशिफल को पढते हैं और उसके हिसाब से अपने दिन भर को आंकने का प्रयत्न करते हैं.अब यह कितना सही हैं या कितना गलत, अभी इस बात पर विचार नही करते हैं बल्कि यह देखते हैं कि क्यों कुछ पर सारे परिणाम सही से लगते हैं और क्यों कुछ पर एक भी परिणाम सही निकल नही पाते है.

जहाँ एक ओर जन्म लग्न की शुद्धता हैं पर कितने हैं जो यह कर पाते हैं या उन्हें कोई योग्य ज्योतिषी मिले जो यह सही गुणा भाग करने मे सक्षम हो वहीँ दूसरी ओर यह भी सत्य हैं कि हर शास्त्र की एक सीमा हैं,और उस सीमा के आगे उस व्यक्ति को कोई न कोइ अन्य आसरा लेना ही चाहिए, तभी उसके फल कथन मे सत्यता का अंश जायदा होगा.पर जब बात हैं कि क्या सारे ज्योतिष योग के परिणाम जो उस व्यक्ति कि कुंडली मे आ रहे हैं, उस व्यक्ति को मिलेंगे ही,यह निश्चित नही हैं सामान्यतः ज्योतिष कुछशुभ शुभ योग बता देता हैं और कुछ हैं जो कुछ और धन राशि अर्जित की आशा मे कुछ भयभीत करने वाले भयंकर योग आपकी कुंडली मे हैं, यह कह कर अपनी जेब गर्म कर लेंगे.सत्यता को दोनों तरफ से छुपाया जाता हैं,कुछ गलती हमारी भी हैं कि हम किसी भी ज्योतिष के श्रम को इतना सस्ता समझते हैं कि उसे उसके श्रम का पारिश्रमिक भी देने मे आनाकानी करते हैं, नतीजा आप समझ सकते हैं .

यहाँ एक बात अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि सिर्फ किसी योग शुभ या अशुभ के होने मात्र से उसके परिणाम आपको मिल ही जाए यह संभव नही हैं.खासकर कुछ साधनात्मक योगों के बारे मे तो यह निश्चितता हैं कि शायद उनके परिणाम कभी भी न मिले क्योंकि सबसे पहले तो यह देखना हैं कि क्या उस व्यक्ति मे इस ओर जाने की कोई लालसा या कोई गुण हैं या नही. फिर बात आती हैं की क्या उसमे जीवन काल मे ऐसी संभावनाए हैं कि इस प्रकार एक योग घटित हो ही जाए ,यहाँ पर मैं उस व्यक्ति कि आयु और स्थिति का भी आकलन करके कुछ कहा जाए उसकी बात रख रहा हूँ ..

ज्योतिष का एक वर्ग हैं जो कोई भी घटना के होने पर किसी न किसी तरह से उस घटना को कोई न कोई ज्योतिष योग से जोड़ कर अपनी वाहवाही कर ही लेता हैं, अपने ज्ञान की..... तो एक वर्ग हैं जो लगतार अनुसन्धान मे लगा रहा हैं उसका ध्यान इस बात पर रहता हैं कि क्यों और कब.न कि कोई किसी तरह का हो हल्ला ..हमेशा किसी भी योग के फलित होने का समय देखना चाहिये और की क्या वह समय उस व्यक्ति के जीवन काल मे आ रहा हैं? यहाँ मतलब सबंधीय दशा या महादशा उसके जीवन काल मे हैं या नही अगर नही हैं तो अन्य ग्रहों की दशाओ मे अंतर दशा देखें जहाँ पर उसके परिणाम मिलने की आशा हो ,साथ ही साथ यह भी ध्यान रखे कि क्या ऐसा हो पायेगा .कारण यह हैं कि आप किसी के विवाह की आयु ३५की अवस्था मे ज्योतिषीय गुणा भाग करके निकाल दो पर उसकी कुल आयु मात्र २७ /२८ वर्ष ही हो तो कैसे फलित हो पायेगा? यह योग यह भी तो सोचने कि बात हैं .

वहीँ एक बात यह भी हैं कि भूलकर भी किसी के चरित्र का आकलन आसानी से न करें क्योंकि इतने नियम और उपनियम हैं कि उच्चस्तरीय ज्योतिष भी गलती कर सकता हैं और इस गलती का व्यर्थ ही परिणाम अच्छा नही होगा .उदाहरण के लिए कुछ शुभ गृह किसी व्यक्ति के अष्टम भाव मे हैं और ज्योतिष योग मे से एक योग इस तरह का भी हैं जो असुर योग कहलाता हैं जिसके अनुसार व्यक्ति तानाशाह जैसा होगा आचरण भी वैसा ही ही होगा . या इसे ऐसे देखें की किसी के कुंडली मे व्यभिचार वाले योग हैं तो सामान्यतः उसके बारे मे कोई अच्छी राय समाज मे नही होगी,यह तो सामन्य सी बात हैं पर इतना आसन नही हैं ज्योतिष .यहाँ यह ध्यान से देखना होगा कि क्या उस व्यक्ति का दशवा भाव शुभता लिए हुये हैं या अशुभता .अगर श्रेष्ठ दशम् भाव हैं तो उस व्यक्ति की कुंडली मे भले ही ऐसे भयंकर योग हो वह कार्य रूप मे परिणित नही करेगा .क्योंकि दशम भाव तो कार्य का भाव हैं ,और किसी के चरित्र आंकने मे भी यही भाव को भू ध्यान मे रखें .

कई कई बार कोई व्यक्ति अत्याधिक चरित्रहीन व्यक्ति होता हैं पर किसी को उसका पता तक ही नही क्योंकि अपयश वाली बात या योग या अवस्था उसकी कुंडली मे होती ही नही हैं.उनके निकटस्थ व्यक्ति तक तो यह पता नही होता हैं कि ये व्यक्ति ऐसा हैं .

ठीक इसी तरह भले ही किसी कि कुंडली मे कितनी भी उच्चता दिख रही हो पर लग्न भाव की श्रेष्ठता बहुत इसको आधार देती हैं वहीँ मानसिक रूप से इस स्थिति को प्राप्त करने मे क्या वह सक्षम हैं?.यह भी तो सोचने विचारने वाली बातें अन्यथा भले ही वह उच्च अवस्था उसे मिल जाये पर रहेगी कितने देर .

हर ज्योतिष योग के फलित होने की कसौटी उसके फलित होने मे हैं .यहाँ केबल समय ही निर्धारण कर सकता हैं कि आप कहाँऔर किस स्तर पर खड़े हैं ,सिर्फ किसी घटना का विश्लेषण करने मात्र से आप भले ही ज्योतिष हो जाए पर सार्थकता आने वाले समय को पढ़ने मे हैं और दूर भविष्य नही बल्कि पास पास की घटनाओं को आकने मे हैं यहाँ प्रश्न सही होने या गलत होने का नही हैं बल्कि इसमें एक सच्चे अनुसंधानकर्ता होने मे हैं औरजो भी गलतियां फल कथन मे हो रही हैं उन्हें गलती स्वीकार करना या सही होने पर एक नया सूत्र पाने या समझने की अपनी ही एक खुशी भी तो हैं .अतः देखा जाए तो सबसे पहले जब कोई गंभीर प्रश्न सामने आ रहा हो तो उस व्यक्ति की आयु देखी जाए और यह भी देखा जाए की सबंधित योग जो शुभ कारक हैं या अशुभकारक हैं .

क्या वे जीवन भर असर देने वाले वर्ग के हैं या किसी विशेष समय तक ही उनका अर्थ हैं अगर विशेष समय तक ही उनका अर्थ हैं तो क्या वह समय,इस व्यक्ति के जीवन काल मे सही समय पर आ रहा हैं या नही.उदाहरण एक लिए एक छोटे से बच्चे की आयु के १ साल से लेकर ४ साल तक कि आयु मे उसके परम धनी या परम गरीब होने की भविष्य वाणी करने का क्या अर्थ.

किसी की विवाह आयु मात्र ३ साल की आयु मे निकाल देने का क्या अर्थ (कभी यह संभव रहा होगा पर परिणाम तो हमें आज देना हैं और आज की सामाजिक अवस्था मे क्या यह संभव हैं?)

किसी बालक के संतान योग या उसके सरकारी जॉब होनी कि उस आयु मे होने का क्या अर्थ हैं.

किसी भी भविष्य फल के देने के साथ,व्यक्ति की आयु ,उसकी मानसिक शारीरिक और आर्थिक स्थिति को भी समझ कर परिणाम देना कहीं ज्यादा श्रेयस्कर होगा.

अब यह हर बार उम्मीद की जाना की हम जिस भी ज्योतिष के पास जाये पहले वह हमारी सारी बातें सही बताये एक एक तभी, हम उससे सलाह लेंगे, यह तो निरर्थक बात हैं,क्योंकि तब हमे उसके श्रम एक हिसाब से उसे उचित पारिश्रमिक भी दे सकने मे समर्थ होना चहिये और यह भी संभव नही कि एक ज्योतिष हर बार अपने सही होने का या उसके ज्योतिष विद्या मे प्रवीण होने का प्रमाण पत्र हर किसी को देता रहे.

अनेक उच्च स्तरीय ज्योतिष तो किसी नव आगंतुक से यह सुनते ही,की मेरा इस विद्या मे विश्वास तो नही हैं पर उनके - उनके कहने पर आपके पास आया हूँ.वे यह सुनते ही सामने वाले व्यक्ति से साफ़ साफ़ कह देते हैं कि मैं आपको इस विद्या पर विश्वास कराने के लिए नही बैठा हूँ,अगर विश्वास हैं तो स्वागत हैं अन्यथा अपना समय नष्ट न करें .

इस तरह से किसी भी योग के परिणाम देते समय या आकलन करते समय बहुत कुछ बातों का ध्यान रखना होता हैं,जब कुछ बातें बहुत गंभीर हो तब जीवन आयु और वहां कहाँ और किस जगह का रहने वाला हैं और उसके यहाँ प्रचलित रीति रिवाज मे क्या यह संभव हैं ऐसी अनेको बातों पर ध्यान दे कर ही अपना फल कथन करना चाहिये.जो कार्य कुछ कठिन सा जरुर हैं.

इसलिए सिर्फ ज्योतिष गुणा भाग के साथ यदि साधनात्मक बल और इष्ट बल भी होगा तो यह इस विद्या के लिए मददगार हो होंगे और उससे भी जयादा आप जिस व्यक्ति को मार्ग दिखा रहे हैं उसके लिए बहुत अनुकूलता भी .

==

Will Astrology Yog materialize in Reality? - One view

Whenever any new student of astrology or person having interest in this shastra read these yogs it is but natural that he wants to see various yogs and especially the auspicious yogs in his horoscope and after reading the results his heart is filled with joy. But when we talk about inauspicious yogs present in our horoscope then it is quite natural to get disappointed or get apprehension that it may happen in reality. Many persons have got the hobby of reading their zodiac results and try to analyze their whole day proceedings accordingly. Now just leave aside the topic whether this practice is right or wrong rather we will focus on why all results prove to be right for some persons and on others none of the results prove to be right.

On the one hand correct birth ascendant is important but how many are there who can determine it correctly or they have any capable astrologer who is capable of doing correct calculation. On the other hand, it is also true that every shastra has got one limit, beyond which person has to rely on some other alternative then only degree of preciseness of said result will be higher. But when we are talking about that will a person definitely get all the results of astrological yogs which are present in his horoscope, it is not a certainty. Generally Astrologer will tell some auspicious yogs and there are some who in order to earn money will tell you some dreadful yogs in horoscope. Truth is concealed from both sides. Some fault also lies with us that we consider hard-work of any astrologer to be so cheap that we hesitate to give fee for hard work put by him. Results are but obvious.

Here one fact has to be understood very well that just by any Yog being auspicious or inauspicious, you will get its results, it is not possible.

WHAT IS RATN JYOTISH ?

रत्न ज्योतिष का एक प्रारंभिक परिचय

ज्योतिष का मानव जीवन पर असर और प्रभाव आज सभी को ज्ञात हैं,और न मानने वालो की तुलना में मानने वालों की संख्या कहीं जायदा हैं वस्तुत अगर किसी भी विज्ञानं में सत्य का सामना करने की शक्ति नहीं हो तो वह कैसे आज हजारों वर्षों से मानव समाज के बीच अपना स्थान बनाये रख सकता हैं, यूँ तो आज कई जंगली जन जातियां ऐसी हैं जो आधुनिक विज्ञानं को न जानती हैं, न मानती हैं तो उससे आधुनिक विज्ञानं की सत्यता और असत्यता पर भला प्रश्न चिन्ह कैसे लग सकता हैं.

और यह हमारा सौभाग्य हैं की आज कम से कम इस ज्योतिष शास्त्र के अनेको स्तम्भ कम या ज्यादा ही सही पर अपने स्वरुप में सामने हैं और इस ज्योतिष शास्त्र के अनेको भागो और प्रभागों के मध्य एक नाम रत्न ज्योतिष का भी हैं.

प्राचीन काल से अनेको दिव्य मणियों के बारे में उल्लेख मिलता ही आया हैं, जैसे पारद मणि और स्यम्यन्तक मणि और भी कई कई मणियाँ भी, इसका मतलब सिर्फ यह मणियाँ धारण करने की ही नहीं बल्कि इनका कुछ विशेष महत्त्व भी रहा होगा तभी तो उस प्राचीन काल में भी और आज के काल में भी लोग इनके पीछे पागल हुए रहते हैं.इन्हें सिर्फ पत्थर का टुकडा नहीं माना जा सकता हैं.

सदगुरुदेव जी ने मंत्र तंत्र यन्त्र विज्ञानं पत्रिका के एक अंक में ऐसी अनेको मणियों के बारे में हमारा ध्यान आकर्षित कराया था जिनसे साधना में सफलता कहीं आसानी से पायी जा सकती हैं.और यह उस काल के लोगों का सौभाग्य रहा हैं वे सब दिव्यतम निधियां जो जीवन के अनेको क्षेत्र में सहयोगी रही हैं सुलभ रही पर आज यह अवस्था फिर से शोचनीय हो गयी हैं .

ज्योतिष के परिणामो पर भले ही लोग प्रश्न वाचक चिन्ह लगाए पर लोगों के मध्य आज भी रत्न के प्रति आकर्षण तो हैं ही,एक तरह से इन्हें या इनके बारे में न जानने लें व्यक्ति, इन्हें सौन्दर्य बढाने वाले एक उपादान मान सकते हैं पर वास्तव में यह तो सही हैं पर इसके आलवा भी इनका महत्त्व भी कई कई गुणा अधिक हैं.

और यूँ तो इन मणियों का इतिहास राजा बलि की कहानी से ही सामने आता हैं जहाँ भगवान् विष्णु ने वामन अवतार के माध्यम से राजा बलि के शरीर के विभिन्न हिस्से से इन मणियों का जन्म हुआ हैं यह घटना सभी जानते हैं, क्योंकि वचन के उपरान्त जब भगवान् ने उसके शरीर का स्पर्श अपने चरण से किया तो वह पूरा रत्नमय हो गया और देवराज इंद्र ने उसे अपने वज्र से टुकड़े टुकड़े कर दिया .इस तरह से इन रत्नों का संसार के सामने आना हुआ,वास्तव में रत्न सिर्फ सौन्दर्य बढाने वाले उपादानो से बहुत कुछ अलग हैं .इनका सही प्रयोग किसी उचित और योग्य आधार वालें व्यक्ति के निर्देशों पर किया जाए तो व्यक्ति बहुत जल्द ही अपने लक्ष्य को पा सकता हैं.इस बात का अर्थ समझना चाहिये,वस्तुतः बुद्धिमान वही हैं जो इन रत्न विज्ञानं के गुणों की सहायता से अपने जीवन की प्रतिकूलताओ को अनुकूलताओ में बदल सकें.

ज्योतिष में जो भी कमिया या न्युन्तायें एक मानव जीवन की बताई जाती हैं जब किसी जातक के जन्मांक को देखा जाता हैं.और इस रत्न विज्ञान के माध्यम से उन कमियों और न्यूनताओ को एक सही वैज्ञानिक दृष्टी के माध्यम से उपयोगित कर मानव जीवन के कष्ट प्रद रास्ते को सुगम करने का काम,

यही विज्ञानं करता हैं.इस विज्ञानं में विदेशों में भी बहुत कार्य हो रहा हैं वस्तुतः रत्नों का एक अद्भुत कार्य हैं की किस तरह यह मानव जीवन के लिए यह उपयोगी सिद्ध होते हैं किस तरह से हमारे आचार्यों ने मनीषियों ने और उच्चतम आध्यात्म विदो ने यह खोज किया की किस तरह ये रत्न मानव जीवन के लिए उपयोगी होंगे किस तरह से हर रत्न किस तरह से किसी एक ग्रह का प्रतीक हैं.इस तरह से इस विज्ञानं को कोई सामान्य नहीं समझा जाना चहिये यह भी १०८ दिव्य विज्ञानों में से एक हैं जिनका एक सही स्वरुप सामने आना हैं और सिर्फ मुख्य रत्न ही नहीं उपरत्नो का भी एक अद्भुत संसार हैं न केबल ग्रहों के मुख्य रत्न की बदले में पहिने जाने के लिए ही नहीं बल्कि अनेको ऐसे दिव्य उपरत्न हैं जिनका अभी परिचय सामने आना बाकी हैं , जो की सस्ते सरल और सहज ही उपलब्ध हैं पर उनका वास्तविक स्वरुप छुप सा गया हैं.जिनकी दिव्यता से अभी भी जन सामान्य ही क्या बल्कि साधक समाज भी पूर्णतया अपरिचित हैं.

इन अनेको दिव्यतम रत्न विज्ञानं से सबंधित बातें और तथ्य तो समय समय पर आपके सामने आयेंगे ही जैसे जैसे हमारे वरिष्ठ सन्यासी भाई बहिनों की आज्ञा और निर्देश हमें मिलता जायेगा .

===

WHAT IS GENSTONE ASTROLOGY?

Today, all of us are aware of the effect and influence of astrology on human life. Those who accept it are more in number than those who do not accept it. In fact, if any science is not able to face the truth then how can it sustain in human society from thousands of years?

There are few tribal and nomadic castes that neither know nor accept modern science, so can we raise question mark on authenticity of modern science?

And we are very lucky that at least today various pillars of astrology are more or less present in their authentic form. One among many types and sub-types of astrology is gemstone astrology. From ancient time there has been mention of various divine gems like mercurial gem or symyantk gem etc. It does not mean that they were merely for wearing rather they would have got special importance. That’s why people are crazy behind them both in past and today’s era. They cannot be merely considered as piece of stone.

WHY GEMS ARE NEEDED ?

इस विज्ञानं की उपयोगिता पर एक दृष्टी

सारा जगत जिस एक नियम पर आधारित हैं, उसे कर्म नियम कहा जा सकता हैं.हर व्यक्ति के अच्छे बुरे भाग्य या जीवन में अवनिति या उन्नति या जो भी उतार चढाव उसके सामने आते हैं उसके अगर सिर्फ संयोग के नियम से समझाया जाए तो मानो एक अराजकता सी चारों और मच जाएगी अत: यह नियम सही नहीं है और अब तो आधुनिक वैज्ञानिक भी इस बात को स्वीकार करने लगे हैं की इस ब्रम्हांड का निर्माण कोई एक संयोग नहीं बल्कि एक सुविचारित व्यवस्था हैं और इसको सुचारू रूप से सतत गतिशील करने के लिए जिन नियम या उप नियम या पराभौतिक नियम हैं,उनमे कर्म नियम सबसे ऊपर हैं और कहा जाए की एक यही नियम ही जीवन की सारी विसंगतियों को समझा सकता हैं.अतः इस नियम की महत्वता तो स्वीकार सभी करना पड़ता हैं.

भगवान श्री कृष्ण गीता में कहते हैं की जो कर्म हमने सृजन किये थे, उनका निराकरण भी हम कर सकते हैं.पर कैसे यह संभव हो तो इसके लिए बहुत सारे उपाय हैं, जिनमे मन्त्र,तन्त्र,यज्ञ और अन्य भी शामिल हैं और हर किसी प्रक्रिया की एक अपनी ही उपयोगिता हैं और इन प्रकारों का उच्चस्तरीय रूप अभी तो जन सामान्य के सामने आना बाकी हैं और जन सामान्यतः की सामान्यतः रत्नों धारण करने की अधिक रूचि रहती हैं .पर आखिर क्या आधार हैं इन सब बातों का. क्यों कुछ पत्थर को धारण करने पर एक व्यक्ति को अनुकूलता मिलती हैं तो वहीँ दूसरी और दुसरे व्यक्ति को उसी पत्थर जिन्हें हम रत्न धारण करने पर प्रतिकूलता मिलती हैं.क्या सचमुच गृह नक्षत्र का मानव जीवन पर प्रभाव पड़ता हैं .?इसे कैसे समझा जाए?

वस्तुतः ग्रह नक्षत्र में मनुष्य से हजारों मील की दुरी पर हैं तो उनका हम पर असर पड़ना थोडा सा अजीब सा मालूम होता हैं पर वास्तव में यह ग्रह सिर्फ धनात्मक और ऋणात्मक करने छोड़ते रहते हैं, और हमारे कर्म फल इन धनात्मक और ऋणात्मक किरणों के असर से समय समय पर अपना असर दिखाते रहते हैं, जिस तरह से किसी खेत में रबी की और खरीफ दोनों फसले बो दी जाए तो भले ही उस खेत में पानी प्रवाहित किया जाए पर जब रबी का मौसम होगा, तब रबी वाली फसल होगी और खरीफ वाले समय पर खरीफ .

ठीक इसी तरह हमें भी समय समय पर इन ऋणात्मक किरणों का असर सहन करना पड़ता हैं और धनात्मक कित्नो का लाभ यदि हमारे कर्म फल कुछ अच्छे हुए तो पर यह मानव शरीर एक मंदिर माना गया हैं और धनात्मक किरणों से ज्यादा ऋणात्मक किरणों का असर हमको प्रभावित करता हैं.और इन ऋणात्मक किरणों के असर से इस शरीर मंदिर की रक्षा करना भी एक अनिवार्य कर्तव्य माना गया हैं.क्योंकि यह मानव देह अमूल्य हैं और रत्न एक तड़ित चालक की तरह माना जाता हैं.और यह हमारे शरीर पर पड़ने वाले ऋणात्मक प्रभावों से हमारी रक्षा करता हैं .

और हमारे जीवन को और भी व्यवस्थित और आनंददायक बना सकने में समर्थ हैं, यह कर्म फल के असर को निर्मूल तो नहीं करता पर उसके प्रभाव को इतना कम कर सकता हैं की उसे लगभग न ही माना जा सकता हैं,ठीक इसी तरह से हमारे जीवन में आने वाले किसी भी शुभ प्रवाह या शुभ समय को कई कई गुणा बढ़ा सकता हैं.पर यह समझना भी जरुरी हैं की यह किसी नवीनता को जन्म नहीं दे सकता हैं.इसके साथ यह भी समझना जरूरी हैं कि इन रत्नों को धारण करवाने की सलाह देने वाले को किस स्तर का ज्ञान होना जरूरी हैं सिर्फ किताब से ही नहीं उसके पास उसके अनुभव की भी अमूल्य पूंजी होना ही चाहिए,सिर्फ किताबो के माध्यम से ही हर अवस्था में सही निर्णय नहीं दीया जा सकता हैं.

जीवन की अनेको दुर्भाग्य पूर्ण स्थिति में यह रत्न विज्ञान व्यक्ति के लिए एक प्रकाश स्तम्भ का कार्य करता हैं और उसको एक नया आधार दे पाता हैं और इसी तरह जो उसके लिए लगभग असंभव सा हैं उसे एक आधार देकर उसे जीवन की उच्चता और प्रसिद्धि के शिखर पर आसीन भी करा सकता हैं. बस जरुरत हैं तो इस विज्ञानं को समझ कर उसे सही अर्थो में उपयोग किया जाए.और इन रत्नों की सहायता तो उसे साधना में सिद्धि भी प्रदान करने में सहयोग कर सकती हैं,ज्योतिषीय दृष्टी से जो भी प्रतिकूल स्थिति हैं जो एक साधक को उसके लक्ष्य तक पहुचने में वाधा दे रही हैं.

===

Why Gems are required…

Whole world is based on one rule i.e. Law of deed. Every body's fate whether it is good-bad or development-degradation in life or any types of up-downs comes and if we just see the coincidences and tries to understand the rules then a big chaos will spread everywhere. Therefore, this law is not appropriate. Moreover, nowadays-even scientists are agreeing to this fact that construction of this universe is not just a coincidence rather it is a well-planned designing or arrangement. In addition, for its smooth functioning, those laws are considered and are it sub laws or metaphysical laws, amongst all the law of deed position number one. Only this law can make you understand all absurdity of life. Therefore, we all have to accept the importance of this law.

Lord Shri Krishna says in Bhagvat Geeta – those deeds, which we created, can be remove by us only. However, for making it possible, there are many ways to solve it, which includes Mantra, Tantra, Yantra and many other ways. In addition, every way consist its own importance and utility. Moreover, the advanced version of all these ways is remained to be open in front of all. Generally, people like to carry gems stones on their body. However, what is the base behind it? Why it is like that by wearing any stone or gem, a person gets favorability in life? On other side, the other person gets affected from it badly. Is it true that planets affects human being? Now the question is how to understand this?

RELATION BETWEEN PLANETS AND GEMS

रत्न विज्ञानं का ग्रहों से सबंध

रत्न विज्ञानं यूँ तो अपने आप में अनेको रहस्य छुपाये हुए हैं और इस महाविशेषांक के आगामी अंको में,जब इसके उच्चतम ज्ञान से सबंधित अंको के प्रकाशन की जब अनुमति मिलेगी, तब हम इसके अनेको गुप्त रहस्य को भी आपके सामने लायेंगे,पर उन अंको की प्रारंभिक पृष्ठ भूमि भी तो अभी जरुरी हैं.इसलिए यह जानना भी जरुरी हैं की हर रत्न को किस ग्रह से सबंधित किया गया हैं और यह सामान्य सी जानकारी भी कई कई बार बहुत ही महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती हैं.

न केबल यह बल्कि इन रत्नों को धारण करने के लिए किस धातु का उपयोग किया जाना यह भी एक महत्वपूर्ण विषय हैं क्योंकि उचित रत्न के साथ उचित धातु का संयोग भी एक अनिवार्य प्रक्रिया हैं.

अगर उसका एक निश्चित लाभ लेना हो तो, क्योंकि विज्ञान का मतलब ही यही हैं की उसके हर भाग को जैसा निर्दिष्ट किया गया हो उसी रूप में पालन करना तभी एक प्रक्रिया पूरी होती हैं और उसका समुचित लाभ भी लिया जा सकता हैं.

ग्रह और सम्बंधित रत्न

- सूर्य –माणिक्य
- चन्द्रमा –मोती
- मंगल –मूंगा
- बुध – पन्ना
- शुक्र –हीरा
- बृहस्पति –पुखराज
- शनि –नीलम
- राहू –गोमेद
- केतु –लहसुनिया

ग्रह और सबंधित धातु

- सूर्य, मंगल,बुध------ स्वर्ण
- चंद्रमा,बृहस्पति –चाँदी
- राहू और केतु ---पंचधातु

- शनि –लोहा,रांगा

Gems and Planet rapport

Gem science is conceals many secrets in it. Moreover, in preliminary Special editions, when we will get permission to publish advanced information regarding this, we would definitely try best to put forth the new secrets. However, it is necessary to provide the basic information so that in future you will be able to understand it properly. Therefore, it is very essential to know which gem is of which planet. Such simple information sometimes keeps high importance.

Not only this but also which metal should be used to wear this gem is equally necessary information. As it is very important to know exact proportion and combination of gems and metal for using purpose. This is also an essential process only if certain benefit is desirable. Because science itself does means that following every procedure as instructed for achieving desired success.

Planets and related Gems

- Sun – Cornelian
- Moon – Pearl
- Mars – Coral
- Mercury – Emerald
- Venus – Diamond
- Jupiter – Topaz
- Saturn – Sapphire

SOME PRECAUTIONS FOR GEMOLOGY

कुछ सावधानी जिन्हें ध्यान में रखना ही चाहिए ही ...

जब किसी भी विज्ञानं का पूर्ण लाभ लिया जाना हो तो उसके सभी अंगो का परिपूर्ण रूप से अध्ययन भी किया जाना भी उतना ही आवश्यक हैं.जब रत्नों का धातु से और ग्रहों से सबंध हैं तो किस वजन के वह धारण किये जाना चहिये वह भी तो एक आवश्यक बात हैं क्योंकि हमारे आचार्यों का ज्ञान पूरी तरह से वैज्ञानिक मत युक्त रहे हैं भले ही उस कड़ी के लुप्त हो जाने के कारण हम यह समझ नहीं पा रहे हो पर यह भी तो एक सच्चाई हैं .और इस परिपेक्ष्य में कुछ सामान्य सी सावधानी जो आपको रखना ही चाहिये.

- अच्छी तरह से अपनी कुंडली का अध्ययन करवा कर ही आपको रत्न धारण करना चाहिए क्योंकि सामने दृष्टी से देखें जाने पर कई कई बार जातक बेहद परेशानी में फस जाता हैं,अनेको कुंडलियों में ग्रहों का संयोजन भी कई बार बहुत जटिलता युक्त होता हैं .

- सामन्यतः ज्योतिष जातक की कुंडली देखकर उनके लग्न स्थान के मालिक के रत्न को पहिनने के लिए कह देते हैं यह ठीक हैं, पर यहाँ भी कई कई बार लग्न स्थान का स्वामी ग्रह स्वयम बेहद कमजोर अवस्था में कुंडली में हो और बेहद विपरीत अवस्था में हो तब कुशल ज्योतिषी के अनुभव की जरूरत होती हैं.

- हर जातक की कुडली में किस राशि में वह ग्रह हैं उसके अनुसार एक निश्चित वजन का ही रत्न उसके लिए उपयोगी होता हैं,अतः सभी के लिए एक निश्चित वजन का रत्न कह देना उचित नहीं हैं ,पर जब इस बात का पूरी तरह से ज्ञान न हो तो सदगुरुदेव जी नेयह निर्देश दिया हैं की कम से कम चार रत्ती का वजन तो रत्न का होना ही चाहिये.(इसमें हीरा रत्न शामिल नहीं हैं)

- धारण करने से पूर्ण जब यह निश्चित हो जाए की यह रत्न जातक के लिए सर्व दृष्टी उपयोगी हैं तब ही उचित प्राण प्रतिष्ठा करवा कर ही धारण करना चाहिए और यह कार्य किसी भी योग्य पंडित से करवा लेना चाहिए जो इसका विधान पूर्ण के साथ जानता हो.अन्यथा उचित प्राण प्रतिष्ठा के अभाव में रत्न अपना पूर्ण प्रभाव नहीं दे पाते हैं.

- रत्न लिए जाते समय यह ध्यान रखना चाहिए की उसमे किसी प्रकार की टूट फुट, लाइन या कोई भाग में दरार आदि न हो क्योंकि एक सुगढ़ और सुडौल रत्न ही अपेक्षित उचित परिणाम दे सकने में समर्थ होता हैं .यह सही हैंकि एक निर्दोष रत्न की कीमत काफी ज्यादा होती हैं पर जीवन की बहुमुल्यता देखने पर यह निर्णय आपको करना ही होगा.

- हर रत्न का एक जीवन काल भी होता हैं अतः यह भी समझ लेना चाहिए की उस काल के बाद उसकी प्राण ऊर्जा लगभग समाप्त सी हो जाती हैं .अतः एक बार उसकी पुनः प्राण प्रतिष्ठा की जाना चाहिए.

- हर रत्न को धारण करने का एक वार और एक समय होता है उसका पालन भी किया चाहिए.

- तो विपरीत ग्रहों के रत्न को एक साथ या पास पास की अंगुली में धारण नही किये जाना चाहिए .

- इसी बात को नवरत्नों की अंगूठी में भी ध्यान रखना चाहिए .

- किसी दोष युक्त रत्न की जगह उपरत्नो का भी उपयोग आसानी से किया जा सकता हैं .

  और जो भी इस विषय में ज्यादा जानकारी चाहते हो उन्हें सदगुरुदेव द्वारा लिखित "रत्न ज्योतिष " का अच्छी तरह से अध्ययन कर लेना चाहिए .इस बहुमूल्य किताब में इस विज्ञानं से सबंधित सभी बातें पूर्णता के साथ दी हुयी हैं .

------------------------------------- --

Gems and their precautions

Whenever it is procuring benefit of any science then it is equally necessary to know and study each parts of that concerned subject. Gems have direct connection with metals and planets, so it is equally important to know which amount of Gems's weight one should consider. Reason behind this is since our old scholar's knowledge was completely based on scientific logics and facts though it is different matter those facts have been disappeared in times space and we are unable to understand it. So in this regard below given are the general precautions that you should consider…

- This is necessary that one should wear a Gems only after considering the thorough study of his/her horoscope. Because in outer way it seems that Jataka (person) is suffering from many obstacles in his life, and even in many horoscope the combination of planets are also tough.

- After going through the whole horoscope, Astrologer generally see the lord of first house and directly conclude to wear the Gems of related planet. Sometimes it went right but many times, it happens that the lord of first house itself is in weak condition in horoscope. In such odd situation, an efficient astrologer experience utterly needed.

- In every Jataka's horoscope, it is essential to figure out where the planet lies, in which zodiac sign, and accordingly weight of Gems prescribed. Therefore, this would not be right at all to recommend same weight of Gems to everybody. In such circumstances when one does not have complete knowledge, Sadgurudev ji always use too instructs for minimum jequirity Gems is be recommended. (here diamond Gems is excluded)

RATN JYOTISH ...AN EXPERIENCE

हस्त रेखा और अंक ज्योतिष तो सभी के मन पसंद विषय रहते हैं.हर घर परिवार मे या हमारे परिचित मे एक न एक तो ऐसा होगा ही जिसे इन विषय मे तथाकथित महारत होगी ही.और इस विज्ञानं को बहुत ही सरल सा मान लिया जाता हैं खासकर किसी भी व्यक्ति को जब कोई रत्न बताया जाता हैं की यह रत्न उसके लिए उपयोगी होगा.यहाँ यह समझने की आवश्यकता हैं की जितना यह कार्य सरल दिखता हैं उतना वास्तव मे हैं नही.हालाकि इस ज्योतिष विभाग के आचार्यों ने इस बात पर जोर दिया हैं की लग्न से सबंधित रत्न किसी को भी पहनाया जा सकता हैं और इसमें किसी भी प्रकार की कोई वाधा नही हैं.पर यह तो एक उपरी उपरी बात हो गयी कई बार बहुत सोच विचार करना पड़ सकता हैं इस नियम का पालन करने पर, मानलो लग्न भाव बहुत कमजोर या लग्नेश नीच राशि का हो और वह कहीं जायदा समस्या प्रदान कर रहा हो तब?

इस अवस्था मे कुछ ओर सोचना पड़ेगा.वस्तुत एक ज्योतिष का सामान्य सा विद्यार्थी कई बार नियमों की गहनता न समझते हुये उसे सिर्फ शाब्दिक रूप से ही उपयोगित कर देता हैं और इस कारण कई बार आश्चर्य जनक परिणाम भी प्राप्त होते हैं तो कई बार ..?

यहाँ इस बात पर भी ध्यान रखना होता हैं कि किस वजन का रत्न आपको, अपने सामने बैठे व्यक्ति को कहना हैं की वह इतने वजन का रत्न पहिने.यह या इस बात का निर्धारण उस व्यक्ति की कुंडली मे सबंधित ग्रह किस राशि मे बैठे हैं इस बात पर निर्भर करता हैं .

एक समय मेरे एक दोस्त ने मुझे अपनी कुंडली दिखाई.वह काल मे कुछ ज्योतिष का ज्यादा अध्धयन हुआ रहा तो कुछ विशेष गंभीरता से नही बस यूँ ही एक नजर डाल कर कह दिया की हीरा रत्न उपयोगी होगा क्योंकि वह कुंभ लग्न की कुंडली थी और मेरे मित्र का रुझान सिर्फ रत्न पहिनने पर रहा था,और कोई बात या समस्या उनके मन मे नही थी .

पर हीरा कितने वजन का हो यह लिखा नही था .सदगुरुदेव जी ने एक नियम दिया हैं कि रत्न को कम से कम ४ रत्ती के वजन का होना ही चाहिए ,पर राशि के हिसाब से यह वजन बढ़ भी सकता हैं पर कम से कम इतना वजन तो होना ही चाहिए ही.अब हीरा के बारे मे राशि के हिसाब से कुछ दिया नही था.तो क्या निर्णय करूँ .तो अपने मित्र को कह दिया की मेरे हिसाब से कम से कम इतने वजन का तो हीरा होना ही चाहिए ..और बात आई गयी हो गयी .अगले दिन वहीँ मित्र काफी गुस्से मे मिले मैंने कहा क्या बात हैं.बोले आज अच्छी बात हुयी मैं सीधे ज्वेलर्स की दूकान पर गया बोला की हीरा हैं उसने कहा की मिल जायेगा, आपको किस रेंज का चाहिए ,तो मैंने तत्काल कह दिया की ४ रत्ती का कम से कम होना चाहिए उसने मुझे ऊपर से नीचे तक देखा और बोला की माफ करना,कुछ बुरा लग जायेगा .मैंने कहा की कोई बात नही बोल ही दो,उसने कहा की अच्छे अच्छे टोयोटा कार से चलने वाले भी ४ रत्ती का हीरा नही पहिन पाते ,मैंने कहा की ऐसा क्यों ? उसने कहा की कम से कम ४/५ लाख मे आएगा .

मैंने कहाँ बस .इतना ही .

हम दोनों मुस्कुरा उठे,तभी मैंने कहा की किताब मे हीरा के वजन वाली बात क्यों नही दी हैं अब समझ मे आया .

खैर अगले दिन हम दोनों शहर के सबसे बड़ी शॉप मे गए और अब हम नीलम पर बात कर रहे थे क्योंकि नीलम तो कुंभ लग्न वालों के लिए सामन्यतः श्रेष्ठ रत्न हैं,तो उस दूकान वाले ने जितने भी नीलम के रत्न दिखाए, मुझे हर किसी मे खोट ही दिखाई दे.

हर रत्न को नकारता जा रहा था क्योंकि स्पस्ट हैं कि किसी रत्न मे हलकी लाइन या टूट फुट या आकार का सुगढ न होना और किसी मे कोई बिंदु बना हुआ तो किसी मे कोई अजीब सा ..इस तरह से कुछ देर मे उसकी दूकान मे कोई रत्न नही था जो शास्त्रीय मान्यता पर पूरा खरा उतरे और उसने कहा की आप जिस तरह से पूरा निर्दोष रत्न चाहते हैं. वह तो कोई भी नही लेगा क्योंकि उसकी कीमत तो कई कई गुणा होगी .

यह एक अद्भुत बात रही की हम जब जिस विज्ञानं को मानते हैं तब ऐसा ..?इसलिए आचार्यो मे उपरत्नो का प्रचलन स्वीकार किया क्योंकि एक तो उनका मूल्य कम और उनमे चाही गयी शुद्धता पायी जा सकती हैं या जड़ी बूटी का भी कुछ ऐसा ही हैं .

हालाकि की बिना रत्नों की तांत्रिक प्रक्रिया के पूरा पूजन हुये बिना अभी उन्हें धारण करना कुछ उचित नही हैं पर आज कहाँ किस के पास समय हैं तब पूरी प्रक्रिया पर जोर देना मानो अपना समय नष्ट करना ही हैं.और यह भी आश्चर्य की बात हैं इस सबके बिना भी रत्न का अपना ही अद्भुत असर हैं ,बिना इन सब प्रक्रिया के ही भी अनेको ने जब भी रत्न को धारण किया जो उनके लिए उचित रहे तो उन्हें अद्भुत परिणाम मिले ही हैं वह भी जीवन के सभी क्षेत्र मे.तब यह बहुत सोच मे डाल देती हैं की की अगर एक पूरी तरह से निर्दोष रत्न और पूरी तांत्रिक प्रक्रियाओं से युक्त हो तो तब वह क्या अर्थ रखता होगा और जातक को कहाँ तक पहचानने सामर्थ्य रखता होगा,जरुरत तो हैं आज इन विषय को समझने की और आवश्यक क्रियाओं को सही रूप से संपादित करने वाले विद्वानों की .सदगुरुदेव जी ईस विषय पर भी इतने नियम दिए हैं की कोई योग्य या सीखने वाला उस को अपना कर तो देखें और कुछ ऐसे सौभाग्य शाली रहे हैं जिन्हें सदगुरुदेव द्वारा यह रत्न मिले और वे आज अपने क्षेत्र के उच्चस्थ व्यक्तित्व हैं . इस तरह से आज अब समय हैं रत्न विज्ञानं और रत्नों की सामर्थ्यता को समझने की .

==

सदगुरुदेव प्रदत्त तीव्र प्रभावशाली सरल रत्न प्रयोग :आपके लिए

SARAL RATN PRAYOG

सरल प्रयोग जिन्हें करना ही चाहिए

रोग मुक्ति के लिए : एक रत्न प्रयोग

“प्रथम सुख निरोगी काया” यह तो जीवन के लिए कुछ अति आवश्यक बातों में से सर्व प्रथम कही गयी हैं और क्यों न हो,किसी भी उपलब्धि फिर वह भौतिक या आध्यात्मिक ही क्यों न हो उसको हस्तगत करने के लिए साधक का स्वास्थ्य को सर्वप्रथम उत्तम होना ही चाहिए अन्यथा कैसे कोई भी ठोस उपलब्धि को पूर्णता से पाया जा सकता हैं.और इसके लिये अनेको उपाय हो सकते हैं और सदगुरुदेव जी ने अनेको अनेको उपाय हम सभी के सामने रखें फिर वह चाहे पत्रिका के माध्यम से हो या शिविरों के माध्यम से या फिर केसेट्स के माध्यम से या फिर किसी किसी शिष्य को स्वयम उन्होंने ही यह प्रदान किया.

पर यह निश्चित हैं की सदगुरुदेव की आध्यात्मिक उच्चता को खासकर जिसमे उनका आयुर्वेद का पक्ष रहा हैं जन सामान्य क्या उच्चस्तरीय भी समझ नहीं पाए और उन्हें मुख्यता तंत्र, मंत्र और ज्योतिष का ही प्रकांड आचार्य मानते रहे पर ऐसा नहीं हैं सदगुरुदेव जी ने ने एक बार तो बहुत ही पूर्णता से यह बताया की वास्तव में इन सबसे कहीं कहीं ज्यादा उच्चता और ज्ञान की विशालता उनके अन्दर जिस क्षेत्र की हैं वह आयुर्वेद हैं पर यह हमारी पीढ़ी का दुर्भाग्य हैं की हम उनके इस ज्ञान को आत्मसात नहीं कर पाए हम बहुत कम ही उनके ज्ञान के इस पक्ष का परिचय पा पायें, पर एक बार पुनः आशा की किरण उदित होने लगी हैं जब उनके आत्मवत सन्यासी शिष्य शिष्याओं ने एक बार अपना दृढ मानस इस और बना लिया हैं .

सदगुरुदेव ने इस "आयुर्वेद सुधा" नाम की एक पत्रिका निकालने का मानस भी बनाया पर उस काल के शिष्य वर्ग की उदासीनता को देख कर उन्होंने वह विचार जो इतने आगे तक साकार होने की दिशा में बढ़ चला था उसे उन्होंने स्थगित कर दिया. सदगुरुदेव जी की किताब "मूलाधार से सहस्त्रधार "उनके असीम साग़रवत ज्ञान का एक परिचय देने के लिए एक कण मात्र ही हैं.और आज भी अनेको लोग उसमे दिए प्रयोग और ज्ञान की प्रखर उदात्तता को देख कर आश्चर्य हो जाते हैं.

यह उनके अद्भुत ज्ञान का एक छोटा सा परिचय हैं की रोग मुक्ति में रत्न का प्रयोग किया जा सकता हैं.किसी भी प्रकार का रोग हो यह प्रयोग आप किसी भी गुरु वार से प्रारंभ कर सकते हैं .

रतन उपयोगित :हल्ट हकिक

सहयोगी साधना सामग्री : नीम की लकड़ी के पांच टुकड़े,पांच लाल रंग के पुष्प (प्रति दिन)

मंत्र : **ॐ क्लीं ह्रीं क्लीं रोग नाशाय फट .**

अपनी जिस भी शारीरिक रोग को आप दूर करना चाहते हैं,उसके दूर होने और आरोग्यता,निरोगिता पाने के लिए आप संकल्प ले कर इस प्रयोग को करें, यह सरल प्रयोग है अतः इसमें श्रद्धा,विश्वास की बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका हैं.

हर दिन इस हल्ट हकिक पर जिसे आप अपने सामने रखकर मंत्र जप करेंगे, उस पर 5 लाल रंग के पुष्प अर्पित करें ,इसी तरह नीम की लकड़ी के पांच टुकड़े भी इस हल्ट हकिक पर अर्पित कर दें. इसके बाद इस मन्त्र की पुरे मनोयोग से 5 माला मंत्र जप करें. इस तरह से ४० दिन करना है.

और अगले दिन फिर से पांच नए लाल रंग के पुष्प और नीम के टुकड़े उस पर अर्पित करना हैं.और पुराने सारे पुष्पों और नीम की लकड़ी को एक पात्र में इकठ्ठा करके किसी भी निर्जन स्थान पर फेक दें .

और प्रयोग समाप्ति के बाद सदगुरुदेव से सफलता की प्रार्थना करें ,

===

हकिक पर रोग मुक्ति हेतु 5 गुरुवारीय एक और सरल प्रयोग :

हर दिन अपने गुरु मंत्र जप का क्रम अर्थात कम से कम १६ माला जप करने के बाद हकिक पत्थर के ११ दाने ले ले और साथ में ११ सफ़ेद रंग के पुष्प लेकर इन दोनों पर एक साथ ११ बार गुरु मंत्र जप करके इन सबको पश्चिम दिशा की और फेक दें .

पर यह ध्यान रखने योग्य बात हैं की यह हकिक के दानो पर प्रक्रिया आपको 5 गुरुवार को लगातार करना हैं,और इस क्रम में कोई व्यवधान न हो .पर शेष अन्य दिनों में १६ माला गुरु मंत्र जप करना ही हैं .

और अंत में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह हैं की संकल्प में पूर्णता के साथ रोगी व्यक्ति का नाम और उसका रोग का नाम उल्लेख करना ही चाहिए ही.

==

INTENSE, EFFECTIVE AND EASY GEMSTONE PROCEDURE GIVEN BY SADGURUDEV: FOR YOU ALL

FOR GETTING RID OF DISEASES: A GEMSTONE PROCEDURE

“Pehla Sukh Nirogi Kaaya” (first and foremost pleasure is of having disease-free body) can be called first and foremost among most important facts of life. And why not, in order to attain any materialistic or spiritual achievement,

RATN TANTRA – SOME FACTS

रत्न विज्ञानं के नए आयामों से परिचय कराता हुआ

ब्रह्माण्ड अनंत रहस्यों से युक्त है तथा इन्ही अनगिनत रहस्यों के अंतर्गत कई कई प्रकार के विविध रत्न उपरत्न की शक्तियों के बारे में सदियों से हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों ने बताया है.और इन रत्नों के माध्यम से एक व्यक्ति या साधक अपने जीवन को विविधताओं से युक्त कर सकता हैं अपने जीवन को भी भी प्रखरता युक्त बना सकता हैं और जीवन की उस उचाईयों को भी हस्तगत कर सकता हैं जो की सामान्य रूप से बिना इन दुर्लभ रत्नों के अगम्य हैं रत्न या रत्नमणि की विविधता मुख्य रूप से ४ प्रकार से अनुभव की जाती है और उसी के आधार पर रत्नमणि को चार भागो में विभक्त किया गया है.

1. सामुद्रिकरत्नमणि – समुद्र को सदैव से रत्नाकर की संज्ञा दी जाती हैं ,और १०८ दुर्लभ दिव्य विज्ञानं में से एक रत्नाकर विज्ञानं भी हैं ,समुद्र से प्राप्त दुर्लभ रत्न उपरत्न को सामुद्रिक रत्न मणि कहा जाता है. इसका सब से उत्तम उदाहरण मोती है.

2. वनस्पतियरत्नमणि – तंत्र का यह एक अत्यंत गुह्य पक्ष है जिसके अंतर्गत विविध रत्नमणि कोई कोई वनस्पतियों से प्राप्त की जाती है या फिर वनस्पतियों की सहायता से निर्माण किया जाता है, ऐसे रत्नों को वनस्पतिय रत्नमणि कहा गया है.

3. प्राणिजरत्नमणि – जिव अर्थात प्राणियो से अंग, शरीर आदि से प्राप्त रत्न को प्राणिज रत्नमणि कहा जाता है. सर्प मुक्ता, गज मुक्ता इत्यादि प्राणिज रत्न है.

4. खनिजरत्नमणि – खनिजरत्न मणि अर्थात जो खनिज स्वरुप में प्राप्त है या पृथ्वी तत्व की घनीभुतता से जिन रत्न उपरत्नो का निर्माण हुआ है वह रत्नमणि, इन रत्नों के बारे में जनमानस के मध्य काफी बाते प्रचलित है. इसका सब से उत्तम उदाहरण 'हीरा' है.

आपके सामने पञ्च महाभुत में से कुछ महाभूत से युक्त कुछ अत्यंत ही दुर्लभ प्रयोग आपके सामने हैं ,क्योंकि मानव जीवन तो पञ्च महाभूत युक्त हैं और जब इनसे सबंधित प्रयोग मिले जो अत्यंत ही तीव्र प्रभाव और सफलता प्रदायक हो ,साथ ही साथ इन प्रयोगों को जो सदगुरुदेव जी की कृपा से प्राप्त हुए हैं, को पूर्णता के साथ करना वास्तव में जीवन का एक सौन्दर्य ही कहा जा सकता हैं.

==

Universe is full of infinite secrets and under these innumerable secrets, from centuries our ancient sages and saints have told about powers of various types of gemstones and sub-gemstones. Through the gemstones person/sadhak can make his life multi-dimensional, make his life vibrant and achieve those heights of life which cannot be attained normally without these rare gemstones. Diversity of gemstones or Ratnmani is felt in four ways and based on it Ratnmani are divided into 4 categories.

- Saamudrik Ratnmani (Oceanic Gemstones) – Sea/ocean has always been called as Ratnakar (storehouse of gemstones) and one out of the rare 108 divine sciences is Ratnakar Science. Rare gemstones and sub-gemstones obtained from sea are called Saamudrikratnmani. Best example of it is Pearl.

ABHIVART TANTRA MANI PRAYOG

दुर्लभ शत्रु मर्दन प्रयोग

"अभिवर्तेनमणिना येनेन्द्रोअभिवा वृधे"

अभीवर्त तंत्र मणि तंत्र का एक अद्भुत प्रयोग है. वस्तुतः यह मणि के भी विविध प्रकार है. यह मणि युद्ध विज्ञान तंत्र के अंतर्गत आती है. लोहे में नैसर्गिक रूप से यह गुण है की अगर उस पर मांत्रिक क्रिया की जाए तो वह उर्जा को अग्नि तत्व के रूप में परावर्तित कर सकता है.और इसी लिए लोहे से निर्मित कोई भी गोली या गुटिका को अभीवर्त तंत्र मणि कहा जाता है.यह मणि शत्रुओ के मर्दन के लिए अद्भुत कार्य कर सकती है. यह मणि अग्नि तत्व प्रधान मणि है.अग्नि तत्व प्रधान होने के कारण इसका असर भी तीव्रता युक्त होता हैं और अपने आप में जहाँ या जब भी कोई भी ऐसा कार्य जिसके कारण हमारी प्रगति में वाधा पड़ रही हो तो वहां पर इसे प्रयोग कर के अपना मनोवांछित हस्तगत किया जा सकता हैं.

क्योंकि अग्नि तत्व की गति हमेशा उर्ध्व मुखी होती हैं और सारी वाधाओ को नष्ट करके यह अपना रास्ता बना ही लेता हैं.ठीक यही गुण साधक की वाधाओ को नष्ट करके यह संपन्न करता हैं.

साधक यह प्रयोग किसी भी कृष्ण पक्ष की अष्टमी या अमावस्या को करे. समय रात्री में १० बजे के बाद का रहे.

साधक स्नान आदि से निवृत हो कर काले वस्त्र को धारण करे तथा काले आसन पर बैठ जाए. साधक को दक्षिण दिशा की तरफ मुख कर बैठना चाहिए. साधक गुरुपूजन एवं भैरव पूजन का क्रम करे तथा गुरु मन्त्र का जप करे. इसके बाद साधक अपने हाथ में जल ले कर संकल्प करे की मैं अमुक (शत्रु का नाम) शत्रु (अगर एक से ज्यादा शत्रु है तो समस्त शत्रुओ के लिए) के उच्चाटन के लिए यह प्रयोग सम्प्पन कर रहा हूँ, भगवती चांडाली मुझे सफलता प्रदान करे.

इसके बाद साधक अपने सामने किसी पात्र में अभीवर्त तंत्र मणि अर्थात लोहे की एक गोली रख दे तथा उसको काजल लगाए.

इसके बाद साधक निम्न मन्त्र की २१ माला जप करे. साधक को यह जाप रुद्राक्ष माला से करना है. मन्त्र में अमुक की जगह शत्रु का नाम ले. एक से ज्यादा शत्रुओ के लिए 'समस्त शत्रु'

ॐ चाण्डाली शत्रुमर्दिनि अमुकं उच्चाटय उच्चाटय फट्

(OM CHAANDAALI SHATRUMARDINI AMUKAM UCCHATAY UCCHATAY PHAT)

मन्त्र जप पूर्ण होने पर साधक लोहे की गोली को तथा माला को शमशान में फेंक दे. यह कार्य दूसरे दिन भी किया जा सकता है. इस प्रकार एक ही रात्रि में यह प्रयोग पूर्ण हो जाता है.भले ही यह एक दिवसीय प्रयोग हैं पर प्रयोग समाप्ति के बाद जब तक कार्य आपकी आशानुरूप समपन्न न हो जाए तब तक कम से कम एक माला जप तो प्रति दिन करना ही चाहिए .क्योंकि साधना की उर्जा को भी तो साधक में समाहित होने में समय लगता हैं .

SHANKH MANI PRAYOG

आयुष्यवृद्धि के लिए एक अनूठा प्रयोग

दिविजातः समुद्रज सिन्धुतस्पर्याभृतः स नो हिरण्यजाः शङ्ख आयुष्प्रतरणो मणिः

अर्थात सूर्य के समान तेज वाले समुद्र से प्राप्त शंख रत्नमणि आयुष्य की वृद्धि करे.

यह जल तत्व प्रधान मणि है. मनुष्य शरीर का मुख्य तत्व जल तत्व जो की मनुष्य के शारीरिक ढाँचे के लिए कार्य करता है साथ ही साथ आयुष्य पर इसका अत्यधिक प्रभाव भी है. इस लिए शंख को आयुष्य प्रदाता कहा गया है. और ऐसा प्रयोग पाना तो जीवन का सौभाग्य हैं.

क्योंकि बिना पूर्ण आयु के भी सारे जीवन का कोई अर्थ नहीं हैं.वास्तव में देखा जाए तो निरोगी काया के बाद इसका ही सबसे ज्यादा अर्थ हैं मानव जीवन में क्योंकि अगर अल्पायु रहे तो भी कोई अर्थ नहीं और उच्चस्तर की उपलब्धियां हस्तगत करने के बाद जब पूर्ण आयु भी हो वह भी रोग मुक्त तब ही यह जीवन का सौन्दर्य कहलाता हैं .अतः एक ऐसा प्रयोग जिसके माध्यम से साधक की आयु मे वृद्धि और उसकी ऊर्जा में वृद्धि हो सकें यह भी कोई कम सौभाग्य की बात नहीं हैं.क्योंकि जहाँ आयु वृद्धि की बात हैं वहीँ पर यह भी एक निश्चित सा हैं की रोग रहित आयु हो .क्योंकि तभी तो आयुष्य वृद्धि का कोई अर्थ हैं . और यह प्रयोग ऐसा कर पाने में समर्थ हैं

यह प्रयोग साधक किसी भी शुभ दिन से शुरू कर सकता है.

साधक यह प्रयोग दिन या रात्रि के किसी भी समय कर सकता है.

इस प्रयोग के लिए साधक को एक अत्यंत ही लघु शंख लेना चाहिए जिसको गले में पहना जा सके या तावीज़ में भर कर पहना जा सके.

साधक स्नान आदि से निवृत हो जाए तथा पीले रंग के वस्त्र को धारण करे तथा पीले आसन पर उत्तर की तरफ मुख कर बैठ जाए.

साधक अपने सामने बाजोट पर पीला वस्त्र बिछाए तथा कोई पात्र उस पर रख दे. उस पात्र में केसर से 'ह्रीं' बीज लिखे. उसी के ऊपर साधक को वह शंख स्थापित करना है. साधक गुरु पूजन, गणेश पूजन को सम्प्पन करे तथा इसके बाद साधक गुरु मन्त्र का जाप करे. साधक शंख मणिरत्न का भी पूजन संपन्न करे. इसके बाद साधक न्यास करे.

करन्यास

ॐ ह्रीं श्रीं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः

ॐ ह्रीं श्रीं तर्जनीभ्यां नमः

ॐ ह्रीं श्रीं सर्वानन्दमयि मध्यमाभ्यां नमः

ॐ ह्रीं श्रीं अनामिकाभ्यां नमः

ॐ ह्रीं श्रीं कनिष्टकाभ्यां नमः

ॐ करतल करपृष्ठाभ्यां नमः

हृदयादिन्यास

ॐ ह्रीं श्रीं हृदयाय नमः

ॐ ह्रीं श्रीं शिरसे स्वाहा

ॐ ह्रीं श्रीं शिखायै वषट्

ॐ ह्रीं श्रीं कवचाय हूं

ॐ ह्रीं श्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्

ॐ ह्रीं श्रीं अस्त्राय फट्

न्यास होने पर साधक निम्न मन्त्र का २१ माला जाप करे. यह जाप साधक स्फटिक/ कमलगट्टे की माला से या शंख माला से जाप करे.

ॐ ह्रीं ह्रीं ह्रीं श्रीं श्रीं ॐ

(OM HREENG HREENG HREENG SHREENG SHREENG OM)

२१ माला पूर्ण होने पर साधक शंख को नमस्कार करे तथा उसको तावीज़ में या लोकेट के रूप में अपने गले में धारण कर ले. साधक यह शंख १ महीने तक धारण करके रखना चाहिए, इसके बाद भी साधक चाहे तो शंख को धारण कर के रख सकता है लेकिन कम से कम १ महीने तक धारण कर के रखना चाहिए. माला का विसर्जन नहीं करना है यह आगे भी साधनाओ के लिए उपयोग की जा सकती है.

तंत्र प्रयोग

DARBH MANI TANTRA PRAYOG

सुरक्षा प्राप्ति प्रयोग हेतु एक अद्भुत प्रयोग

दर्भमणि को तंत्र तथा रसायन में अभ्रक कहा गया है. अभ्रक का एक छोटा सा टुकड़ा भी अपने आप में एक मणि है. तंत्र तथा पारद के क्षेत्र में अभ्रक का अत्यधिक महत्त्व है, यह मणि वायु तत्व प्रधान मणि है.पञ्च महाभूतो में वायु तत्व में जो गुण हैं की वह दिखाई नहीं देता इस कारण यह सुरक्षा प्रदान करने में प्रबल सहयोगी कारक सिद्ध होता हैं.आज सुरक्षा की किसे नहीं आवश्यकता हैं ,काल का प्रवाह कहें या आज के जीवन की विषमता की कोई भी कहीं पर भी सुरक्षित नहीं हैं,और जीवन की असुरक्षा के साथ साथ, जीवन से जुडी अन्य चीजों जैसे जोब की सुरक्षा आदि भी तो एक आवश्यक अंग हैं इस कारण आज इस प्रयोग की प्रबल आवश्यकता हैं.और जो साधक होता हैं वह किसी एक प्रयोग को करके बैठा नहीं रहता हैं बल्कि वह तो लगातार साधना करते रहता हैं कारण साधना करना तो उसके लिए एक अनिवार्य सी प्रक्रिया हो जाती हैं जैसे जीवन के लिए श्वास जरुरी हैं ठीक वैसे ही साधना भी तो एक अत्यावश्यक अंग हैं.

इस प्रयोग के माध्यम से व्यक्ति अपने घर परिवार के लिए पूर्ण सुरक्षा की प्राप्ति कर सकता है, बाधाओं से मुक्ति पा सकता है तथा अगर घर परिवार में कुछ मनमुटाव है तो उसे भी खत्म कर घर में पूर्ण शांति का वातावरण स्थापित किया जा सकता है.

यह प्रयोग साधक किसी भी शुभ दिन से शुरू कर सकता है. समय दिन या रात्रि का कोई भी रहे.

साधक स्नान कर लाल वस्त्रों को धारण करे तथा लाल आसन पर बैठ जाए. दिशा उत्तर रहे.

इसके बाद साधक अपने सामने एक छोटा सा टुकड़ा सफ़ेद रंग की अभ्रक का रख दे. साधक इस टुकड़े को कुमकुम से पोत दे. साधक गुरु पूजन, गणेश तथा भैरव पूजन करे. गुरु मंत्र का जाप करे.

साधक को इसके बाद न्यास करना चाहिए.

करन्यास

क्षां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः

क्षीं तर्जनीभ्यां नमः

क्षूं सर्वानन्दमयि मध्यमाभ्यां नमः

क्षें अनामिकाभ्यां नमः

क्षौं कनिष्टकाभ्यां नमः

क्षः करतल करपृष्ठाभ्यां नमः

हृदयादिन्यास

क्षां हृदयाय नमः

क्षीं शिरसे स्वाहा

क्षूं शिखायै वषट्

क्षैं कवचाय हूं

क्षौं नेत्रत्रयाय वौषट्

क्षः अस्त्राय फट्

न्यास होने पर साधक निम्न मन्त्र की २१ माला मन्त्र जाप करे. यह जाप साधक मूंगा माला से करे.

ॐ क्रीं क्षौं (OM KREENG KSHAUM)

मन्त्रजाप के बाद साधक को अभ्रक का टुकड़ा अर्थात दर्भमणि को अपने पूजा स्थल में स्थापित कर दें. इस प्रकार यह प्रयोग पूर्ण होता है. साधक इस प्रयोग में उपयोग की गई माला को शक्ति साधना में उपयोग किया जा सकता है.

==

DARBHMANI – FOR ATTAINING SECURITY

Darbhmnani has been called Mica in tantra and chemistry. A small piece of mica is a gem in itself. In field of tantra and Mercurial science, mica is very much significant. This gem has primacy of air element. Out of five great elements, air element has quality that it is not visible. As a result, it proves to be beneficial in providing security. Who does not need security, may be it is demand of time or complexities of today's life , nobody is secure nowhere and along with insecurity of life, things connected to life like Job security is important element. That's why this prayog is needed the most. Sadhak does not become idle after doing a procedure; rather he continuously keeps on doing sadhna. Sadhna becomes an essential procedure for him. As breath is important for life, sadhna is also most important part of life.

Through this procedure, sadhak can attain complete security for his family, get rid of obstacles and if there is some dispute in family, it can be resolved and peaceful environment can be established at home.

Sadhak can do this procedure from any auspicious day. It can be done anytime in day or night.

Sadhak should take bath, wear red dress and sit on red aasan facing North direction.

SWARN RAHSYAM -14

अत्याधिक महत्वपूर्ण लेख :एक बार पुनः आपके लिए

इस समय आवश्यक हैं की हम एक बार फिर से इन तथ्यों को समझे ...

मैं ध्यान पूर्वक महानुभाव की बातें सुनने लगा .धातुवाद का महत्त्व मेरे लिए गौण ही था परन्तु ये भी रस तंत्र का एक अद्भुत भाग है और है भी बहुत आकर्षक . इसलिए सदगुरुदेव की ही इच्छा मानकर और ज्ञान वर्धन के लिए उपयोगी समझ उन वाक्यों को अपने अन्तः भाव में आत्मसात करने लगा .

महानुभाव अपनी ही मौज में कहने लगे की .... क्या , आप जानते हैं धातुवाद का क्या महत्त्व है एक रस साधक के लिए ??????

मैंने कहा शायद पूरी तरह नहीं ......

हम्म्म .... धातुवाद या लोह सिद्धि रस तंत्र की एक अद्भुत क्रिया है जिसके द्वारा निकृष्ट धातुओं जैसे की लोहा, रांगा,सीसा, जस्ता,ताम्बा, पीतल, आदि को रजत या स्वर्ण में पूर्णरूपेण परिवर्तित किया जाता है.

यहाँ तक की पारद को भी स्वर्ण में तबदील किया जा सकता है .जिस प्रकार सिद्ध रस का निर्माण कर समस्त ब्रह्मांडीय रोगों का नाश किया जा सकता है. निरोगी देह और लंबी आयु प्राप्त की जा सकती है. वैसे ही उस सिद्ध रस के द्वारा स्वर्ण का निर्माण भी किया जाना संभव है . यहाँ मैं ये बता दूं की यदि सिर्फ स्वर्ण निर्माण के लिए

सिद्ध रस का निर्माण किया जाये तो वो कभी भी निर्मित नहीं हो सकता . क्यूंकि पारद इस प्रकृति का सर्वाधिक चैतन्य तत्व है , साधक के मनो भावों को पढ़ कर , पात्रता को परखने के बाद ही सफलता प्रदान करता है . जब साधक का ध्येय मात्र स्वर्ण सिद्धि होता है तब ये तो निश्चय ही सत्य है की साधक का मनोरथ अर्थ प्राप्ति है ना की परम तत्व की प्राप्ति . अब ऐसे में आप रस सिद्धि के अधिकारी भला कैसे हुए.

क्यूंकि शरीर को रोगमुक्त करना भी मात्र इसलिए जरुरी नहीं है की आप सुखों का उपभोग करे बल्कि उस अविनाशी आत्मा को आप एक तेजस्वी देह प्रदान कर सके जिससे की वो उस परम रूप को प्राप्त कर सके. सुखों का उपभोग करना गलत नहीं है , गलत है उपभोग के लिए जीवन जीना . शरीर- योग या भक्षण रस संस्कार में १८

वां है , और इसके पहले का संस्कार वेधन है .... है ना???

जी ...जी बिलकुल. मैंने कहा .

वो मात्र इसलिए क्यूंकि ये मानव शरीर और जीवन अनमोल है . केवल मानव ही ये निर्धारित कर पाता है की वो किन कर्मो को अपने जीवन में अपनायेगा वो जो उसे देवत्व की और ले जायेंगे या फिर वो जो उसे असुरत्व की और ले जायेंगे. जगत पलक को भी अपनी लीलाएं दिखाने के लिए ,

ज्ञान और शिक्षा के प्रसार के लिए मानव शरीर का आलंबन लेना पड़ता है , ऐसा नहीं है की वो लीलाओं को विदेह होकर नहीं कर सकता , परन्तु तब हमें एकात्मता तो अनुभव नहीं होगी ना.

यहाँ एक बात मैं आप को बताता हूँ की शरीर योग या भक्षण और वेधन संस्कार वास्तव में ये संस्कार हैं ही नहीं ये तो क्रामन संस्कार के बाद की दो क्रियाएँ हैं जिनके द्वारा ये परखा जाता है की वो रस सही तरीके से निर्मित हुआ है या नहीं. शरीर पर प्रयोग करने से पहले या उसे भक्षण करने से पहले उस रस को,

धातु पर प्रयोग कर के देखते हैं की वो उसमे उत्क्रांति करता है या नहीं . यदि वो रस धातुगत समस्त न्यूनताओं को दूर कर उसे दिव्य स्वर्ण में परिवर्तित कर देता है तभी ये माना जाता है की वो शरीर में भी उत्क्रांति कर दोषों को नष्ट कर दिव्यता प्रदान करेगा. स्वर्ण को दिव्य धातु मानने का कारण ही ये है की इसे आप कितना भी तपाओ , कितनी भी देर तक अग्नि में रख कर गलाओ .इसके भर में कोई अंतर नहीं.

आता बल्कि जितना आप इस तपाते हैं उतना ही ये सुन्दर वर्णीय होते जाता है . अन्य धातुओं को आप जब अग्नि पर गलाते हैं तो ठंडा करने पर ये मूल भार से हर बार कम होते जाते हैं. अर्थात उनमे दोष हैं. अग्नि जैसे धातुओं की परिक्षण की कसौटी होती है वैसे ही परिस्तिथियाँ मानव जीवन की कसौटी होती है . और जब तक आपमें दोष होते हैं तब तक आप विशुद्ध हो ही नहीं सकते.मूल रूप को प्राप्त ही नहीं कर सकते.धातु के अन्तः और बाह्य दोषों का नाश होने पर ही वे स्वर्ण में परिवर्तित हो पाते हैं.

पर धातुवाद की ये क्रियाएँ इतनी सहज नहीं है .इसके लिए न जाने कितनी तैयारियां की जाती हैं.

मैंने पूछा ... कौन कौन सी तैयारियां करनी पड़ती हैं??????

स्वर्ण सिद्धि या देह सिद्धि की मंजिल तक पहुचाने के लिए खुद पारद को पञ्च यात्रा करनी पड़ती है. उन्होंने कहा.

कैसी यात्रा? मेरा प्रश्न था.

पारे से पारद , पारद से रस , रस से रस राज , रस राज से रसेंद्र तक की यात्रा .

इससे क्या होता है और ये कैसे किया जाता है.????

प्रकृति में जो पारद पाया जाता है वो कंचुकी युक्त होता है. अर्थात विषमय होता है जब उसकी कन्चुकियों और विष को समाप्त करना हो तो उसे शुद्ध किया जाता है . कुमारी रस, रक्त चित्रक मूल रस, रजनी चूर्ण, स्वर्ण गेरू और लहसुन रस के द्वारा ३ दिन तक खरल करने से पारा शुद्ध हो जाता है और कंचुकी रहित भी . ये पारा अब पारद कहलाता है . जो की नील वर्णीय होता है . इसी पारद पर ही संस्कार की क्रिया संपन्न की जाती है . अब इस पारद को रस बनाने के लिए अष्ट संस्कार किये जाते हैं.ये अष्ट संस्कार गुणाधान का कार्य करते हैं और पारद को वीर्यवान भी.गुरु द्वारा निर्देशित और शास्त्र सम्मत तरीके से ही ये संस्कार होना चाहिए.

समय अधिक लग जाये चलेगा ,पर जल्दबाजी में किया गया कार्य सफलता नहीं देगा. इसलिए पूरे धैर्य के साथ संस्कार करना चाहिए.

यदि आपने पारद का चयन पूर्ण सावधानी के साथ किया हुआ है, और संस्कार भी सही तरीके से किये हुए हैं तो आपने आधा कार्य सही तरीके से कर लिया. एक महत्त्वपूर्ण बात याद रखना जरुरी है की पारद के साथ साथ सभी रसो, उपरसो , धातुओं और उप्धातुओं का शुद्धिकरण होना अत्यंत आवश्यक है. यदि आप ऐसा नहीं करते हैं तो जब आप इन में से किसी भी पदार्थ का संयोग पारद के साथ करते हो तो पारद फिर से दोष युक्त हो जायेगा और उसका वेध प्रभाव लगभग खत्म ही हो जायेगा..

यहाँ तक की स्वर्ण ग्रास के लिए जो स्वर्ण बाजार से लाया जाता है वो भी दोष युक्त होता है अतः उस विधान की जानकारी भी होने चाहिए.

यदि पारद को स्वर्ण ग्रास दिए बगैर आप रसखोट या भस्म बनाते हैं तो भला बीज जारण करे बगैर वो स्वर्ण ही नहीं बना पायेगा. हाँ यदि स्वर्ण युक्त दिव्यौश्धियों से संस्कार संपन्न हुए हैं तो कुछ और बात है.

कुछ महत्वपूर्ण बातें मैं यहाँ पर प्रकट कर रहा हूँ.... जो की रस साधकों के लिए ध्यान रखने योग्य है जिसका ध्यान रस कार्य करते समय यदि साधक रखता है तो उसकी सफलता का प्रतिशत बढ़ जाता है ,बाकि पूर्ण सफलता तो सदगुरुदेव के आशीर्वाद से ही संभव है.

रस कार्य जितना वैज्ञानिक कर्म है उतना ही साधना कार्य भी. रसेश्वर , रसान्कुशदेवी का नित्यार्चन अनिवार्य है . रस सिद्धों का ध्यान कर उन्हें नमन करते हुए यदि पारदेश्वर का अभिषेक किया जाये तो कई गुप्त सूत्र स्वयं ही स्पष्ट होते जाते हैं.

कनकावती साधना, वट-यक्षिणी साधना ,कनक-प्रभा साधना,कनक-धारा साधना,स्वर्नाकर्षण भैरव साधना, महाकाल भैरव साधना, स्वर्णसिद्धि साधना आदि में से कोई एक साधना को तो अवश्य ही करना चाहिए जिससे की आपको पूर्ण अनुकूलता मिले. यदि तारा महाविद्या के गुप्त रहस्य सदगुरुदेव से प्राप्त हो सके तो निश्चय ही सफलता आपकी अनुगामी होगी. हाँ रसेश्वरी दीक्षा के बगैर तो इस मार्ग पर बढ़ा ही नहीं जा सकता.

प्रत्येक तत्व के गुणों की जानकारी साधक को होनी ही चाहिए .प्रत्येक तत्व का अपना महत्त्व होता अहै रस कार्य की सिद्धि के पथ पर , जैसे नमक को सामान्य समझना ही गलत है . नमक को यदि सही तरीके से रस कार्य के लिए रस शाला में तैयार किया जाये तो ये पारद का क्रमण गुण तो बढाता ही है साथ ही साथ अन्य

धातुओं के अन्तः गत दोषों को भी साफ़ कर धातुओं को उज्जवल करता है . क्या पता है आपको की पारद के ऊपर इतना परिश्रम क्यूँ किया जाता है,ताकि उसका पक्ष-क्षेदन किया जा सके ताकि वो किसी भी पिघली हुयी धातु या गर्म धातु में मिल सके . पारद को रूह कहा जाता है और जब किसी भी धातु के शरीर में रूह का समावेश हो जाता है तो वो रुक्म मतलब स्वर्ण में परिवर्तित हो जाता है . यहाँ धातु से अभिप्राय उन धातुओं से है जिसका गलनांक पारद से कही ऊपर हो , जैसे की ताम्र, रजत, लोहा आदि.

और ये तभी संभव हो पाता है,जब पारद अग्निसह्य हो गया हो. इसके लिए गर्भद्रुति और अभ्रक का मिलाप पारद से किया जाता है . ये सब अति गोपनीय और कठिन क्रियाएँ हैं जिनके लिए सतत गुरु मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है . पर इसका एक छोटा सा रास्ता भी जिसका मात्र मैं संकेत ही कर सकता

हूँ ..... और वो ये है की मात्र नमक को खास तरीके से यदि तैयार किया जाये तो ये नमक ही पारद को अग्निसह्य कर देता है .तथा अन्य सभी उड़नशील तत्वों को भी ये अग्निस्थायी कर देता है.

इसी प्रकार कुछ विशेष वनस्पतियों तथा क्रियाओं का संयोग करने से ये पारद आपके मनोरथ को पूर्ण कर देता है.

(अगले लेख में बाकि सूत्रों का विवरण आप सभी के समक्ष शीघ्र ही करूँगा.)

Swarna tantra part 14

I was listening that eminent person’s talk very attentively…well significance of Alchemy(Dhatuwaad) was quite secondary for me. But ist is a wonderful part of alchemy and attractive too.So I thought it was revered Sadgurudev’s wish and its knowledge worthy too.Therefore I started imbibing it.

In such a delighted way he started telling and asked - do you know the importance of alchemy for an alchemist?

सरल लक्ष्मी साधना

EFFECTIVE SARAL LAKSHMI PRAYOG

धन धान्य प्रदाता लक्ष्मी प्रयोग अब इसे एक बार तो करके देखिये

आदिकाल से आज तक, और आज के इस समय मे तो सिर्फ और सिर्फ धन ही मानव की स्थिति का एक मात्र परिचायक हैं, यहाँ तक आचार्य चाणक्य ने भी लिखा हैं की मैं भी वही और मेरी और मेरी विद्या भी वहीँ पर सिर्फ एक धन के न होने के कारण आज मेरी यह स्थिति हैं की कोई भी मुझे नही पूंछता न ही कोई मेरा सम्मान करता हैं.और जब इतने उच्चकोटि के योगी साधक विद्वान ने यह लिखा हैं तो निश्चय ही इसमें कोई दो राय नही की,

धन आज मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता ही बन गया हैं और जीवन के सभी स्तंभ मानो उसी पर टिके हैं.इस हेतु आज हर साधक को धन का महत्त्व समझना ही चाहिये और निश्चय ही कोशिश करके ऐश्वर्यवान होना ही चाहिये.

स्वयम सदगुरुदेव ने कई कई बार इस तथ्य का उदहारण दिया हैं की मेरे हर शिष्य को ऐश्वर्यवान होना ही चाहिये और इसलिए ही तो उन्होंने इतनी अधिक लक्ष्मी साधनाए दी हैं. सामान्यत: साधक इन लक्ष्मी साधना को बहुत ही हलके स्तर पर लेते हैं उनके मन मे बृहद साधनाओ के प्रति एक अलग सी रूचि रहती हैं पर सदगुरुदेव जी ने इस तथ्य को समझाया हैं की खासकर लक्ष्मी साधनाओ मे बृहद साधनाओ की अपेक्षा लघु साधना जयादा लाभ प्रद देखी गयी हैं .और उनका परिणाम भी जल्दी प्राप्त होता हैं.अतः साधको को इन सामान्य से सरल सी लगने वाली लक्ष्मी साधनाओ को भी अपने दैनिक जीवन मे एक स्थान देना ही चहिये और सफलता का अनुभव भी करना चाहिए.

ॐ श्रीं श्रीं महालक्ष्मयै श्रीं श्रीं ॐ नमः .

इस अद्वितीय मंत्र को बस एक माला मंत्र जप प्रतिदिन यदि दैनिक पूजन मे स्थान देना ही चाहिये.और जीवन मे धन आगमन का भी प्रयास भी करें साधना और जीवन मे कर्म का सुखद संयोग भी रहना चाहिए .

Saral Lakshmi Prayog

From ancient times till today and especially in today's era money is one and only indicator of condition of person. Even Acharya Chanakya has written that I and my knowledge are still the same but it is the absence of money which has brought about such a condition where no one gives me consideration and respect. When such high-level Yogi, sadhak and scholar has written it then definitely there can't be two opinions on the fact that money has become most important necessity of human life and it seem that all pillars of life rests on it.Therefore, every sadhak should understand the importance of money and definitely try to become prosperous.

अचूक टोटके-जिनका प्रभाव होता ही है

TOTKA - VIGYAN

1. हर महीने एक शिवरात्रि आती हैं तो जिनके भी घर मे अपने जीवन साथी से कुछ क्लेश्कारक स्थिति बनती रहती हो, वह शिव रात्रि से हर दिन प्रातकाल उठकर जिस मटके से घर के लोग जल पीते हो उससे एक लोटा जल निकाल कर घर के चारो ओर छिडक दें ,पर यह लोटे से किसी अन्य को जल नही पीना चाहिये .
2. शयन कक्ष मे डबल बेड का विस्तर एक ही होना चाहिये अगर डबल बेड मे दो विस्तर बिछे हैं तो यह स्थिति पति पत्नी के लिए अनुकूल नही होती है.
3. शयन कक्ष मे हमेशा मनोहारी और स्नेह बढ़ाने वाले चित्र लगाये भूल कर भी किसी युद्ध या क्रोध मुद्रा वाले चित्र नही लगाना चाहिए .

4. हर गृहस्थ के घर मे कनकधारा स्त्रोत का ११ या कम से कम १ पाठ तो होना ही चाहिये, यह घर मे सुख संपत्ति बढ़ाने वाला और मंगल कारक होता हैं .

5. सफ़ेद कपड़े एक झंडा सा बनवा कर, उसे पीपल के पेड़ मे लगा दें. इससे व्यापार मे आने वाली रुकावटे दूर होने लगती हैं.

6. जिन्हें भगवती लक्ष्मी की कृपा चाहिये, उन्हें दोनों हाथो से अपने सिर को नही खुजलाना चाहिये.

7. जिन्हें भगवती लक्ष्मी की कृपा चाहिये, उन्हें चाहिए की कोशिश करें की घर मे कबाड इकठ्ठा न हो .

8. किसी भी प्रकार का दोष को दूर करने मे भगवान हनुमान की उपासना का तो अपना ही महत्त्व हैं और इतना ही नही उन पर लगाये गए सिंदूर के भी अनेको चमत्कारिक प्रयोग हैं,जिनमे से एक यह हैं की उनके कंधे पर लगा हुआ सिंदूर को अपने माथे पर लगा लेने से व्यक्ति को अगर कोई नज़र आदि दोष लगा हो तो उसका निराकरण भी हो जाता हैं .

9. अपने शयन कक्ष मे दर्पण नही लगाना चाहिये ,और अगर हैं तो उसे हटा दें या उस पर एक कपड़ा जब उसका प्रयोग न किया जा रहा हो तो उससे ढांक दें .

10. शयन कक्ष मे इसी तरह जल भी नही रखा जाता हैं इस बात पर भी विचार करें.यह सबंधो मे तनाव लाता हैं .

Totke for you

- Those who are facing some conflict with their life partner, from Shiv Raatri of any month every day they should get up in the morning and take one mug of water from earthen port and sprinkle it all around the house. But nobody should drink water from that mug. Shiv Raatri comes every month.

आयुर्वेद : कुछ घरेलू उपाय

AYURVEDA : SOME TIPS

आयुर्वेद

1. अगर हर दिन प्रातकाल एक नीबू को एक गिलास जल मे मिलकर पिया जाए तो इससे वात सम्बंधित रोगों की तकलीफ दूर करने मे बहुत आराम मिलता हैं.
2. अगर फल खाने के साथ साथ दिनमे थोडा बहुत व्यायाम तथा कुछ शरीर की साफ सफाई भी कर ली जाए तो यह उन फलों के गुणों को आपके अंदर और तीव्रता से असर देने मे सहायता करेगा.
3. साधारणतः कहा जाता हैं कि सुबह वासी मुंह मतलब बिना मंजन किये फल खाए जाएँ तो लाभ की आशा कहीं और ज्यादा हो सकती हैं.
4. फल खाने के बाद लगभग घन्टे आधे घंटे पानी नही पीना चाहिये.

5. बेल के शर्बत का या बेल को खाने से पेट की कब्ज आदि समस्याये दूर करने मे बहुत सहायता मिलती हैं.

6. अमरुद भी कब्ज रोग दूर करने मे बहुत आधिक सहायता करता हैं,इस बात का ध्यान रखना चहिये कि जिन्हें कब्ज आदि रोग हैं उन्हें फल आदि का सेवन जायदा करना चहिये और जहाँ तक संभव हो बाज़ार की दवाईयों जो इस विषय से सबंधित हो से दूर ही रहें क्योंकि इनके दूरगामी परिणाम बहुत लाभदायक नही हैं.

7. अमरुद जैसे फल का लाभ पाचन शक्ति बढ़ाने मे और हृदय ,मस्तिष्क आदि को बल प्रदान करने मे बहुत होता हैं .साधारणतः जिस मौसम मे जो फल आयें उनको उसी मौसम मे खाने से कोई हानि नही होती ,जब तक कि किसी विशेष फल के लिए आपका स्वास्थ्य या आपका चिकित्सक उसकी अनुमति किसी कारण से दे न रहा हो तो .(इस अवस्था मे अपने चिकित्सक की सलाह का पालन करें)

8. टमाटर रोज खाने से शरीर के लिए आवश्यक विटामिन की पूर्ति सहज ही हो जाती हैं.

9. सुबह शाम यदि तुलसी के पत्ते का रस शहद मे मिलाकर चाटने से स्वप्न दोष जैसे रोग को दूर करने मे बहुत सहायता मिलती हैं.

10. इस बात का हमेशा ध्यान रखें कि शहद को कभी भी गरम करके न ले, यह बहुत हानिकारक हैं ,और जब भी शहद को पानी या दूध के साथ लेना हो तो पानी या दूध भी हल्का सा कुनकुना हो ,गरम पानी या गरम दूध के साथ भी भूलकर शहद न लें.

Ayurveda

- Having Juice of one lemon with a glass of water every morning provides relief from Vaat (one of the humours of body (in the form of wind)) related disease.

- If along with eating fruits, little bit of exercise and cleansing of body is done then it will help in increasing effect of qualities of fruits inside you.